नागफनी

A Peer Reviewed Refrred Journal
(अस्मिता चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य)
UGC Care Listed त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका
ISSN-2321-1504NagfaniRNI No.UTTHIN/2010/34408

संपादक
सपना सोनकर

सह संपादक
रूपनारायण सोनकर

Co Editor(English)
Prof.Rajesh karankal
Dr.Santosh Kumar Sonkar

कार्यकारी संपादक
डॉ.एन.पी.प्रजापति
प्रोफेसर बलिराम धापसे

वर्ष-12 अंक 42,जुलाई -सितंबर 2022

सलाहकार मण्डल (Peer Review Comittee)

प्रोफेसर विष्णु सरवदे, हैदराबाद (तेलंगाना)
प्रोफेसर आर. जयचंद्रन तिरुअनंतपुरम (केरल)
प्रोफेसर दिनेश कुशवाह,रीवा (मध्य प्रदेश)
डॉ.एन. एस. परमार, बड़ौदा (गुजरात)
प्रो. दिलीप कुमार मेहरा, बी.बी.नगर (गुजरात)
डॉ.उमाकांत हजारिका, शिवसागर(असम)
डॉ. आर. कनागसेल्वम, इरोड (तमिलनाडु)
प्रोफेसर संजय एल. मादार,धारवाड़ (कर्नाटक)
प्रोफेसर गोबिन्द बुरसे, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
डॉ.दादा साहेब सालुनके, महाराष्ट्र (औरंगाबाद)
प्रोफेसर अलका गड़करी, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
डॉ. साहिरा बानो बी. बोरगल, हैदराबाद (तेलंगाना)
डॉ. बलविंदर कौर, हैदराबाद (तेलंगाना)
प्रोफेसर मोहनलाल 'आर्य' मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)

प्रकाशन/मुद्रण

प्रकाशक रूपनारायण सोनकर की अनुमति से डॉ.एन.पी.प्रजापति एवं प्रोफेसर बलिराम धापसे द्वारा नमन प्रकाशन–423/Aअंसारी रोड दरियागंज, नई दिल्ली 11002 में प्रकाशन एवं मुद्रण कार्य।

मुख पृष्ठ– उत्कर्ष प्रजापति, सिंगरौली - मध्यप्रदेश

संपादकीय/व्यवस्थापकीय कार्यालय

दून व्यू कॉटेज स्प्रिंग रोड, मंसूरी -248179, उत्तराखण्ड, दूरभाष : 0135-6457809 मो.0941077718

शाखा कार्यालय

पी.डब्ल्यू. डी. आर. -62 ए ब्लॉक कॉलोनी बैढ़न, जिला-सिंगरौली म. प्र. पिन-486886 मो. 09752998467
सहयोग राशि -150/-रुपये, वार्षिक सदस्यता शुल्क (संस्था के लिए)-1500/-रुपये, पंच वार्षिक सदस्यता शुल्क (व्यक्ति के लिए)-3000/-रुपये, पंच वार्षिक संस्था और पुस्तकालयों के लिए –3500/-रुपये, विदेशों में$50 आजीवन व्यक्ति-6000/-रुपये,संस्था-10,000/-रुपये।

सदस्यता शुल्क एवं सहयोग राशि-इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक–A/C –8367100138282 IFSC Code-IPOS0000001 Branch-sidhi, NIRPAT PRASAD PRAJAPATI

नोट:-पत्रिका की किसी भी सामग्री का उपयोग करने से पहले संपादक की अनुमति आवश्यक है। संपादक-संचालक पूर्णतया अवैतनिक एवं अध्यवसायी हैं।**'नागफनी'**में प्रकाशित शोध-पत्र एवं लेख, लेखकों के विचार उनके स्वयं के हैं। जिनमेंसंपादक की सहमति अनिवार्य नहीं हैं।**'नागफनी'** से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल देहरादून न्यायालय के अधीन होंगे। अंक में प्रकाशित सामग्री के पुनर्प्रकाशन के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य है। सारे भुगतान मनीऑर्डर, बैंक/चेक/बैंक ट्रांसफर/ई-पेमेंट आदि से किए जा सकते हैं। देहरादून से बाहर के चेक में बैंक कमीशन 50/-अतिरिक्त जोड़ें दें।

लेख भेजने के लिए –Mail-ID- nagfani81@gamil.com
पत्रिका के बारे मे विस्तार से जानने के लिए देखें Website:–http:naagfani.com

नागफनी

वर्ष-12 अंक42,जुलाई -सितंबर 2022

अनुक्रम पृष्ठ क्रमांक

संपादकीय 05
पाठकों की प्रतिक्रिया 06

साहित्यिक विमर्श

1. जिंदगी 50-50 उपन्यास की 'हर्षिता' का जीवन-संघर्ष-डॉ. पी. सरस्वती 7-8
2. प्रयोगधर्मी उपन्यासकार-अज्ञेय-डॉ.मुरलीधर अच्युतराव लहाडे 9-10
3. भोजपुरी फिल्म और प्रयुक्त हिन्दी लोकगीत का स्वरूप एवं सम्भावनाएँ -डॉ.शिवम् चतुर्वेदी 10-12
4. भारतीय नवजागरण और आधुनिक हिन्दी साहित्य: भारतेंदु एवं प्रसाद की नाट्य रचनाओं के संदर्भ में- डॉ.बालेन्द्र सिंह यादव 13-15
5. राही मासूम रजा के उपन्यासों में अभिव्यक्त गंगा जमुनी संस्कृति-डॉ.गणेश एम. 16
6. हिंदी कन्नेड़ और कन्नड़ -हिंदी अनुवाद: परंपरा और पद्रेय-डॉ.साहिराबानू बी.बोरगल 17-18
7. मंगलेश डबराल की कविताओं में सामाजिक यथार्थ-डॉ.सुनील एम. पाटिल 18-19
8. महादेवी वर्मा के साहित्य में नारी सशक्तिकरण की पहल-डॉ.राजन तनवर 20
9. डिजिटल मीडिया में हिन्दी की वर्तमान स्थिति-डॉ.विनय कुमार चौधरी 21-22
10. नागार्जुन के उपन्यासों में नारी विमर्श-वीणा शर्मा/डॉ.शिवम् चतुर्वेदी 23-25
11. सुरजीत पातर की कविताओं में बदलते नैतिक मूल्य एवं सत्ता पर व्यंग्य-डॉ.सुरजीत सिंह वरवाल 25-27
12. पुणतांबेकर का व्यंग्य : व्यापक तथ्यों की सूक्ष्म अभिव्यक्तियाँ-डॉ.मीना सुतवणी 27-29
13. 'फैंटेसी' के शिल्पकार-कवि गजानन माधव मुक्तिबोध-डॉ.एन.पी.प्रजापति 29-31
14. 'तहबील' की कहानियों में सामाजिक जीवन मूल्य-डॉ.आर्या वी. एस. 31-32
15. स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्य निबंध साहित्य:राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में -डॉ.सचिन कदम/ गणेश गभाले 33-34
16. शोध-प्रकार और समीक्षा-डॉ.समय लाल प्रजापति 34-35
17. वृद्धावस्था की त्रासदी और 'नट सम्राट'-प्रो.संजय एल.मादार 35-36
18. 'पंचलाइट':एक पुनर्पाठ-डॉ.निम्मी ए.ए. 37-38
19. आदिकाल में नाथ सम्प्रदाय:महत्व एवं योगदान-रीना रानी 39
20. कल्चर-वल्चर उपन्यास: साहित्य, राजनीति एवं व्यवसाय की यथार्थ परिकल्पना-रेणु देवी 40-41
21. हिन्दी की कहानियों में चित्रित प्रव्रजन की समस्या-डॉ.मनिका शइकीया 42-43
22. मानवीय मूल्यों के सृजनहार: प्रेमचंद-चेतन चंद जोशी 43-45
23. 'कोसला':कथ्य और शिल्प के नए प्रयोग-डॉ.सुषमा कुमारी 46-48
24. साहित्य:एक सामाजिक उत्पादन-डॉ.सरिता सिन्हा 48-49
25. समकालीन मलयालम कविता-अश्वती.एस 50-51
26. धार्मिक उन्माद का चित्रण: त्रिशूल-किरन मिश्रा 52-53
27. अज्ञेय जी के कहानियों में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना-प्रार्थना गोगोई 54-55
28. 'इन्हीं हथियारों से' उपन्यास में अन्तिम जन का प्रतिरोध- शिवम कुमार 56-57
29. गुरू जम्भवाणी में निहित चेतना-किरण मयी 58-60
30. हिन्दी साहित्य में वृद्ध विमर्श-जितेन्द्र कुमार 60-62
31. आधुनिक हिन्दी काव्य और उसका विकास-अनिल कुमार मेरावी 62-63
32. माधव कौशिक की गजलों में काव्य भाषा-हरी राम 64-65
33. तेलुगू भाषा आविर्भाव,विकास और संस्कृति-डॉ.आर.एन.शीला 65-97
34. अभिमन्यु अनत कृत 'अपना मन उपवन' उपन्यास में पर्यावरणीय विमर्श-जयन्ती/डॉ.रामरति 68-69
35. भगवानदास मोरवाल के कथा साहित्य में मानवाधिकार -अजय जी कम्मत 69-71
36. 'शिक्षा शेरनी का दूध है' इस संकल्पना को दर्शाता'छप्पर'उपन्यास-सिलपाका वेंकटाद्री 72-73

स्त्री विमर्श

1. असम में नारी शिक्षा:एक अवलोकन-प्रशांत लस्कर 74-45
2. दलित महिला सशक्तिकरण:एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण-रीता भारती/डॉ.कमलेश कुमार सिंह 76-78
3. हिन्दी साहित्य में पारिस्थितिक नारीवाद-अन्वेषा कबिरत्ना 78-79
4. भगवानदास मोरवाल के उपन्यासों में स्त्री-संसार-सुबाष 80-81
5. स्त्री शिक्षा-सुमलक अपुम/डॉ.शिवम चतुर्वेदी 81-82
6. समकालीन हिंदी कहानी में स्त्री दृष्टि- रेखा शर्मा/डॉ.रजिया बेगम 83-84

दलित विमर्श

1.दलित आलोचना के प्रमुख मुद्दे:एक संक्षिप्त विश्लेषण- डॉ.जयसिंह मीणा 85-86
2.मोहनदास नैमिशराय की कहानियों में दलित संघर्ष('हमारा जवाब' कहानी संग्रह के विशेष सन्दर्भ में)-शिल्पा दत्त 87-88
3.हिंदी साहित्य में दलित चेतना-वैशाली काशिनाथ गायकवाड 89-90
4.दलित शब्द का अर्थ, परिभाषा एवं अवधारणाएं-भूप सिंह/डॉ.जोगीराम 90-91
6. जातिवादी राजनीति का पोल खोलता प्रेमकुमार 'मणि' का उपन्यास 'ढलान'-डॉ.जे.आत्माराम 92-94

7. राजेन्द्र यादव, 'हंस' और दलित वैचारिकी-डॉ.मृत्युंजय सिंह 95-96
8. "मेरा समाज" कहानी में अभिव्यक्त दलित स्त्री का जीवन यथार्थ-डॉ.ए.एस. सुमेष/कार्तिका टी. वी. 97-98
9. दलित चेतना का प्रतीक नाटक : 'कोर्टमार्शल'-डॉ. प्रमोद गोकुळ पाटील 98-99

आदिवासी विमर्श

1. आदिवासी साहित्य:मानव-सभ्यता के स्वाभाविक विकास का दस्तावेज-प्रदीप कुमार ठाकुर 100-102
2. भगवान गव्हाडे की कविता में आदिवासी जीवन -डॉ. वासंती. जे. 103-104
3. आदिवासी लोक नायक बिरसा मुंडा,-रुद्र चरण माझी 105-106
4. आदिवासी महिला रचनाकरों के लेखन में जल,जंगल,जमीन का संघर्ष-ज्ञानती 107-109
5. समकालीन हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी स्त्री: एक अवलोकन -दिम्पी दत्त 109-111
6. आदिवासी स्त्री जीवन संघर्ष को व्यक्त करता, तुम्बम रीबा जोमो 'लिली' का उपन्यास "उस रात की सुबह "- निम्मी सलोमी किन्डो 112-114
7. आदिवासियों की प्रकृति पूजा का पर्यावरण संरक्षण में योगदान-हिमांशु प्रभाकर 115-116

किन्नर विमर्श

1. सामाजिक प्रतिष्ठा मे बेचैन थर्ड जेंडर-डॉ.अरविंद अंबादास घोडके 117-118
2. भारत में किन्नरों का ऐतिहासिक उल्लेख तथा वर्तमान में प्राप्त अधिकार-मो.जहाँगीर 118-120
3. 'यमदीप' में किन्नर जीवन की व्यथा-डॉ. निशा मुरलीधरन 120-121

कविता

1. डॉ वंदना मिश्रा की तीन कविताएँ 121-122

कहानी

1. दीपा जी की चार लघु कहानियाँ 123

विविध विमर्श

1.सम्राट अशोक के कल्याणकारी बौद्ध धम्म का स्वरूप-डॉ.सुरजीत कुमार सिंह 124-125
2.सरदार पटेल के चिंतन एवं व्यवहार में गांधीवादी नीतियों के प्रभाव का विवेचनात्मक अध्ययन-डॉ.राजेश कुमार शर्मा 126-128
3.दक्षिण भारतीय भाषाएँ और अनुवाद- तमिल भाषा के विशेष संदर्भ में—डॉ.शशि प्रभा जैन 129-130
4.राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के परिमाणात्मक प्रसार का विश्लेषणात्मक अध्ययन -अजय कुमार/प्रो.महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय 130-132
1.माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण : एक अध्ययन एनईपी 2020 के संदर्भ में-डॉ.उमा सैनी 133-134
2.इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक का हिंदी सिनेमा : एक अध्ययन-डॉ. सुनील दशरथ चव्हाण 134-135
3. हिंदी भाषा का महत्व- शालिनी सी. 136-138
4.विद्यालयों में शिक्षकों के दृष्टिकोण और अनुभूति पर परिवर्तनकारी नेतृत्व का प्रभाव: एक साहित्य समीक्षा-दीपक 138-140
5.सांस्कृतिक समायोजन एवं सोशल मीडिया की भूमिका–डॉ.दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव 141-142
6.'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-चीन सामुद्रिक प्रतिद्वंदिता'-राजीव रौशनकुमार 143-144
7.नशा और समाज में जागरुकता का अभाव-डॉ. रेशमा अंसारी 145-146
8.आधुनिक युग में मीडिया का बदलता स्वरूप- वर्तमान समय की मांग-डॉ. राहुल कुशवाहा 146-148
9.पूर्वी राजस्थान के नाथ संत श्री दुर्बलनाथ का चिन्तन-डॉ. शीतल प्रसाद महेन्द्रा 148-150
10.गुरु नानक वाणी का वैश्विक वितान-डॉ. अनीश कुमार 151-152
11.जनसंख्या वृद्धि : संसाधन या बोझ-अमित कुमार सिंह 153-154
12.भारतीय राष्ट्र दर्शन : पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संदर्भ में-गुंजेश गौतम 155-157
13.गांधी दर्शन में सामाजिक न्याय -राजकिशोर 157-159
14.आधुनिक युग में मानव का बदलता स्वरूप-ज्योति शर्मा 159-160
15.प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों का पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान तथा उसके प्रभाव के ज्ञान का अध्ययन-परिना बंसल/डॉ. मोहन लाल 'आर्य' 161-163
1.नागरिक पत्रकारिता: एक अध्ययन-पुलकित शर्माडॉ राजेश कुमार शुक्ला 164-165
2.मानवाधिकारों की क्रियान्विति में सतत विकास लक्ष्यों का महत्व एक विश्लेषणात्मक अध्ययन-पुष्पेन्द्र सिंह 166-167

English Discourse

1.Poisnous Roots is a Mile Stone For Struggle of Dalits-Part-1and Part-2-Sunil Kumar 168-171
2.Role of Silk Industry of Assam in Employment Generation-Dr. Basanta Mangal Dutta 171-174
3.Metamorphosis in Margaret Atwood's Surfacing-Preeti 174-176
4.A Comparative Study: Portrayal of Women in Valluvan's 'Not Desiring Another's Wife' and Sivakami's The Grip of change.-Dr. S.Manikandan 177-178
5. An Analytical study of Principal's Academic Role and his Professional Development -Dr.Mohan Lal 'Arya' 179-181
6. Reinterpretation of Nature-Man-Spirit Complex with Special Reference to the Murma Parha Jatra-Nisha Kumari /Dr.Seema Mamta Minz 182-184
7. Gender, Choice of Stream and Social Interaction in Higher Education-Brajesh Kumar/Manoj Singh Yadav/ Taruna 185-187
8. The Influence of The Gothic in The Resoution of Charlotte Bront's Jane Eyre -Rimzim Saikia 188-189
9. Issues and Challenges of Higher Education in Indian Perspective-Dr. Rajkumari Gola 190-191

10. Decentralization: A Tool of People's Participation-Diwakar Kumar Jha 192-195
11.Identity Crisis: Constructing New Definitions of Existence and Identity in the Plays of Mahesh Dattani-Alimpa Bhuyan/Anup Kumar Dey 196-199
12.Turmoil of Transgender People:A Critical Study of A Revathi's The Truth About Me -Parul Priya 199-201
13.Study on Feminism in Indian Short Stories- Sudipta Pandey/ Dr Pratima 202-204
14. A voice for Reconstruct Dalit Consciousness in Vijay Tendulkar's Kanyadaan- Laxmi Prasad Anuragi/prof. Sajnoy Saksena 205-208
15.Gender Inequality in Ngugi waThiongo's Devil on the Cross-A. Syed Rehanas /Dr. P. Mythily 209-210
16.Search for Individuality in the Novel of Arun Joshi: The Strange Case of Billy Biswas-K.Suresh/ Dr.Ruby 210-212
17.Gender Bigotry in Mahesh Dattani's 'Tara'-R. Mythili/Dr. V. Suganthi 212-214
18..Ownership of Land in Ancient Assam As Reflected in Epigraphic Sources -Aoyana Buragohain 215-216
19.Multiculturalism in Khushwant Singh's Historical Novels: Insights about poor suffered minorities in Mano Majra village of unpartitioned India-P.Kavitha/Dr. B. Visalakshi 217-219
20.Tagore's Views on Indian Nationalism as a Derivative Discourse-Projnya Paromita Kaushik 219-220
21.A Study on Buyer Behaviour of on Demand Online Food Ordering and Delivery Service at Hyderabad-Archana Kumari /Dr. Selvam 221-224
22.An Overview on the Characterizations and Feminism in Sudha Murthy's Gently Falls the Bakula-K S Punithaasree/Dr. G. Keerthi 224-226
23.Managing and Developing Human Resources in Higher Education-Ranjini Catharin Kavitha.A./Dr. Savithri 226-228
24.Mysticism in K.V.Raghupathi's The Images of a Growing Dying City-Mr.S. Selvakumar/Dr.S. Kumaran 229-230
25.Impersonal Socio-Political Power and Structure in Nayantara Sahgal's This Time of Morning-P.Senthilkumar/Dr.R.Padmavathi 231-233
26.Enhancing Speaking Skills in English Classroom-S. Subha/Dr S Diravidamani 233-235
27.Sociological Aspects in Amitav Ghosh's Sea of Poppies-Ms.T.Thenmozhi/Dr.T.S.Geetha 226-237
28.Factors influencing The Consumer Behavior While Using Mobile Apps-Vignesh.P./Dr.T.Sarathy 238-241
29.Chemmeen: The Illustration of Haziness in Human Life through Film Adaptation and Translation- T.P.Remadevi 242-243
30.Revealing Human through Political Theory in Amitav Ghosh's The Calcutta Chromosome-K.Divya 243-245
31.National Education Policy 2020 In India: A Inclusive Policy Of Higher Education -Subal Tandi 245-248
32.Mirroring The View of Christianity Treasure in The Select African Poems-KEERTHANA K 248-250
33.Chakra Puja:A Folk Fesitval of Kumhar (Prajapati)Community in Jharkhand-Amit Kumar/Rabindranath Sarma 251-253
34.Right To Education Act 2009 In India: A Sociological Analysis-Govind Kumar Rohit/Dr. Rabindranath Sarma 254-256
35.Understanding Female Uprising through Myths and Struggle: A Study of Arthur Miller's Play, The Crucible and the Hindi Movie, Bulbul Written and Directed by Anvita Dutt-Porismita Devi/Dristi Dhekial Phukan 257-258
36.Identity Crisis of Dalits Through The Autobiography 'Joothan'-S. Neeraj Sivan/Dr. Shiban Chakraverty Aich 259-261
37.East West Confrontation in Bharati Mukhrjee Desirable Daughters -Mathavi/Dr. M. Muruganantham 261-262
38.Teacher Effectiveness in Relation to their Emotional Intelligence and Job-Satisfaction -Mohan Lal 'Arya' Megha Khanna 263-265
39.Revisiting Colonial Adventurism in the Unmapped Assam Frontier Hills and Beyond-Siddhartha Pait 266-269
40.Understanding Occupational stress amid software employees in Bangalore: An Insight-Ramakrishnan.V/Dr. K. ARUL 270-272
41.The Uighurs and China: Resentment and Response-Dr. Karne Sudarshan Kumar 273-275
42. The Suggestive Power of Images in Phoolan Devi's I Phoolan Devi: The Autobiography of the Bandit Queen-Chitra Devi C S, 276-277
43. A Study on Consumer's Behavior Towards Organic Food Products in Salem District- K.Prabha/Dr.T.A.Tamilselvi 278-281
44.Correlates of Socioeconomic Status and Anthropometric Measurements along with Dietary Status of College Going Girls in Lucknow-Sachdeva Swati/ Singh Trupti 281-284
45.Repressed them to 'silence'; they revolted back in the same language: A reading of women characters in Ramyabhumi and The Cosmopolitans-Ghanashyam Nath-Rimi Rekha Phukon 285-286
46.Ethnic origin and Religious beliefs of the Mising community of Assam in historical context-Supriya Dutta- Biraj Jyoti Kalita 287-288
47.Present position of Sports in India-Manjunath Devanal 289-290
48.Unifying the Periphery: A Transnational Feminist Study of Selected Fictional Works of the Northeast-Jayini Bhaumik/Dr. Archana Kumari 291-292

****

संपादकीय .....एक विदेशी कवि की कविता है-

" Remember the day
When you were born
All were laughing
When you were crying
Lead a such life
when you die
Others should weep while
you were laughing"
उन दिनों की याद करो
जब तुम पैदा हुए थे
सभी हंस रहें थे
केवल तुम रो रहे थे
ऐसी जिंदगी व्यतीत करो
जब तुम मारो
सभी रोएं केवल तुम हंसो

इस कविता में एक जीवन दर्शन है जो सभी को प्रेरणा देता है। यदि आप देश के लिए,समाज के लिए,मजबूर असहाय जनता के लिए कुछ अच्छे कार्य करते है तब आप मानवता की बहुत बड़ी उम्मीद होते हैं। क्षेत्र कोई भी हो,चाहे वह सामाजिक, राजनीतिक,आर्थिक,साहित्य,कला,मनोरंजन ,रक्षा या शिक्षा का क्षेत्र हो। आदमी को सदैव रचनात्मक कार्यों में लगा रहना चाहिए।

समाज व देश तभी उन्नति कर सकता है जब देश में शांति,प्यार ,मोहब्बत,भाईचारा हो। यदि किसी भी देश की शांति व्यवस्था,आपसी सौहार्द समाप्त हो जाता है तब वह देश गर्त में चला जाता है । उस देश का आर्थिक ढांचा चौपट हो जाता है। रोजगार समाप्त हो जाता है। इसकी जड़ में धार्मिक उन्माद,धार्मिक अंध विश्वास और अंध धर्म होता है। तब जनता बगावत कर देती है। लाखों परेशान लोग शासक के घर को घेर कर उसमे आग लगा देते हैं या उसको तहस नहस कर देते हैं, जैसा की श्रीलंका में घटित हो रहा है। जन सैलाब के सामने सेना हथियार डाल देती है। विश्व के समस्त प्रजातांत्रिक देशों को सावधान हो जाना चाहिए। किसी भी विचारधारा के तहत देश के शासक को कार्य नहीं करना चाहिए।

यदि कोई देश अपनी आंतरिक समस्याओं को सुलझाने में जूझता रहा तब वह देश की सीमाओं की रक्षा करने में असफल साबित हो सकता है। तब देश की अखंडता खतरे में पड़ सकती है। पूरा संसार आज विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। आण्विक और जैविक हथियारों से रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध लड़ा जा रहा है जो बहुत ही डरावना है।युद्ध में लगभग पूरा यूक्रेन नष्ट हो चुका है। एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ यूक्रेन के साथ पूरे नाटो के देश हैं जो रूस के सैन्य शक्ति के सामने लाचार साबित हो रहे हैं। यूक्रेन पहले USSR का भाग था। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनना इसके बाद अपनी फौज वहां रखना जिसके कारण रूस का अस्तित्व समाप्त हो सकता है। अपने देश के अस्तित्व की रक्षा के लिए युद्ध लड़ना अनिवार्य लगता है। लेकिन युद्ध विनासकारी होते हैं। देश की जनता मारी जाती है। शांति के साथ सभी समस्याओं का निदान होना चाइए । संसार के सभी मुल्क अपने अपने आण्विक और जैविक हथियार तुरंत नष्ट करें तभी विश्व में शांति रह सकती है।

ऐसे समय में विश्व के सभी देश अपना अपना रक्षा बजट ज्यादा से ज्यादा बढ़ा रहे है वही भारत अपना रक्षा बजट कम कर रहा है जो चिंता का विषय है। भारत को भी चाहिए की वह अपना रक्षा बजट ज्यादा से ज्यादा बढ़ाए। अग्निपथ योजना देश हित में है या नही ,इसका संकेत युवाओं द्वारा किए जा रहे प्रदर्शनों से साबित हो गया है। डॉक्टर अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को पार्लियामेंट के सामने जलाया जाता है लेकिन इन समाज तोड़नेवाली ताकतों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीभोती है।देश में प्राइवेटाइजेशन की वजह से सारी की सारी सरकारी नौकरियां गायब हो रही हैं । कई करोड़ युवा बेरोजगार हो गए हैं। रिजर्वेशन धीरे धीरे समाप्त हो रहा है जो दलितों,पिछड़ों, और गरीब सवर्णों के लिए उनकी रोटी रोजी छीनने जैसा है। यदि सरकार को प्राइवेटाइजेशन ही करना है तब वहां पर रिजर्वेशन सरकारी नौकरियों की तरह ही लागू होना चाहिए। युवा ड्रग्स के शिकार होते जा रहे है ,इस पर कड़े कानून बनना चाहिए।विदेशी ताकतें हमारे युवाओं को ड्रग्स का आदी बना कर उनको कमजोर करना चाहते हैं। ताकि ये लोग सेना में न जा सकें। और हमारा सैन्य बल कमजोर हो जाए।

आगे.....I

- रूप नारायण सोनकर

पाठकों की प्रतिक्रिया

01.नागफनी का अप्रैल-जून 2022 का 41वाँ अंक इतनी जल्दी प्राप्त कर मन हर्षित हो उठा | यह अंक अपनी विविधताओं में सराहनीय है | विमर्शों से संबंधित विभिन्न स्तम्भ पर लिखे गए लेख देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विद्वानों द्वारा भेजे गए हैं | सभी रचनाएं एक से बढ़कर एक हैं , ज्ञानवर्धक हैं | आपका संपादकीय पृष्ठ जानकारी से भरपूर है , आपने संविधान की बात की कि भारतीय संविधान समता , स्वतंत्रता , बंधुत्व और न्याय की बात करता है | जी, हाँ संविधान की प्रस्तावना में कहा भी गया है कि संविधान का लक्ष्य सामाजिक न्याय पर आधारित समतामूलक समाज की रचना करना है | सामाजिक न्याय की अवधारणा इस बात की मांग करती है कि समाज के सभी सदस्यों को बिना किसी भेदभाव के प्रगति और विकास के समान अवसर दिए जाएं | इस सुंदर अंक में आपने मेरे शोध -पत्र को स्थान दिया , इसके लिए हृदय से आभारी हूँ | अच्छी अच्छी रचनाएं प्रकाशित करने के लिए नागफनी की पूरी टीम को बधाई | ईश्वर आप सभी को ऊर्जावान बनाए रखे ताकि आप पाठकों में साहित्यिक अभिरूचि जगाते रहें | मेरी शुभकामनाएं है यह पत्रिका अपने अग्रिम समय में और भी विस्तार के साथ साहित्य की ऊचाईयों तक जाए |

-मीना
दिल्ली विश्वविद्यालय

02. आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित अप्रैल से जून 2022 की नागफनी पत्रिका प्राप्त हुई। पत्रिका में विविध विमर्शों पर शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत करके यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि आजादी के पिचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपरांत भी भारत देश में अस्तित्व को बचाए रखने के लिए कलम चलाने की आज भी उतनी ही आवश्यकता है जितनी की स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने के लिए साहित्यकारों ने कलम के महत्व को तलवार से कम नहीं होने दिया था। सामाजिक भेदभाव एवं जातीय विषमता की पीड़ा को व्यक्त करते दलित विमर्श से ओतप्रोत शोधकर्ताओं के शोध पत्र यह चेताते हैं कि इस देश की बहुत बड़ी जनसंख्या जातीय दंश का शिकार होकर के नित्य प्रति अपना तिरस्कार करवाने के लिए बाध्य है जो कि तरह-तरह के अंधविश्वास एवं आडंबरों से ग्रस्त होकर के अपना कीमती समय एवं धन व्यय करती है। किंतु उनके हाथ में अपमान के सिवा कुछ नहीं आता। स्त्री, ट्रांसजेंडर एवं आदिवासी विमर्शों को समर्पित शोध पत्र इन वर्गों की पीड़ा को पाठकों के समक्ष लाने का प्रयास करते हैं जोकि पर्याप्त नहीं है। इन वर्गों के लिए और काम करने की आवश्यकता है।इस अंक में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में रचित साहित्य को शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया है तथा डॉक्टर एन.पी प्रजापति ने बहुत व्यवस्थित ढंग से संपादन कार्य का निपटान किया है। सभी शोधार्थी मित्रों की शोध धर्मिता की शैली को नम्न एवं संपादक महोदय का निर्धारित समय सीमा में अंक पाठकों तक पहुंचाने के लिए धन्यवाद।

-डॉ राजन तनवर
एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश।

03.
Dear Sir
I am immensely pleasure to extent my congratulations to the editor and editorial board members for successfully bring out the scholarly articles through the esteemed journal "Nagfani" UGC Care listed journal (a widely accepted by all universities of India).

The article proceedings smear the victorious accomplishment. Mostly the academicians of various central and state universities, autonomous colleges chosen our Nagfani journal, particularly the M.Phil and P.hD scholars befitted academically by the publication of their scholarly articles. The team of "Nagfani" contributing belong to a society of unswerving social responsibilities and intellectual excellences. I once again congratulate the nagani team for their academic venture.

With Regards
Dr.J. Jayakumar,
Assistant Professor of English,
Government Arts College, Salam.

04.'नागफनी' हिंदी त्रैमासिक पत्रिका भाषा और साहित्य की गतिशीलता को निरंतर बनाए रखते हुए अपने 42वें अंक में प्रवेश कर रही है। विगत 2 वर्षों से इस पत्रिका से जुड़े रहने का अनुभव बेहद खास है। इस पत्रिका के माध्यम से साहित्य के विविध पहलुओं जैसे - प्राचीन, मध्य एवम आधुनिक भावाबोध को समकालीन परिदृश्य में जानने, समझने और पढ़ने का मौका मिला। हिंदी साहित्य से संबंधित कई ऐसी पत्रिकाएं निकल रही हैं जो अलग अलग बिंदुओं को केंद्र में रख कर साहित्यिक गतिविधियों को निरंतरता प्रदान कर रही हैं। नागफनी पत्रिका उन सभी से अलग अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है।यहाँ विविध विषयों, विमर्शों एवं मुद्दों पर आधारित पुराने, नए शोधालेखों को निरंतर प्रकाशित करते हुए प्राध्यापकों एवम शोधार्थियों को भी अपनी सोच एवम सृजनात्मक क्षमता को शब्दांकित करने का बेहतरीन मौका मिलता है। अपनी प्रस्तुति एवम गुणवत्ता की उत्कृष्टता को सतत बनाए रखने वाली यह पत्रिका नागफणी "गागर में सागर" का दर्जा रखती है।

डॉ सरिता सिन्हा
सहायक प्राध्यापिका (हिन्दी)
जे एन एल कॉलेज , खगौल
पटना, बिहार

साहित्यिक विमर्श

'जिंदगी 50-50'उपन्यास की 'हर्षिता' का जीवन-संघर्ष

डॉ. पी. सरस्वती
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग मद्रास विश्वविद्यालय

प्रस्तावना :

भगवंत अनमोल प्रसिद्ध हिन्दी युवा लेखकों में से एक हैं जिनका जन्म 30 अगस्त 1990 को हुआ थाl इन्होंने महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेग से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिग्री हासिल की। इंजीनियरिंग के साथ-साथ इन्हें लिखने का भी शौक था। भगवंत अनमोल ऐसे चुनिंदा युवा लेखक हैं जिन्हें आलोचकों के साथ-साथ पाठकों का भी प्यार मिला। भगवंत अनमोल हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक के साथ-साथ स्पीच थेरेपिस्ट भी हैं। ये ऐसे विषयों को लिखना पसंद करते हैं जो नया हो और सामाजिक रूप से संवेदनशील हो । इन्होंने अब तक छ: किताबें लिखी हैं। प्रेम कथा एक रिश्ता बेनाम सा, प्रेरक किताब कामयाबी के अनमोल रहस्य, तुम्हें जीतना ही होगा, जिंदगी 50-50, बाली उमर और हाल ही में प्रकाशित साइंस फिक्शन प्रमेय। जिंदगी 50-50 लगातार तीन बार जागरण-नीलसन बेस्ट सेलर रही है और इसे उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। भगवंत अनमोल का यह 'जिंदगी 50-50' उपन्यास किन्नरों को आधार बनाकर लिखा गया है। इस उपन्यास का प्रमुख पात्र हर्षा/हर्षिता एक किन्नर है जिसके दर्द को लेखक ने बखूबी बयान किया है। पूरी दुनिया और भरा पूरा परिवार के होते हुए भी किन्नर हर जगह भीखे माँगने और दर-दर की ठोकरें खाने को लाचार और मजबूर हैं। उपन्यास का पात्र हर्षा जिसका कसूर सिर्फ इतना ही है कि उसने एक किन्नर के रूप में जन्म लिया है। किन्नर रूप में जन्म लेना उसके जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप सिद्ध होता है।

बीज शब्द : किन्नर, धार्मिक अनुष्ठान, रूढ़िवादिता, मानवता, मनोदशा, अपमान, कुंठित मानसिकता, अकेलापन, कर्तव्यबोध, दोहरी मानसिकता।

मुख्य भाग:-

उपन्यास का हर्षा जोकि जन्मजात किन्नर है और स्वाभाविक है कि समाज की रूढ़िवादिता और विसंगतियों के चलते उसके पारिवारिक सदस्य उसको स्वीकार करने में हिचकिचायेंगे। किंतु हर्षा के परिवार में केवल पिता ही ऐसे हैं जो उसे संतान का दर्जा देने में स्वयं को अपमानित महसूस करते हैं और इसीलिये वे उसके जन्म के बाद किसी भी धार्मिक अनुष्ठान आदि को करवाना उचित नहीं समझते। जाहिर सी बात है कि जब भी हमारे समाज में बच्चे का जन्म होता है तब माता-पिता उसके जन्म की खुशी में कोई न कोई उत्सव जरूर मनाते हैं। हर्षा के जन्म के उपरांत जब उसकी माँ ने उत्सव मनाने और लोगों को बुलाने की बात हर्षा के पिता से कही तब हर्षा के पिता ने अपनी पत्नी को अपमानित करते हुए कहा कि- "अरे, आज के बाद न्योता का नाम न लियो। तुम किसकी खातिर न्योता देना चाहती हो? जो कुछ सालों बाद हमारी हरजगह पर नाक कटवाएगा, बेइज्जती करवाएगा? हर कोई इसे हिजड़ा-हिजड़ा पुकारेगा और मुझे हिजड़े का बाप।" 1 समाज में फैली रूढ़िवादिता के कारण किन्नर बच्चे को कोई भी अपने घर नहीं रख सकता, यह एक खोखली और गंदी मानसिकता का परिचय है। बात इतनी सी ही नहीं है हद तो तब हो जाती है जब एक पिता ऐसी ही गंदी मानसिकता के चलते उसके प्राण ही लेने पर उतारू हो जाता है क्योंकि उसकी खुद की संतान एक किन्नर है,हिजडा है। वह इस बात को बर्दाश्त नहीं कर पाता। इसका कारण यह है कि किन्नर बच्चे के जन्म होते ही पिता को ऐसा महसूस होने लगता है कि अब समाज में उसकी कोई इज्जत नहीं रह गयी और जो उसका रुतबा था वह इस बच्चे ने खतम कर दिया। हर्षा उपन्यास का प्रमुख पात्र है जोकि एक किन्नर है और किन्नर रूप में जन्म लेना उसके जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप सिद्ध होता है। उसे न केवल समाज से बल्कि अपने ही पिता द्वारा अनेकों यातनाएं मिलती हैं।यहाँ तक कि उसके जन्म के बाद उसके पिता उसे मार डालने का भी प्रयास करते है और एक दिन घर में किसी के न रहने पर हर्षा के पिता उसे चूहा मारने की दवा पिलाने का प्रयास करते हैं । एक किन्नर संतान के पिता होने से हर्षा के पिता की मानवता मानो मर सी जाती है । पिता के द्वारा हर्षा को जहर देने का जिक्र लेखक ने इस प्रकार किया है। -***"बच्चे के मुहँ में गिलास से जहर डालने की कोशिश में उनके हाथ-पैर कांप रहे थे। आंखें खूनी की तरह लाल हो गयी थीं। दिल में सिर्फ और सिर्फ हर्षा की हत्या का ही जुनून, बिल्कुल एक खूनी की तरह। खूनी और व्यक्ति नहीं होता, वह मानसिकता होती है, यह एक ऐसी अवस्था होती है, जहाँ प्रतिशोध की भावना सभी भावनाओं पर हावी हो जाती है। इंसान सही-गलत की पहचान करना भूल जाता है। किसी दूसरे की भावनाओं की फिक्र नहीं रहती। बाबू जी ने परिस्थितिवश खुद को वैसा ही बना लिया था और हावभाव यानी मानसिकता भी बिल्कुल एक खूनी की तरह ही हो गयी थी।"*** [2] यह बात तो सभी जानते हैं कि किन्नर सदैव शरीर और मन के विपरीत होते हैं। उनका शरीर तो पुरुषों के जैसा होता है किंतु अंदर आत्मा एक स्त्री की बसती है। उनके अंदर सदैव एक पुरुष को चाहने की ख्वाहिश होती है और इसी वजह से वे बाल्यावस्था से ही लडकियों वाले खेल खेलते हैं, महिलाओं वाले कपड़े पहनते हैं और मौका मिलने पर सजना-संवरना भी हो जाता है। उनकी इस मनोदशा को समझना आसान नहीं होता और इसी वजह से उन्हें दण्ड भी भुगतने पडते हैं। अब जबकि हर्षा भी किन्नर ही था तब ऐसी स्थिति में यह स्वाभाविक हो जाता है कि वह भी उपर्युक्त सभी लक्षणों से परिपूर्ण होता है। एक दिन जब हर्षा के बाबू जी घर पर नहीं थे तब वह अनमोल के कहने पर अपनी माँ के कपड़े भी पहन लेता है और शृंगार भी करता है। पुरुष शरीर में पनपती अपनी स्त्री सुलभ भावनाओं को पूरा कर हर्षा को बहुत खुशी महसूस होती है। किन्तु उसकी यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती। एक दिन अचानक लड़की के वेश में सजी-संवरी हर्षा को उसके बाबूजी देख जाते है और उसे पीटते हुए कहते हैं–***"तुझे ज्यादा शौक है लौंड़िया बनने का! छोड़ आयेंगें हिजड़ों के पास, तो यहाँ-वहाँ छुछुआत भीख मांगत फिरेगा! हर्षा जोर-जोर से ऐसे चिल्ला रहा था जैसे कोई कुत्ता गाड़ी के नीचे दबने के बाद चिल्लाता है।"*** [3] हर्षा की माँ अपने बेटे के साथ हो रहे अन्याय को देख तिल-तिल आहत होती रहती है लेकिन कुछ नहीं कर पाती। हर्षा जैसे–जैसे बड़ा होता है, समाज में उसका जीना और भी मुश्किल हो जाता है। घर से लेकर बाहर तक उसका मजाक उड़ाया जाता है। कहते हैं विद्यालय या स्कूल विद्या का मंदिर होता है और गुरू को ईश्वर के ओहदे से नवाजा जाता है क्योंकि गुरू ही सत्य और धर्म के मार्ग पर ले जाता है। नीति-अनीति इत्यादि के बारे में भी गुरू से ही जानकारी मिलती है। लेकिन जब गुरू ही समाज के द्वारा बनाये गये रूढिवादी विचारों को धारण कर उन्हीं पद चिन्हों पर चलने लगे तब ऐसी स्थिति में मानव का विकास कैसे संभव इस बात का उल्लेख हर्षा से बनी हर्षिता ने इस प्रकार किया है-**"स्कूल मैं बहुत जल्द जाती हूँ, अगर पहुंचने में बहुत देर हो जाती है तो सारे बच्चे इतने दुष्ट हैं कि मुझे साथ में बैठाते ही नहीं। पता नहीं क्यों? शायद, मैं उनसे अलग हूँ। मुझे तो समझ में नहीं आता कि आखिर मैं उनसे कैसे अलग हूँ। मेरे पास भी दो हाथ हैं, दो पैर हैं। दो आँखें, दो कान और एक मुँह है फिर क्यों? और ये रीतिका मैडम तो बहुत ही बड़ी दुष्ट हैं। जब किसी को डांटना होता हैतो बोलती हैं- अगर किसी ने बदमाशी की तो उसे हर्षा के पास बैठा दूंगी!"** [4] यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं कि समाज के सुशिक्षितवर्ग, जिन्हें ऐस प्रकार की बुराइयों आदि से लोगों को अवगत कराते हुए, इस प्रकार के भेद एवं कुंठित विचारों से निजात दिलाने का कार्य करना चाहिए, वे ही अपनी कुंठित मानसिकता से उबर नहीं पाते और शोषकों की पंक्ति में जा खड़े होते हैं। हर्षा अपने प्रति की जानेवाली टीका-टिप्पणी से व्यथित हो सोचता है-**"पता नहीं मेरे अन्दर ऐसे कौन से कांटे लगे हुए हैं, जो लोग अगर मेरे पास में बैठेंगे तो उनको चुभ जायेंगे और उन्हें सजा मिल जायेगी!"** [5] अधूरी देह के साथ जीना आसान नहीं होता। ये किन्नर अधूरी देह के साथ ही तो जीते हैं समाज में कदम-कदम पर इन्हें शोषण

और तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। सर्वप्रथम इनका परिवार ही इन्हें इतनी पीड़ा देता है कि बर्दाश्त करना मरने के समान है। इसके उपरांत समाज का हर वो व्यक्ति जो इनके मर्म को नहीं समझता उनसे केवल शोषण की ही आशंका लिये ये जिंदगी के रास्ते परचले जाते हैं बिना किसी शिकायत के। एक दिन अचानक स्कूल से वापस आने में हर्षा को देर हो जाती है और उसे अकेला पाकर एक व्यक्ति उसका बलात्कार कर देता है और उसको धमकी देता है कि अगर उसने इसके बारे में किसी को कुछ भी बताया तो उसके और अमन के बीच का सच वह सभी को बता देगा।-**"अब मेरी आँखों से सिर्फ दर्द के आँसू निकलते रहे और वह हैवान मेरे शरीर से मजे लेता रहा। मैं पेट के बल लेटी रही, मेरा हाथ सीने के नीचे दबा था। और उस पर कंकड़-पत्थर चुभ रहे थे। मैं चीख रही थी, वह इस चीख का आनंद ले रहा था। कुछ देर बाद उसने मुझे झिडक कर फेंक दिया, जैसे कोई संड़ास में इस्तेमाल के बाद टिश्यू पेपर फेंक देता है, कपड़े पहन कर चुपचाप घर चले जाना! और सुन, अगर कौनो से बताया तो तेरी और अमन की कहानी जगजाँहिर कर दूँगा।"** [6]

बिना वजह की मार और शोषण से तो एक दिन जानवर भी अपना खूँटा तोड़कर भाग जाता है। भला इंसान इसे कितना सह सकता है। आखिर किन्नर भी एक इंसान ही तो हैं। किंतु परिवार और समाज के द्वारा दी गयी यातनाओं से निकलकर जब ये अपने समुदाय में सम्मिलित होते हैं तब वहाँ भी इन्हें कई यातनाओं का सामना करना पड़ता है। किन्नर समाज अपने समूह में आये नये किन्नर को ऐसे कार्यों के लिए विवश करते हैं जिनसे अत्यधिक मात्रा में धन की प्राप्ति हो सके जैसे कि देह व्यापर। लेकिन अगर किसी ने ऐसा करने से मना कर दिया तब ऐसी परिस्थिति में उस किन्नर को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हर्षिता भी पिता और समाज के शोषण से तंग आकर बंबई आ जाती है| वह नहीं चाहती कि उसके पिता की कोई बदनामी हो और इसीलिए वह बंबई आ जाती है और किन्नर गुरू राधिका से मिलती है| किंतु विडंबनाएं यहाँ भी हर्षिता का पीछा नहीं छोड़तीं। वह जिस किन्नर गुरु राधिका के समुदाय में शामिल होती है, वहां भी बधाई आदि से प्राप्त होने वाली आय के आधार पर उनमे भेद किया जाता है। जो किन्नर जितना अधिक पैसा देता है उसे उतनी ही अधिक सहूलियत दी जाती थी। अपने ही समाज में इस प्रकार का भेद-भाव देख हर्षिता बहुत निराश होती है।चूँकि हर्षिता शहर में नई थी अतः वह राधिका को कम पैसे देती थी जिससे उसे अन्य किन्नरों की तुलना में कम सुविधाएँ मुहैय्या करायी जाती थीं। उसके साथ राधिका का बर्ताव ही बदल जाता है और यहाँ भी हर्षिता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। किंतु वह राधिका के इस बर्ताव को इसलिए सहन कर जाती है कि जो कष्ट वह परिवार और समाज से झेल के आयी है उसके सामने यह कुछ भी नहीं।हर्षिता सोचती है कि–**"खाना भी सबसे बाद में दिया जाता| यहाँ तक कि सबके लिए तखत था पर मुझे जमीन पर सोने की जगह दी गई।हर जगह पर मेरी तौहीन होने लगी। लेकिन मैं कहीं इससे भी ज्यादा बुरा देख चुकी थी, इसलिए यह मेरे लिये उतना कष्टदायक नहीं था। मुझे इसी में खुशी मिलने लगी थी। क्या फर्क पड़ता है मैं तखत पर लेटूँ या नीचे? क्या फर्क़ पडता है मुझे एक धंटे बाद खाना मिले या एक घंटा पहले।"** [7]

हालांकि हर्षिता को पिता से केवल नफरत, मार-पीट और अपमान ही मिला है किंतु फिर भी उसे अपने पिता के दर्द से दुखी होकर अपने कर्तव्यबोध का भान होता है। किन्नर होने के बावजूद भी वह पिता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहती है। अपना फर्ज अदा कर वह अपना जीवन त्यागने के लिए तैयार होती है और सोचती है इस पूर्ण स्त्री पुरुष समाज के बारे में, उसकी दोहरी मानसिकता के बारे में और उसके रवैये के बारे में जो एक अधूरे व्यक्ति से जीने का हक छीन लेता है।अपने अंतिम क्षणों में वह समाज से कई प्रश्न करती है

–**"किन्नर होना इतना बड़ा अभिशाप क्यों है? बस मेरा अधूरापन ही तो न? कैसे-कैसे पल आये! इस शरीर ने सब भुगता, सब सहा।जिस शरीर का लोग मजाक उड़ाते हैं, उसे ही रात को अपने मन बहलाने का जरिया बना लेते हैं। अच्छा है इन लोगों से दूर अपना एक समुदाय है। मेरे शारीरिक अस्तित्व में दुहरापन है।लेकिन उस तथाकथित समाज कए व्यक्तित्व के दुहरेपन पर मैं थूकती हूँ।"** [8]

निष्कर्ष :

सारे दुखों को सहते हुए हर्षिता ने अपने पिता के प्रति अपना फर्ज पूरा किया किंतु पिता की रौबदार मूंछें और हँसता हुआ चेहरा देख पाती इससे पहले ही वह दुनिया को अलविदा कह चुकी थी। न जाने कितनी ऐसी हर्षिता होंगी हमारे इस सभ्य समाज में जिन्हें हम उनकी जिंदगी से बेदखल कर देते हैं। धकेल देते हैं उन्हें एक ऐसी गुमनामी जिंदगी की ओर जहाँ से वो कभी लौटकर नहीं आ पाते। और इसकी शुरुआत होती है परिवार से। सर्वप्रथम हमें व्यक्तिगत रूप से यह समझना होगा कि किन्नर भी हमारी ही तरह हाड-मांस के व्यक्ति होते हैं जिन्हें हम न तो कचरे में फेंक सकते हैं और न ही लैंगिक भेदभाव कर सकते हैं। हमें अपने विचारों में बदलाव की जरूरत है ताकि हम उन्हें भी एक इंसान की नजर से देख सकें .और उनकी भावनाओं को समझ सकें जिनका हम अपमान करते हैं और खुद को श्रेष्ठ समझते हैं। किंतु हम यह भूल जाते हैं कि हमारी श्रेष्ठता गर्त में समा जाती है जब हम अपने दोहरे व्यक्तित्व को धारण करते हैं।

******

संदर्भ :-

1. भगवंत अनमोल ,जिंदगी 50-50, राजपाल प्रकाशन, पृष्ठ- 53
2. वही, पृ. 41
3. वही, पृ. 79
4. वही, पृ.118
5. वही, पृ.118
6. वही, पृ.159
7. वही, पृ.171
8. वही, पृ. 207

महामना कबीर का धार्मिक समन्वय

साम्प्रदायिकता का अर्थ होता है किसी दूसरे के धर्म को नीचा दिखाकर खुद के धर्म को ऊंचा उठाना। कबीर ने धर्म के नाम पर लड़ने के वालें मुस्लमानों का विरोध किया है।

" सन्तों देखहु जग बैराना।
हिन्दू कहे मोहि राम पियारा, तुरक कहै रहिमाणा ।
आपस में दोऊ लरि - लरि गुए, मरम न काहू जाना।। "

कबीर कहते हैं कि सज्जनों देखो यह संसार पागल हो गया है। हिन्दू राम के भक्त हैं और तुर्क को रहमान प्यारा है। इस बात पर दोनो लड़ लड़ कर मौत के मुंह में जा पहुंचे हैं। परन्तु दोनो में से सच्चाई को कोई नहीं जान पाया कि हम सब एक ही ईश्वर की सन्तान है।

प्रयोगधर्मी उपन्यासकार-अज्ञेय

डॉ. मुरलीधर अच्युतराव लहाडे
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
हिंदी विभाग जनविकास महाविद्यालय
बनसारोला तह. केज जि. बीड महाराष्ट्र

प्रस्तावना- अज्ञेय मूलतः कवि है। फिर भी उन्होने हिन्दी उपन्यास-जगत में मात्र तीन उपन्यास रचकर हीअपना नाम रोशन किया हुआ है। अज्ञेय कविता में ही प्रयोगशील नहीं थे, उपन्यासों में भी थे। उनकी प्रयोगधर्मी प्रवृत्ती सबसे पहले उपन्यास में ही प्रकट हुई। अज्ञेय ने अपनी वैयक्तिक चेतना के अनुकूल फ्रायड के प्रभावों को अधिक ग्रहण किया है।अज्ञेय की वैयक्तिक कला दृष्टि ने अपने आत्मभिव्यक्ति में आत्म-विश्लेषण, तथा आत्म-समीक्षण करते हुए आत्म की उपलब्धि में-शिल्प को भी नव्यता, उन्मुकतता, सुक्ष्मता, स्वच्छता तथा परिसज्जता दी है।अज्ञेय जी ने कुल तीन उपन्यास लिखे है-(1) शेखरः एक जीवनी-भाग 1,2 (2) नदी के द्वीप,(3) अपने-अपने अजनबी

बीज शब्द - अन्ततोगत्वा, परिसज्जता, नव्यता, संकेंद्रण, विच्छिन्न, विभीषिका,

अज्ञेय के 'शेखर : एक जीवनी' के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी उपन्यास की दिशा में एक नया मोड़ आया। यह उपन्यास कथ्य, शिल्प और भाषा की दृष्टि से यह परम्परा से हटकर प्रयोग था।आधुनिकता का नया आयाम इसी उपन्यास से शुरु हुआ माना जाता है। इस उपन्यास में ' शेखर ' के माध्यम से एक व्यक्ति की स्वातंत्र खोज की बात अज्ञेय ने की है। इस उपन्यास में एक व्यक्ति के आत्मानुभूत जीवन तथ्यों के अंकन का प्रयास किया गया है। शेखर की कहानी आद्यन्त एक प्रखर व्यक्तित्व के विद्रोह की कहानी है। अज्ञेय ने इस उपन्यास में फायड के मनोविश्लेषणात्मक सिध्दान्तों को काम में लेते हुए बालक शेखर के व्यक्तित्व का निरुपण किया है। अज्ञेय अन्तःकरण की गहराइयों तथा यथार्थ को जीवन के स्तर पर बिना किसी सैध्दान्तिक आधार पर व्यंजित करनेवाले उपन्यासकार है।

शेखर की खोज अन्ततोगत्वा स्वातंत्र की खोज है जिसे एक प्रतिभाशाली एक कान्तिकारी प्राप्त करना चाहता है। अज्ञेय जी ने नायक के चरित्र रचना के लिए काफी श्रम किया है, क्रान्ति को पोषक वातावरण की निर्मिती तथा नये मुल्यों के द्वारा अज्ञेय जी ने शेखर को अपने कल्पना का मानस पुत्र रुप में चित्रित कर डाला। शेखर के चरित्र में सच्ची भावनाओं की साहसपूर्ण अभिव्यक्ति हुई है तथा इस उपन्यास की यह विशेषता है कि यह एक देशीयता के संकुचित घेरे में न बँध कर एक सर्वदेशीय मापदण्ड बनाती है। सम्पुर्ण उपन्यास में शशी शेखर के सम्बन्धों की ही चर्चा है तथा नैतिक यौनाचार की साहित्यिक चर्चा हुई।

शेखर : एक जीवनी उपन्यास के रचना के सम्बन्ध में उनसे पुछा गया तो उनका उत्तर था ।"शेखर का जो रुप बना उसके लिए कोई नमुना मेरे सामने नहीं था लेकिन वह बोध मुझे था कि मेरे पास कहने को कुछ है, वह कहने की मेरी उत्कृष्ट इच्छा थी वह कहने का जो ढंग सबसे उपयुक्त लगा वही मैंने अपनाया।"1 उपन्यास में शेखर का विद्रोह रोमैंटिक विद्रोह तक ही सीमित नहीं रहता, वह निहलिस्ट विद्रोही बन जाता है। निहलिस्ट विद्रोही का सबसे पैना अस्त्र है नकार - अमोघ नकार। वह नकार से शुरु करके फिर उसी में लौट आता है। इस नकार में ही उसकी पहचान बनती है, यही उसका 'होना' होता है। यही है उसके स्वातन्त्र की खोज और यह खोज है शेखर। शेखर सामाजिक परिस्थितियों के कारण सामाजिक परम्पराओं के प्रति आक्रोश से युक्त होता है तथा अपना आक्रोश व्यक्त करता है। " धिक्कार है समाज की उन न्युनताओं को जो यौवन की शक्ति के खण्डन का अपराध है। समाज के उस मिथ्या को जो जीवित सत्य से हमें भ्रष्ट करता है।"[2] शेखर : एक जीवनी में एक रात में देखे गये विजन को शब्दबध्द करने का प्रयास है, फलस्वरुप परम्परायुक्त काल-कमिकता के स्थान पर इसमें अनुभुति के टुकड़ों को इधर-उधर से उठाया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं की चेतना प्रवाह, प्रतीकात्मक और अभिव्यक्ति की सशक्तता के कारण यह रचना अपने-आपमें अप्रतिम है, पर एक तो रोमैंटिक आवेग के कारण, दुसरे अहंभाव के संकेन्द्रण के परिणामस्वरूप इसका विजन रचनात्मक बनने की कोशिश करता है। अज्ञेय का दुसरा प्रयोगवादी उपन्यास 'नदी के द्वीप' है। जो अपनी जादुई शिल्प तथा क्रीडा से युक्त प्रेम दर्शन के कारण एक उत्कृष्ट कृति बन गई है। अज्ञेय जी ने — शेखर : एक जीवनी के शेखर तथा शशी को ही अपने इस उपन्यास में भुवन तथा रेखा के रुप में चित्रित किया है। 'नदी के द्वीप' यह एक चरित्र प्रधान उपन्यास है। इस उपन्यास के माध्यम से अज्ञेय जी यह बताना चाहते की हमें प्राप्त दःख से यह शिक्षा लेनी चाहिए कि हम जैसे दुःख से दुःखी हो चुके है वैसा दुःख दुसरों को न मिलें।

इस उपन्यास में नारी के उस रुप का दर्शन अज्ञेय जी ने कराया है जो परम्परागत लीक से हटकर है तथा दुसरे उपन्यासों से भिन्न है। स्त्री-पुरुष की समानता का जो चित्र इस उपन्यास में दिखाई पड़ता है वह हमें अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। 'नदी के द्वीप' उपन्यास का प्रेम व्यापार प्रेम की सनातनता का निर्वाह नहीं है बल्की यह प्रेम के दुख मुक्त के आदर्श को तो अंगीकार नहीं कर सका लेकिन उससे नीचे की संस्कृति अधिकता जो महानगरों में हो रही है, उसका चित्रण कर सका है। इस उपन्यास की प्रमुख समस्या प्रेम, यौन तृप्ति और विवाह की है। चन्द्रमाधव, उसकी स्त्री व अन्य दो पात्र समान मानसिक स्थितियों के प्रतिनिधी है। इसमें सामाजिक सांस्थिक परिवेश से नितान्त विच्छिन्न कुछ व्यक्तियों के एकान्तिक जीवन की समस्याओं एवं संघर्षों के चित्रण को उभारा गया है। 'नदी के द्वीप' उपन्यास में अज्ञेय की प्रेमदृष्टि की विकृती है। उन्होंने प्यार को लेकर जो जाना, अनुभव किया उसका कलात्मक प्रस्फुटन इस कृति में हुआ है। प्यार की शायद ही कोई ऐसी बात होगी जो वे कहना चाहते है।और इस रचना में न कह सके हों। "यहाँ उनके क्षणवाद, व्यक्ति वैचित्र की पक्षधरता व्यक्तित्व की द्विपीय परिकल्पना, व्यक्ति एवं समाज को लेकर उनका चिन्तन-चक्र इसी धुरी पर घुमता है।"[3]अज्ञेय बताना चाहते है कि प्रेम के मार्ग की बाधा व्यक्ति का अहंकार है, जिसने इसका विलय कर लिया वही जीवन को सार्थक बना सका है। पुरुष की उपेक्षा स्त्री के प्रेम में अहम् के विलय की क्षमता अधिक होती है। उपन्यास से हमें पता चलता है कि मनुष्य का प्रत्येक क्षण द्वीप है विशेष कर व्यक्ति तथा व्यक्ति के सम्पर्क का वह महासागर में एक छोटे द्वीप के रुप में स्थित है।इस उपन्यास में भी 'शेखर' की भाँति सामाजिक मर्यादाओं को तोडा गया है, पर उनके प्रति विद्रोह नहीं किया गया है। जो कुछ हो रहा है, समाज उसमें न तो बाधक ही है और न साहयक ही।एक प्रकार से देखा जाए तो इसमें समाज का स्थान नगण्य है। अज्ञेय जी ने स्वयं 'नदी के द्वीप' उपन्यास को 'व्यक्ति चरित्र उपन्यास' बताया है। वस्तुतः यह शेखर का ही परिशिष्ट है, प्रस्तावित तीसरा भाग है, पर अवश्य ही एक विशिष्ट सन्दर्भ में। शेखर का बहुमुखी जीवन जो प्रारम्भ से एकान्तप्रिय है, 'नदी के द्वीप' में अपेक्षाकृत सीमित हो जाता है। शेखर तथा भुवन के व्यक्तित्व का विस्तार लेखक कथा साहित्य के माध्यम से नहीं कर सका। " मानव व्यक्तित्व मे मूलतः एकाकी तथा प्रतिभा सम्पन्न होते हुए भी उनकी अनिवार्य सामाजिक परिणति की बात अज्ञेय अपनी नवीन कविता में कह सकें।"[4]"अपने-अपने अजनबी' अज्ञेय का तीसरा तथा अन्तिम उपन्यास है। विषय तथा वस्तु दोनों ही दृष्टि से यह उपन्यास मृत्यु से साक्षात्कार का आख्यान है। इसमें अस्तित्ववादी दर्शन का गहन प्रभाव दिखाई देता है। इसमें मृत्यु की विभीषिका से त्रस्त दो नारी पात्रों की मनःस्थितीयों का निरुपण किया गया है। जिस अजनबीपन को अज्ञेय जी इस उपन्यास

में उभारना चाहते थे, वह नहीं उभरा, कोई नयी दृष्टि तथा नये सत्य की स्थापना अज्ञेय नहीं कर पाये है। इनका चिन्तन अर्जित और आरोपित है। इस उपन्यास में जीवन के मुल प्रश्न की व्याख्या के लिये भारतीय तथा पाश्चात्य दोनों ही धारणाओं को आधार बनाया गया है। मृत्यु के बाद जीवन का क्या अर्थ होता है, मृत्यु की सिध्दि क्या है, जीवन के नक्शे में मृत्यु का क्या स्थान है, आदि बातों की व्याख्या की गई है। अज्ञेय के दुसरे उपन्यासों की अपेक्षा आकार की दृष्टि से यह उपन्यास सबसे छोटा है लेकिन महत्व की दृष्टि से अद्वितीय उपन्यास है।"5 इस उपन्यास के माध्यम से अज्ञेय जी ने यह बताने का प्रयत्न किया है की मृत्यु के कारण ही मनुष्य के अपने अजनबी बन जाते है तथा अजनबी अपने, लेकिन उस मृत्यु के साथ और भी कुछ जुडा होता है। इसमें मृत्यु की वास्तविकता नहीं है। इस उपन्यास के माध्यम से अज्ञेय ने नयी रचना पध्दति की सृष्टि की है। इसके पुर्वी तथा पाश्चात्य दोनों की मृत्यु सम्बन्धी धारणाओं का खण्डन मण्डन हुआ है तथा पाश्चात्य दर्शन से पुर्वी दर्शन को श्रेष्ठ बताया गया है मृत्यु के पहले मनुष्य की भयानक मुल प्रवृत्तियों का उद्घाटन करना ही इस उपन्यास का लक्ष्य है।

अज्ञेय जी ने अपने उपन्यासों के अधिकांश पात्रों का चरित्र-चित्रण मनोवैज्ञानिक भूमि पर किया है। उन्होंने 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास के माध्यम से यह ज्ञात कराने का प्रयास किया है कि व्यक्ति में अहं भाव का अहम् स्थान है। अहं का दमन मन में विकृतियों को जागृत करता है। जिससे व्यक्ति कंठाग्रस्त हो जाता है। इसी प्रकार 'नदी के द्वीप' उपन्यास में रेखा और भुवन समाज की परवाह न करके परम्पराओं को बदल कर अपने अनुकूल बनाते है तथा एक क्रान्ति-सी लाना चाहते है। इसी प्रकार अपने-अपने अजनबी के मोके तथा सेल्मा भी कुछा से युक्त दृष्टिगोचर होती है। अज्ञेय जी के उपन्यासों के पात्र बुध्दिजीवी वर्ग के है, इसीलिए उनकी भाषा साहित्यिकता लिए हुए है। प्रसंगानुसार उसमें परिवर्तन भी होता गया है। उनके एक-एक शब्द का चयन कुछ इस प्रकार का है कि यदि वाक्य में से एक भी शब्द इधर से उधर कर दिया जाय तो ऐसा लगने लगता है कि जैसे वाक्य अपंग हो गया है। यही कारण है कि उनकी भाषा में जीवंतता तथा विशिष्टता है। 'शेखर : एक जीवनी' तथा 'नदी के द्वीप' की खडी बोली का रुप ठेठ तथा अभिजात्य के मिश्रण से निर्मित होकर सामने आया है। लेकिन आपने-अपने अजनबी तक आते-आते अज्ञेय जी की भाषा अति सहज एवं निराग्रह हो जाती है इसमें साहित्यिक भाषा की अपेक्षा बोलचाल की भाषा का ही अधिक प्रयोग हुआ है। अज्ञेय जी के अधिकांश पात्र बुध्दिजीवी वर्ग के है। कुछ ही ऐसे पात्र है, जो इस वर्ग में नहीं आते। बुध्दिजीवी वर्ग के पात्र संस्कृतनिष्ठ, हिन्दी के साथ-साथ अरबी-फारसी, बंगला, पंजाबी, तथा अंग्रेजी में बातचीत करते हुए दिखाई देते है। अनपढ अथवा कम पढे-लिखे पात्र टुटी-फुटी हिन्दी में अपने विचारों को अभिव्यत्क कर लेते है। इस प्रकार अज्ञेय जी ने पात्रों के अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। साथ ही मुहावरों का प्रयोग भी कम अधिक मात्रा में किया हुआ है।

अतः अज्ञेय जी हिन्दी में प्रयोगशील प्रकृति के प्रवर्तक ही नहीं सर्वश्रेष्ठ उन्नायक भी है।उपन्यास के क्षेत्र में उन्होंने क्रान्तिकारी प्रयोग कर हिन्दी उपन्यास साहित्य का वैभव बढाया है।

*****

सन्दर्भ :-

1.आत्मपरख -अज्ञेय -पृ. 142
2. शेखर : एक जीवनी (भाग एक)-अज्ञेय पृ. 43
3. अज्ञेय के उपन्यास में प्रकृति तथा प्रस्तुती-डॉ. केदारनाथ शर्मा, पृ. 84
4. अज्ञेय का कथा साहित्य, ओम प्रभाकर, पृ. 56.
5. अज्ञेय की गद्य शैली, डॉ. सावित्री मिश्रा, पृ. 142
6. उपन्यासकार अज्ञेय - धनविद्या पटेल

भोजपुरी फिल्म और प्रयुक्त हिन्दी लोकगीत का स्वरूप एवं सम्भावनाएँ

डॉ.शिवम् चतुर्वेदी
विभागाध्यक्ष हिन्दी
पत्रकारिता एवं जनसंचार अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टडीज
नाम्साई ,अरुणाचल प्रदेश

शोध-सार:-

संचार के दृष्टिकोण से फिल्म एक सशक्त माध्यम है.फिल्मों के द्वारा सूचना,शिक्षा,जागरूकता एवं मनोरंजन प्रदान किया जाता है.भारतीय फिल्म उद्योग हिन्दी फिल्म के अलावा भाषाई आधार पर फिल्मों का निर्माण किया जाता है. जिसका उद्देश्य स्थानीय भाषा-भाषिय समाज की रूचि को ध्यान में रखते हुए उनका मनोरंजन एवं जागरूकता करना है. फिल्म और समाज का अटूट सम्बन्ध होता है.जो समाज में घटित होता है, वही फिल्मों में दिखाई जाती है तथा फिल्मों में जो दिखाया जाता है, उसका प्रभाव समाज पर पड़ता है. फिल्मों में सामाजिक,आर्थिक,सांस्कृतिक एवं राजनितिक स्वरूप प्रतिबिम्बित होते है.भारतीय समाज में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान होता है. किसी भी देश की संस्कृति को जानना है, तो वहां के लोकसाहित्य का अध्ययन करना चाहिए.लोकगीत लोकसाहित्य का अभिन्न अंग है.मनुष्य के द्वारा सभ्य समाज के निर्माण के उपरान्त ,उसने आपसी सामंजस्य से सांस्कृतिक विकास किया.अपने हृदय की अभिव्यक्ति लोकगीतों के माध्यम से प्रकट करता रहा है.लोकगीत हमारे रिती-रिवाज एवं परम्पराओं के संवाहक के रूप में कार्य करते है.लोकगीत हमारे संस्कृति के परिचायक है.भोजपुरी फिल्मों में लोकगीत प्रभावशाली रूप से प्रयुक्त किये जाते है जो अन्य हिन्दी गीत-संगीत से अपनी एक अलग प्रभाव डालते है तथा कथानक के विस्तार में जीवन्तता लाने का कार्य करते है. फ़िल्में मनोरंजन के साथ-साथ सामिजिक परिवर्तन एवं सोच बदलने का कार्य करती है.फ़िल्में सपना और यथार्थ के बीच समन्वय स्थापित करने की कार्य करती है .

बीज शब्द:-संचार,फिल्म, सूचना,शिक्षा, मनोरंजन, लोकगीत, भोजपुरी,भाषा, संस्कृति ,समाज, संस्कार

मूल आलेख:-फ़िल्में समाज की दर्पण होती है.समाज और फिल्म एक दूसरे के पूरक होती है.समाज में घटित घटनाओं को फिल्मों के माध्यम से दर्शाया जाता है. फिल्म समाज में जागरूकता, मार्गदर्शन एवं शिक्षण के रूप में कार्य करती है.फिल्मों का प्रायः सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रभाव पड़ता है. फ़िल्में जनचेतना प्रसारित करने का सबसे सरल एवं सुगम माध्यम है.यह भारतीय समाज के मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डालता है.प्राय: फिल्मकारों के द्वारा मनोरंजन के साथ -साथ कई प्रकार की शिक्षाप्रद और सामाजिक बुराईयों के प्रति सन्देश देने वाली फिल्मों का निर्माण किया जाता है.फिल्मों पर व्यावसायिकता का प्रभाव अत्यधिक दिखायी पड़ रहा है, जिसके कारण 'नारी देह' का अंगप्रदर्शन कर धन कमाने के लिए अपराध,हत्या ,बलत्कार, वेश्यावृत्ति आदि विषयों पर आधारित होती जा रही है. लोकगीत जन-जन की भावनाओं की गीत है,जिन्हें एक व्यक्ति नहीं बल्कि सम्पूर्ण लोक समाज अपनाता है.सामान्यत: लोक की अभिव्यक्ति,लोक में प्रचलित,लोक द्वारा सृजित गीतों को लोकगीत कहा जाता है.लोकगीत का रचनाकर अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लोक समर्पित कर देता है.रीती एवं शास्त्रीय नियमों की विशेष प्रवाह न करके सामान्य लोक व्यवहार के उपयोग में लाने के लिए मानव अपने हृदय की अन्तरंग अनुभूति को छन्दोबद्ध वाणी के द्वारा अभिव्यक्ति की जाती है| संस्कार, ऋतु, धर्म एवं उत्सव, श्रम परिहरण आदि इसके मूल विषयवस्तु है| हिन्दी लोकगीतों को रसों का भंडार माना जाता है| जिनकी अभिव्यक्ति लोकगीतों में बड़े सुंदर ढंग से की गयी है| सभी रसों एवं भावों से परिपूर्ण इन गीतों को सुनते हुए बड़े कर्ण प्रिय लगते है तथा रस की अविरल धारा का संचार होता रहता है|

हास्य,करुण,शान्त,श्रृंगार,वीर आदि रसों का प्रयोग किया जाता है,जो बड़े हृदय स्पर्शी होते है| भोजपुरी लोकगीत के स्वरूप में सहजता,सरलता,एवं स्वाभाविकता है | लोक में प्रचलित गीत ही लोकगीत है, जो लोक के कंठ से नि:सृत एवं लोक के लिए ही निर्मित होते है| लोकगीतों के प्रचलन की एक परम्परा है,जो अनेक पीढियों तक चलती रहती है | बिना किसी अतिरंजन या अत्युक्ति के भारतीय समाज के सभ्य-असभ्य, शिक्षित-अशिक्षित, संस्कृत एवं यथार्थ स्थिति का हुबहू चित्रण भोजपुरी लोकगीतों में सहज उपलब्ध है | भोजपुरी लोकगीतों का विषयवस्तु काफी विस्तृत है | मानव के जन्म से उसका क्षेत्र आरम्भ होकर मृत्यु पर समाप्त होता है | इसमें लोकजीवन के संस्कारों मात्र की झांकी ही नहीं मिलती बल्की इसमें नारी स्वाभिमान,राष्ट्रीय चेतना, आम जीवन के दृश्य, धार्मिक अनुष्ठान आदि का यथार्थ चित्रण मिलता है |साथ ही साथ सामाजिक सन्देश भी दिखाई पड़ते है | अत: भोजपुरी लोकगीतों ने मानवीय मन की क्रियाकलापों को अपने से सजोया है |लोकसंगीत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह प्रसंग, वातावरण और परिवेश के अनुसार बदल जाते है | ऋतु सम्बन्धी गीत में विरह का भी गान है | प्रेम का भी वर्णन है | करुणा भी है और उल्लास भी | भाषा एवं बोली के आधार पर भी विविधता पायी जाती है –मगही गीतों में परिवार बोध, मैथिलि गीतों में भक्ति की प्रधानता रही है और भोजपुरी लोकगीतों में रोमांस की | लोकगीतों में बहुआयामी प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है | लोकगीतों में लोकधुनों का प्रयोग किया जा सकता है | जब हरिप्रसाद चौरसिया और शिवकुमार शर्मा ने 'सिलसिला' फिल्म में संगीत दिया तो शिव जी ने पहाड़ी धुनों का खुब प्रयोग किया और तब चौरसिया जी ने यूपी की धुन का प्रयोग "रंग बरसे भीगे चुनरवाली" गीत डाला गया | जगजीत सिंह ने पंजाबी ठप्पे गाये –"कोठे पर आ माहिया" वही धुन अब 'लैम्बर्गिंग' गीत में है |फिल्म निर्माण के प्रारम्भिक दौर में जितनी फ़िल्में बनी, सबमें गीत अधिक होते और दृश्य कम | सुगम संगीत का प्रयोग कम होता था |उस समय या तो हिन्दुस्तानी संगीत था या लोकगीत| जो भी गीत बने उसी आधार पर बनने शुरू हुए| प्रारम्भिक दौर में ही हैदर साहब लाहौर से ढ़ोल लेकर पंजाबी लोकगीत लेकर आये और धीरे-धीरे कई पंजाबी धुनें फिल्मों में आती गयी | परन्तु हिन्दी लोकगीतों की संख्या ज्यादा है | दिलीपकुमार की फिल्मो में –'नैन लड़ जईहै' "उड़े जब-जब जुल्फे तेरी' में पंजाबी धुन है, परन्तु नाच और माहौल यूपी का है |

लोकगीतों का प्रयोग प्राय: क्षेत्र विशेष की संस्कृति को दर्शाने के लिए किया जाता है | कश्मीर होगा तो –'बुमड़ो-बुमड़ो' डाला जायेगा | राजस्थान होगा तो 'झूमर गीत' प्रयुक्त होगा | गुजरात होगा तो डांडिया –'अरे जा रे हट नटखटे' भी गुजरती धुन है, जिसमें कुछ पहाड़ी प्रभाव भी है | 'मंथन' फिल्म में राजस्थानी लोकगीत है | प.रविशंकर ने गोदान फिल्म में शास्त्रीय संगीत न थोप कर पिपरा के पतवा सरिस डोले मनवा' गीत दिया.लोकगीत ही उस वातावरण में सही लगते है| पंजाबी लोकगीतों में टप्पे, पभागडा,महिया,छल्ला आदि का प्रयोग किया गया है| छल्ला गीत का फिल्मों में प्रयोग चल रहा है| बंगाली लोकगीत भी फिल्म जगत में काफी प्रसिद्द है| एस.डी.वर्मन को भारतीय धुनें खास पसंद है और उनकी फिल्मों में माझी का दृश्य अवश्य डालते थे | सलील चौधरी ने भी 'गंगा आये कहाँ से' बनाया है | सलील चौधरी ने असम के बिहू को भी "दैया रे दैया रे चढ़ गयो पापी बिछुआ" में ले आये | बाऊल गीत भी आए| बाऊल गीत या देवदास फिल्म की –'आन मिलो,आन मिलो, आन मिलो साँवरे' आन चोला माटी के राम |गीत- 'रमैया वस्ता वैया' भी जयकिशन ने तेलगु मजदूरों से सुना तो शैलेन्द्र को लिखने को कहा| शैलेन्द्र पहाणी धुनों पर गाते थे –'होगा तुमसे प्यारा कौन'| मराठी लावणी भी इसी प्रकार गाई गयी –हाल की "चिकनी चमेली" गीत को देखा जा सकता है | इसी तरह बाजीराव मस्तानी का 'पिंगा'गीत है | या कोंकण का –"मुन्गाडा मुन्गाडा मै गुड़ की डाली"| यहाँ मुन्गाडा का अर्थ बड़ी चीटी जैसे कीड़े से है | बंटी-बबली का 'कजरारे –कजरारे' भी यूपी का किन्नर धुन है | "धम-धम धरम धरैया रे, सबसे बड़े लड़ैया रे" आल्हा गीत है| तेरे प्यार का आसरा चाहता हूँ|विद्यापति गीत का धुन है | मौसम एवं त्योहार के मुताबिक लोकगीतों का फिल्मों में भरपूर प्रयोग किया जाता है | होली और कजरी गीत का प्रयोग देखा जा सकता है | मुशायरा प्रस्तुतिकरण में भी लोकगायकी दिखती है |ठारे रहियो,गीत के लोकगीत के पैमाने पर रखा जा सकता है | 'नजर लागी राजा तोरे बंगले पर'| पान खाय सैया हमार' लोकभाषा की गीत ही है | मोरे सैया जी उतरेगें पार,नदियाँ धीरे बहो, फिल्म में भी है | इस प्रकार फिल्मों में जिवंत प्रस्तुतिकरण करने के लिए लोकगीतों का प्रयोग किया जा रहा है, जो फिल्मों में छौका देने के रूप में कार्य करती रही है | भोजपुरी भाषा में बनने वाली फिल्मों को भोजपुरी सिनेमा के रूप में जाना जाता है | पहली भोजपुरी फिल्म विश्वनाथ शाहाबादी के 'गंगा मैया तोहें पियरी चढ़इबों' था, जो 1963 में रिलीज हुई| 80 के दशक में कई भोजपुरी फिल्म रिलीज हुई ,जिसमें 'बिटिया भईल सयान, चंदवा के ताके चकोर, हमार भौजी, गगा किनारे मोरा गाँव आदि |भोजपुरी हिन्दी की ही एक उपभाषा है| इसलिए सम्पूर्ण हिन्दी भाषी क्षेत्र में भोजपुरी फिल्म प्रसारित होती है | भोजपुरी की शब्दावली हिन्दी भाषा की शब्दावली है | भोजपुरी फिल्मों की भाषा माधुर्यता,वास्तविक जीवनशैली, विषय की स्पष्टता लोगों को आकर्षित करती है | भोजपुरी फिल्मों में भोजपुरी लोकगीतों का प्रभाव दिखाई पड़ता है | संतोषी माँ, छठी माता, विवाह, कन्यादान, आदि ऐसे अन्य भोजपुरी फिल्मों में भोजपुरी लोकगीत प्रचुर मात्रा में प्रयोग किया जाता है | भोजपुरी फिल्म भाषाई विशेषता के साथ-साथ क्षेत्रीयता एवं वर्ग विशेष की ओर आकर्षित करता है | फिल्मों में प्रयुक्त की गयी लोकगीत काफी माधुर्य एवं कर्णप्रिय है, जो सभी को मन्त्रमुग्ध कर देती है | फ़िल्मी लोकगीतों में जीवन के सम्पूर्ण पहलु दिखाई पड़ते है, जिसमें मानस परम्परा की अनुभूति दिखाई पड़ती है| लोकगीत मानव मन की सहज और सरल अभिव्यक्ति है, और यही सहजता–सरलता आमजन को प्रभावित किये बिना नहीं रहती है| भोजपुरी फ़िल्मी लोकगीतों में लोकजीवन के संस्कारों के साथ-साथ राष्ट्रीय चेतना, नारी स्वाभिमान,आम जनजीवन के दृश्य, धार्मिक अनुष्ठान आदि है |साथ ही साथ सामाजिक सन्देश भी दिखायी देते है |फ़िल्में मानव जगत की अद्भुत उपलब्धि है | फिल्मों का आविष्कार मानव जगत में एक क्रांती है | भोजपुरी फिल्म भी भोजपुरी समाज के विभिन्न पहलुओं का सजीव चित्रांकन है | जिसे देखकर मनुष्यों को सुख –दुःख का अनुभव होता है | भोजपुरी सिनेमा ने खुद को भोजपुरी समाज का दर्पण सिद्ध किया है| इसमें तत्कालीन समाज का स्वरूप दिखाई पड़ता है | संतोषी मैया, छोटकी ठकुराईन, धरती मैया, नदिया के पार आदि जैसे फिल्मों के माध्यम से भोजपुरी फिल्म ने समाज में नवीन चेतना एवं जागृति लाने की कोशिश की है | साथ ही साथ रुढ़िवादी कुरीतियों ,अंधविश्वासों आदि पर तीखा व्यग्यं किया है | फिल्मों के कथानक का सीधा सम्बन्ध मानवीय संवेदनाओं, अनुभूतियों आदि से होता है| अत: यह मानव के मन-मस्तिष्क पर सीधा प्रभाव डालती है | फिल्मों के प्रदर्शित विचारों,भावनाओं को मिलो'| छत्तीसगढ़ का लोकगीत पीपली लाइव फिल्म में है| मनुष्य खुद के साथ जोड़ता है और जीवन में उसका अनुसरण करता है | भोजपुरी फिल्मों का प्रचार-प्रसार क्षेत्र विशेष की जनता की मांग के अनुरूप हुआ |इसके माध्यम से भोजपुरी भाषा को प्रसिद्धि प्राप्त हुई| भोजपुरी फिल्म अपनी विशेष पहचान राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल रही है | भोजपुरी फिल्मों का स्त्री-पुरुष,अमिर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित आदि लगभग सभी वर्गों पर इसका प्रभाव पड़ा है तथा सभी के मनोरंजन के स्वरूप में अपनी अलग पहचान बनाई है | भोजपुरी फिल्मों में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है | इनका फिल्मों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है | लोकगीत आमजन की संस्कृति और सभ्यता को प्रदर्शित करता है | यह मिट्टी से जुड़े लोगों की अन्तरात्मा की आवाज होती है | इन गीतों को लोग सुनकर झूम उठते है | यह जनसाधारण

द्वारा,जनसाधारण की आवाज में ,जनसाधारण के लिए होती है | इसलिए काफी हृदय स्पर्शी होती है | लोगों को भावविभोर एवं आनन्द प्रदान करती है | फ़िल्मी लोकगीत लोगों को शिक्षा भी प्रदान करती है | इसमें समाज,संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान होता है | लोकजीवन की सरलतम ,नैसर्गिक अनुभूतियों का चित्रण लोकगीत में दिखायी पड़ता है | लोकगीत में लोकमानव की हृदय की आवाज होती है |लोकगीत में जनजीवन की प्रत्तेक अवस्था,प्रत्तेक वर्ग ,प्रत्तेक स्वरूप और प्रवृत्ति दिखायी पड़ती है | शास्त्रीय नियमों एवं रीतियों की विशेष पहचान न करके सामान्य लोक व्यवहार के उपयोग में लाने के लिए मानव अपने आनन्द की तरंग में जो छन्दोबद्ध वाणी सहज अभिव्यक्ति करता है,वही लोकगीत है | भोजपुरी फिल्मों में इनका प्रयोग कथानक को जीवंतता प्रदान करती है साहित्य और समाज एक दूसरे के पूरक है | समाज के बिना साहित्य की कल्पना नहीं की जा सकती,उसी प्रकार साहित्य के बिना समाज भी अधूरा है | साहित्य जिस प्रकार एक सशक्त माध्यम है | साहित्य और फिल्म दोनों कला और मनोरंजन के महत्वपूर्ण माध्यम है | फिल्म हमेशा से ही सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक समस्याओं को उजागर करता रहा है |शिक्षा का प्रभावशाली माध्यम सिद्ध हुआ है | यह अभिव्यक्ति का सर्वाधिक प्रभावशाली एवं सशक्त माध्यम है | आज मनोरंजन के रूप में किल्में सभी के द्वारा पसंद की जाती है | फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ हमारे देश की संस्कृति, सभ्यता और युगीन परिवर्तन को दर्शाता है| फिल्म प्रत्तेक दृष्टिकोण से लोगों को प्रभावित करता है | फिल्म कल्पनाओं एवं मानवीय मूल्यों ,मानवीय भावनाओं एवं मानवीय संवेगों को चित्रित करने का एक सशक्त माध्यम है |फिल्मों में गीतों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है | फ़िल्मी गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि इनके गीत प्रसंग के अनुरूप और फिल्म की कहानी से जुड़े होते है | फिल्म लोगों तक ज्यादे तेजी से पहुँचती है | इसलिए इन धुनों के साथ जो फ़िल्मी गीतात्मक संवेदना लोगों तक पहुँची,वह अधिक असरदार साबित हुयी |1958 में राजा खोसला निर्देशित फिल्म 'काला पानी' में मजरुह सुल्तानपुरी के द्वारा लिखा गया तथा आशाभोसले की आवाज में एक गाना था –'नजर लागी राजा तोरे बगलें पर' ,'जो मै होती राजा काली बदरिया ,बरस रहती राजा तोरे बगलें पर |' लोक की धुन पर लोकगीतात्मकता को निभाता हुआ गाना है | गैंग ऑफ़ वासेपुर में- 'तार बिजली से पतले हमारे पिया' मुखड़ा पारम्परिक लोकसंगीत का ही है | इसीप्रकार –'भाव कोइला के बिकले हमार पिया "| लोकधुन पर लोकगीत लिखे भी गये और संगीतबद्ध भी है | कजरी, चैता,दादरा आदि फिल्मों में निबाहे जाते है | 1963 में 'विदेसिया' में कजरी प्रयुक्त की गयी है – नींक सैया बीन भवनवा नाहीं लागे सखिया '| 1964 में 'नैहर दुरल जाय' में –ओ रामा रिमझिम बरसेला पनिया' बेहतरीन लोकगीत है| भोजपुरी फिल्म बालीवुड में एक अलग पहचान बना ली है | यह फिल्म हिन्दी भाषा-भाषीयों के साथ-साथ पूरे देश में देखी एवं पसन्द की जाती है | यह मुख्यतः मनोरंजन एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित होती है | इनकी बोली भोजपुरी में ही प्रयुक्त की जाती है | यह मुख्यतः बिहार एवं उत्तर प्रदेश की भाषा बोली पर केन्द्रित होती है| बालीवुड में ऐसी भोजपुरी फिल्म बनाई गयी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद किया गया |गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' विश्वनाथ शाहाबादी द्वारा 1961 में प्रथम भोजपुरी फिल्म के रूप में प्रदर्शित की गयी थी | आज भोजपुरी फिल्मों के अंतर्गत बहुत सी फिल्म बन रही है |'ससुरा बड़ा पैसा वाला' भोजपुरी फिल्म लोगों के द्वारा सर्वाधिक पसंद की गयी | 'विदेशी' 1963,एस.एन.त्रिपाठी द्वारा निर्देशित और 'गंगा' 1965 कुंदन कुमार द्वारा निर्देशित लाभदायक और लोकप्रिय फ़िल्में बनी | 1980 के दशक में अनेक भोजपुरी फिल्मों का उत्पादन किया गया | 'माँ' 1989 में राजकुमार शर्मा द्वारा निर्देशित 'हमार भौजी' 1983 कल्पतरु द्वारा निर्देशित के रूप में 'नदिया के पार' गोविन्द मनीष द्वारा निर्देशित 1982 में,हिन्दी भोजपुरी ब्लाकबस्टर और सचिन,साधना,सिंह,इंदर-ठाकुर,मिताली,सविता-बजाज,शीला देवी,लीला मिश्रा और सोनी राठौर है| 2001 में रजतजयंती के साथ भोजपुरी फिल्म उद्योग फिर से शुरू हुआ| "पंडित जी बताई न बियाह कब होई" "ससुरा बड़ा पैसा वाला" 2005 में मोहन प्रसाद द्वारा निर्देशित भोजपुरी फिल्म काफी प्रसिद्धि प्राप्त की तथा लोगों के द्वारा पसन्द किया गया | फरवरी 2011 में भोजपुरी सिनेमा के 50 वर्षों के पटना में तीन दिवसीय फिल्म और सांस्कृतिक त्यौहार,"गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो, पहली भोजपुरी फिल्म की शुरुआत हई | इस फिल्म के गीतों को काफी पसंद किये गये| गाना –"राते दिया बुता के" पवन सिंह की फिल्म 'सत्या का प्रमोशनल सांग है| जिसे पवन सिंह और आम्रपाली दूबे पर फिल्माया गया था| प्रस्तुत फिल्म की गीत भी लोगों के द्वारा काफी पसंद किया गया | पहली भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबों '(1961-62) में बनीं | यह पहली सवाक फिल्म 'आलम आरा' (1931) के 31 वर्षों बाद बनी| परन्तु अब भोजपुरी बोली की दस्तक उस वक्त हो चुकी थी | 1932 में बनीं भारत की दूसरी फिल्म 'इंदर सभा' में 72 गाने थे, जिसमें गाने भोजपुरी लोकगीत की शैली में गाये गये थे| गाना था- सुरतिया दिखाय जाओ ओ बाके छैला' तथा "ठाढ़े हूँ तोरे द्वार बुलाले मोरे साजन रे" इंदर सभा सम्पूर्ण रूप से सांगीतिक फिल्म थी | फिल्म की संवाद सभी गीतों के माध्यम से अभिव्यक्त की गयी है | "तार बिजली से पतले हमार पिया" मुखड़ा पारंपरिक लोकसंगीत का ही है| इसी प्रकार भाव कोइला के बिकले हमार पिया"| लोकधुन पर लोकगीत लिखे भी गये और संगीत बद्ध भी है | कजरी ,चैता,दादरा,आदि फिल्मों में निबाहे जाते है| 1963 में 'विदेसिया' की कजरी प्रयुक्त की गयी है – 'निक सैया बिन भवनवा नाहीं लगे सखिया"| 1964 में नैहर छुटल जाय में – ओ रामा रिमझिम बरसला पनिया' बेहतरीन लोकगीत है| इसी तरह मन्ना डे के कंठ से 1964 में "नैहर छुटल जाय" की कजरी "ओ रामा रिमझिम बरसेला पनिया" बेहतरीन लोकगीत है | पहले लोकगीत और लोकधुनों से फ़िल्मी गीत प्रभावित होते थे| फ़िल्मी गीतों का नक़ल कर लोकगीत लिखे जा रहे है | जिसके कारण लोकगीतों की मौलिकता नष्ट हो रही है | फिल्मों में लोकगीतों के प्रयोग के कारण लोकगीतों में व्यापकता आयी है | भोजपुरी फिल्मों में भोजपुरी कलाकारों के अतिरिक्त बालीवुड के प्रमुख अभिनेताओं ने भी काम किया है | जिसमें अमिताभ बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती आदि शामिल है | मिथुन चक्रवर्ती की भोले शंकर 2008 में प्रदर्शित हुई थी | यह उस समय की सबसे प्रचलित भोजपुरी फिल्म थी | 2008 में सिद्धार्थ सिन्हा द्वारा 21 मिनट की डिप्लोमा भोजपुरी फिल्म- उडेह बान,(अन्क्रोवेल) को बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में विश्व प्रीमियम के लिए चुना गया | बाद में इसे बेस्ट लघु फिक्सन फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला |

******

सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची :-

1.कुंदे, पुरूषोत्तम- साहित्य और सिनेमा
2.सिंह ,डॉ.देवेन्द्र नाथ, यादव,डॉ.वीरेन्द्र सिंह ,भारतीय हिन्दी सिनेमा का विकास यात्रा
3.भरद्वाज,डॉ.शैलजा–साहित्य और सिनेमा: बदलते परिदृश्य में सम्भवनायें और चुनौतियाँ
4.दुबे ,विवेक –हिन्दी साहित्य और सिनेमा
5.दास,विनोद,- भारतीय सिनेमा का अन्त:करण
6. परमार ,श्याम (१९५४) भारतीय लोकसाहित्य ,राजकमल प्रकाशन ,नई दिल्ली
7.पाठक,हरे राम (2005) ,भोजपुरी संस्कार गीत ,लोकवार्ता शोध प्रकाशन ,असम
8.उपाध्याय,कृष्णदेव लोकसाहित्य की भूमिका ,साहित्य भवन प्रकाशन ,इलाहबाद
9. सिंह,महेन्द्र (1995) भोजपुरी लोकगीत के संसार, भोजपुरी प्रसाद परिषद ,आरा |
10.भास्कर,भगवान सिंह भोजपुरी के विवाह गीत ,भास्कर साहित्य भारती ,सिवान ,बिहार|
11.ठाकुर,पद्मभूषणसिंहभोजपुरीलोक-संगीत,भारतीयशोधसंस्कृति संस्थान ,दुर्गाकुण्ड ,वाराणसी |
12.उपाध्याय,हरीशबलिया जनपद के भोजपुरी लोकगीत, इंडिया इंटरप्राइज इनकार्पोरेशन ,USA |
13 उपाध्याय,कृष्णदेव लोकसंस्कृति की रुपरेखा ,लोकभारती प्रकाशन ,इलाहाबाद |
14. श्रीवास्तव ,शैलेश भोजपुरी संस्कार गीत और प्रसार माध्यम ,राधाकृष्ण प्रकाशन
15. पियूष,जगदीश (2008) अवधी ग्रंथावली ,खण्ड-1 ,वाणी प्रकाशन नई दिल्ली |

भारतीय नवजागरण और आधुनिक हिन्दी साहित्य: भारतेंदु एवं प्रसाद की नाट्य रचनाओं के संदर्भ में

डॉ. बालेन्द्र सिंह यादव
सहायक आचार्य–हिन्दी
डॉ. अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
ऊंचाहार–रायबरेली (उ प्र.) मो.9410009838

भारत में नवजागरण की चेतना का विकास-

यूरोप के ज्ञानोदय या प्रबोधन काल (एनलाइटेनमेंट) की शुरुआत एक नयी चेतना के उदय के साथ होता है जिसने सामाजिक–राजनीतिक विषमता का अंत कर भाईचारे के भाव युक्त जनवादी विचारधारा को अपनाया। यह नई चेतना 16वीं शताब्दी में इटली और 18वीं शताब्दी में फ्रांस में अपना विकसित रूप धारण करती है। फ्रांस में इसे 'रिनेसाँ' (पुनर्जागरण) नाम दिया गया। उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भ में यूरोप की भाँति भारत में भी एक नवीन चेतना का जागृत होती है जो देश के सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को अत्यधिक प्रभावित करती। 1857 की क्रांति के बाद तो भारतीय जनमानस में जागृत स्वातंत्र्य-चेतना ने पूरे भारत का परिवेश ही बदल डाला। अब लोग किसी पाखण्ड को आँख बंद कर मानने की जगह उस पर तर्कपूर्ण विचार करने लगे। लोगों की स्वराज्य प्राप्ति की इच्छा व्यापक रूप धारण कर अनेक जन-आन्दोलनों में तब्दील हो गई। ऐसी इस व्यापक नवीन चेतना को 'नवजागरण' की संज्ञा दी गई। नवजागरण के संबंध में प्रसिद्ध इतिहासकार बिपन चंद्र लिखते हैं कि– "19वीं शताब्दी में ब्रिटिश साम्राज्य के ख़िलाफ़ राजनीतिक और सांस्कृतिक प्रतिक्रिया हुई। ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार, औपनिवेशिक संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान के प्रसार से भारतीयों के लिए यह आवश्यक हो गया कि वे अपना आत्मनिरीक्षण करें। यूँ तो यह चेतना हर समाज और हर स्थान पर अलग-अलग समय पर आयी किन्तु सबको एहसास हो गया कि धार्मिक सांस्कृतिक जीवन में सुधार आवश्यक है।"[1]

हालांकि ऐसी ही चेतना का प्रादुर्भाव पंद्रहवीं शताब्दी में इस्लाम धर्म एवं संस्कृति के भारत में विधिवत आगमन के समय भी हुआ था। उस समय पहले तो भारतीय संस्कृति से उसका टकराव हुआ पर बाद में दोनों के बीच आदान-प्रदान की प्रक्रिया घटित हुई। चूंकि भक्तिकालीन इस चेतना के स्रोत और लक्ष्य दोनों ही लोक में थे शायद इसलिए रामविलास शर्मा इस चेतना को 'लोकजागरण' कहते हैं। उन्नीसवीं सदी का नवजागरण पंद्रहवीं सदी के लोकजागरण का पुनरोत्थान मात्र तो नहीं है, किंतु उसकी चेतना इसमें अंशत: विद्यमान जरूर है। इसलिए नवजागरण पर ठीक ठीक विचार करने के लिए लोकजागरण के बारे में स्पष्ट जानकारी आवश्यक है। 'लोकजागरण' काल के कवियों ने शासन और शासक के बजाय लोकजीवन और परमतत्व में अपनी आस्था प्रकट की। कबीर, जायसी, सूर, तुलसी जैसे भक्त कवियों तथा गुरू नानक, चैतन्य महाप्रभु जैसे भक्त समाज-सुधारकों के साथ-साथ अक्क महादेवी, अंडाल, लल्लद्य, मीरा और ताज जैसी कवयित्रियाँ भी दिखाई देती हैं। इन सब ने मानवीय शोषण की वाहक– कुरीतियों, पाखण्डों, आडम्बरों पर गहरी चोट की और स्त्रियों पर लगे परम्परा के बन्धनों को तोड़कर सामंती व्यवस्था को चुनौती दी। जिस सामन्ती विचार के विरोध में ये लोकजागरण की चेतना उत्पन्न हुई थी विडंबना है कि धीरे-धीरे उसी सामन्ती विचार ने इसको कमजोर कर दिया जिसके परिणामस्वरूप सामंतवाद की पोषक रीतिकाल का आगमन हुआ।

भारत में उन्नीसवीं शताब्दी के 'नवजागरण' के उदय के वैसे तो अनेक कारण थे परन्तु इसका मूल कारण ब्रिटिश उपनिवेशवाद के फलस्वरूप देश में पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति का प्रचार और प्रसार ही था। ब्रिटिश शासन ने भारत में रेल, तार, डाक का जाल बिछाया तथा फोर्ट विलियम कॉलेज बनवाकर और प्रिंटिंग प्रेस खोलकर अंग्रेजी शिक्षा के प्रचार-प्रसार की नींव डाली। यह सब कार्य अंग्रेजों ने अपने हित के लिए किया था परन्तु इससे लाभ ग्रहण भारतीयों ने भी अंधविश्वास में फंसी अपनी बुद्धि को आधुनिकता की ओर अग्रसर किया। अंग्रेजी शिक्षा के प्रचार-प्रसार से शिक्षा, साहित्य, कला और विज्ञान के क्षेत्र में उन्नति का स्रोत खुल गया। जिसके फलस्वरूप भारतीयों में राष्ट्रीयता तथा स्वतन्त्रता की भावना का संचार हुआ। विद्याधर महाजन ने ठीक ही लिखा कि "भारतीय नवजागरण ने सर्वप्रथम बुद्धिजीवियों में जागृति पैदा की, जिसका हमारे साहित्य, शिक्षा और कला पर विशेष प्रभाव पड़ा। फिर इसने एक नैतिक शक्ति बनकर भारतीय समाज और धर्म में सुधार लाने का काम किया। बाद में नवजागरण ने आर्थिक क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन करके देश को राजनीतिक स्वतन्त्रता उपलब्ध करायी।"[2] नवजागरण की चेतना का उद्देश्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार लाना ही था। इसने भारतीय आत्मा को उसकी गहराई तक पहुँचकर प्रभावित किया। इसके प्रभाव से देश का हर क्षेत्र व समाज प्रभावित रहा किन्तु जिन तीन क्षेत्रों में इसका सबसे अधिक प्रभाव रहा वो बंगाल, महाराष्ट्र और हिन्दी प्रदेश थे। हिन्दी प्रदेश में तो नवजागरण 1857 की क्रांति के बाद राष्ट्रीय रूप धारण कर "भारतीय नवजागरण" बन गया। 'बंगाल' भारतीय नवजागरण का पहला महत्वपूर्ण क्षेत्र था जहाँ उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में समाज सुधारकों, साहित्यकारों और कलाकारों ने स्त्री, विवाह, दहेज, जातिप्रथा और धर्म संबंधी स्थापित परम्पराओं को चुनौती दी। सुशोभन सरकार लिखते हैं- "अंग्रेज़ी राज, पूँजीवादी अर्थव्यवस्था और आधुनिक पश्चिमी संस्कृति का सबसे पहला प्रभाव बंगाल पर पड़ा जिससे एक ऐसा नवजागरण हुआ जिसे आमतौर पर बंगाल के रिनेसाँ के नाम से जाना जाता है। इस नवजागरण ने समग्र भारतीय आधुनिकता की निर्मितियों पर अमिट छाप छोड़ी जिससे भारतीय राष्ट्रवाद के शुरुआती रूपों की संरचनाएँ सामने आयीं।"[3]

'महाराष्ट्र' भारतीय नवजागरण का दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र था जहाँ आत्माराम पाण्डुरंग, ज्योतिबा फुले, महादेव गोविंद रानाडे और अन्य अनेक समाजसेवी 'प्रार्थना समाज' (सन् 1867 ई.) की स्थापना कर सामाजिक आंदोलनों के माध्यम से समाज के पीड़ितों के उद्धार के लिए कार्य कर रहे थे। मराठी नवजागरण दलित चेतना को केंद्र में रखकर विकसित हुआ था। महाराष्ट्र की दलित चेतना का प्रसार दक्षिण भारत तक रहा। केरल के 'नारायण गुरू' तथा तमिलनाडु के 'इरोड वेंकट नायकर रामासामी (पेरियार)' ने दलितों के उद्धार के लिए दलित आंदोलन किया। जहाँ एक ओर नारायण गुरू ने सभी मनुष्यों के लिए एक ही जाति, एक धर्म और एक ही ईश्वर होने की बात की जिससे हर एक आम आदमी अपना जुड़ाव महसूस कर सके तो वहीं दूसरी ओर पेरियार ने जस्टिस पार्टी का गठन कर दलित समाज के विनाश का प्रमुख कारण बनी स्वाभिमानी हिन्दुत्व की सोच का पुरजोर विरोध किया। 'हिन्दी प्रदेशों' को भारतीय नवजागरण का तीसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है जहाँ सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद स्वातंत्र्य-चेतना की राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक जागरण की चेतना विकसित हुई। इस विकसित चेतना को हिन्दी नवजागरण की संज्ञा दी गई। हिन्दी क्षेत्र के नवजागरण से पूर्व बंगाल नवजागरण के बंकिमचंद्र आदि लेखकों की दृष्टि प्रायः सोनार बांग्ला से आगे नहीं बढ़ पायी और महाराष्ट्र नव जागरण के प्रसिद्ध गद्यकार चिपलूणकर वर्ण-भेद की खाई पार नहीं कर पाये। किन्तु हिन्दी क्षेत्र का नवजागरण हिन्दी प्रदेश तक सीमित न रहकर क्षेत्रीय सीमाओं को तोड़ते हुए पहली बार 'राष्ट्रीयता' के विस्तृत फलक पर देखा गया जिसके प्रवर्तक भारतेंदु हरिश्चंद्र माने जाते हैं। कहा जा सकता है कि भारतीय नवजागरण की चेतना अपने विकसित रूप में हिन्दी नवजागरण में ही दिखती है।

आधुनिक हिन्दी साहित्य में अभिव्यक्त भारतीय नवजागरण :-

हिन्दी सहित सभी आधुनिक भारतीय भाषाओं के साहित्य में नवजागरण की गूँज स्पष्ट सुनाई देती है। साहित्य में लेखन का 'गद्य' रूप जिसे निराला ने जीवन-संग्राम की भाषा का रूप कहा है,

नवजागरण की सबसे मूल्यवान देन है।आधुनिक हिन्दी साहित्य में पद्य के साथ साथ गद्य एवं उनकी विभिन्न विधाओं– निबंध, नाटक, कहानी, उपन्यास, आलोचना आदि– के माध्यम से भारतेन्दु युग में जन्मी नवजागरण की चेतना द्विवेदी युग से गुजरते हुए छायावाद युग में पहुँचकर अपने सबसे प्रभावशाली रूप में द्रष्टव्य है। भारतेंदु हरिश्चंद्र राष्ट्रीय जागरण के एक ऐसे अग्रदूत थे जिनके समय में रीतिकालीन परिपाटी की कविता का अवसान तथा राष्ट्रीय एवं समाज-सुधार की भावना से युक्त साहित्य का उदय होता है। "भारतेंदु ने साहित्यकारों का एक ऐसा मंडल तैयार किया जिनकी रचनाओं के माध्यम से नवयुग की चेतना को अभिव्यक्ति मिली। इस चेतना से पूर्व साहित्य राजदरबारों में ही सिर झुका रहा था किन्तु अब साहित्यकार समाज से जुड़कर समाज में फैले आडम्बर, रूढ़ि, वर्ण-वर्ग भेद, कुरीति, सती प्रथा, बाल-विवाह आदि का विरोध करने लगे। विधवा विवाह का समर्थन और सामंती व्यवस्था, उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद का विरोध प्रखर हुआ।" [4] भारतेंदु ने अपने युवावस्था में ही "लेवी प्राण लेवी" (1870 में) लेख में पहली बार अंग्रेजों के विरूद्ध आवाज उठाई। उनके द्वारा सम्पादित 'कवि वचन सुधा'(1868), 'हरिश्चंद्र मैगजिन'(1873), 'बाला बोधिनी'(1874) आदि पत्रिकाओं में देश की उन्नति और देश के विकास को रोकने वाली कुप्रथाओं की विवेचना की गई है। 'बाला बोधिनी' पत्रिका तो मूल रूप से स्त्रियों के लिए ही निकाली गई थी। दयानंद सरस्वती के आर्य समाज (1875) से प्रेरित भारतेंदु ने वैष्णव भक्ति के लिए "तदीय समाज" की स्थापना की। 1884 में ही उन्होनें देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण भाषण दिया जो "बलिया व्याख्यान" के नाम से प्रसिद्ध है। वे भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है के संबंध में चिंतित थे। उन्होंने लिखा है – "भाई हिन्दुओं! तुम भी मतमतांतर का आग्रह छोड़ो। आपस में प्रेम बढ़ाओ। इस महामंत्र का जप करो। जो हिन्दुस्तान में रहे, चाहे किसी रंग, किसी जाति का क्यों न हो, वह हिन्दू है। हिन्दू की सहायता करो। बंगाली, मरट्ठा, पंजाबी, मद्रासी, वैदिक, जैन, ब्राह्मण, मुसलमान सब एक का हाथ एक पकड़ो। कारीगरी जिससे तुम्हारे यहाँ बढ़े, तुम्हारा रुपया तुम्हारे ही देश में रहे, वह करो।"[5]भारतेन्दु टकसाली अर्थात गढ़ी हुई भाषा के विरूद्ध थे। वे भाषा के सहज, सरल, प्रवाहमय और विनोदपूर्ण रूप को स्वीकार करते थे। लोकभाषा के समर्थक बनकर वे 'निज भाषा की उन्नति की बात करते थे —

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटत ना हिय को सूल॥

एक युवा का ऐसा साहस और जोश देखकर सभी के भीतर देश प्रेम की भावना उमड़ उठी। द्विवेदी युगीन कवियों ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से जनमानस में देशप्रेम व भाईचारे की भावना विकसित करने की कोशिश की।–

जैन, बुद्ध, पारसी, यहुदी, मुस्लिम, सिख, ईसाई।
कोटि कंठ से मिल कर कह दो, हम सब हैं भाई-भाई॥

महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने द्वारा संपादित 'सरस्वती' पत्रिका में देश और देश की भाषा हिन्दी की उन्नति के लिए अद्वितीय योगदान दिया। बालकृष्ण भट्ट ने साहित्य को जनता से जोड़ते हुए कह दिया कि 'साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है'।छायावाद युगीन रचनाकारों की रचनाओं में 'नवजागरण' की चेतना अपने गौरवपूर्ण अतीत और राष्ट्रीयता की भावना के रूप में अभिव्यक्त हुई है। जयशंकर प्रसाद ने पुराने गौरव को सामने रखकर देश को जागने के लिए राष्ट्रीय भावना विकसित करते हुए आजादी की प्रेरणा जन-जन तक पहुँचाते हैं—

हिमाद्री तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती।
स्वयं प्रभा समुज्जवला स्वतंत्रता पुकारती॥

महाकवि निराला ने अपने सुख में जनता का सुख और जनता के दुःख में अपना दुःख समझा। उनकी निम्न काव्य पंक्तियां इस बात को पूर्ण सत्य सिद्ध करती है—

मैने मैं शैली अपनाई, देखा दुःखी निज भाई।
दुःख की छाया पड़ी हृदय में, झट उमड़ वेदना आयी॥

भारतेंदु और प्रसाद के नाटकों में अभिव्यक्त भारतीय नव जागरण:-आधुनिक हिन्दी साहित्य में नाट्य विधा सर्वाधिक प्रिय विधा रही। नाटकों के माध्यम से नव जागरण की चेतना जगाने वाले रचनाकारों में भारतेन्दु हरिश्चंद्र और जयशंकर प्रसाद की भूमिका सराहनीय एवं विचारणीय है। भारतेन्दु ने 'भारत दुर्दशा', 'अंधेरनगरी', 'नीलदेवी' जैसे कई मौलिक नाटकों की रचना के साथ ही अंग्रेजी, संस्कृत और बंगला के नाटकों का हिन्दी अनुवाद भी किया। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'नाटक अथवा दृश्य काव्य' नामक आलोचनात्मक पुस्तक लिखी। इस कृति से नाटक के विषय में उनकी आधुनिक दृष्टि का पता चलता है। डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी ने नाटक-केन्द्रित भारतेन्दु की आलोचना दृष्टि का विश्लेषण करते हुए लिखा है, "भारतेन्दु ने नाटक पर विचार करते समय उसकी प्रकृति, समसामयिक जनरुचि एवं प्राचीन नाट्यशास्त्र की उपयोगिता पर विचार किया है। उन्होंने बदली हुई जनरुचि के अनुसार नाट्यरचना में परिवर्तन करने पर विशेष बल दिया है। भारतेन्दु के नाटक विषयक लेख में आलोचना के गुण मिल जाते हैं। ऐसी दशा में उन्हें आधुनिक हिन्दी साहित्य का प्रथम आलोचक कहना अनुचित न होगा।"[6] भारतेन्दु के समय हिन्दी नाटकों पर बंगला और अंग्रेजी के साथ पारसी शैली के नाटकों का भी प्रभाव पड़ रहा था किन्तु भारतेन्दु को पारसी नाटकों की अभिनय शैली पसंद नहीं थी। उन्होंने पारसी नाटकों की प्रस्तुति और शैली पर व्यंग्य करते हुए लिखा है कि "काशी में पारसी नाटक वालों ने नाचघर में जब शकुन्तला नाटक खेला और उसमें धीरोदात्त नायक दुष्यंत खेमटेवालियों की तरह कमर पर हाथ रखकर मटक-मटक कर नाचने और पतली कमर बल खाय यह गाने लगा तो डाक्टर थिबो, बाबू प्रमदादास मित्र प्रभृति विद्वान यह कहकर उठ आए कि अब देखा नहीं जाता।"[7]

नाट्य रचना के अंतर्गत यथार्थवादी दृष्टिकोण की आवश्यकता को महसूस करते हुए भारतेन्दु लिखते हैं कि–"अब नाटकादि दृश्य काव्य में अस्वाभाविक सामग्री– परिपोषक काव्य, सहृदय सभ्यमंडली को नितान्त अरुचिकर है, इसलिए स्वाभाविक रचना ही इस काल के सभ्यगण की हृदयग्राहिणी है, इससे अब अलौकिक विषय का आश्रय करके नाटकादि दृश्यकाव्य प्रणयन करना उचित नहीं है।" भारतेंदु के नाटक सोद्देश्य लिखे गए हैं। उनकी भाषा आम आदमी की भाषा है। लोकजीवन के प्रचलित शब्द एवं अंग्रेजी, उर्दू, अरबी, फारसी के सहज चलन में आने वाले शब्द तथा लोक मुहावरे उनके नाटकों में प्रयुक्त हुए हैं। जैसे– नांदीपाठ, मंगलाचरण आदि। 'अन्धेर नगरी' में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की नाट्यकला का चरमोत्कर्ष हुआ है। प्रहसन और व्यंग्य-कला का इतना चुटीला और सजीव रूप उनकी सजगता और मानव जीवन में उनकी गहरी पैठ का परिणाम है। जन-प्रचलित एक छोटी सी लोकोक्ति के आधार पर रचित यह छोटा नाटक अपने भीतर समग्र वर्तमान सन्दर्भ छिपाये हुए है। 'भारत दुर्दशा' नामक नाटक में भारतेन्दु अपने देशवासियों को अंग्रेजों की विभाजनकारी नीतियों के प्रति सचेत करते हैं। भारतेन्दु अंग्रेजों के झूठे वादों और झूठे सच से भारतीयों को अवगत कराना चाहते हैं। वे लिखते हैं कि —

भीतर-भीतर सब रस चूसे। हँसी-हँसी के तन-मन-धन लूटे॥
जाहिर बातन में अति तेज। क्यों सखी? साजन नहीं अंग्रेज॥

आधुनिक हिंदी-साहित्य में छायावादी रचनाकार जयशंकर प्रसाद मूर्धन्य कवि होने के साथ साथ एक सफल नाटककार भी हैं। प्रसाद जी ने 'सज्जन', 'कल्याणी परिणय', 'करुणालय', 'प्रायश्चित', 'राज्यश्री', 'विशाख', 'अजातशत्रु', 'जनमेजय का नाग यज्ञ', 'स्कंदगुप्त', 'एक घूँट', 'कामना', 'चन्द्रगुप्त', तथा 'ध्रुवस्वामिनी' जैसे एक दर्जन से अधिक नाटक लिखकर हिंदी नाटक साहित्य को समृद्ध किया। इनके नाटकों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक चेतना, इतिहास और कल्पना का सुंदर सामंजस्य दार्शनिक गंभीरता और साथ ही काव्यात्मक

सरसता, वीरता और साहस व प्रेम का रोमानी संघर्षपूर्ण वातावरण, देशकाल का सजीव चित्रण आदि विशेषतायें दृष्टव्य होती है। मुख्यतः ऐतिहासिक नाटककार के रूप में प्रतिष्ठित प्रसाद ने अपने अधिकांश नाटकों की कथा-वस्तु भारतीय इतिहास के गौरवमय अतीत से ग्रहण किया है। प्रसाद की निम्नांकित पंक्तियां गौरवपूर्ण अतीत की याद दिलाती हैं और वर्तमान में प्रेरणा भी देती हैं —

वही है रक्त, वही है देह, वही साहस, वैसा ही ज्ञान।
वही है शांति, वही है शक्ति, वही हम दिव्य आर्य संतान॥
जियें तो सदा उसी के लिए, यही अभिमान रहे यह हर्ष।
निछावर कर दें हम सर्वस्व, हमारा प्यारा भारतवर्ष॥

ऐतिहासिक नाटक लिखने का एक प्रमुख कारण यह था कि वे नाटकों के माध्यम से आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे जनमानस को प्रेरित करना चाहते थे। उन्होंने अपने नाटकों में इतिहास और कल्पना का बेजोड़ समन्वय कर इतिहास की प्राचीन घटनाओं के माध्यम से व्यंग्य रूप में वर्तमान की सम्स्याओं का चित्रण और समाधान प्रस्तुत किया। 'चन्द्रगुप्त' और 'स्कंदगुप्त' नामक नाटक में उन्होंने स्वर्णिम अतीत को वर्तमान के लिए प्रेरणाप्रद बताया है —अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़-प्रतिज्ञ सोच लो।

प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो॥
असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ विकीर्ण दिव्य दाह-सी।
सपूत मातृभूमि के- रुको न शूर साहसी॥
अराति सैन्य सिंधु में, सुवाड़वाग्नि से जलो।
प्रवीर हो जयी बनो - बढ़े चलो, बढ़े चलो॥"

उनके ऐतिहासिक नाटकों का फलक अति विराट है जिनमें राष्ट्रीयता को नाटक का मुख्य तत्व मानते हुए पूरे राष्ट्र की समस्याएं अभिव्यक्त हुई हैं। राष्ट्रीय चेतना मनुष्य के मन का परिष्कार कर उसमें इच्छाशक्ति और संवेदना उत्पन्न करती है। इसलिए वे अपनी संस्कृति के प्रति गौरवबोध और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति राष्ट्रबोध को एक-दूसरे का पूरक मानते हैं। उनके ऐतिहासिक नाटक 'चन्द्रगुप्त' के प्रसिद्ध गीत 'अरुण यह मधुमय देश हमारा, जहां पहुंच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा' में देश के प्रति इसी आत्मभाव को अभिव्यक्ति मिली है। हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने भी उनके नाटकों के बारे में लिखा है कि "उनके ऐतिहासिक नाटक पीछे लौटने की सलाह लेकर नहीं आए, आगे बढ़ने की प्रेरणा लेकर आए थे।"[9]

नाटककार प्रसाद के नाटकों का मूल उद्देश्य सांस्कृतिक चेतना जागृत करना, नारी अस्मिता को स्थापित करना और राष्ट्रीय भावनाओं को जन-जन तक पहुँचाना रहा है। उन्होंने पारंपरिक मान्यताओं से पृथक राष्ट्रवादी सिद्धांतों की व्याख्या की हैं। नाटकों के नारी पात्रों के माध्यम से उन्होंने व्यापक रूप में राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया हैं। उनके सभी प्रमुख नाटकों में नारी के गौरवमय राष्ट्रीय स्वरूप के भव्य दर्शन होते हैं। 'चन्द्रगुप्त' नाटक की 'अलका' वीर क्षत्राणी बनकर अपने स्वतंत्र नारी व्यक्तित्व का परिचय देती हैं। चन्द्रगुप्त और चाणक्य के साथ मिलकर देश की रक्षा के लिये वह नटी का रूप धारण करती है, पर्वतेश्वर के बंदीगृह में चाणक्य से संकेत पाकर वह पर्वतेश्वर की प्रणयिनी बनने की राजनीति खेलती है। वह सिल्यूकस के समक्ष अपने राष्ट्र प्रेम का परिचय देती हुई कहती है कि "मेरा देश है, मेरे पहाड़ हैं, मेरी नदियाँ और जंगल हैं, इस भूमि के एक-एक परमाणु मेरे हैं और मेरे शरीर के एक-एक क्षुद्र अंश उन्हीं परमाणुओं से बने हैं।"[10] 'स्कंदगुप्त' की जयमाला, रामा, देवसेना 'अजातशत्रु' की मल्लिका, 'चन्द्रगुप्त' की मालविका आदि में भी राष्ट्रीयता की भावना नस-नस में व्याप्त हैं। जातीय गौरव, राष्ट्रीय प्रेम और विश्व कल्याण की कामना को स्थापित करने में प्रसाद के नाटकों की नारियाँ उल्लेखनीय हैं। उनके नाटकों में आदर्श और मर्यादा के साथ-साथ देश भक्ति की डोर पकड़कर गतिमान होने वाली मुख्य नारी पात्र ही नहीं गौण नारी पात्र भी आम जनमानस को प्रभावित करने की विशेष क्षमता रखती हैं। डॉ. नगेन्द्र ने ठीक ही कहा कि "प्रसाद के नाटकों में ट्रेजडी की भावना, उनकी सांस्कृतिक पुनरुथान की चेतना, उनके महान कोमल चरित्र, उनके विराट मधुर दृश्य, उनका काव्य स्पर्श हिंदी में तो अद्वितीय है ही, अन्य भाषाओं और नाटकों की तुलना में भी उसकी ज्योति मलिन नहीं पड़ सकती है।"[11] प्रसाद जी की राष्ट्रीयता के सन्दर्भ में बच्चन सिंह जी कहते हैं कि "इनकी राष्ट्रीयता राजाओं और सरदारों तक सीमित नहीं हैं, वह ऐसी राष्ट्रव्यापी चेतना है जो देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपने में समाहित कर लेती है। दूसरी, इनकी राष्ट्रीयता में विश्वमैत्री समन्वित है। यही कारण है कि स्थान-स्थान पर मानव मैत्री का उद्घोष हुआ है।"[1]

निष्कर्षतः हिन्दी साहित्य को प्राप्त भारतेंदु एवं प्रसाद की रचनाओं की निम्न विशेषताओं को नवजागरण के संदर्भ में देखा जा सकता है—

(1) भारत के गौरवमय अतीत को साहित्य का विषय बनाकर भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित किया गया। जिससे रचनाओं में राष्ट्रप्रेम के भाव की गूँज सुनाई पड़ती है।
(2) मनुष्य की एकता, समानता और भाईचारा स्थापित करने वाली जनवादी विचारधारा का समर्थन मिलता है।
(3) अंधविश्वासों, रूढ़ियों, छुआछूत, अंग्रेजी शासन, पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण आदि पर हास्य-व्यंग्य एवं माधुर्य शैली की प्रधानता दिखती है।
(4) श्रृंगारिक भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ प्रकृति के वर्णन/चित्रण द्वारा देश के प्रति लगाव का भाव प्रदर्शित है।
(5) परंपरागत छंदों के साथ-साथ ग्राम्य छंदों-कजरी, ठुमरी, लावनी, कहरवा तथा चैती आदि का प्रयोग कर छंद-विधान में नवीनता लाकर लोक को तवज्जो दी गई है।

******

संदर्भ पुस्तकें:–

1. आधुनिक भारत का इतिहास, विपिन चन्द्र, पृष्ठ– 29
2. वही, पृष्ठ–34
3. 'आलोचना' सहस्राब्दी अंक 2001 (लेख- रामविलास शर्मा और हिंदी जाति)
4. भारतेंदु हरिश्चंद्र और हिंदी नवजागरण की समस्याएँ (1984)– डॉ. रामविलास शर्मा
5. वही, पृष्ठ– 36
6. हिन्दी आलोचना, आचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी, पृष्ठ-19
7. 'आलोचना' में प्रकाशित आलोचनात्मक निबंध (हिंदी नवजागरण की समस्याएँ– डॉ. नामवर सिंह)
8. महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण, रामविलास शर्मा, पृष्ठ-148
9. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास– आचार्य रामस्वरूप चतुर्वेदी
10. आधुनिक साहित्य: विकास और विमर्श– डॉ. प्रभाकर सिंह
11. हिन्दी साहित्य का इतिहास– डॉ. नगेंद्र
12. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास– डॉ. बच्चन सिंह

राही मासूम रजा के उपन्यासों में अभिव्यक्त गंगा जमुनी संस्कृति

डॉ.गणेश एम.
एशोसिएट प्रोफेसर – हिंदी
Govt. College Chelakkara Thrissur

संस्कृति मानव के उदात्त मूल्यों का समुचय है। यहां गंगा जमुनी संस्कृति से आशय हिंदू और मुस्लिम समुदाय की मिली-जुली संस्कृति से है । ऐसी संस्कृति जिस के निर्माण में हिंदू और मुस्लिम जनता का परस्पर सहयोग हो । हम कह सकते हैं कि अनेक सांप्रदायिक उथल-पुथल के बाद भी राही के उपन्यासों में गंगा जमुनी संस्कृति के अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं ।' आधा गांव ' पर बात करते हुए कमलेश्वर ने एक जगह लिखा है कि - राही की रचना का सौंदर्य उनके विचारों में मौजूद है । यह राही की ऐसी पहचान है, जो बहुत कम लेखकों को नसीब होती है ।" राही मासूम रजा के इस कथन से, जो कि उनके क्लासिक उपन्यास आधा गांव में मौजूद है कि 'जंग के मोर्चे पर जब मौत मेरे सामने होती है तो मुझे अल्लाह याद आता है लेकिन उसके बाद फॉरेन बाद मुझे काबा नहीं,अपना गांव गंगोली याद आता है क्योंकि वह मेरा घर है..... अल्लाह का घर काबा है लेकिन मेरा घर गंगौली है । मैं नहीं समझता कि इससे बड़ी राष्ट्रीय अस्मिता की कोई घोषणा की जा सकती है।"1 राही की यही राष्ट्रीयता ही उनकी गंगा जमुनी संस्कृति का मूल प्राण है ।

राही 'टोपी शुक्ला' नामक उपन्यास में एक जगह लिखते हैं कि "जिस देश के यूनिवर्सिटी में यह सोचा जा रहा हो कि गालिब सुन्नी थे या शिया और रसखान हिंदू थे या मुसलमान,उस देश में पढ़ाने का काम नहीं करूंगा ।"2 राही इन पंक्तियों में ऐसे लोगों को बेनकाब कर रहे हैं, जिन्होंने गंगा जमुनी संस्कृति को क्षति पहुंचाने की कोशिश की है। राही के समस्त उपन्यास ऐसे शक्तियों को लगातार कमजोर करने में लगे हुए हैं जो हिंदू और मुस्लिम को एक नहीं होने देना चाहते हैं। राही ने इसके लिए न कांग्रेस को छोड़ा और न हीं भाजपा को । मौका पड़ने पर उन्होंने मुस्लिम लीग की भी अच्छी खबर ली । महाभारत की पटकथा का लेखन व्यापक रूप से इस बात की पुष्टि करता है कि राही सच्चे धर्मनिरपेक्ष और हिंदू मुस्लिम की साची संस्कृति के प्रबल समर्थक थे । सांप्रदायिक ताकतों का सीधे तौर पर इतना बड़ा विरोधी शायद ही हमारे आधुनिक हिंदी साहित्य में कोई दूसरा हुआ हो । राही गंभीर मन स्थिति में एक जगह लिखते हैं -" लेकिन मैं भी ख्वाब नहीं /ख्वाब तो वह है /जिसको कोई देख रहा है ।/ मैं एक वीर हूं/ एक गीता हूं /एक इंजील हूं /एक कुरवा हूं/ जिसे भला इतनी फुर्सत है,/ मुझे उठा कर जो यह देखें/ मुझ में आखिर क्या लिखा है।/"3 मगर इसी समस्या के बीच अपने उपन्यासों में गंगा जमुनी संस्कृति की जो धारा राही ने बनाई है,वह आज भी गैर सांप्रदायिक लोगों के लिए एक रास्ते का काम कर रही है। राही मासूम रजा का संपूर्ण लेखन और जीवन फिरका परस्ती के खिलाफ अधिक और निर्भीक लड़ाई की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने जो कुछ किया और जिया, वह आज मशाल और रोशनी की हैसियत रखता है । उनकी कोशिश थी कि प्रतिबद्ध लेखन की एक-एक पंक्ति से फिरकापरस्ती पर तंज वार किया जाए । बचपन से ही क्रांतिकारी मिजाज के थे । गलत के आगे झुकना फितरत में नहीं था । व्यापक हिंदी समाज राही मासूम रजा की विलक्षण प्रतिभा और अतुलनीय क्षमता से 1966 में वाकिफ हुआ जब उनका उपन्यास 'आधा गांव 'आया । उसके बाद उनका टोपी शुक्ला नामक उपन्यास प्रकाशित हुआ । इन दोनों उपन्यास पहले पहल फारसी लिपि में लिखे गए थे जिनका बाद में हिंदी लिपयंतरण किया गया । निसंदेह 'आधा गांव' ने राही मासूम रजा को हिंदी गल्प के सबसे समर्थ, सशक्त हस्ताक्षरओं में शुमार करा दिया। नैतिकतावादियों और प्रतिक्रिया वादियो ने उन्हें घेरने की खूब कवायद की,लेकिन रजा ने अपनी कलम और लबों को सांप्रदायिकता, जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषा की संकीर्णता के खिलाफ और ज्यादा पैना करना जारी रखा ।

राही मासूम रजा मानते थे कि "धर्म का राष्ट्रीयता और संस्कृति से कोई विशेष संबंध नहीं है । पाकिस्तान का निर्माण मिथ्या चेतना के आधार पर हुआ है और जिस भवन की बुनियाद टेढ़ी होगी तो बहुत दिन तक नहीं चलेगा ।"

'आधा गांव' को हिंदी के 10 सर्वश्रेष्ठ कालजई उपन्यासों में से एक माना जाता है । राही मासूम रजा से दोस्ती का मतलब हुआ सही अर्थों में भारतीयता से दोस्ती । धर्म,भाषा,लिपि कॉम संस्कृति राष्ट्रीयता देश प्रेम तहसील धारणा उनको राही ने धर्मनिरपेक्ष और समाज को हिंदुस्तानी से बखूबी जोड़ा है । राही 27 साल से लिख रहा था । कहते हैं जिंदगी का खाता देखता हूं,तो पता चलता है कि बिका ज्यादा, खरीदा कम, पाया कुछ नहीं । आत्मा का बजट डिफिसिट पर चल रहा है । विभाजन से आहत रजा साहब हमेशा मिली-जुली संस्कृति के परोपकार रहे हैं । इसी कारण था कि सिर्फ रचना के सर पर ही नहीं बल्कि राजनीतिक सर पर दे दे,सामाजिक समानता के प्रति संघर्षरत रहे । जीवन में संघर्ष को उन्होंने बहुत ही कम उम्र में अनुभव किया था । राही मासूम रजा की पंक्तियां सिर्फ सुकून ही नहीं देती बल्कि आज के हालात पर हमें सोचने समझने के लिए मजबूर भी करती है । आज हम जिस तरह से निरंकुशता की ओर बढ़ रहे हैं वह चिंताजनक तो है ही साथ ही सामाजिक सरोकारों से संबंधित संस्थाओं द्वारा इन समस्याओं की लगातार उपेक्षा हमें उनकी कही बातों की ओर जाने को और अधिक मजबूर करती है । यही कारण है कि रजा साहब की नजरों में हमें आस्था का कर्मकांड नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक विरासत का विस्तार देखने को मिलता है। उनके इस विरासत में हिंदू हो या मुसलमान सबके लिए अलगाववादी रुक के ठीक उलट भाईचारे का संदेश होता है । रसा साहब की रचनाओं में भारतीय समाज के प्रति चिंता और दुख की गहरी छाप को देखा जा सकता है । राही मासूम रजा चाहते थे कि पाठक स्वयं उचित और अनुचित का निर्णय करें । उन्होंने तो केवल अपने उपन्यास द्वारा मानव मन की कोमल एवं पवित्र भावनाओं को उजागर करके सत्य एवं सदवृतियों को जागृत करने का प्रयास किया है . राही मासूम रजा एक साहित्यकार थे जिन्होंने कथा साहित्य के क्षेत्र में एक नए क्षितिज की खोज की और हमें एक ऐसे संसार में परिचित कराया जिसे हम गहराई से नहीं जानते थे उनके तेवरों को शब्दों में नहीं डाला जा सकता था ।

******

सदर्भ:-

1.राही और उनका रचना संसार,संपादक प्रोफेसर कुंवर पाल सिंह, पृष्ठ -23-34.
2. टोपी शुक्ला, राही मासूम रजा,पृष्ठ 131.
3. दिल एक सादा कागज, राही मासूम रजा, पृष्ठ -5.

हिंदी कन्नड़ और कन्नड़ -हिंदी अनुवाद: परंपरा और पदेय

डॉ. साहिराबानू बी.बोरगल
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, हैदराबाद. मो.7989799300

अनुवाद एक प्रकार की मधुमक्षिका व्रती है। इस वृति के कारण प्राचीन काल से संसार की प्राय: सभी भाषाओं की साहित्य संपदा संदर्भित तथा पोषित होती रही है। जहां कहीं भी एकाधिक का सम्मिलित हुआ है, अनुवादओ द्वारा सुलभ विचारों के परस्पर आदान-प्रदान की प्रक्रिया गतिमान हुई। सांस्कृतिक समन्वय के समन्वय के महत्व कार्य मैं अनुवाद के सदृश्य विद्यमान रहा है।" अनुवाद ने केवल किसी भाषा के सांस्कृतिक संस्कारों से परिचित कराता है, बल्कि वहां हमें दूसरे सिटीजन की अद्भुत मानवीय सच्चाईयों से जुड़ने का राग साक्षात्कार आता है। भारत के संदर्भ में विचार करे तो भाषा की प्रादेशिक सीमा में साहित्य सीमित हो जाने के फल स्वरूप अन्य भाषा भाषा साहित्य पर और उसके रसास्वादन से वंचित रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में प्रादेशिक साहित्य को व्यापक साहित्य मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य अनुवाद द्वारा होते रहे हैं। विभिन्न प्रकार की विविधताओं से युक्त भारत जैसे बहुभाषी देश में एकता को को संवर्धित करने में भी अनुदित साहित्य की भूमिका लक्ष्नीय आ रही है।

कन्नड़ का आधुनिक साहित्य भी अनुवाद का ऋणी है। 18 90 मैं धारवाड़ में' कर्नाटक विद्या वर्धक संघ' नामक संस्था की हां स्थापना हुई। इस संघ द्वारा पहले पहल शेक्सपियर के नाटक, हेनरीटुडे के उपन्यास हरबर्ट के निबंध आदि अंग्रेजी पुस्तकों के कन्नड़ में अनुवाद प्रस्तुत किए गए। इस प्रकार दक्षिण की द्रविड़ परिवार की सभी प्रमुख भाषाओं के आधुनिक साहित्य का प्रवर्तन अनुवाद से ही हुआ। लगभग यही वातावरण आर्य परिवार के भाषाओं की है। हिंदी गद्य साहित्य का प्रवर्तन भी अनुवाद के माध्यम से हुआ। इस संदर्भ में आचार्य रामचंद्र शुक्ला का कथन है ---" भारतेंदु हरिश्चंद्र ने सबसे पहले' विद्या सुंदर' नाटक बांग्ला से हिंदी में अनुवाद करके प्रकाशित किया। "

कन्नड़ साहित्य के उपन्यासकार एस.एल . भैरप्पा के हिंदी में अनूदित उपन्यास साहित्य का विश्लेषण रहा है। कर्नाटक में कन्नड़ साहित्य रचना अनुवाद से ही प्रारंभ हुई है हमारे पुरातन पीढ़ी अनुवाद साहित्य की महत्ता को अच्छी तरह समझ गई थी। आदि कन्नड़ काल के कवि गण और यहां तक व्यास, वाल्मीकि ने भी इधर-उधर का अनुवाद अपनी कृतियों में जोड़कर सृजनशीलता को बढ़ावा दिया। यहां पर कन्नड़ से हिंदी और हिंदी से कन्नड़ अनुदित उपन्यास साहित्य का दिया जा रहा है जो निम्नलिखित है भक्तिकाल के तुलसीदास की रचना' रामचरितमानस' डॉ एम .के. भारती रामनाचार्य, गुरुनाथ जोशी, जी .के . जय शीलराव आदि ने समर्थ रूप में अनुवाद किया है और कबीर वचनावली का कविवर द. र. बेंद्रे से अनुवाद कराया है केंद्र साहित्य अकादमी ने।सुरदास और बिहरीलाल की रचनाओं का भी कन्नड़ में अनुवाद हुआ है। आधुनिक युग में मैथिलीशरण गुप्त के' साकेत' का अनुवाद, जयशंकर प्रसाद के ' काव्य रचना आसू ' का काडबल्यूवी अरे बसनुवाद डॉ सिदिलिंग पत्तनशेट्टी धर्मवीर भारती के अंधा युग कनुप्रिया का सुंदर काव्य अनुवाद हुआ है नाटक साहित्य के अंतर्गत कन्नड़ की श्रेष्ठ नाटकों का, श्रीरंग से गिरीश कर्नाड तक के नाटक कारों का परिचय हिंदी जगत को श्री बी.आर. नारायण के द्वारा हुआ है श्री नारायण ने गिरीश कर्नाड के ' ययाति' और नागमंडल' का श्रीरंग के 'सर्वश्रेष्ठ एकाकीं' अध्याय के तीन रंग नाटक' भारत' रंग भारत' और' अशोक चक्र' का डॉक्टर चंद्रशेखर के क' सिद्धनायक" बलि का बकरा" जंगली घोड़ा' और' महामाया' का गोविंदपुर के' शुद्र तपस्वी" शमशान कुरुक्षेत्र" जलगार' और अंगूली के बदले गर्दन' कहां एच. एसाशिवप्रकाश के ' महा चित्र' का और लंकेश के' संक्रांति' का सफल अनुवाद किया है।हिंदी नाटकओ भी कन्नड़ में डॉ. सिद्धलिंग पट्टनशेट्टी मंचन की दृष्टि से सफल अनुवाद क्या है- जैसे धर्मवीर भारती का 'अंधा युग' और मोहन राकेश के' अपूनरू' (आधे अधूरे) अरे बहेड़ी राजहंस'(लहरों के राजहंस) आशा 2120(आषाढ़ का 1 दिन) शंकर शेष के' कोमल गंधार' कृष्णा मूर्ति में कन्नड़ में अनुवाद किया है। पैसा मिलने सुशील कुमार सिंह के नाटक' सिहासन खाली है' कथा क्षेत्र अत्यंत विस्तृत है। इस क्षेत्र में कन्नड़ और हिंदी दोनों भाषाओं के पाठकों को प्रभावित किया है. साधारण अनुदित साहित्य के माध्यम से ही दूसरी भाषा क्षेत्र की संस्कृति' रहन-सहन' आचार- विचार से प्रभावित होता है. हमारे देशवासियों के मन में भारतीयता की भावना जगानी में भूमिका है।

कहानियों का अनुवाद कन्नड़ से हिंदी में लगभग 300 से अधिक कहानियों का अनुवाद हो चुका है. उनमें डेढ़ सौ से भी अधिक कहानियों का अनुवाद स्वयं श्री बी .आर. नारायण ही प्रस्तुत किया है। विभिन्न संकलन के अलावा समकालीन भारतीय साहित्य' भाषा' आदि पत्रिकाओं में समय-समय पर छपा है। इस प्रकार कन्नड़ के प्रारंभिक साहित्यकार पंजे मंगेश राव से समकालीन कन्नड़ के दलित कथाकार देवनूर महादेव तक के सभी श्रेष्ठ कहानीकारों की प्रतिनिधि कहानियों का हिंदी पाठकों को परिचय हो गया है।

प्रेमचंद की प्रगतिशीलता से प्रभावित कहानीकारों में निरंजन, चतुरंग और बसवराज कट्टीमनी की कहानियां हिंदी पाठक को को उपलब्ध हुआ। यू आर अनंतमूर्ति, यशवंत चिताल , शांतिनाथ देसाई, पी लंकेश, पूर्णचंद्र तेजस्वी, देव नूर महादेव आदि की प्रतिनिधि कहानियां हिंदी में अनुवादित होकर चर्चित हुई है। लेखिकाओं में ' त्रिवेणी' लोकप्रिय मनोवैज्ञानिक कहानी का है. उनकी कहानियां ' त्रिवेणी सप्तक' शीर्षक प्रो . रामचंद्र स्वामी जी से अनूदित है। वीणा शांतेश्वर. अनुपमा निरंजन.. शांतादेवी कणवी आदि की कहानियों में हिंदी में अनूदित है। हिंदी से भी प्रेमचंद से लेकर कमलेश्वर, हिमांशु जोशी, गंगा प्रसाद विमल की कहानियां पाठकों को उपलब्ध है। प्रेमचंद के' मानसरोवर' संकलन कहानियां मोवुड़ मल्लारी से निर्मल वर्मा के' कौवा और कल्याण काला पानी' , प्रो बालचंद्र जयशेट्टी से तथा निर्मल वर्मा के ही' माया दर्पण' और अन्य कहानियां प्रभा शंकर प्रेमी'से सुदर्शन की कहानियां श्री पंजे मुरारी जी से अनुदित है। उसमें भीष्म साहनी , मोहन राकेश, कमलेश्वर, मृदुला गर्ग ' हिमांशु जोशी आदि की कहानियां है. हिंदी कहानियां कन्नड़ पाठकों को उपलब्ध कराने वाले अनुवादऔ मैं श्रीमती एच एस पार्वती' श्रीनाथ' श्रीमती विजया सुब्बूराज आदि प्रमुख है।

कन्नड़ के श्रेष्ठ उपन्यासों को हिंदी में देने का श्रेय श्री बी. आर. नारायण को जाता है। उन्होंने मारीत वेंकटेश अययंगार के ' चिक्क वीर राजेंद्र , बिदनूर का चन्नाबसनायक' यस. यल. भैरप्पा के' गोधूलि' उपन्यास कन्नड़ में' तब्बलियु नीना दे मग ने' नाम के प्रकाशित है। प्रस्तुत उपन्यास को हिंदी भाषा में गोधूलि नाम से अनुदित किया है अनुवादक बी .आर . नारायण ने किया है इस उपन्यास में कर्नाटक के ग्रामीण आंचल के माध्यम से भैरप्पा ने भारतीय अस्मिता की पहचान को गोधूलि में उभरा है। प्रस्तुत उपन्यास जीवन के प्रति आस्था और मूल्य के संघर्ष का संगीत है।' पर्व' उपन्यास बी .आर. नारायण ने किया है। प्रस्तुत उपन्यास भारतीय 14 भाषाओं में अनूदित हुआ है। ' आधार ' उपन्यास कन्नड़ भाषा में'नेले' नाम से प्रकाशित है । उपन्यास को हिंदी भाषा में' आधार' नाम से अनुदित किया है।' आधार' उपन्यास का विषय वस्तु-- मृत्यु, जीवन, तथा कामवासना रहा है।' आधार' उपन्यास मृत्यु की छोर पर खड़े हो कर अवलोकन करता है। कन्नड़ भाषा के उपन्यासकार एस.एल.भैरप्पा का' निराकरण' उपन्यास प्रकाशित हुआ है। इस का हिंदी भाषा में भी' निराकरण' नाम से ही अनुदित हुआ है। इस उपन्यास का

अनुवादक बी.आर. नारायण ने किया है।' निराकरण' शीर्षक आशय है-' निराकरण' , कभी संग की चाह, और कभी निसंग की चाह' की विवेचना ही' निराकरण' है।' अन्वेषण' उपन्यास कन्नड़ भाषा में मौलिक उपन्यास है इस उपन्यास को हिंदी भाषा में' जिज्ञासा' नाम से भालचंद्र जय शेट्टी ने अनुवाद किया है।' जिज्ञासा' उपन्यास भैरप्पा का अन्य उपन्यासों से एक अलग ही प्रकाश की रचना है।' जिज्ञासा' उपन्यास की विशेषता यह है कि विश्वनाथ की जीवनी से उलझे में पात्रों में स्वयं पाठक भी अपना कोई ध भूमि सा चेहरा पहचानने की चेष्टा अपने आप करने लगता है। विश्वनाथ की जीवनी के बहुमुखी झरोखे से झांकने की उत्कट पाठक में बराबर बनी रहती है। और उसे पहचानने की जिज्ञासा कभी शांत नहीं होती। विश्वनाथ की अस्मिता पाठक के मन पर अपना स्थाई प्रभाव छोड़ जाती है। उपन्यास का क्षेत्र विस्तृत है। कन्नड़ का कौन सा उपन्यास सबसे पहले हिंदी में अनुदित हो गया' हिंदी पाठकों को मिला यह शोध का विषय है. जानकारी के अनुसार श्री कुमटेकर से शिवराम कारणत' माटी की ओर' (बरेली मंडी गेट) पहला प्रयास था। उसके बाद श्री गुरुनाथ जोशी ने शिवराम कारंत के उपन्यास' मृत्यु के बाद'

नाम से अनुवाद किया। हिंदी भाषी सिद्ध गोपाल विद्यालंकार कृष्णराव के' संध्या राग' कित्तूर रानी उपन्यासों का अनुवाद किया गया।' तंतु' कन्नड़ भाषा की इस उपन्यास को उपन्यासकार एस.एल. भैरप्पा ने लिखा है। उक्त उपन्यास को हिंदी भाषा में अनूदित किया है बी .आर. नारायण ने । इस उपन्यास को' कर्नाटक साहित्य अकादमी द्वारा' सर्वश्रेष्ठ र सृजनात्मक रचना' पुरस्कार दिया गया है। प्रस्तुत उपन्यास का विषयवस्तु स्वातंत्र्योत्तर भारत के, हंसकर श्रीमती इंदिरा गांधी के कालावधी के राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, संगीत, आदि बुना से उपन्यास है । कन्नड़ साहित्य के विख्यात उपन्यासकार एस .एल. भैरप्पा रचित उपन्यास' सार्थ' है। उपन्यास 13 अध्याय में विभाजित हुआ है। उपन्यास' सार्थ' एक ऐसी रचना है, जिसमें कल्पना, ऐतिहासिकता तथा अनुसंधान दृष्टिगोचर होते हैं ।' सार्थ' का आशय है व्यापारियों का काफिला। आठवीं शताब्दी के वाणिज्य पद्धति, वैदिक, बौद्ध, तथा इस्लाम धर्मो के आंतरिक संघर्ष की कथा इसमें निहित है। नागभट्ट नामक एक वैदिक को अपने राजा द्वारा सार्थ के साथ उच्च अध्ययन के लिए भेजा जाता है । कथा वाचक नाग भट्ट द्वारा वस्तु विकसित होती जाती है। आठवीं शताब्दी में भरतखंड के भूभाग में घटना जो जनजीवन पर प्रभावित करने वाले सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, नैतिक और वाणिज्य व्यवहार आदि ही इस उपन्यास चर्चा की गई है उपन्यास' मंद्र' कन्नड़ उपन्यास हिंदी भाषा में डॉ प्रधान गुरुदत्त ने किया है इस उपन्यास में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की राग - रागिनी ओ के सविस्तार विवेचन तथा गहन अनुभव के संपन्न ऐसी विलक्षण रचना है। शिवराम करंत के' पहाड़ी जीव' और' तन मन' यू आर आनंदमूर्ति के' भव ' कोयेपू के ' पहाड़ी कन्या'(मलेगे हली मधु मगलू), चंद्रशेखर कांबर के' सिंगर बाई और महल' और जी .के .मास्टर शांतिनाथ देसाई के' अपनी-अपनी जमीन'(बीज) पूर्णचंद्र तेजस्वी के' कर्बला' वीरप्पा मोइली के' कोट्ट'और ' तेबरे' के हिंदी अनुवाद प्रस्तुत कर हिंदी जगत को कन्नड़ के श्रेष्ठ उपन्यासों का परिचय कराया है। उपरोक्त उपन्यासों के अनुवाद की लंबी सूची से पता चलता है कि कन्नड़ के उपन्यासकार हिंदी जगत में परिचित हो गए हैं । इनमें कुवेंपू का अनुदित उपन्यास' पहाड़ी कन्या' शिवराम कारंत के ' चोम का ढोल' आंचलिक शैली के उपन्यास है, जिनका अनुवाद कठिन है क्योंकि आंचलिक प्रदेशगत बोली के स्वरूप को हिंदी में लाना कठिन है। अन्य कृतियों के अंतर्गत शिवराम की आत्मकथा' पगले मन के दस चेहरे' बी .आर. नारायण ने और कुवेन्पु के ' मलेनाडु चित्र' श्री शिवमूर्ति ने अनुवाद किया है। इन कन्नड़ से हिंदी में और हिंदी से कन्नड़ मैं अनुवाद के माध्यम से दोनों भाषा और संस्कृति के बीच सेतु का निर्माण हुआ है दोनों साहित्य की विभिन्न विधान तथा समय-समय पर बदलती प्रवृत्तियों की चर्चा संभव हो चुका है । भारतीय साहित्य गीतकी परिकल्पना को मूर्तरूप देने में इन अनुवादों की अहम भूमिका है। इसमें कोई संदेह नहीं की इन अनुवादों के माध्यम से भारतीय भाषाओं और हिंदी के बीच अंत: प्रादेशिक साहित्यगत पारस्परिक बढेगी।

मंगलेश डबराल की कविताओं में सामाजिक यथार्थ

डॉ.सुनील एम. पाटिल
सहयोगी अध्यापक
आर. सी. पटेल कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय
शिरपुर, जिला - धुलियॉ. महाराष्ट्र
मो. नं 9518977538

प्रस्तावना:-

साधारण शब्दों में समाज का अर्थ व्यक्ती के समूह से लिया जाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, समाज के बिना मनुष्य जी नही सकता । मनुष्य का समाज के साथ अटूट संबंध है, कवि का संबंध भी समाज के साथ अटूट है । कवि समाज में रहकर समाज का मूल्यांकन करता है । कवि का दायित्व है कि उसने समाज को सचेत करना चाहिए।लेखक, रचनाकार, कवि अर्थात् साहित्यकार भी इसी समाज में ही रहते है । उसे अपने लेखन के लिए कच्ची सामग्री अर्थात् विषयवस्तु सामाजिक वातावरण से मिलती है । इसलिए समाज में घटनेवाली हर छोटी सी छोटी और बडी सी बडी घटना लेखक की लेखनी के माध्यम से मुखरीत होती है । समाज की हर परिस्थितियों का उजागर साहित्य में होता है, उसी समाज से जुडे कवि मंगलेश डबराल है ।मंगलेश डबराल उन प्रतिबद्ध कवियों में से एक है । जो अपने समय की नब्ज को पहचानते है, और उसे अपनी कविताओं के माध्यम से व्यक्त करते है । वे समाज की सच्चाइयों, विकृतियों एवं निरंतर होते परिवर्तनों को बडी संवेदनशीलता से भोगे है, और खुलकर प्रतिक्रिया प्रकट करते है । उनकी कविताएँ समाज के यथार्थ से हमारा सामना करातीहै।

बीज/विषय-वस्तु

मंगलेश डबराल की काव्य यात्रा विशेष रुप में सामाजिक यथार्थता से ही आरंभ होती है । कोई भी साहित्यकार की साहित्य सामाजिक यथार्थ से अप्रभावित नही रह सकता । भ्रष्टाचार, बेकारी एवं संप्रदायिकता आदि का चित्रण आज की कविता में खूब देखने को मिलता है । समकालीन हिंदी कवियों ने ग्राम्य जीवन के यथार्थ चित्रण के साथ ही साथ नागरीक जीवन के विभिन्न अंगों, रुपों, विद्रुपताओं और विसंगतियों का भी विस्तृत अभिव्यक्ती दी है । शोषित वर्ग के बाद समाज के सबसे बडा वर्ग मध्यवर्ग है । यह मध्यवर्ग वर्तमान पूंजीवादी समाज व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है । जो शोषकों और शोषितों के बीच त्रिशंकु की तरह स्थित है, यह यथार्थ चित्रण मंगलेश डबराल की कविताओं में देख सकते है । मंगलेश डबराल की कविता में साधारण जनता का दुःख, दर्द, बैचैनी, पूंजीवादी विसंगतियों, निम्न तथा मध्यवर्गिय जीवन की तमाम सच्चाइयॉ आदि उन्होंने उन विसंगतियों पर घातक प्रहार तथा समाज सुधार का सार्थक प्रयास किया है । मंगलेश डबराल समाज का अत्याचार, अन्याय, कुंढा, शोषण, हिंसात्मक कृत्य, बाजारवाद आदि का चित्रण समाज के सामने रखते है । आज का समाज काफी बदल चुका है । पूरी दुनिया में बाजारवाद हावी है । जहाँ मनुष्य का ना सम्मान है, न उसके रिश्तों का आदि इन सभी बातों पर खेद करते हुए कवि इन परिस्थितियों पर नितांत चिंतन-मंथन करते हुए समस्या का समाधान ढूंढने का प्रयास और साथ ही समाज को सचेत करने का प्रयत्न भी करते है।

मुख्य-अंश:-

मंगलेश डबराल समकालीन कवियों में एक बहुचर्चित नाम है। मंगलेश डबराल की काव्ययात्रा प्रमुख रुप से सामाजिक विसंगतियों से आरंभ होकर जनता की बैचेनी, दुःख, दर्द, पूंजीवादी विसंगतियॉ एवं मध्यवर्गीय जीवन की तमाम सच्चाईयों से होती है। मंगलेश डबराल की कविताओं का यथार्थता एक मुख्य पहलू है । पहाड से भिन्न परिवेश, जिन में शहर, महानगर और जीवन के विभिन्न पक्षो का समावेश है। उनकी कविताओं का महत्वपूर्ण संसार है । संवेदना और दृष्टी दोनों को विस्तार दिया है।मंगलेश डबराल की कविता में सामाजिक यथार्थ का जीवंत अभिव्यक्ती हुई है। " सफेद दिवार " कविता का एक उदाहरण उल्लेखनीय है।" शहर की सबसे लंबी सबसे सफेद दिवार, रवाली है, इस वक्त इस पर लिखा जा सकता है । कोई कविता, कल सुबह के लिए कोई संदेश इस पर दर्ज किया जा सकता है, अभी लढाई का ऐलान"। पहाड से उतरो यह कवि अपनी कविताओं के

माध्यम से मानवता की आखिरी सीढी चढना चाहता है l उनकी रचनाओं में आया पहाड अलग-अलग है l उनके लिए पहाड का मतलब प्रकृति है, वहाँ का जन-जीवन नही l जन-जीवन अगर आया है भी तो अहा! ग्राम्य जीवन के रुप में ऐसी रुमानियत के मारे अन्य रचनाकार भी हुए, जिन्होंने पहाड की खूबसूरती को हीदेखा,गरिबी, भूखमरी, बेरोजगारी,जीविकाओं का अभाव, विस्थापन, शोषण आदि पाबंदी के रुप में पहाड के जीवन से जो जिसके हुए है, वह उनकी निगाहों से ओझल रहा l पहाड़ के इस कुरूप चहेरों को सामने लाने का काम मंगलेश डबराल ने किया l पहाड में बेपनाह सौन्दर्य है, लेकिन सिर्फ उस सौन्दर्य की बात करना अधूरे पहाड को समझना है l अपने पहले के रचनाकारों से मंगलेश डबराल इस अर्थ में आल्हाद हो जाते है कि उन्होंने पहाड को आधा-अधूरा नही, पुरा उभारा है, पहाड का वह स्वरूप उनकी कविता में यूं दर्ज हुआ है -

" पहाड पर चढते हुए, तुम्हारी सांस फूल जाती है
आवाज भर्राने लगती है
तुम्हारा कद भी घिसने लगता है
पहाड़ तब भी है जब तुम नही हो l" [2]

मंगलेश डबराल मानवीय संवेदनाओं के शक्तिशाली कवि है l वे सही और सार्थक पहचान के साथ युग परिवेश और आदमी को कविता का विषय बनते है। कृत्रिम यथार्थ के बजाय सामाजिक यथार्थ और राजनीतिक व्यवस्था की सही स्थिति को अपनी रचनाओं का बनाते है। इनकी रचनाधार्मिता बहुआयामी है। वह मानवीय संवेदनाओं को व्यापक धरातल पर आत्मसात किये हुए मंगलेश डबराल की दृष्टी में जीवन के प्रति गहरी आस्था है। जीवन को संपूर्ण गहराई के साथ अपनाते है l आदमी के भीतरी-बाहरी निराशा,, समझोता और संघर्ष के बावजूद जो इच्छाएँ सपनों और उम्मीदों से भरा जीवन जो जीवन के प्रति गहरी आस्था उत्पन्न करते है ।उसके बारे में वे कहते है कि --"बाहर एक बांसुरी सुनाई देती है, एक और बासुंरी है जो तुम्हारे भीतर बजती है, और सुनाई नही देती[3] पहाडों पर भूख और महामारी साथ मनुष्यता को नष्ट करने के लिए आती है।" मुक्ती "कविता में मंगलेश डबराल पहाडी संस्कृति के शोषण का एक और हीं स्वरूप दिखाते है, जिसमें सीधा-साधा इन्सान तबाह हो जाता है-

" पीठों पर घाव और कँधों पर हाथियार लिए हुए
लोगों की आहटें और नजदीक हो गई
उनके कांपते सर और सूराखदार सीने
धीरे-धीरे अपने पैतृक विलाप से बाहर आ रहे है
उनकी धमनियों में गुंजती भूख,
खोजती है अपना गुस्सा और अपना प्रेम,
उनके रोओं में उडती है बारूद" [4]

मंगलेश डबराल की दृष्टी में जीवन के प्रति गहरी आस्था है l जीवन को संपूर्ण गहराई के साथ अपनाते है l इसलिए उनके पहले काव्य संग्रह " पहाड पर लालटेन " से लेकर " लेखक की रोटी " तक में जीवन का विस्तार मिलता है l आदमी के भीतरी-बाहरी निराशा समझोता और संघर्ष के बावजूद जो इच्छाएँ, सपनों और उम्मीदों से भर जीवन जो जीवन के प्रति गहरी आस्था उत्पन्न करते है। प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास ने मनुष्य के विश्लेषण की शक्ती को नष्ट कर दिया है l अमेरिका प्रवास में मंगलेशजी यह महसूस करते है कि वहाँ पर हिंसा और आतंक का माहोल है l सांप्रदायिकता भी पनप रही है।" कागज की कविता" में मंगलेश इसे महसूस करते है, लेकिन निराशा के साथ क्योंकि उनके पास कोई सुझाव नही है l वे लिखते है कि-

"अब हम लगभग नि:शब्द है
हम नही जानते कि क्या करें
हमारे पास कोई रास्ता नही बचा
कागजों को फाडते रहने के सिवा।" [5]

मंगलेश डबराल ने अपने कविता संग्रह " हम जो देखते है " में भूमंडलीकरण एवं सर्व ग्रासी उपभोक्तावादी कि चपेट में फँसे मानवी-जीवन की त्रासदी को उजागर करते हुए मानवीयता के स्पर्श को बचाये रखने पर जोर दिया है l वे कहते है कि -

" मै चाहता हूँ कि स्पर्श बचा रहे
वह नही जो कँधे छीलता हुआ आततायी की तरह गुजरता है
बल्की वह जो एक अनजनी यात्रा के बाद
धरती के किसी छोर पर पहुंचने जैसा होता है l" [6]

मंगलेश डबराल की कविताओं में निम्न मध्यवर्गीय का चित्रण भी किया है l उन्होंने पहाडी प्रदेश के समाज को अपनी कविताओं का केंद्र बनाया है l यह पहाडी प्रदेश मंगलेश की रोम-रोम में बसा हुआ है l वहाँ के जीवन से इनका जीवन तो कष्ट से भरा है l और वे जिंदगी भर सिर्फ परिश्रम करते है l कवि यह कहते है कि शक्ति के बल पर इन्सान कुछ भी कर सकता है l उसका उद्देश्य एक मात्र वह है सफलता l इस सफलता के लिए वह शक्ति सहारा लेता है l वे कहते है कि ---"सीढियॉ चढते है उपर से नीचे देखते है ।जहॉ लोग एक दूसरे को धक्का देते बढ रहे है l " [7]अज्ञेय जी की प्रसिद्ध पंक्तियॉ है कि -- " दु:ख सब को मांजता है। " मंगलेश डबराल की कविताओं के लिए यह पंक्तीयॉ सटीक बैठती है l मंगलेश में करुणा, दु:ख, दर्द एवं अवसाद का बडा जोर है l वह अवसाद आदमी को अकेला कर देता है l जो बुरी तरह टूट गया है, थक गया है l एक अकेली लडाई में कुछ भी न बदलने के कारण निराशा और अवसाद में डूबे हुए आदमी को अपनी कविताओं में बताते हुए मंगलेश ने किसी का सहारा नही लिया l " थकान " कविता इस दृष्टी से महत्वपूर्ण है l

" रात सब नि:शब्द हमारी छाती पर झुकी होती है / काले रंग की थकान बिस्तर पर चढती है / मांस पेशियों के मोड लांघती है l " [8]

मंगलेश डबराल की कविताओं में संबांधों की दुनिया का मानवीय चेहरा उपस्थित है l जहॉ तमाम अनुभवों के साथ बुढे पिता है, उदास माँ है, संघर्ष में साथ देनेवाली पत्नी भी है, स्कूल जाते बच्चें भी है और इन आत्मीय लोगों के बीच हत्यारे भी है l मंगलेश की कविता मानवीय पहलू से जुडे है l आगे बढकर कवि कहते है कि पिता जब थक जाते है तो उन्हें बेटे के सहारे की आवश्यकता महसूस होने लगती है l अपने से दूर चले गये बेटे के लौटने की प्रतीक्षा उन्हें अपने अंतिम दिनों में होती है।

" अंधेरे में पिता मांगते है थोडी-सी उम्मीद / परदेश गये बेटे के लौटने की l " [9]

कवि मंगलेश डबराल जीवन में आनेवाले पहल जैसी समस्याओं को हल करने की कोशिश अपनी कविता में करते है l तमाम उदासियों और असफलताओं के बावजूद भी कवि घर का रास्ता नही भूलना चाहता l आदमी की उदासी घर की चाह और संघर्ष की थकान मूलतः जिंदगी के ही हिस्से,है।

निष्कर्ष:- :-

हम यह कह सकते है कि सामाजिक प्रक्रिया की चपेट में आकर कुचल दिए गए लोगों को सम्मान और गौरव का एहसास कराने वाली इन कविताओं में मंगलेश डबराल का सर्वाधिक सार्थक कवि कर्म प्रकट हुआ है। जमीन से जुडे हुए कवि, गांव की समाज की और देश रोजमरा की समस्याओं से भली-भांती परिचित है l मंगलेश की कविता यथार्थ है, मौलिक है, सहज है और जन जीवन से जुडी हुई है l

****

संदर्भ : --

1.सफेद दिवार - मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 53
2.पहाड पर लालटेन -मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 42
3.घर का रास्ता - मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 75
4.पहाड पर लालटेन - " मुक्ती " - मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 7
5.पहाड पर लालटेन - " अकेला " - मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 33
6.घर का रास्ता आदमी मंगलेश डबराल राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 37
7.घर का रास्ता - मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 61
8.पहाड पर लालटेन - मंगलेश डबराल -राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 35
9. हम जो देखते - " पिता की तस्वीर " - मंगलेश डबराल - राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली - पृ. सं 65

महादेवी वर्मा के साहित्य में नारी सशक्तिकरण की पहल

डॉ.राजन तनवर
एशोसिएट प्रोफेसर
गांव घाट कुम्हाला, डाकघर शारड़ाघाट, वाया कुनिहार जिला -सोलन (हिमाचल प्रदेश)
पिन कोड 173207 मो.94189 78689

महादेवी वर्मा को समस्त संसार की नारियों की पीड़ा अपनी पीड़ा लगती है । वह नारियों पर हुए अत्याचार ,उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार, पारिवारिक जीवन में घटित घटनाओं से द्रवित हो उठती हैं। अपने साहित्य में वह नारी को सशक्त करने, उसे पुरुष के समकक्ष खड़ा करने के लिए प्रयासरत रहती हैं। वह कभी सार्वभौमिक बहन बन जाती है और कभी सार्वभौमिक मां। सभी नारियों का दुख उन्हें अपना सा प्रतीत होता है।

महादेवी वर्मा नारियों को उनके अधिकार दिलवाने की पक्षधर रही हैं। वह नारियों को सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार दिलवाना चाहती हैं। अपने लेखन के माध्यम से उन्होंने जीवन पर्यंत ऐसे प्रयास किये हैं। उन्होंने तत्कालीन समय में नारियों को शिक्षित बनाकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए बेहतर करने का आह्वान किया था जिससे नारियों को "जीने की कला" आ जाए तथा वह पुरुष समाज द्वारा किए गए शोषण से बच सकें।उनकी सृजनात्मकता के परिणाम आज सामने हैं - "सामूहिक तथा व्यक्तिगत विकास के लिए कुछ सिद्धांतों का ज्ञान जितना आवश्यक है, उतना ही या उससे भी कुछ अधिक आवश्यक उन सिद्धांतों का उचित अवसर पर उपयुक्त प्रयोग भी समझा जाना चाहिए। यदि हम ऐसे सिद्धांतों का भार जन्म - भर ढोते रहें जिनका उपयुक्त प्रयोग हमें ज्ञात न हो, तो हमारी दशा उस पशु से भी भिन्न न होगी जिसको बिना जाने ही शास्त्र और धर्म ग्रंथों का भार वहन करना पड़ता हो। इस प्रकार यदि हम बिना सिद्धांत समझे उनका अनुपयुक्त प्रयोग करते रहें तो हमारी क्रिया बिना समझे मंत्र पाठी शुक की वाणी के समान निरर्थक हो उठेगी।"[1]

महादेवी वर्मा कहती हैं कि स्त्री को दैवीय अलंकरणों से अलंकृत करके सशक्त नहीं बनाया जा सकता उसकी सशक्तता के लिए उसे पूर्ण अधिकार देने की आवश्यकता है। पुरुष अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए नारी का उपयोग एक वस्तु की तरह करता आया है । अतिथि को देवता समझकर भोजन और मदिरा की तरह रात को कुंवारी कन्या को सौंपा जाता था। इन सबके पीछे पुरुष की कामुक भावना विद्यमान थी। पुरुष समाज ने स्त्री के मन में यह भावना कूट-कूट कर भरी थी कि वह केवल मात्र शरीर है शरीर के अतिरिक्त उसकी कोई पहचान नहीं है।युगों- युगों से उसे शब्द जालों में ही उलझाकर रखा गया है यही उसका दुर्भाग्य है - " वही वृक्ष पृथ्वी तल पर बिना अवलंबन के अकेला खड़ा रहकर झंजा के प्रहारों को मलय समीर के झोंकों के समान सहकर भी हरा-भरा, फूल-फल से युक्त रह सकेगा, जिसकी मूल- स्थित शक्तियां विकसित और सबल हैं और उसी की मूल- स्थिति दृढ़ रह सकती है जो धरातल से बाहर स्वच्छंद वातावरण में सांस लेता है जब बहिर्मुखी शक्तियां भी अंतर्मुखी हो जाती हैं तब बाह्य सक्रियता नष्ट हुए बिना नहीं रहतीं। आज चाहे हमारी आध्यात्मिकता भीतर ही भीतर पताल तक फैल गई हो , परंतु जीवन का व्यवहारिक रूप विकृत-सा होता जा रहा है। जीवन का चिन्ह केवल काल्पनिक स्वर्ग में विचरण नहीं है, किंतु संसार के कंटकाकीर्ण पथ को प्रशस्त बनाना भी है । जब तक बाह्य तथा आंतरिक विकास सापेक्ष नहीं बनते, हम जीना नहीं जान सकते ।"[2] भारतीय संस्कृति में नारी को दान की ही वस्तु माना गया जिस तरह से गौऊ दान का महत्व है उसी तरह से कन्यादान का भी प्रचलन रहा है । क्या सृष्टि को गति देने वाली केवल मात्र दान के लिए ही बनी है उसकी कोई अपनी इच्छा अनिच्छा नहीं है ? स्त्री की सामाजिक स्थिति अर्थ पर निर्भर है। पुरुष ने अहंवश अर्थ की शक्ति पर अधिपत्य जताते हुए उसे पराब्लबी बना दिया। पुरुष की सहायता के बिना वह एक कदम भी नहीं चल सकती। समाज की नींव को खोखला बनाने के लिए यह विषम अर्थ विभाजन सर्वाधिक जिम्मेदार है । शताब्दियों तक अर्थ विषमता का संत्रास झेलने वाली नारी इस कुचक्र से बाहर निकलना चाहती है। वह जान चुकी है कि संघर्ष की लड़ाई आर्थिक रूप से सशक्त हुए बिना नहीं लड़ी जा सकती। महादेवी समाज में आर्थिक विषमता के इस घिनौने षड्यंत्र का पर्दाफाश करना अपना दायित्व समझती है-"समाज यदि स्वेच्छा से उसके अर्थ संबंधी वैषम्य की ओर ध्यान न दें, उसमें परिवर्तन या संशोधन की आवश्यकता न समझें तो स्त्री का विद्रोह दिशाहीन आंधी जैसा वेग पकड़ता जाएगा और तब एक निरंतर ध्वंस के अतिरिक्त समाज उसे कुछ और न पा सकेगा ऐसी स्थिति में स्त्री के लिए सुखकर है अपने समाज के लिए सृजनात्मक.....।"[3]

महादेवी वर्मा सदैव नारी के अधिकारों के प्रति सजग रही हैं और अपने साहित्य में नारी की आवाज व उसके अधिकारों को निर्भय होकर के प्रमुखता से उजागर करने का प्रयास किया है महादेवी वर्मा का कहना है कि "हमें न किसी पर जय चाहिए और न किसी से पराजय, न किसी पर प्रभुता चाहिए न किसी का प्रभुत्व केवल अपना वह स्थान वे स्वत्व चाहिए जिनका पुरुषों के निकट कोई उपयोग नहीं है, परंतु जिनके बिना हम समाज का उपयोगी अंग नहीं बन सकेंगी। हमारी जागृत और साधन संपन्न बहनें इस दिशा में विशेष महत्वपूर्ण कार्य कर सकेंगी इसमें संदेह नहीं।

महादेवी वर्मा स्त्रियों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाना चाहती है उनका मानना है कि यदि स्त्रियां आर्थिक रूप से संपन्न होगी तो समाज में उनका रुतबा एवं सम्मान बढ़ेगा । 'स्त्री के अर्थ स्वातंत्र्य का प्रश्न' नामक निबंध में महादेवी वर्मा ने स्त्री की आर्थिक स्वतंत्रता को प्रमुखता से उजागर किया है । उनका कहना है कि "आधुनिक परिस्थितियों में स्त्री की जीवनधारा ने जिस दिशा को अपना लक्ष्य बनाया है उसमें पूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता सबसे गहरे रंगों में चित्रित है। स्त्री ने इतने युगों के के अनुभवों से जान लिया है कि उसे सामाजिक प्रामाणिक प्राणी बने रहने के लिए दान की ही आवश्यकता नहीं है, अदान की भी है इसके बिना उसका जीवन, जीवन नहीं कहा जा सकता। वह तो आत्म-निवेदित वीतराग तपस्विनी ही नहीं अनुरागमयी पत्नी और त्यागमयी माता के रूप में मानवी भी है और रहेगी। ऐसी स्थिति में उसे वे सभी सुविधाएं वे सभी मधुर - कटु भावनाएं चाहिए जो जीवन को पूर्णता प्रदान कर सकती हैं।"[5]महादेवी वर्मा ने माना है कि आर्थिक स्वतंत्रता के बिना नारी सशक्त नहीं हो सकती। अपनी वर्तमान स्थिति के विरुद्ध जब वह स्वयं विद्रोही तेवर के साथ खड़ी नहीं होती तब तक उसका उद्धार संभव नहीं है। स्त्रियों की मुक्ति और विकास के लिए महादेवी वर्मा ने जिस साहस और दृढ़ता से आवाज उठाई है और जिस प्रकार सामाजिक रूढ़ियों की निंदा की है । उससे उन्हें महिला मुक्तिवादी कहा जा सकता है।

****

सन्दर्भ:-
1. रचना पुंज - संपादक कुमार कृष्ण, पृष्ठ 100-101
2. वही - पृष्ठ 106-107
3. युद्ध और नारी- महादेवी वर्मा, पृष्ठ 35
4. श्रृंखला की कड़ियां - महादेवी वर्मा , पृष्ठ 112
5. वही , पृष्ठ 125

डिजिटल मीडिया में 'हिन्दी' की वर्तमान स्थिति

डॉ. विनय कुमार चौधरी
यशवंतराव चव्हाण महाविद्यालय, तुळजापुर
मो.09423342418

मीडिया संचार का साधन हैं। इंटरनेट संचार का एक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम है। दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं द्वारा इंटरनेट का उपयोग डेस्कटॉप कंप्यूटर, मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि द्वारा किया जाता है। "मशीन में मीडिया पठनीय औपचारिक जो संचार, सूचना, मनोरंजन और प्रचार आदि के उद्देश्य से बनाया गया है, जिसे डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों द्वारा मानव पठनीय प्रारूप में परिवर्तित किया गया है। उसे डिजिटल मीडिया के रूप में जाना जाता है। 1 डिजिटल मीडिया जिसे आम भाषा में सोशल मीडिया या वेब मीडिया भी कहा जाता है | इसके माध्यम से वैश्विक फलक पर हिंदी के प्रचार- प्रसार हो, रेडियो पर हिंदी कार्यक्रमों के प्रसारणहो या फिर इंटरनेट के माध्यम से हिंदी सीखना, या हिंदी फिल्मों का प्रसार हो या फिर विदेशी फिल्मों का हिन्दी में डब करके रिलीज करना हो । इन सभी पहलुओं को हम डिजिटल मीडिया के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे।विकिपीडिया (अंग्रेजी) पर दी गई जानकारी के अनुसार, सामान्यतः वह सामग्री है जो इंटरनेट केमाध्यम से जब चाहो तब उपलब्ध हो जाती है, जिस तक किसी भी डिजिटल उपकरण के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। इसके आम उदाहरणों में ऑनलाइन समाचार पत्र, ब्लॉग, वीडियो गेम, कंप्यूटर मल्टीमीडिया, और सोशल मीडिया जैसी वेब साइट्स शामिल हैं। यह एक खास विशेषता संवाद है। यह संपर्कोंऔर वार्तालाप के माध्यम से सामग्री प्रसारित करता है । यह विश्वभर के लोगों को विभिन्न विषयों पर विचारों को साझा करने, उन पर टिपण्णी करने और चर्चा करने में सक्षम बनता है। यह कहा जा सकता है कि, यह संवादात्मक डिजिटल मीडिया है। जिसे इंटरनेट का प्रयोग करते हुए कंप्यूटर और मोबाइल जैसे डिजिटल उपकरणों के माध्यम से प्रयोग में लायाहै।

मनुष्य और भाषा:-

करीब 2000 वर्ष पहले महान यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने कहा था- "मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।" मनुष्य अकेले अपना जीवनयापन नहीं कर सकता इसलिए उसे एक समाज की आवश्यकता होती है, जिसके माध्यम से वह अपनी तमाम आवश्यकताओं की संतुष्टि कर पाता है। उसे अपनी आवश्यकताओं को बताने के लिए स्वयं को अभिव्यक्त करना पड़ता है। प्रारंभ में मनुष्य स्वयं को हाव-भाव से व्यक्त करता रहा फिर धीरे-धीरे उसने पत्तों एवं चट्टानों पर आकृतियाँ बनाना शुरू किया। धीरे धीरे हजारों वर्षों की सतत् प्रक्रिया से विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न काल-खण्डों में भाषाओं की उत्पत्ति हुई जो कि मनुष्य की अभिव्यक्ति का माध्यम बनीं ।जर्मनी के दार्शनिक अर्नेस्ट कैशिरर-"यह आत्म-अभिव्यक्ति की लालसाही आदमी के लिए भाषा की खोज का स्वरूप धारण कर गई ।"[2]हिन्दी और मुद्रण: मुद्रण मशीन आ जाने से भाषाओं का व्यवहार विस्तृत रूप से होने लगा। 30 मई 1826 को देश का पहला हिन्दी समाचार पत्र (साप्ता.) पंडित जुगल किशोर शुक्ला ने कोलकाता में शुरूकिया। इसके साथ ही हिंदी भाषा के विस्तार ने गति पकड़नीशुरू की। आज हिन्दी में छपने वाले पत्र-पत्रिकाओं की संख्या हजारों में और उनके पाठक करोड़ों में हैं। बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में रेडिओ और उत्तरार्द्ध में टीवी प्रसारण की शुरुवात होने से हिन्दी सहित अन्य भारतीय भाषाओं के व्यवहार और विस्तार को बढ़ावा मिला। बीसवीं सदी के आखिरी दशक में इंटरनेट ने देश में प्रवेश किया और बीसवीं सदी के आखिरी वर्षों में हिन्दी ने इंटरनेट की दुनिया में प्रवेश किया और इसके साथ शुरू हुआ हिंदी भूमण्डलीकरण | इंटरनेट पर हिंदी भाषा के प्रयोग से विश्व भर में हिंदी की पहुँच क्षण भर मेंहोने लगी। देश के किसी भी कोने से ब्लॉग, फेसबुक या व्हाट्सऐप पर हिंदी में लिखी- बोली गई बात पल भर में विश्वव्यापी हो जाती है। विश्व के किसी भी कोने से उस बात तक इंटरनेट के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। इस माध्यम से हर जगह पहुँचकर इसके माध्यम से सूचनाओं का आदान- प्रदान किया जा सकता है, जरूरत है तो बस केवल इंटरनेट युक्त एक उपकरण की। फिर चाहे वो कंप्यूटर हो या लैपटॉप, इंटरनेट सुविधा वाला मोबाईल. हो या फिर टेबलेट ।

हिन्दी की वर्तमान स्थिति :-

एक समय था ,जब कहा जाता था कि ब्रिटिश साम्राज्य में कभी सूर्यास्त नहीं होता और अब ऐसा समय आ गया है कि जब हम गर्व से कह सकते हैं कि हिंदी का सूर्य कभी अस्त नहीं होता है। हिंदी ने अपनी उपयोगिता और स्वतः स्फूर्त ऊर्जा से वह स्थान प्राप्त किया है। जिसे करने के लिए ब्रिटिश साम्राज्य नेताकद क्रूरता,हिंसा, दमन आदि का प्रयोग किया गया।

विश्व की भाषाएँ और हिन्दी :-

विश्व में करीब ६,००० भाषाएँ है। बहुत सी ऐसी भाषाएँ भी हैं जिन्हें बोलने वालों की संख्या बहुत कम है। वहीं कुछ भाषाएँ ऐसी भी हैं जो विश्व के कई देशों में बोली और सीखी जाती हैं। "विश्व की दस सबसे प्रभावशाली भाषाओं में से हिंदी एक है। अमेरिका के चिकित्सकों के बीच अंग्रेजी और स्पेनिश के बाद तीसरी सबसे लोकप्रिय भाषा हिंदी है। "3

विश्व में भारतीय लोग और हिन्दी :-विश्व के १५० से अधिक देशों में भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं। इन विभिन्न भाषा- भाषी प्रवासी भारतीयों में से अधिकांश आपस में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी का प्रयोग करते हैं। इतना ही नहीं, इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं जो हिंदी में साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं या ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं।

विश्व में हिन्दी लेखन- पठन :-

हिन्दी साहित्य विश्व के सौ से अधिक देशों में लिखा-पढ़ा जा रहा हैं। सूचना तकनीक के विकास के कारण एक देश में हो रहे लेखन को विभिन्न देशों में रहने वाले पाठक आसानी से पढ़ पा रहे हैं। हिन्दी का जितना प्रचार-प्रसार पिछले दो दशकों में हुआ है, उतना उससे पहले के कई सौ वर्षों में नहीं हो पाया था। "लेखक को मानव जीवन के भिन्न -भिन्न समाज के रीति-रिवाजों,सभ्यता-संस्कृति, वेशभूषा,बोलचाल की भाषा आदि का जितना अधिक ज्ञान होगा, लेखक उतना ही अपनी रचना में सफल होगा "4

हिन्दी की प्रमुख वेब साइट्स :-अनुभूति, अनुरोध, अभिव्यक्ति, गीत पहल, भारत दर्शन, शब्दांकन, सृजनगाथा, स्वर्गविभा, पूर्वाभास, साहित्यकुंज, समयांतर, हिंदी चेतना, गर्भनाल, हिंदी समय, कविता कोश, गद्य कोश, आदि जैसी सैकड़ों ऐसी वेबसाइट्स हैं जिन पर हिंदी साहित्य विभिन्न विधाओं में प्रचुर मात्रा में लिखा जा रहा है और साथ ही इन वेबसाइट्स पर प्रकाशित साहित्य को विश्व भर में पढ़ा जा रहा हैं।

हिन्दी और बाज़ार :विकसित देशों में भी हिन्दी को लेकर ललक बढ़ रही है। कारण यह है कि किसी भी बहुराष्ट्रीय कम्पनी या देश को अपना उत्पाद बेचने के लिए आम आदमी तक पहुँचना होगा और इसके लिए जनभाषा ही सबसे सशक्त माध्यम है। यही कारक हिंदी के प्रचार-प्रसार में सहायक सिद्ध हो रहा है ।

हिन्दी का अध्ययन अध्यापन:-

विदेशों में 40से अधिकदेशों के 600 से अधिक विश्वविद्यालयों और स्कूलों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। भारत से बाहर जिन देशों में हिंदी का बोलने, लिखने-पढ़ने तथा अध्ययन और अध्यापन की दृष्टी से प्रयोग होता है, उन्हें हम

इन वर्गों मे बांट सकते है :

1) जहां भारतीय मूल के लोग अधिक संख्या में रहते हैं, जैसे- नेपाल, भूतान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव आदि।

2) भारतीय संस्कृति से प्रभावित दक्षिण पूर्वीएशियाईदेश जैसे- इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, चीन,मंगोलिया, कोरिया तथा जापान आदि।

3) जहां हिन्दी को विश्व की आधुनिक भाषा केरूप में पढ़ाया जाता है, जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के देश।

4) अरब और अन्य इस्लामी देश, जैसे- संयुक्त अरब अमीरात (दुबई), अफ़गानिस्तान, कतर, मिस्र, उज़्बेकिस्तान,कज़ाकिस्तान, तुर्केमेनिस्तान आदि ।हाल ही में अनवर अशरफ, संवाददाता, बी.बी.सी हिंदी ने जर्मनी में विस्तृत स्तर पर एक अध्ययन किया। जिसके अनुसार जर्मनी में हिन्दी को बड़े स्तर पर पसंद किया जा रहा है। जर्मनी के लोगों को हिंदी इतनी भा गई है कि वहां की लगभग १४ विश्वविद्यालयों में हिंदी सिखाई जा रही है।दशकों पहले से रूस में हिन्दी फ़िल्में, हिन्दी गाने और हिंदी साहित्य लोकप्रिय रहे हैं। लम्बे समय से भारत में रूस का व रूस में हिंदी साहित्य पढ़ा- लिखा और अनुवाद किया जाता रहा है। रूस में आज भी हिन्दी फिल्मों का जलवा कायम है।

बी.बी.सी. की हिन्दी सेवा :-

समय बदला और अन्य संचार माध्यमों की तरहबी. बी.सी. ने वेबसाइट्स की अहमियत को भी पहचाना और वर्ष२००१में बी.बी.सी. हिन्दी डॉट कॉम की शुरुवात हुई। इसका उद्देश्य भारत और दुनिया भर के हिन्दी भाषी पाठकों तक समाचार और विश्लेषण पहुंचाना था। इस वेबसाइट्स के अन्य इंडेक्स हैं-भारतपाकिस्तान, चीन, खेल, मनोरंजन, विज्ञान, कारोबार, मल्टीमीडिया, ब्लॉग, फोरम, बी.बी. सी. विशेष।

सूचना क्रांति और हिंदी :-

इस युग में विभिन्न भाषा-भाषियों के बीच में अपने तकनीकी उत्पाद, जैसे- मोबाइल, कंप्यूटर आदि बेचने के लिए हिंदी बाज़ार की एक आवश्यकता बन गई है। लगभग सभी बड़ी कंपनियां अपने फोन को अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा में भी उपलब्ध करा रही हैं। "हमारे गांवों में जिस किसी के पास भी मल्टीमीडिया फोन होता है, वो उसे हिंदी में इस्तेमाल करना ज्यादा सरल समझता है।"5

स्मार्टफोन और हिंदी :-

स्मार्टफोन के लिए कई तरह ऐप्लीकेशंस भी विकसित किए गए हैं। इनमें से भले ही अधिकतर अंग्रेजी में हों, लेकिन भारत में लोग अभी भी हिंदी भाषा के ऐप्लीकेशन का प्रयोग करते हैं। फेसबुक और गूगल जैसी बड़ी वेबसाइट्स भी इंडिया और दुनियाभर के यूजर्स को हिंदी में जानकारी उपलब्ध करा रही हैं।

गूगल और हिंदी :-

खबर है कि जल्द ही गूगल ई-मेल जैसी अपनी महत्वपूर्ण सर्विस को पूर्णतया हिंदी में भी उपलब्ध कराने वाली है। उदाहरण के लिए अभी तक आपका ई-मेल पता अंग्रेजी भाषा में होता था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद आप अपना ई-मेल आई.डी. हिंदी में भी बना पाएंगे।

हिन्दी और सर्च इंजन:-

आज हिंदी के 15 से भी अधिक सर्च इंजन हैं जो किसी भी वेबसाइट का चंद मिनटों में हिंदी अनुवाद करके पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर देते हैं। याहू, गूगल और फेसबुक भी हिन्दी में उपलब्ध हैं। अब कंप्यूटर से निकल कर हिंदी मोबाइल में न केवल पहुँच चुकी है बल्कि भारी संख्या में लोग इसका उपयोग भी कर रहे हैं। मोबाइल तक हिंदी की पहुँच ने देश में देवनागरी लिपि के समक्ष खड़ी चुनौती को काफी हद तक मिटा दिया है।

हिन्दी और हॉलीवुड:-

यह हिंदी की ताकत, हिंदी का महत्व और हिन्दी की स्वीकृति ही है कि चाहे वो हॉलीवुड फिल्मों के निर्माता हो या फिर दक्षिण भारतीय भाषाई फिल्मों के, सब अपनी फिल्मों को हिन्दी में अवश्य रिलीज करवाना चाहते हैं। हॉलीवुड प्रोडक्शन हाउस 'डिज़नी' ने 'जंगल बुक' को भारत में अमेरिका से एक सप्ताह पहले रिलीज किया। यह पहली बार नहीं हुआ था, इससे पहले भी वार्नर स्टूडियो की 'होब्बिट 3' और'जर्नी 2' भारत में अमेरिका से पहले रिलीज की गई।हिन्दी और विदेशी लेखक :चीन के प्रसिद्ध लेखक अलाई की दो पुस्तकें ' रेड पोप्पिज' और 'होलोमाउंटेन' हिंदी में अनुवाद किया है। इस पुस्तक का हिन्दी अनुवाद भारतीय पत्रकार आनंद स्वरूप वर्मा ने किया है। यह हिंदी के आकर्षण, हिंदी की उपयोगिता और हिंदी के बाजार का ही प्रभाव है कि सैकडों विदेशी लेखकों की रचनाओं का हिंदी अनुवाद निरंतर किया जा रहा है। गद्यकोश ओर्ग (Org) के पृष्ठ विदेशी भाषाओं से अनूदित पर 40 से अधिक लेखकों की रचनाओं के अनुवाद की जानकारी मिलती है। कविता कोश ओर्ग (org) के पृष्ठ'विदेशी भाषाओं से अनूदित' पर साठ से अधिक देशों- इंग्लैंड, अमेरिका, इटली, इराक, नॉर्वे, पुर्तगाल, पेरू, स्पेन, रूस, सिंगापुर, जापान, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, आदि जैसे देश शामिल हैं।

कुल मिलाकर यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि, हिंदी एक भाषा के रूप में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच रही है, पहुंचाई जा रही है । अपनाई जा रही है, पढ़ी जा रही है, पढ़ाई जा रही है। हिंदी में बड़े स्तर पर देशी- विदेशी फ़िल्में देखी जा रही हैं ,दिखाई जा रही हैं। लोग दैनिक बोलचाल की भाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग कर रहे हैं। हिंदी बढ़ रही थी, बढ़ रही है और बढ़ती ही रहेगी,भले ही उसके स्वरूप में उसके प्रयोक्ताओं, समय और स्थान के साथ कुछ परिवर्तन होते रहें।

****

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया- संजय कुंदन, पृ. सं. १८
2. मीडिया लेखन :डॉ.रमेशचंद्र त्रिपाठी, पृ. सं. १०७
3. मीडिया का यथार्थ- रतनकुमार पाण्डेपृ. सं १५७
4. मीडिया लेखन- डॉ. रमेशचंद्र त्रिपाठी,डॉ. पवन अग्रवालपृ. सं. ५०
5. सूचना क्रांती : आशिष मिश्र, नवभारत टाईम्स, १९९२ जयपूर
6. www.hindisamay.com
7. www. digitalmedia.org
8. www.computerhindinotes.com
9. www.kavitakosh.org
10. www.gadyakosh.org

नागार्जुन के उपन्यासों में नारी विमर्श

डॉ शिवम् चतुर्वेदी
एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभाग अध्यक्ष, हिंदी विभाग
अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टडीजए नाम्साई
अरुणाचल प्रदेश

वीणा शर्मा
शोधार्थिनी,हिंदी विभाग,
अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टडीज,नाम्साई
अरुणाचल प्रदेश

किसी भी देश का विकास नारी को स्वतंत्रता दिए बिना नहीं हो सकता है। नागार्जुन नारी स्वतंत्रता के प्रबल हिमायती थे।नागार्जुन ने अपनी कृतियो के माध्यम से यही उद्घोषित किया कि नारी स्वतन्त्रता के बिना देश का विकास संभव नहीं होगा। सामाजिक संरचनाओं में मानवीय सम्बन्धों में मूलतः परिवर्तन और आधुनिकता के परिवेश लिए आंचलिक उपन्यासों ने अपनी छाप छोड़ी और पाठक के दिल को छू लिया। रतिनाथ की चाची नागार्जुन का पहला उपन्यास है । नारियों की स्थिति को यथार्थता के साथ दिखाया गया। नारी के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण स्वीकारा गया है। नागार्जुन का विश्वास था कि यदि नारी शिक्षित नहीं होगी तो उसका सामाजिक, मानसिक, आर्थिक विकास संभव नहीं होगा। शिक्षित नारी ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रह सकती है। शिक्षा की कमी के कारण उसे अपने अधिकारों का ज्ञान ही नहीं होगा।

विवेच्य समाज में लड़की का विवाह उसके माता-पिता की मर्जी से ही किया जाता था। कभी-कभी वो अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए अपनी बेटियों को बलि का बकरा भी बना देते थे। दहेज रूपी दानव भी बेटियों को निगल रहा था। बमशंकर अपनी पुत्री के लिए लड़का देखते हैं। उन्होंने एक लड़का देखा था जिसका पिता बहुत बड़ा इंजीनियर था। राजधानी में उन लोगों का अपना मकान बन रहा था। परन्तु लड़के के मामा ने कहलवाया ''बीस हजार नकद लगेंगे तभी यह काम होगा।''2 समकालीन समाज में बाल-विवाह भी प्रचलित थे। माता-पिता मानते थे कि उनकी बेटी पर कोई बुरी नजर न डाल दे। बुरी निगाहों से बचाने के लिए छोटी-छोटी कन्याओं का भी विवाह कर देते थे। दिगम्बर की छोटी-सी बहन का भी विवाह तयकर दिया जाता है। वह बाल विवाह का विरोध करते हुए अपनी चाची से कहता है- ''क्या जल्दी पड़ी है अभी चाची। आदमी का बचपना तो बीस का उम्र तक चलता है। चार दिन और खा लेगी,खेल लेगी तब तक अपना कुछ सीख-साख भी लेगी।''[3] बिरजू भी अपनी बहन के बाल विवाह का विरोध करता हुआ कहता है- ''थोड़ी उम्र और अधिक हो जाने से कुछ नही बिगड़ेगा।''[4] लड़की को जल्दी से जल्दी उसकी ससुराल भेज देने की माता-पिता की अभिलाषा से समाज में अनमेल विवाह भी पनपने लगे थे। विवेच्य कथाकृतियों में अनमेल विवाह से उत्पन्न सामाजिक समस्याओं का यथार्थ चित्रण करते हुए समाज को नई दृष्टि प्रदान की गई ताकि नारी के सम्मान की रक्षा हो सके। अपने इस पति को वह पति मानने के लिए कतई तैयार नहीं है। जिन्हें आप लोग चौधरी कहते हैं, उनसे मेरा सम्बन्ध ही क्या है? पति-पत्नी का सम्बन्ध?....नही हरगिज नही ..।''[5] अनमेल विवाह से अच्छा तो वह बेटी को जहर देना समझती है।'' [6] सामाजिक परिवेश में नारी की ऐसी अमानवीय दशा को देख वह भगवान से प्रार्थना करते हुए कहती है- ''लाख दण्ड देना मगर फिर औरत बनाकर इस देश में जन्म न देना।''[7] 'रतिनाथ की चाची' में उमानाथ की बहन सुमित्रा को 45 के एक महामूर्ख के चंगुल में डाल दिया जाता है। भोला पण्डित जैसे दुष्ट प्रवृत्ति वाले लोगों का तो गरीब व अज्ञानी को फंसाने का यह एक पेशा ही हो गया था। 'उग्रतारा' में रचनाकार ने इस समस्या का समाधान करते हुए नारी के जिस रूप को चित्रित किया है वह वंदनीय है। उगनी का सिपाही भभीखन सिंह के साथ विवाह हुआ था। दोनों की उम्र में काफी अंतर था। उगनी इस विवाह को कानूनी तौर पर बलात्कार का हक समझती है।''[8]इस विवाह के बंधन को वह गैर कानूनी करार देते हुए सारे बंधनों को तोड़कर अपने प्रेमी कामेश्वर के साथ भाग जाती है। भागकर दोनों विवाह कर लेते हैं। नई पौध में खोखा पंडित की नातिन बिसेसरी के संग अधेड़ चतुरा चौधरी का विवाह तय होने पर विरोध दिखाते हुए रचनाकार उसका विवाह प्रगतिशील वाचस्पति के संग करवा कर नारी को एक नई राह दिखाते हैं। नारी स्वतंत्रता के पक्षधर नागार्जुन नारी को अपना वर चुनने का अधिकार भी दिलाना चाहते हैं। उनका विश्वास है कि यदि नारी को स्वयं अपने वर को चुनने का अधिकार प्राप्त होगा तो उसे उपरोक्त अमानवीय अवस्थाओं से नहीं गुजरना होगा। ललन जी के माध्यम से रचनाकार अपने इसी विचार को अभिव्यक्ति देते हैं- ''पढ़-लिख के काम करेंगी आप, अपना दूल्हा खोज लेंगी।''[9] नारी को स्वयं वर चुनने का अधिकार दिलाकर ही रचनाकार उसे शोषण के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देना चाहते हैं। विवेच्य कथाकृतियों के नारी पात्र पुरुष वर्ग की दासता व अमानवीय शोषण से मुक्ति पाने के लिए विद्रोही प्रवृत्ति के हो उठते हैं। नारियां सिर झकाकर अन्याय व अत्याचार को सहन न कर उसके खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाती हैं। मधुरी अपने नशाखोर ससुर के शोषण से तंग आ गयी। ससुराल छोड़कर पिता के घर आ जाती हैं। समकालीन समाज में उसका ये कदम परम्परागत विवाह की सामाजिक मान्यताओं के खिलाफ संघर्ष ही है। गाँव में रहकर वह राजनीतिक आंदोलन में भागीदार बनती है। नारी के इस प्रगतिशील रूप को देख मजिस्ट्रेट आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहता है- ''राजनीति ही तो ऐसी चीज थी जिसे गाँवों की हमारी बहु-बेटियों ने अब तक अपने पास फटकने नहीं दिया था।''[10] मजिस्ट्रेट के इस कथन को सुन जोशीली मधुरी जोश भरे अंदाज में जवाब देते हुए कहती है- ''तो इसमें क्या हर्ज है हुजूर। जिंदगी और जहान औरतों के लिए नहीं है क्या?'' [11] इस प्रकार विवेच्य कथाकृतियों में नारी चेतना को सुन्दर ढंग से अभिव्यक्ति देते हुए नारी स्वतन्त्रता पर बल दिया गया है। कामेश्वर अपनी भाभी से कहता है- ''स्त्री पुरुष में समान रूप से समानता पैदा होगी तभी व्याभिचार मिटेगा।'' चंपा भी भुवन को पत्र लिखती है भुवन तुमने ठीक किया इस कुंभीपाक से निकल गयी। मुझे लगता है नई दुनिया के समझदार लोग नर-नारी मिलकर आगे बढ़ते हैं। जहाँ कोई किसी की बेबसी का फायदा नहीं उठाता। कोई किसी को चकमा नहीं देता।''[12]नागार्जुन ने विधवा जीवन की विषमताओं को अभिव्यक्ति देते हुए उन्हें पुनर्विवाह करने की प्रेरणा प्रदान की है। उनका मानना था कि भारतीय समाज में विधवाओं की संस्थाएं जितनी अधिक होगी उतने ही व्याभिचार और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता रहेगा।

उगनी के पिता का देहान्त हो गया था। उसकी माँ ने लोकलाज से बचने के लिए छोटी अवस्था में ही उसके हाथ पीले कर देती है। विवाह के कुछ महीनों बाद ही उसके पति का देहान्त हो जाता है। वह अपने नाना के घर रहने लगती है। पड़ोस में ही रह रहे विधुर कामेश्वर के प्रति आकृष्ट होती है। सिपाही भभीखन उससे विवाह कर लेता है। जबरदस्ती गर्भधारण हो जाने पर वह घर से भाग जाती हैं कामेश्वर इस रूप में भी उससे विवाह कर लेता है। उगनी कहती है- उस आदमी का दिल बहुत बड़ा है। पराये गर्भ को ढोने वाली प्रेमिका को बिना किसी हिचक के उसने स्वीकार कर लिया है।

चंपावती विवाह के दो वर्ष बाद विधवा हो जाती है। जीजा द्वारा उसे भ्रष्ट किया जाता है। मैमन सिंह के संग भागकर व सरदारनी बनती है। शर्मा जी से मिल पुरानी दास्तांनदार लोगों के बीच पहुँच गई.....वहाँ के नर-नारी मिलजुल कर आगे बढ़ते है। वह सोचती है- ''जिस समाज में हजारों की तादाद में जवान विधवा रहेगी वहां यही सब तो होगा।''[13] वह अपनी बेटी के संग डटकर खड़ी हो जाती है।

वह संकल्प करती है कि ''मेरे जीते जी गौरी मुसलमान या सिक्ख के घर जाने को मजबूर नहीं की जा सकती है।'' [14] नारी की विवशता का चित्रण करते हुए उसमें जागृति का संचार करना ही विवेच्य रचनाकार का ध्येय है। विधवा गौरी सामाजिक प्रताडनाओं को सहते-सहते कमजोर नही पड़ती। वह जागरूक हो किसान कुटी से जुड़ जाती है। प्रताड़ित गौरी द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर द्वारा रूस पर आक्रमण करने की बात पर कहती है-''मैं पढ़ी लिखी तो नहीं हूँ। मगर इतना समझती हूँ कि 25 साल से रूस वालों ने अपने यहाँ जो नया संसार बसाया है। उसके अंदर राक्षसों की बड़ी से बड़ी सेना भी मात खा जाएगी।''[15] गौरी विधवा होते हुए भी चरखा चलाकर स्वावलम्बी जीवन जीती है। विधवा गौरी की कहानी केवल उसकी अपनी नहीं वरन अनगिनत विधवाओं की कारूणिक गाथा है जो आजीवन पीड़ित शोषित जीवन व्यतीत करती है। रचनाकार ने पीड़ित गौरी की माँ के माध्यम से समाज की उन रूढ़ियों का विरोध करते हुए कहती है- ''कोई क्या करलेगा हमारा? बिटिया को मैं प्याज की तरह जमीन के अन्दर दबाकर नहीं रख सकती।''[16] सामाजिक बेड़ियों पर कठोर प्रहार करने वाली गौरी माँ सम्पूर्ण नारी जाति के लिए प्रेरणा स्रोत है। माया विधवा होते हुए भी सामाजिक बेड़ियों पर कठोर प्रहार करने वाली बनी ।गौरी सम्पूर्ण नारी जाति के लिए प्रेरणा स्रोत है। माया विधवा होते हुए भी राजपूत जाति वाले कपिल से प्रेम करती है। समाज के ठेकेदार उनके इस सम्बन्ध की निंदा करते है। माया की माँ भी सामाजिक रूढ़ियों का विरोध करती हैं ''प्राचीन संस्कारों में पली हुई माँ एक ओर थी, दूसरी ओर थी जीवन को सुखमय देखने का लालसा में असवर्ण के साथ पुनर्विवाह का प्रस्ताव कबूल करने वाली माँ....एक ही बुढ़िया के अन्दर दो माता। दोनों में डटकर मुकाबला हुआ और अंत में दूसरी माँ की जीत हुई।''[17]सामाजिक रूढ़िता परम्पराओं का विरोध करती विवेच्यकृतियों की नारियां सभी का आदर्श है। नागार्जुन स्वयं लिखते भी हैं- ''मैं चाहता था कि शीघ्र से शीघ्र इसको कुछ साहसिकता के पाठ पढ़ा दिए जाए। मिथ्या संकोच की कृत्रिम भावना जो औसत हिन्दू परिवारों में घर किए हुए है, इसके विरूद्ध मैं अपराजिता को तैयार करना चाहता हूँ।[18]

नारी जीवन में उसका चरित्र सर्वोपरि होता है। चरित्रहीन नारी को समाज में पतिता कह हेय माना जाता है। नारी का चरित्र उसकी वह धरोहर है जिसके खोने से वह मानो अपना जीवन ही खो बैठती है। इसीलिए नागार्जुन ने नारी को अपने चरित्र की रक्षा करने के लिए जागरूक करने का महान कार्य किया है। 'बलचनमा' में छोटा मालिक रेवती का शील भ्रष्ट करना चाहता है। उसके लिए वह रेवती की पिटाई भी करता है। वह मालिक के अन्याय व अत्याचारों को सहकर भी अपनी बेटी का कौमार्य भंग नहीं होने देती। अपने बेटे बलचनमा से कहती है- ''मरजाना लाख गुना है, मगर इज्जत का सौदा करना अच्छा नहीं।''[19]

शिक्षा के अभाव में ही नारी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो पाती है। नारी को शिक्षा से वंचित रखकर ही पुरुषों ने उसे अपने नियन्त्रण में रखने का प्रयास किया है। जिस परिवार में नारी शिक्षाविहीन होती है। वह स्वयं तो अंधकार में घुट-घुट कर जीती ही है। उसका परिवार भी प्रगतिशील नहीं बन पाता है। शिक्षा के अभाव में ही वह पशुवत जीवन जीने को विवश होती है। शिक्षित होकर ही वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को उसके बराबर शिक्षित होना इसीलिए स्वीकार्य नहीं होता हैं ताकि वो उसका शोषण कर सके।

नागार्जुन का मानना है किसी भी देश के विकास में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। जिस देश में स्त्री और पुरुष दोनों ही शिक्षित होंगे वही देश प्रगतिशील बन सकेगा। नारी शिक्षा का भी देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान होता है। बलचनमा इसी को अभिव्यक्ति देते हुए कहता है ''जब लड़कियाँ भी लड़कों की तरह पढ़ी-लिखी होने लगेंगी तभी इस मुल्क का उद्धार होगा।''[20] सुशिक्षित नारी केवल अपने परिवार को ही नहीं बल्कि समाज को भी सही दिशा दिखाने में सक्षम होती है। 'उग्रतारा' में नर्मदेश्वर की भाभी एक शिक्षित नारी है। वह गाँव की बहु-बेटियों की गुरुआइन है। अशिक्षित स्त्रियों मे शिक्षा का प्रचार करने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। उगनी जैसी बाल-विधवा के मन में ग्लानि को धो-पोंछकर वही साफ करती है ''वरूण के बेटे' की मधुरी में बाढ के समय सहायता कैम्प में पढ़ी-लिखी लड़कियों के सम्पर्क में आ अपनी समझ को विस्तार देती है। शैक्षणिक चेतना के प्रचार-प्रसार के फलस्वरूप ही नारी अपनी इच्छा से विवाह सम्बन्ध भी बना पाती है। ऐसे प्रेम-विवाह समाज में फैली जातिगत दीवारों के कठोर बंधनों को भी तोड़ फेंकने में समर्थ होते हैं। 'कुभीपाक' की निर्मला मौसी का लड़का परिश्रमी है। वह प्रोफेसर बन जाता है। वो कायस्थ होते हुए भी ब्राह्मण लड़की से विवाह करता है ''ब्राह्मण की लड़की और कायस्थ का लड़का....दोनों में घनिष्ठता.....इलाहाबाद के आर्य समाज में मंदिर शादी''[21] दुखमोचन की माया भी राजपूत युवक से विवाह करती है। 'कुंभीपाक' की चंपा सुमंगल और नेपालियन का विवाह कराती है।इस प्रकार रचनाकार ने अपने नारी पात्रों में अन्तर्जातीय विवाह के प्रति भी जागृति लाने का प्रयास किया है। ऐसे विवाहों में विघ्न बाधाएँ तो आयीं लेकिन नारी पात्र जागरूक होने के कारण निड़रतापूर्वक अपने रिश्तों में कामयाब हो पाते हैं। पति-पत्नी यदि एक ही जाति के हों और शिक्षा के द्वारा ही नारी जीवन अपनी अंधेरी जिंदगी को नवीन प्रभात की ओर ले जाने में सफल हो सका। समकालीन समाज में नारी शिक्षा का महत्व बताते हुए 'पारों' उपन्यास में उपन्यासकार द्वारा ''देश की शिक्षित महिला रत्ना....सरोजिनी नायडू, विजय लक्ष्मी पंडित और कमला चटोपाध्याय के उदाहरण देते हुए''[22] शिक्षित नारी को सम्मान की दृष्टि से स्थापित करने का प्रयास किया है।

समकालीन समाज में धर्म की आड़ मे नारी शोषण की परम्परा थी। धर्म की दुहाई देकर नारी को पुरुष वर्ग अपनी भोग्या बनाने से भी नहीं चूकते थे। सत्यता यही थी कि समाज का शक्तिशाली पुरुष नारी पर धर्म के नाम पर अनेक प्रकार के अनाचार करता था। भगवान की भक्ति को नारी शोषण का हथियार बना लिया जाता था। मठों में अनाचार व अत्याचार का नंगा नाच होता था। 'इमरतिया' में महिमा मंडित बाबा द्वारा जनवर्ग को सम्मोहित कर मठ का संचालन करते हुए दिखाया है। मठाष्ठमी को धार्मिक कर्मों का हवाला देते हुए 'छः माह की अबोध बालिका की बलि दी जाती है।[23] धर्मगुरु अपने धार्मिक लबादे की आड़ में अनैतिकता का खेल बखूबी खेलते हैं। संजीवन आश्रम में स्त्रियों के अनैतिकता के रूप में अभिव्यक्ति करते हुए कुंती कहती है ''क्यों औरतें बिकती हैं, क्यों उनकी बोली लगायी जाती है? उन्हें बाड़े के अंदर कैदकर रखा जाता है। मुझे और तुम्हें किसने बर्बाद किया? बड़े आये बाप और चाचा बनने वाले....। "[24]धार्मिक संस्थाओं के मठाधीशों द्वारा धर्म के नाम पर जो नारी शोषण किया जाता था उसका भी विरोध नारी द्वारा करवाकर कृतिकार ने उनमें नई जागृति लाने का प्रयास किया है। चंपा जो स्वयं आश्रमों और मठों के दलालों की हवस का शिकार होती है। वह चुप नहीं बैठती वरन् रोष प्रकट करते हुए कहती है- ''इस आश्रम शब्द से मैं बहुत घबराती हूँ..... ये आश्रम अनैतिकता के अड्डे हैं.... स्वार्थियों के अखाड़े हैं। अब वक्त आ गया है कि इन आश्रमों की नाक में नकेल डालकर भुवन तुमने अपनी ही नहीं बल्कि सभी औरतों की नाक रख ली है।'' [25]अनाचार व अत्याचार में सहयोग करने वाली थी धार्मिक संस्थाओं व अनैतिक धर्माधिकारियों की हकीकत का चित्रण करते हुए अपने नारी पात्रों को जागृति का संदेश देना ही विवेच्य कृतियों का ध्येय है। समकालीन समाज में नारी का शोषण नारी द्वारा बखूबी किया जाता था। चाहे उसका रूप सौतन, सास, जेठानी, ननद, बहू कोई-सा भी हो। विवेच्य कथा-कृतियों की खूबी यही है कि इनमें नारी के मन में नारी के प्रति प्रेम पल्लवित, पुष्पित करने का सराहनीय दायित्व निभाया गया है। नागार्जुन की भरपूर कोशिश यही थी कि नारी के मन में नारी के प्रति प्रेम व

सम्मान की भावना अंकुरित होनी चाहिए। कृतियों में नारी को ऐसे अवसर प्रदान किए जिनमें वह नारी मन को समझने-परखने की कोशिश कर सके। यही कारण है कि इन कृतियों के नारी पात्र समाज की सड़ी गली परम्पराओं से हटकर नारी मन को नए माहौल में लाते हुए कहती है- ''अब हम छोकरा-छोकरी नहीं रहे, सयाने समझकर माँ बाप और सास-ससुर ने जो जिम्मेदारी तुम्हें सौंपी है उससे जी चुराना कायरता होगी। तुम्हें अपनी घरवाली के प्रति वफादार रहना होगा।.....मैं नहीं चाहती कि एक औरत सिंदूरी मांग पर कालिख पोतती रहूँ''[26] नागार्जुन अपने नारी पात्रों मे आत्मविश्वास की अलख जगाना चाहते थे। समाज में नारी को अपने से आगे बढ़ी बनाकर छोड़ दिया है।.....कालेज से निकलते ही लड़कियां बहू बन जाए और लेटी, बैठी सारा उपन्यास पढ़तीरहे। 'कुंभीपाक' की चंपा इसी कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी। अंत में उसने आश्रम के टाइपराइटर पर हिन्दी में टाइप करना सीख लिया। राय साहब के सहयोग से टाइपराइटर खरीद लिया। वैश्या का जीवन जीने को मजबूर रहने वाली वो 'गृहशिल्प कुटीर; नामक दुकान खोलकर अचार, मुरब्बा, पापड़ बड़ियां, रूमाल, मेजपोश, मोजे, स्वेटर आदि बेचकर अपना जीवनयापन करने लगी।''[27] 'रतिनाथ की चाची' की जो गौरी विधवा जीवन व्यतीत कर समाज की प्रताड़नाओं के जहर को पीती थी। ''वह चरखा चलाकर सूत कातती है। अपनी मेहनत की ऊर्जा पर निर्वाह करती है और पुत्र उमानाथ के विवाह में दो सौ रूपये निकालकर खर्च कर देती है।''28 विवेच्य उपन्यासों में नारी को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया गया है। विवेच्य कथकृतियों के नारी पात्र अपने जीवन में निराश हो जिन्दा लाश बनकर नहीं जीतीं बल्कि नवजीवन के प्रभात की तलाश में आगे बढ़ती हैं। समाज में नारी के ऊपर होने वाले अन्याय व अत्याचारों को चित्रित करते हुए उनसे मुक्ति की राह दिखाने का पुनीत कार्य विवेच्य उपन्यासों में हुआ है।

*****

सन्दर्भ:-

1नागार्जुन, कुभी पाक, पृष्ठ 156
2नागार्जुन, हीरक जयन्ती, पृष्ठ 163
3नागार्जुन, नई पौध, पृष्ठ 156
4नागार्जुन, पारो, पृष्ठ 55
5वही, पृष्ठ 55
6वही, पृष्ठ 58
7नागार्जुन, उग्रतारा, पृष्ठ 42
8नागार्जुन, अभिनन्दन, पृष्ठ 85
9नागार्जुन, वरूण के बेट, पृष्ठ 96
10 वही, पृष्ठ 97
11नागार्जुन, उग्रतार' पृष्ठ 36
12नागार्जुन, कुभी पाक, पृष्ठ 120
13नागार्जुन, उग्रतार' पृष्ठ 103
14नागार्जुन, रतिनाथ की चाची, पृष्ठ 28
15वही, पृष्ठ 78
16 नागार्जुन, रतिनाथ की चाची, पृष्ठ 95
17वही, पृष्ठ 49
18नागार्जुन, उग्रतारा, पृष्ठ 45
19 नागार्जुन, बलचनमा,, पृष्ठ 75
20 नागार्जुन, कुभीपाक, पृष्ठ 60
21नागार्जुन, कुभीपाक,, पृष्ठ 134
22 नागार्जुन, पारो, पृष्ठ 45
23नागार्जुन, इमरतिया, पृष्ठ 62
24नागार्जुन, कुभी पाक, पृष्ठ 120
25नागार्जुन, कुभीपाक, पृष्ठ 120
26नागार्जुन, वरूण के बेटे, पृष्ठ 129
27नागार्जुन, कुभीपाक, पृष्ठ 57
28 नागार्जुन, रतिनाथ की चाची,, पृष्ठ 132

सुरजीत पातर की कविताओं में बदलते नैतिक मूल्य एवं सत्ता पर व्यंग्य

डॉ. सुरजीत सिंह वरवाल
असिस्टेंट प्रोफेसर
युवा कहानीकार एवं अनुवादक
गुरु नानक कॉलेज, बुढलाडा, पंजाब

सारांश:-

साहित्यकार समाज में एक ऐसे कलाकार की भूमिका निभाता है जो समाज की यथास्थितियों को रंग भरते हुए सजीवता से पेश करता है। जिस प्रकार से एक चित्रकार रंगों के द्वारा चित्रांकन में भावभंगिमा भर देता है उसी प्रकार से कवि अपनी अभिव्यक्ति से समाज के यथार्थ को परिलक्षित करता है। मैं समझता हूँ भारतीय कवियों ने इस दृष्टि को केंद्र में रखा है जिसमें सुरजीत पातर विशिष्ट भूमिका रखते हैं।

कुंजीपटल:- समाज, निराशा, नैतिक मूल्य, अज्ञानता, इत्यादि।

सुरजीत पातर आधुनिक समय के प्रमुख कवियों में एक विशेष स्थान प्राप्त कवि है। वह उस युवा पीढ़ी से सम्बंधित है जिन्हे स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् घोर निराशा हाथ लगी। इसीकारण भारतीय जनमानस का जीवन और भी कष्टमय हो गया। विजयी होने के उपरांत भी उन्हें पराजय का मुख देखना पड़ा। भले ही पातर ने अपने काव्य में पृष्ठभूमि पंजाब की ली हो लेकिन उसमें सम्पूर्ण भारत के करुणामयी स्थिति दर्शन होते हैं। समस्त भारत में नैतिक मूल्यों का जो ह्रास हुआ उससे सामाजिक सम्बन्धों की दशा और ज्यादा भयावह बनी। सत्ता ऐसे लुटेरों के हाथ आई जिसके कारणवश स्थितियां और ज्यादा बदत्तर होती चली गयी। इस सत्य को कवि ने अपनी कलम द्वारा व्यंग्यात्मक रूप से प्रस्तुत कर लोगों में नई चेतना का उद्भव किया है। सुरजीत पातर विलक्षण-प्रतिभा सम्पन्न कवि है। उन्होंने आधुनिक युग के अंतर्द्वंदो, छिपे हुए तथ्यों को तार्किक दृष्टि से परीक्षण करते हुए नये रूप में चित्रित किया है। स्वतंत्रता के पश्चात् नैतिक मूल्यों में आ रही गिरावट, आपसी क्रोध, दयाहीनता, बेईमानी और झूठ के बोलबाले से पूर्णता अवगत थे। उन्होंने नकारात्मक विचारों को देश से दूर करने का प्रयास करते हुए उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने पर बल दिया है। पातर सामाजिक मूल्यों में हो रहें संक्रमण से वाकिफ थे। अपनी चिंतन शक्ति से उन्होंने ऐसे दीप जलाने के प्रयास किये जो भविष्य के लिए वरदान और वर्तमान के लिए सकून बन सके; एक जगह वह लिखते हैं:-

"सबर, खिमा ते भलक, हौंसला सच्चाई ते आस,
हरेक दीप मेरे मन बालना शब्दो।"[1]

इन पंक्तियों से तात्पर्य है कि कवि एक आदर्शवादी मार्ग एवं आदर्शवादी सिद्धांतों को अपने मन में पालने के साथ पाठकों के मन में भी इन विचारों को पैदा करना चाहता है। धैर्य, दया, प्रेम, करुणा जीवन में खिमा, एवं दूसरों की भलाई के विचार प्रत्येक मन में उत्पन्न करके सदैव सत्य और उम्मीद के दीपक को मन में बालने हेतु अपने शब्दों से आग्रह करता है।जिस समय पातर ने लिखना प्रारंभ किया उस समय परिस्थितियाँ बहुत ही त्रासदपूर्ण थी। भारत-पाक विभाजन हुआ। जिसका सीधा प्रभाव भारतीय जन-जीवन पर पड़ा। इसके पश्चात् भाषा आधार 'पंजाब-हरियाणा' विभाजन। 1984 ई. में सिक्ख दिल्ली दंगे। इन सब हालातों ने भारत पर कम और पंजाब पर अधिक गहरी छाप छोड़ी है। पंजाब के हालात सदैव से ही सुख रहित बने। बेरोजगारी, कृषि में असफलता, दिन-ब-दिन गिरते स्तर ने पंजाब के जीवन और हालातों को अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया था। राजनेताओं ने अपने स्वार्थपूर्ति हेतु देश के विभाजन को होने दिया। जिसका परिणाम आज दोनों देश भुगत रहे हैं; अपनी पीड़ा का चित्रण कवि निम्न पंक्तियों में करता हुआ कहता है:-

"उदों वारिस शाह नूं वंडिया सी,/हुन शिव कुमार दी वारी।
ओह जख्म पुराने भुल भी गए,/नविया दी जो फेर त्यारी।"[2]

इन लाईनों के माध्यम से कवि ने भारत-पाक विभाजन और उसके

उत्पन्न कुप्रभाव का स्पष्ट वर्णन किया है। उन्हीं परिस्थितियों का फिर से होना अर्थात् फिर से वही विषमतायों का समाज में आने को कवि कटाक्षता से विश्लेषित करता है। अतीत के जख्म, वेदना, हिजर की अभी तक भरपाई नहीं हो पाई और नयें जख्मों, दर्दों का आभास पुनः होता दिखाई दे रहा है। भविष्य में आने वाले दर्द को सजीवता से बताने का प्रयास कवि कर रहा है।मैं समझता हूँ कि पातर ने जिस दर्द की बात की वह आज हमारे सामने केंद्र सरकार द्वारा पारित किये गये (किसान अध्यादेश बिल) तीन बिल के रूप में है जिसकी आज भयंकर आलोचना हो रही हैसुरजीत पातर प्रत्येक धर्म को सम्मान देते हैं। वह किसी धर्म के प्रति कट्टर होते दिखाई नहीं देते हैं। समस्त भारत में धर्म के नाम पर फैले अन्धविश्वास और अज्ञानता का खंडन करते हैं। वे धार्मिक विश्वासों में फैली अनेक बुराईयों पर कटाक्ष करते हैं। जिसका सफल चित्रण उनके काव्य में देखने को मिलता है। इसके लिए वे जगत गुरु जो केवल सिक्खों के न होकर समस्त संसार, जगत के है, श्री गुरु नानक देव जी रचित आरती की तुकों का आधार लेते हैं। जिसमें गुरु नानक देव ने परमात्मा की आराधना के लिए उसकी प्रकृति को ही आरती का थाल बनाकर उसकी पूजा की और दुनियावी कर्म-कांडों का खंडन किया। जिसका उदाहरण निम्न रूप से दृष्टव्य है:-

"असमान जिहदे लई थाल जिहा,/सूरज ते चाँद चिराग धरे।
तारे जिस खातिर मोती सन,/ते पवन चवर दिन रात करे।"[3]

पातर के काव्य में पूर्ण और घोर यथार्थवाद का चित्रण है। देश के हालातों की त्रासद स्थिति के साथ लोगों का खामोश होना और सब जबर-जुल्म चुप-चाप बर्दाश्त करना तथा परिस्थितियों के समक्ष घुटने टेकने पर कवि की कलम कटाक्ष करती नजर आती है। देश के लोगों द्वारा भ्रष्टाचार को सहन करना, कष्टमयी तथ्यों के विरुध आवाज बुलंद करना, मानसिक, शारीरिक वेदना से भरकर भी चुप रहने पर कवि व्यंग्य करता हुआ (उसे आत्मा के सोने का नाम देता है) नजर आता है। जिसका प्रमाण निम्न पंक्तियों में देख सकते है:-"अमन शांति शायद, आत्मा दा सौणा है।

जजबियाँ दा मरना है, आदमी दी था उत्ते,/बुत्ता दा उसरना है,
कोके वाले बूटा दा,/लाशा उत्ते तुरना है, ता जो खडक न होवे।"[4]

पंक्तिभाव यह है कि समाज में अमन और शांति होना अनिवार्य है किन्तु देश में भ्रष्टचार, कुव्यवस्था और सामाजिक आर्थिक-मूल्यों के संक्रमण होने के पश्चात भी शांति होना आत्मा की निद्रा के समान हैं। दूसरे शब्दों में यह जज्बा आत्म-सम्मान की मृत्यु होने के सामान है। आदमी का जीवन घुटन एवं कुंठाग्रस्त होने और उसके बुत्तो को जीवित आदमी कीअपेक्षा में प्राथमिकता मिलना ग्लानि-भरा कार्य है। जो आत्मा का निद्रा में होने को प्रस्तुत करता है। नैतिक मूल्यों के होते संक्रमण का कवि कटाक्ष-रुपी भाषा में प्रदर्शन करता है कि कोके वाले बूटों वाला आदमी लाशों पर बिना आवाज किए चलता है और कोई उसका विरोध नहीं करता। देश की लूट एवं धार्मिक दंगों ने देश को विनाश के रास्ते पर लाकर खड़ा कर दिया है। परिणाम स्वरूप मानव की महत्ता का विघटन तथा पैसों की प्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। मानवता का ह्रास तथा निर्जीव वस्तुओं सोना और चांदी का मूल्य बढता जा रहा है। आज लाचार, बेबस, गरीब इंसान की उपेक्षा होने लगी है। कृषको और मजदूरों का खून चूसा जाता है।बड़े घरों में इंसान की अपेक्षा कुत्तों, बिल्लियों को अधिक महत्व दिया जाता है। मनुष्य के प्रति मनुष्य का यह व्यवहार समाज में लाचारी, बेबसी, घुटन, संताप, द्वन्दात्मक स्थिति, मनुष्य की मनुष्य के प्रति हीनता के भाव को पातर की पैनी दृष्टि ने नजदीक से देखा तथा उसका व्यंग्यात्मक रूप से बखूब चित्रण किया:-

"सस्तियाँ ऐथे बहुत जमीरा महिंगियाँ बहुत जमीना
महंगा राणीहार ते सस्ता सधरा भरियां सीना
दिल दा निघ न मंगे कोई सब मंगदे पश्मीना।"[5]

कवि स्पष्ट करता हुआ कहता है कि हमारे समाज की यह कड़वा सच है कि यहाँ पर मनुष्य के आचरण और व्यक्तित्व का कोई मूल्य नहीं है। केवल पैसें, जमीन-जयदाद को ही प्राथमिकता दी जाती है।जमीरों का सस्ता होना और जमीनों का महंगा होना इसी सत्य का प्रमाण है। सोना और चाँदी की अपेक्षा सत्य, विश्वास और सच्चे आचरण की कोई महत्ता नहीं है। भौतिक वस्तुओं के मोहजाल में फँसा संसार इन वस्तुओं के आराम का ही आनंद मानना चाहता है। पातर की सूक्ष्म, पैनी दृष्टि से देश में मची छोटी सी भी हलचल और उसके दुष्परिणाम नहीं छिप पाते। स्वतंत्रता पश्चात् शिक्षा का समान अधिकार सबको मिला। किन्तु पंजाब में शिक्षा का एक अलग अंदाज दिखाई पड़ा। अंग्रेजी सीखने की अंधाधुंध दौड़ ने देशवासियों को उनकी माँ-बोली से भिन्न कर दिया। परिणामस्वरूप पंजाबी के ठेठ शब्दों के स्थान पर अंग्रेजी का प्रयोग इतना बड़ा अंग्रेजी, पंजाबी में घुल मिल गई। पंजाबी भाषा के घुटते दम और उसको विनाशता से रोकने के लिए पातर अधिक चिंतक होते हुए सभी पंजाबियों को इससे अवगत कराते तथा भविष्य में सुचेत करते हैं:

"अम्मी ते अब्बा नहीं रहे, बीजी ते पापा वी तुर गए
ददेसा फफेसा ममेसा दी गल ही छड्डो, किन्ने रिश्ते
सिर्फ आंटी ते अंकल ने कर दित्ते हालों बेहाल,/ते कल कह रिहा
सी/पंजाब दे विहड़े विच इक छोटा जिहा बाल
पापा आपने टरी दे सारे लीवज कर रहे ने फाल।"[6]

पातर के काव्य में प्रेम का एक अलग स्वरूप सामने आता है। उन्होंने प्रेम भाव में स्वयं की वफा तथा प्रेमिका को बेवफा के नाम से विभूषित नहीं किया। उनके प्रेम अनुभव में आदर्शवाद चरित्रवान मूल्य नहीं झलकता अपितु वे तो यथार्थ से ओत-प्रोत तथा तर्क की कसौटी पर कसकर प्रस्तुत हुआ है। क्योंकि ग्रामीण जीवन में प्रेम जंजीरों में बंधा पड़ा है। सभ्याचार के खोखले नियम प्रेम को पलीत करते है। पातर की प्रेम भावना में जिस्मानी आनंद के साथ रूहानी तृप्ति को बयाँ करने के साथ-साथ प्रेम के कष्टमय स्वरूप, उसके रास्ते में आने वाली परम्पराएँ, आदर्श, पूर्वजों के उपदेश का व्यंग्यात्मक, उपहासात्मक, कटाक्ष शैली, स्वयं-वेदना में बाखूब वर्णन किया है:-

"मैं तुरदा हा तेरे वेल्ल ता पैरा हेठपवित्र पुस्तकां दे पन्ने ओंदे ने
लौरियाँ ओंदियाँ ने मेरी माँ दियाँ
मेरे पैरां हेठ ओंदी है,
अखबार छपी मेरी तस्वीर।"[7]

पातर की रचनाओं पर फैले नक्सलवाद का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। पंजाब ने प्रारम्भ से वर्तमान तक हिंसा, अराजकता, जबर-जुल्म को देखा और अपने जिस्म पर झेला भी है। प्रस्थितियाँ सदैव कष्टमय,पअसंतोष भरी तथा त्रासद रही है। पातर की सूक्ष्म दृष्टि ने इन विषयों पर गंभीरता पूर्वक अपनी रचनओं के माध्यम से निजात पाने तथा पुनः इस हालात को उभरने से रोकने के लिए हिंसा, अराजकता का त्याग पक्ष प्रस्तुत किया है।आने वाली पीढियों को इस अराजकता, भ्रष्टचार, हिंसा से सुरक्षित करने हेतु वर्तमान चेतना अन्दोलन के लिए प्रेरित करता हुआ कवि गम्भीरता से विचरता है। जिसका यथार्थ वर्णन निम्न पंक्तियों में देख सकते हैं:-

"पर उस लई धरती ते रुमक्दी हवा
वी छड के जाओसाह ले सके उस दी आत्मा आराम नाल
ऐसी फिजा भी छड के जाओ।"[8]

उक्त पंक्तियों में कवि कहता है कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों के लिए अच्छे भविष्य की कामना करते हैं। वे उनके लिए सभी सुख-सुविधाएँ प्रदान करना चाहते है। कवि इन पंक्तियों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए भ्रष्टचार को समाप्त करने की कामना करता है। संसारिक सुख-सुविधाओं के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वातावरण, शुद्ध वायु एवं शुद्ध प्रकृति को संभाल कर रखना भी अनिवार्य है। लोकतंत्र के लागु होने के पश्चात देश की नाजुक प्रस्थितियाँ उनसे उभरती और असतुंष्ट प्रस्थितियों का कवि की कलम गंभीर चिन्तन करती उनकी प्रत्येक पुस्तक में दिखाई देती है। स्वतंत्रता, स्वतंत्रता दिवस पंजाब के कच्चे जख्मों को प्रत्येक वर्ष उधेड़ता तथा विभाजन के फट को तरोताजा करता है:-

"नवें पंजाब दे शगना भरे,
आसां भरे दिन ते,
मेरे मनहूस मन विच
सोग दी इक लहर चलदी है।"[9]

भारत-पाक विभाजन का सबसे अधिक प्रभाव पंजाब पर पड़ा। पंजाब का दो भागों में बंटना, आबादी का बहुत बड़े स्तर पर तबादला होने से लाखों लोगों के घर उजड़ने के साथ- साथ उस समय के दंगे-फसादों से होने वाली मौतों ने पंजाब के इतिहास को नया मोड़ देने के साथ ही लोगों के जीवन को भी तहस-नहस कर दिया था। वे आधुनिक समय के चिंतक तथा भविष्य के गहरे चेतक अपनी प्रत्येक कविता छोटी या बड़ी में सहज प्रमाणित होते है:-

"मैं जन्म जन्म तो तप रिहा,
अज हो जाना सी शांत पर
हुन अंस बंस दे रूप विच,
मैं जन्म जन्म तक तपांगा।"[10]

आधुनिक कवि यथार्थ को स्वीकार करते हैं। आधुनिक कविता जो साधारण जन के दुःख उनकी बेबसी-लाचारी आदि को प्रकट करने में समर्थ थी। इनका अनुसरण परवर्ती कवियों ने भी किया जो यथार्थवाद को अपनी रचनाओं में समाये हुए थे। यह देश के दलित, नारी, पीड़ितों की व्यथा को प्रकट करने में पूर्ण सक्षम है। आधुनिक कविता ने दलितों और नारी की यथास्थिति के साथ-साथ उस प्रत्येक शोषित वर्ग की आवाज को मंच दिया जो दब चुका था। जो सदियों से उपेक्षित किया गया था। जिनकी भावनाओं, हकों को कुचला जाता रहा। आदर्शवाद के झूठे ढोंग को नाकारा गया और उसके स्थान पर सच्चे यथार्थवाद को अपनाने पर बल दिया गया।

****

संदर्भ ग्रन्थ सुची:-

1.सुरजीत पातर, 'बिरख अर्ज करे', लोकगीत प्रकाशन चंडीगढ़, पृ.सं-99.
2.वही पृ.सं.-89.
3.वही पृ.सं.-89.
4.वही पृ.सं.-75.
5.सुरजीत पातर, 'लफ्जा दी दरगाह', लोकगीत प्रकाशन चंडीगढ़, पृ.सं-85.
6.सुरजीत पातर, 'सुरजमीन', लोकगीत प्रकाशन चंडीगढ़, 2008, पृ.सं.-50.
7.सुरजीत पातर,'हनेरे विच सुलगदी वर्णमाला, लोकगीत प्रकाशन पृ.सं.-74.
8.सुरजीत पातर,'हनेरे विच सुलगदी वर्णमाला, लोकगीत प्रकाशन पृ.सं.-90.
9.सुरजीत पातर, 'बिरख अर्ज करे', लोकगीत प्रकाशन चंडीगढ़ पृ.सं-86.
10.सुरजीत पातर,'हनेरे विच सुलगदी वर्णमाला',लोकगीत प्रकाशन पृ.सं.-124.

पुणतांबेकर का व्यंग्य : व्यापक तथ्यों की सूक्ष्म अभिव्यक्तियाँ

डॉ. मीना सुतवणी
अध्यक्ष हिन्दी विभाग
एस. जी. कला, विज्ञान व जी. पी. वाणिज्य महाविद्यालय,शिवले,
मुरबाड, जि. ठाणे

प्रस्तावना : परसाई स्कूल के व्यंग्यकार शंकर पुणतांबेकर ने अपनी अनोखी शैली से हिन्दी व्यंग्य साहित्य को एक ऊँचाई प्रदान की है। घर से लेकर विश्व-स्तर तक फैली विसंगतियों को पहचान कर उनकी सूक्ष्मता से पड़ताल की है। उनका व्यंग्य केवल आक्रोश मात्र नहीं है। वैचारिकता, गंभीरता, बौद्धिकता उनके व्यंग्य की विशेषताएँ हैं। बीसवीं सदी के अंतिम दशक तथा इक्कीसवीं सदी के प्रारम्भिक दो दशकों की उनकी रचनाएँ विशेष गौर की माँग करती हैं, जिनमें उनका व्यंग्य सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होता गया है। राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली से प्रकाशित आठ खंडों- 'शतरंग के खिलाड़ी', 'दुर्घटना से दुर्घटना तक', 'मेरी फाँसी', 'गिद्ध मँडरा रहा है !', 'कटआउट', 'तेरहवाँ डिनर', 'जंगल में' और 'पराजय की जुबली' में विभाजित, समान अनुपात में तराशी, विभिन्न शैलियों में रची उनकी एक हजार रचनाएँ हिन्दी व्यंग्य साहित्य की अमूल्य निधि है। प्रत्येक घटना में व्यंग्य की उपस्थिति को दर्ज करने वाला उपन्यास 'जहाँ देवता मरते हैं !', 'तीन व्यंग्य नाटक' और 'व्यंग्य अमर कोश' कथन चातुरी और गहन आशय का परिचय देते हैं। विधा के रूप में व्यंग्य की अकाट्य वकालत करनेवाले पुणतांबेकर के महोदधि रूपी व्यंग्य संसार से कुछ कणों को यहाँ प्रस्तुत करने का विनम्र प्रयास है।

बीज : व्यंग्य की परिभाषा एवं व्यंग्य के तत्त्व- संकेत, लोकतन्त्र है यह !, वासनाकांड, अजन्ता की एक नई गुफा, बिखरे हुए संदर्भ और एक दौर पर रचनाओं का सूक्ष्म भाव, वस्तु, चुस्त भाषा एवं शैली केन्द्रित अनुशीलन। बिंबों की शृंखला के सहारे छोटी रचना में व्यापक और समाज के लिए घातक विसंगतियों को अनावृत्त करने की कला पर विशेष बात, सम्बन्धों की दूरन्वयिता से विचार प्रवर्तन का अवलोकन।

मुख्य विषय :

पुणतांबेकर के अनुसार "व्यंग्य युग की विसंगतियों की वैदग्ध्यपूर्ण तीखी अभिव्यक्ति है। युग की विसंगतियाँ हमारे चारों ओर के यथार्थ जगत से, वैदग्ध्य इन विसंगतियों को वहन करनेवाले शैली-सौष्ठव से तथा तीखापन विसंगति एवं वैदग्ध्य के चेतना पर पड़नेवाले मिले-जुले प्रभाव से संबन्धित है।"[1] स्पष्ट है कि उनकी दृष्टि में विसंगति, विदग्धता और तीखापन व्यंग्य को आकार देनेवाले तत्त्व हैं। विसंगति की यथार्थता के साथ यह देखना जरूरी है कि वह कितनी व्यापक और अनुपेक्षणीय हैं। विदग्धता से तात्पर्य केवल शब्दों की जादूगरी से नहीं तो विसंगति को तीखेपन से प्रस्तुत करने में है। जिसका पूरा ध्यान पुणतांबेकर ने अपने व्यावहारिक पक्ष में रखा है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए उनकी कुछ रचनाओं का अनुशीलन यहाँ प्रस्तुत हैं। **'लोकतन्त्र है यह !'** लोकतन्त्र में आम आदमी की स्थिति को दर्शाता है। किस्सा-गोई शैली में लिखा गया यह व्यंग्य औत्सुक्य को बढ़ाता हुआ शासक की क्रूरता की चरम परिणति को उद्घाटित करता है। राजनीति का यथार्थ है कि राजा (नेता) लोकवस्त्र तो धारण करता है, लोकआत्मा नहीं। 'लोकवस्त्र' और 'लोकआत्मा' लोकतन्त्र पर सटीक भाष्य करने वाले 'की-वर्ड' हैं। ढाई पृष्ठ की यह रचना राजनीति के सम्पूर्ण कुरूप को खोलती है। विरोधी जब राजा के उल्टे-सीधे आदेश पर आवाज उठाते हैं तो दरबारी राजा को समझाते हैं 'मुकुट और राजसी वस्त्र पहनकर राजा उल्टे-सीधे आदेश नहीं दे सकता'। उसे चाहिए कि वह 'लोकवस्त्र' धारण करें। आशय यह है कि राजतन्त्र में राजा जितना निरंकुश नहीं था, उतना लोकतन्त्र में है। यही व्यथा प्रस्तुत व्यंग्य को आकार देती है। यह तन्त्र जन के द्वारा जन के लिए नहीं है, तो धन के द्वारा धन के लिए है। व्यंग्य में राजा, उसका महल, दरबारी तथा महल के बाहर के आउट हाउस में रहने वाले आदमी की कल्पना की गयी है। राजा से नेता के सत्ता और अधिकार पका, महल से विलासिता का, दरबारी से चाटुकारों का बोध होता है।शब्द अपनी सामासिकता में व्यंग्यार्थ को विस्तार देते हैं। आदमी जनता का प्रतिनिधि है। जनता द्वारा चुनी गयी सरकारे कानून बनाने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त कर लेती हैं, और नेता जो स्वयं सरकार है, अपने हित में कानून तोड़ता जाता है।

'जन-आंदोलन तहस-नहस किये जाते हैं । कार्य पालिका का दायित्व है- कानून के रूप में जनता की इच्छा का कार्यान्वयन करना' । विडम्बना है कि यहाँ अमल राजा की इच्छा पर होता है, जनता की नहीं । जनता की इच्छा का दखल तो दिखावे भर के लिए होता है । आउट हाउस का आदमी राजा की इच्छाएँ- शासन की सालगिरह पर ऊँची दावत देने की, तिरुपति जाने की, सामान्य बीमारी के इलाज के लिए विदेश जाने की, अपने महल पर सोने के कंगूरे चढ़ने की, कगूरों के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों पर गोलियाँ दागने की, का विरोध करता है । वह नहीं चाहता कि आम आदमी भूखा मरे और राजा दावत उड़ाए, तिरुपति जाकर राजा पुण्य कमाये और पाप आदमी को भूखा रहकर भुगतना पड़े, राजा जिंदा रहने के लिए विदेश जाए और जनता लाइलाज मरे, बारिश में गरीबों की छतें टपकती रहे और राजा के महल पर सोने के कंगूरे चढ़े, अपने ही भाइयों की हत्या को वह नहीं सह सकता अत: गोलियाँ दागने की इजाजत नहीं देता । पर देश की तिजोरी कितनी ही खाली हो जाए राजा सब-कुछ करके ही रहता है । आदमी की एक नहीं चलती । अंतत: राजा गोलियों से मरे लोगों के परिवार वालों के लिए एक लाख रुपयों की सहायता राशि देने की इजाजत मांगता है, सरकारी तिजोरी का धन बाँट कर अपनी बिगड़ी तस्वीर को सँवारने का यह एक आसान तरीका है । आदमी के विरोध के बावजूद धन बाँटा जाता है । शोकांतिका है कि लोकतन्त्र में जनता जो असली राजा है, आउट हाउस में हैं, लोक-वस्त्र (खादी) धारण कर जन-सेवा का स्वांग भरने वाला नेता महल में आराम फरमा रहा है । उसके गरीब होने से देश की इज्जत जाती रहती है, देश के गरीब होने से नहीं । लोकतन्त्र में नेता को जनता के साथ-साथ जीना और मारना चाहिए, पर ऐसा नहीं हो रहा है, उसके स्वार्थ के सम्मुख विवेक और मानवीयता परास्त है। लेखक उसे जतलाना चाहता है- "वह है तो आप है ।...वह बोता है तब कहीं आप काटते हैं...वह जागता है तब कहीं आप सोते हैं, वह चलता है तब कहीं आप उड़ते हैं ।"[2] नेता की स्वार्थ-पूर्ण गतिविधियों के साथ जनता की बेहाली का दुरान्वयी संदर्भ भी । व्यंग्यकार का आलंबन हमेशा से एक जैसा नहीं रहता। **वासनाकांड** रचना में जहाँ पत्रकारों का चरित्र लेखक के निशाने पर है, वहाँ जन चरित्र भी । जलगांव वासनाकांड को लेकर इन चरित्रों का आचरण तथा इनकी प्रतिक्रियाओं पर प्रस्तुत रचना में तीखी रोशनी डाली गयी है । इस कांड से जुड़े बड़े घरानों के नामों के विषय में अखबारों की चुप्पी विचारणीय तथ्य है । बड़े-बड़े अधिष्ठित और प्रतिष्ठित व्यक्ति सैकड़ों महिलाओं को अपनी हवश का शिकार बनाते हैं और महिलाएँ अपने पर हुए अत्याचार के बारे में खुलकर नहीं बोल पाती, तभी बरसों तक यह कांड चलता रहता है । जो अखबार बड़ी मछलियों के नामों से परहेज करते हैं, वे ही इस कांड से संबन्धित मसालेदार तथ्यों से अपने अखबार को लबालब भर देते हैं, तो विसंगति निर्माण होती है । पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का दायित्वबोध न अखबार में है, न जन-सामान्य में । मोर्चे तो निकल रहे हैं, पर सम्मिलितों का वास्ता केवल फोटू तक है । अखबार से छूने भर का वास्ता रखने वाले उसे चाव से पढ़ रहे हैं । हर कोई बहती गंगा में हाथ धो रहा है । निर्भीक कहलाने वाले पत्रकार भी धन, प्रतिष्ठा के पीछे अपने दयित्त्व को भूल बैठे हैं । स्तुति व्यक्ति की कमजोरी है, फिर वह कितना भी निर्लिप्त क्यों न हो । तभी तो अधीशों का भंडाफोड़ करने निकला रचना का निर्भीक नायक वासना कांड पर लिखने के बजाय टीवी सीरियल को लिखने की सोचता है । ऐसे मामलों में समाज और व्यक्ति की दायित्त्व हीनता चिंता का विषय है । लेखकीय अपील है कि पत्रकारों को, बुद्धिजीवियों को स्वार्थ त्याग कर आगे आना होगा । वह कहता है- "बुद्धिजीवी बिक जाता है तभी तो वासनाकांड जैसे कांड खुलकर सामने नहीं आते और बड़ी मछलियाँ छूट जाती हैं ।"[3]बिम्बों की शृंखला व्यंग्य की विशेषता है। कोई मंजा हुआ व्यंग्यकार ही एक छोटी सी रचना में इस कारीगरी को साध सकता है । पुणतांबेकर इसमें सिद्धहस्त हैं। उनकी व्यंग्य रचना **अजन्ता की एक नई गुफा** इसका बेमिसाल उदाहरण है । डेढ़ पृष्ठ की यह चुस्त रचना कितनी ही विसंगतियों को कलात्मकता के साथ प्रस्तुत करती है । प्रारम्भिक दो-तीन छोटे परिच्छेदों में ही लेखक कला, दराजनीति, साहित्य, समाज, धर्म, बेरोजगारी पर भाष्य कर देता है; यथा- "कल के नेहरू और वर्तमान के प्रेमचन्द मेरे लिए तुच्छ हैं । एक को उदय से साथ हाथ जोड़ता हूँ, तो दूसरे को अस्त के बाद याद करता हूँ ।"[4] आशय यह है कि पुराने आदर्शों को राजनीति ने भुला दिया है, जो गांधी, नेहरू, शास्त्री ने स्थापित किये थे । तत्त्वहीन राजनीति, भ्रष्ट राजनेता और स्वार्थ-वश उनके उदय के साथ ही उन्हें प्रणाम करने वाले चाटुकार यहाँ लेखक के निशाने पर हैं । प्रेमचन्द ऐसे साहित्यकारों के प्रतिनिधि के रूप में यहाँ प्रस्तुत हैं, जिन्हें मृत्यु के बाद ही प्रतिष्ठा मिली है । पुरानी गुफाओं की तरह ही कटी लेखक की कल्पना की यह नई गुफा यथार्थ पंथियों की है । यह काम किसी एक का नहीं, समूह का, बल्कि भूख-हड़तालियों का जान पड़ता है । "वरना पहाड़ी पत्थर ऐसे आसानी से कटकर घर बनने देते हैं क्या ?"[5] पत्थर संवेदनहीन नेता और जड़, स्वार्थान्ध व्यवस्था का प्रतीक है । आगे लेखक यह संकेत भी देता है कि बिका हुआ कलाकार जिन्दा आर्ट पैदा नहीं कर सकता । "जिन्दा आर्ट या तो धर्म की आत्मा पैदा करती है या भूख की पीड़ा । धर्म तो आज स्वयं व्यवसाय बन गया है, सो ये चित्र उन आर्टिस्टों ने पैदा किए हों जो बेरोज़गार रहे होंगे, जो अन्याय-अत्याचार के शिकार बने होंगे । किसी ने न कहा हो तो मैं कहता हूँ- हिलानेवाली क्रान्ति और कला का जन्म भूख में से ही होता है ।"[6] स्पष्ट है कि गुफा के चित्र और शिल्प व्यवस्था को धता बतानेवाले हैं, उसकी आलोचना करने वाले हैं । विदग्धता पुणतांबेकर के व्यंग्यों का प्राण है, उनकी इस प्रकार की गहरे आशय वाली चोटें व्यक्ति में हलचल पैदा करती हैं । इसी रचना में आगे लेखक गुफा की मूर्तियों और चित्रों की कल्पना करते हुए कई विसंगतियों को खोलता है । पत्थर से बनी यथार्थ देवता नेता, पूंजीपति, उच्च-वर्ग का प्रतीक है, जिनकी संवेदनाएँ मरी हुई होती हैं । संवेदनहीन व्यक्ति विवेक-अविवेक का विचार नहीं करता, धन कमाने के किसी भी तरीके से उसे परहेज नहीं होता । उसका अष्ट-सिद्धि और नवनिधि प्राप्त करना इसी बात का ध्वनन करता है । चुनाव विजय की शोभा यात्रा का चित्र लेखक आँकता है, जिसमें कौवा चुनाव जीता है । धूर्तता, ढोंग, संवेदनहीनता, मूर्खता आदि की अभिव्यक्ति के लिए यहाँ कौवा, बगुला, गिद्ध, उल्लू इन प्रतीकों का प्रयोग किया गया है । धूर्त, ढोंगी, मोटी खाल वाला, मूर्ख कहने से जो भाव व्यक्त नहीं होता वह कौवा, बगुला, गिद्ध, उल्लू कहने से होता है । ये प्रतीक कहीं ज्यादा मारक हैं । इन्हीं विशेषताओं से युक्त लोग राजनीति में मौजूद हैं । सूअर और सियार अवसरवादी कार्य-कर्ता का प्रतीक हैं । हंस, मोर, कबूतर, कोयल जो नीर-क्षीर विवेक, सौन्दर्य, शांति, कला के प्रतीक हैं, इनसे युक्त चिंतक, विद्वान, बुद्धिजीवी आज उपेक्षित है या बिके हुए । एक चित्र में गधे को स्वर्ण से तोला जा रहा है, अयोग्य, मूर्ख को प्राप्त सम्मान यहाँ चोट का विषय है । गुफा की अष्टधातु- झूठ, बेशर्मी, बेरुखी. लोलुपता, शोषण, धूर्तता, अहन्ता, स्वछंदता से बनी मूर्ति नेता के चरित्र को दर्शाती है । एक चित्र सत्ता द्वारा दुर्बल, हताश के शोषण की परिसीमा को व्यक्त करता है; व्यक्त करता है; यथा- "मंत्री पंचतारा होटल का उदघाटन कर रहा है । उदघाटन के बाद वह चीलों-गिद्धों के साथ बफे में सम्मिलित है । वे लोग प्लेटों में अपनी मर्जी से मुर्गी को, बेरोजगार को, कबाब को औरत को, पुलाव को, चरित्रवान को, बिरयानी को, देशभक्त को ले ले कर खा रहे हैं ।"[7] गधे का दरबार और उसके नौ रत्न नेतृत्व के यथार्थ पर भाष्य करते हैं । हंस का बगुले को अभिनंदन ग्रंथ भेंट देना, गरीब-भक्षित का 'पद्मभूषण' से गौरवान्वित होना, एक देशरत्न का स्विस बैंक में अशर्फ़ियों के थैले जमा करना, चाँदी की ईटों के चबूतरे पर बैठकर डेरीवाले का दूध में पनि मिलाना, भगवान की प्रतिमा में बैठे पुजारी का दक्षिणा पर हाथ मारना, दूल्हे का लकड़ी की डोली की वधू को जलाकर चाँदी की डोली का वरण करना, उल्लू के बच्चे का कैपिटेशन फीस के साथ प्रवेश पाना, इंटरव्यू लेने वाले का उम्मीदवार को जाती की कसौटी पर परखना, राजा के पुष्पक विमान का रक्त के पेट्रोल से आकाश में उड़ाने भरना, डाक्टर का स्टेथस्कोप से मरीज की जेब जाँचना जैसे चित्रों की कल्पना कर पुणतांबेकर बहुआयामी विसंगतियों पर अचूक निशाना साधते हैं ।अपनी सामासिकता में इतने अर्थगर्भित बिम्बों को पुणतांबेकर ही एक साथ उभार सकते हैं, अपने व्यंग्य रूपी नावक के तीरों से ।

बिखरे हुए संदर्भ' पुणतांबेकर की विचारोत्तेजक रचना है। रचना दर्शाती है कि समाज, संस्कृति का बाहयांग टूट-फूट सकता है, पर उसकी आत्मा का क्षरण घातक है । हमारे शिक्षा-दीक्षा, आचार-विचार, धर्म-अर्थ सबकुछ देह केन्द्रित हैं, आत्मा केन्द्रित नहीं इसीलिए समाज और संस्कृति के बिखरे हुए संदर्भों को समेटना दुर्धर कार्य बन गया है । बहुगुणा जैसे सड़ीगली व्यवस्था का अंग बने तथाकथित विद्वान या ऐसी व्यवस्था के निर्माता राजनेता इसे ठीक नहीं कर

'फैंटेसी' के शिल्पकार-कवि गजानन माधव मुक्तिबोध

डॉ.एन.पी. प्रजापति
विभागाध्यक्ष हिंदी
शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैढन,जिला -सिंगरौली -म.प्र.

सारांश:-सर्वहारा वर्ग के प्रतिनिधि,प्रयोगवादी कवि गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म तत्कालीन ग्वालियर राज्य श्योपुर जिला मुरैना में 14 नवम्बर 1917 ई को हुआ था। इन्होंने छात्र जीवन से ही लेखन कार्य आरम्भ कर दिया था। 1938 में इन्दौर में अपनी बुआ के यहां रहते हुए उन्होंने शान्ता बाई नामक पड़ोस की एक युवती से प्रेम विवाह किया था. मुक्तिबोध हिन्दी कविता को सर्वथा नवीन दिशा की ओर ले जाने वाले साम्यवादी विचारधारा करके चलने वाले, तेजस्वी विचारक तथा आर्थ चारिकताओं से सदा दूर रहने वाले और अभावों से जूझने वाले प्रयोगवादी कवि । मुक्तिबोध की रचनाओं में काव्य - ग्रंथ 'चांद का मुंह टेढ़ा है' प्रसिद्ध है। इसके अन्य ग्रंथों में एक साहित्यिक की डायरी, कामायनी एक पुनर्विचार नई कविता का आत्मसंघर्ष 'भारत इतिहास और संस्कृति' नामक ग्रंथ प्रमुख है। मुक्तिबोध के समस्य काव्य मूल्यों के मूल में यह अन्तः संघर्ष किसी न किसी रूप से अवस्थित है। यह कभी समाप्त नही होता बल्कि व्यक्तित्व का सामाजिक अन्तर्विरोध तथा विसंगतियों से बराबर संघर्ष जारी रहता है।समाज में सक्षम वर्ग गरीब वर्ग का शोषण हर स्तर पर करता ही है . इसी सन्दर्भ मेंउनकी एक कविता "एक भूतपूर्व विद्रोही का आत्मकथ्य से लिया ग या उदाहरण भी देखें।

"खूबसूरत कमरों में कई बार
हमारी आंखों के सामने/हमारे विद्रोह के बावजूद
बलात्कार किये गये/नक्षीदार कक्षों में
दबले-पिघलते हुए एक भाप बन गये।"

भूमिका -

गजानन माधव मुक्तिबोध सच्चे अर्थों में मानवता के कवि हैं उनकी रचनाओं में शोषण -उत्पीडन का चित्रण हमे सर्वत्र मिल जाता है . 'चांद का मुंह टेढ़ा है', 'एक साहित्यिक की डायरी' या 'सतह से उठता आदमी' या 'विपात्र' को कविताओ को जितने बार पढिये परत दर परत कई अर्थों में खुलती हैं.

"ओ मेरे आदर्शवादी मन,
ओ मेरे सिद्धान्तवादी मन,
अब तक क्या किया?
जीवन क्या जिया!!

वर्तमान में भी सिद्धांत की बातें करने वालों की कमी नही है लेकिन जब वास्तविक व्यवहारिक जीवन में देखिये तो कितने हद दर्जे तक ऐसे लोग स्वार्थी होते हैं और साजिस करके गरीबों का शोषण करते हैं

उदरम्भरि बन अनात्म बन गये,
भूतों की शादी में क़नात-से तन गये,
किसी व्यभिचारी के बन गये बिस्तर,
***
मर गया देश, अरे जीवित रह गये तुम!!
लो-हित-पिता को घर से निकाल दिया,
जन-मन-करुणा-सी माँ को हंकाल दिया,
स्वार्थों के टेरियार कुत्तों को पाल लिया,
भावना के कर्तव्य--त्याग दिये,
हृदय के मन्तव्य--मार डाले!
बुद्धि का भाल ही फोड़ दिया, /तर्कों के हाथ उखाड़ दिये,
जम गये, जाम हुए, फँस गये,
अपने ही कीचड़ में धँस गये!!
विवेक बघार डाला स्वार्थों के तेल में
आदर्श खा गये![1]

फैंटेसी का अर्थ और स्वरूप -मुक्तिबोध ने अभिव्यक्ति के लिए फैटेसी के शिल्प को चुना था जिसमें मिथक, प्रतीक, रूपक, उपमा , बिम्ब आदि विभिन्न उपकरण घुल - मिलकर आए । वस्तुतः "फैटेसी" आपके लिए एक नया शब्द है जो हिन्दी का अपना न होकर अंग्रेजी का शब्द है। अतः इसके अर्थ के साथ ही फैटैसी के स्वरूप, उसकी प्रकृति के विषय में मनो विश्लेषणवादी मनोवैज्ञानिकों, क्रिस्टोफर, काडवेल, जैसे समर्थ चिंतकों की मान्यताओं पर भी विचार करना जरूरी है। फैटेसी का मुक्तिबोध सम्मत अर्थ "एक साहित्यकार के स्वप्न के भीतर स्वप्न, विचारधा रा के भीतर और एक प्रच्छन्न विचारधारा कथ्य के भीतर एक और कथ्य मस्तिष्क के भीतर एक और मस्तिष्क, कक्ष के भीतर एक और गुप्त कक्ष है। "
मुक्तिबोध ने मानव जीवन की जटिल संवेदनाओं और उसके अन्तर्द्वंद्वों की सर्जनात्मक अभिव्यक्ति के लिए फैटेसियों का कलात्मक उपयोग किया है। 'फैटेसी' में कल्पनाओं और विचारों की परतें एक के बाद एक खुलती जाती है और कवि की मानसिक उर्वरता का सही बोध पाठकों के समक्ष उपस्थित होता है।'फैटेसी' शब्द का निर्माण युनानी शब्द 'फैटेसिया' से हुआ है। जिसका अर्थ है मनुष्य की व ह क्षमता जो संभाव्य संसार की सृजना करती है। मुक्तिबोध के अनु सार -
'फैटेसी मन की निगूढ़ वृतियों का अनुभूत जीवन समस्याओं का इ च्छित विश्वासों और इच्छित जीवन स्थितियों का प्रक्षेप है।

मुक्तिबोध के काव्य में फैटेसी-

मुक्तिबोध की अनेक कविताएं फैटेसीपरक कविताएं हैं यथा - ब्रह्माराक्षस, अंधेरे में, लकड़ी का रावण आदि।
चांद का मुंह टेढा है, में मुक्तिबोध की जो कविताएं संकलित हैं उन में दो कविताएं ब्रहमाराक्षस एवं अंधेरे में अपनी फैटैसी के कारण अधिक चर्चित रही है। यहां इन दोनों कविताओं के मन्तव्य को त था उसकी फैटेसी को व्यक्त किया जा रहा है।
गजानन माधव मुक्तिबोध सर्वहारा वर्ग की पीड़ा को अभिव्यक्ति देने वाले कवि हैं। उनकी 17 कविताएं अज्ञेय द्वारा सम्पादित तार- सप्तक में संकलित हैं। इसके अलावा उनका एक अन्य काव्य संग्रह 'चांद का मुंह टेढा है' भी प्रकाशित हुआ जिसमें 28 कविताएं सं कलित हैं। तार सप्तक में संकलित कविताओं में अधिकांश विषय की दृष्टि से प्रगतिवादी, किन्तु शिल्प की दृष्टि से छायावादी है। इन कविताओं में प्रमुख हैं आत्मा के मित्र मेरे, मृत्यु और कवि, हे म हान, और नाश देवता। उनकी प्रगतिवादी दृष्टि परिवेश बोध, सामाजि क चिन्तन और अनुभव वैविध्य पर आधारित दिखाई पड़ती है। उन्हें लगता है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में इतनी पीड़ा भ री हुई है कि उस पर एक महाकाव्य लिखा जा सकता है।

"मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक पत्थर में चमकता हीरा है।
हर एक छाती में आत्मा अधीरा है।
प्रत्येक सुस्मिता में विमल सदानीरा है
मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक वाणी में महाकाव्य पीड़ा है।

कवि मुक्तिबोध के हृदय में
दीन हीन शोषित सर्वहारा के प्रति सच्ची सहानुभूति है वे एक शोष णमुक्त समाज का निर्माण करना चाहते थे वे लिखते हैं -

समस्या एक
मेरे सभ्य नगरों और ग्रामों में
सभी मानव/सुखी, सुन्दर व शोषण मुक्त
कब होंगे?[2]

ब्रह्माराक्षस कविता में फैंटेसी:-

इस कविता में ब्रह्माराक्षस मध्यवर्ग की बौद्धिक चेतना का प्रतीक है। इस चेतना के कारण यह मुक्ति के लिए छटपटाता है। जीवन पर्यन्त जो ज्ञान वह अर्जित करता है उसी से अपनी मुक्ति का पथ खोजता है। पर मुक्ति के इस प्रयास में वह और भी उलझता जा ता है। यहां संकेत यह है कि व्यक्ति प्राप्त ज्ञान को व्यावहारिक न ही बना पाता उसे क्रिया में परिणत नही कर पाता। परिमाणतः भट कता रहता है तथा कुंठा व निराशा का शिकार हो जाता है। यहां कवि यह कहना चाहता है कि संचित अनुभव और ज्ञान तभी सा थर्क होता है जब वह निरंतर विकसित होता रहे और भावी ज्ञान की आधारशिला बने। यदि ऐसा नही होगा तो अतीत का ज्ञानात्म क संवेदन और अनुभव व्यर्थ प्रमाणित हो जाएगा।

मूलबद्ध संस्कारों के कारण विकसित 'पाप छाया' से 'आत्मशुद्धि' के लिए वह निरन्तर बावड़ी में स्नान करता हुआ अपनी देह घि सता रहता है किन्तु उसका मैल कम होने के बजाय बढता ही जाता है।

गहन अनुमानिता/तन की मलिनता
दूर करने के लिए प्रतिफल
पाप छाया दूर करने के लिए दिन रात
स्वच्छ करने/ब्रह्माराक्षस
घिस रहा है देह
हाथ के पंजे बराबर
बाह छाती मुंह छपाछप
खूब करते साफ/फिर भी मैल

बुद्धिजीवी की यही विडम्बना है। वह प्रत्येक विचारक के अंत की मनोनुकूल व्याख्या करता हुआ उसी में उलझा रहता है। उसका अपूर्ण ज्ञान उसे दम्भी बना देता है इसलिए तिरछी पड़ी रवि रश्मि को देखकर उसे लगता है कि सूर्य भी उसे झुककर प्रणाम कर र हा है।

वस्तुतः ब्रह्माराक्षस की ट्रेजिडी आज के बुद्धिजीवी की ट्रेजिडी है। वह ज्ञानोपार्जन करके भी मनोवांछित परिवर्तन नही कर पाता। इस प्रक्रिया में वह जो प्रयत्न करता है वे असफल हो जाते हैं। परिणा मतः वह निराशा और कुण्ठा से भर जाता है। उसकी मूल विड म्बना यह है कि वह **अपनी** उपलब्धतता को क्रिया में नहीं बदल पाता, परिणामत अन्तः बाह्य संघर्ष में जूझता रहता है।

मुक्तिबोध की धारणा थी कि अतीत से पूरी तरह टूटकर कोई भी वर्तमान सार्थक भविष्य का रूप नही ले सकता। इस कविता में वे इसी विचारधारा को प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त करना चाहते हैं। ब्रह्माराक्षस अतीत की बौद्धिक चेतना है जो बावड़ी रूपी वर्तमान समूह मन में रहता है और अपनी आत्मा के अन्वेषण में रत है। मुक्तिबोध अपनी फैंटेसियों में प्रतीकों का माध्यम ग्रहण करते हैं वे सामान्य भाषा में नहीं अपितु प्रतीकों और बिम्बो की भाषा में बोलते हैं।

अंधेरे में, फैंटेसी का प्रयोग :-

मुक्तिबोध की यह लम्बी कविता लगभग 45 पृष्ठों की है और उन के काव्य संकलन चांद का मुंह टेढा है में संकलित है। इस कवि ता का प्रारम्भ भी कवि ने 'फैंटसी के ' वातावरण से किया हैं उदाहरण देखिये- -

वृक्षों के अंधेरे में छिपी हुई किसी एक
तिलस्मी खोह का शिलाद्वार/खुलता है धड़ से
घूमती है लाल-लाल मशाल अजीब-सी
अन्तराल बिवर के तम में/लाल-लाल कुहरा
कुहरे में सामने रक्तालोक स्नात पुरुष एक
रहस्य साक्षात्।

इस कविता में दो रक्तालोक स्नात पुरुष है। इनमें से एक तो अंधेरे कमरों में चक्कर लगा रहा है और दूसरा बाहर तालाब की लहरों में अपना चेहरा देखता हुआ भीतर आने के लिए सांकल बजा रहा है। वस्तुतः ये दोनों रक्तालोक स्नात पुरुष क्रमशः सामाजिकता एवं कविता के प्रतीक है। मुक्तिबोध इन प्रतीकों के माध्यम से यह कहना चाहते हैं कि मनुष्य की पूर्ण सम्भावनाएं तभी प्रकट होगी जब क विता सामाजिकता को ग्रहण कर ले और समाज कविता को अंगी कार कर ले। मुक्तिबोध की कुछ अन्य कविताएं यथा - "दिमागी गुहान्धकार का ओरांग ऊटांग" और "लकड़ी का बना रावण" भी फैंटेसी परक कविताएं है। ओटांग ऊटांग से कवि का अभिप्राय मन की भी तरी परतों में दबे अवचेतन से है यथा -

कोठे के सावले गुहान्धकार में
मजबूत सन्दूक दृढ़ भारी भरकम
और उस सन्दूक के भीतर कोई बन्द है
यक्ष, या कि ओरांग ऊटांग, हाय

"लकड़ी के बने रावण" को डॉ. इन्द्रनाथ मदान ने उस काव्य नाय क का प्रतीक माना है जो अपने परिवेश से कट गया है वह शिख र पर अकेला खड़ा है -

अपने मोह से घिरा हुआ है। इसे यदि माक्र्सवादी दृष्टि से देखें तो यह रावण पूँजीजीवादी वर्ग का प्रतीक है जो बस अब नष्ट होने ही वाला है।

मैं मन्त्र कीलित-सा भूमि में गड़ा-सा
जब खड़ा हूँ/अब गिरा तब गिरा
इसी पल कि उस पल।

निष्कर्ष :

समग्रतः यह कहा जा सकता है कि मुक्तिबोध ने अपनी कविताओं में फैंटेसी का सफल प्रयोग किया है। ये फैंटेसियां उनके अन्तर्द्वंद्वग्र स्त मन से ऊद्भूत है किन्तु इनका भावात्मक उद्देश्य तथा सम्वेदनात्म क दिशा है भले ही फैंटेसी मानसिक प्रक्रिया हो, किन्तु सामाजिक यथार्थ से जुड़कर उसने अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दी है। मुक्तिबोध मानवीय विडंबनाओं एवं उन्हें सक्रिय प्रतिरोध में रूपांतरित करने वा ले भयावह यथार्थ के लेखक थे; वे जन विरोधी समाज व्यवस्था से निरंतर संघर्ष करते रे; उनकी कविता के बावजूद वजूद का प्रश्न पी ड़ित मनुष्य के वजूद से जुड़ा हुआ था। दूसरे शब्दो में उनकी का व्य प्रक्रिया जीवन प्रक्रिया से अभिन्न थी। मनुष्य जिस तरह अपनी पहचान खोकर फिर से उसे पाने की निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है उ से मुक्तिबोध ने कल्पना के स्तर पर संप्रेष्य बनाया है।

मुक्तिबोध की कविताएं आपको प्रेम करना नहीं सिखाती उनकी कवि ताओं में प्रेमी अपनी प्रेमिका को गुलाब नहीं दिया करता ना ही फू लों से उसकी तुलना करता है मुक्तिबोध सच कहते हैं और सच को स्वीकार करने की सलाह देते हैं। वह अभिव्यक्ति के खतरे उठाने की बात किया करते हैं जैसे -

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे/उठाने ही होंबगे
तोड़ने होंगी ही मठ और गढ़ सब
पहुंचना होगा दुर्गम पहाड़ों के उस पार

****

संदर्भ:-

1. .https://hindi.newsclick.in/mara-gayaa-daesa-arae-jaivaita-raha-gayae-tauma
2. (हिन्दी साहित्य) एन.एन. ओझा
3. प्रतियोगिता हिन्दी साहित्य - अशोक तिवारी
4. हिन्दी गद्य विवेचना, पृष्ठ संख्या 74, संकलन व संपादन प्रो. जवरीमल्ल पारख
5. प्रयोगवाद व प्रगतिवादी काव्यधारा - अज्ञेय

सकते, क्योंकि अपनी दशा (स्वार्थ) में अटके हुए वे दिशा (सद्मार्ग) का ध्यान नहीं रख सकते और संदर्भ बिखर जाते हैं। ऐसे विद्वान और नेता के लिए ज्ञानेश्वर, देशेश्वर गढ़े हुए शब्दों का प्रयोग विदग्धता का दर्शक हैं। पुणतांबेकर लिखते हैं, "विज्ञान ने हमें दूरबीन तो दी,पर उसपर अधिकार अंधों का है।"[8] व्यंग्योक्ति का आशय है, जिनके पास दृष्टि नहीं ऐसे ही सत्तान्ध राष्ट्र और नेता आज अधीश बने हुए हैं, अत: मूल्यों को संवारना मुश्किल है। प्राचीन वृहद पोथी (हमारी प्राचीन संस्कृति) के पृष्ठों का बिखरना संस्कृति का विकृत होना है। बिखरी हुई संस्कृति-शृंखला को कोई निस्पृह विद्वान ही क्रम से लगा सकता है। विडम्बना कि आचार्य बहुगुणा को इसके योग्य समझकर पोथी के पृष्ठों को क्रम से लगाने का काम उन्हें सौपा जाता है। इस बात से बेखबर बहुगुणा पोथी पुस्तकालय को सौप देते हैं और आश्चर्य कि इस आव्हानात्मक कार्य के लिए गौरवान्वित होते हैं। पोथी प्रशस्ति में कहा जाता है- "संकलित पोथी हमारी संस्कृति शृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, यह कड़ी कुछ तीखे तथ्यों पर प्रकाश डालती है। बताती है कि हम कहीं टूटे हैं, बिखरे हुए हैं और अजीब से जुड़े हुए। हम कहीं कोयल से कौआ जुड़ गए हैं, हरिन से गैंडा, हंस से बगुला, पुरुष से षंड। पोथी पुरानी हो, पर यह वर्तमान युग की तीखी तस्वीर कही जा सकती है।"[9] नपुंसक होते जा रहे समाज का इतना सारगर्भित अंकन अन्यत्र दुर्लभ है। प्रशासनिक भ्रष्टाचार के चरमोत्कर्ष को साकार करने वाली रचना है- 'एक दौरे पर'। तहक़ीक़ात के लिए गाँव में आये हुए अफसर के आक्षेपार्ह आचरण का एक चित्र आँककर लेखक इस वर्ग की बेशर्मी, लाचारी, झूठी प्रतिष्ठा का अनावरण करता है। अफसर की वैचारिक नीलामी से उत्पन्न बीभत्स रस पाठक को सराबोर कर देता है। पति के साथ माताजी के दर्शन हेतु दौरे पर आयी अफसरनी का कपड़े-लत्ते, साबुन-मेकअप वाला बैग क्या घर में छुट जाता है मानो उसका व्यक्तित्व ही घर में छूटा हो। जब उसके योग्य साड़ी पूरे गाँव में नहीं मिलती, तो चपरासी चमेली वेश्या के यहाँ से ऊँची साड़ी ले आता है। अफसरनी सज-धजकर गाँव में स्थित माताजी के मंदिर की ओर निकलती है तो उसे बड़ा संतोष होता है कि प्रतिष्ठा तो बच गयी। माताजी के दर्शन कर वह जब लौटती है तो बाहर खड़ी चमेली वेश्या अपना परिचय देते हुए कहती है- "खूब फब रही है यह साड़ी आप पर ! यह मुझे दातादीन ने दी है। और मैं चाहती हूँ, यह साड़ी अब आप ही रख लें। मेरी ओर से नहीं, दातादीन की ओर से भेंट समझकर।"[10] अफसर जिस जंगल तोड़ करने वाले दातादीन की तहक़ीक़ात के लिए गाँव में आया था, बिना कुछ किये ही लौट जाता है। यहीं व्यंग्य का मर्मस्थल है। पुणतांबेकर की हजारों रचनाएँ इसी प्रकार से व्यापक तथ्यों को सूक्ष्मता से अभिव्यक्त करती हैं।

निष्कर्षत: - कहा जा सकता है कि युग की विसंगतियाँ व्यंग्य की कारक है। पुणतांबेकर अपने द्वारा स्थापित व्यंग्य के तत्त्व विसंगति, विदग्धता और तीखापन को व्यवहार में लाकर विचार रस युक्त रचनाएँ पाठक को सौपते हैं। सामासिकता में गहरी चोट के लिए आपका कोई सानी नहीं। व्यंग्य के विभिन्न उपकरणों का प्रयोग तो आप करते ही हैं, पर शब्द-चयन और उनकी संरचना के संबंध में बरती गयी सतर्कता सूक्ष्म भावों, जो शैली की आत्मा हैं, की अभिव्यक्ति में सक्षम होती हैं, परिणामस्वरूप आप अभिधा में भी स्तरीय व्यंग्य को साध लेते हैं।

******

संदर्भ :-

1. कैक्टस के काँटे (दो शब्द), शंकर पुणतांबेकर, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, प्रथम स पृ. i
2. जंगल में (लोकतन्त्र है यह !), शंकर पुणतांबेकर, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 193
3. तेरहवाँ डिनर (वासनाकांड), शंकर पुणतांबेकर, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 206
4. पराजय की जुबली (अजन्ता की एक नई गुफा), शंकर पुणतांबेकर, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पहला संस्करण- 2004, पृ.62

5. वही 6.वही 7.वही, पृ. 63
8. कटआउट (बिखरे हुए संदर्भ), शंकर पुणतांबेकर, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 43
9. वही, पृ. 44
10. मेरी फाँसी (एक दौरे पर) , शंकर पुणतांबेकर, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 176

'तहबील' की कहानियों में सामाजिक जीवन मूल्य

डॉ. आर्या वी. एस

श्रीकला मन्दिरम कोल्लमकावु नेटुमंगाड़
तिरुवनन्तपुरम केरल

केरल में हिन्दी साहित्य का एक विस्तृत इतिहास है। बीसवीं सदी के अंतिम चरण में दक्षिण हिन्दी साहित्य का विकास हुआ। कई महत्व व्यक्तियों, साहित्यकार और दक्षिण हिन्दी प्रचार सभा, केरल हिन्दी प्रचार सभा जैसे संस्थाएँ केरल में हिन्दी भाषा एवं साहित्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समकालीन समय में भी केरल से अधिक रचनाएं प्रकाशित हो रहा है। केरल में हिन्दी कहानी का आरंभ स्वातंत्योत्तर काल में ही हुआ था। पी.के दिवाकरन पोट्टी, डॉ. एन. चंद्रशेखरन नायर, आनंदशंकर माधवन, डॉ. वी. गोविंद, डॉ. एन. रमन नायर आदि के नाम उल्लेखनीय है। इस गणना में डॉ. की रचनाएं भी रख सकते हैं। डॉ. बाबु. जे केरल विश्वविद्यालय, हिन्दी विभाग के भूतपूर्व अध्यापक एवं विभागाध्यक्ष थे।

डॉ. बाबु.जे का जन्म 1952 नवंबर 15 को केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में हुआ। केरल विश्वविद्यालय से एम. ए एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया। इसके बाद विभिन्न कॉलेजों में अध्यापन किया। आपने आज भी अपने लेखन कार्य में व्यस्त हैं। कविता, कहानी, आलोचना आदि सभी विधाओं में अपने कलम चलाया है। 'मुक्तधारा', 'पुरस्कृत', 'अभिव्यक्तियाँ', 'उलाहना', 'पासवान', 'अग्निरेखा' आदि आपकी प्रकाशित काव्य संग्रह है। 'आज और कल के बाद, 'तहबील', 'बरसात में आग', 'कसाकसी', 'पट्टी बाँधने को घाब बनाने वाले', 'खून की बरखा' आदि उनकी कहानी संग्रह है। उनका आलोचनात्मक ग्रन्थ 'राजेंद्र यादव के उपन्यासों में सामाजिक चेतना' है। 2008 के राष्ट्रीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन, 2009 में शिमला के बिपाशा कहानी पुरस्कार, 2009 मेरठ के राष्ट्रीय हिन्दी अकादमी, 2010 में नई दिल्ली केंद्रीय हिन्दी निदेशालय आदि संस्थाओं से सम्मानित है। 'तहबील' कहानी संग्रह अपके रचनाओं में सबसे महत्वपूर्ण है।

सामाजिक चेतना व्यक्तियों के विचारों भावनाओं एवं धारणाओं से बनती है। डॉ. बाबु .जे की कृतियों में सामूहिक मान्यता देख सकते हैं। तहबील की कहानियों में भी यह देखने को मिलते हैं। तहबील कहानी संग्रह में कुल 15 कहानियाँ संकलित है। उनकी ज्यादातर कहानियों में रिश्तों के महत्व लिखा है। संग्रह की प्रथम कहानी 'आज और आज के बाद' है। इसमें पिता – बेटा की संबंध एवं वृद्धाश्रम व्यवस्था का चित्रण किया है। सालों बाद वृध्दाश्रम में अपने पिता को देखने के लिए अमेरिका से बेटा आता है। बहुत साल के पहले माँ की मृत्यु के बाद पापा को अकेले वृद्धाश्रम में छोड़ कर बेटा प्रवास में अपनी अच्छी जिंदगी बनाने के लिए गया है। सालों बाद जब पापा बूढा हो जाता है और कैंसर की दूसरी स्टेज में पहुंच गए है, तो उन्हें अपने बहू और पोती से मिलने की इच्छा प्रकट करती है। बहू इटली का है। बेटा अपनी बेटी को साथ लेकर पापा को देखने के लिए आ गया है। बहु तो अपने काम में व्यस्त थी। इसलिए वह नहीं आ पाई। पिता पोती को देखकर बहुत खुश हो जाता है। छोटी बेटी उस वृद्धाश्रम की पूरी व्यवस्थाएं देखकर कहती है कि "डैडी फैंटास्टिक, रियली फैंटास्टिक, युवर सेलक्शन ईस सूपर। मैं यहाँ की सारी व्यवस्थायें देख रही थी। रियली वंडरफुल। मैं ने अब से ही फैसला कर लिया कि बुढ़ापे में आपको इसी ओल्ड एज होम में रख दूँगी।"[1] इस कहानी में टूटते रिश्तों का चित्रण कहानीकार किया है। आज माता-पिता को देखने के लिए बच्चों के पास समय नहीं है। वह अपने अपने कामों में व्यस्त हैं। इसलिए ज्यादातर बच्चें माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ कर चले जाते हैं। 'स्मृति शेष' पति-पत्नी संबंध की चित्रण दिखाने वाले कहानी है। पहले कहानी में रिश्तों का मूल्य को दिखाया है। तो यह कहानी में रिश्तों का महत्व दिखाया है। कैंसर के कारण पीड़ित पत्नी को पति बहुत प्यार करते हैं। नंदिता एक सामाजिक सुधारिका के रूप में जाने-माने हैं। वह समाज में पीड़ित लोगों की सहायता करते हैं। शादी के बाद भी वह अपने काम में मग्न है। पति भी उसकी साथ हैं। अचानक वह कैंसर की शिकार हो जाती है। अंत में मृत्यु का वरण करती है। "घर में बड़ी भीड़ लग गई थी। इस भीड़ में मेरे दोनों बच्चों को बाँहों में भरकर मैं नन्दिता के निकट बैठा रहा। बाहर दाह - संस्कार की तैयारियाँ हो रही थीं। घर के भीतर और बाहर

रोशनी की समृद्धि थी ; मगर मेरे चारों ओर घना अंधकार ही अंधकार था। मेरे पास कई लोग आये , कुछ पूछे - कहे निकल गये। मेरे पास कौन आया ,क्या कहा , कुछ पता नहीं रहता। लेकिन नन्दिता के सिरहाने तेल का जो छोटा - सा दिया जल रहा था उसकी रोशनी में धीमी गर्त से निकलनेवाले कुछ पैर ही मैं देख सकता था।"[2] यह कहानी अत्यधिक मार्मिक है। आज के समय में शादी के संबंध में कई समस्याएँ हो रहे हैं। तलाक की समस्या ज्यादा हो गया है। इसी अवसर पर यह कहानी महत्वपूर्ण है। 'घर बनाने की माया' रिश्तो का महत्व दिखाने वाले अलग कहानी है साथ ही साथ आर्थिक समस्यओं का चित्रण भी इसमें देख सकते हैं। अश्वती का अचानक निकल जाने के कारण पति अकेला हो जाता है। 'भूख काहे को?' कहानी में लेखक समाज के बिगड़ते मानव मूल्य दिखाया है। दो शेर अपने भूख मिटाने के लिए शहर के दो तरफ जाते हैं। महीनों बाद दोनों मिलते है। एक तो दुबला पतला, दूसरा तंदुरस्त दिखा रहे हैं। एक शेर को कुछ भी खाने के लिए नहीं मिला। वह जिस शहर में पहुंचा है, वहाँ के लोग उसे भगाता है। दूसरे तो एक सरकार ऑफिस के सीडियों के पीछे छुपा था। वह वहाँ के एक - एक कर्मचारियों को खा कर रहा। एक दिन कर्मचारियों के बदलें फॉरेन गुड्स बेचने वाले व्यापारी को खाया। "सिविल स्टेशन में 'फॉरिन गुड्स' बेचनेवाला एक सज्जन हर महीने की पहली तारीख को नियमित रूप से आया करता है। उस दिन उस आदमी के इन्तजार में सारे ऑफीस बेचैन हो गये। व्यापारी सज्जन का आना कइयों ने देख लिया था। अचानक उसका गुम होना कर्मचारी लोग बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। व्यापारी को आसमान खा गया या धरती निगल गयी , कोई बता नहीं पाता। व्यापारी सज्जन को ढूँढते हुए लोगों ने सिविल स्टेशन के कोने -कोने छान मारा।"[3] व्यापारी के गुम जाना देखकर ऑफिस में हलचल मचा। इतने कर्मचारियों गुम जाने पर वहाँ कोई समस्या नहीं होता है। इससे पता चलता है कि फॉरेन सामान और संस्कृति का यहाँ कितना महत्व है। 'मेरी भव बाधा' कहानी में नारी के प्रति होने वाले अत्याचार को एक अलग तरीके से बताया है। सी.डी पार्लर में पहुंचने वाले औरत को ब्लू फिल्म की सी डी देते हैं। ऐसे करने से स्त्री शरीर का अग्रह प्रकट करता है और वह नारी उसका प्रतिरोध करती है। 'बरसों पहले नहीं' कहानी में राजनीतिक षड्यंत्र का चित्रण किया है। मिनिस्टर के ऊपर होने वाले बलात्कार के मामले पर जाँच करने के लिए नियुक्त उस उच्च अफसर को उसी मिनिस्टर के लोग उन्हें भी बलात्कार के मामले में फँसाने की कोशिश करते हैं। इसके लिए एक छोटी लड़की की इस्तेमाल करता है। लेकिन यह षड्यंत्र जानकर वह उससे बचता है। छोटी बच्ची को भी बचाता है। आज समाज में बलात्कार और सगुण को निर्गुण बनाना आदि सजग बात बन गया है। 'अक्ल पर ताला पड़ता कभी-कभी' इस कहानी में अंधविश्वास का चित्रण किया है। रंजना और उसके पति एक मध्यवर्गीय परिवार का सदस्य है। उसका पति एक सरकारी ऑफिस में क्लॉर्क है। उन्होंने कर्ज लेकर एक घर बनाया है। जब घर में एक साधु महाराज आता है, तब साधु ने घर के निर्माण वास्तु का दोष बताते हैं। "बाबाजी बता रहे थे कि इस घर के निर्माण में असावधानी बरतने के कारण ही कई दोष आ गये हैं। मुख्यतः ड्राइंग रूम उचित स्थान पर नहीं। घर की उत्तर दिशा में बैठकखाना रहने के कारण दाम्पत्य सुख पूरा का पूरा न मिल जाएगा। अगला दोष रहता है शयनकक्ष का। शयनकक्ष उत्तर -पश्चिम में होने पर पति -पत्नी के बीच रोज लड़ाई -झगड़े होते और स्थिति तलाक देने की तक पहुँच जाती। दक्षिण -पूर्व कोण में रसोई रहने से घर के बच्चे रोज किसी न किसी बीमारी के शिकार होकर ही रहते हैं। इसलिए इन तीनों कमरों का स्थान बदलना चाहिए। अन्त में बाबा जी ने यह भी बता दिया। वास्तु -विधियों के अनुसार बनाये गये घर में रहनेवालों की उत्तरोत्तर श्रीवृद्धि हो जाएगी और वे जरूर अमीर भी बन जायेंगे।"[4] रंजना बात अपने पति से कहते हैं। वह एक साधारण सरकारी कर्मचारी है। एक नया घर बनाना उनके लिए साधारण बात नहीं है। फिर भी वह उस घर तोड़कर वास्तु के अनुसार अलग नए घर बनाने के लिए विवश हो जाता है। उन लोग एक ज्योतिषी के पास जाते हैं। उस ज्योतिषी को देखकर रंजना को शक होता है कि इसी ज्योतिषी ने घर में साधु बनकर आया है। लेकिन वह चुप रही। उन लोग घर पहुंचा है। पहुंचने के थोड़ी देर बाद उस साधु महाराज भी आया और होम, पूजा आदि की बात किया है। तब पति को भी यही शक होता है उस साधु पकड़ जाता है। समाज में ऐसे लोग भी है कि साधारण जनता की विश्वास का लाभ उड़ाते हैं। ज़्यादातर स्त्रीयाँ ही इन लोगों की जाल में फँस जाता है। इस संग्रह की सबसे चर्चित कहानी है 'तहबील'। यह सुनामी की कहानी है। इस कहानी में लेखक ने सुनामी की भीषण चित्र को प्रस्तुत किया है। यह कहानी पढ़ते वक्त ऐसा लगता है कि हमारे आंखों के सामने सुनामी हो रहा है। फिलोमिना नामक औरत के माध्यम से सुनामी की भीषण चित्र दिखाया है। वह कहता हे कि "सागर मछुआरों का वरदायी है और वह उनका अहित कर नहीं सकता, सागरतट के निवासियों का सामान्य विश्वास रहता। सागर हम लोगों के लिए माँ सामान है। वह माँ हमेशा अपनी औलादों पर अपार प्यार रखती, मगर बीच-बीच हमारी गलतियों की सज़ा भी देती। अब भी किसी की गलती से माँ क्रुध्द बन गई है।"[2] इससे समझ सकते हैं कि मानव प्रकृति के साथ जो क्रूरता करते हैं, उसी का शिक्षा सुनामी, भूकंप, बावंडर, बाढ़ आदि के रूप में आते हैं। फिलोमिना को उस सुनामी में अपना घर, सारा संपत्ती, बच्चा, सांस, और पति को भी नष्ट हो जाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि हम जो देते हैं वही लेते हैं।

डॉ.बाबु .जे की कहानियों में समाज के अनेक समस्याओं का चित्रण देख सकते हैं। मानव जीवन की हर पहलुओं को वह अपनी कहानियाँ द्वारा अंकित किया है। समाज की हर विषय सुन्दर एवं सरल रूप में दर्शाया है। उनकी कहानियाँ केवल मनोरजन मात्र नहीं, चिन्तन का प्रेरणा करते है। उनकी भाषा सरल एवं सुंदर है। समाज के साधारण आदमियों उनकी कहानियों की पात्र बन गए हैं। आशा है कि आने वाले समय में ही वह अपने रचनाओं द्वारा दक्षिण हिन्दी साहित्य को विस्तृत बनाएगा।

*****

संदर्भग्रंथ सूची:-

1. तहबील- डॉ. बाबू. जे- पृ.स 13
2. तहबील- डॉ. बाबू. जे- पृ.स 33
3. तहबील- डॉ. बाबू. जे- पृ.सं 47
4. तहबील- डॉ. बाबू. जे- पृ.सं 78
5. तहबील- डॉ. बाबू. जे- पृ.सं 103

मूर्ति पूजा का खंडन

कबीर ने मूर्ति पूजा को खण्डन किया है

"कबीर पाहन पूजे हरि मिलै, तो मैं पूजूं पहार।
घर की चाकी क्यों नाहिं पूजैं पीसि खाय संसार।।"

कबीर कहते हैं कि यदि पत्थर की पूजा करने से भगवान मिलते हैं मैं पहाड़ की पूजा कर लेता। उसकी जगह कोई घ र की चक्की को नहीं पूजता जिसमें अनाज को पीसकर स भी लोग अपना पेट भरते हैं।

स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्य निबंध साहित्य : राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में

डॉ. सचिन कदम
हिंदी विभाग, संगमनेर नगरपालिका कला दा.ज. मालपाणी वाणिज्य तथा ब.ना.सारडा विज्ञान महाविदयालय, संगमनेर जि.अहमदनगर 422605 (महाराष्ट्र)

गणेश गभाले
शोधार्थी
हिंदी विभाग सावित्री बाई फुले पुणे विश्वविद्यालय -पुणे.

भूमिका:-

वर्तमान काल में राजनीति जीवन का अंग बन गई है। स्वतंत्रता से लेकर आज तक राजनीतिक क्षेत्र में उथल-पुथल मची हुई है। स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्य निबंधकारों ने राजनीतिक क्षेत्र को विभिन्न आयामों से पाठकों के सामने रखा है। व्यंग्यकारों ने राजनीतिक क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को निबंध साहित्य में प्रस्तुत किया है। नेतागण राजनीति का व्यापार करते हैं, सौदेबाजी करते हैं, रिश्वतखोरी को बढ़ावा देते हैं। ऐसे कुकर्मो से राजनीतिक ढाँचा लुढक जाता है, जिससे भारतवर्ष के विकास में बाधाएँ आती हैं। स्वतंत्रतापूर्व और स्वातंत्र्योत्तर काल की राजनीति कलुषित रही है। राजनीति किसी भी देश-व्यवस्था की रीढ़ होती है। बीसवी सदी के उत्तरार्ध में ज्यादा मात्रा में भारतीय राजनीति में जिस तेजी से गिरावट आई उसे स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्यकारों ने सूक्ष्मता से जाँचा-परखा है। स्वाधीन भारत के आम आदमी में टूटते, उभरते सपनों को व्यंग्य निबंधों में उजागर किया है। व्यंग्य निबंधकार राजनीति को ताश का खेल कहते हैं। राजनीतिक परिवेश में नेता ही बड़े ठग होते है। वे ही जनता को मनमाने ढंग से लुटते हैं .जनमानस के मानसपटल पर स्वतंत्रता के साथ-साथ नए सपनों की कुलबुलाहट होने लगी थी। रूढियों और परम्पराओं से ग्रस्त समाज को सवाँरना सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी। देश में नीति संपन्नता, दूरदर्शिता तथा आदर्श स्थापन करना जरूरी था। भारतीय जनता की गरीबी से मुक्तता कर सुखी जीवन और प्रगतिशील समाज की स्थापना करना आवश्यक था। वर्गविहीन, शोषणमुक्त समाजवादी समाज की स्थापना करना राजनेताओं के सामने चुनौती थी, किन्तु देश विभाजन से देश की राजनीति ने एक अलग मोड़ ले लिया और भारतीय हिंदु-मुस्लिमों में दंगे-फसाद शुरू हुए। उँच-नीच का भेदभाव बढ़ता गया। देश की आर्थिक उत्थान के लिए जो पंचवार्षिक योजनाएँ लाई गई उसका फायदा नेतागणों ने लिया। परिणाम स्वरूप देश को गरीबी से मुक्ति नही मिल पायी। व्यंग्य निबंधकारों ने राजनीतिक क्षेत्र में फैली सारी समस्याओं कों अपने निबंधों में उजागर कर देश की कलुषित राजनीतिक परिवेश का पर्दाफाश किया है ।राजनीतिक परिवेश के संदर्भ में सुदर्शन मजीठिया जी कहते है - 'राजनीतिक नेताओं ने सारे देश की लुटिया डुबो रखी है। यदि भारत के समस्त नेताओं का एक्सपोर्ट कर दिया जाये तो भारत की समस्त समस्या एक ही दिन और रात में सुलझ जाएगी और भावात्मक एकता का विकास होगा सो अलग।'[1] मजीठिया जी का मानना हैं कि हमेशा से ही राष्ट्र के उत्थान और पतन में राजनेताओं का हाथ होता है। उनका देश के प्रति देखने का नजरिया ही देश का भविष्य तथा समृध्दि तय करता है, लेकिन भारतवर्ष में हमेशा से ही होनहार और विवकेशील नेता की कमी महसूस होती है। राजनेता हमेशा जनता को धोखा देते हुए नजर आते हैं। उन्हें अपने वादों के मोहजाल में फसाते हैं, विवेकी मनुष्य भी उनके वादों को सच मान बैठते हैं। ऐसे नेताओं को उनकी औकात दिखाना जरूरी बन गया है

बीज शब्द: व्यंग्य, राजनीति, नेता, वोट, चुनाव, जनता, समस्या, दबंग।

'एक भारतीय मन्त्री का भौगोलिक वर्णन' निबंध में रोशनलाल जी ने नेताओं की कार्यपध्दति, उनका व्यक्तित्व और उनके कारनामों पर व्यंग्य किया है। मंत्री को चुनाव टिकट मिलने से पहले की परिस्थिति अत्यंत दयनीय होती है। टिकट के लिए भरसक राजनीतिक डाँवपेच खेले जाते हैं। दूसरे दल को प्रताड़ित किया जाता है, उन्हें डरा धमकाकर टिकट हासील किया जाता है। चुनाव के पहले और चुनाव जीत के बाद नेताओं के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक सभी स्तरों में बदलाव किस प्रकार से आता है। उदा.द्रष्टव्य है- ''मंत्री होने से पहले इनके पूर्व में सट्टे लगानेवाले, पश्चिम में पनवाड़ी, मुंह के सामने एक लंबी वीरान सड़क एवं पीठ पीछे मुहल्ले के आवारा बालक लगे रहते थे। इन के नीचे उधार की चप्पल तथा चपलों के नीचे नंगी जमीन रहा करती थी।''[2] प्रस्तुत उध्दरण में नेता की चुनाव से पूर्व जो दयनीय दशा, निर्धनता एवं कुकर्म होते हैं, उसको यथार्थ रूप से दर्शाने का प्रयास किया है। जब वे नेता चुनकर आते हैं, सांसद बनते हैं तो उनका पूरा माहौल बदल जाता है। नेता बनने के बाद करप्शन, धोखाधडी, गबन करके अपनी आर्थिक स्थिति को इतना बेहतर बनाते हैं कि देखनेवाले आवक् रह जाते हैं और सोचते हैं, नेता ने ऐसा क्या किया जिससे इतनी तरक्की हुई। धनी बनने के बाद इनके आस-पास खुशामदी और प्रशंसकों की भीड़ लग जाती है। इनके सामने माइक और जन समुद्र लहराता है। तो पीठ-पीछे गुण्डों और पुलिसवाले साथ चलते हैं। इनके नीचे विदेशी काठ से बनी कुर्सी अथवा भारतीय गरीबों के भाग्य की गद्दी बिछी होती है। जिस पर बैठकर नेता बडी शान से अपना रौब झाडता है। भ्रष्टाचार करके नेता अपने-आप राजा-महाराजाओं का ठाठ निर्माण करता है। प्रस्तुत निबंध में गरीबों की योजनाओं पर हाथ साफ कर मौज-मस्ती भरी जिंदगी जीनेवाले भ्रष्ट नेताओं पर लेखक ने व्यंग्य चोट की है।

'भारत का राष्ट्रीय पक्षी' निबंध में संसारचंद्र जी ने मुर्गे के माध्यम से नेता की दबंगगीरी की समस्या को उजागर किया है। नेता अपने पद एवं रूतबे का फायदा उठाकर दबंगगीरी फैलाता है। चूने जाने पर अपने आप दबंग बन जाते हैं। अपना रौब सभा-सोसाईटियों के कार्यक्रमों में दिखाते हैं। उसकी प्रकृति और चरित्र की उसे कोई चिंता नही रहती। सामान्य वोटर भी बार-बार उसे चुनकर देते है। नेता चुनाव के दौराने बड़े-बड़े वादे करते हैं, वोटरों के सामने हाथ जोड़ते हैं, किन्तु चुनते ही दबंगगीरी शुरू करते हैं। नेता जब तक कार्यकर्ता को इजाजत नही देता तब तक उनके सामने कोई नही बोल सकता। मुर्गे के माध्यम से नेता की दबंगगीरी और रौब को दर्शाया है। उदाहरण द्रष्टव्य है-''मुर्गा उचककर नीम के ठूँठ पर जा बैठा और पोटा तानकर उसने एक लंबी बांग दी और साथ ही कौवे की ओर देखा जिसका अभिप्राय था कि सावधान हो जाओ, क्रान्फ्रेन्स की कार्रवाई शुरू हो गई है और कौवे को बोलने की आज्ञा है।''[3] नेता की दबंगगीरी की वास्तव समस्या को उजागर किया है। साथ ही साथ राजनीतिक चुनावी माहौल के दौरान घात-प्रतिघात की राजनीतिक दाँवपेचों को दर्शाया है। तोता और कबुतर का झगड़ा इस ओर संकेत करता है कि चुनावों में किस प्रकार एक दूसरे को निचा दिखाया जाता है। और अपना पगड़ा भारी किया जाता है।आरोप-प्रत्यारोप चुनाव के दौरान की बहुत बड़ी विभीषिका है। वोटरों को गुमराह करने के लिए नेता के व्यक्तित्व को उछाला जाता है। बड़े नेता के इशारे पर खड़े उमीद्वार को चलना अनिवार्य होता है। बुल-बुल तथा तोते पर प्रहार करती हुई कहती है। तोते को सबकुछ सिखाया जाता है। मतलब वो दूसरे के विचारों पर चलता है। उदाहरण द्रष्टव्य है-'' यह तोता हिन्दी रक्षा समिति का भेजा हुआ किराये का टट्टू है। इसे अपनी कोई आवाज नही। ''इसे जो पट्टी पढ़ाई गई है, वही रटी-रटाया पाठ इसने पढ़ सुनाया है। ''[4] कुछ नेता हायकमांड के हाथों की कटपुतली होते है। अतः बड़े नेताओं के इशारों पर नाचने वाले पार्टी नेताओं पर व्यंग्य कसा है और अपने फायदे के लिए चुनाव जीतनेवालों पर व्यंग्य किया है।'सरकार के आकार' निबंध में गोपाल चतुर्वेदी जी ने सरकार के खोखले कामकाज की समस्या को उजागर किया है। जब सरकार चुनकर आती है, तो पहले वे अपने फायदे, विकास के लिए काम करते हैं। बाद में जनता की समस्या को देखते हैं। सरकार काम तो करती है लेकिन उसमें जनसेवा को कही भी स्थान नही होता। जो भी विकास कार्य करते हैं उसमें नेताओं का अपना नीजि स्वार्थ होता है। सरकार अवचेतन बनी हुई रहती है, सजगता उसमें नही होती। वे अलग-अलग दांवपेचों के चश्में पहनकर काम करते हैं। उदाहरण द्रष्टव्य है- ''सरकार हमेशा चश्मा लगाकर काम करती है। लोगों की समस्याओं को अपने चश्मे से देखती है। कभी नियम-कानून उनके समाधान में आड़े आ जाते हैं, तो कभी वित्तीय साधन।''[5]

लेखक का मानना है कि ऐसा कोई भी जनमानस नही जो सरकार के दरबार में जाकर मुस्कुराकर लौट आए। जब मिलन का वक्त होता है, तो सरकार दौरे पर निकल जाती है। जब फोन पर बात होती है, तो नेता बड़े आश्वासन देते हैं। उदाहरण द्रष्टव्य है- ''कलतक आपके मोहले के नल में पानी आ जाएगा। या आपका बढ़ा चढ़ा बिल सही हो जाएगा।''[6] नेता के आश्वासनों का कल कभी भी नहीं आता। इस प्रकार नेता के स्वार्थी, झूठे, दोगले व्यक्तित्व एवं अकमर्ण्यशीलता पर कड़ा प्रहार किया है . 'सियासी विविधता में एकता' निबंध में चतुर्वेदी जी ने राजनीतिक पार्टियों के आपसी मिलीभगत की समस्या को उजागर किया है। भले ही अलग-अलग पार्टियाँ चूनाव के दौरान एक-दूसरे के विरोध में खड़े हो जाए, किन्तु भ्रष्टाचार के लिए सारे एकसाथ मिल जाते हैं। सुधार योजनाओं का पैसा लुटने के लिए हर पार्टी जिम्मेदार होती है। उदाहरण द्रष्टव्य है- ''भारत की सरकार अमीर है, जनता गरीब है। सरकार के पास उड़ाने के लिए इतना है कि खादय गोदामों में रखे सड़ते हैं और आदमी भूखे से मरते हैं। वैसे जानकारों की मान्यता है कि अगर यह सरकारी गेहू और चावल भूखे खाते भी तब भी उनकी मौत निश्चित थी। फर्क इतना है कि तब वह भूख से नही विषाक्त भोजन से मरते।''[7] राजनीतिक फैसले सबको प्रभावित करते है। राजनेताओं के स्वार्थ प्रवृत्ति के कारण आम जनता तो अनाज धन-धान्य नहीं मिलता जिससे लोग भूखे मर रहे हैं। देश के गोदाम हमेशा नेताओं के फायदे के लिये खुलते है। 'चुनाव की चकचक' निबंध में आत्मानंद मिश्र जी ने चुनावी माहौल की समस्याओं को उजागर किया है। राजनीतिक क्षेत्र उथल-पुथल का होता है। स्वार्थ, झूठ, चापलूसी, विद्रोह, दंगे आदि सारे दुर्गुणों का वास राजनीतिक परिक्षेत्र में रहता है। चुनाव घोषित होते ही राजनेता सक्रिय बन अपने आपको सिध्द या पोपुलर करने के लिए सभा, सम्मेलन, भाषणबाजी करते हैं। उदाहरण द्रष्टव्य है-''एक-एक सीट के लिए तीन से तेइस प्रत्याक्षी खड़े हैं। प्रत्येक प्रत्याक्षी एक दिन बारह-प्रन्द्रह भाषण झाड़ता है और यदि क्षेत्र में दस प्रत्याक्षी मान लें तो सवा डेढ़ सौ भाषण प्रतिदिन की रफ्तार है।...विपदवी विघ्नकर्ता भी हुल्लडबाजी, मुक्केबाजी नया तुफाने बदतमीजी में विश्वास रखते है।''[8] चुनाव के दरम्यान नेताओं की अति भाषणबाजी, हुल्लडबाजी, धोकेबाजी, दलबदलु वृत्ति जैसे दुर्गुण और प्रत्याशिओं की ज्यादा संख्या, विरोधी दल की कुप्रवृत्ति जैसी समस्याओं को उजागर किया है।

निष्कर्ष:-

भारतवर्ष जब स्वाधीन हुआ तब से लेकर अब तक राजनीतिक क्षेत्र विसंगतियों से लबालब भरा पड़ा दिखाई देता है। जब से चुनाव लडना आरंभ हो गया है, तब से मानो नेताओं का व्यक्तित्व कलुषित हो रहा है। राजनीतिक दल केवल अपनी पार्टी को मजबूत बनाने लगा है, जिसके कारण आर्थिक क्षेत्रो में बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार हो रहा है। आज के समय में राजनीतिक दांवपेच और हथकण्डों ने सभी मतदाताओं को उलझन में डाल दिया है। परिणामत: उचित पार्टी का चयन न होने से विकास केवल कागज तक सीमित रह गया है। धार्मिक मुद्दो को हथियार बनाकर मतदाताओं का मानो दमन हो रहा है। अत: सच्चे देशभक्त एवं समाज सेवी सांसद चुनकर आने लगेंगे तो निश्चित तौर से भारत की स्थिती अधिक बेहतर बन जायेगी और जनमानस के सपनों का भारत निर्माण हो जायेगा।

****

संदर्भ सूची :-

1. सुदर्शन मजीठिया- मेरी श्रेष्ठ व्यंग्य रचनाएँ, ज्ञान भारती प्रकाशन, दिल्ली, पृ.41
2. रोशनलाल सुरीरवाला- एक भारतीय मन्त्री का भौगोलिक वर्णन (पत्नी शरणं गच्छामि),, पृ.183
3. संसारचंद्र- भारत का राष्ट्रीय पक्षी (सोने के दांत), हिंदी साहित्य संसार दिल्ली,पृ.78
4. वही . पृ.78
5. गोपाल चतुर्वेदी- सरकार के आकार (गंगा से गटर तक), ज्ञान गंगा प्रकाशन ,दिल्ली,1997, पृ.103
6. वही . पृ.103
7. गोपाल चतुर्वेदी- सियासी विविधता में एकता (गो. चतुर्वेदीः संकलित व्यंग्य),नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया नई दिल्ली, 2011, पृ.53
8. आत्मानंद मिश्र- चुनाव की चकचक (मुश्किल में पड़ गये), ग्रन्थम रामबाग कानपुर,1973, पृ.66

शोध-प्रकार और समीक्षा

डॉ.समय लाल प्रजापति

सह-प्राध्यापक हिन्दी

शास. ठा. रण.सिंह महाविद्यालय रीवा,मध्यप्रदेश

उद्देश्य की दृष्टि से:-

शोध दो प्रकार के हो सकते है। एक प्रकार वह है जिसका केवल वैज्ञानिक पद्धति से अनुमानित परिकल्पना के आधार पर किसी तथ्य या सिद्धांत का शोध करना है। इसे शुद्ध शोध (Pure Research) कहते है। उदाहरणार्थ आइंस्टाइन के पदार्थ और ऊर्जा को अभिन्न सिद्ध करने के अनुसंधान को हम शुद्ध शोध के अन्तर्गत रख सकते है| दूसरा प्रकार वह है जिसका उद्देश्य शुद्ध शोध के परिणाम को व्यावहारिक या कार्यशील शोध (Practical or Action Research) की संज्ञा दी जाती है। आइंस्टाइन के शुद्ध शोध को आधार बनाकर एटम बम बनाने का जो शोध कार्य किया गया वह व्यावहारिक या कार्यशील शोध के अन्तर्गत आयेगा|

काल की दृष्टि से:-

01. ऐतिहासिक शोध में मानव के विविध दिशाओं जैसे साहित्य, संस्कृति, भाषा, विज्ञान आदि में होने वाले भूतकालिक प्रयत्नों, कार्यों का वैज्ञानिक पद्धति से अन्वेषण होता है, जिससे अतीत को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समझने की सुविधा हो सके।

02. व्याख्यात्मक या वर्णनात्मक शोध में मानव-जीवन की सभी वर्तमान समस्याओं पर, चाहे वे साहित्य, समाज-विज्ञान या शुद्ध विज्ञान से संबंध रखती हो, अनुसंधान किया जाता है| वर्णनात्मक शोध में तथ्यों का संकलन मात्र न होकर उनकी व्याख्या होती है और मूल्यांकन होता है। सामाजिक विज्ञानियों ने इस प्रकार के शोध का निश्चित पारिभाषिक शब्द स्थिर नहीं किया कोई इसे 'वर्णनात्मक शोध' और 'सर्वे शोध' कहते हैं। पहला नामकरण भी बहुत एकार्थक नहीं है। प्रायः सभी प्रकार के शोधों में वर्णन या व्याख्या होती है। सर्वे शोध' विशेष प्रकार की शोध समस्या के हल में कार्यान्वित होता है।

सर्वेक्षण या सर्वे -शोध:-

इसका प्रयोग शिक्षा तथा समाजशास्त्रीय विषयों में होता है। इसमें समाज से संबद्ध तथ्यों का निरीक्षण और संकलन किया जाता है। इसका सामान्य सांख्यिकी से संबंध रहता है। यह निश्चित समस्या का सावधानीपूर्ण विश्लेषण सहित तर्कपूर्ण हल प्रस्तुत करता है इस प्रणाली के अन्तर्गत शैक्षणीय, समाजशास्त्रीय, अर्थशास्त्रीय, भाषा-विज्ञानीय आदि सर्वे कार्य सम्पन्न होता है।

03. प्रयोगात्मक शोध से सावधानीपूर्वक नियंत्रित परिस्थिति में किसी समस्या का क्या परिणाम निकलेगा, यह ज्ञात होता है। यह विज्ञान की प्रयोगशाला की प्राचीन पद्धति है। यह प्रविधि अन्य प्रकार के शोधों से अधिक जटिल है। इसकी उपयोगिता सुव्यवस्थित और नियंत्रित प्रयोगशालाओं में ही साधित हो पाती है। इसे शालीय कक्षाओं में भी किन्ही सीमाओं के अन्तर्गत प्रयुक्त किया जा सकता है। यदि दो स्थितियों प्रत्येक दशा में समान हो और उनमें से एक में एक तत्व को जोड़ दिया जाये पर दूसरे में न जोड़ा जाये तो उस स्थिति से जो अन्तर आयेगा, वह जोड़े हुए तत्व को परिणाम होगा। अथवा दो समान स्थितियों में केवल एक से एक तत्व घटा दिया जाए तो घटाने से जो अन्तर आयेगा वह उस घटाये हुए तत्व का परिणाम होगा।एकल विभेद-नियम' (लॉ आफ सिंगल वेरीएशन) प्रयोगशाला में होने वाले प्रयोगों का प्रायः आधार बनता है। राबर्ट बॉयल ने इसी प्रविधि के आधार पर 'गैसों का नियम' निर्धारित किया| मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला में भी इस नियम के आधार पर प्रयोग किये जाते हैं| वैद्यकीय-शोध (मेडिकल रिसर्च) भी इसी नियम के आधार पर प्रयोग किये जाते है। द्वितीय महायुद्ध के समय वैद्यकीय शोध कमीशन ने कुछ ऐसी औषधियों की परीक्षा करनी चाही जो समुद्र की बीमारी में लाभप्रद हो। छः महीने तक डॉ. डेविड टेलर ने 20 हजार सैनिकों पर दवाइयों का प्रयोग किया। ये सैनिक स्वेच्छ रूप में एक लाख सैनिकों में से चुने गये थे। कई औषधियों का उपयोग किया गया। अन्त में बेलोडीना और बारबिट्युरेट से तैयार की गई औषधियां अधिक प्रभावकारी सिद्ध पाई गई| प्रयोग करते समय कुछ सैनिकों को कोई भी औषधि नहीं दी गई और कुछ को दी गई। जिन्हें नहीं दी गई वे बीमार पड़े और जिन्हें दी गई, ये बीमारी से बचे रहे।

यहाँ 'लॉ आफ सिंगल वेरीएशन' (एकल तत्व विभेद -नियम) का आधार लिया गया। शिक्षा में छात्रों की बौद्धिक क्षमता आदि की जाँच के समय भी इसी नियम को आधार बनाया जाता है। इस नियम को जॉन स्टुअर्ट गिल ने प्रतिपादित किया था इस नियम को और स्पष्ट रूप से समझने के लिए एक उदाहरण देखिये। मान लीलिए क -ख -ग व्यक्तियों में एक समूह के भोजन तत्व है | और द –ख-ग व्यक्तियों के दूसरे समूह के भोजन -तत्व है। दोनो समूहों के व्यक्तियों के वजन और स्वास्थ्य में कोई अन्तर नहीं है। डाक्टरी परीक्षा से यह निश्चित हो चुका है | बजन बढ़ाने के लिए हम गाय के दूध तत्व 'द' की क्षमता का प्रयोग करना चाहते हैं। हमने दूसरे समूह के व्यक्तियों को गाय का दूध 'द' तत्व दिया और पहले समूह के व्यक्तियों को उससे वंचित रखा | पन्द्रह दिन के पश्चात हमने डॉक्टरी जाँच में पाया कि प्रथम समूह के व्यक्तियों के वजन में कोई वृद्धि नहीं हुई पर द्वितीय समूह के व्यक्तियों का वजन बढ़ा | हमने दोनों समूह के व्यक्तियों के भोजन में पदार्थों और मिकदारों में कोई अन्तर नहीं होने दिया था। केवल दूसरे समूह के भोज्य पदार्थों में गाय का दूध जोड़ दिया था। अतः सिद्ध हुआ- 'दूध' भारवर्धक तत्व है। दूसरे समूह के भोजन में एक तत्व बढ़ाया गया और पहले समूह के भोजन में एक तत्व की कमी रखी गई। फल अभिवृद्ध तत्व का कारण है। अब यदि दोनो समान स्थितियों के समूहों में प्रत्येक में 'द' तत्व जोड़ दिया जाये तो दोनो समूहों का परिणाम एक होगा जिसे हम 'व' कहेंगे।

क+ख+द=व

क+ख+द=व

अतः 'द' कार्य का परिणाम 'व' हुआ।

यहाँ यह स्मरण रहे कि, यह कारण- कार्य संबंध तभी सिद्ध होगा जब हम परिस्थितियों पर समान रूप से नियंत्रण में रख सके | इस नियम की कठिनाई यहीं है कि परिस्थितियों की समान स्थिति बनाए रखना सहज साध्य नहीं है।

समीक्षा:-

क्या शोध समीक्षा है? क्या समीक्षा शोध नहीं है? दोनो प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' और 'नहीं' में दिये जा सकते है। शोध, समीक्षा नहीं है पर उसमें समीक्षा का अंश रहता है। जब तथ्यों का विश्लेषण किया जाता है तब उसका मूल्यांकन भी किया जाता है। इसके विपरीत 'समीक्षा' में शोध का अंश आवश्यक नहीं है| जहाँ शोध में तटस्थता की अनिवार्यता होती है वहाँ समीक्षा में तटस्थता अनिवार्य नहीं होती। समीक्षा में समीक्षक का समीक्ष्य कृति के प्रति तटस्थ भाव धारण करना आवश्यक नहीं है। समीक्षा आत्मपरक अधिक होती है। प्रभाववादी समीक्षा तो स्वयं एक 'साहित्य' का रूप धारण कर लेती है। मार्क्सवादी समीक्षा मे मार्क्स के सिद्धांत कृति के मूल्यांकन की कसौटी बनते है। समीक्षक का 'वाद' प्रायः कृति की समीक्षा का आधार बनता है। आत्मपरकता शुद्ध शोध में प्रायः बाधक बनती है, बनी है।

'शोध' के प्रस्तुतीकरण की प्रविधि विषय के अनुरूप भिन्नता धारण करती है। साहित्य की समीक्षा के प्रस्तुतीकरण में समीक्षक की अपनी रूचि प्रधान होती है, उसका माध्यम गद्य या पद्य बन सकता है। समीक्षा सूत्र का रूप धारण कर सकती है यथा-

1. "सूर सूर तुलसी शशि उड़गन केशवदास"

2. उपमा कालिदासस्य, भारवे अर्थ गौरवम, दंडिनः पद लालित्यम, माधे सन्ति त्रयोगुण:

अथवा दीर्घ भाष्य (व्याख्या) आदि का रूप धारण कर सकती है। शोध पद्य में नहीं, गद्य में ही तर्क पूर्ण विश्लेषाणात्मक निष्कर्ष सहित प्रस्तुत होता है। अतः शोध और समीक्षा के अपने भिन्न-भिन्न क्षेत्र है। निष्कर्ष यह है कि, शोध समीक्षा सहित होता है, परन्तु समीक्षा का शोध सहित होना बिल्कुल आवश्यक नहीं है।

*****

वृद्धावस्था की त्रासदी और 'नटसम्राट'

प्रो. संजय एल.मादार
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत
हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद 500004
Mo.9945664379.

(मूल मराठी नाटक. 'नटसम्राट' ले.-'कुसुमाग्रज')

एक प्रतिभा संपन्न मानवतावादी लेखक 'कुसुमाग्रज' के नाम से लोकप्रिय साहित्यकार विष्णु वामन शिरवाडकर का मराठी साहित्य को अमूल्य योगदान रहा है । जीवन लहरी **(1933)** से मूक्तायन **(1984)** तक इनकी काव्य यात्रा अत्यधिक भव्य रही और मारवा **(1999)** तक चलती रही । कुल चौदह कविता संकलन के वे दाता रहे हैं । इनके विशाखा **(1942)** इस काव्य संग्रह को आधुनिक मराठी कविता का गहना माना जाता है । तीन उपन्यास, छह कहानी संकलन, पाँच ललित कथा,पाँच बाल साहित्य पर आधारित पुस्तकें छह एकांकी और अठारह नाटकों के निर्माता 'कुसुमाग्रज' का जन्म **27** फ़रवरी **1912** में पुणे महाराष्ट्र में हुआ । जिस तरह इनकी प्रतिभा काव्य के क्षेत्र में रही उसी तरह नाटकों में भी चमकती रहीं । इनके नाटकों में *'नटसम्राट'* अत्यंत प्रसिद्ध नाटक रहा है । इसे सन् **1974** का साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ । वे **1964** के गोवा साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष भी रहे चुके है। भारतीय साहित्य के विशिष्ट एवं सक्रिय योगदान के लिए सन् **1987** का साहित्य का सर्वश्रेष्ठ 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार से इन्हे सन्मानित किया गया । इनका जन्मदिन मराठी भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है । साथ ही 'स्विज़रलैंड की इंटरनेशनल स्टार रजिस्ट्री' इस संस्था ने इनके जन्म दिन के निमित्त 'कस्टर' के पास वाले 'रो' तारे को 'कुसुमाग्रज' नाम दिया है ।

भारतीय साहित्य विभिन्न प्रादेशिक साहित्य सुमनों से भरा हुआ एक ही उपवन है । जिस प्रकार पुष्पों के पृथक रूप रंग होते हुए भी इनमें एक ही रस का, एक ही सुगंध का अस्तित्व है। उसी प्रकार विभिन्न प्रादेशिक साहित्यों की बाह्य रूप रंगों में विभिन्नता और आंतरिक चेतना की संभावना दिखाई देती है । विश्व के किसी भी कोने में उभरता एकाध विचार की संभावना दिखाई देती है । विश्व के किसी भी कोने में उभरता एकाध विचार या घटना का असर दूसरे ही क्षण सुदूर में बसे आम आदमी पर भी होता हुआ दिखाई देता है ।मराठी साहित्य के आधुनिक काल के नाटककारों में कुसुमाग्रज का नाम आदर के साथ लिया जाता है । चिंतन के क्षेत्र की ऊँचाइयों तक पहूँचती प्रकृति और प्रणय के ऐंद्रिय पक्षों की सूक्ष्म चेतना के धनी कुसुमाग्रज सामाजिक जीवन में अन्याय,असमानता तथा अत्याचार से उपजते द्वंद्व का चित्रण भी करते है। इनका प्रेरणादायक आदर्शवाद जीवन के अंधरकारमय तथा विद्रूप पक्ष की अवहेलना नहीं करता। अतः इनका साहित्य गीतात्मक तथा विचारात्मक दोनों ही है । इसमें असामान्य कल्पना, संस्कृत की महिमा तथा गरीमा विद्यमान है । यह गहनता इनके नाटकों में भी व्याप्त है ।

'नटसम्राट' इस नाटक की रचना अभिनेता अप्पासाहब बेलवलकर (मूल नाम- गणपराव बेलवकर) के जीवन पर आधारित है । अभिनेता अप्पासाहब बेलवरकर को सामाजिक प्रतिष्ठा अवश्य थी । लेकिन कौटुंबिक जीवन में मात्र अपनी वृद्धावस्था में अपने ही बच्चों से हुई अवहेलना, बेटी द्वारा उनके घर में किया हुआ अपमान और इन सबके कारण 'लोग बुरे नहीं होते लेकिन वृद्धावस्था बुरी होती है' यही एक मध्यवर्ती सूत्र नाटककार ने नाटक के आरंभ से लेकर अंत तक स्थापित किया है । यहाँ पर अभिनेता बेलवलकर से भी एक कुटुंब के पिता की वास्तविक शोकांतिका हुई है । अप्पासाहब बेलवलकर मराठी रंगभूमि की विख्यात हस्ती हैं । परंतु रंगभूमि से निवृत होने के बाद खुद के कौटुंबिक जीवन में पिता के नाते अपना महत्व और उम्र का बड़प्पन इन दोनों बातों का तिरस्कार मानभंग अपने ही कोख से जन्मे बच्चों से स्वीकारना पडा। इसलिए बाहरी रंगभूमि का 'नटसम्राट'

कौटुंबिक जीवन के रंगमंच पर पिता की भूमिका में हार चुके है । वह लगभग **40** साल तक रंगभूमि पर 'नटसम्राट' के नाम से जिये और प्रसिद्धि भी पायी, साथ जीवन के सुखी क्षणों की ऊँचाईका अनुभव करते हुए रंगमंच से निवृत्त हुए। लेकिन रंगमंच के बाहर आते ही जीवन के वह सुखी क्षण मिट्टी में मिल गये।

इनका कौटुंबिक पसारा बहुत छोटा है। पत्नी कावेरी, बेटा नंदा, बहु शारदा, बेटी नलू, दामाद सुधाकर और पोती ठमी इतना मात्र है इनका कौटुंबिक भाव विश्व। बेटा और दामाद दोनों बडे कर्तव्यनिष्ठ है । इस बात की खुशी और अभिमान अप्पासाहब को है । कौटुंबिक जीवन की इस सुखद बेला में अब खुशी के चार दिन बिताने की बात सोच ही रहे थे, तब तक जीवन के कौटुंबिक स्तर पर याने खुद बेटे के घर में बहु से अपमानित होने की नौबत आ जाती है। बेटे को पिता के प्रति आदर है, उनके चरणों में श्रद्धा है । लेकिन पत्नी के सामने वह बोल नहीं पाता। यह आज की नई सुशिक्षित विभक्त और अलिप्तवादी कौटुंबिक जीवन की नई विचार धारा और परिस्थिति इस घर में भी निर्माण हो चुकी है । जब घर से बेटी की सत्ता चली गयी तब बेटी के आश्रय में दोनों पति-पत्नी चले जाते है।तब जीवन संघर्ष का एक और रूप बेटी के घर में सामने आता है।

वहाँ का अनुभव भयानक रहा है । क्योंकि पति की तनखाँ चोरी हो गई समझकर पिता की अलमारी और माँ के संदूक की जाँच बेटी नलू करती है । इस असहनीय घटना से माँ मरनांसन्ने स्थिति में पहुँच जाती है । वास्तव में पैसे का बटवा भूलकर अन्यत्र रह गया था। वह बाद में मिल जाता है । यह सच्चाई जब सामने आ जाती है तब अपनी गलती को स्वीकारते हुए बेटी नलू अपने पिता से क्षमा मांगती है । लेकिन माँ-बाप के मन में एक प्रश्न बार-बार घुमता रहा कि अपने माँ-बाप चोर है ? ऐसा बेटी को लगा ही कैसे ? रंगभूमि का यह सम्राट बेटा और बेटी से इस तरह अपमानित होता है । इसलिए नटसम्राट को परिवार के पिता की भूमिका ने हरा दिया है । पत्नी कावेरी के निधन के बाद अंतिम अंक अकेला अप्पासाहब रंगभूमि और बाहरी दुनिया इस बीच की कलात्मक और वास्तविक इन दोनों स्थर पर जीवन का शोध लेने का प्रयास करता है । थियेटर के बाहर सीढ़ियों पर बैठकर बूट पॉलिश करनेवाले युवक (नाम – राजा) इनकी व्यथा समझता है । यह बूट पॉलिश युवक नटसम्राट से प्रेम से रहता है । इतना ही नहीं बल्कि पिता के रूप में उन्हे गोद ही ले लेता है । साथ ही अपने आश्रम में रखने की इच्छा प्रकट करता है । यह सामान्य बालक नटसम्राट बेलवकर जी को जीवन का तत्वज्ञान बताता है । यह भी एक तरफ़ से नटसम्राट की शोकांतिका ही है । नटसम्राट का नाटकों में स्थान और कुटुंब में उनका स्थान इन दोनों को वृद्धावस्था का शाप मिलने से गौणत्व आया है । 'वृद्धावस्था अटल और अपरिहार्य जीवन दशा है।'

वृद्धावस्था मतलब जीवन की शोकांतिका का सामना करने की मन की तैयारी । शारीरिक शोकांतिका तो पहले ही घट चुकी होती है । उसके लिए अलग तैयारी की जरूरी नहीं होती है । कुछ एक अपवादों को छोडकर वृद्धावस्था कभी शाप मुक्त नहीं होती है । अपने बच्चों से वास्तविक जीवन की अपेक्षा पिता के नाते कौटुंबिक स्तर पर जीनेवाले कलाकार को जब दुख देते है तब उनका आत्मसंघर्ष वास्तविक नाटक और वास्तवादी नाटक इस खुद के ही दो अदाकारी से आरंभ होते है । नाटक में वास्तविकता नहीं बल्कि वास्तव का आभास मात्र होता है । वास्तविक जीवन का मुखौटा जब जायेगा तब जीवन की वास्तविक अदाकारी की परीक्षा आरंभ होती है ।

'नटसम्राट' इस नाटक की गहराई में जाकर अध्ययन और अनुसंधान करने लगते है तब मन में सवाल उठता है कि वास्तविक शोकांतिका किसकी है? कलाकार अप्पासाहब बेलवलकर की या वृद्धावस्था प्राप्त पिता बेल वलकर की ? इस प्रश्न का उत्तर यही आता है कि सही मायने में यह शोकांतिका पिता बेलवलकर की है। क्योंकि नाटक में अदाकारी यह एक व्यवसाय है। इस में सफ़ल हो भी गये तो व्यवसाय मुख्य नहीं है। इस में का इंसान मुख्य है। वृद्धावस्था एक अटल अवस्था है। इस अवस्था में उसे चाहिए घर । घर यह सिर्फ़ निवास स्थान नहीं बल्कि आश्रयस्थान भी है । यहाँ पर जिन्हे हम अपना समझते है वह अंत तक साथ निभाते है । यही साथ अप्पासाहब को मिलना चाहिए था । लेकिन उसी से वे वंचित रह गये । पत्नी कावेरी चोरी के आरोप को सहन नहीं कर पाई और यही सदमा आगे उनके निधन का कारण भी बन जाता है । उनका जीवन समाप्त हुआ । पत्नी का वियोग इनके जीवन की शोकांतिका का एक अविभाज्य हिस्सा बन जाता है ।

नटसम्राट में इनके जीवन की एक और त्रासदी सामने आती है कि वृद्धावस्था में पोते के साथ समय बिताना जीवन का एक सुखद क्षण है। लेकिन वह भी अप्पासाहब से छिन चुकी है । सभी तरफ़ से घर में कौटुंबिक स्तर पर अप्पासाहब दुखी, हताश और निराश हो चुके है । मैं लाचार नहीं बनूँगा यही उनकी आरंभ की भाषा थी। लेकिन प्रत्यक्ष में उन्हें घर में शून्य कीमत मिली है । लाचारी से बढ़कर नियतीने इन्हे दी हुई यह कठोर सजा है । और इसका भोग अटल है । अप्पासाहब की पिता के नाते हुई शोकांतिका भयंकर पराभव से हो चुकी है । प्रतिकूल परिस्थिति ने उनका पीछा आखिर तक नहीं छोडा । मनुष्य उम्र से भी बढ़कर प्रतिकूल परिस्थिति से अधिक मजबूर हो जाता है । दूसरे की भूमिका की वास्तविकता समझने से ज्यादा इस जंग में खुद की भूमिका क्या है यह समझना अत्यंत जरूरी है । और अगर यह बात समझ में नहीं आयी तो हिस्से में पराभव ही आयेगा । यही शोकांतिका प्रतिकूल परिस्थिति के कारण अप्पासाहब की हो गयी है ।

नाटक के अंत में नाटककार को संदेश देना होता है । यह बात खुद कलाकार ने खुद अपनी पोती ठमी कों कही है । लेकिन जब पोती अत्याग्रह करती है तत्व खुद ही वे संदेश दे देते है ।

'सूर को साथ दो, दिये को बात (बाती) दो
धूप में बैठे वृद्ध को सिर्फ़ अपना हाथ दों ।

इस संदेश में नाटककार ने नई पीढ़ी से प्रेम पूर्वक सहकार्य की इच्छा व्यक्त की है । मैं अश्रु नहीं बहाऊंगा कहनेवाला नटसम्राट आखिर थक चुका है । जीवन के अंत में जीना या मरना इस विचार में किसके पैरों पर माथा टिकाए ऐसी असहाय अवस्था इनकी हो चुकी है। 'कोई घर देगा या घर' इस बात की ज़ाहिर भीख मांगते हुए मूल वेदना है इनके लिए समाप्त हो चुकी घरौंदे की ।

*****

'पंचलाइट' : एक पुनर्पाठ

डॉ.निम्मी ए.ए.
सहायक आचार्य
परास्नातक हिन्दी विभाग एवं शोध केंद्र
सरकारी कला व विज्ञान महाविद्यालय
कोषिक्कोड, केरल मो .919747864786

शोध सार:
फणीश्वरनाथ रेणु मुकम्मल हिन्दी के विरले कथाकार हैं जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान और तकनीक के प्रवेश का चित्र अक्सर अपनी रचनाओं में खींचा है। लिहाज़ा उन्हें केवल आंचलिक कथाकार का जामा पहनाना संगत नहीं है। वाकई वे प्रेमचंद के बतौर तमाम भारतीय समाज की दड़कन को उकेरनेवाले महान कथाकार थे। बहरहाल उन्होंने जातिवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार की पनपती हुई बेल की ओर मात्र इशारा नहीं किया था, इसे समूल नष्ट करने की सख़्त ज़रूरत पर भी बल दिया था। 'पंचलाइट' कहानी समाज की जाति व सवर्ण केंद्रित संरचना के अंत:स्वरूप का जीवंत दस्तावेज़ है।

बीज शब्द:
फणीश्वरनाथ रेणु, आंचलिक कथाकार, जाति व सवर्ण केंद्रित संरचना, जातीय सभाचट्टी, पेट्रोमैक्स बालना, जातीय अस्मिता का आलोक, सवर्णवाद अथच ब्राह्मण वाद, पंचायत, पंचलाइट।

शोध विस्तार:

रेणु के पहले कहानी संग्रह का प्रकाशन १९५८ में 'ठुमरी' नाम से हुआ था। इसमें कुल मिलाकर नौ कहानियाँ हैं। क्रमशः 'रसप्रिय', 'तीर्थोदक', 'ठेस', 'नित्य लीला', 'पंचलाइट', 'सिर पंचमी का सगुण', 'तीसरी कसम उर्फ मारे गए गुलफाम', 'लाल पान की बेगम' और 'तीन बिंदिया'। इसकी तमाम कहानियाँ ठुमरी धर्मा ही है। ठुमरी की भूमिका में रेणु लिखते हैं -'इस संग्रह में'ठुमरी' नाम की कोई कहानी नहीं, सभी संयोजित कहानियां ठुमरिधर्मा हैं - अंतर्भाग एक ही है सभी कथाओं का - अंतर्भाग यानी विभिन्न स्वरों में प्रयोग से संपादित कारू-कार्य। एक ही मुहर, विभिन्न परिवेश में'। रेणु की कहानियों की खासियत यह है कि दरअसल वे अपनी कहानियों में 'अपने को' अर्थात 'आदमी' को ढूँढते फिरते है। खुद फणीश्वरनाथ रेणु के ही लफ़्ज़ों में, 'अपनी कहानियों में मैं अपने आप को ही ढूँढता फिरता हूँ अपने को अर्थात आदमी को!' आगे वे कहते है 'मैंने ज़मीन, भूमिहीनों और खेतीहर मज़दूरों की समस्याओं को लेकर बातें की'। रेणु जी के इस आत्म-वक्तव्य से ज़ाहिर है कि जीवन व समाज के प्रति उनका सरोकार प्रेमचंद के बतौर ही है। वाकई इस लिहाज़ से रेणु जी प्रेमचंद के संपूरक कथाकार है। आलोचकों का मानना है कि शायद इसी वजह से ही प्रेमचंद के बाद रेणु को एक बड़ा पाठक वर्ग हासिल हुआ।'पंचलाइट' उनकी बहुचर्चित व सबसे छोटी कहानी है, जो पाठकों के बीच खूब मकबूल हुई थी। हिंदी आलोचना में अक्सर जातिवाद के मुद्दे को किनारा करके वर्ग के सवाल पर टीका - टिपणी मिलती है। मगर रेणु की कमोबेश रचनाएँ उत्तर भारत की खासकर बिहार के जाति केंद्रित गाँव की तमाम परिघटना में अंतर्धारा के रूप में मैजूद रहती है। समाज में जातिवाद की जड़ें हज़ारों वर्षों से गहरी रही है। जातिवाद के दंश ने मानवता को जितना नुक्सान पहुंचाया है उतना शायद ही किसी और ने पहुंचाया होगा। फिलहाल लोग वर्गचेतना पर ही बात ज़्यादातर करते है, मगर सच बात तो यह है कि इस डिजिटल युग में भी लोगों की मानसिकता में कोई बदलाव नहीं आया है। खैर, सुधार तो ज़रूर हो रहे है। कहानी में सवर्ण के वर्चस्ववाद के बरख़िलाफ़ पिछड़ों की जातिवादी सचेतनता व नवजागरण की अनुगूंज मिलती हैं। हालाँकि अम्बेडकरवाद से प्रत्यक्षतः कहानी का कोई तालुकात नहीं है। जगजाहिर है कि पूर्णिया जिले के महतो जाति बिहार में अति पिछडा वर्ग के अंतर्गत आती है। जिनकी समाज में बेहद शोचनीय स्थिति भी है। अधिकांश जगहों में ऐसी ही हालात हैं आज़ादी के कई बरसों बाद भी। जैसे कि कहानी में इसका उल्लेख है – 'गाँव में सब मिलाकर आठ पंचायतें हैं। हरेक जाति की अलग-अलग 'सभाचट्टी' है। यहाँ सभाचट्टी से मतलब जाति केन्द्रित टोलियों में विभक्त समाज से है। 'पंचलाइट' यानी 'पेट्रोमैक्स'! बाज़ार की जगर-मगर कौंध के बीच एलईडी बल्ब के प्रकाश में आँखें खोलनेवाली पीढ़ी को 'पेट्रोमैक्स' शब्द का ठीक-ठीक अर्थ शायद ही पता होगा। यदि कहानीकार के ही अल्फ़ाज़ उधार लूँ, तो 'पंचलाइट' यानी कल कब्जे वाली एक चीज़ जो रोशनी फैलाती है। जैसा कि शीर्षक से ही ज़ाहिर है कि इस कहानी के केंद्र में वही रोशनी और कल कब्जे वाली चीज़ है। ग्रामीण परिवेश की पृष्ठभूमि में लिखी गई अमूक कहानी की शुरुआत एक जातीय सभाचट्टी द्वारा रामनवमी के मेले से सार्वजनिक उपयोग के लिये पेट्रोमैक्स खरीद कर लाने से होता है। यूं तो कहानी में 'पेट्रोमाक्स' का खरीदा जाना एक मामूली घटना है, मगर यह जातीय अस्मिता का प्रतीक है। इसलिए ही जैसे कथावाचक के लफ़्ज़ों में 'पिछले पंद्रह महीने से दंड-जुर्माना के पैसे जमा करके महतो टोली के पांचों ने पेट्रोमाक्स खरीदा है'। उन लोगों ने शिद्दत के साथ पेट्रोमेक्स खरीदा और बाकि पंचायतों की बराबरी करने में सफल हुआ। वाकई पेट्रोमेक्स जैसी रोशनी की चाह उनके चेतनागत बदलाव केलिए द्योतक है।

प्रकाश देनेवाले इस नये उपकरण की आमद पर सभी उत्साहित थे, परंतु तमाम पंचायत में किसी को पंचलाइट जलाना नहीं आता था। हकीकत में यह सिर्फ पंचलाइट के जलने या नहीं जलने का सवाल न होकर पूरी पंचायत की इज्ज़त का सवाल है। सब इसी चिंता में था कि पंचलाइट कौन जलायेगा और कैसे पंचायत की इज्ज़त बचेगी, तभी पता चलता है कि पंचायत का एक युवा गोधन पंचलाइट बेलने या जलाने में माहिर है। मगर गोधन बिरादरी की ही एक लड़की मुनरी से प्रेम मुहब्बत का इज़हार करने की वजह जाति से भ्रष्ट था। हालाँकि जाति और पंचायत की नाक ऊंची बनी रहे इसके लिए गोधन को आग्रहपूर्वक बुलाकर पंचलाइट जलाने को कहा जाता है। कुछेक प्रसंगों के पश्चात गोधन न सिर्फ पंचलाइट बालता है बल्कि बिरादरी में उसकी वापसी भी हो जाती है।दरअसल यह कहानी ज्ञान और सत्ता के गांठजोड़ के वर्चस्व को धराशयी करती दिखाई देती है। कहानी का प्रसंग द्रष्टव्य है, 'मेले से सभी पंच दिन-दहाड़े ही गाँव लौटे; सबसे आगे पंचायत का छड़ीदार पंचलाइट का डिब्बा माथे पर लेकर और उसके पीछे सरदार दीवान और पंच वगैरह। गाँव के बाहर ही ब्राह्मण टोले के फुंटगी झा ने टोक दिया-कितने मेंलालटेन खरीद हुआ महतो?' यह बेशक एक उपहास जनक अहंकारी टिप्पणी है कि पिछड़े गाँव वासी पेट्रोमक्स के बारे में कुछ जानता ही नहीं। जैसा कि उन लोगों की औकात पेट्रोमैक्स की नही, लालटेन तक सीमित है। कथावाचक की प्रतिक्रिया देखिए.... 'देखते नहीं हैं, पंचलैट है! बामन टोली के लोग ऐसे ही ताब करते हैं।अपनेघर की ढिबरी को भी बिजली-बत्ती कहेंगे और दूसरों के 'पंचलैट' को लालटेन!' 'पंचलैट' माने पंचों की लाइट; अपनी बिरादरी की लाइट। ज़ाहिर है अवर्णों की हैसियत को बढ़ावा देने वाला यह बयान सवर्ण वादी परंपरागत रूढिग्रस्त मानसिकता पर कुठाराघात है। यह व्यंग्य अमूमन जातिगत श्रेष्ठता को मिथ या मनगढ़ंत निर्मिति साबित करती हैयह कहानी आज़ादी के तकरीबन एक दशक बाद लिखी गयी थी। शर्मनाक है कि स्वाधीन भारत में फिलहाल भी जातीयता की यह भावना अपने ज़ोरों पर है, जिसे बरसों पहले रेणु ने महसूस । किया। जातिवाद एक ऐसी प्रणाली है, जो प्राचीन काल में अपनी जड़ें पाती हैं। यह वर्षों से अंधाधुंध चली आ रही है और उच्च जातियों के लोगों के हितों को आगे बढ़ा रही है। निम्न जाति के लोगों का शोषण किया जा रहा है और उनकी परेशानियों को सुनने वाला कोई नहीं है।पंचलाइट को जलाने और रख - रखाव के कौशल से तो गाँव वासी अनभिज्ञ थे। चूँकि 'गाँववालों ने आज तक कोई ऐसी चीज़ नहीं खरीदी, जिसमें जलाने-बुझाने का झंझट हो। कहावत है न, भाई रे, गाय लूँ? तो दुहे कौन? लो मजा! अब इस कल-कब्जेवाली चीज़ को कौन बाले?' दरअसल इसी द्वंद्व पर केंद्रित है कहानी। यह बात नहीं कि गाँव-भर में कोई पंचलैट बालनेवाला नहीं। हरेक पंचायत में पंचलैट है, उसके जलानेवाले जानकार हैं। मगर 'सवाल है कि पहली बार नेम-टेम करके, शुभ-लाभ करके, दूसरी पंचायत के आदमी की मदद से पंचलैट जलेगा? इससे तो अच्छा है

पंचलैट पड़ा रहे। जिन्दगी - भर ताना कौन सहे! बात-बात में दूसरे टोले के लोग कूट करेंगे-तुम लोगों का पंचलैट पहली बार दूसरे के हाथ से! न, न! पंचायत की इज़्ज़त का सवाल है। दूसरे टोले के लोगों से मत कहिए!' ऐसा लगता है कि यह कहानी बेशक आज के ज़माने के लिए भी लिखी गई थी। पंचलैट जला पाने में नाकामियाब होने पर 'चारों ओर उदासी छा गई। अँधेरा बढ़ने लगा। किसी ने अपने घर में आज ढिबरी भी नहीं जलाई थी। आज पंचलैट के सामने ढिबरी कौन बालता है!' जब राजपूत टोली के लोगों को यह पता चलता है कि पेट्रोमैक्स जल नहीं रहे है, अलबत्ता वे महतो के उपहास करते है। देखिए 'एक नौजवान ने आकर सूचना दी – 'राजपूत टोली के लोग हँसते-हँसते पागल हो रहे हैं। कहते हैं, कान पकड़कर पंचलैट के सामने पाँच बार उठो-बैठो, तुरन्त जलने लगेगा'। दरअसल रेणु ने उस सामंती दंड – व्यवथा का जिक्र किया है, जोकि राजपूतों की बद्धमूल मानसिकता केलिए जवाबदेह है। शम्भू गुप्त के लफ़्ज़ों में 'ज्ञान के साथ सत्ता के गठजोड़ का मिशेल फूको का सिद्धांत यहां याद किया जा सकता है। हमारे यहाँ का सवर्णवाद अथच ब्राह्मण वाद ज्ञान और सत्ता के वर्चस्ववादी गठजोड का संभवतः दुनिया का सबसे बड़ा उदाहरण होगा लेकिन इस कहानी की यही विशेषता हौ यह है कि यह ज्ञान और सत्ता के इस वर्चस्व को अपनी अंदरूनी क्षमता से तोड़ती है'जब पंचललैट बालने का मसला आता है तो मुनरी ने चालाकी से अपनी सहेली कनेली से कहा कि वह सरदार से बताए कि गोधन जानता है पंचलाइट जलाना। 'लेकिन, गोधन का हुक्का-पानी पंचायत से बंद है। मुनरी की माँ ने पंचायत से फरियाद की थी कि गोधन रोज उसकी बेटी को देखकर सलम-सलम वाला सलीमा का गीत गाता है-हम तुमसे मोहोब्बत करके सलम! पंचों की निगाह पर गोधन बहुत दिन से चढ़ा हुआ था। दूसरे गाँव से आकर बसा है गोधन और अब टोले के पंचों को पान-सुपारी खाने के लिए भी कुछ नहीं दिया। परवाह ही नहीं करता है। बस, पंचों को मौका मिला। दस रुपया जुरमाना! न देने से हुक्का-पानी बन्द। आज तक गोधन पंचायत से बाहर है। उससे कैसे कहा जाए! मुनरी उसका नाम कैसे ले? और उधर जाति का पानी उतर रहा है। हालाँकि सलीमा का गीत गाकर आँख का इशारा मारनेवाले गोधन से गाँव-भर के लोग नाराज़ थे। आखिर में सरदार ने कहा, 'सरदार ने कहा, जाति की बन्दिश क्या, जबकि जाति की इज़्जत ही पानी में बही जा रही है! क्यों जी दीवान?' बहरहाल शहर से पथारी नयी चीज़ 'पंचलाइट' ने जातिगत संकीर्ण मानसिकता को दराशयी कर दिया। 'अन्त में पंचलाइट की रोशनी से सारी टोली जगमगा उठी तो कीर्तनिया लोगों ने एक स्वर में, महावीर स्वामी की जय-ध्वनि के साथ कीर्तन शुरू कर दिया। पंचलैट की रोशनी में सभी के मुस्कुराते हुए चेहरे स्पष्ट हो गए। गोधन ने सबका दिल जीत लिया'। कहानी के आखिर में गोधन द्वारा पेट्रोमैक्स जलाना बौद्ध दर्शन का एक सूत्र वाक्य है की याद दिलाता है। 'अप्प दीपो भव' अर्थात अपना प्रकाश स्वयं बनो। गौतम बुद्ध के कहने का मतलब यह था कि किसी दूसरे से उम्मीद लगाने की बजाये अपना प्रकाश रूपी प्रेरणा खुद बनो। खुद तो प्रकाशित हो ही, लेकिन दूसरों के लिए भी एक प्रकाश स्तंभ की तरह जगमगाते रहो। कहानी में गोधन इसी केलिए दरपेश है। ग्रामीण अंचल के यथार्थवादी चित्र रेणु ने खींचा है। जिस प्रकार हम कहते है कि आवश्यकता अविष्कार की जननी है, अलबत्ता आवश्यकता बड़े-बड़े रुढिगत संस्कार और परंपरा को व्यर्थ साबित कर देती है। चूंकि जाति का इज्ज़त एक अस्मितागत मामला है। यहाँ 'विकास का प्रतीक पंचलाइट कमियों का त्याग करने और नये रास्ते के संधान की पहल है'। सरदार ने गोधन को बहुत प्यार से पास बुलाकर कहा, 'तुमने जाति की इज्ज़त रखी है। तुम्हारा सात खून माफ। खूब गाओ सलीमा का गाना'। समय की ज़रूरत की बदौलत सरदार द्वारा गोधन के हुनर को आदर्श के रूप में स्वीकार करना बेशक विकास का मार्ग प्रशस्त करना ही है।

संक्षेप में, प्रस्तुत कहानी भारतवर्ष के तमाम गाँव के जटिल समाजशास्त्र को निहायत सरल व सहज लहजे में साझा करती है। अतः 'यह कहानी भारत के गाँव समाज में जातिवादी विभाजन को हल्के-फुल्के नाटकीय शिल्प में हमारे सामने रखती है'। पंचललैट के आलोक से गाँव के तमाम पेड़-पौधों के पत्ते-पत्ते पुलकित होने का संकेत सिर्फ 'पंचलाइट' का प्रकाश नहीं है, बल्कि यह उनकी कामयाबी का आलोक है; उनकी जातीय अस्मिता का आलोक है; उनके मान-अभिमान का आलोक है साथ ही विकासवाद का आलोक भी है। बहरहाल 'पंचलाइट' के आलोक में मुहब्बत की, भरोसे की तथा जातीय जीत की रोशनी फैलती है। प्रस्तुत कहानी की कथावस्तु संक्षिप्त, रोचक, सरल, मनोवैज्ञानिक और यथार्थवादी है। जहां तक भाषा का सवाल है, अनामिका जी के शब्दों को उधार लूँ तो 'मलमल के कुर्ते पर छींट लाल लाल', लाजवाब है। बेशक रेणु की कहानी कला अपने आप में अद्वितीय है। बहरहाल उनकी कहानियों को पढ़ते वक्त अमूमन शमशेर की पंक्तियाँ याद आती है:

बात बोलेगी,
हम नहीं।
भेद खोलेगी,
बात ही'।

******

संदर्भ :-

1. ठुमरी, फणीश्वर नाथ रेणु,राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, भूमिका
2. वहीं
3. रेणु रचनावली -1, सं : भारत यायावर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1995, पृ -193
4. ठुमरी, फणीश्वर नाथ रेणु, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, भूमिका
5. रेणु रचनावली-1, सं : भारत यायावर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1995, पृ -193
6. वहीं, पृ – 194
7. वहीं, पृ – 193
8. वहीं, पृ – 195
9. वहीं, पृ – 194
10. वहीं, पृ – 194
11. बनास जन, सं: पल्लव, फणीश्वर नाथ रेणु शताब्दी स्मरण,जनवरी-मार्च 2021,पृ – 228
12. रेणु रचनावली -1, सं : भारत यायावर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1995,पृ – 195
13. वहीं, पृ – 195
14. वहीं, पृ – 195
15. संवेद, सं: किशन कालजयी, फणीश्वर नाथ रेणु शताब्दी स्मरण, मार्च 2021, पृ – 339
16. रेणु रचनावली -1, सं : भारत यायावर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1995, पृ – 195
17. संवेद, सं: किशन कालजयी, फणीश्वर नाथ रेणु शताब्दी स्मरण, मार्च 2021, पृ – 541
18. बनास जन, सं: पल्लव, फणीश्वर नाथ रेणु शताब्दी स्मरण, जनवरी-मार्च 2021, पृ – 242
19. बात बोलेगी / शमशेर बहादुर सिंह http://kavitakosh.org/kk

आदिकाल में नाथ सम्प्रदाय : महत्व एवं योगदान

रीना रानी
सहायक प्रोफेसर
ओ .डी .एम. कॉलेज, मुकलान, हिसार

सारांश :-नाथों की संख्या नौ मानी गई है। 'शिव ' ही आदिनाथ हैं। नाथ सम्प्रदाय के प्रवर्तक मत्स्येन्द्रनाथ एवं गोरखनाथ माने गये हैं। नाथों का समय 12 वीं से 14 वीं शती तक है तथा हिन्दी संतकाव्य पर इनका पर्याप्त प्रभाव है। डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने गोरखनाथ की रचनाओं का संकलन गोरखबानी नाम से किया है। गोरखनाथ की रचनाओं में गुरू महिमा, इन्द्रिय निग्रह, प्राण साधना, वैराग्य, कुण्डलिनी जागरण एवं शून्य समाधि का वर्णन है। गोरखनाथ ने षट्चक्रों वाला योग मार्ग हिन्दी साहित्य में चलाया।

नाथ सम्प्रदाय का परिचय:-गोरखनाथ ने अपने शिष्यों को नारी से दूर रहने का उपदेश दिया। कबीर साहित्य में उपलब्ध नारी विरोध इसी का परिणाम है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार, ''इनकी सबसे बड़ी कमजोरी इनका रूखापन एवं गृहस्थ के प्रति अनादर भाव है।'' गोरखपंथी साहित्य के अनुसार आदिनाथ स्वयं शिव थे। उनके पश्चात् मत्स्येन्द्रनाथ हुए, जिसके आचरण का विरोध उनके शिष्य गोरखनाथ ने किया। राहुल सांकृत्यायन ने गोरखनाथ का समय 845 ई. माना है, नवीन खोजों के अनुसार यह धारणा अधिक प्रबल हुई है कि गोरखनाथ ने ईसा की तेरहवीं सदी के आरम्भ में अपना साहित्य लिखा था।

नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख प्रवर्तक:-नाथ साहित्य में बहुत से कवियों ने अपना योगदान दिया। लेकिन डॉ. रामकुमार वर्मा ने जिन नौ नाथों के बारे में लिखा है वह निम्न प्रकार से हैं -आदिनाथ 'शिव', मत्स्येन्द्रनाथ, गोरखनाथ, गहिणीनाथ, चर्पटनाथ, चैरंगीनाथ, ज्वालेन्द्रनाथ, भर्तृहरिनाथ, गोपीचंदनाथ। गोरख सिद्धांत संग्रह में नौ नाथों के नाम इस प्रकार बताए गए हैं -नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चन्द्र, सत्यनाथ, भीमानाथ, गोरखनाथ, चर्पट, जालंधर, मलयार्जुन। उपरोक्त नामों में नागार्जुन, चर्पटनाथ, जालंधर की गणना सिद्धों में भी होती है। इनमें से नागार्जुन एक प्रसिद्ध रसायनज्ञ थे, जिनका समय संवत् 702 माना जाता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का मत है कि जालंधर से ही सिद्धों से नाथों की परम्परा अलग हो जाती हैडॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में ''शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और इतना महिमन्वित भारतवर्ष में दूसरा नहीं हुआ। दुनिया के कोने-कोने में उनके अनुयायी आज भी पाये जाते हैं। भक्ति आंदोलन के पूर्व सबसे शक्तिशाली धार्मिक आंदोलन गोरखनाथ का भक्ति मार्ग ही था। गोरखनाथ अपने युग के सबसे बड़े नेता थे। नाथ पंथी जोगी कान की लो में बडे-बडे छेद करके स्फटिक के भारी-भारी कुंडुल पहनते थे, इससे वह कनफटे कहलाते थे।आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने गोरखनाथ जी की 28 पुस्तकों का उल्लेख किया है। मिश्रबन्धुओं ने गोरखनाथ को हिन्दी का प्रथम गद्य-लेखक माना है, जो उचित नहीं ठहरता। गोरखनाथ ने हठयोग का उपदेश दिया था। हठयोगियों के सिद्ध-सिद्धांत-पद्धति ग्रंथ के अनुसार ह का अर्थ है-सूर्य तथा ठ का अर्थ है-चन्द्र। इन दोनों के योग को ही हठ योग कहते हैं। गोरखनाथ ने ही षट्चक्र वाला योगमार्ग हिन्दी साहित्य में चलाया था। इस मार्ग में विश्वास करने वाला हठयोगी साधना द्वारा शरीर और मन को शुद्ध करके शून्य में समाधि लगाता था और वहीं ब्रह्मा का साक्षात्कार करता था। गोरखनाथ ने लिखा है कि धीर है वह, जिसका चित विकार साधन होने पर भी विकृत नहीं होता। नाथ पंथियों का मुख्य सम्प्रदाय गोरखनाथ योगियों का है। नाथ सम्प्रदाय में बहुत से योगी गृहस्थ भी हुए, किन्तु उनकी मर्यादा बुद्धिहीन मानी जाती है। वास्तव में गोरखनाथ सिद्ध-युग और संत-युग की कड़ी के रूप में हैं। उनके ग्रंथों की प्रश्नात्तरी शैली ने आगे के संत कवियों को प्रभावित किया। 'गोरखबानी' में आत्मा, मन, पवन, नाद, बिन्दु, सुरति आदि का विवेचन मिलता है। ''गोरखनाथ के पदों की प्रमाणिकता के बारे में भी संदेह है, किन्तु वे भी कबीर के पदों की भांति प्रचलित हो गये थे। इन पदों में साधना, नैतिकता, गुरू महिमा, मन के संयम, काम-क्रोध या आसक्ति न होना, ब्रह्मचर्य, शारीरिक एवं मानसिक पवित्रता, मांस आदि का परित्याग आदि बातों पर प्रकाश डाला गया है। सिद्धों में तो कुछ वीभत्स और अश्लील परिपाटियां चल पड़ी थी। नाथ पंथियों ने अपने को उनसे अलग रख हठयोग द्वारा ईश्वर प्राप्ति को अपना लक्ष्य बनाया। व्यवहारिक दृष्टि से उनका योगमार्ग पतंजलि के योगसूत्र पर आधारित था। दार्शनिक दृष्टि से उनमें शिव-भक्ति की भावना पाई जाती है। पिण्ड और ब्रह्माण्ड को वे सत्ता मानते हैं। गोरखनाथ जी की कुछ प्रसिद्ध पंक्तियां -

जोई जोई पिण्डे सोई ब्रह्माण्डे/गगन मंडल में ऊँधा कूबा,
वहां अमृत का बासा।/सगुरा होइ सु भरि-भरि पीवै,
निगुरा जाइ पियासा।।/अवध रहिया हाटे वाटे रूप विरष की छाया।
तजिवो काम क्रोध लोभ मोह संसार की माया।।/नौ लख पातरि आगे नाचै,
पीछे सहज अखाड़ा।/ऐसे मन लै जोगी खेलै, तब अंतरि बसै भंडारा।।
अंजन मांहि निरंजन भेट्या, तिल मुख भेट्या तेलं।/मूरति मांहि अमूरति
पर्स्या, भया निरंतरि खेलं।।

इस प्रकार से उनकी रचनाओं में में आदिकाल की वह शक्ति छिपी मिलती है, जिसने भक्तिकाल की कई प्रवृत्तियों को जन्म दिया। डॉ. लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय लिखते हैं, '' गोरखनाथ ने जिस हठयोग का उपदेश दिया है, उसमें परंपरा के अनुसार प्राणायाम से वायु का निरोध कर कुण्डलिनी को उद्बुद्ध करता है, और षट्चक्रों को भेदता हुआ उसे सहस्त्रार या शून्य में मिलता है। जहां शिव का निवास है, वहीं कैलाश है। इसी प्रकार गोरखनाथ के अनुसार जो व्यक्ति चक्रों, नाड़ियों आदि को नहीं जानता, वह सिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता। शक्ति की जब शिव के साथ समरसता होती है, तभी योगियों को कैवल्य पद वाली सहज समाधि प्राप्त होती है, जिससे बढ़कर कोई और आनंद नहीं और यह सब गुरू की कृपा से प्राप्त होता है।''गोरखनाथ की 14 प्रमाणिक रचनाएं मानी गई हैं, जो निम्न प्रकार से हैं-

सबदी, पद, सिष्यादरसन, प्राण संकली, नरवैबोध अभैमात्राजोग, आत्मबोध, पन्द्रह तिथि, सप्तवार महिन्द्र गोरखनाथ बोध, रोमावली, ग्यान तिलक, ज्ञान चैतीसा, पंचमात्रा

गोरखनाथ द्वारा प्रवर्तित ग्रन्थ:-सतनाथ, रामनाथ, धरमनाथ, लक्ष्मनाथ, दरियानाथ, गंगानाथ, बैराग, रावल या नागनाथ, जालंधरिया, आइपंथ, कपिलानी भजनाथ।

नाथ सम्प्रदाय से संबंधित कुछ आलोचकों के विचार:-आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार-''नाथ पंथ या नाथ सम्प्रदाय के सिद्ध-मत, सिद्ध-मार्ग, योग मार्ग, योग सम्प्रदाय, अवधूत-मत, अवधूत सम्प्रदाय इत्यादि नाम भी प्रसिद्ध हैं।''डॉ. नगेन्द्र के अनुसार-''सिद्धों की वाममार्गी भोगप्रधान योगसाधना की प्रतिक्रिया स्वरूप आदिकाल में नाथपंथियों की हठयोग साधना प्रारंभ हुई।'' राहुल सांकृत्यायन-''नाथपंथ सिद्धों की परम्परा का विकसित रूप है।'' डॉ. रामकुमार वर्मा के अनुसार-''नाथों का समय 12 वीं सदी से 14 वीं सदी के अंत तक है।''नाथ पंथ की कुछ प्रमुख विशेषताएं थी, जो निम्न प्रकार से हैं-ब्रह्मचर्य का पालन, जात-पात और कर्मकांड का विरोध, नारी भोग का विरोध, शून्य समाधि, नाड़ी साधना, कुंडलिनी, इंगला, पिंगला, षटचक्र आदि की साधना का प्रचार, रहस्यात्मकता, सधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग, प्रतीक और रूपक का प्रयोग। नाथों का मानना है कि जो शरीर में है, वही ब्रह्माण्ड में है। नाथों का तंत्र बोध सिद्धों का वीभत्स तंत्र नहीं था। चमत्कार वे भी करते थे, पर उनका चमत्कार योगजन्य था। वे ब्रह्मचर्य और योगसाधना पर अधिक बल देते थे। अतः हम कह सकते हैं कि नाथ सम्प्रदाय का हिन्दी साहित्य में अद्वितीय योगदान रहा और जिसका प्रभाव भक्तिकाल में भी बखूबी देखा जा सकता है।

*****

संदर्भ ग्रंथ:-

1. डॉ. बच्चन सिंह, हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास, पृ. 55
2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ. 95
3. डॉ. विवेक शंकर, हिन्दी साहित्य, पृ. 94
4. उमेश तिवारी, सूचनापरक हिन्दी साहित्य, पृ. 46
5. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ. 92
6. डॉ. नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ. 1

'कल्चर-वल्चर उपन्यास': साहित्य, राजनीति एवं व्यवसाय की यथार्थ परिकल्पना

रेणु देवी
शोधार्थी
राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत (अल्मोड़ा)उत्तराखण्ड
मो. 7500194778

आज बाजारवाद का प्रकोप प्रायः सभी क्षेत्र में एक ही जैसा हुआ है, इससे साहित्य जितना प्रभावित है, उतना ही इसका असर सामान्यतः आम-आदमी के जीवन पर भी हुआ है। साहित्य की प्रभुत्व कला और इसमें समाये हुए रंगरोगन की चकाचौंध व्यक्ति को मतवाला बना देती है, जिसके लिए साधारण लोग जो कि जीवन से कुछ पाने के बजाय खोते ही हैं, वह भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। इसकी आड़ में राजनीतिक गतिविधियां भी अपना हाथ आजमाने में पीछे नहीं हटती हैं, क्योंकि इसका सम्पूर्ण कारोबार व्यावसायिक स्तर पर आ गया है, अपने कलम एवं उसकी उपयोगिता जब आर्थिक दृष्टिकोण का मार्ग अपनाने लगे वह उसी वक्त व्यवसाय का रूप धारण कर लेती है।हिंदी उपन्यास मूलतः आधुनिक काल की देन है। स्वाधीनतापूर्व काल में देश की राजनीति अंग्रेजों के हाथ में थी। सत्तासीन अंग्रेजों के खिलाफ भले ही भारतीय जनमानस में असंतोष रहा हो लेकिन उसकी आलोचना का अधिकार था नहीं।यदि कोई तिलक जैसा व्यक्ति तत्कालीन शासक की आलोचना अखबार के जरिए करने का प्रयास भी करता तो उसका नतीजा मंडाले जैसे कारागार में बदल जाता। हिंदी के यशपाल, अज्ञेय, शेवड़े जी जैसे अनेक रचनाकारों को आजादी के आंदोलनकाल में क्यों जेल जाना पड़ा था कहना आवश्यक नहीं। डॉ0 रीना प्रताप सिंह का कथन सहमति योग्य है-''स्वाधीनतापूर्वकालीन हिंदी उपन्यासों में सत्ता राजनीति पर लेखन नहीं हुआ ऐसा नहीं। फुटकल, प्रसंगानुरूप लेखन तो अवश्य मिलता है जो पात्रों के जरिए प्रस्तुत हुआ है। लेकिन राजनीति का कड़वा सच, उसका कृष्णधवल रूप और उसकी कठोर आलोचना तो स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी उपन्यासों में ही दिखाई देती है।''1ममता कालिया ने अपनी सभी कृतियों में ज्वलन्त अवधारणाओं को लिया है विशेषकर वर्तमान में चल रहे प्रकरण ही उनकी कलम के सरोकार बने है, इसी कारण उनका लेखन समाज में चल रहे दुष्कर कार्यों को बेबाकी से उकेरने में सफलता प्राप्त करता आया है। उनका उपन्यास ''कल्चर-वल्चर'' भी साहित्य, राजनीति एवं व्यवसाय का खुला चिट्ठा खोलता हुआ प्रतीत होता है। आज साहित्य का व्यवसाय भी उन्हीं के हाथों हो रहा है, जिसको इसकी बागडोर थमायी गयी है।

'साहित्य संस्कृति भवन' और उसकी प्रमुख 'सुषमा अग्रवाल, बाबूलाल महेश्वरी, यहां बड़ी-बड़ी हस्तियों का आगमन उनका इस जगह पर अपनी भी चाटुकारिता का प्रदर्शन देखना बहुत ही भाता है। राजा रविवर्मा से लेकर जे. स्वामीनाथन, हुसैन तक का अद्भुत अपूर्व स्थान इस सभाकक्ष को और भी गांभीर्य मुद्रा प्रदान करता है। यहां स्टेनों, विक्रय अधिकारी, और पुस्तकालयाध्यक्ष सभी एक सुनिश्चित गणवेश में ही रहते हैं। प्रांगण के भीतर और बाहर की सुसज्जित वातावरण से सजी-धजी क्यारियों में लगे फूलों का ब्राण्ड भी उसकी शोभा को एक नवीनता देने में कोई परहेज नही करता है। ममता कालिया ने इसको लिखने के पीछे की जो विशेष परिस्थिति को अपनी इसी पुस्तक की भूमिका में दी है , वह उनके विचारों की परिपक्वता को और भी संवेदनायुक्त स्वरूप से परिपूर्ण करते हैं- ''कल्चर वल्चर उपन्यास का विषय पिछले डेढ़-दो दशक से मेरे अंदर फड़फड़ा रहा है। जब भी कोई नई संस्था उठ खड़ी होती और कला, साहित्य, संस्कृति का राग अलापती हुई अपनी पारदर्शिता का दम भरती, मुझे उनका नाट्य दिखाई देने लगता है। कला, व संस्कृति आज सरोकर न रहकर कारोबार बनते जा रहे हैं और इसके प्रबंधक कारोबारी।''[2] वैसे इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि परंपरावादी और रूढ़िवादी समाज में सुधार, परिवर्तन और जागरूकता मलाने का महत्वपूर्ण कार्य भी साहित्य की विधा करती है वह उपन्यास, कहानी, नाटक, संस्मरण, जीवनी, यात्रा वृत्तांत चाहे कोई भी हो। परिस्थिति और समय के अनुसार साहित्य के विषय भी बदलते रहते हैं। धीरे-धीरे इसमें भी परिवर्तन होने लगा और यह व्यवसाय की ओर अग्रसर हुआ वह अब कला संस्कृति के साथ तड़का भी लगाने का उस्ताद हुआ जिसके सुगंध से दूर-दूर तक के लोगों में कौतूहल का वातावरण स्थापित हो सके। औज इक्कीसवीं सदी में जो बदलाव कलमकारों की कलमकौशल की प्राथमिकता में देखने को आता है, वह व्यवसायिक मानसिकता के कारण अश्लीलता का भी द्योतक बनता जा रहा है। उद्देश्यपूर्ण रचनाओं को रचने में ममता कालिया की कलम बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका में रही है।उसकी झलक कहानी एवं उपन्यासों दोनों में दिखायी दे जाता है। विशेषकर 'कल्चर वल्चर' उपन्यास में- ''बाबूलाल ने कॉमर्स में सास्टर्स डिग्री पाने के बाद कुछ वर्ष व्यवसाय किया। उन्होंने देखा व्यापार का संजाल पिता और चाचा ने बखूबी संभाल रखा है। उन्होंने सुझाव दिया कि कलकत्ते में फैले हिन्दी समाज की संस्थाओं का विकास करना भी एक जरूरी काम है। 'धन आप कमाओ, यश मुझे कमाने दो, बाबूलाल ने कहा।''[3]सन् 90 के बाद हिंदी साहित्य को लगभग साहित्यिक क्षेत्र के पूरे रूपांतरण का दौर कहा जा सकता है। उदारीकरण, वैश्वीकरण जैसी अवधारणाओं के प्रचलित होने के बाद लोगों के सपने तेजी से बदल रहे थे।

समाज में खुलापन आ रहा था और बंधन तेजी से टूट रहे थे। इसी को ममता कालिया ने व्यक्त किया-''देखा जाए तो कोलकाता महानगर की साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ इन तीन केन्द्रों में अवस्थित थीं। शेष प्रयास विश्वविद्यालय और प्रेसिडेंसी कॉलेज द्वारा किए जाते। किन्तु भवन की चिंता का विषय विश्वविद्यालय अथवा प्रेसिडेंसी नहीं था। साहित्य संस्कृति भवन अपने पुरस्कारों को नोबेल पुरस्कार की गरिमा देना चाहता था। इधर अब से भूमण्डलीकरण की चर्चा फैशन में आ गई, भवन के कर्ताधर्ताओं की महत्वाकांक्षएँ वैश्विक होने लगी थीं।''[4]

ममता कालिया के रचनाधर्मी लेखिका ममता कालिया बनाने में सहजात प्रतिभा के साथ-साथ परिवार, परिवेश, परिस्थितियों तथा सस्कारों का अमूल्य योगदान है। और फिर वह उस पीढ़ी की लेखिका है जिनका जन्म तो गुलाम भारत में हुआ किन्तु यौवन की दहलीज तक पहुँचते-पहुँचते अपने आपको आजाद भारत में पाया। अब उन्होंने अपनी कलम से उन परिस्थितियों को उकेरा है, जो आज के साहित्य में गुलामी की तरह बनकर उभर रही हैं।नई पीढ़ी-पुरानी पीढ़ी की पसंद-नापसंद में भी जमीन-आसमान का अंतर आ रहा था, व्यावसायिक औपन्यासिक क्षेत्र का आरंभ तो 1971-1980 का दशक यदि माना जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि यही वह वर्तमान था उस समय का, कि कामर्शियलाइजेशन, स्टार सिस्टम और नंबर वन स्टेट्स का शिकार भारतीय साहित्य एक राजनीतिक गतिविधि की तरह सामाजिकता को दर्शाते हुए भ्रष्टाचार का केन्द्र हो गया था। व्यावसायिक साहित्य के विषय में 'कल्चर वल्चर' उपन्यास को केन्द्र में रखकर ही इसकी रचना की गई -''निःसंदेह सुषमा अग्रवाल के अंदर व्यवसायी के साथ-साथ कलाकार भी निवास करता था। नीचे की लॉबी में आठ फीट ऊँची वीणामणि सरस्वती की काष्ठ प्रतिमा अप्रतिम रूप से भव्य सौंदर्य से भरपूर थी। बाकी कमाल भवन के समर्पित सेवकों का था जो प्रतिदिन इस प्रतिमा का अंग-प्रत्यंग टचवुड पॉलिश और वैक्सपोल ग्लो से ऐसा चमका देते कि लगता मानो यह प्रतिमा आज ही शोरूम से लाई गई है।''[5]ममता कालिया ने इस उपन्यास में सुषमा अग्रवाल जैसी

योग्य एवं कुशल स्त्री साहित्यिक उपादान में अपनी महती भूमिका का निर्वाह करते हुए उसको व्यावसायिक बनाने में भी उनकी महत्ता थी इसका निर्देशन किया है। नारी की अद्भुत क्षमता का समावेश इस उपन्यास के माध्यम से ममता कालिया ने किया है। सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का बेहतरीन मसौदा तैयार कर जमीनी संस्कृति की पर्दादारी के साथ सुषमा जी की कुशलता की तस्वीर इसमें उभरकर आयी है। सारा कार्यभार संभालते हुए भी वह अपनी विशेषतापूर्ण व्यक्तित्व को बचाये रखकर कार्य करती रहीं। इसमें सुपर्णा और उमा जैसी नारियां भी हैं जो सुषमा अग्रवाल तो नहीं पर अपनी नारी गौरव को बचाकर ही काम किया है।सुषमा उपन्यास का प्रमुख नारी पात्र है- ''रात ग्यारह बजे थककर चूर होकर अपने घर पहुंचतीं। अपने दुखते पाँव, गर्म पानी की बेसिन में डाल वे थोड़ी देर आँखें बंद कर बैठी रहतीं। उनके खूबसूरत, खुशमिज़ाज पति उनके पास बैठकर कहते, 'डार्लिंग, सुबह दस से रात दस तक तुम भवन की पूजा में लगी रहती हो, यह इतना विशाल घर, परिवार, तुम्हारी उपेक्षा से ज़ीरो बन गया है। तुम्हारी क्या कभी इच्छा नहीं होती घर बैठकर जीवन जीने की।''6अस्मिता की सजगता की दृष्टि से यह काल नारी की सशक्तिकरण वाली छवि को पूर्णरूप से प्रदर्शित करने में सक्षम हुआ है। जिसको नारी लेखिकाओं की कलम ने स्थापित करने में पूरा सहयोग किया है। नारी अस्तित्व एवं अस्तित्व एवं अस्मिता की सजगता नारी सक्षमी करण का यह दौर रहा है। नारी के सम्बन्ध में सदियों से ही स्थापित जो मान्यताएँ थी वर्जनाएं थी कटघरे थे लक्ष्मण रेखा थी उनमें तीव्र गति से बदलाव आया ।साहित्य संस्कृति भवन के कर्ताधर्ता और सुषमा जी का अंत समय तक साथ देने वाले बाबूलाल की मृत्यु के बाद वह अपनी और संस्था के प्रति थोड़ी चिंतित अवश्य रहीं पर एक राजनीतिक की भांति उनका अत्यंत तीव्र दिमाग और सहजता के साथ कार्यशैली और रूतबे पर ध्यान देना उस वक्त भी नहीं भूलीं, -''सफेद साड़ी -ब्लाऊज, सफेद चप्पल, सफेद पर्स, यहां तक कि घड़ी का पट्टा भी सफेद मोतियों का, धारण किए जब अगली सुबह सुषमा अग्रवाल ने महेश्वरी भवन में प्रवेश किया, बाबूलाल महेश्वरी को पार्थिव देह अपने अंतिम स्नान, प्रसाधन पश्चात् सामने के घास के मैदान में रखी जा चुकी थी। सुषमा ने दिवंगत के चरणों में प्रणाम अर्पित किया, अंतिम दर्शनार्थियों की भीड़ में नवीन मिश्र भी थे, उदास चेहरा लिए, उनके मन से आवाज आयी कि 'आज कोलकाता को भी प्रणाम कर लो।''7आज व्यक्ति नयी परिस्थितियों में स्वयं टूटते हुए अपने परिवेश से जूझ रहा है। व्यक्ति का मन अकुलाहट, कुण्ठा, स्वार्थ, विघटन आदि कि समस्याएं जैसे प्रत्येक परिवार, परिवेश, साहित्य, समाज आदि में पनप रहीं है। हिन्दी कथा साहित्य इस युग का व्यक्ति एवं समाज की नयी परिस्थितियों से टूटता हुआ दिखायी देता है। समयानुसार घर के सभी प्राणियों में स्वार्थपरता की भावना ने मानव के व्यक्तित्व को कमजोर बनाया है। यह उपन्यास सामाजिक विसंगतियों एवम विद्रूपताओं का एक दस्तावेज है , समाज में छोटी-छोटी मछलियों तथा बड़ी मछलियों के बीच हमेशा संघर्ष होता रहा है। छोटी मछलियाँ बड़ी मछलियों से बचने का रास्ता नहीं निकाल पाती हैं। ममता कालिया की दृष्टि में पूंजीपति देश से विदेश तक अराजकता एवं चोरबाजारी के द्वारा अपने व्यापार को बढ़ाने वाले कॉरपोरेट जगत के लोग वे बड़ी मछलियाँ हैं जो छोटे-छोटे कलम के पुजारियों तक को अपने लक्ष्य के लिए साधन के रूप में अपनाते हैं तथा शोषण और दोहन करते हैं। यह उपन्यास कदाचित् शोध से आक्रांत जिसमें शोध से जुड़े इतने मोर्चे खोले गये हैं कि पाठक दिग्भ्रमित हो जाता है। कि जिस कलम ने जीवन की हकीकत को प्रत्येक युग में नया सबेरा दिखाया वर्तमान समय में वही कारोबार बनकर नयी पहल को जन्म दे रहा है। आज की सामाजिक परिस्थिति की इतनी जटिलताएँ हैं कि शोधपरख वैज्ञानिक हैरान हैं। मनुष्य की मनोग्रंथियों और सामाजिक परिस्थितियां समय के साथ मुट्ठियों से फिसल जाती हैं।

निष्कर्ष:-

साहित्यकार इसी समाज का साक्षी है। अतः इन सभी परिस्थिति का सीधा असर उस पर पड़ता है और इसी से वह जो अनुभव करता है उसी को अपनी रचनाओं में वर्णित करता है। साहित्य को व्यवसाय तक लाकर एक नयी जमीन का बाजार तैयार किया जाने की कथा है, ममता कालिया का नवीनतम उपन्यास ''कल्चर-वल्चर'' जिसमें एक ऐसे बाजार का रूप है, जिसमें सब कुछ बेहद संवेदनशील है। लेखिका ने इन्हीं समस्याओं को केन्द्र में रखकर इस उपन्यास की रचना एवं उसको समाज के समक्ष एक यथार्थ दस्तावेज की तरह प्रस्तुत किया है। वास्तव में यह उपन्यास समाज की उस तस्वीर को दिखाता है, जिसका स्वरूप एक ऐसे भयानक धरातल पर है, जो वर्तमान समय की हकीकत है, सुषमा अग्रवाल और बाबूलाल महेश्वरी जैसे पात्र वर्तमान में प्रत्येक साहित्यिक क्षेत्र में मौजूद हैं। जिनकी नज़र में कलम का भी एक व्यवसाय है, शालीनता के साथ-साथ उसकी योजना का भी निर्धारण नियमित होता है। मैंने अपने इस शोधालेख में ममता कालिया के उपन्यास को इसी कारण लिया क्योंकि वह उन मुद्दों को उठाती हैं, जिसको लेकर कलम चलाने में प्रायः सभी को झिझक महसूस होती है। उनका लेखन कल्पना की उड़ान नहीं भरता बल्कि सत्य को उजागर करने में विश्वास रखता है।

******

संदर्भ सूची:-

1. डॉ0 रीना प्रताप सिंह, समकालीन साहित्य संवेदना के स्वर , साहित्य संचच सोनिया बिहार, संस्करण 2021, पृ0 89
2. ममता कालिया, कल्चर वल्चर किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2020 भूमिका से, पृ0 5.
3. वही, पृ0 8,
4. वही, पृ0 21,
5. वही, पृ0 92,
6. वही, पृ0 24,
7. वही, पृ0 205,

हिन्दी की कहानियों में चित्रित प्रव्रजन की समस्या

डॉ.मनिका शइकीया
सहायक अध्यापिका, हिन्दी विभाग
नगाँव गर्ल्स कॉलेज, असम

प्रस्तावना -

अपना जन्मस्थान त्याग करके किसी विपरीत परिस्थिति में जब कोई व्यक्ति या व्यक्ति समूह अन्य एक सम्पूर्ण अपरिचित वातावरण, अपरिचित समाज में प्रवेश करता है, ऐसी परिस्थिति में उन लोगों की शंकाओं का निरामय करने का प्रयास समय समय पर राजनीतिक, सामाजिक रूप से किया जा रहा है। साहित्य समाज का दर्पण है। समाज में घटित हर छोटी-बड़ी घटनाओं का प्रतिफलन साहित्य में साहित्कार बड़े ही ईमानदारी पूर्वक करते हैं। प्रव्रजन जब हद पार करके लक्ष्यस्थल अंचल की जातीय सत्वा, संस्कृति के साथ-साथ राजनीतिक संकट बनने लगता है, जन वैचित्र्य के लिए भी संकट लाने लगता है, उस समय प्रव्रजन समस्या बन जाता है और तभी प्रव्रजन की समस्या-समाधानार्थ पथ का संधान करना पड़ता है। साहित्यकारों ने भी संवेदनात्मक दृष्टिकोण से प्रव्रजकों की मानसिक अवस्था को झांककर देखने का प्रयास किया है। झुम्पा लाहिड़ी का उपन्यास *The Namesake* , असम के प्रसिद्ध औपन्यासिक रीता चौधरी के उपन्यास *'एइ समय सेइ समय'*, *'माकाम'*, उमाकांत शर्मा का उपन्यास *'एजाक मानुह एखन अरण्य* ', बांगला कहानी डांगार दाग, अंगपालि, उद्वास्तु, अमिताभ घोष का उपन्यास *The Hungry Tide*, खालेद हुसैनी का उपन्यास *The Kite Runner*, हिन्दी के यशस्वी साहित्यकार मोहन राकेश, भीष्म साहनी, निर्मल वर्मा, बलवंत सिंह, कृशान चन्दर की रचनाओं में प्रव्रजन से उत्पन्न समस्याओं को उठाकर मानवीय धरातल पर उसे संवेदनात्मक दृष्टि से समझने के प्रयास किये गये हैं।प्रव्रजित व्यक्तियों के जीवन, उनका मनोजगत विश्लेषण करने पर देखा जाता है कि अपने देश की वायु, मिट्टी, पानी, रस से परिपुष्ट होते रहने के बीच में ही अचानक किसी विपर्यय के कारण दूसरे देश के अनजान लोगों के बीच जाकर नया संग्राम आरंभ करने को विवश होते हैं। ऐसी अवस्था में अधिकांश समय ही इन लोगों को संदेह की दृष्टि से ही देखा जाता है। इसके साथ ही इन लोगों को मौलिक अधिकार प्राप्ति के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है।

विषय प्रवेश -

अनादि काल से चलती आ रही स्वाभाविक प्रक्रिया प्रव्रजन ही वर्तमान समय में गुरुत्व के साथ अध्ययन का विषय बन गया है । प्रव्रजन अधिकार है या अपराध – इस संदर्भ में The Reluctant Fundamentalist के लेखक महचिन हामिद ने **The Guardian** में लिखा है – "मैं प्रव्रजन को एक मानव अदिकार के रूप में विश्वास करता हूँ मत प्रकाश का अधिकार या जाति, धर्म, लिंग या यौन वैषम्य विरोधी अधिकार की तरह ही यह अधिकार है।" **1**इन्होंने और लिखा है – " हम सबलोग ऐतिहासिक रूप से प्रव्रजनकारी हैं। हमारे पूर्वज अन्य किसी स्थान से प्रव्रजित हुए हैं। अनागत दिनों में जलवायु परिवर्तन, रोग, राष्ट्र की व्यर्थता, युद्ध आदि के कारण लाख-लाख यहाँ तक कि कड़ोरों की संख्या में लोग एक देश छोड़कर दूसरे देश में आश्रय लेने को बाध्य होंगे कि पूर्व की सभी परिसंख्या ही म्लान हो जाएंगे ।"[2]प्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश कृत बहु-चर्चित नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' में महाकवि कालिदास को उनकी प्रेमिका मल्लिका उज्जयिनी जाने का परामर्श देती है, तब कालिदास ने अपनी आशंका इस प्रकार व्यक्त करते हैं –" यहाँ से जाकर मैं अपनी भूमि से उखड़ जाऊंगा।" [3]फिर कहते हैं - "नयी भूमि सुखा भी तो हो सकता है ।"[4] इस प्रसंग का उत्थापन इसलिए किया गया कि नयी भूमिखंड में प्रव्रजन करनेवालों को किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा अथवा उस जगह के पूर्व निवासी उन लोगों को किस रूप में ग्रहण करेंगे, इस विषय में संदेह रहने के बावजूद भी जोखिम उठाकर प्रव्रजन करने को तैयार हो जाते हैं। प्रव्रजन से सम्बन्धित ऐसी कथा, व्यथा को शब्दबद्ध करने का प्रयास हिन्दी के कथाकारों ने समय-समय पर किया है। 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी में कहानीकार मोहन राकेश ने भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय भारत में आनेवाला एक परिवार की दुख-दुर्दशा का वर्णन किया गया है। कहानी में 'कुत्ता' शब्द प्रतीकात्मक रूप में प्रयोग किया गया है। कुत्ता तभी भौंकता है, जब वह अस्वाभाविक परिस्थिति में पड़ता है। आलोच्य कहानी में भी नायक ने स्वयं को 'परमात्मा का भेजा हुआ कुत्ता' कहता है। एक ओर अपना देश छोड़ने की वेदना और दूसरी ओर विदेश में सरकारी पक्ष द्वारा वंचना का बलि होकर हाहाकार करनेवाले लोगों की व्यथा। कार्यालय में बाबुओं के पीछे घुमते-घुमते यहाँ तक कि वह अपना नाम, परिचय भी खो देता है। कहानी के अंततक अत्यंत जिद्दी नायक को उसका अधिकार मिल ही जाता है। किन्तु समाज के कितने लोग इस प्रकार अपना अधिकार लेने को सक्षम है, यह प्रश्न का विषय है। सम्पूर्ण कहानी में अत्यंत संवेदनशील संवाद है – "एक तुम्हीं नहीं, यहाँ तुम सबके सब कुत्ते हो... तुम सब भी कुत्ते हो, और मैं भी कुत्ता हूँ। फ़र्क सिर्फ इतना है कि तुमलोग सरकार के कुत्ते – हम लोगों की हड्डियाँ चूसते हो और सरकार की तरफ से भौंकते हो। मैं परमात्मा का कुत्ता हूँ। ... तुम पर भौंकना मेरा फर्ज़ है, मेरे मालिक का फरमान है।" [5]

कहानीकार निर्मल वर्मा की 'परिन्दे' कहानी का नायक मुकर्जी एक डाक्टर है। वार्मा में जपानियों द्वारा आक्रमण करते समय वह आकर एक छोटा-सा पहाड़ी शहर में रहने लगता है। हांलाकि जीवन का अधिकांश समय पहाड़ी शहर में व्यतीत करने के बावजूद भी अपी मातृभूमि को भूल नहीं पाता है। ' आधा वार्मिज' इस डाक्टर ने आने की रास्ते में ही पत्नी को खोया। ह्युबर्ट नामक परोसी के सामने अपनी व्यथा को व्यक्त करके जब वह कहता है--"मैं कभी-कभी सोचता हूँ, इंसान जिंदा किसलिए रहता है- क्या उसे कोई और बेहतर काम करने को नहीं मिला? हजारों मील अपने मुल्क से दूर यहाँ मैं पड़ा हूँ – यहाँ कौन मुझे जानता है ... यही शायद मर भी जाऊंगा। ह्युबर्ट, क्या तुमने कभी महसूस किया है कि एक अजनबी की हैसियत से पराया जमीन पर मर जाना काफी खौफनाक बात है ...!" [6]

मुकर्जी, जिसका वार्मिज होने का एक मात्र चिह्न अब उसका पिचका हुआ नाक और चंचल आँखों में ही मात्र शेष है, वह भी मन में एक आशा पाल रखा है – मृत्यु के पूर्व एकबार वार्मा अवश्य जायेगा। वह कहता है -" कुछ भी कह लो, अपने देश का सुख कहीं नहीं मिलता। यहाँ तुम चाहे कितने वर्ष रह लो, अपने को हमेशा अजनबी ही पाओगे।" [7]

रजिया सज्जाद जहीर द्वारा लिखित 'नमक' कहानी की सिख महिला जब पाकिस्तान में रहनेवाले भाइयों से कुछ दिनों के लिए मिलने जानेवाली सफ़िया से लाहौरी नमक मँगवाती है, तब इस छोटी सी कथा हमें बहुत सी बातें सोचने को मजबूर कर देती है। यह कहानी सरहद के दोनों तरफ के विस्थापित लोगों के दिलों को टटोलती एक मार्मिक कहानी है। विभाजन के समय परिस्थितिवश सिख बीबी परिवार सहित भले ही पाकिस्तान छोड़कर भारत आ जाती है, फिर भी वह आज भी लाहौर को ही अपना वतन मानती है। एक जगह पर वह कहानी की नायिका सफिया को कस्टम अधिकारी के द्वारा कहलवाती है - "जामा मस्जिद की सीढ़ियों को मेरा सलाम कहिएगा और उन खातून को यह नमक देते वक्त मेरी तरफ से कहिएगा कि लाहौर अभी तक उनका वतन है और देहली मेरा ,तो बाकी सब रफ्ता-रफ्ता ठीक हो जाएगा।"[8] कितना भी सुरक्षित अथवा मनोनुकूल परिवेश में व्यक्ति क्यों न रहे, प्रव्रजनकारी हमेशा निज मातृभूमि का कोमल स्पर्श, अपनापन भूल नहीं सकता है और पराये देश में हमेशा असुरक्षित अनुभव करता है। मोहन राकेश कृत अन्य एक कहानी 'मलबे का मालिक' में भी कुछ ऐसा ही भावदेखने को मिलता है। भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय जो भीषण साम्प्रदायिक संघर्ष हुआ था, उसी समय गनी मियां अमृतसर छोड़कर लाहौर गया हुआ था।

उसका बेटा, बहु अमृतसर में ही रह गया, परोसियों के भरोसे। किन्तु धर्मीय उन्माद से परिचालित लोगों के हाथों उनकी मृत्यु हुई। अपने खून-पसीने से सजाया घर को भी दुष्कृतिकारियों ने जला दी। देश का विभाजन हुआ। धीरे-धीरे दोनों देशों में शांति आयी। आठ वर्ष बाद सीमावर्ती राज्यों में प्रीति बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित हॉकी मैच देखने के बहाने लाहौर से मुसलमानों की एक टोली अमृतसर आती है। दरअसल वे लोग अपने जन्मस्थल की मोह में बंदी होकर ही यहाँ आये हैं । प्रत्येक व्यक्ति घुम-घुमकर तलाश रहा है अपना घर, अपनी मिट्टी – जिसे वे छोड़ गये थे। कहानी का मूल वक्तव्य यही है कि कठिन परिस्थिति में प्रताड़ित होकर किसी को प्रव्रजन करना भी पड़े, अपनी भूमि, अपने लोग सदा ही अपने रहते हैं।

निष्कर्ष :–

प्रव्रजित व्यक्ति दोहरी समस्याओं से घिरते रहते हैं। एक तो वे अपना घर, अपने समाज, इष्ट-कुटुम्ब से दूर रहने का मनोकष्ट से ग्रसित रहते हैं, तो दूसरी ओर परदेश की भूमि में रहेकर हमेशा अनिश्चित भविष्य की चिंता से पीड़ित रहते हैं। प्रव्रजन सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक आदि विभिन्न समस्याओं की सृष्टि तो करता है, किन्तु इतना होते हुए भी उन लोगों की मानसिक अवस्था को भी टटोलने का प्रयास अवश्य ही होना चाहिए। उनको मौलिक अधिकारों से कम से कम वंचित न किया जाय, इस पर ध्यान रखना मानवीय दृष्टि से उचित होगा।

******

संदर्भ संकेत :-

1. *The Guardian* , असमीया विकिपीडिया
2.वही
3.आषाढ़ का एक दिन – मोहन राकेश, पृष्ठ 45
4.वही
5.परमात्मा का कुत्ता – मोहन राकेश (हिन्दी समय से साभार)
6. परिन्दे- निर्मल वर्मा (श्रेष्ठ हिन्दी कहानियाँ), पृष्ठ 68
7.वही
8.नमक – रजिया सज्जाद जहीर

सहायक ग्रंथ/पत्रिका:-

1. तिवारी शेखर, बालेन्दु – नागर कथाएँ
2. राकेश मोहन, आषाढ़ का एक दिन
3. वर्मा, निर्मल, श्रेष्ठ हिन्दी कहानियाँ
4. साहित्य प्रभा, सम्पादक – चन्द्र सिंह तोमर
5. हिन्दी समय

मुंशी प्रेमचंद जी के अनमोल विचार

"कुल की प्रतिष्ठा भी विनम्रता और सद्व्यवहार से होती है, हेकड़ी और रुआब दिखाने से नहीं।" ~ मुंशी प्रेमचंद

"चापलूसी का ज़हरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न जाएँ।" ~ मुंशी प्रेमचंद

"मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।" ~ मुंशी प्रेमचंद

मानवीय मूल्यों के सृजनहार: प्रेमचंद

चेतन चंद्र जोशी

सहायक प्राध्यापक हिंदी, गेस्ट(राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुनस्यारी, पिथौरागढ़, उत्तराखंड-262554)

मो.9412092340,9690996935

कथा समा्रट मुंशी प्रेमचंद अपनी साहित्यिक रचनाओं से यथार्थ की धरा में आदर्श के बीज रोपित कर भवष्यि की संभवनाओं को तराशते हैं। यह आदर्शोन्मुख यथार्थवाद उनके संपूर्ण रचनाकर्म का बहीखाता है जिसमें मानवीय मूल्यों का सृजन बड़ी बारीकी के साथ किया गया है। कथा समा्रट की कहानियां समाजिक संवेदनाओं के उस धरातल पर अपनी लीक कायम करती है जहाँ कोई दूसरा रचनाकार शायद ही पहुँच पाये। सामाजिक विसंगतियों के उन बड़ी चट्टानों को प्रेमचंद जिस सहजता के साथ चकनाचूर करते हैं वैसी कला किसी दूसरे कहानीकार में शायद ही देखने को मिले। आदर्श और यथार्थ का यह मिश्रित समन्वय हर वर्ग के पाठकों को लुभाता है। समाज में मौजूद विद्रुपताएं हमारे ही द्वारा जनी गई होती है जो तत्समय हमें दिखाई नहीं देती लेकिन अंततः जब हम उस विद्रुपता का शिकार बनते हैं तब हमें उसके दर्द का अंदाजा होता है। मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित लगभग 300 कहानियों में अधिकाँश कहानियां इन्हीं विद्रुपताओं पर केंद्रित है जो जाने-अनजाने हर किसी से होती हैं या हर कोई उसका शिकार होता है। समाज में मौजूद मान-सम्मान, आदर-अनादर, यश-अपयश सब कुछ धन और स्वार्थ के अधीन हो चुके हैं और यह अधीनता प्रेमचंद की कहानियों में साफ तौर पर झलकती है, जिसे वे अपने सांचे में ढाल समाज के लिए एक नई तालीम पेश करते हैं। प्रेमचंद की कहानियों के बारे में हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक रामस्वरुप चतुर्वेदी अपनी चर्चित आलोचनात्म पुस्तक 'हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास' पुस्तक में लिखते हैं- "प्रेमचंद ने घटना, कथानक, चरित्र और संवेदन सभी को केंद्र में रखकर कहानियाँ लिखी हैं। स्पष्ट ही कहानी रचना के ये उत्तरोत्तर सूक्ष्म होते स्तर हैं। 'पंच परमेश्वर' से 'कफन' तक की यात्रा में ये सभी स्तर कभी अलग-अलग और कभी एक दूसरे से लगे-लिपटे मिलेंगे। उनकी 'ईदगाह', 'मंत्र', 'पूस की रात' और कफन जैसी अनेक कहानियाँ हैं जो किसी भी साहित्य के श्रेष्ठतम कहानियों से सहज तुलनीय हैं। मानव चरित्र के ऐसे आत्मीय अंकन विरल हैं जहाँ कि रचना संसार में हर पात्र यह अनुभव करे कि लेखक की सहानुभूति उसी के साथ है, वह चाहे 'मंत्र' का आदर्शप्रिय बूढ़ा भगत हो चाहे 'कफन' के तीखे यथार्थ में सने विदरुप घीसू और माधव हों। कथाकार की इस गहरी सहानुभूति के कारण ही ये चरित्र अपने-अपने संदर्भ में पूरे विश्वसनीय बन जाते हैं और एक गहरे मूल्य-बोध की सृष्टि करते हैं। रचना के इस स्तर पर कला और समाज-चेतना के कृत्रिम विभाजन आप से आप विलीन हो जाते हैं।"

मुंशी प्रेमचंद का कथा-संसार एक ऐसे साहित्य को गढ़ता है जिसकी तस्दीक आधी शताब्दी का समय गुजरने के बावजूद भी अपने आदर्शोन्मुख-यथार्थवाद को पूरी तरह जीवंत किए हुए है। प्रेमचंद का भाषाई शिल्प इतना जीवट है कि सामान्य सी दैनंदिन घटना पर भी वह अपना विशेष प्रभाव अंकित कर जाती हैं। मशहूर समीक्षक गोपाल राय प्रेमचंद के भाषा शिल्प पर अपनी पुस्तक 'हिंदी उपन्यास का इतिहास' में लिखते हैं-

"प्रेमचंद अपने कथासंसार को सजीव बनाने के लिए भाषा का बहुत सावधानी से प्रयोग करते हैं। शिक्षा-दीक्षा, आर्थिक-सामाजिक स्थिति या मनःस्थिति के अनुसार जिस पात्र को जैसी भाषा बोलनी चाहिए उससे वे वैसी ही भाषा का प्रयोग कराते हैं। इसका यह अर्थ नहीं कि प्रेमचंद के पात्र औसत गा्रमीणों या नगरभाषियों की भाषा बोलते हैं। उपकरणों का सार्थक प्रयोग बिंब निर्माण की क्षमता आदि मिलकर एक अद्भुत प्रभाव पैदा कर देते हैं।" इस प्रकार सामाजिक विषमताओं के हर कोने को प्रेमचंद की भाषा बड़ी बारीकी से उसका आँकलन

करती है। प्रेमचंद का संपूर्ण कथाकर्म परंपरा और नवीनता के द्वय को सजीवता के साथ साहित्य में चित्रित करता है। किसानों, मजदूरों, दलितों, वेश्याओं, दहेज प्रताड़ित स्त्रियों आदि सभी उपेक्षित वर्गों के दीन-हीन लोगों की प्रेमचंद मुखर आवाज़ बनकर सामने आते हैं। फिर सेवासदन में वेश्याओं की अभिव्यक्ति हो या रंगभूमि में
सूरदास जैसे मजलूमों की आवाज़, निर्मला में दहेज प्रताड़ित का स्वर हो या गोदान में कृषक समाज के समस्याओं का संताप; प्रेमचंद अपने हर उपन्यास में इन वेदनाओं के स्वरों को बखूबी उभारते हैं। मशहूर आलोचक विश्वनाथ प्रसाद तिवारी प्रेमचंद के बारे में लिखते हैं-

"प्रेमचंद का संपूर्ण लेखन एक लेखक के संवेदनशील मन का प्रमाण है, प्रेमचंद में जो मानवीय संवेदना है उसी के कारण वे अपने चरित्रों को इतनी सहानुभूति दे सके हैं और स्थितियों को इतनी मार्मिकता के साथ अंकित कर सके हैं।"निसंदेह प्रेमचंद की कथाकृतियां उस संवेदनशील समाज का निमार्ण करती हैं जहाँ वे इस वेदना का दंश सदियों से भुगत रहे हैं। प्रेमचंद के चारित्रिक पात्र आज भी उस मानवीय संवेदना के शिल्प में नज़र आते हैं जहाँ वे उस परिस्थितियों के दंश को भुगतने को मजबूर हैं। जिस प्रकार उनकी सर्वप्रसिद्ध कहानी 'नमक का दरोगा' में मुंशी वंशीधर अपने नैतिक कर्तव्यों और ईमानदारी से किए गये कार्यों की कीमत चुकाता है ठीक वैसा ही आज के दौर में भी इन सब ईमानों की कीमत चुकानी पड़ती है। लेकिन वहाँ अंततः पंडित आलोपदीन जैसे लोग आकर उसकी ईमानदारी का इनाम उसे देते हैं लेकिन आज के दौर में इनाम की कल्पना करना कुछ वैसा ही है जैसा रसिया-यूक्रेन वॉर में तालिबान का शांति संदेश देना। आज के दौर में नैतिक कर्तव्य केवल किताबों तक ही सीमित हैं, एक-दो अपवादों को छोड़कर आज के दौर में अनैतिक कर्म करना ही नैतिक मूल्यों की पहली निशानी मानी जाती है। प्रेमचंद कथाएं समाज के लिए उस आईने की तरह जिनमें वे अपने किरदार खोज रहे होते हैं। आदर्श और यथार्थ का यह अद्भुत संगम प्रेमचंद के साहित्य में ही सर्वाधिक उर्वर हुआ है। आदर्श और यथार्थ के संतुलित मानकों पर डॉ0 रामविलास शर्मा अपनी आलोचनात्मक पुस्तक 'प्रेमचंद' में लिखते हैं-"एक चिरंतन सत्य में संघर्ष असंभव है; संघर्ष उनमें होता है जो परिवर्तनशील हैं। इसलिए साहित्य का सम्बन्ध उस यथार्थ से है जिसने मनुष्य को मनुष्य से जुदा कर रखा है और जो बदलने वाला है। यह जुदा करने वाली वस्तु आदर्श नहीं है; इसलिए उसे यथार्थ कह सकते हैं। और यहीं से प्रेमचंद में हम इन दोनों का संघर्ष देख सकते हैं।"सामाजिक मूल्यों के संघर्ष में प्रेमचंद का साहित्य एक विशिष्ट स्थान रखता है। वे अपने पात्रों में इन मूल्यों को जबरदस्ती थोपते हुए नहीं दिखते बल्कि वो किस्सागोई इतनी सहज बन पड़ती है कि हम स्वयं उस में अपने समाज और परिस्थितियों की वास्तविकता का आंकलन करने लगते हैं। प्रेमचंद के कृषि जीवन का महाकाव्य कहे जाने वाले उपन्यास 'गोदान' में होरी और उसके बेटे गोबर का संवाद मालिकों के कार्यशैली पर तर्क-वितर्क करते हुए कहते हैं-"यह बात नहीं है बेटा, छोटे-बड़े भगवान के घर से बनकर आते हैं। संपत्ति बड़ी तपस्या से मिलती है। उन्होंने पूर्वजन्म में जैसे कर्म किए हैं, उनका आनंद भोग रहे हैं। हमने कुछ नहीं संचा, तो भोगें क्या?""यह सब मन को समझाने की बातें हैं। भगवान सब को बराबर बनाते हैं। यहाँ जिसके हाथ में लाठी है, वह गरीबों को कुचलकर बड़ा आदमी बन जाता है।""यह तुम्हारा भरम है। मालिक आज भी चार घंटे रोज भगवान का भजन करते हैं।""किसके बल पर यह भजन-भाव और दान-धर्म होता है?""अपने बल पर।""नहीं, किसानों के बल पर और मजदूरों के बल पर। यह पाप का धन पचे कैसे? इसलिए दान-धर्म करना पड़ता है, भगवान का भजन भी इसलिए होता है। भूखे-नंगे रहकर भगवान का भजन करें, तो हम भी देखें। हमें कोई दोनों जून खाने को दे, तो हम आठों पहर भगवान का जाप ही करते रहें। एक दिन खेत में ऊख गोड़ना पड़े तो सारी भक्ति भूल जाए।"मध्यवर्गीय परिवेश के अंतर्गत जनमानस की समस्याओं और विडंबनाओं की प्रकृति को प्रेमचंद जिस सहज भाव से उठाकर साहित्य के धरातल में उकेरते हैं उसे देख यही लगता कि इस वस्तुस्थिति को लेखक ने बहुत करीब से न सिर्फ देखा है बल्कि जिया भी है। और इसी जिजीविषा से प्रेमचंद का कथाकर्म साहित्य-संसार में अपना अद्वितीय स्थान कायम करने में सफल हो पाता है। यह सफलता इस बात का पैमाना नहीं है कि वे कितने लोकप्रिय कथाकार कहे गये अथवा माने गये यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि उनका लेखन कर्म अंत तक समाज के हर उस हिस्से में अपनी पकड़ बनाये हुए था जहाँ शिखर पर पहुँचने के बाद व्यक्ति उसे अनुभूत नहीं कर पाता। प्रेमचंद की कहानियाँ मानवीय मूल्यों और दायित्वों तक ही सीमित न ही है वह उस आम जनमानस की भावनाओं का संबल भी है जिसमें व्यक्ति अपनी तार्किकता को किनारे रख उस अनुभूति को महसूस करता है जिसके लिए प्रेमचंद ने उसे गढ़ा है। उदाहरण के लिए अगर 'ईदगाह' कहानी को लिया जाय तो उसमें हामिद जो महज चार या पाँच साल का अबोध बालक है लेकिन जब वह मेले में जाता है जहाँ दुकानों में तरह-तरह के खेल, खिलौने, मिठाईयां, शरबत इत्यादि रखे हुए हैं वहाँ वह तीन पैसों में अपनी हर इच्छा को किसी परिपक्व व्यक्ति की तरह दबाये चलता है। यहाँ तक तब भी ठीक है लेकिन जब वह अंततः एक दुकान से 3 पैसे का चिमटा लेता है और अपने दोस्तों को जिस तार्किकता के साथ चिमटे का महत्व बताता है वह बात 4 से 5 साल के उस अबोध बचपने में संभव नहीं लगती और उसके भी अंत में जब वह चिमटे को रुस्तमे हिंद की संज्ञा देता है तब वह प्रबुद्ध पाठकों की सोच से ऊपर उठ जाता है। लेकिन प्रेमचंद जिस गतिशीलता से उन कहानियों में ऐसी सहानुभूतियां पैदा करते हैं उसमें पाठक वर्ग आँख मूंदकर विश्वास कर लेता है जो वस्तुस्थिति को देखकर सहज भी है। इसी तरह अगर 'कफन' कहानी की आधुनिकता पर गौर करें जिसे उनकी प्रगतिशील कहानियों के तौर पर देखा जाता है तो उसमें प्रथम दृष्टया सत्य और कथ्य के बीच में बड़ा अंतर महसूस होता है। डॉ0 मदान भी इस संदर्भ में लिखते हैं, "कहानी जिस सत्य को उजागर करती है वह जीवन के तथ्य से मेल नहीं खाता।" किंतु दूसरी दृष्टया इसे देखने पर सत्य और कथ्य का भेद पूरी तरह मिट जाता है। कुछ आलुओं का लालच बाप-बेटे की मति पर इस तरह पसरा हुआ है कि प्रसव-पीड़ा से जूझती अपनी पत्नी को देखने के बजाय उसे अपने बाप के द्वारा आलू खा जाने का डर सता रहा है।"घीसू ने कहा- मालूम होता है, बचेगी नहीं। सारा दिन दौड़ते हो गया, जा देख तो आ।माधव चिढ़कर बोला- मरना ही तो है, जल्दी मर क्यां नहीं जाती? देखकर क्या करुं?तू बड़ा बेदर्द है बे! साल-भर जिसके साथ सुख-चैन से रहा, उसी के साथ इतनी बेवफाई! तो,मुझसे उसका तड़पना और हाथ-पाँव पटकना देखा नहीं जाता।" सत्य यह है कि पीड़ा का यह दंश आज का समाज भी भुगत रहा है और कथ्य यह है कि उसे पीड़ा में देख अपने आलु खाने में मगन राजनीतिक सत्ता पक्ष(माधव) और प्रतिपक्ष(घीसू) उसमें केवल संवेदना प्रकट करते हैं उसका समाधान नहीं खोजते। अगर कोई भूले-भटके चला भी जाय तो अंदर यह सवाल उसके बना रहता है कि कहीं उसके हिस्से के आलू(वोट) वह(प्रतिपक्ष) चंपत न कर गया हो। इस तरह अपने अंतिम दिनों में प्रेमचंद का रुझान आधुनिकता बोध कहानियों की ओर खिंचता हुआ दिखता है। किसी के लिए यह कहानियाँ आधुनिकता के दायरे से बाहर हैं तो किसी के लिए अंदर, किसी को कहानी के पात्रों में अतिरंजना नज़र आती है तो किसी को संतुलित अनुकूलता। इस पर राजेंद्र कुमार लिखते हैं- "समकालीन रचना-दृष्टि की प्रेरणाभूमि पर प्रेमचंद का कृति व्यक्तित्व इस बात की भी एक असरदार मिसाल है कि व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक-आर्थिक दर्शन की निरी राजनीतिक प्रतिपत्तियों से एकान्ततया बंधे बिना लेखक अपनी रचना को समाज के लिए कितना उपादेय और विचारोत्तेजक बना सकता है। प्रेमचंद अपनी कथायात्रा में आद्यन्त कहीं भी अपनी दृष्टि को पूर्वाग्रह-ग्रस्त नहीं होने देते हैं। इसलिए उनके अनुभव रचना में समग्रतया विकासमान व्यक्तित्व को अन्वेषित करने के लिए सचेष्ट दिखते हैं। जो लोग विचारधारा अथवा सैद्धांतिकता को लेकर हमेशा एक तरह के शुद्धातावाद के हिमायती रहे हैं उन्हें प्रेमचंद का आदर्शवाद बहुत आश्वस्त नहीं कर सकता है।"इसी में आगे वे डॉ0 भारत भूषण

अग्रवाल के लेख को संदर्भित करते हुए लिखते हैं-"गाँधी-जैसे अनन्य तपस्वी के नेतृत्व में भी देशवासियों के त्याग और उत्सर्ग की विफलता तथा सुदूर देश रूस में जनक्रांति द्वारा सोवियत शासन की स्थापना। इसलिए प्रेमचंद यह पहचानने लग गये थे कि जनजीवन को संवारने के लिए आदर्श का प्रचार यथेष्ट नहीं है बल्कि सामाजिक संबंधों में भी परिवर्तन होना आवश्यक है। 'गोदान' उपन्यास तथा 'पूस की रात' और 'कफन' जैसी अपनी अंतिम रचनाओं में प्रेमचंद की रचना दृष्टि का बदलाव परिवेश की दूसरी पहचान की परिणति है।" अंततः यह बदलाव एक बयार बनकर आने वाली पीढी के रचना-कर्म में भी देखने को मिलता है। लेकिन यह रचना-कर्म आने वाले लेखकों में कुछ ऐसे रच-बस गया कि वह संवेदनाओं और सहानुभूतियों की प्रकृति में प्रगतिशीलता के नये आयाम गढ़ने लगे। इसी अंतिरंजना पर हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक नामवर सिंह 'कहानीः नयी कहानी' में इन कथ्यों पर अपनी बात रखते हुए लिखते हैं-"सही अर्थ के लिए किसी घटना का सही वर्णन। अतिरंजित करने का जमाना लद चुका। " इसी को वे उदाहरण के साथ आगे की पंक्तियों में प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं -"विवरण में उसकी गरीबी, मरणासन्न माँ की बिमारी का तार पाकर स्टेशन भागना, प्लेटफार्म पर उसकी जेब कटना, ट्रेन तक पहुँचने से पहले दो से टकराना, चार से गालियाँ खाना, बादल-बिजली, वगैरह-वगैरह। और यह सब सिर्फ इसलिए कि उसकी मुसीबत का पूरा-पूरा भान हो जाय और उस पर दया करने के लिए उपयुक्त- बल्कि प्रभूत आधार पर प्रस्तुत हो जाय!"ऐसा नहीं है कि प्रेमचंद की कहानियों ने केवल संवेदनाओं और सहानुभूतियों से ही अपना काम चलाया हो उनमें मानवीय समस्याओं का अर्थपूर्ण हल भी देखने को मिलता है। अगर मैं बात करूँ उनकी 'नशा' कहानी कि तो संवदेनाओं से इतर सिद्धांतों पर चलने वाली यह एक ऐसी प्रकृतिपरक कहानी है जो स्वभावतः इन्सान की परिस्थितियों पर टिकी रहती है। ईश्वरी जो एक बड़े जमींदार का लड़का था और उसका दोस्त जो एक गरीब क्लर्क का बेटा। जब भी दोनों में अमीरी-गरीबी को लेकर बात होती तो ईश्वरी का दोस्त हमेशा उस पर भारी पड़ता। लेकिन एक रोज जब वह उसे अपने साथ अपने घर ले चलता है और वहाँ उसे कहीं का राजकुमार बताकर अपने समकक्ष स्थापित करता है तब धीरे-धीरे उसके दोस्त के स्वभाव में परिवर्तन दिखने लगता है।"ईश्वरी का घर क्या था, किला था। इमामबाड़े का सा फाटक, द्वार पहरेदार टहलता हुआ, नौकरों का कोई हिसाब नहीं, एक हाथी बँधा हुआ।ईश्वरी ने अपने पिता, चचा, ताऊ आदि सबसे मेरा परिचय कराया और उसी अतिशयोक्ति के साथ। ऐसी हवा बाँधी कि कुछ न पूछिए। नौकर-चाकर ही नहीं, घर के लोग भी मेरा सम्मान करने लगे। देहात के जमींदार, लाखों का मुनाफा, मगर पुलिस कान्सटेबिल को अफसर समझने वाले। कई महाशय तो मुझे हुजूर-हुजूर कहने लगे।"एक रोज यह परिवर्तन इतनी गहरी पैठ कर लेता है कि उसके दोस्त का हाथ अपने ही बिरादरी के गरीब पर उठ जाता है। यह कहानी सहानुभूति बटोरने वाले लेखकों के अनुरूप नहीं कही जा सकती, लेकिन कहानी इतनी प्रकृतिस्थ है कि उसका प्रभाव आज की परिस्थितियों में भी रचा-घुला है। इसीलिए कहानी का शीर्षक 'नशा' इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है कि जब तक आप नशे के चंगुल में नहीं है तब तक वह आपके लिए दमघोंटू हवा की तरह है लेकिन जब आप उसमें प्रवेश करते हैं फिर वही नशा आपके लिए प्राणवायु बन जाता है। उनके कथा साहित्य के संदर्भ में डॉ0 रामविलास शर्मा लिखते हैं-"भारतीय कथा साहित्य की जातीय परंपरा से प्रेमचंद की कहानियों का बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध है। कहानी फुरसत की चीज है, काम-धाम से छुट्टी पाकर सुनने की चीज, और जल्दबाजी से काम बिगड़ जाता है। प्रेमचंद के कहानी कहने में यह फुरसत का भाव मिलता है। वह कहानी सुनाते हैं, अक्सर लच्छेदार जबान में, वाक्यों को स्वाभाविक गति से फैलने की आजादी देकर, अंग्रेजी बाग के माली की तरह उनकी डालियाँ, पत्ते कतरकर नहीं, फूलों और पत्तियों को हवा में बढ़ने और लहराने की आजादी देकर। जिंदगी के अनुभवों पर टीका-टिप्पणी भी साथ चला करती है; व्यंग्य, अनूठी उपमाएँ और हास्य बीच-बीच में पाठक को गुदगुदाते रहते हैं।"प्रेमचंद की यही सबसे बड़ी खूबी है कि वह हर तरह की कथाओं की प्रकृति से वाकिफ हैं। कहाँ कौन सी कहानी को कहना है, कहाँ उसमें संवेदना पैदा करनी है और कहाँ उसे सिर्फ साधारणीकरण देना है; ये प्रेमचंद से बेहतर कोई नहीं कह सकता। डॉ0 रामविलास शर्मा प्रेमचंद के रचनाओं के विषय में पुनः लिखते हैं-"हमारे जीवन का शायद ही कोई पहलू छूटा हो जिसकी गुत्थियों को प्रेमचंद ने सुलझाने की चेष्टा न की हो। हम उनके परिणामों से सहमत न हों, लेकिन नए युक्तिसंगत परिणाम निकालने के लिए यहाँ से अधिक यर्थाथ आधार अभी दूसरी जगह न मिलेंगे!"इसी में वे आगे लिखते हैं"समाज के जिन-जिन अंगों पर प्रेमचंद ने प्रकाश डाला है, उनका अध्ययन करना अपने सारे सामाजिक जीवन का ही अध्ययन करना है। उनकी कृतियों की विवेचना से हम समस्याओं से ही परिचित न होंगे वरन परिणाम खोजने में उनकी अतार्किकता और आदर्शवादी दृष्टिकोण को समझकर आगे के लिए सचेत भी हो सकेंगे। प्रेमचंद ने भारतीय जीवन का जो विश्लेषण किया है, आगे उसी की आलोचना की जायेगी।"यकीनन शायद ही कोई पहलू होगा मानवीय जीवन का जिसे प्रेमचंद ने छोड़ा हो। उनकी कहानियाँ सिर्फ समस्याएं नहीं खोजतीं प्रत्युत वह उन समस्याओं का सार्थकता से सामाधान भी खोजती हैं। उन्हीं कहानियों को पढ़कर हमने मानवीय मूल्यों की असल तालीम हासिल की जिसके बगैर जीवन अधूरा है। उनका रचनाकर्म इन मूल्यों को साहित्य में जिस तरह सींच कर गया है, उसी का परिणाम है कि हमारी साहित्यिक पौंध परिनिष्ठित और परिष्कृत रूप में देश-दुनिया में लहलहा रही है।

******

संदर्भ-ग्रंथ सूची :-

1. हिंदी साहित्य और सवंदेना का विकास, रामस्वरुप चतुर्वेदी, पृ.सं.145-146, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण-2019
2. हिंदी उपन्यास का इतिहास, गोपाल राय, पृ.सं-141-142, राजकमल प्रकाशन, सं-2020
3. प्रेमचंद, एक संघर्षशील लेखक का विश्वसनीय लेखन, विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, पृ.सं.67, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली
4. प्रेमचंद, डॉ0 रामविलास शर्मा, पृ.सं.40, राधाकृष्ण प्रकाशन, संस्करण-2018
5. गोदान, मुंशी प्रेमचंद, पृ.सं.15-16, मिनाल एजुकेशन बुक्स
6. प्रेमचंद, विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, कफनः आधुनिकता बोध की पहली कहानी, प्रकाशन संस्थान, पृ.सं170
7. मुंशी प्रेमचंद, कफन, सारेतः फेमिना
8. प्रेमचंद, विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, रचना-दृष्टिः समकालीन प्रेरकता के तत्व, प्रकाशन संस्थान, पृ.सं19
9. वही
10. कहानीः नयी कहानी, नामवर सिंह, पृ.सं.103 लोकभारती प्रकाशन, स. 2019
11. वही
12. मुंशी प्रेमचंद, नशा, सोरतः हिंदी साहित्य मार्गदर्शन
13. प्रेमचंद और उनका युग, डॉ0 रामविलास शर्मा, पृ.सं.136
14. प्रेमचंद, डॉ0 रामविलास शर्मा, पृ.सं.46, राधाकृष्ण प्रकाशन, संस्करण-2018
15. वही

'कोसला' : कथ्य और शिल्प के नए प्रयोग

डॉ.सुषमा कुमारी
असिस्टेंट प्रोफेसर,हिंदी विभाग, मिज़ोरम विश्वविद्यालय
आइजोल-796004

प्रस्तावना:-

'कोसला' मराठी उपन्यासों की परम्परा में आरम्भिक नहीं परिपक्व उपन्यासों की श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह अपने विशिष्ट कथ्य एवं भाषा-शैली की वजह से बहुत चर्चित रहा है। इससे पहले लिखे गए उपन्यासों में सामाजिक सुधारवाद, रोमैंटिक भावबोध, विरह आदि तत्व ही मुख्य रूप से मिलते हैं। जाहिर है कि ऐसे उपन्यास नीतिपरक और मनोरंजन परक ही अधिक हुआ करते थे, किसी गंभीर दर्शन या चिन्तन की अभिव्यक्ति नहीं। यथार्थवादी उपन्यायों की परम्परा का आरंभ 19वीं शताब्दी के अन्तिम दशकों विशेषकर हरिनारायण आप्टे के उपन्यासों से ही शुरू हो पाती है। लेकिन इन उपन्यासों की सीमा यह है कि इनमें यथार्थ के केवल बाहरी पक्ष पर मिसाल के तौर पर घटनाओं और सामाजिक स्थितियों का ही चित्रण है लेकिन "पात्रों के मन में उभरने वाली उधेड़बुन का जो अन्दाजा पाठक तक कर लेते है उसके प्रति वे उदासीन से रहते हैं।"[1] महत्वपूर्ण बात यह है कि श्री आप्टे के व्यक्ति विषयक उपन्यासों का स्वरुप अलग होते हुए भी उसका ढाँचा और प्रस्तुतीकरण का ढंग वही परम्परागत रूप लिए हुए है।

बीज शब्द: - अंतर्मुखी, यथार्थवाद, आत्माभिव्यक्ति, नायकत्व, व्यक्तिवाद, अस्तित्व और अस्मिता, शिल्प्-प्रविधि।

मूल कथ्य/ उद्देश्य: - स्वतंत्रता के बाद देश विभाजन की त्राषदी के परिणामस्वरूप साम्प्रदायिक दंगों से संबंधित उपन्यास मराठी साहित्य में आये, जैसे- गो. मी दांडेकर का 'बिंदुची कथा' (1947) तथा श्री. ना. पेंडसे का प्रथम महत्वपूर्ण उपन्यास 'एल्गार'। दांडेकर के उपन्यास मराठी के नीतिपरक तथा प्रधान उपन्यासों की परम्परा से सर्वधा भिन्न नजर आते हैं ।स्वतन्त्रता के बाद का मराठी साहित्य अपने यथार्थवादी स्वर तथा कथ्य और शिल्प के नये प्रयोगों की दृष्टि से प्राचीन साहित्य से भिन्न है लेकिन इस भिन्नता को सर्वाधिक मुखर स्वर काफी आगे चलकर भालचन्द्र नेमाड़े के उपन्यास 'कोसला' में मिला । इस उपन्यास ने मराठी साहित्य में अब तक प्रचलित कथ्य और शिल्प, विषय एवं भाषा संबंधी रूढ़ियों को ठुकराते हुए एक बिल्कुल नया प्रयोग किया। आत्मकथात्मक शैली में लिखा गया उपन्यास एक बीस-पच्चीस वर्षीय युवक की कहानी बयां करता है। नायक को उपन्यास के केन्द्र में रखने के बावजूद असल में लेखक ने उसके चरित्र को निर्मित करने वाली परिस्थितियों की पहचान की है।'कोसला' का नायक पारम्परिक अर्थों में नायक नहीं है, उसके चरित्र में पारम्परिक नायकों जैसा 'महान' कुछ भी नहीं है। वह 'कोसला' का नायक जरूर है, लेकिन जिस दुनिया में वह जी रहा है उसमें उसकी हैसियत उतनी ही है जितनी किसी और पात्र की। वह उतना ही स्वतन्त्र या मजबूर है जितना कि उपन्यास के दूसरे पात्र। लुकाच ने उपन्यास को पूँजीवाद की देन माना था। उनके अनुसार पूँजीवादी व्यवस्था के परिणाम स्वरूप साहित्य में व्यक्तिवाद का जन्म हुआ जिससे व्यक्ति केन्द्रित उपन्यास लिखे जाने लगे। लुकाच के निष्कर्षों से सहमत होना संभव नहीं, क्योंकि जैसा कि हम इस उपन्यास में भी देखते हैं कि यह व्यक्ति को केन्द्र में रखकर लिखा गया उपन्यास भले हो लेकिन व्यक्तिवाद की प्रतिष्ठा करने वाला उपन्यास नहीं है। जिन्हें लुकाच व्यक्तिवादी उपन्यास कहते हैं, उनकी विशेषता यह होती है कि वे नायक को परिस्थितियों का निर्माता के रूप में प्रस्तुत करते हैं। जबकि असल जीवन में कोई व्यक्ति इतना स्वतन्त्र नहीं होता कि स्वयं ही अपने जीवन की परिस्थितियों का निर्माण कर सके। परिस्थितियों के निर्माण में दूसरे भी अहम भूमिका निभाते हैं। 'इस उपन्यास में उपरोक्त सत्य मूर्त रूप में सामने आता है। सांगवीकर न सिर्फ एक सामान्य सा मनुष्य है, न सिर्फ वह परिस्थितियों से बहुत दूर तक निर्देशित होता है बल्कि सच्चाई तो यहाँ तक है कि स्वयं उसका चरित्र परिस्थितियों एवं दूसरे मनुष्यों के प्रति उसकी प्रतिक्रियाओं की उपज है। सिर्फ एक उदाहरण की बात करें तो अपने पिता के प्रति सांगवीकर की चीढ़ उसके चरित्र के निर्माण में अहम भूमिका रखती है। बहरहाल इस प्रसंग में उपन्यास के भूमिकाकार का कहना बिल्कुल सही है कि "उपन्यास का बहुत बड़ा हिस्सा उन प्रतिक्रियाओं में उद्घाटित हुआ है जो नायक और उससे मिलने -जुलने वाले लोगों के बीच अंतर क्रिया आंतरक्रियात्मक स्तर पर विकसित हुई हैं।"[2]व्यक्तिवादी उपन्यास न होने के कारण ही 'कोसला' केवल एक व्यक्ति की कथा मात्र नहीं रह जाता बल्कि एक व्यक्ति की आत्मकथा होते हुए भी वह एक पूरी पीढ़ी की कथा बन जाती है। सांगवीकर आजादी के बाद की पीढ़ी का प्रतिनिधि चरित्र है। महान बनने की आकांक्षा तथा माँ की उम्मीद के बावजूद सांगवीकर के जीवन में ऐसा कोई मोड़ ही नहीं आता जो उसे महान बना दे या सांगवीकर खुद महान बनने का निर्णय ले ले। आज़ादी के बाद की पीढ़ी की इच्छा और उसके यथार्थ के द्वन्द को देखें तो यह कहना बिल्कुल सही है कि ''युवा-पीढ़ी की मानसिकता, उसकी शिक्षा और व्यावहारिक जीवन के बीच की असंगतियां, अनेक स्तरों पर पारिवारिक संघर्ष, छटपटाहट, अस्मिता का संकट, अपनी जड़ों और परम्परा को खोजती हुई युवा पीढ़ी का प्रतिनिधि नायक दरअसल मराठी उपन्यास का पहला अ- नायक है।"[3]

सांगवीकर को अ- नायक कहना ही ठीक है, प्रतिनायक नहीं। प्रतिनायक (एंटी-हीरो) होने के लिए किसी अन्य नायक की उपस्थिति जरुरी है। सांगवीकर अ-नायक इसलिए है कि वह हर दृष्टि से सामान्य है- अपने व्यक्तित्व से अपनी भाषा तक। वह उतना ही विशिष्ट है जितना की दूसरे। पांडूरंग सांगवीकर उपन्यास का केन्द्रीय पात्र (अ-नायक) होते हुए भी 'बुद्धू' है, उसका चरित्र भी बहुत स्थिर नहीं है। जिस हँसमुख, जिन्दादिल और आशावादी सांगवीकर को हम कथा के आरम्भ में देखते हैं कथा के अंत में सांगवीकर वही नहीं रह जाता। नायक का ऐसा व्यक्तित्व मराठी उपन्यासों की परम्परा में पहले मौजूद नहीं था।'कोसला' सांगवीकर की असमाप्त या अधूरी आत्मकथा है। अपने लगभग पच्चीस वर्षों के जीवन की कथा को कहते हुए सांगवीकर ने न केवल युवा-पीढ़ी की मानसिकता का उद्घाटन किया है बल्कि उसे निर्मित करने वाली परिस्थितियों को भी प्रत्यक्ष कर दिया है। पुरानी पीढ़ी की जीवन पद्धति, नई पीढ़ी पर उसकी जकड़न, आधुनिकता के साथ सामंजस्य बिठा सकने की नई पीढ़ी की कशमकश का मार्मिक चित्रण उस उपन्यास को यथार्थवादी बनाते हैं। इसी प्रक्रिया में परिवार, समाज एवं राष्ट्र की तमाम संस्थाओं- सरकार, पुलिस, शिक्षा संस्थान आदि –पर तीखा व्यंग्य भी हुआ है। सांगवीकर के जीवन में उसके पिता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उपन्यास के आरंभ में सांगवीकर अपने बाद जिस पहले व्यक्ति का जिक्र करता है, वह उसका पिता ही है। लेकिन पिता की भूमिका उसके जीवन में सकारात्मक की बजाय नकारात्मक है। अपनी पारिवारिक स्थितियों से परेशान पिता की उपेक्षाओं और दमन से त्रस्त सांगवीकर अध्ययन के लिए शहर (पूना) चला जाता है लेकिन वहाँ भी दोस्तों द्वारा ठगे जाने, पिता द्वारा पर्याप्त आर्थिक सहायता के बदले नसीहत देने तथा कॉलेज में अपनी ही अदूरदर्शिता के कारण सांगवीकर निरन्तर निराश और हताश होता चला जाता है। एकाध बार प्रयास करने के बाद अन्ततः सांगवीकर परीक्षा न देने का निर्णय कर लेता है और इस तरह वापस उसी माहौल में पहुँच जाता है। सामाजिक सक्रियता की संभावना के ख़त्म हो जाने और पिता के अत्यधिक नियन्त्रण के चलते सांगवीकर धीरे-धीरे अकेला होता जाता है और अन्त में बाकी दुनिया से खुद को

काटते हुए अंतर्मुखी हो जाता है। अपनी ही दुनिया में अपने आप को बन्द कर लेता है। 'कोसला' मराठी में कोकुन को कहते हैं यानि रेशम के कीड़े द्वारा अपने चारों ओर बुना गया वह रेशमी जाल जिसमें अंततः वह कैद होकर रह जाता है। संरचनात्मक दृष्टि से 'कोसला' अपने पहले की उपन्यास परंपरा से बिल्कुल भिन्न है, इसे सुखान्त या दुखान्त कह पाना समान रूप से मुश्किल है। इस उपन्यास में ऐसी कोई केन्द्रीय घटना नहीं है जिसे ट्रेजडी कहा जा सके। घटनाएँ एक के बाद एक बड़े स्वाभाविक ढंग से घटती चली जाती हैं, लेकिन कहीं भी पाठक अनुमान नहीं लगा सकता कि इन सभी का परिणाम क्या होगा असल में ऐसा कोई परिणाम उपन्यास में है भी नहीं। उसका ऐसा कोई स्थिर अन्त नहीं है जिसके आधार पर पूरे उपन्यास का अर्थ निर्धारित किया जाए और इस अर्थ में यह अंतहीन उपन्यास है।जैसाकि मैंने पहले ही कहा कि इसमें कोई एक ट्रैजिक घटना नहीं है या कि यह दुखान्त उपन्यास नहीं है, यह बात अपनी जगह सही है। लेकिन दुखान्त न होने के बावजूद यह दुखद उपन्यास कहा जा सकता है। कोई एक ट्रैजिक घटना न होने के बावजूद इस पूरे उपन्यास में एक लम्बी उदासी और टीस है। यह उपन्यास एक (पीढ़ी की) जिन्दगी के यूँ ही व्यर्थ चले जाने का दस्तावेज है। असल में जब कोई कहता है कि 'तुमने इतने साल व्यर्थ गंवा दिए' तो उसका अर्थ यह नहीं होता कि साल गंवा दिए, साल तो अपनी जगह बने ही रहते हैं, जिस तरह उन्हें पाया नहीं जा सकता उसी तरह गंवाया भी नहीं जा सकता। दरअसल बीत तो जिन्दगी ही जाती है, जिसे सांगवीकर उपन्यास के अन्त में बड़े ही दार्शनिक अन्दाज में इस तरह कहता है कि "यह कहना कि वर्ष बहुत जाया गये, मिसाल के लिए बिल्कुल गलत है। अर्थात बिल्कुल सही है।"[4]उपन्यास के आरंभ का सक्रिय और जिन्दादिल सांगवीकर 'ऐहिक स्तर पर असफल और समाज से तिरस्कृत' होकर दुनिया और परिस्थितियों में और उलझने की बजाय अपने आपको ही बदल लेने का प्रयास करता है। आलोचक इसे उसका 'कायांतरण' मानते हैं जिसके द्वारा वह अपने चारों ओर बनने वाली परिस्थितियों के खोल से अपने को मुक्त कर लेता है। यह बात बिल्कुल सही है कि सांगवीकर स्वयं को बदलने का निर्णय करता है लेकिन यह बदलाव नकारात्मक दिशा में है। वह किसी भी तरह की स्वतंत्रता और प्रतिरोध के बदले परिस्थितियों के साथ-साथ बहना स्वीकार कर लेता है "तब से मैं माता -पिता से, बस्ती के इज्जतदार लोगों से कहने लगा था कि आप लोग जो-जो कहें सब मुझे स्वीकार है।... जब भी किसी ने जो भी कहा, मैंने कहा जी हाँ। मुझे सब कुछ मंजूर है। मैं अमल करूंगा। ...उन्होंने सवाल पूछ और मैंने भी हाँ ... जी हाँ कहा।"[5] कुछ अर्थों में 'कोसला' हिंदी के प्रसिद्ध उपन्यास 'शेखर: एक जीवनी' से तुलनीय लगता है। व्यक्ति और परिवार तथा समाज के बीच विरोध, छात्र -जीवन की समस्याएं आदि ऐसे पहलू हैं, जिसमें दोनों में समानता दिखती है। व्यक्ति मनोविज्ञान का भी दोनों ही उपन्यासों में प्रयोग किया गया है। 'कोसला' में सांगवीकर जहां एक अति सामान्य पात्र है वहीं शेखर अति विशिष्ट। जहाँ सांगवीकर के लिए विरोध एक मज़बूरी है वहीं शेखर के लिए 'स्वभाव'। हम कर सकते हैं कि अगर 'कोसला' व्यक्ति की सीमाओं का ध्यान रखते हुए व्यक्ति पर केंद्रित उपन्यास है तो वहीं 'शेखर: एक जीवनी' व्यक्तिवादी। शिल्प के स्तर पर भी 'कोसला' 'शेखर: एक जीवनी' से अपना अलगाव रखती है। शेखर: एक जीवनी' भी एक नायक की आत्मकथा है लेकिन 'वह' की शैली में। वहीं दूसरी ओर लेखक शेखर की कथा के साथ तटस्थ नहीं रह पाता, जबकि 'कोसला' में "अनुभवों, संवेदनाओं और उसके लिए प्रयुक्त अभिव्यक्त भाषा के बीच लेखक की कोई दखलंदाजी नहीं है। इसमें लेखकीय हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं है।"[6] बहरहाल, 'कोसला' का शिल्प एक अद्भुत ताजगी लिए हुए हैं, भाषा के स्तर पर भी और प्रविधि के स्तर पर भी। 'कोसला' की भाषा पारम्परिक उपन्यासों की निर्जीव और अलंकृत भाषा से एक तरह का विद्रोह है। उसमें न सिर्फ ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं हुआ है बल्कि जोग नाम के एक पात्र के बहाने ऐसी भाषा की खिल्ली भी उड़ाई गयी है। 'कोसला' की भाषा आम बोल-चाल की भाषा के काफी निकट है। उसमें 'मिसाल के तौर पर', 'वगैरा', 'भयानक', 'प्रचंड', 'भंकस', 'दलिद्दर', 'बंडल' जैसे शब्दों का प्रयोग तो है ही, दैनिक जीवन में बहुतायत से प्रयुक्त वे गालियाँ भी चली आयी हैं, जिनका उल्लेख यहाँ गैर जरूरी है। लेकिन यह बात ध्यान देने की है कि 'कोसला' की भाषा 'आंचलिक' नहीं है, वह मूलत: शिक्षितों की भाषा है। 'मिसाल के तौर पर' तथा 'वगैरा' ये दो शब्द ऐसे हैं जो 'कोसला' में बहुत बार आए हैं। ऐसा लगता है जैसे कि 'मिसाल के तौर पर' सांगवीकर का तकिया कलाम है, जिसे वह बात-बात में बोला करता है। 'वगैरा' की स्थिति इससे भी जटिल है वह और भी अधिक बार प्रयुक्त हुआ है, कभी कभी तो एक ही वाक्य में दो-दो बार, जैसे- "मैने कनस्तर की इधर वाली बाजू को लकड़ी वैगरा की पटरी वगैरा फँसाकर बिल्कुल बन्द कर दिया।"[7] 'वगैरा' शब्द का इतना अधिक प्रयोग कई बार अरुचिकर लगने लगता है, लेकिन मेरा अनुमान है कि यह हिन्दी अनुवाद की अपनी समस्या है। अगर हम ध्यान दें तो पायेंगे कि 'वगैरा' शब्द का इस्तेमाल संज्ञा और क्रियाओं के तुरन्त बाद किया गया है इसीलिए मुझे लगता है कि जिस तरह हम हिन्दी में सार्थक और निरर्थक शब्दों के युग्म (रोना-धोना, पढाई- वढाई) प्राय: बोलचाल में इस्तेमाल किया करते हैं उसी तरह मराठी के निरर्थक शब्दों के बजाय अनुवादक ने 'वैगरा' का प्रयोग कर दिया होगा। उदहारण के लिए देखें- "मैं उपर वाली मंजिल पर पढ़ाई वैगरा किया करता था।"[8]

प्रस्तुतीकरण के स्तर पर 'कोसला' की प्रविधि अद्भुत है। जहाँ इसी तरह की आत्मकथात्मक प्रस्तुति के लिए 'शेखर: एक जीवनी' के लेखक को एक लम्बी-चौड़ी भूमिका लिखनी पड़ती है, बीच-बीच में हस्तक्षेप करना पड़ता है वहीं 'कोसला' का नायक सीधे पाठकों के सामने आ खड़ा होता है "मैं 'पाण्डुरंग सांगवीकर। मिसाल के तौर पर आज पच्चील साल का हूँ। वास्तव में तुम्हारे लिए इतनी ही जानकारी काफी है।"[9] इस परिचय के बाद वह धीरे-धीरे पाठकों का आत्मीय होता जाता है। कहानी के लिए जरूरी सूचनाएँ दे चुकने के बाद गैर जरूरी वर्णनों से बचने के लिए उपन्यास एक दूसरी युक्ति का सहारा लेता है और बड़े अक्खड़ अन्दाज में सांगवीकर पाठक से कहता है "इससे ज्यादा घर की प्राइवेट बातें हम नहीं बताएँगे क्योंकि बताने वाला तो प्रायः मूर्ख वगैरा होता है। और सुनने वाला मिसाल के तौर पर सदा का लुच्चा होता है। और फिर घर के राज बताकर मैं एक बार धोखा खा चुका हूँ।"[10] और फिर इस तरह सांगवीकर को अपने धोखा देने वाले मित्र एकनाथ की कहानी सुनाने का मौका भी मिल जाता है।इस तरह हम देखते हैं कि 'कोसला' के शिल्प में एक तरह का खुलापन और सहजता है। बातों में से बातें निकलती जाती हैं और कथा आगे बढ़ती जाती है, इन वातों के जरिए ही सांगवीकर अपने जीवन की एक-दो नहीं सैकड़ों छोटी-छोटी घटनायें सुना डालता है। इन छोटी-छोटी घटनाओं में अपने आप में कोई विशिष्टता नहीं है लेकिन सांगवीकर का जीवन इन्हीं छोटी-छोटी घटनाओं से मिलकर बना है। आमतौर पर उपन्यासों में इस तरह की घटनओं से बचा जाता है क्योंकि के पाठक को उबा सकती हैं लेकिन 'कोसला' के शिल्प की जान संभवत: उसके वर्णन की इस आत्मीयता में ही है जिसमें हास्य, व्यंग्य तथा करुणा आपस में मिलकर एक हो गए हैं। कॉलेज पहुंचने पर सांगवीकर का अनुभव देखने योग्य हैं "हमारा कॉलेज जब मैंने देखा तो मेरी पहले ही से दहली हुई से छाती कहने लगी, अपना यहाँ गुजर मुश्किल है। और फिर कई सारे महान राजनीतिज्ञ लोग तथा साहित्यिक आदि इसी कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं। मतलब कुल मिलाकर परम्परा बड़ी उज्ज्वल। इसलिए हमारे लिए भी महान बनने का यहाँ अवसर है।"[11] सबसे मुश्किल होता है अपने विचारों के बारे में पाठकों को बताना, शायद यह सबसे ज्यादा उबा देने वाला वर्णन होता है लेकिन सांगवीकर की शैली देखिए "इम्तिहान के दौरान मेरे मन में क्लास की लड़कियों को लेकर करुणा भरे विचार पैदा हुए। इन साठ-सत्तर लड़कियों का भविष्य क्या होगा ? कोई कहाँ, कोई कहाँ। इनकी शादियां होंगी। इन्हें चित्र-विचित्र पति मिलेंगे। इस समय ये कितनी कोमल

दिखाई दे रही हैं। तब इनको जचगियां होंगी। इन्हें छोटे-छोटे बच्चे पैदा होंगे। हमारे कुछ भी नहीं होगा"।[12]इस तरह पूरी की पूरी कथा एक सघन आत्मीयता और भोलेपन के साथ पाठक के सामने घटती चली जाती है। सांगवीकर का आंतरिक और बाह्य दोनों ही पाठकों के सामने खुला हुआ रहता है। यूँ तो पूरी कथा 'फ्लैश बैक' में चलती है लेकिन पाठक को कहीं अहसास भी नहीं हो पाता कि वह पुरानी घट चुकी घटनाओं को सुन रहा है। चूँकि सांगवीकर आरम्भ से लेकर अन्त तक पाठक के साथ रहता है इसलिए कथा में एक निरन्तरता बनी रहती है और पाठक को यह आभास भी नहीं हो पाता कि सांगवीकर के आस पास की दुनिया कितनी तेजी से बदल रही है। कथा में सांगवीकर तथा उसके परिवार के कुछ- एक सदस्यों को छोड़कर कोई पात्र ऐसा नहीं है जो आरम्भ से लेकर अंत तक मौजूद हो। पूरे उपन्यास में पच्चासों पात्र हैं जो कथा के विकास के साथ-साथ अचानक बड़े सहज भाव से प्रकट हो जाते हैं और फिर अपनी भूमिका निभा कर लुप्त भी हो जाते हैं। कुछ पात्र तो ऐसे हैं जिनकी सृष्टि उपन्यास के अंतिम भाग में हुई है, ऐसे पात्रों में बाबा बंनास, बाबा झालानाथ के साथ- साथ जगन बाबा जैसे पात्र भी हैं जिनका जिक्र केवल दो पृष्ठों (285-86) पर हुआ है लेकिन ऐसे जैसे कि वे कथा में आरम्भ से मौजूद रहे हों। इन दो पृष्ठों में ही जगन बाबा सांगवीकर को अपने हिस्से का ज्ञान देकर गायब हो जाते हैं।

निष्कर्ष :-

संक्षेप में कहें तो बीस-पच्चीस वर्ष का सांगवीकर, जिन्दगी की कठिनाइयों से जूझता, नये नये अनुभवों को प्राप्त करता और अपनी पहचान की तलाश में लगा सांगवीकर हममें से कोई भी हो सकता है, बल्कि और ठीक-ठीक कहें तो वह 'सौ में से निन्यानवें' के भीतर मौजूद है। वह हमारा इतना परिचित है कि उसका कुछ भी अजीब नहीं लगता न तो व्यक्तित्व न ही कृतित्व और न ही उसकी भाषा। दरअसल इस उपन्यास और उसके नायक सांगवीकर में कुछ भी विशिष्ट नहीं है लेकिन चूँकि 'कोसला' के पहले के उपन्यासों की परम्परा विशिष्टता पर ही आधारित थी इसीलिए 'कोसला' की यह 'सामान्यता' उसे विशिष्टों में भी विशिष्ट बना देती है और इसीलिए मराठी उपन्यास की परम्परा में 'कोसला' मील का पत्थर है।

******

सन्दर्भ: -

1. उपन्यास- वि. काशीनाथ राजवाड़े, आलोचना, जनवरी- मार्च 88, पृ.26
2. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, भूमिका, पृ.12
3. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पिछला फ्लैप
4. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ. 298
5. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ. 297
6. मराठी साहित्य : परिदृश्य –चंद्रकांत बांदीवडेकर, वाणी प्रकाशन-1997, पृ.366
7. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ.-13
8. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ.-12
9. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ.-1
10. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ.4
11. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ.19
12. कोसला- भालचंद्र नेमाड़े, नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्दी अनुवाद, 1993, पृ.39

साहित्य : एक सामाजिक उत्पादन

डॉ. सरिता सिन्हा

असिस्टेंट प्रोफेसर(हिंदी)
जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल
(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) ,पटना

साहित्य एक सामाजिक उत्पादन है क्योंकि यह अपने अंदर समाज की वस्तुस्थिति, यथार्थ और अपने से जुड़े व्यक्ति तथा वस्तु की झलकियां या यूं कहें की झांकियाँ प्रस्तुत करता है। यह बात अपने आप ही स्पष्ट हो जाती है जब हम साहित्य की परिभाषा को (जो शुरू से ही आलोचकों द्वारा दी जाती रही है) अपने ध्यान में लाते हैं। उन्नीसवीं सदी में समाजशास्त्रीय चिंतन साहित्य से समाज को दो स्तरों पर जोड़ता था – (i) एक शक्ति के रूप में समाज को साहित्य की उत्पत्ति मानते हुए उसके स्वरूप को निर्धारित करने में और (ii)साहित्य को समाज के दर्पण के रूप में। महावीर प्रसाद द्विवेदी के युग में साहित्य की दर्पणवादी दृष्टिकोण का बहुत प्रचलन था। उस युग के लेखकों ने बार-बार साहित्य को समाज का दर्पण कहा। साहित्य को समाज का दर्पण मानने वाला यह दृष्टिकोण रचनाकार की चेतना की क्रियाशीलता की उपेक्षा करता हैं । लेखक अपनी रचना में समाज को सिर्फ प्रतिबंबित ही नहीं करता बल्कि अपनी रचना में वह समाज को नए सिरे से रचता भी है। इस प्रक्रिया में उसकी कल्पनाएं और आकांक्षाएँ भी व्यक्त होती है। इसके साथ-साथ यह भी मानना होगा कि समाज उस साहित्य या रचना की अंतर्वस्तु में ही नहीं होता, उसके रूप और शिल्प में भी होता है। **"दर्पणवादी दृष्टिकोण में न तो शिल्प की विशेषताओं का विवेचन होता है और न ही विशेषताओं में अभिव्यक्त समाज की खोज होती है"**[(1)]इस मान्यता से हम इंकार नहीं कर सकते कि रचना के बेहतर समझदारी के लिए उसके सामाजिक संदर्भ की जानकारी जरूरी है। अधिकांश साहित्यिक समाजशास्त्री यह मानते हैं कि किसी रचना की अंतर्वस्तु में ही समाज नहीं होता बल्कि समाज तो रचना के हर स्तर में अर्थात भाषा, संरचना, शिल्प आदि में भी अभिव्यक्त होता है। जरूरत है रचना की उन विशेषताओं को पहचानने की जो उसकी संपूर्णता में समाज की खोज में मदद करे । इसके लिए बेन्थम ने 'अर्थ के मर्म' तथा गोल्डमैन ने 'विश्वदृष्टि' के विश्लेषण पर बल दिया। अडोर्नो के अनुसार 'अंतर्वस्तु के सत्य' का बोध आवश्यक है तो रेमंड विलियम्स के अनुसार 'अनुभूति की संरचनाओं' की पहचान। प्रो. मैनेजर पांडेय के अनुसार मार्क्सवादी साहित्य को सामाजिक चेतना का विशिष्ट रूप मानने वाले व्यक्ति विचारधारा के रूप में उसका (साहित्य का) विश्लेषण करते हुए साहित्य में समाज की खोज करते है।

आज के साहित्य शास्त्री रचना की अस्मिता को स्वीकार करते हुए समाज से उसके संबंध का विश्लेषण करते हैं। आचार्य रामचंद्र शुक्ल जब यह कहते हैं कि 'प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का ही संचित प्रतिबिंब होता है' , तो उनका अर्थ भी यही है कि साहित्य और समाज एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। रचनाकार अपनी रचना में जनता की चित्तवृत्ति को स्थान देता है। सवाल यह कि क्या वह सामाजिक उपज नहीं है ? रचनाकार अपनी निर्जीव वैयक्तिक एवं सांस्कृतिक संवेदनाओं और अनुभूतियों को ही अपनी रचनाओं में व्यक्त करने हेतु प्रयासरत नहीं होता , बल्कि वह समाज के सन्दर्भ में निजी अनुभूति को अथवा अनुभूत सामाजिक यथार्थ को अपनी साहित्यिक कृति में प्रतिबिंबित करके उसकी पुनः सृष्टि में सक्रिय होता है। प्रेमचंद ने गोदान में जिस समाज को अभिव्यक्ति दी है , वह उनकी अनुभूति से अलग नहीं लगता। अपनी वैयक्तिक अनुभूति को समस्त किसान वर्ग (समाज) की अनुभूति में ढालकर उन्होंने एक नए समाज की सृष्टि की है। इसमें अगर समाज का दुःखद यथार्थ है तो यथार्थ को परखने के बाद उसी के गर्भ में उन समस्याओं का निजात भी है। यही तो सृष्टि है जो रचनाकार की रचना में सक्रिय होता है। विश्वम्भर दयाल गुप्त के अनुसार साहित्य सर्जन स्वयं में एक सामाजिक प्रक्रिया है। अपनी प्रसिद्ध

पुस्तक 'उपन्यास का समाजशास्त्र ' में उन्होंने यह बताया है कि लेखक सर्जनात्मक साहित्य के माध्यम से समाज को जानने का प्रयास करता है। वह साहित्य के समाजशास्त्र और विशेष रूप से उपन्यास के समाजशास्त्र के स्वरूप को निर्धारित करने में प्रवृत्त होता है। विश्वम्भर दयाल गुप्त का यह कहना क्या इस बात की ओर संकेत नहीं करता है कि साहित्य अपने आप में एक सामाजिक उत्पादन है ?वह जिस समाज से उत्पन्न होता है, जिस समाज को अपने शब्दों द्वारा प्रतिबिंबित करता है- वह रचनाकार का यथार्थ ,उसका अनुभव होता है। **डॉ नगेंद्र के अनुसार "आत्मानुभूति ही वह मूल तत्व है जिसके कारण कोई व्यक्ति साहित्यकार और उसकी कृति साहित्य बन पाती है। "** (2)यह अनुभव साहित्यकार या रचनाकार कहां से ग्रहण करता है ? जाहिर है उसी समाज से , जिसमें वह रह रहा है। लेकिन साहित्य सिर्फ उस रचनाकार के कोरे अनुभव का ही प्रतिबिंब नहीं है बल्कि उसमें रचनाकार की कल्पना भी शामिल होती है जो उस समाज से (जिसमें रचनाकार जी रहा है)हटकर नए समाज का सृजन करती है ,उसे एक नया रूप देती है। कल्पना पूर्व अनुभूतियों की पुनर्योजना से अपूर्व की अनुभूति उत्पन्न करना साहित्यकार का एक सशक्त पक्ष है। **" कल्पना के अनेक अर्थों में एक अर्थ 'रूप देना ' भी होता है। कल्पना ही साहित्य को रूपायित करती है"**(3) जिस व्यक्ति में समाजशास्त्रीय कल्पना है, उसके मस्तिष्क में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि समाज का स्वरूप कैसा हो? समकालीन समाज मानव इतिहास में कहां खड़ा होता है ? समाज में किस प्रकार के स्त्री- पुरुष रहते हैं ? रचनाकार या साहित्यकार इन प्रश्नों को रचना से ओझल नहीं कर सकता। वह इन प्रश्नों से टकराता हुआ अपनी रचना को अर्थ और स्वरूप प्रदान करता है। प्रेमचंद की रचनाओं में गांव उपेक्षित नहीं होता, चाहे वह शहरी कथा ही क्यों ना हो। ऐसा क्यों है? इसलिए कि उनकी विचारधारा अपने समाज को नजरअंदाज नहीं कर पाती। उनकी रचनाओं में जितनी बारीकियां (गांव और किसान जीवन के चित्रण में) है , वैसी कहीं और शायद ही देखने को मिले। लेखक जब भी समाज की बात करता है, तो वह सामाजिक समस्याओं को अपना प्रमुख मुद्दा बनाता है। प्रेमचंद ने गोदान के होरी द्वारा संपूर्ण समाज की किसान जीवन की व्यथा-गाथा कही है। इतना ही नहीं उस किसान की समस्या के द्वारा संपूर्ण समाज की समस्या का उद्घाटन किया है। समाज में किसान की स्थिति क्या है, नारी की स्थिति क्या है, अभिजात वर्गों या पूंजीपति वर्गो की समस्या क्या है, आदि-आदि। इन्हीं समस्याओं के उद्घाटन में लेखक या साहित्यकार की आकांक्षा और सामाजिक समस्याओं का समाधान भी छुपा होता है। साहित्य की परिभाषा के आधार पर भी उसे एक सामाजिक उत्पादन कहने से नहीं नकार सकते। भारतेंदुयुगीन लेखक बालकृष्ण भट्ट ने साहित्य की आधुनिक परिभाषा देते हुए कहा कि "साहित्य जनसमूह के चित्र का चित्रपट है।" गार्सा द तासी के इतिहास में कहा गया है कि "इस वक्त हिंदी की बोली कुछ बढ़ गई है जो अलग-अलग समाज में बोली जाती है। आलोचना भी साहित्य का एक अंग ही है, क्योंकि वह किसी साहित्य में व्यक्त स्वीकारात्मक-नकारात्मक पहलू को उजागर करता है। आलोचक भी साहित्यकार (किसी विशेष टेक्स्ट के रचनाकार)की ही तरह उस रचनाकार के समाज, अपने समाज (जिसमें वह जी रहा है) तथा उस रचना में व्यक्त समाज को, उसमें छुपी समस्या को, उसके यथार्थ को, सामाजिक परंपरा को, इतिहास को, संस्कृति को ढूंढ कर बाहर निकालता है। यह सभी बिंदु हमारे समाज का ही एक हिस्सा है। पी. सी. जोशी के अनुसार 'आलोचना का गहरा संबंध समाज के विकास के प्रक्रिया से है।' भारतेंदुयुगीन साहित्य पहली बार अपनी रचना द्वारा व्यक्ति, समय और राष्ट्र की समस्या को लेकर सामने आया। भारतेंदु के नाटक, उनका यात्रा वृतांत इस बात का प्रमाण है। इसके बाद भी द्विवेदी युगीन साहित्य का पदार्पण हुआ। द्विवेदी जी के चिंतन के केंद्र में भाषा थी। भाषा के द्वारा ही रचना या साहित्यकार अपने समाज को उस रचना में ढाल पाने में सक्षम होता है। अतः भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सभी लोगों की समझ में आ सके। जाहिर है उनकी चिंता भी एक सामाजिक चिंता ही थी जो उनकी रचनाओं में ढली। द्विवेदी जी ने कवि के कुछ कर्तव्य बताएँ और उसी के अनुसार साहित्य के स्वरूप को भी बताने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि -

(i) कविता में साधारण लोगों की अवस्था, विचार एवं मनोविकारों का वर्णन होता है।

(ii) उसमें व्यक्ति के (रचनाकार के भी) धीरज, साहस, प्रेम, और दया का समावेश होता है (यानी गुणों का समावेश)।

(iii) भाषा सहज और स्वाभाविक हो, उसमें कल्पना की अतिशयता न हो और न ही गंभीर अलंकरण हो

इसी बीच प्रेमचंद भी अपनी रचनाओं के साथ आते हैं। उनकी कहानी –' दो बैलों की कथा' में किसान जीवन है तो 'बेटों वाली विधवा' में एक पारिवारिक स्थिति के चित्र द्वारा सामाजिक स्थिति का जिक्र । 'कफन' कहानी के द्वारा शोषित प्रताड़ित मनुष्य की चिंतनशक्ति किस प्रकार क्षीण हो जाती है,वह किस प्रकार मनुष्य से जानवर बन जाता है- उसका चित्रण किया है। प्रेमचंद ने साहित्य को समाज का दर्पण नहीं वरन दीपक कहा। दीपक की ही तरह साहित्य समाज का मार्गदर्शन करती है। वह समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है। इस प्रकार इतिहास, उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक, यात्रा वृतांत, निबंध आदि किसी भी क्षेत्र में हमारा समाज या मनुष्य उपेक्षित नहीं है। यदि कोई राष्ट्रीय साहित्य लिखा जाता है तो वहाँ भी समाज और मनुष्य को अभिव्यक्ति मिलती है क्योंकि मनुष्य से समाज और समाज से ही राष्ट्र को अभिव्यक्ति मिलती है। मजदूर आंदोलन अगर किसी साहित्य में जोर-शोर से उभर कर आता है और राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन जाता है तो वहाँ भी हमारे समाज की उपेक्षा नहीं होती क्योंकि मजदूर भी समाज का एक अंग होता है। रचनाकार उस मजदूर की समस्या को नजरअंदाज नहीं कर सकता क्योंकि उसी समस्या ने आंदोलन को जन्म दिया और इसी आंदोलन के तहत उनकी समस्या का समाधान भी है। आज जितनी भी कहानियां, उपन्यास या साहित्य रचे जा रहे हैं, उसमें मनाव एवं समाज के अंतर्द्वंद्व और उनकी विडम्बनाएँ खुलकर सामने आती है। महिला लेखन के आगे बढ़ने का क्या कारण है - सामाजिक स्वीकृति, एक स्वतंत्रता की मांग जो पहले के साहित्य में नहीं मिलती थी। दलित लेखक ,आदिवासी लेखक आदि भी इससे अप्रभावित नहीं।

अंत में यही कहा जा सकता है कि प्रत्येक समाज-शास्त्री साहित्य को एक सामाजिक तथ्य मानते हैं। यह सामाजिक तथ्यता रचना, रचनाकार और पाठक से तय होती है। प्रतयेक साहित्य की एक सामाजिक भूमिका होती है। साहित्य एक सामाजिक कर्म है। अगर वह कर्म है , तो उसका कोई न कोई कारण, कर्ता और कर्म होगा। क्या है यह? हम देखते हैं कि इसका कारण समाज है , कर्ता लेखक है और कर्म पाठक है। अतः **'सोशल प्रोडक्शन ऑफ़ आर्ट'** में **जैने उल्फ द्वारा कही गयी बात-"साहित्य एक समाजिक उत्पादन है"** मेरे ख्याल से बिलकुल ठीक हैं और तब, दूसरे स्तर पर उत्पादक होंगे लेखक या रचनाकार। तीसरे स्तर पर कृति, चौथे स्तर पर वितरण -(प्रकाशन से पुस्तकालय तक) और अंत में पाठक समुदाय।

******

सन्दर्भ सूची:-

(1) मैनेजर पांडेय - साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका, प्रकाशन वर्ष: 1989, पृष्ठ संख्या -14
(2) डॉ. नगेंद्र - विचार और विवेचन, प्रकाशन वर्ष: 1944, पृष्ठ संख्या - 5
(3) डॉ. बच्चन सिंह - आधुनिक हिंदी आलोचना के बीज शब्द , प्रकाशन वर्ष: 1994

समकालीन मलयालम कविता

अश्वती. एस
शोध छात्रा
हिन्दी विभाग,केरल विश्वविद्यालय
कार्यवट्टम कैंपस तिरुवनंतपुरम

आज की कविता को याने कि समकालीन कविता को सूचित करने के लिए सबसे योग्य शब्द 'उत्तर आधुनिक कविता (post modernist poetry) है| आधुनिकता के बाद की कविता को उत्तराधुनिक कविता याने समकालीन कविता मानने में कोई असंगति तो नहीं रहेगी। "1960 से लेकर लगभग दो दशाब्दियों तक बनी रही काव्यधारा, आधुनिकता के बाद की काव्यधारा के अर्थ में उत्तराधुनिक काव्यधारा को मानना चाहिए।"[1] [के सी. नारायणन, इन्नत्ते मलयालम कविता , पोतुवायतुम पोतवल्लात्तुम", पृ.49 मलयालम के वरिष्ठ कवि अय्यप्प पणिक्कर ने अपनी पुस्तक अय्यप्पपणिक्कडे लेखनंगल अय्यप्प पणिक्कर के लेख में कहा है कोई माने या न माने मलयालम में उत्तराधुनिक साहित्य का आविभाव हो चुका है।"अय्यप्प पणिक्कर, अय्यप्पपणिक्कडे लेखनंगल, पृ.155)। 1979 में ही उन्होंने इस शब्द का प्रयोग किया था।

मलयालम आधुनिक कविता के तीन पड़ाव हैं। 1965 में श्री विष्णुनारायण नंपूतिरी द्वारा संपादित एवं प्रकाशित पुस्तक' पुतुमुद्रकल' नए निशाने)197 , 2 में कवि सच्चिदानंदन द्वारा संपादित' हरिश्री', 1984 में आट्टूर रविवर्मा द्वारा संपादित कलिकाल कविता (कलियुग कविता)| इन तीन संकलनों से यह विदित हो जाता है कि 1960 में आधुनिकता की काव्यधारा का पल्लवन , सत्रह में वामपंथी विचारधारा के हिंसात्मक स्वभाव को स्वीकारते हुए लिखी गयी विद्रोही काव्यधारा की चरम स्थिति, अस्सी के समय में इस हिंसात्मक वृत्ति से विराम लेकर एक नए काव्यबोध से ओतप्रोत काव्यधाराएँ दिखाई देती हैं।' इसी को हम उत्तराधुनिक याने समकालीन काव्यधारा मानते हैं।' इस परिवर्तित एवं परिवर्द्धित काव्य संवेदना को प्रमाणित करनेवाले काव्य संकलन हैं1999 में प्रकाशित आट्टूर रविवर्मा का काव्य संकलन' पुतुमोषिवषि नई संवेदना नए रास्ते सन् 2000 में प्रकाशित के एम. वेणुगोपाल का कविता संकलन' युव कविता कूट्टम युव कविताओं का संगम) 2012 में प्रकाशित राजेश की पुस्तक 'पुतुकालम : पुतुकविता नया समय : नव कविता) ये मलयालम काव्य जगत में उभरी नई संवेदनाओं तथा सूक्ष्म से सूक्ष्मतर परिवर्तनों को रेखांकित करने वाले हैं। उत्तराधुनिक काव्यचर्चा के संदर्भ में आधुनिकता की चर्चा अनिवार्य बनती है। मलयालम में आधुनिकता की शुरुआत 1660 से है। याने स्वाधीनता प्राप्ति के बाद के माहौल से उभरी कविता है आधुनिकता की कविता और संपूर्ण आधनिकता का साहित्य भी। एक देश की राजनैतिक , आर्थिक ,सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियाँ पूरे देश के साहित्यिक , सामाजिक सांस्कृतिक दृष्टियों को निर्धारित करनेवाली होती है ,भाषा भेदों के बावजूद। स्वतंत्रता परवर्ती भारत की अनिश्चितता ने जन मानस में जिस बेचैनी, निरशा एवं मोहभंग को जनम दिया था उसका दस्तावेज़ है मलयालम साहित्य की आधुनिकता। भाषा एवं संस्कृतिपरक भिन्नता के बावजूद देश के यथार्थ से उत्पन्न होनेवाली भावधारा लगभग एक जैसी होती है। यही सचमुच विभिन्नता की एकता है। यह भी नहीं भारतीय मन के समान चिंतन की ओर इशारा करनेवाली घटनाएँ भी हैं। मलयालम की आधुनिकता कविता के क्षेत्र में माधवन अय्यप्पत्त् से शुरू होती है। उन्होंने अपने काव्य संकलन' जीवचरित्रकुरिप्पुकल' जीवन चरित्र के नुस्के) के माध्यम से एक नई काव्य संवेदना का परिचय दिया। यह काव्य संवेदना दरअसल आधुनिकता याने कि आधुनिक भावबोध की थी । आधुनिक समाज की यांत्रिक सभ्यता , नगरजीवन की ऊब ,दिशाहीनता , अकेलापन ,अजनबीपन ,कुंठा ,संत्रास आदि से संपन्न नए भावबोध की कविता है आधुनिकता की कविता। पाश्चात्य आधुनिकता के केंद्र में सक्रिय टी एस इलियट की कविता बंजर भूमि (waste land) की मानसिकता का प्रभाव उस समय के बहुत सारे मलयालम साहित्यकारों पर पड़ा था। यह साहित्य नितांत वैयक्तिक अनुभूतियों एवं प्रतिक्रियाओं का साहित्य रहा है। कविता भी इससे भिन्न नहीं थी। उस समय की कविता ने अन्य साहित्यिक विधाओं के समान अपने समय के सामाजिक ,राजनीतिक ,आर्थिक तथा सांस्कृतिक यथार्थों के साथ सार्थक संवाद करते हुए इतिहास, पुराण ,परंपरा तथा सांस्कृतिक रुढियों के सामने प्रश्न चिह्न लगाया और अपना विद्रोह जाहिर किया था। यह सचमूच आधुनिक मनुष्य की सहज प्रतिक्रिया थी ,बौद्धिक सजगता का सहज परिणाम

भी था।माधवन अय्यप्पत्त की कविताओं में जिस असंतृप्त आधुनिक मनुक्य की व्यथा -कथा चित्रित हुई थी वे सब सचमुच उस समय के आधुनिक मनुष्य के जीवन्त यथार्थ ही थे। सामाजिक असंगतियों के खिलाफ कवि परोक्ष व्यंग्य के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करता है। इसके लिए पणिक्कर' मठयन्' शब्द से (मूर्ख) सम्बोधन करते हुए सामाजिक यथार्थ का व्यंग्यत्मक संप्रेषण करना मात्र नहीं पाठकों को जाग्रत भी करने का कार्य करते हैं। चौंकाने वाले शब्द प्रयोगों से पाठकों को सजग करना तथा उनके मन में बेचैनी जागने का कार्य भी आधुनिकता का प्रमुख कार्य रहा है। पणिक्कर की कविता' कुरुक्षेत्र' (1961) इस प्रकार के प्रयोगों से समृद्ध है। जो कछ वर्तमान है उन सबके प्रति विद्रोह एवं घृणा, मनुष्य को बचाने योग्य कोई दर्शन नहीं है ऐसा विश्वास ,मृत्यु बोध आदि ने मिलकर पणिक्कर की कविता के भावलोक को रूपायित किया है। यह बिल्कुल नूतन भावबोध है जिसमें आधुनिक मनुष्य की विहवलताएँ अनुगुंजित है। कुरुक्षेत्र ,मृत्युपूजा ' जैसे काव्य संकलन की कविताएँ इसके लिए पर्याप्त प्रमाण है। "हिंदी के समान मलयालम की समकालीन कविता भी आधुनिकता की विवृत्ति याने एकस्टेनशन है। केंद्रीयता नहीं विविधता याने कि बहुलता है। मतलब आधुनिकता तक जितने काव्यांदोलन मलयालम में हुए हैं वे सब विचारधारा केंद्रित थे। (एम.एस.पॉल, कवितयुडे चरित्रपाठंगल 'पृ.स. (258. किसी एक विचारधारा की प्रमुखता बनी रही थी। अन्य विचारधाराएँ गौण रूप में वर्तमान रहीं। इसलिए प्रत्येक समय की कविता मात्र कविता ही नहींपूरा साहित्य उस विचारधारा के नाम से जाना जाता था। लेकिन1970 के अंतिम चरण से शुरू होकर अस्सी के समय इधर-उधर अलग-अलग काव्यसंवेदनों के संवाहक के रूप में प्रत्यक्ष होकर फिर नब्बे के दशक में एक बिल्कुल नई काव्यधारा के रूप में उभरी कविता है मलयालम की समकालीन कविता याने उत्तराधुनिक कविता। डॉ. मिनी आलीसा , समकालिक मलयालम कविता,'पृ 49 अय्यप्प पणिक्कर ने इस नई काव्यधारा को' आधुनिकोत्तरम' त्तराधुनिक शब्द का पहले पहल प्रयोग किया था।

इसने नायकत्व सम्बन्धी केंद्रीकृत संकल्पनाओं को तहस नहस कर डाला। परिणामतः स्त्री विमर्श ,दलित विमर्श ,आदिवासी विमर्श , पारिस्थितिक विमर्श, वृद्ध विमर्श ,ट्रान्सजेण्डर विमर्श) क्वीर विमर्श) आदि का आविभाव हुआ जो सचमुच स्वत्व विमर्श है। इसके साथ नवयुग के नवऔपनिवेशिक शक्तियों के मानवविरोधी वृत्तियों को पहचानने और उसके खिलाफ विद्रोह जाहिर करने की प्रवृत्ति भी रचनाकारों में आ गयी। इसलिए अल्प संख्यकों की आत्मपहचान और प्रांतीय अस्मिता की स्वीकृति आदि भी समकालीन कविता की विविधता को उदघोषित करने लगीं। इसलिए समकालीन कविता अनुभवों के नए-नए इलाकों से संचार करके अपने वैविध्य को प्रमाणित करने लगी। और एक महत्वपूर्ण कारण वामपंथी अतितीव्र क्रांतिकारिता की पराजय है। नक्सलबाड़ी राजनीति की पराजय से नई राजनीति के पथ खुल गए। वहाँ से दबाए गए वर्गों का उभर आना शुरू हुआ। अस्सी के बाद भारत की विदेश नीति भी बदल गयी। गुट निरपेक्ष विदेश नीति को समाप्त करके विकसित राष्ट्रों की नीति को अपनाने और लागू करने लगा भारत। वहीं से नवउपनिवेश के दूसरे दौर की शुरुआत हुई जो काफी खतरनाक निकली। उसने अपनी शक्ति के तहत भारत की सभी प्राकृतिक संपत्तियों पर कब्जा कर लिया। इसकी पहली झलक पारिस्थितिकी में है-1979 में सैलण्डवाली आंदोलन शुरू हुआ| नवऔपनिवेशिक शक्तियों के वश में पडकर बडे-बडे बाँध बनाने की योजनाएं बनाई गयी। वन संपत्तियों का बड़ी तादाद में शोषण होने लगा, मिट्टी पत्थर , पहाड ,पेड, कोयला आदि के उत्खनन बड़े पैमाने पर होने लगे। बुद्धिजीवियों ने पहचान लिया कि यह मानवराशी के लिए विपत्तिदायक है। इसे रोकना चाहिए। वहीं से परिस्थितिकी याने पारिस्थितिक विमर्श की शुरुआत हुई। वहीं से विभिन्न प्रकार के आदोलन भी शुरू हुए। पारिस्थितिक विमर्श, दलित विमर्श ,स्त्री विमर्श ,नवऔपनिवेशिक विमर्श ,वृद्धविमर्श ,आदिवासी विमर्श जैसे स्वत्व विमर्श इसका परिणाम है।

अपने व्यक्तित्व को (अस्मिता) ,भाषा ,संस्कार ,खान-पन, वेश-भूषा आदि से रूपायित होनेवाले विशिष्ट व्यक्तित्व याने कि स्वत्व को बनाए रखने , सुरक्षित रखने और संस्थापित रखने के नितांत संग्राम का नाम है स्तत्व विमर्श।

स्त्री विर्मश:-

"नब्बे के बाद की मलयालम कविता के क्षेत्र के सशक्त सान्निध्य स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श एवं पारिस्थितिक विमर्श थे।" (के सी. नारायणन, इन्नत्ते मलयालम कविता पोतुवायतुम पोतुवल्लात्तुम ,' पृ.52 । ये प्रवृत्तियाँ मलयालम ही नहीं लगभग सभी भारतीय भाषा साहित्य में दिखाई देती हैं। मलयालम कविता में ये बिलकुल नूतन प्रवृत्तियाँ युवापीढ़ी के कवियों में काफी सशक्त ढंग से अभिव्यक्त हुई है। एम. बी. मनोज, एम.आर.रेणु कुमार, गीता हिरण्यन, वी. एम. गिरिजा , विजयलक्ष्मी ,ललिता लेनिन, सावित्री राजीवन , अनिता तंपी, म्यूस मेरी जाहिरातंगल ,पी. रामन ,के.ए. जयशीलन कल्पट्ट नारायणन जैसे बहुत सारे कवियों एवं कवयित्रियों ने समकालीन जीवन यथार्थ की विविधता को नए नए ढंग से अभिव्यक्त करने का कार्य किया है। इन की कविताएं परंपरा से भिन्न है। उसमें कोई बोझ नहीं याने कि परंपरा की बोझ, संस्कार की बोझ आदि से मुक्त होकर सर्वसाधारण की भाषा में सर्वसाधारण की समस्याओं को प्रस्तुत करने की शैली उन्होंने अपनाई है। ये अपने समय के साथ हैं। पर प्रचालित प्रवृत्तियों एवं रूढ़ियों से मुक्त होकर अनछुए एवं अनदेखे पहलुओं को कविता का विषय बनाया है। ये सचमुच अपनी अभिव्यक्ति के तहत जनसाधारण में नई संवेदना एवं नई जागृति पैदा करने का प्रयत्न करते रहे हैं। इस अर्थ में इनकी कविताएँ उत्तराधुनिक हैं याने कि समकालीन हैं।सशक्तीकृत स्त्री एक भूमण्डलीकृत समाज का मिथक है। पुरुष वर्चस्ववादी समाज में वर्तमान अधिकार व्यवस्था के तहत किए जानेवाले सारे स्त्री संग्राम पराजित हो जाएंगे ।) षीना दिवाकरन : पेण कवितयुड़े वर्तमानम पृ. 289। क्योंकि स्त्री के पास कोई अधिकार नहीं इसलिए सभी विद्रोह आखिरकार पुरुषाधिपत्य की प्रशासनिक व्यवस्था से टक्कराकर बिखर जाते हैं। इसलिए स्त्री को वैधिक अधिकार की अनिवार्यता है। स्त्री का अपना स्वत्व है जैसे पुरुष का ,उसको बनाए रखने और स्थापित करने के संघर्ष का नाम है स्त्री विमर्श याने कि स्त्री स्वत्व संघर्ष। अपने ऊपर किए जानेवाले शेषणों ,अन्यायों ,अत्याचारों के बहुआयामी सन्दर्भों से अवगत एवं आहत स्त्री अपने स्वत्व एवं स्वातंत्र्य के लिए लडती है । यह लड़ाई किसी के ऊपर जीत हासिल करने केलिए या किसी को पराजित करने केलिए नहीं बल्कि अपने स्वत्व के लिए है। उसको बनाए रखने केलिए है। म्यूस मेरी की कविता वेल्लरि मुरिक्कुम्पोल खीरा काटते समय में स्त्री शोषण के खिलाफ का विद्रोह दर्ज है। अनिता तंपी अपनी कविता करयुन्नवल'रोनेवाली) में स्त्री के सामाजिक यथार्थ को दर्शाया है। श्रीदेवी एस. कर्ता की सारी साड़ी) शीर्षक कविता दैनिक जीवन की ऊब और यांत्रिकता को सूचित करती है। घरेलू कार्यों में व्यस्त रहती स्त्री का अन्तर्मन शून्य हो जाता है। वह सब कुछ भूल जाती है ,अपने बारे में ,आस पडोस के बारे में ,देश- राष्ट्र के बारे में।वह धोयी गयी साडी के समान फिर से पहनने केलिए तैयार हो जाती है। अनिता तम्पी 'मुट्टमडिक्कुंपोल' (झाड़ू लगाते समय) कविता में कहती है कि वह आँगन को तथा द्वार को और उसके आस - पड़ोस को साफ कर रही है। जितनी गंदगी पुरुष ने बनाकर रखी है उन सब को साफ करना स्त्री का काम हो । युग युगों से दोहराने वाली इस वृत्ति के नीचे मर मिटनेवाली स्त्री वर्ग और उनकी निरर्थक ज़िदगी की ओर कवयित्रि का तीव्र आक्रोश है। गोपिका 'शीर्षक कविता में आशालता अनेक पुरुषों द्वारा बलात्कार की गई लड़की की हालात की ओर इशारा करती है। इस प्रकार ,सुजा फेबिना रषीद, इन्दु लेखा ,अनिता तंपी ,जाहिरा तंगल ,विजिला जैसी कवयित्रियों ने समकालीन संदर्भ की स्त्री के विभिन्न जीवन यथार्थों को प्रस्तुत करके स्त्री स्वत्व की अनिवार्यता और उस के लिए किए जानेवाले संघर्षो पर प्रकाश डाला है|

पारिस्थितिक विमर्श:-

सजगता समकालीन मलयालम कविता की प्रमुख प्रवृति है। मलयालम में इसको' हरित दर्शनम् 'कहते हैं। प्रकृति की पहचान और उसको संभलने की अनिवार्यता की समझ पारिस्थितिकी है। स्वच्छ एवं स्वस्थ परिस्थिति में ही स्वस्थ जीवन संभव है। मनुष्य और प्रकृति भिन्न नहीं अभिन्न हैं। एक दूसरे का पूरक है। जिस समाज का परिवेश मलिन है उस समाज का मनुष्य भी मलिन रहेगा याने कि रोगग्रस्त । इसलिए मनुष्य के जीवन को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रकृति और उसके प्रत्येक जीवजन्तुओं को भी सुरक्षित एवं संभलके रखना अनिवार्य है। प्रकृति जड चेतनमय है। उन दोनों के सामंजस्य के बिना यह जगत स्थित रहेगा नहीं। प्राकृतिक विनाशों का प्रमुख कारण मनुष्य का प्रकृति से अलग होना और उसका अनुचित शोषण करना है। मलयालम के प्रसिद्ध आलोचक डॉ. सी.आर प्रसाद अपने लेख' हरित दर्शनम् उत्तराधुनिक मलयालम कविता में' कहते हैं कि शहरीकरण भूमण्डलीकरण और बाजारीकरण ने मिलकर जो वातावरण सृजित कर रखा है उसे लेकर मलयाली खुशी मना रहे हैं। वे प्रत्येक अवसर को मना रहे हैं। इस प्रकार मनाते समय वे खुद भूल जाते हैं कि उनके अमूल्य बहुत कुछ नष्ट हो चुके हैं। वे अपने भूतकाल को तथा आकांक्षा भरे भविष्य को नष्ट कर रहे हैं। (स डॉ. एल थामस कुट्टी: कवितयुडे चरित्र पाठंगल : पृ 51)

दलित विमर्श:-

मलयालम साहित्य में दलित साहित्य की शुरुआत उतरआधुनिक समय की है। आधुनिकता के समय में कडम्मनिट्टा, चुल्लिक्काड के.जी.एस , सच्चिदानंदन जैसे कवियों ने समाज के निम्न स्तर के लोगों की आवाजों को कविता में बुलन्द करने का कार्य किया था। दलित साहित्य का आरंभ उपन्यास, कहानियों में हुआ। कविता हमेशा उच्चवर्ग की संवेदनाओं से संपन्न रही थी। लेकिन पूर्वाधुनिकता के समय में वैलोप्पिल्ली ,इडशेरी जैसे कवियों ने हाशिएकृत वर्ग की आवाज को कविता में बुलंद करने का कार्य शुरू किया था । यही कार्य आधुनिकता के समय और उत्तराधुनिकता के संदर्भ में सच्चिदानंदन ,कडम्मनिट्ट, चुल्लिक्काड आदि करते रहे। उत्तराधुनिक संदर्भ में यह एक विमर्श बन गया और उसको के.के.एस.दास (करुमाडि नृत्तम) ,राघवन अत्तोली (वाल्मीकपर्वम) ,वी.के.नारायणन (एकलव्यन) जैसी युवा पीढ़ी के कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से दलित अस्मिता तथा उनके जीवन संबंधी संपूर्ण विषय को चित्रित करके इसको दलित विमर्श का रूप प्रदान किया। समकालीन मलयालम कविता बहुआयामी है। अनेक कवियों, कवयित्रियों एवं आलोचकों ने मिलकर समकालीन मलयालम कविता को समृद्ध बनाया है। इस संदर्भ में आधुनिकता के समय से सक्रिय बल्कि समकालीन संदर्भ में और अधिक सक्रिय और प्रासंगिक कुछ कवियों का विशेष उल्लेख अनिवार्य है वे हैं सच्चिदानंदन , के.जी शंकरपिल्लै, बालचंद्रन चल्लिक्काडु आदि। गोया कि समकालीन मलयालम कविता बदलते समय की धड़कनों को अपने अंत: स्थल में समाहित करके वर्तमान के प्रति अपनी सहमति - असहमति जाहिर करते हुए आगे बढ़ रही है ,इसकी कोई इति असंभव है। क्यों कि काव्य का या साहित्य का धर्म है प्रतिरोध, इसके बिना साहित्य या कला का कोई अस्तित्व नहीं रहेगा।

******

धार्मिक उन्माद का चित्रण: 'त्रिशूल'

किरन मिश्रा
शोधार्थी
हिन्दी तथा आधुनिक भाषा विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

शोध सारांश:-

समाज के सतत् विकास की प्रक्रिया में जो कुछ भी आकस्मिक घटित होता है, सदैव ही आरोही क्रम में उच्चता या निम्नता की स्थिति उत्पन्न करता है। या तो यह विकास को गति प्रदान करता है या अवरोध उत्पन्न करता है। इन्हीं अपरिहार्य घटना विशेष की संवेदनात्मक भावाबोध कराने में साहित्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कथा साहित्य में प्रबल भावनाओं को शब्दबद्ध करके उनकी सुस्पष्ट व्याख्या करने की असीम क्षमता है। मनुष्य की संवेदनाओं को रूप देने का एक आधार है कथा साहित्य। प्रेमचंद जी ने कहा है- ''साहित्य जीवन की आलोचना है''। त्रिशूल उपन्याय 'हंस' पत्रिका के अगस्त व सितम्बर 1993 के अंकों में प्रकाशित हुआ था। पुस्तक के रूप में यह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा 1995 ई0 में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में समकालीन समाज की ज्वलंत घटना 'बाबरी मस्जिद कांड' को लेकर उसके इर्द-गिर्द होने वाले त्वरित प्रभाव और उसकी प्रतिक्रिया को समग्रता और संश्लिष्टता से प्रस्तुत किया गया है। 'त्रिशूल' सामाजिक विद्रूपता, हिंसा, आतंकवाद, धार्मिक द्वंद्व के केन्द्रीय प्रभावों को प्रस्तुत करता है। जातिवाद की जड़ें समाज में गहरे तक पैठ बनाकर समाज को खोखला कर रही हैं। इस जातिवाद और धार्मिक-मतभेद को लेकर राजनीतिज्ञ गंदी राजनीति का स्वाँग रचाकर मानवता को शर्मसार करते रहते हैं। 'त्रिशूल' उपन्यास इन्हीं राजनीतिज्ञों का कच्चा-चिट्ठा खोलता है।

बीज शब्द- धर्म, जाति, दंगे, साम्प्रदायिकता, मानवता।

आमुख- भारत में धर्म और जाति की लड़ाई का उदय वास्तव में ब्रिटिश शासन काल में हुआ। उन्होंने ही 'बाँटों और राज करो' की राजनीति के नाम पर भारतीय समाज को हमेशा के लिए जहरीला बना दिया। यह रूप आज इतना विषाक्त हो गया है कि यह समाज में अन्दर ही अन्दर सड़ान्ध उत्पन्न कर रहा है। 'त्रिशूल' उपन्यास में लेखक एक प्रत्यक्षदर्शी के रूप में है। वह देख रहा है, अनुभव कर रहा है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को उच्चतम स्थान पर पहुँचाने और स्वयं की राजनीतिकरण के लिए अपने धर्म का सौदा करता है और धर्म की सीढ़ी के माध्यम से समाज में ही उच्च स्थान को प्राप्त करना चाहता है। 'त्रिशूल' समाज में व्याप्त जातिवादी और धार्मिक भेद, कुरूपता का नग्न चित्रण प्रस्तुत करता उपन्यास है। इस उपन्यास का प्रमुख पात्र 'महमूद' है, जो धर्म से मुस्लिम है और एक हिन्दू के घर में नौकरी करता है।

लेखक का चित्रात्मक वर्णन सारे दृश्य का आँखों से ही गुजरता हुआ प्रतीत होता है। ''कहाँ से शुरू करूँ महमूद की कहानी? वहाँ से जब पुलिस उसे घर से घसीटकर ले जा रही थी या जब चौराहे पर पर लाठियों से पीट रही थे और मोहल्ले का कोई आदमी उसे बचाने के लिए आगे नहीं आया। या जब इसी चौराहे पर वे लोग उसकी छाती पर त्रिशूल अड़ाकर मजबूर कर रहे थे, ''बोल साले, जय सिरी राम''...।''1उपन्यास का यह प्रथम पृष्ठ का पहला अंश है। प्रारंभ में ही दृष्टिगत है कि धर्म के नाम पर होने वाली अन्धभक्ति कितनी मार्मिक है और उसका यह रूप कितना घृणित और कलुष है। उपन्यास का केन्द्रीय विषय है कि मानव की कोई जाति नहीं, धर्म नहीं, उसकी एक ही जाति है, उसका एक ही धर्म ''मानवता''।महमूद पाल साहब के घर में काम करता है किन्तु वह पूरे मुहल्ले के लिए ''चेलवा'' है और सिर्फ मनुष्यता का धर्म निभाता है। मुहल्ले के हर व्यक्ति के लिए एक सामूहिक सेवक है। शास्त्री जी जैसे घृणित मानसिकता के व्यक्ति के लिए भी वह प्रत्येक दृष्टिकोण से उनकी सेवा में तत्पर है। मिसराइन का काम भी कर आता है। लाल साहब को भी स्कूटर से घर ले आता है। अपने धर्म में गहरी आस्था रखना ''सांप्रदायिकता'' नहीं है। धर्म में आस्था की आज़ादी मौलिक अधिकार है। सांप्रदायिकता का अर्थ है धर्म के नाम पर लोगों की भावना को भड़काना और राष्ट्रीयता की बजाए धार्मिक उन्माद फैलाना।

उपन्यास का एक मुख्य विषय सांप्रदायिकता भी है। उसका सटीक उदाहरण है शास्त्री जी 1 शास्त्री जी पाल साहब से प्रश्न करते हैं। ''एक बात पूछना चाहता हूँ जानना आवश्यक है आप आस्तिक हैं या नास्तिक?''[2] इस प्रश्न का यथेष्ट उत्तर देते हैं पाल साहब तथा घोर धार्मिकता और अंधविश्वास की पट्टी हटाते हुए कहते हैं कि ''मेरी कल्पना का ईश्वर केवल हिंदुओं का ईश्वर नहीं है। वह सभी धर्मावलम्बियों का है। विभिन्न धर्मों के उद्भव से पूर्व था। और इनके न रहने पर भी रहेगा। विभिन्न धार्मिक ब्रांड के ईश्वर स्वयंभू नहीं। उन्हें हमने अपनी जरूरत अपने स्वार्थ के अनुसार गढ़ा है।''3 इसी प्रकार शास्त्री जी की आँखों को खोलते हुए आगे भी पाल साहब कहते हैं-''अन्य धर्मों ने ईश्वर की कल्पना अपने समाज को नियंत्रित करने, उसकी बेहतरी के लिए की जबकि हमने इसका उपयोग किया अपने ही भाइयों का शोषण करने और हराम की कमाई खाने के लिए। यही नहीं हमने अपने भगवान तक को नहीं बख्शा। उन्हें कोर्ट कचहरी तक घसीटा है''।[4] इस उपन्यास में लेखक ने अपना दृष्टिकोण सर्वत्र और सुस्पष्ट ढंग से व्याख्यायित किया है। लेखक ने धार्मिकता और जातिवादिता का घिनौना रूप तह-दर-तह खोल कर रख दिया है। ''राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद'' विवाद में दोनों फरीकों के भगवान इसी तरह दोनों फरीकों के शोषण की मोहरे बने हुए हैं। जाति और धर्म का ऐसा आडंबर व्याप्त है कि जब तक महमूद की जाति और धर्म किसी को नहीं पता वो सब का प्रिय है ''बहुत गुनी बहुत प्रेमी लड़का है यह तो जब से यहाँ आया है मुझे बबूल की काँटों से मुक्ति मिल गई हैं कहाँ पाये यह रतन। फिर गेट पर पहुँच कर मुड़ते हैं ''अरे चेलवा अपने जैसा एक लड़का मेरे लिए भी ला न खोजकर''। ''लाऊँगा गुरूजी''। कौन जाति है रे तू''? मनई। वह हँसकर कहता है और जूठे कप लेकर अंदर चला जाता हैं।''[6] कितना सार्थक शब्द है मनई। यह याद दिलाता है कि मनुष्य का मनुष्यता के अतिरिक्त कोई जाति नहीं, कोई धर्म नहीं। यह सामाजिक ढांचे को सुचारु रूप से चलाने के लिए ही उच्चतम कोटि का धर्म है। शिवमूर्ति जी का खुला विद्रोह सर्वत्र व्याप्त है, किन्तु कहीं न कहीं यह एक तरफा विरोध हो जाता है, क्योंकि लेखक ने हिंदू धर्म की आडंबरों और अंधानुकरण को ही प्रस्तुत किया है अन्य धर्मों की परते नहीं खोल पाए हैं। अतिशयोक्ति न होगी यदि यह कहा जाय कि धार्मिक अंधानुकरण समाज के मानवीय गुणों को जड़ से ही खींच ले रहा है। जाति-धर्म का द्वेष प्राणी मात्र के भीतर से, दया प्रेम और संवेदना को निचोड़कर भेदभाव और सांप्रदायिकता का विष भर रहा है, इसी उद्देश्य की गहराई से छानबीन करता है 'त्रिशूल' उपन्यास। समाज के प्रत्येक ज्वलंत और सामयिक मुद्दों पर दृष्टि डालता है यह उपन्यास। उपन्यास का हर चरित्र वर्तमान में व्याप्त विद्रूपों का चित्रण करता है। धर्म के नाम पर लोगों को बाँटने वाले लोग एक धर्म को अनेक जातियों में बांटकर आपस में ही उन्हें लड़ाकर क्षुद्र राजनीति करते हैं। जाति धर्म के नाम पर वोट की राजनीति करने वाले मनुष्य को मनुष्य नहीं रहने दे रहे। हिंदू हो या मुस्लिम सब अपने आप में स्वयं से निम्न जाति को खोज ही लेते हैं। यहाँ जातिगत, धर्मगत शोषण है जो गंदी राजनीति को प्रबल और घिनौना बनाता है। जाति और धर्म का गंदला रूप उपन्यास में सर्वत्र व्याप्त है, वह चाहे मिसराइन हों या शास्त्री जी या मंदिर का पुजारी। शास्त्री जी कहते हैं- ''अरे आप चार पाँच बार मुसलमान-मुसलमान कहे फिर अपना मुँह सूंघे कितना बदबू करने लगता हैं उबकाई आने लगती है।''[7] एक तरफ लेखक की पत्नी सौहार्द्र का उल्लेख करती है और महमूद के रोजे के लिए भोर में उठकर सहरी बनाती हैं। दूसरी ओर मिसराइन महमूद की सच्चाई जानकर कहती हैं - ''स्वभाव से क्या होता है जी? स्वभाव अच्छा है तो चौके में घुस जायेगा? 'मलिच्छ' होकर बरतन-भांडा छुएगा? सब कुछ भरभण्ड करके रख दिया।[8] जाति-धर्म का जहर तब और अधिक वीभत्स हो जाता है और साम्प्रदायिकता का चरमोत्कर्ष यह है कि महमूद की सच्चाई जानने के पश्चात् शास्त्री जी अपने पोते को कहीं छुपा कर उसके

झूठे अपहरण के आरोप में महमूद को जेल भिजवाते हैं। इससे अधिक घिनौना और निम्न स्तर का कार्य क्या होगा कि एक मासूम को निरपराध होने पर भी अत्यंत गंभीर यातना दी जाती हैं। अब तक वह सबका सेवक था किन्तु अचानक से ही वह घर का भेदिया, दुश्मन और एक काफ़िर बन जाता है। उसकी जाति का पता चलते ही पुजारी कहता है कि ''वह पक्का नमाज़ी है। उसकी दोस्ती मुसलमान गुंडों और लफंगों से है। वह उनका भेदिया है। मुहल्ले का भेद देता है।''[9] जाति-धर्म का यह घिनौना रूप नगरीय सामाजिक व्यवस्था में ही गहरे तक जड़ें नहीं जमाया है बल्कि ग्रामीण व्यवस्था में तो इसका अत्यधिक विद्रूप रूप है। अपने कार्यालय के मित्र के गाँव में उपस्थित होकर लेखक ने ग्रामीण समाज में जाति के कारण विषाक्त वातावरण का प्रमुखता से विवरण प्रस्तुत किया है। 'पाले' एक प्रमुख पात्र हैं जिसके माध्यम से जातिगत बँटवारे का सचित्र वर्णन प्रस्तुत किया गया है। पाले घूम-घूम कर ब्राह्मणवाद का विरोध करता है और हिंदू धर्म की एक -एक कमज़ोर नस को उजागर करता है जिसके कारण उसकी हत्या कर दी जाती है। पाले द्वारा धर्म की व्याख्या जो उसे मृत्यु की नज़दीक ले जाती है ''धरम क्या है? हिंदू हैं? मुसलमान है? न..न...न। फिर? हमें बताइए गुरु का धरम क्या है? चेले का धरम क्या है? बाप का धरम क्या है? बेटे का धरम? गृहस्थ का धरम? साधू का धरम... तो धरम माने ड्यूटी। करतब। हमारे धरम में मिलावट हो गई। वह जहरीला हो गया।''[10] सांप्रदायिकता और जातिवाद वर्षों से जनमानस में इतने गहरे तक पैठ चुकी है कि आज चाह कर भी व्यक्ति इनसे मुक्त नहीं हो पा रहा। सोने पे सुहागा राजनीति, जो सदैव ही वोट बैंक बढ़ाने के लिए सामान्य जन की भावनाओं और संवेदनाओं को अपनी कूटनीतिक चालों के माध्यम से ही समाज को जकड़ लेती है और सामान्य जन इनके चंगुल में फँस जाता है और स्वयं को मुक्त नहीं कर पाता जाति-धर्म का आरोपीकरण इतना प्रभावी है कि तिवारी जी के शब्दों में -''कभी कभी कोई बात इतनी छुपाने वाली होती है कि हम अपने मन में उसे सोचने से भी कतराते हैं। उसी तरह की सच्चाई यह भी हैं कि एक सामान्य ब्राह्मण एक नीची जाति को वह भी अपने गाँव में ही प्रणाम करें, यह...यह... अभी तो असंभव है....जैसे ही गाँव छोड़कर शहर जाता हूँ, सारे सोच और कर्म में उदारता आ जाती है। पर वे दक़ियानूसी विचार रास्ते में ही कहीं छिपे बैठे इन्तजार करते रहते हैं। जैसे ही लौटता हूँ फिर कंधे पर सवार हो जाते हैं।''[11] इस उपन्यास में महमूद के बेकसूर होने के बावजूद भी जेल की यातना और पीड़ा सहना मानवता की हत्या है। वहीं पाले की हत्या लोकतंत्र की हत्या है। सामान्य और साधारण को असाधारण और असामान्य होने की सज़ा है। सदियों से चले आते धार्मिक और जातिगत मतभेद का वर्तमान में जो भी वीभत्स रूप है उसका साक्षात्कार कराता है ''त्रिशूल''।उपन्यास की कथावस्तु सामायिक है जो अतीत के पन्नों से होती हुई वर्तमान में शिक्षित और उच्च पदेन व्यक्तियों में भी कहीं न कहीं उन्हें पीछे ले जाती हैं और मानव का मानवीय विकास न होकर चारित्रिक ह्रास हो रहा है। अंत में महमूद का अपने घर वापस जाना और वहाँ से भी बेघर हो जाना मनुष्यता की हत्या है। ''लगता है महमूद के साथ ही हमारी युगों-युगों से संचित सहिष्णुता, उदारता और विश्वबंधुत्व की पूंजी आज इस घर को हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा करके जा रही है।''[12]

अंत में महमूद के पिता का घर भी जला दिया जाता है और यह एक सदियों से चली आती हुई हिंदू-मुसलमान की वीभत्स और कारुणिक स्थिति है। जहाँ परिस्थितियों का विपरीत होना स्वाभाविक है और संवेदनशीलता का दुखद अंत। ''तब किसी घर गया होगा महमूद? कही नियति को यही तो मंजूर नहीं कि वह किसी न किसी काला पहाड़ की शागिर्दी करें''?[13] त्रिशूल उपन्यास का प्रत्येक पात्र पाठक के मानस पटल पर अपना चित्र अंकित करने में सक्षम है। यह उपन्यास इतना यथार्थ है कि इसमें चित्रित जाति-धर्म का विद्वेष और उसका लाभ उठाते राजनीतिक व्यक्तियों का मन्तव्य इतना स्पष्ट और साफ दिखायी पड़ता है कि आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। समाज में व्याप्त यह ज़हर अभी और कितना अत्याचार करवायेगा इसका कोई ओर-छोर नहीं दिख रहा। शिवमूर्ति ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से इस कथा का विवरण प्रस्तुत किया है, ''त्रिशूल न केवल मंदिर-मंडल की बल्कि आज के समाज में व्याप्त उथल-पुथल और टूटन की कहानी है''। ''त्रिशूल' भारतीय साहित्य और समाज का ऐसा टेक्स्ट है जिसमें वर्ण, जाति, धर्म, संप्रदाय राजनीति, अर्थनीति और संस्कृति की भेद मूलक संरचनाएं आपस में इस तरह गुंथी हुई हैं कि भारतीय लोकतंत्र भी उन्हीं के सहारे ही सरवाइव कर रहा है। 'भेद' को बनाए रखकर लेकिन जब तक भेद रहेगा अन्याय रहेगा।''[14]

निष्कर्ष:-

'त्रिशूल' भारतीय वर्ण व्यवस्था वाले हिंदू समाज की जातिवादिता, धार्मिकता और सामंती मानसिकता को तार-तार कर देता है। 'त्रिशूल' की सफलता और सार्थकता इस बात में भी है कि वह मुस्लिम, दलित, पिछड़ों के माध्यम से ही प्रतिरोध और विद्रोह का परिप्रेक्ष्य निर्मित कर जन-जागरण का सर्जनात्मक कार्य करता है। यह उपन्यास साहित्य एवं समाज का घृणित और बर्बर चित्र उजागर करता है, जिसका रक्षण वर्षों से लोगों के मन में होते -होते आज भयावह हो चुका है, उसी यथार्थ का सचित्र वर्णन है 'त्रिशूल'।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1.त्रिशूल, शिवमूर्ति, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली दूसरा संस्करण, 2018 पृष्ठ-5
2.वही, पृष्ठ - 9
3.वही, पृष्ठ - 9
4.वही, पृष्ठ - 10
5.वही, पृष्ठ - 11
6.वही, पृष्ठ - 12
7.वही, पृष्ठ - 32
8.वही, पृष्ठ - 29
9.वही, पृष्ठ - 31
10.वही, पृष्ठ - 52
11.वही, पृष्ठ - 59
12.वही, पृष्ठ - 104
13.वही, पृष्ठ - 104
14.'लमही' - दुर्गा प्रसाद गुप्त, लखनऊ, अक्टूबर-दिसम्बर 2012, पृष्ठ - 224-225

अज्ञेय जी के कहानियों में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना

प्रार्थना गोगोई
दरंग महाविद्यालय
तेज़पुर,असम

हिन्दी साहित्य के महज हस्ताक्षर अज्ञेयजी का सम्पूर्ण नाम सचिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन है। प्रयोगवाद के यथार्थ को प्रयोगात्मक रूप में उभारते हुये अज्ञेयजी ने हिन्दी साहित्य में एक नए वाद का उद्घोष किया। यथार्थवाद तथा बौद्धिकता को स्वीकारते हुये उन्होंने अपने रचनाओं में मध्यवर्गीय जीवन की जड़ता ,कुंठा,अनास्था,मानसिक संघर्ष,एकाकीपन के सत्य को चित्रित किया हैं। प्रेमचंद द्वारा तैयार किए गये यथार्थवादी लीक पर चलते हुये उन्होंने हिन्दी साहित्य में वैयक्तिकता,मानव मन की चाह,प्रेम तथा काम वासना का खुलकर चित्रण किया। फ्रायड के सिद्धान्त से प्रभावित वह एक मनोविश्लेषणवादी साहित्यिक हैं । वह एक सुप्रसिद्ध कवि,उपन्यासकार होने के साथ साथ एक अच्छा कहानीकार भी हैं। अज्ञेयजी के उपन्यासों से लेकर कहानी तक मनोविश्लेषणवादी विचारधारा परिस्फुट होते हैं । उनके अन्यतम कृति 'शेखर: एक जीवनी'पूर्णरूपेण मनोवैज्ञानिक उपन्यास है। अतः एक प्रयोगवादी लेखक होने के नाते उन्होंने जिये हुये जीवन के विभिन्न दर्दों को अपने कृतियों में अंकित किया हैं।

आजादी के साथ साथ भारतीय समाज में मध्यवर्ग की उदय होती हैं और उनके साथ ही आधुनिक भारतीय साहित्य में कहानी का जन्म होता हैं। और धीरे धीरे कहानी का विकास होता जाता हैं,भारतेन्दुयुग,द्विवेदीयुग तथा छायावाद से गुजरते हुये कहानी प्रयोगवादी विचारधारा से प्रभावित होने लगती हैं,और जीवन के यथार्थ को कहानियों में व्यक्त किए जाने लगते हैं। अतः कहा जा सकता है कि कहानी के क्षेत्र में अज्ञेयजी का योगदान महत्वपूर्ण रहा हैं,उन्होंने लगभग 70 कहानियाँ लिखे। अज्ञेय जी खुद कहानी के बारे में कहता है कि, "वे कहानियाँ जल्दी पुरानी नहीं होती हैं,या जो पुरानी होकर भी नयी बनी रही हैं या नयी हो गयी हैं,उनमें रचनाकार की दृष्टि सामाजिक यथार्थ की परिधि में बंधी न रहकर मानवीय यथार्थ पर केन्द्रित रही होगी।" उनके द्वारा विभक्त किए गए 'खेपों'के अनुसार प्रथम 'खेप'की कहानियाँ क्रांति-चेतना तथा प्रेम संवेदना से पूर्ण हैं,द्वितीय 'खेप'की कहानियाँ भूमि आंदोलन और जेल-जीवन पर आधारित हैं। अतः उनके कहानियाँ मानवीय यथार्थ के साथ पूरी तरह जुड़ा हुआ हैं। जैसे कि 'रोज़' (ग्रैंगीन),'अलिखित कहानी','अछूते फूल','जिजीविषा'(जीवन शक्ति),'पहाड़ी जीवन','शत्रु','दुख और तितलियाँ'आदि हैं। उनके इन कहानियों में मानवीय संवेदना के अनेक पहलूओं का उद्घाटन तथा चित्रण अति तीव्रता और यथार्थता के साथ हुआ हैं।

अज्ञेय के 'ग्रैंगीन'कहानी चरित्र- प्रधान एक मनोवैज्ञानिक कहानी हैं। बाद में उन्होंने उसका नाम बदलकर 'रोज़'कर दिया। इस कहानी में मध्यवर्गीय मानसिकता के साथ साथ स्त्री जीवन की विवशता,नीरसता,यांत्रिकता,घुटन का यथार्थ चित्रण हैं। मालती नामक स्त्री को केन्द्रित करते हुये लिखी गयी इस कहानी में उनके वैवाहिक जीवन के यांत्रिकता तथा जड़ता को चित्रित किया गया हैं। रोज़ की दिनचर्या से उलझा हुआ उनके जीवन कितनी यंत्रवत है,अपनी बच्चे की गिर जाने पर तथा उनके क्रंदन से भी निरुद्वेग होकर कहनेवाली यह कथन कि यह तो रोज़ की बात आदि से उनके मनुष्य यंत्र में बदल जाने की त्रासदी को व्यक्त करता हैं। उनकी यांत्रिकता इतनी भयावह हो जाती हैं कि जीवन-मरण की घटना भी उन को प्रभावित नहीं करती है। जब मालती के पति महेश्वर ग्रैंगीन के घाव इलाज के हेतु किसी की बाँह,या किसी की टांग काटकर इलाज करने की बात लेखक को कहता है तब वह बिना कुछ सोचे समझे वह कह उठती है कि, " पहले तो काँटे ही नहीं होते होंगे,आज तक सुना नहीं था कि काँटों के चुभने से मर जाते हैं।" महेश्वर की दिनचर्या में भी रोज़ कांटे लगने से ग्रैंगीन बन गए घाव के इलाज करना ही हैं,रोज़ आकर खाना खाके चले जाते हैं,जो उनके जीवन के स्थायी दिनचर्या हैं। जिसके कारण उनके जीवन में भी कोई नयापन नहीं हैं। पति-पत्नी के संबंध में जो लगाव होना चाहिए था उसमें भी कमी है,साथ ही बच्चे के प्रति भी सिर्फ दोनों कर्तव्य का पालन ही करते हैं। अतः इस कहानी के माध्यम से जड़-व्यवस्था के शिकंजे में फंसे मध्यवर्गीय जीवन के त्रासदी का चित्रण मिलते हैं। मालती के जीवन इन घटनाओं के इर्द गिर्द घूमते हैं- पति की प्रतीक्षा,घरेलू कार्य,बच्चे की देख-भाल और समय गिनना। समाज व्यवस्था के कारण मालती के पत्नी,गृहिणी तथा मातृ के रूप में जो ऊब,छटपटाहत है उसका यथार्थ चित्रण हैं। अतः इस कहानी में मानवीय संवेदना का जो विघटन हुआ हैं इसका यथार्थपरक चित्रण मिलता हैं। पति पत्नी के नीरस,निर्जीव संबंध में,मानवीय जो उत्साह है उसमें (अपने पुराने घनिष्ठ मित्र को वर्षों बाद मिलने के बावजूद) जड़ता,अवसादपूर्ण जीवन,संवेदनहीनता के कारण हुई यांत्रिकता का दस्तावेज़ है यह कहानी। तथा आधुनिक जीवन के रोज़ के दिनचर्या के कारण होनेवाले ऊब,घुटन तथा छटपटाहत से मानवीय संवेदना का जो अवखंडन हैं उसका भी सजीव वर्णन हैं।अज्ञेय जी द्वारा लिखे गये अन्य एक महत्वपूर्ण कहानी हैं 'जिजीविषा',जो पहले 'जीवन शक्ति'नाम से प्रकाशित हुये थे। इसमें बातरा नामक एक भिखमंगे संथाल युवती की कहानी हैं। ईसाई धर्म के युवती का नाम पहले तो बीएट्रिस था,जो पहले एक अच्छी जीवन बिताती थी,लेकिन समय के गुजरते माँ-बाप के मृत्यु के बाद मिशन में नौकरी न लगने पर वह एक भिखमंगे जीवन जीने लगी। फिर भी उनमें आत्माभिमान था,अच्छी तरह एक साफ सुथरे इंसान की जीवन बिताना चाहती थी,साथ अपना एक घर बनाने की सपना देखती थी जहाँ बाहर वह फूल लगाएंगे और बच्चे को झुलाएंगे। अतः उसकी मुलाक़ात दामु नामक भिखमंगे से होता हैं और उनके सपनों को तथा जीवन की संचित लालसा को एक आधार मिलता हैं। दामु और बातरा के यह संबंध मानव जीवन के आपसी सह-संबंध को दर्शाता हैं। वह एक दूसरे के सहारा बन जाते हैं। उनके मन में जो प्रेम हैं,जो चाह हैं उसे एक आधार मिलता हैं। इस कहानी के माध्यम से लेखक उपेक्षित वर्ग के दीनता,दयनीय स्थिति का वर्णन नहीं करते बल्कि उनके जो जीवन जीने की चाह हैं,अन्तः मन के जो भावनाएँ हैं उसका एक सार्थक तथा सजीव प्रत्यंकन किया है। लेकिन आस-पास के दकानदार उनलोगों के मज़ाक उड़ाते थे,फब्तियाँ कसने लगे थे। धीरे धीरे दामु और बातरा एक घर बसाने लगता हैं और बातरा की सपना साकार होने लगती हैं। दामु के साहचर्य उनके लिए मादक बनती जाती हैं। लेकिन आस पड़ोस के दुकानदार के उनके टीन से बनाए हुये घर को देखकर उनके प्रति उदारता मीटने लगती हैं क्योंकि ग्राहक के दृष्टि से उनके दुकान छिप गए थे। अतः उनलोगों ने पुलिस के सहायता से दामु के घर को तोड़ दिया। इसके द्वारा समाज के उच्च वर्ग का निम्न वर्ग के लोगों के प्रति जो दुर्व्यवहार है उसका चित्रण है। दामू को उद्देश्य कर दुकानदार कहता है "एहें! बड़ा आया घर में रहनेवाला! और जब यहीं नंगा पड़ा रहता था और कुत्ते बदन चाटते थे तब?"इसके जरिये समाज के उस वर्ग के लोगों के जीवन के करुण स्थिति का चित्रण मिलता हैं। भिखमंगे के प्रति समाज के जो नज़रियाँ हैं उसका एक नग्न चित्रण अज्ञेय जी ने किया हैं। उनके जीवन के स्वप्न को समाज ही तोड़ देते हैं। समाज ही उनके जीवन को कठिन बना देते हैं,उनके प्रति संवेदना की भावना नहीं रखते हैं। और इस कहानी में नैतिकता का जो विघटन हुआ उसका चित्रण हुआ है। दामु बातरा के प्रति संवेदनशील तो हैं मगर समाज के उच्च वर्ग कहलानेवाले,तथा समाज के सभ्यजन ही उनके भावनाओं को समझने के लिए तैयार नहीं हैं और उनलोगों को घर से बेघर कर दिया जाता हैं,लेकिन अपने यायावरी स्वप्न को दामू और बातरा खत्म होने नहीं देते हैं और गिरीश पार्क से जाकर विवेकानंद रोड पर अपना बसेरा बनाने का पुनः कोशिश करता हैं। उनके मन की जो जिजीविषा हैं उसका चित्रण लेखक ने किया है तथा सामाजिक यथार्थ को खुलकर अंकित किया हैं। अतः दामु और बातरा एक दूसरे के लिए साहस,तथा जीवन जीने की साधन बन जाता हैं,आपसी सहयोग को बढ़ावा देता हैं और एक दूसरे के प्रति संवेदनशील हैं,लेकिन शिक्षित वर्ग ही उनके प्रति उदार तथा संवेदनशील नहीं हैं। अतः यह कहानी समाज के उस नग्न यथार्थ को साकार करती हैं साथ ही उपेक्षित वर्ग के जो सपने,लालसा तथा जिजीविषा होती हैं

उसको सजीव रूप में देखने को मिलती हैं। 'अकलंक'अज्ञेयजी के अन्य एक छोटी सी कहानी है जिसका पृष्ठभूमि युद्ध के वातावरण है। ह्वांग-हो नदी के पास टीले की चोटी पर चीनी प्रजातंत्र के दो सेना हैं,पुरुष का नाम है मार्टिन और स्त्री का नाम है क्रिस। वे दोनों आपस में बात करते हुये नजर आते हैं और क्रिस मार्टिन को उद्देश्य कर कहती हैं कि मार्टिन को उनके घर ह्वांग-हो के प्रवाह में बहा देना चाहिए ताकि शत्रु पक्ष के लोग वहाँ आकर रह न सके। लेकिन मार्टिन ऐसा नहीं करना चाहता हैं। वह चाहते थे कि राष्ट्र के किसान उनके घर में आश्रय ले सके क्योंकि मार्टिन के घर में एक गाँव के लोग रह सकते थे और इसी कारण वह किसान के सहायता के लिए वह घर छोड़ जाना चाहते थे,चाहे वह उनका शत्रु ही क्यों न हो। लेकिन उसके इस भाव को क्रिस नहीं समझती हैं और कहती कि, संपत्ति के लिए इतना मोह,जिससे उनको ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने उनको थप्पड़ मार दिया हो। इस कहानी के जरिये अज्ञेय ने इंसानियत को दर्शाया है,मनुष्य मनुष्य के प्रति जो भावना होती हैं उसको एक सैनिक कि मनः स्थिति के माध्यम से दर्शाया है। युद्ध है,शत्रु है,फिर भी उसका हृदय निरीह किसान के लिए रोता है,उनके प्रति अनुकंपित होते है। जो मानवीय संवेदना को अति सावलील तथा सजीव रूप में अभिव्यक्त करता है।

इसके अलावा उनके प्रमुख कहानियों में हैं 'सेव और देव'कहानी जिसमें शिक्षित कहे जानेवाले वर्ग पर तीखा व्यंग हैं। 'मुस्लिम मुस्लिम भाई भाई' कहानी आहत मानवीय संवेदना और मानव मूल्यों पर आधारित सन् 1947 में लिखी गयी हैं। विभाजन के समय दिल्ली से पाकिस्तान जानेवाली एक स्पेशल ट्रेन की कहानी है जिसमें सरकारी मुलाजिमें जाते थे। उसी ट्रेन में ही तीन औरतें जानेवाली थी क्योंकि उनके द्वारा आखरी साधारण ट्रेन छूट गयी थी। अतः वेलोग दिलासा ले रहे थे की मुस्लिम लोग ही होंगे उसमें तो अफसर होने के बावजूद वेलोग साथ में जा सकेंगे। लेकिन इसके ठीक विपरीत एक परिदृश्य देखने को मिलता हैं,मुस्लिम मुस्लिम की भाई चारा तो दूर की बात इंसानियत के नाते भी उनलोगों को वहाँ बेठने नहीं देते हैं। जिसके द्वारा मनुष्य मनुष्य के प्रति उदार भाव की जो कमी है,हैसियत के हिसाब से लोग एक दूसरे के प्रति जो मानवीय संवेदना को ही खो दिये है उसका एक यथोर्थपरक चित्रण इस कहानी में मिलता हैं। अतः उनके अन्य कहानी 'दुख की तितलियाँ'में माँ के मृत्यु और उसके पश्चात जो सामाजिक प्रक्रिया घटते हैं उसके कारण एक पुत्र के मन में जो प्रभाव पड़ता हैं उसका चित्रण है। 'इन्दु की बेटी'एक मध्यवर्गीय परिवार के कहानी हैं इसमें एक पढ़े-लिखे विवाहित पति के मनोदशा का चित्रण हैं जिसका पत्नी पढ़े-लिखे नहीं है,और उनके गँवार होने के कारण रामलाल उनसे खीझते थे,एक दिन उसके पत्नी का उसके कारण ही मृत्यु हो जाती है। वह अपने पत्नी की प्रेम को समझ ही नहीं पाये और पति-पत्नी के बींच जो अनुकंपा, प्रेम भाव होती है उसकी तुलना किसी अन्य चीज़ के साथ तुलना नहीं किया जा सकता हैं,अपनी पत्नी की वह बाह्य रूप-सौन्दर्य को ही ध्यान में रखते हैं जिसके कारण वह पत्नी के प्रेम को समझ नहीं पाये और अंत में अपने आपको दोषी,अपराधी मानकर ज़िंदगी काटते हैं और पागल से हो जाते हैं। इसमें मानवीय प्रेम की,मूल्यों की जो अहमियत है उसको अंकन करने का प्रयत्न अज्ञेयजी ने किया है। अतः अज्ञेयजी ने परंपरा से हटकर एक नया प्रयोग करने का प्रयत्न किया। संघर्षों,घटनाओं को छोड़कर मानव के आंतरिक मनन स्थिति,सूक्ष्म अनुभूतियों,तथा छोटी से छोटी संवेदनाओं को लेकर अपने रचनाएँ किए। प्रतीकात्मकता उनके कथा-शैली का विशेषता है,जिसकी सहायता से कहानी में जिज्ञासा,रोचकता उत्पन्न करता हैं। मैंने प्रयोग किए तो शिल्प के भी किए,भाषा के भी किए,रूपकार के भी किए,वस्तु चयन के भी किए,काल की संरचना को लेकर भी किए,लेकिन शब्द-मात्र की व्यंजकता और सूचकता की एकांत उपेक्षा भी नहीं की।" अतः अज्ञेय की कहानी में समाज के हर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता मिलते हैं। सैनिक जीवन से लेकर देशद्रोही,भिखमंगे से लेकर धनी वर्ग,स्त्री हो या पुरुष हर किसी के मानसिक स्थिति की प्रति संवेदनशील रहे हैं और उनके कहानियों में भी यही संवेदनशीलता परिलक्षित होते हैं।वर्तमान समय में कहानी तथा युगीन संदर्भ में अज्ञेय की कहानी की महत्व उल्लेखनीय हैं। आधुनिक जीवन-यापन के भाग दौर में व्यक्ति के जीवन घुटन,नीरसता,जड़ता,एकाकीपन,स्वार्थपरता,मानवीय मूल्यों के विघटन तथा मानवीय संवेदना के अवखंडन से ग्रस्त हैं। जिसका प्रत्यंकन अज्ञेय जी ने अपने कहानी के माध्यम से किया हैं। आज जिस समय समाज अति व्यक्तिवादी हो गए हैं,मानसिक स्थिति उलझा हुआ है,समाज के उपेक्षित वर्ग के प्रति निर्दय तथा कठोर हो गए हैं, उसी समय में अज्ञेय की कहानी की प्रासंगिकता आ जाती हैं,क्योंकि उन्होंने अपने कहानियों में समाज के जिस नग्न यथार्थ का चित्रण किया था वह आज के समाज में भी व्याप्त है। उनके 'ग्रैंगीन'अथवा 'रोज'कहानी में अभिव्यक्त मालती महेश्वर की जो संवेदनहीन संबंध है वह आज के समाज में भी मिलते हैं,उनलोगों के तरह अपना कर्तव्य यंत्रवत पालन करनेवाला व्यक्ति भी आज के समाज में है। अतः मानवीय संवेदना का जो विघटन हुआ है उसको लेखक मनोविश्लेषण से अपना परिचय होने के कारण अधिक सफलतापूर्वक दिखाने में समर्थ हुये हैं। इस प्रकार की स्थितियाँ लोगों के जीवन को नष्ट कर देती हैं और अवसादग्रस्त बना देती हैं। साथ ही विज्ञान और तकनीकी विकास ने लोगों को अधिक आत्म-केन्द्रित बना दिया हैं। अतः ऐसी स्थिति में एक ही उपचार मिलता हैं कि जीवन को नए नए रूप में,नए नए आविष्कार के साथ जीने का प्रयत्न करना चाहिए ताकि मानवीय संवेदना अटूट रहे और जीवन नित-नवीन रूप में उभरकर आए। 'जिजीविषा'कहानी में अभिव्यक्त भिखमंगे की जो चित्रण है वह तो समाज में प्रासंगिक हमेशा से रहा हैं। स्वार्थपरता,शत्रुता की भावना को त्यागकर इंसानियत की बीज बोना वर्तमान समय में समाज तथा व्यवस्था दोनों के लिए उपयोगी हैं। अतः भेद-भाव को बढ़ावा न देकर एक साथ आगे बढ़ने का संदेश मिलता है।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. राय,गोपाल (2014). *हिन्दी कहानी का इतिहास*,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली.
2. डॉ नगेन्द्र (2015). *हिन्दी साहित्य का इतिहास*,मयूर पैपरबेक्स,नई दिल्ली.
3. राय,गोपाल (2010). *अज्ञेय और उनका कथा साहित्य*,वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली.
4. चतुर्वेदी,रामस्वरुप (2008). *अज्ञेय और आधुनिक रचना की समस्या*,वाणी प्रकाशन,
5. नई दिल्ली.
6. ऑनलाइन उपलब्ध सामग्री:(कहानियाँ)
7. ग्रैंगीन, gadyakosh.org
8. अकलंक, gadyakosh.org
9. जिजीविषा, gadyakosh.org
10. सेब और देव gadyakosh.org

'इन्हीं हथियारों से' उपन्यास में अन्तिम जन का प्रतिरोध

शिवम कुमार
शोधार्थी
हिन्दी विभाग,
सिक्किम विश्वविद्यालय - गंगटोक
मो. – 8005461079

प्रस्तावना – अमरकान्त द्वारा लिखित उपन्यास 'इन्हीं हथियारों से' एक विस्तृत फलक वाला उपन्यास है। इस उपन्यास में बलिया नामक प्रान्त को केन्द्र में रखकर अमरकान्त ने 1942 ई0 के 'भारत छोड़ो आन्दोलन' को चित्रित किया है। उपन्यास में कोई मुख्य पात्र या नायक नहीं है, या यों कहें कि सभी सामान्यजन इस उपन्यास के नायक हैं। वंचित तबके के पात्रों द्वारा स्वाधीनता आन्दोलन के कई अर्थ लगाये जाते थे। दैनिक कामगार, मजदूर, वेश्या, विधवा आदि सभी पात्र जो सामन्ती समाज के अंतिम पायदान पर थे, उनके लिए आजादी से बड़ी उम्मीदें थीं। उपन्यास में गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग इस आन्दोलन से समाज में भेद-भाव और गरीबी मिटने की भी उम्मीदें करते हैं। गांधीवाद समाज में इसकी एक उम्मीद तो जगाता ही है, साथ ही तमाम असहाय स्त्रियों को भी स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर बनाने की पहल करता है। समाज में बदलाव के इस बयार का भी उपन्यास में स्पष्ट चित्रण है। उपन्यास में स्वाधीनता आन्दोलन के विशद चित्रण के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों के सामाजिक समस्याओं को भी उजागर किया गया है।

बीज शब्द - स्वाधीनता आन्दोलन, अंतिम जन, सामन्तवाद, प्रतिरोध, जाति, स्त्री, गांधीवाद।

मूल आलेख-

अमरकान्त द्वारा लिखित उपन्यास 'इन्हीं हथियारों से' में स्वतन्त्रता आन्दोलन को आधार बनाया गया है। उपन्यास के कथ्य का मुख्य केन्द्र बलिया है। इस उपन्यास में गाँधीवादी आन्दोलनों के साथ-साथ सशस्त्र क्रांति का भी जीवन्त उल्लेख मिलता है। निश्चित ही 500 से अधिक पृष्ठों में फैले इस उपन्यास का कथानक अधिक विस्तृत है जिसमें स्वाधीनता आन्दोलन में विभिन्न विचारधाराओं का टकराव, ग्रामीण अंचल में स्वाधीनता की लहर, पुलिसिया दमन, जाति और स्त्री का प्रश्न, अमीर-गरीब का भेद आदि कई विषयों को तत्परता के साथ समाहित किया गया है। उपन्यास में जिस तरह से सामान्यजन को पात्रों के रूप में चित्रित किया गया है वह इसे विशिष्ट बनाता है - 'इन्हीं हथियारों से उपन्यास में सामान्यजन की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया गया है। लेकिन इस चित्रण में इतिहासकारों की तरह उस जन का उद्धार नहीं बल्कि उसका अपना विमर्श है। इस उपन्यास में यह वर्ग अंध एवं मूक नहीं है, इसकी अपनी कुछ धारणाएँ हैं।'[1]

स्वाधीनता आन्दोलन के समय का भारतीय ग्रामीण समाज किन रुढियों में जकड़ा हुआ था, यह उपन्यास में राष्ट्रवादी चेतना की प्रबल प्रवाह के बावजूद भी स्पष्टतः सामने आ जाता है। स्वाधीनता आन्दोलन के उभारों का प्रभाव भारतीय समाज की कई रूढ़ियों और परम्पराओं पर पड़ा। इस आन्दोलन के नेतृत्त्व का स्वरुप चाहे जैसा हो परन्तु इस आन्दोलन में भाग लेने वाले कुछ समय तक इन भेद-भावों को लगभग भूल गये थे जिसे इस उपन्यास में पात्रों द्वारा समय-समय पर याद दिलाकर प्रतिरोध व्यक्त किया जाता है। अमरकान्त के इस उपन्यास में मोहभंग का भी स्पष्ट प्रभाव है। इस उपन्यास का प्रकाशन 2003 ई0 में हुआ था। जाहिर है की लेखक के पास भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन के मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय था, जिसका उपयोग इन पात्रों द्वारा आजादी के मुद्दे पर उठाये गये प्रश्नों के माध्यम से किया गया है। दरअसल उपन्यास में आजादी के सन्दर्भ में जितने भी प्रश्न स्त्री और पिछड़े वर्ग के पात्रों द्वारा पूछा गया है, वह ऐसे प्रश्न हैं जो आज तक अनुत्तरित रह गये हैं। अमरकान्त इस उपन्यास में स्त्री के पक्ष में विधवा, वेश्या और कामगार औरतों को तथा जाति और वर्ग के मुद्दों पर मजदूरों, गरीबों और नीची जाति के पात्रों को आगे कर इस प्रश्न को उठाते हैं। एक प्रसंग में वेश्या ढेला की माँ श्यामदासी उससे पूछती है, "फिर आजादी मिल गई तो रंडी-बेसवा को क्या मिलेगा? तब तो मर्द और जुल्म करने को आजाद हो जाएँगे।"[2] दरअसल ये सभी पात्र समाज के सबसे निचले स्तरों में शामिल हैं जिनके पास आजादी का अर्थ भी नहीं पहुँच पाया है। इस जन-प्रतिरोध में वे सभी लोग अपनी उत्सुकताओं के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर भागीदार बनते हैं। इस वर्ग के लोग जिस उद्देश्य से इस स्वाधीनता संग्राम में भागीदारी की, वह उद्देश्य पूरा हुआ या नहीं, इसका उत्तर भी इस उपन्यास में ही दिया गया है। निम्न वर्ग के पात्रों में अपेक्षाकृत रोष अधिक होता है, वे सभी सामाजिक रुढियों से भी साथ-साथ ही आजादी चाहते हैं। हालाँकि आंदोनलन का सामंतवादी चरित्र उन्हें ऐसा करने से रोकता हैं| गाँधी जी के विचारों से उन वर्गों में आशा की एक किरण फ़ैल जाती है। समाज में अंतिम जन वही होते हैं जिन्हें अपेक्षाकृत उच्च वर्ग द्वारा उनके अधिकारों और जीवन-मूल्यों से वंचित किया जाता है। स्वाधीनता आन्दोलन के समय भारतीय समाज में जातिगत आधार पर भी बहुत भेदभाव था। समाज में स्त्रियों को भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था का शिकार होना पड़ता था| इस उपन्यास में भी लगभग दोनों ही तथ्यों का यथार्थ चित्रण किया गया है।

इस उपन्यास में निम्न और निम्नमध्यम वर्ग का चित्रण मिलता है जिससे इन वर्गों की स्त्रियों की सामाजिक स्थितियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त होती है। इन वर्गों में छात्र, मजदूर, शिक्षक, व्यापारी सभी की सहभागिता होती है। निम्न वर्ग के सदस्य कैम्युनिस्ट पार्टी की तरफ बरबस आकर्षित होते हैं। उनका विचार भी अपेक्षाकृत उत्तेजक होता है। कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों को विश्वास होता है की इस स्थिति में आजादी मिल भी जाती है तो समाज के पिछड़े, मजदूर स्त्रियों आदि की स्थिति में ख़ास बदलाव नहीं होगा। इस प्रसंग में कम्युनिस्ट पार्टी का सदस्य गोपालराम द्वारा पूछा गया प्रश्न अधिक प्रासंगिक है कि 'और अछूतों के लिए आपकी क्या योजना है? इस आजादी से हमें क्या मिलेगा?[3]

इस प्रश्न का उत्तर पुरे उपन्यास में इसलिए कोई नहीं दे पाता क्योंकि इस उपन्यास का लेखक इस उत्तर को प्राप्त करने के बाद ही इस उपन्यास की रचना कर रहा है। सभी राजनैतिक पार्टियों में भी सामंतवादी लोगों का प्रभुत्व देखकर गोपालराम को यह बात समझ आने लगती है कि पार्टी कोई भी हो, पिछड़ों और मजदूरों के प्रति उनका व्यवहार वही रहेगा। उन्हें बस बदलाव का ख्वाब ही दिखाया जा रहा है। उपन्यास के एक प्रसंग में वह कहता है की 'अक्सर शहर के अनेक समाजवादी या कम्युनिस्ट अपने गाँव में जाकर अपने गरीब या अछूत कामरेड के लिए मालिक और बाबू नहीं बन जाते? क्या वे अपने गरीब कामरेड के साथ बैठकर भोजन कर सकते हैं? पूंजीपति और मजदूर का भेद तो अलग किस्म का है, लेकिन सामाजिक और धार्मिक अस्पृश्यता भयंकर, मर्मान्तक है। पूंजीपति और सामन्त के खिलाफ तो किसान-मजदूर एक हो सकते हैं लेकिन अस्पृश्यता के समाज में जनता के बीच एकता कैसे स्थापित की जा सकती है।"[4] अगर गोपालराम के इस प्रश्न को सभी पार्टियों के साथ सन्निहित करके देखें तो यह समस्या उस समय की सबसे बड़ी समस्या बनकर हमारे सामने आती है। गोपालराम की बातें बहुत तीखी होती हैं जिससे सभी पार्टी के लोग उससे किनारा करते हैं। जातिगत मुद्दों पर उपन्यास के मध्यमवर्गीय पात्रों का चरित्र भी हमारे सामने आता है जिसमें छुआछुत से लेकर घरेलू नौकरों और कामगारों के साथ किया गया बुरा सुलूक भी शामिल है। स्वाधीनता आन्दोलन का समय भारतीय समाज के परम्परागत ढांचों के टूटने का भी समय है। इस टूटन से सबसे ज्यादा परेशानी सुविधाभोगी वर्ग को ही होती है जो अपने

पुराने अधिकारों को अटल मानकर उसे पाने का बारम्बार प्रयत्न करता हैं। उपन्यास के एक दृश्य में जब भगजोगनी के परिवार को दामोदर सामाजिक लोक-भय से उपेक्षित छोड़ देता है तब भगजोगनी की सास इस बात को स्वीकार करती है कि, 'अपने आराम अपने स्वास्थ्य के लिए तुम्हारा हाथ उसे थमा दिया। मैं मेहनत से घबरा गई। सभी कुछ बर्बद होने पर भी मुझमें यह घमण्ड तथा कि जब तुम्हारे ससुर के जमाने में घर से बाहर नहीं निकली तो क्या अब घर-घर जाकर मजदूरी करूँ। मेरे लड़के, मेरे बाबु ने भी मुझे कोई काम करने न दिया।'[5] स्पष्तः भगजोगनी की सास जिस सुविधाभोगी और उच्च जाति-वर्ग का नेतृत्त्व कर रही थी, उसके लिए गाँव में बाहर निकलकर अन्य लोगों के घरों में जाकर काम करना एक परम्परागत सामाजिक ढांचे का टूटना ही है जिसकी कसक भगजोगनी के सास के मन में बनी होती है। यही नहीं एक अन्य प्रसंग में भी गोपालराम भगजोगनी के सास को इसी बात के लिए ताने मरता है कि इस आजादी में वे लोग जिस उत्साह से शामिल हुए हैं, उन्हें कुछ हासिल नहीं होने वाला है, अमीर-गरीब का फर्क भी नहीं मिटने वाला है - 'यह सब धोखा है मैया, आजादी मिलेगी तो भी लड्डू-पेड़ा नहीं मिलेगा गरीब को, वही सबकुछ गड़प लेंगे, जो अपने को धनी-मानी मानते हैं।'[6] उपन्यास में प्रतिरोध की एक ऐसी धारा भी है जो संशय में है कि आजादी से उन्हें क्या हासिल होगा| उपन्यास का पात्र गोपालराम इस प्रतिरोधी चेतना का मुख्य स्वर है। उसके अन्दर असंतोष की एक ज्वाला भड़कती रहती है। वह खुद भी कई बार सामाजिक भेदभावों का शिकार होता है। उसकी सामाजिक बगावत की भावनायें परिलक्षित होती हैं- 'ऊँची जातियों के लोगों ने सबकुछ ले लिया है, सबके हक़ हड़प लिए हैं और गरीबों के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है।'[7] गोपालराम समाजवादी पार्टी से भी क्षुब्ध होता है जब वह पाता है की वहाँ भी अधिक संख्या में धनी और संपन्न ऊँची जाति के लोग शामिल हैं जो उससे दुहरा व्यवहार करते हैं। गोपालराम का यह संकट स्वाधीनता आन्दोलन के समय के भारतीय ग्रामीण यथार्थ का संकट है। यह ऊँच-नीच की सामाजिक रूढ़ी उन सभी कांग्रेसी और उच्च राजनीतिक समझ वाले लोगों के यहाँ भी मौजूद था जो बाहर समानता का पाठ पढ़ा अपने घर में निम्न जाति के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते थे। इसका एक उदाहरण नीलेश के घर में भी दीखता है जब वह गोपालराम को अपने यहाँ खाने के लिए बुलाता है और उसके घर के सभी सदस्य उसके खाना खाने के तरीके को देखकर हँसते हैं।[8] नम्रता भी स्वाधीनता आन्दोलन और गांधीवाद से प्रभावित होती है और कई असहाय और निचली जाति के स्त्रियों को चरखा आदि बांटती है। भीमल-बो दाई जब नम्रता की माँ के बुलाने पर उसके घर जाती है और पानी पीने के बरतन को बदलने की बात करती है तब नम्रता की माँ भी उसपर जातिगत टिपण्णी ही करती है- 'उसे इस समय नम्रता पर बड़ा गुस्सा आ रहा था। इसी ने सबको सहकाया है नहीं तो जूठ पर पलनेवाली और अंजुरी से पानी पीने वाली बर्तन के बारे में इस तरह आनी-बानी बोलने की हिम्मत करती? अंधेर मचा रखा है इस छोकरी ने।'[9] 'इन्हीं हथियारों से' उपन्यास में नारी के सामाजिक स्थितियों का भी भरपूर चित्रण मिलता है जिसमें वेश्या ढोला से लेकर विधवा भगजोगनी तक शामिल है। क्रान्तिकारियों और सुधारवादियों के संपर्क में आकर ढोला भी स्वतन्त्रता आदोलन में भाग लेती है। दयाशंकर किशोरावस्था में देवदास पढ़कर और राष्ट्रीय स्वतन्त्रता और उत्थान के लिए अपना सबकुछ कुर्बान करने की कसम खाने के बाद ढोला को अपनी क्रान्तिकारी पार्टी का सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके पास जाता है।[10] ढोला इन सबके माध्यम से स्वाधीनता आन्दोलन की ओर आकर्षित होती है। गोवर्धनदास से उसे प्रेम हो जाता है परन्तु एक वेश्या और एक उच्च वर्ग का मिलन संभव नहीं हो पाता जिसके कारण वह गोवर्धनदास से दर चली जाती है। ढोला का संघर्ष उसे स्वाभिमानी बनता है और स्वाधीनता आन्दोलन में भागीदारी से उसके व्यक्तित्त्व में भी परिवर्तन होता है जिससे वह अपने आसपास की महिलाओं को भी स्वाधीनता आन्दोलन से जोड़ती है और। रचनात्मक कार्यक्रम में भी भागीदारी निभाती है। स्पष्तः उसके चरित्र और सामाजिक जीवन का चतुर्मुखी विकास होता है भगजोगनी इन स्त्री पात्रों में सबसे ज्यादा प्रभावशाली है जो विधवा होने और दामोदरदास से धोखा खाने के बाद खुद के पैरों पर खड़ी होती है और आत्मनिर्भर होकर स्वाधीनता संग्राम में भाग लेती है। हलाँकि ऊँची जाति के होने के कारण उसके लिए ये सब आसान नहीं होता है परन्तु वह हार नहीं मानती है। सदाशयव्रत भी भोलाराम को रूपये देकर कनेरी पर अपना जबरदस्ती प्रेम थोपने की कोशिश करता है। नम्रता एक उच्चकुलीन पात्र है जो अपनी आजादी, स्वाभिमान, आदर्श और पारिवारिक एवं सामाजिक परम्पराओं और रुढियों के बीच झूलती रहती है। नीलेश से वह प्रेम करती है परन्तु उपन्यास के अंत में उसे यह कहकर ठुकरा देती है कि 'स्त्री तो धरती के सामान है, हमेशा देने के लिए तैयार है, इसलिए निजी सुख और महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए पुरुष उसपर सम्पूर्ण अधिकार चाहता है। उसे अपना अहंकार प्यारा है इसलिए वह दूसरों का ख्याल नहीं करता।'[11] नारी के स्वतन्त्र अस्तित्त्व को अमरकोन्त कई जगह अपने उपन्यास में जगह देते हैं। उपरोक्त प्रसंग के अलावा जब गोपालराम, भगजोगनी के पास जाता है तब वह भी स्वाभिमान से पूर्ण होती है जो अपने अस्तित्त्व को पहचानती है कि उसे किसी सहारे की जरूरत नहीं। लेकिन इतने बन्धनों और रूढ़ियों के बाद भी स्वाधीनता आन्दोलन में उनकी भागीदारी कम नहीं हुई। अमरकान्त ने अधिकांश स्त्री-पात्रों पर गांधीवाद का स्पष्ट प्रभाव भी लक्षित किया है।

निष्कर्षतः -

उपन्यास में जिस सामाजिक सच्चाईयों से हम रूबरू होते हैं वह मर्मान्तक है। गरीबों और पिछड़ों के इस दोहरे संघर्ष का क्षेत्र विस्तृत है। इस मोड़ पर आकर हम यदि गोपालराम के तर्कों पर दृष्टिपात करें तो इस आजादी का अर्थ समझ में आएगा कि यह आजादी चंद मुट्ठीभर लोगों के लिए ही है, गरीबों और पिछड़ों के लिए कुछ नहीं। भारतीय समाज में इसका स्पष्ट प्रतिबिम्ब भी दिखता है की किस तरह आज भी समाज में अंतिम जन हाशिये पर ही हैं। तमाम विमर्शों के बाद भी स्वाधीनता आन्दोलन के समय वाला सद्भाव और समाज सुधार का जूनून, त्याग, आदर्श लुप्त हो गया। इस उपन्यास के माध्यम से पुरे देश की स्थिति का अनुमान लगा सकते हैं। निश्चित ही गांधीवाद से प्रभावित होकर समाज में बहुत कुछ बदल रहा था परन्तु सामन्ती, उच्चवर्गीय और पितृसत्तात्मक मानसिकता का विघटन पूर्णतः नहीं हो पाया। 'इन्हीं हथियारों से' उपन्यास उन सभी विकृत मानसिकता के खिलाफ एक सशक्त आवाज है जिसमें मुख्य स्वर इस समाज के 'अंतिम जनों' का है।

*****

सन्दर्भ- ग्रन्थ :–

1. सिंह, कुँवर पाल, अजय बिसारिया. (संपा.) (2004) हिन्दी उपन्यास जनवादी परम्परा. दिल्ली: नवचेतन प्रकाशन. पृ.166
2. वही, पृ.166
3. अमरकान्त. (2014) इन्हीं हथियारों से. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन. पृ.83
4. वही, पृ.84
5. वही, पृ.299
6. वही, पृ.369
7. वही, पृ.375
8. वही, पृ.86
9. वही, पृ.213
10. वही, पृ.37
11. वही, पृ.534

गुरू जम्भवाणी में निहित चेतना

किरण मयी
शोधार्थी, पी.एच.डी. (हिन्दी विभाग)
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

सारांश -

मनुष्य को व्यक्तिगत स्वार्थ को त्यागकर समाज के स्वार्थों को मान्यता देनी चाहिए। मनुष्य और प्रकृति के मध्य सह-अस्तित्व की भावना को विकसित करने की आवश्यकता है। हमारी संस्कृति के मूल्यों को महत्व देते हुए कथनी तथा करनी में समता होनी चाहिए। आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण एक सिक्के के दो पहलू हैं, इन्हें साथ लेकर चलना चाहिए। तभी पर्यावरणीय संकटों से सृष्टि को बचाया जा सकता है। संसार में उपस्थित कोई भी वस्तु चाहे वह निर्जीव हो या सजीव, उसका प्रकृति से अलग अस्तित्व ही नही है। पूरे विश्व का पर्यावरण एक ईकाई के रूप में कार्य करता है। किसी भी देश में अत्यधिक फैलाया गया प्रदूषण, अन्य देशों को भी प्रभावित करता है। यदि समय रहते इस पर्यावरण प्रदूषण या असन्तुलन को नियंत्रित नहीं किया गया तो यह प्राकृतिक संकटों का रूप धारण कर लेता है। आज पूरे विश्व के समक्ष पर्यावरण को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती है। यह चुनौती भी विश्वस्तरीय है तो इसका समाधान भी विश्व स्तर पर होना चाहिए। पर्यावरण के प्रदूषण को नियंत्रित करके तथा अपने सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों की तरफ लौटकर ही इस समस्या का समाधान संभव है।

भूमिका:-

भारत देश ऋषि-मुनियों, योगियों, संतों की जन्मस्थली तथा कर्म भूमि है। यहाँ एक तरफ मर्यादा पुरूषोत्तम राम के आदर्श है तथा दूसरी तरफ श्री कृष्ण द्वारा दिया गया गीता का ज्ञान है, जो भारतवासियों के लिए अमूल्य धरोहर है साथ ही ये मूल्य समाज को मानवता के मार्ग पर ले जाते है। हर काल विशेष में मनुष्य के मार्ग में संकट व परेशानियाँ रही है तथा किसी ना किसी महापुरूष ने अपने मार्गदर्शन में मानव जाति तथा संसार को उन संकटों से बाहर निकलने में सहायता व मार्गदर्शन किया है। इसी कड़ी में मध्यकाल में लगभग पन्द्रहवी सदी के आसपास गुरू जम्भेश्वर जी ने भी अपने ज्ञान द्वारा भटके हुए जनमानस को मार्ग दिखाया। गुरू जाम्भोजी ने पर्यावरण को बहुत अधिक महत्व दिया। उसके साहित्य में पर्यावरण के हर पक्ष पर चर्चा की गई है। मध्यकाल में सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक सभी परिस्थितियाँ गंभीर थी। उस समय के संतों व कवियों ने इन सभी समस्याओं का वर्णन किया तथा ईश्वर भक्ति करने का संदेश दिया। लेकिन गुरू महाराज ने इन सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण को सर्वोपरि रखा। मध्यकाल में पर्यावरण प्रदूषण लगभग ना के बराबर था लेकिन कुछ मनुष्य क्रियाओं से पर्यावरण सन्तुलन बिगड़ रहा था। उन्होंने उन्हीं बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उनकी पर्यावरण चेतना के कारण ही उन्हें पहले पर्यावरणविद के रूप में जाना जाता है। जिन पर्यावरण समस्याओं का वर्णन गुरू जाम्भोजी ने मध्यकाल में किया, वहीं समस्याएं आज हमें अपने आस-पास दृष्टिगत होती है। उनका समाधान भी उनके उपदेशों और शिक्षाओं में दिखाई देता है।

विषय वस्तु :-गुरू जांभोजी ने पर्यावरण को विस्तृत अर्थों में लिया है। इसमे पर्यावरण चेतना, सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक चेतना, नैतिक चेतना व प्राकृतिक चेतना दृष्टिगत होती है। उन्होंने समाज के सभी पक्षों को आपस में सह-सम्बन्धित बताया है। एक में परिवर्तन से दूसरा भी प्रभावित होता है। यहाँ हम गुरू जम्भवाणी में निहित चेतना की के हर पक्ष पर विचार करेंगे । गुरू जाम्भोजी की सामाजिक चेतना की प्रासंगिकता आज भी दिखाई देती है। गुरू महाराज का अवतरण ऐसे समय में हुआ था, जब समाज में अनेक विसंगतियां और अराजकता का माहौल था। समाज में भष्ट्राचार, असमानता का व्यवहार तथा अनेक बुराईयाँ व्याप्त थी। उन्होंने अपने उपदेशों में इन सबका विरोध करने के साथ-साथ लोगों को सद्मार्ग पर लाने का प्रयास भी किया। समाज में हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्य को भी दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सभी समान है, जाति के आधार पेर भेदभाव करना पाप के समान है -

'पीरं पूरूषां जीम मुसल्ला, कर्तब लेक सलामों।
हम दिल लिल्ला तुम दिल लिल्ला, रहम करे रहमाणों।
इतने मिसले चालो मीयां, तो पावो भिस्त इमाणों।'1

यहाँ हिन्दु व मुसलमान दोनों को आपसी भेदभाव छोड़कर कथनी व करनी में एकरूपता लाने का संदेश दिया है। जब सभी सम्प्रदाय के लोगों में आपसी भाईचारा व एकता की भावना होगी तभी समाज विकास कर सकता है तथा समाज का वातावरण स्वस्थ हो सकता है। सामाजिक बुराईयाँ जो समाज को उन्नति से अवनति की ओर ले जाती है, उन्हें भी त्यागने पर बल दिया है। उन्होंने मनुष्य जीवन को सबसे अमूल्य मानते हुए उसे मानवता की भलाई में लगाने का संदेश दिया है।

"कांय रे मुरखा तै जन्म गुमायों, भुंय भारी ले भारू"2

हे मनुष्य। तुमने अपना अमूल्य जीवन व्यर्थ में व्यतीत कर दिया है। इस संसार में रहकर तुमने चोरी, निंदा , झूठ आदि पापों की पोटली बाँधी है। जब तुम इस संसार में आए तो, निष्पाप थे। किन्तु इस संसार में आकर तुमने पापों के बोझ से अपने जीवन को भारी कर लिया। इस प्रकार गुरू जाम्भोजी ने मनुष्य को सदकर्म करने की प्रेरणा दी है।

गुरू जाम्भोजी जात-पात के कट्टर विरोधी रहे है, उन्होंने सभी मनुष्यों में एक जैसी शारीरिक संरचना बताई है तथा कहा है -

"तइसा सांसू तइया मांसू तइया देह दमोई
उतिम मधिम क्यों जांणी जै विवरसि देखो लोई।"3

यहाँ उन्होंने मनुष्य को कर्म के आधार पर सम्मान देने की बात कही है। सभी मनुष्य वही हाड़, माँस से बने है। इसलिए जाति-पाति का भेदभाव कैसा। इस प्रकार गुरू जंभोजी ने सामाजिक पर्यावरण को संतुलित करने का काफी प्रयास किया। हर सामाजिक बुराई पर व्यंग्य करके उसका विरोध किया है। धार्मिक चेतना के अन्तर्गत उन्होंने मूर्तिपूजा, तीर्थाटन, आडम्बर तथा सभी धर्मों के सारहीन कर्मकाण्डों का भी विरोध किया है। धर्म का अर्थ है जो धारण करने योग्य है। लेकिन धर्म अपने मार्ग से भटककर व्यर्थ के पाखण्डों में उलझ गया था, आज भी धर्म की वैसी ही स्थिति है। आज भी धार्मिक पाखण्ड व धर्म के नाम पर लोगों का शोषण होता है। अनेक धार्मिक गुरू जो जनमानस को भ्रमित करते थे और बुराईयों में लिप्त थे, उनकी सच्चाई सामने आ रही है। जिससे वर्तमान में धर्म मात्र एक तरीका दिखाई देता है जनता के शोषण करने का। गुरू जंभेश्वर भगवान मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए कहते है -

"धेंवणां धंजै पांहण पूजै, बे फरमांण खुदाई।
गुरू चेलै के पाए लागै, देखो लोको अन्याई।"4

यहाँ गुरू जाम्भोजी मूर्ति पूजा को पाखण्ड बताते हुए पत्थर की मूर्ति से मूर्तिकार को श्रेष्ठ बताते है। इसके अतिरिक्त उन्होंने धार्मिक तीर्थस्थलों की यात्रा भी व्यर्थ बताई है। क्योंकि अड़सठ तीर्थ तो हृदय में ही विद्यमान है।

"अडसठि तीरथ हिरदै भीतर, बाहरि लोकाचारू"5

उन्होंने मध्यकालीन युग की धार्मिक परिस्थितियों के द्वारा बताया की धर्म उस समय केवल ठगने की कला मात्र ही रह गई थी। आज भी उनकी धार्मिक शिक्षाएँ उचित प्रतीत होती है तथा प्रासंगिक है।

"हर पर हरि की आण न मानी, भूला भूल जपी महमाई।
पाहन प्रीत फिटाकर प्राणी, गुरू बिना मुक्त न जाई।"6

यहाँ गुरू महाराज ने धार्मिक बाह्य आडम्बरों की निंदा की है। वर्तमान में भी इन से है -सब में आमजन का समय तथा धन की बर्बादी होती है। उन्होंने गुरू को मुक्ति का मार्ग बताया है अर्थात् गुरू ही हमें सत्य के मार्ग पर अग्रसर करता है। एक अन्य सबद में उन्होंने अंधविश्वास, झूठे

कर्मकाण्ड़ तथा शुभ मुहूर्त आदि के नाम पर पाखण्ड़ का वर्णन किया है

'नित ही अमावस नित संकराति, नित ही नवग्रह वैसे पांति,
नित ही गंग हिलोले जाय, सतगुरू चिन्है सहजै न्हाय।।[7]

इस प्रकार गुरू जाम्भोजी की धार्मिक चेतना वर्तमान में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी मध्यकाल में रही है। गुरू जम्भेश्वर की सांस्कृतिक चेतना के अन्तर्गत भारतीय संस्कृति के प्रधान गुण जैसे अंहसा, परोपकार, विश्व बन्धुत्व भावना, आध्यात्मिकता आदि शामिल है। उन्होंने जब भारतीय संस्कृति को विदेशी आक्रान्ताओं की तलवार से धाराशायी होते देखा तो अपनी वाणी व धर्म नियमों द्वारा सांस्कृतिक संरक्षण प्रदान किया। आज भी वैश्वीकरण, बाजारवाद के दौर में भारतीय संस्कृति अपना अस्तित्व खोती जा रही है। समाज पाश्चात्यकरण के पीछे दौड़ रहा है। भारतीय संस्कृति का मूल उद्देश्य जीओ और जीने दो का भाव है। लेकिन आज उन्नति व विकास की दौड़ में यह भाव पीछे छूट गया है। आज गुरू जाम्भोजीवाणी के उपदेश भारतीयों में सांस्कृतिक चेतना को जागृत करते हैं तथा पूर्णतः प्रासंगिक सिद्ध होते है।उनकी सांस्कृतिक चेतना से संबंधित उपदेश निम्न प्रकार

'भाई नांऊ बलद पियारो। ताकै गलै करद क्यूं सारो।
जीवां ऊपर जो करीजै। अंतकाल होयसी भारूं।'[8]

यहाँ उन्होंने जीवों के ऊपर होने वाली हिंसा का विरोध करते हुए कहा है कि भारतीय संस्कृति अंहसा मार्गी है। अतः हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए।परोपकार भाव भी भारतीय सांस्कृतिक विशेषता है। निस्वार्थ भाव से किया गया उपकार ही परोपकार की श्रेणी में आता है। गुरू महाराज ने अपनी वाणी में परोपकार का संदेश दिया है। उन्होंने परोपकार की तुलना बादलों से बरसते जल से की है। जिस प्रकार वर्षा के होने पर जल सभी जगह समान रूप से गिरता है, उसी प्रकार परोपकार की भावना होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति की एक और विशेषता गुरू की महत्ता है। गुरू को भगवान समान दर्जा दिया गया है। गुरू जी ने कहा है -

'जहाँ गुरू न चिन्हो, पंथ न पायों, तहां गल पड़ी परासु ''[9]

अर्थात् जिस व्यक्ति ने गुरू को नही पहचाना और उनके बताए मार्ग का अनुसरण नहीं किया। वह व्यक्ति निश्चित तौर पर मोह माया रूपी बंधन में फँस जाता है। यह बंधन उसे अंधकार के मार्ग की ओर ले जाता है। इसके अतिरिक्त संतोषी प्रवृत्ति भी सच्चे गुरू की विशेषता है।

'गुरू आप संतोषी अवरां पोखी तँत महारस वाणी।''[10]

गुरू जाम्भोजी ने सच्चे गुरू की पहचान उसकी संतोष की भावना मानी है। वह दूसरों की भलाई व पालन-पोषण के लिए ही कार्य करता है। इसके अतिरिक्त विश्व बन्धुत्व की भावना भी भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। मनुष्य मात्र के प्रति आदर व प्रेम, सत्कार की भावना हमारी पहचान रही है। गुरू महाराज की सांस्कृतिक पर्यावरण चेतना में भी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का भाव रहा है। वर्तमान में भी भाईचारे व विश्व बंधुत्व की भावना कम हो चुकी है। किसी व्यक्ति को अन्य के सुख-दुःख से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने स्वयं द्वारा स्थापित बिश्नोई पंथ में सभी धर्मों, वर्णों, जातियों के लोगों को बिना किसी भेदभाव के सम्मिलित किया तथा संसार में भाईचारे की भावना का प्रचार प्रसार किया। गुरू महाराज की सांस्कृतिक चेतना बड़ी प्रबल रही। उन्होंने मध्यकालीन संक्रमण काल में भारतीय संस्कृति की एक पहरेदार की भांति रक्षा की तथा संस्कृति की मूल्यों को सजीव रखा। वर्तमान परिदृश्य में भी सांस्कृतिकता का पतन हो रहा है। ऐसे समय में जांभोजी साहित्य एक नई दिशा देता है। उनकी सांस्कृतिक पर्यावरण चेतना पूर्ण रूप से प्रासंगिक सिद्ध होती है।नैतिक चेतना के अन्तर्गत विचारों मे नैतिकता एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास सम्मिलित है। उत्तम आचार-विचार एवं व्यवहार की शिक्षा से समाज में समता के मूल्य की स्थापना होती है। नैतिक मूल्य के अन्तर्गत - सत्य, अहिंसा, निंदा न करना, चोरी न करना, झूठ न बोलना, ईमानदारी, समानता का व्यवहार आदि आते है। वर्तमान समय में इन नैतिक मूल्यों का ह्रास हो चुका है। व्यक्ति केवल अपने हित की ही सोचता है, परहित का भाव ही समाज से गायब हो चुका है। आदर्श समाज एवं देश के विकास में जिन मूल्यों की सर्वाधिक आवश्यकता है, वही मनुष्य के जीवन से विलुप्त हो चुके है। नैतिकता के ह्रास से ही लोगों में संवेदनशीलता की कमी होती जा रही है। दूसरों की दुःख तकलीफ से व्यक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।गुरू जांभोजी ने अपने विचारों तथा सिद्धान्तों के माध्यम से व्यक्ति के जीवन को सार्थक व सफल बनाने का संदेश दिया है। मनुष्य के विचारों में नैतिकता के मूल्यों का विकास करके उनका मानसिक पर्यावरण सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने अज्ञानता के अंधकार में भटकते हुए मानव को ज्ञान के प्रकाश से रास्ता दिखाया है। उन्होंने रूढ़ियों तथा अंधविश्वासों को त्याग कर मानवीय एवं नैतिक गुणों के विकास पर बल दिया है। आज मनुष्य जीव-जन्तुओं व प्रकृति के प्रति निर्दयी हो गया है, गुरू जांभोजी ने प्रकृति के प्रति उदारता का भाव रखने का संदेश दिया। उन्होंने विचारों की शुद्धि पर बल दिया तथा हवन से वातावरण शुद्धि के साथ-साथ मानसिक निर्मलता एवं पवित्रता पर ध्यान देने की आवश्यकता को महसूस किया तथा नैतिक पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। आज औद्योगीकरण तथा आधुनिक विकास की होड़ में संयुक्त परिवार तथा अपनत्व का भाव कम होता जा रहा है। गुरू जाम्भोजी ने नैतिक मूल्यों के संदेश से परिवार व समाज को आपसी भाईचारा तथा प्रेम के बीज बोए है। उन्होंने परिवारों में आपसी क्लेश, बिखरते-टूटते रिश्ते, द्वेष की समस्याओं का समाधान शील तथा संतोष द्वारा संभव बताया है। गुरू महाराज ने सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों के माध्यम से मानवतावादी, स्वच्छता, कर्मशील रहने की बात पर बल दिया है। गुरू जांभोजी ने कहा है -

"जीवत मरो रे जीवत मरो, जिण जीवन की विधि जाणीं।''[11]

यहाँ उन्होंने मनुष्य को जीवन जीने की विधि बताई है। अंहकार को मारकर जीवन जीने में सुख प्राप्त होता है। जीवत मरने से तात्पर्य बुरे विचार एवं भावों को मारने से है। इस प्रकार व्यक्ति सुन्दर जीवन व्यतीत कर सकता है। गुरू जम्भेश्वर जी संतोषी प्रवृत्ति रखकर अभिमान को त्यागने का संदेश देते हुए कहते है -

"सदा संतोषी सँत उपकरणां, म्हे तजिया मान अभिमानूं।"[12]

यदि मनुष्य के भले अर्थात् अच्छे कार्य करता है तो उसके विचार भी अच्छे होते है। बुरे विचार वाला हमेशा बुराईयाँ ही कमाता है।

"भलियाँ होय सो भली बुध आवै, बुरियो बूरी कमाणै''[13]

वर्तमान समय में चारों दिशाओं में असंतोष, निराशा, वैश्विक महामारियाँ तथा हताशा का वातावरण है। गुरू जांभोजी की नैतिक पर्यावरण चेतना एक आशा की किरण की भाँति सबके जीवन में ज्ञान की ज्योति जलाती है। नैतिक मूल्य ही विचारों में पवित्रता तथा जीवन में सकारात्मकता ऊर्जा का संचार करते है। अतः गुरू जाम्भोजी की नैतिक पर्यावरण चेतना वर्तमान परिदृश्य में पूर्णतः प्रासंगिक सिद्ध होती है।आधुनिक समय में पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों जैसे - वन, वन्य संपदा, जंगल, पहाड़

"दिल करदा लिख जावां/मेरा वी इह दिल करदा ऐ,
मैं रूख दी जूणी आवाँ।/जे तुसी मेरा गीत है सुणना,
मैं रूखां दे विच गाँवा।/रूख तां मेरी माँ बरगे नै,/ जिऊँण रूख दीयां छावाँ''[14]

आज हमें पर्यावरण, प्रकृति को समझने तथा समन्वय स्थापित करके चलने की आवश्यकता है, यही संदेश गुरू जांभोजी ने दिया था। उन्होंने मध्यकाल में ही भविष्य में पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को महसूस किया तथा वातावरण को स्वच्छ रखना हर मनुष्य का कर्त्तव्य बताया। वर्तमान में गुरू जाम्भोजी की पर्यावरण चेतना प्रासंगिक है। उनके पर्यावरण को सुरक्षित रखने के नियम को अपनाने से पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सकता है। यदि प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग उचित तरीके से तथा प्रकृति के सन्तुलन को बिगाड़े बिना किया जाएगा तो पर्यावरण हमेशा मानव जाति के लिए कल्याणकारी ही साबित होगा।

निष्कर्षः-अतः यह कहा जा सकता है कि गुरू जाम्भोजी द्वारा बताई गई बातें इस वैश्विक संकट में मनुष्य को नव ऊर्जा के साथ-साथ नव प्रेरणा भी

देती है। उन्होंने प्रकृति प्रेम, जीवों पर दया तथा सुमार्ग द्वारा कमाया हुआ धन, जिसको उम कार्य तथा दान में लगाना आदि को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी है। उन्होंने ''बरजत मारे जीव तहाँ मर जाईए''15 जैसी आंतरिक भावना तथा दूरदर्शिता का संदेश हर मानव को दिया है। उन्होने अपनी वाणी में लिखा है **-"जुग-जुग जीवो प्राणी''**[16]इसका अभिप्राय है कि हमें हर परिस्थिति में जूझकर भी मानव कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पर्यावरण चेतना से हम पर्यावरण के हर पहलू पर विचार-विमर्श करते है। गुरू जाम्भोजी ने भी बिश्नोई पंथ की स्थापना करके उसके अनुयायियों को पर्यावरण चेतना व पर्यावरण संरक्षण का कार्य करने का संदेश दिया। आज पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सवौच्च स्थान बिश्नोई समाज का है। गुरू महाराज ने अपनी दिनचर्या तथा उपदेशों के द्वारा मनुष्य को सांसारिक पदार्थों के अनावश्यक संग्रहण की प्रवृत्ति छोड़ने की शिक्षा दी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण जांभोजी वाणी में निहित चेतना प्रासंगिक दिखाई देती है। पर्यावरण प्रदूषण की वर्तमान चुनौतियाँ हमारे सामने विकराल रूप में राक्षस की भाँति मुँह खोले खड़ी है। इनका समाधान जांभाणी दर्शन में निहित पर्यावरणीय चेतना से ही संभव प्रतीत हो रहा है। यदि हम सब मिलकर ईमानदारी से अपने काव्य का निर्वाह करते हैं तो अवश्य पर्यावरण को संरक्षित कर पाएंगे।

****

संदर्भ ग्रंथ सूची

1.श्री कृष्णानन्द आचार्य, जम्भसार, सबद-10, पृ0 40, जाम्भाणी साहित्य अकादमी, जयनारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर (राजस्थान) तेहरवाँ संस्करण, 2019
2.डॉ0 हीरालाल माहेश्वरी, श्री जाम्भोणी और जम्भवाणी मीमांसा, सबद-11, पृ0 548, श्री गुरू जम्भेश्वर साहित्य सभा, श्री बिश्नोई मन्दिर, अबोहर, फिरोजपुर (पंजाब)
3.वही, सबद 39, पृ0 601
4.डॉ0 कृष्णलाल बिश्नोई, गुरू जाम्भोजी का जीवन दर्शन, पृ0 18
5.वही, पृ0 18
6.डॉ0 मनबीर, अमर ज्योति मासिक पत्रिका, जनवरी 2021, पृ0 21
7.वही, पृ0 20
8.श्री कृष्णानन्द आचार्य, जम्भसार, सबद 9, पृ0 38
9.डॉ0 मनबीर, अमर ज्योति मासिक पत्रिका, जनवरी 2021, पृ0 21
10.वही, पृ0 31
11.श्री कृष्णानन्द आचार्य, जम्भसार, सबद 98, पृ0 208
12.वही, सबद 99, पृ0 210
13.वही, सबद 120, पृ0 242
14.डॉ0 मनवीर, अमर ज्योति मासिक पत्रिका, जून 2021, पृ0 12
15.वही, पृ0 19
16.वही, पृ0 19

हिन्दी साहित्य में वृद्ध विमर्श

जितेन्द्र कुमार
(शोधार्थी हिन्दी)
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर
उ०प्र०,मो.-9452508522

साहित्य समाज का दर्पण है और इस दर्पण के माध्यम से ही हम इसकी विविध रूपों का अवलोकन करते हैं। साहित्य जीवन के उन तमाम पक्षों को अपने अंतस्थल में छिपाया रहता है जिन्हें हम अपने मानवीय जीवन में जीते हैं। इन्ही जीवन के अध्याय के रूप में हम विभिन्न विमर्शों से आवृत्त रहते हैं। आजकल साहित्य में विविध विमर्शों ने अपनी एक विशिष्ट पहचान बना रखी है। इन विमर्शों के अंतर्गत दलित विमर्श, स्त्री विमर्श, वृद्ध विमर्श, किन्नर विमर्श, अल्पसंख्यक विमर्श, कृषक विमर्श,बाल विमर्श, आदिवासी विमर्श आदि सम्मिलित हैं।

आधुनिक परिवेश में वृद्ध विमर्श एक ऐसी अवधारणा है जो साहित्यकारों को बरबस ही अपनी ओर आकृष्ट कर रही है। इस विमर्श को जानने से पहले हमें 'विमर्श' शब्द को समझना होगा। 'विमर्श' शब्द के अर्थ को बतलाते हुए डॉ० हरदेव बाहरी ने 'हिन्दी पर्याय कोष' में इसके विभिन्न अर्थ बतलाएं हैं,जैसे- तबादला-ए-ख्याल, परामर्श,मशविरा, राय, बात, विचार विनिमय, विचार विमर्श, सोच विचार आदि। इस प्रकार 'विमर्श' शब्द का अर्थ है- 'किसी एक निश्चित फ्रेमवर्क में किसी विषय के बारे में सूचना सोचना।'

अतः वृद्धावस्था की परिस्थितियों एवं घटनाओं से युक्त साहित्य वृद्ध विमर्श साहित्य के अंतर्गत आता है। आधुनिक परिवेश में जहां एकाकी परिवारों में बढ़ोत्तरी हुई है वही वृद्धों के हालातों में दिनोंदिन उपेक्षा ही देखने को मिलती रही है। पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे जिनमें वृद्धों का आदर, सम्मान एवं महत्व था लेकिन आज के औद्योगिकरण युग में संयुक्त परिवारों का विघटन हुआ है और एकाकी परिवारों की बढ़ोतरी हुई है और इसी बढ़ोतरी के साथ हमारे वृद्ध समाज के लोगों को युवा पीढ़ी निरंतर उपेक्षित जीवन जीने के लिए बाध्य कर रही है। लोगों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए ही साहित्यकारों ने अपनी कृतियों में ऐसे विमर्शों को प्रमुखता से जगह दी है, जिससे आज की युवा पीढ़ी सबक ले सके और यह समझ सके कि जैसा बर्ताव हम इन वृद्धों के प्रति कर रहे हैं,वैसा ही बर्ताव हमारी संतति भी हमारे प्रति करेगी। वृद्ध विमर्श पर आधारित प्रमुख कृतियां निम्नवत हैं-

'पंच परमेश्वर' (मुंशी प्रेमचंद) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श

'पंच परमेश्वर' (1916) मुंशी प्रेमचंद की एक प्रसिद्ध कहानी है,जिसमें जुम्मन शेख और अलगू चौधरी नामक दो प्रमुख पात्र हैं। दोनों में प्रगाढ़ मित्रता है। जुम्मन शेख की एक बूढ़ी खाला (मौसी) हैं जिन्हें जुम्मन ने फुसलाकर उनकी सारी जायदाद अपने नाम लिखवा ली। जायदाद की रजिस्ट्री से पूर्व तो खाला का खूब आदर होता है लेकिन रजिस्ट्री होते ही सब कुछ बदल गया। अब खाला को सूखी रोटी और कड़वे बोल ही सुनने को मिलते थे। खाला जुम्मन के बदले व्यवहार से दु:खी रहने लगती हैं और जब जुम्मन का व्यवहार नहीं बदलता है तो लाचार होकर कहती हैं- "बेटा! मुझे हर महीने कुछ रुपए दे दिया कर। मैं अलग खा-पका लूंगी।"(1)

जुम्मन उनको पैसे देने से साफ मना कर देता है और यह मामला गांव की पंचायत में पहुंचता है, जिसका पंच जुम्मन का खास मित्र अलगू चौधरी है लेकिन अब अलगू चौधरी एक सच्चे पंच का दायित्व निभाते हुए फैसला देता है- "खाला को खर्च देने लायक लाभ तो जायदाद से ही हो जाता है। अगर जुम्मन खर्च नहीं देंगे तो दान-पत्र की रजिस्ट्री रद्द कर दी जाएगी।"(2)

अंततः जीत खाला की ही होती है। इस कहानी में लेखक ने भविष्य में ऐसी घटना किसी के साथ ना घटे, इसके प्रति आगामी पीढ़ी को सचेत किया है।

'बूढ़ी काकी' (मुंशी प्रेमचंद) कहानी में चित्रित वृध्द विमर्श-

'बूढ़ी काकी' (1920) मुंशी प्रेमचंद जी की एक प्रसिद्ध कहानी है,जिसमें वृद्ध विमर्श अपने चरमोत्कर्ष पर है। जैसा कि इस कहानी के नाम से ही स्पष्ट है,इस कहानी की प्रमुख केंद्रीय पात्र बूढ़ी काकी हैं जिनके पतिदेव को स्वर्ग सिधारे कालांतर हो चुका था, बेटे तरुण हो होकर चल बसे थे। अब एक भतीजे बुद्धिराम के अलावा उनका कोई और न था। उन्हीं के नाम काकी ने अपनी सारी संपत्ति लिख दी थी। बुद्धिराम ने संपत्ति लिखाते समय खूब लंबे-चौड़े वादे किए किंतु वे सब वादे केवल कुली डिपो के दिखाए हुए सब्जबाग ही थे। पंडित बुद्धिराम के साथ-साथ उनकी पत्नी रूपा भी उनकी अवहेलना किया करती। पंडित बुद्धिराम के बड़े लड़के मुखराम के तिलक के दिन काकी को जोरों की भूख लगी है। क्षुधापूर्ति हेतु वह अपने कमरे में से बार-बार आंगन में आती हैं और प्रत्येक बार बुद्धिराम द्वारा भगा दी जाती हैं। बेचारी भूखी-प्यासी ललचायी मुख से युक्त होकर अपने कमरे में पड़ी हुई हैं। रात के ग्यारह बजे हैं। बुद्धिराम की बेटी लाडली जो काकी की एकमात्र हितैषी है,से काकी का यह मार्मिक कथन देखें- "बेटी! मेरा हाथ पकड़ कर वहां ले चलो, जहां मेहमानों ने बैठकर भोजन किया है।"(3) छोटी लाडली काकी के इस कथन का अभिप्राय ना समझ सकी और काकी लाडली का हाथ पकड़कर वहां जा पहुंची, जहां मेहमानों के जूठे पत्तल पड़े थे। दीन, क्षुधातुर, हतज्ञान बूढ़ी काकी जूठे पत्तलों से पूड़ियों के टुकड़े चुन-चुन कर खाने लगती हैं। इस प्रकार प्रेमचंद ने वृद्धों पर होने वाले अत्याचारों का एक सजीव चित्र खींचा है।

'बेटों वाली विधवा' (मुंशी प्रेमचंद) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श-

मुंशी प्रेमचंद ने इस कहानी में एक स्त्री फूलमती के पति की मृत्यु के बाद की दयनीय स्थिति का वर्णन किया है। चार-चार पुत्रवधुओं के रहने के बाद भी उसे घर का सारा काम करना पड़ता है। अब मानो वह इन कार्यों को करने की अभ्यस्त हो चुकी है। उसका कथन है- "मैं बीमार न पड़ूँगी। मुझे भगवान ने अमर कर दिया है।"(4)उसके पुत्रों ने षड्यंत्र करके उसके सारे गहने और पैसों को भी हड़प लिया है और अंततः पुत्रों की सेवा में संलग्न रहती हुई नदी से पानी लाते समय गहरे पानी में डूबकर मृत्यु को प्राप्त हो जाती है। इस कहानी के माध्यम से मुंशी प्रेमचंद ने युवा पीढ़ी को उनका कर्तव्य बोध कराया है।

'चीफ की दावत' (भीष्म साहनी) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श-

भीष्म साहनी के प्रमुख कहानी संग्रह हैं- भाग्य रेखा (1953),पहला पाठ (1957), भटकती राख (1966),पटरियां(1973), वांग्चू (1978), शोभायात्रा (1981), निशाचर (1983), पाली(1989),डायन(1998)। इन संग्रहों में अनेक कहानियां वृद्ध विमर्श का प्रतिनिधित्व करती हैं। इनकी वृद्ध विमर्श पर आधारित कहानियों में यह कहानी वृद्ध विमर्श का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जिसमें एक पदलोलुप पुत्र अपने प्रमोशन के लिए अपनी वृद्ध मां को घर में बंद कर देता है ताकि घर में मेहमान बन कर आया हुआ उसका बॉस 'डिस्टर्ब' ना हो और अंत में उसकी मां ही उसके प्रमोशन का कारण बनती है क्योंकि उसकी मां के हाथ की बनी फुलकारी बॉस को काफी पसंद आई थी। तो हमने इस कहानी में देखा कि कैसे एक पुत्र जो अपनी मां को बोझ समझता है और अंत में वही मां उसके सफलता में सहायक सिद्ध होती है। आज की युवा पीढ़ी भी लगभग उसी मनोवृति की होती जा रही है। लेखक ने इस कहानी के माध्यम से वृद्ध समाज का एक सजीव और सटीक चित्र खींचा है।

'यादें' (भीष्म साहनी) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श-

यह कहानी दो वृद्धाओं लखमी और गोमा की कहानी है। दोनों कई दिनों बाद मिली हैं। ये दोनों अब काफी बूढ़ी हो चली हैं। एक दूसरे से मिलकर वे अपने सुख-दुःख के उन पुराने दिनों को याद करती हैं और एक दूसरे के गले से चिपट पड़ती हैं। दोनों अपने वर्तमान जीवन के बारे में भी बात करती हैं। उनकी बातों से ऐसा लगता है कि मानो अब वे जीवन से उदास हो चली हैं और किसी प्रकार जीवन को बस ढो सी रही हैं। रात में उनका कष्ट और बढ़ जाता है। 'इस संबंध में लखमा का का एक वक्तव्य द्रष्टव्य है- "रात पड़ गई है बच्चा। मैं रात से बहुत डरती हूं। रात बूढ़ों की दुश्मन होती है। मुझे बालकराम सेठी के घर तक छोड़ आ।"(5)

कुछ और साल' (भीष्म साहनी) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श-

यह कहानी एक अवकाश प्राप्त सुपरिटेंडेंट मधुसूदन के बुढ़ापे की कहानी है। मधुसूदन जी की पत्नी वर्षों पहले मर चुकी हैं। दोनों बेटियों के ब्याह हो चुके हैं। बड़ा बेटा वकील है,इसी शहर में रहता है जो कभी-कभी पत्नी की घुड़कियों के बावजूद बाप से मिलने आ जाता है। मंझला बेटा फौज में है और आजकल नेपाल में है। छोटा बेटा जंगलात के महकमे में में अफसर है और आजकल देहरादून में है। इस कहानी में लेखक ने यह दिखाया है कि नौकरी से सेवानिवृत्त और तीन-तीन पुत्रों का पिता होने के बाद भी एक वृद्ध पिता कैसे घुटन और कुंठा में जीवन गुजारने को मजबूर है।

परिवार में वृद्धों की उपयोगिता के विषय में प्रसिद्ध साहित्यकार सच्चिदानंद सिन्हा जी कहते हैं- "पारंपरिक समाजों में जहां परिवार बड़ा होता है। बच्चों और उनकी माताओं की देखभाल के लिए दादा- दादी, चाचा-चाची, नाना-नानी आदि का एक बड़ा समूह होता है, इसलिए परिवार का बड़ा होना कोई समस्या नहीं पैदा करता।"(6)

'वापसी' (उषा प्रियंवदा) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श-

यह कहानी गजाधर बाबू नामक एक केंद्रीय पात्र पर आधारित है जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं और आगे का जीवन सुखपूर्वक जीना चाहते हैं लेकिन कुछ समय के बाद घर में सभी को उनकी उपस्थिति खटकने लगती है। वे अपने ही घर में पराया सा अनुभव करते हैं और अंतत: फिर से नई नौकरी की तलाश में निकल पड़ते हैं। लेखिका ने केवल एक इसी गजाधर का जीवन चित्र ही नहीं खींचा है अपितु ऐसे कईयों गजाधरों का जीवन वृत्त दिखाने का प्रयास किया है जो हमारे इस समाज में पड़े हुए अपना जीवन घुटन में बिता रहे हैं।

'सुख' (काशीनाथ सिंह) कहानी में चित्रित वृद्ध विमर्श-

काशीनाथ सिंह जी की भाषा के विषय में बच्चन सिंह जी का कथन है- " काशीनाथ सिंह की भाषा ऊपर से सपाट पर भीतर से अर्थवान है। अपने विनोदपूर्ण व्यंग्य के कारण वह कहानी के माहौल को जिंदादिल और संकेतों को धारदार बना देती है। वे कहानी को अस्वीकार की ओर ले जाने की दिशा में प्रयत्नशील हैं।"(7)'सुख' नामक कहानी काशीनाथ सिंह जी की एक प्रसिद्ध कहानी है। इस कहानी का कथानक भी 'वापसी' कहानी से काफी मिलती जुलती है। इस कहानी के प्रमुख पात्र भोला बाबू हैं जो नौकरी से रिटायर हो चुके हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद घर में तो कुछ दिन उनका सम्मान होता है लेकिन बाद में घर वालों को वे खटकने लगते हैं। उन्हें अपने परिवार, गांव व बाजार के लोग अपने में ही व्यस्त दिखाई देते हैं। कोई उनकी तरफ ध्यान नहीं देता। उनकी किसी को कोई परवाह नहीं है । अंत में वह निराश होकर कहते हैं- " देखो, कहने को यह बीवी है। यह बेटा है। यह बेटी है । यह मकान है। यह जायदाद है। ये दोस्त हैं। ये नातेदार हैं। लेकिन सच पूछो तो कोई किसी का नहीं।"(8)

इस वक्तव्य के माध्यम से लेखक ने उनकी चिंताओं को माध्यम बनाकर वर्तमान समाज का मानो सजीव चित्र उकेरा है।

'चार दरवेश' (हृदयेश) उपन्यास में चित्रित वृद्ध विमर्श

'चार दरवेश' उपन्यास के लेखक हृदयेश जी हैं। इस उपन्यास में चार वृद्धों की कहानी है जो शाम को एक नियत समयावधि में एक ही स्थान पर मिलते हैं। इसके लिए लेखक ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में लिखा है- "शाम के इस वक्त घर के अंदर बने रहने वाले वृद्ध जो परिवार के लिए बेसफ्र हो चुके होते हैं या जिन्होंने अपने को बेमसफ्र का मान लिया होता है, घर से बाहर निकल पड़ते हैं, अंदर जाग उठी बेचैनी,ऊब, छटपटाहट से थोड़ी राहत पाने के लिए। ठौर-ठिकाना उनका बन चुका होता है। सुविधा, सहूलियत से कहीं अधिक परिस्थितियां, लाचारी, विकल्पहीनता ठौर-ठिकाने को तय करती हैं।"(9) उपरोक्त कृतियों के अलावा आधुनिक हिन्दी साहित्य ऐसी अनेक कृतियों से भरा पड़ा है जिनमें वृद्ध विमर्श के अनेक उदाहरण हैं। जैसे- अपने-अपने अजनबी(अज्ञेय), समय-सरगम(कृष्णा सोबती), दौड़ (ममता कालिया),रेहन पर रग्घू (काशीनाथ सिंह), अंतिम अरण्य(निर्मल वर्मा), रिश्तों की आंच,वसीयत और नियतिचक्र (डॉ० सूरज सिंह नेगी),

जीने की राह (विजयशंकर राही),गिलीगडु(चित्रा मुद्गल),उस चिड़िया का नाम (पंकज बिष्ट) आदि। रिटायर्ड अभिभावक, बुजुर्ग और वृद्ध शिक्षकों को संबोधित करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार खलील जिब्रान जी कहते हैं-

तुम उन्हें अपना अनुराग दे सकते हो, विचार नहीं
क्योंकि उनके पास उनके अपने विचार हैं
तुम उनकी काया को आवास दे सकते हो,आत्मा को नहीं
क्योंकि उनकी आत्माएं भविष्य के भवन में वास करती हैं
जहां तुम पहुंच नहीं सकते, स्वप्न में भी नहीं
तुम उनकी तरह होने का प्रयास कर सकते हो
किंतु उनको अपने जैसा बनाने का प्रयत्न मत करना
क्योंकि जीवन पीछे नहीं लौटता
न ही अतीत के साथ ठहरता है।

वृद्धावस्था जीवन का वह पड़ाव है जहां व्यक्ति को आदर, सम्मान, दया एवं प्रेम की आवश्यकता होती है किंतु आधुनिक परिवेश में औद्योगिकरण के बढ़ते प्रभाव के कारण एकाकी परिवारों में वृद्धि हुई है, जिसके कारण समाज के ये मुख्य स्तंभ मानो उखड़ से गए हैं,जो मानवता के लिए खतरा है। जो व्यक्ति अपने पूरे जीवन जिम्मेदारियों का बोझ ढोता हुआ परिवार को उच्च शिखर पर ले जाने को उद्यत रहा वही आज वृद्धावस्था में निम्न स्तर का जीवन जीने को बाध्य है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संभाले रखना होगा क्योंकि-

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम् ॥(10)

-मनुस्मृति 2/121

*****

संदर्भ-ग्रन्थ:-

1. पंच परमेश्वर (मुंशी प्रेमचंद), मानसरोवर भाग-7
2. पंच परमेश्वर (मुंशी प्रेमचंद), मानसरोवर भाग-7
3. बूढ़ी काकी (मुंशी प्रेमचंद), मानसरोवर भाग-8
4. बेटों वाली विधवा (कहानी) मुंशी प्रेमचंद, मानसरोवर भाग-1
5. भीष्म साहनी, प्रतिनिधि कहानियां, राजकमल पेपरबैक्स, 15 वां संस्करण, पृष्ठ-48
6. भूमंडलीकरण की चुनौतियां (सच्चिदानंद सिन्हा), वाणी प्रकाशन नई दिल्ली-2007
7. आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास (बच्चन सिंह) लोकभारती प्रकाशन,संशोधित संस्करण 2007, पृष्ठ-431
8. मेरी प्रिय कहानियां (काशीनाथ सिंह), राजपाल प्रकाशन, पृष्ठ-45
9. चार दरवेश (उपन्यास) हृदयेश, पृष्ठ-7
10. मनुस्मृति : प्रकाश भाषा-टीका-संहिता (2002) श्री गणेश दत्त पाठक,श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भंडार वाराणसी,पृष्ठ-68

आधुनिक हिन्दी काव्य और उसका विकास

अनिल कुमार मेरावी
शोधार्थी हिन्दी विभाग
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय-रीवा

आधुनिक युग में हिन्दी का अर्थ बहुत विस्तृत हो गया। आजादी के बाद भारतीय समाज और संस्कृति में अमूलचूल परिवर्तन हुआ। इस परिवर्तन का श्रेय आधुनिक युग के जनक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को जाता है। जिन्होंने हिन्दी के लिए काशी नागरी प्रचारणी संस्था की नीव डाली तथा महात्मा गांधी द्वारा अहिन्दी भाषी राज्यों में इसके प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन किया गया। आधुनिक काल में हिन्दी इन सारे प्रभावों के फलस्वरूप जनमानस की भाषा बनी ही तथा कवियों ने इसे रचना के मुख्य केन्द्र में भी ला दिया। जहाँ हिन्दी के आधुनिक क्षेत्र में खड़ी हिन्दी को बल मिला वहीं दूसरी तरफ गद्य की रचनाएँ होने लगी। इस प्रकार के परिवर्तन आकस्मिक घटना नहीं थी। यह कालांतर से ही चला आ रहा था। यह कभी कभार आकस्मात् प्रतीत होने वाले युगीन दृष्टि और साहित्यिक बदलाव के परिणाम थे। ऐसी स्थिति में परिस्थितियों के बदलाव के कारण हिन्दी के प्रतिमान भी बदलने लगे। मुक्तिबोध ने इसका मूल्यांकन करते हुए कहा है कि ''कोई भी नया साहित्यिक आंदोलन उन विशेषगत परिस्थितियों में पैदा होता है। जिन्हें हम सामाजिक विकास की महत्वपूर्ण श्रृंखला कहते हैं। उन विशेषगत स्थितियों को हम पूर्व प्रवृत्तियों द्वारा ही समझ सकते हैं। आधुनिक हिन्दी कविता के विकास में दो बातें प्रमुख रूप से दिखाई पड़ती है, प्रथम तो मध्यकालीन जड़ता जो एकदम स्थिर हो चुकी थी, वह ऐतिहासिक प्रक्रिया के कारण पुनः गत्यात्मक हो गई। जहाँ पर मध्यकाल में 'कला और साहित्य' श्रृंगारिक योजनाओं से बंधा था वही आधुनिक हिन्दी कविता में इसके घाट टूट गए। आचार्य शुक्ल का कथन है कि-''विषयों की अनेकरूपता के साथ-साथ उसके विधान का ढंग भी बदल चला प्राचीन धारा में प्रबंध की जो प्रणाली चली थी उससे भिन्न प्रणाली का भी अनुशरण करना पड़ा। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने अपने साहित्य के इतिहास में लिखा है कि ''जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ -साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। हिन्दी का अर्थ भी विभिन्न आंदोलनों के प्रभाव के कारण आधुनिक युग में बदल गया। जहाँ एक तरफ खड़ी बोली में गद्य की रचना होने लगी वहीं दूसरी तरफ भारतेन्दु युग तक अधिकतर कविताए ब्रजभाषा में ही लिखी गई। किन्तु उसकी प्रवृत्ति में परिवर्तन दिखाई देने लगा और धीरे-धीरे भारतेन्दु काल में ही कविता खड़ी बोली का रूप लेने लगी। हिन्दी साहित्य आधुनिक काल में रुसी क्रांति से प्रभावित हुआ और माक्र्सवाद का बीज आधुनिक युग में ही दिखाई देने लगा। भारतेन्दु युग और द्विवेदी युग के कवियों में धीरे-धीरे चिंतन प्रबुद्ध होता गया। मुक्तिबोध इस संदर्भ में कहते हैं कि कुछ कवियों की कुछ कविताओं को छोड़ इस परिवर्तन का आधार माक्र्सवादी चिंतन न होकर तत्कालीन युग पुरुषों सुधारकों और महात्माओं का सामाजिक आंदोलन था।इस प्रकार से आधुनिक हिन्दी का फलक व्यापक होता गया इस संदर्भ में सन् **1936** में प्रगतिवाद के स्वर स्पष्ट दिखाई देने लगे। जिसका दार्शनिक आधार समाजवाद तथा साम्यवाद था। अर्थात् जो हिन्दी रीतिकाल में घोर श्रृंगारिकता के अर्थ में बध गयी थीं वह आधुनिक युग में साम्यवाद के अर्थ में प्रस्तुत होने लगी जनवरी **1936** में एक जन प्रिय कवि ने यह उद्घोषणा कर दी कि जनजागरण होना चाहिए।आधुनिक हिन्दी कविता के अर्थ में ऐसे बदलाव स्त्री और दलित विमर्श को जन्म देते हैं और आज गद्य और पद्य दोनों सम्पूर्ण मूल्यों में हिन्दी के नवीन अर्थ को उद्घाटित कर रहे हैं। आज तक हिन्दी में जो बदलाव हुआ। विश्वम्भर उपाध्याय का कथन है-''दलित वर्गों के प्रति काव्य में सहानुभूति

प्रारम्भ से ही थी किन्तु स्वानुभूति का आभाव था।'आधुनिक हिन्दी कविता' जीवन की विविध धाराओं से मनुष्य के दुःख-सुख में पहली बार जुड़ी। आधुनिक शब्द में जो दूसरा अर्थ ध्वनित होता है वह लौकिक दृष्टिकोण है। जहाँ मध्यकाल में मनुष्य पारलौकिक दृष्टिकोण से जुड़ा था, वहीं आधुनिक काल आते-आते धर्म, दर्शन, राजनीतिक, साहित्य और अनेक प्रवृत्तियों से जुड़ गया। जहाँ एक तरफ ईसाई मिशनिरियों की स्थापना हुई वहीं दूसरी तरफ आधुनिक युग में पर्यावरण और व्यक्तिगत मनोआकांक्षाओं को प्राथमिकता दी गई। साथ ही साथ आधुनिक युग में जो सुख-सुविधाए अंग्रेजी शिक्षा, डाक की स्थापना, रेल तार का विकास हुआ उससे व्यक्ति की सोच में बदलाव हुआ तथा मनुष्य-मनुष्य के बीच सहानुभूति की भावना पनपी, जिससे नए मूल्यों की काव्यगत प्रतिष्ठा आधुनिक हिन्दी कविता की पृष्ठभूमि में सर्वाधिक पूर्ण सिद्ध हुई।आधुनिक हिन्दी कविता की पृष्ठभूमि को राजनीतिक स्थिति, नया आर्थिक ढाँचा, शिक्षा का नया पश्चिमीकरण यातायात के साधन, धार्मिक और सुधार आंदोलन, पाश्चात्य आधुनिक विमर्श, तथा दरेदा को विखण्डनवाद ने प्रभावित किया। जिससे समाज में वही ज्ञान सार्थक हो पाया। जिसे मनुष्य अपने मष्तिष्क में संचित कर सकता है। आधुनिक कविता की पृष्ठभूमि इन तमाम साधनों से निकलकर आई। कारक प्रभाव के कारण हिन्दी कविता अत्यधिक प्रक्रियावादी प्रवृत्तियों को 'फासिज्य' के विरूद्ध जनता को जाग्रत करने लगी। क्योंकि पूर्वी सामंतों पर जापानी युद्धखोर बम बरसाने लगे ऐसे हालात में आधुनिक हिन्दी कविता के केन्द्र में फासिज्म विरोधी नारा लगाया जाना स्वाभाविक था। आधुनिक हिन्दी कविता की पृष्ठभूमि में इसका भी गहरा प्रभाव पड़ा उसके स्वरूप को सामाजिक यथार्थ के प्रति कवि मानस को सचेत कर रहा था।

इस प्रकार माक्र्सवादी चिंतन आधुनिक हिन्दी कविता की पृष्ठभूमि को प्रभावित किया। समाज में रहकर समाज का चित्रण ही कवि एवं कलाकार करता है। कोई भी कवि जनता से जुड़ा होता है। चाहे जनता ऊँचे उठ रही हो चाहे उसका स्तर नीचे गिर रहा हो। कवि या रचनाकार को चाहिए कि वह जनता की गिरावट का वर्णन कर सके तभी वह बड़ा कवि कहलाएगा। आधुनिक भारत में आधुनिक कविता की पृष्ठभूमि को जनवादी आंदोलन रवीन्द्रनाथ ठाकुर का 'नवमानवतावाद' तथा उनकी कविता एवं काव्य संग्रह 'गीतांजलि' ने बहुत प्रभावित किया। बंगाल में जो नवजागरण चला उसी नवजागरण के केन्द्र में छायावादी कविता थी। आधुनिक हिन्दी कविता में भाषा की ही दृष्टि से बदलाव नहीं हुआ बल्कि शैली की दृष्टि से भी बदलाव हुआ।आधुनिक हिन्दी कविता का विकास भारतेन्दु के जन्म **1850** से ही माना जा सकता है। किन्तु मोटे तौर पर **1857** में हुए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आधुनिक हिन्दी के विकास का प्रथम चरण था। आचार्य शुक्ल खुद कहते हैं कि-''भारतेन्दु हरिश्चन्द्र अपने युग के प्रतिनिधि कवि थे। भारतेन्दु ने हिन्दी को नए-नए विषयों की ओर उन्मुख किया।

अतः निष्कर्ष के तौर पर हम कह सकते हैं कि आधुनिक हिन्दी अर्थ की दृष्टि से बहुत समृद्ध हुई जहाँ न्याय के पक्ष और लोकमंगल की भावना हिन्दी के केन्द्र में हो गऐ। वहीं नवजागरण में हिन्दी पत्रकारिता के अर्थ में तथा प्रिंट और मीडिया के व्यापक अर्थ में समाज की चेतना को प्रबुद्ध करती आई है। मानव द्वारा मानव के शोषण से मुक्ति का आह्वन मजदूरों किसानों में सहानुभूति की भावना आधुनिक हिन्दी की बहुत बड़ी देन है। जहाँ पर जनवादी परम्परा के पक्ष में हिन्दी सजग रूप में खड़ी थी वही इसका कथ्य निम्नवर्गीय तपके से भी जुड़ा था। आज आधुनिक हिन्दी जनवादी यथार्थ और जनजीवन के बिम्ब और प्रतीकों को लेकर व्यंग्यात्मक लहजे में खड़ी है। समग्र रूप से देखा जाए तो आधुनिक हिन्दी का अर्थ सम्पूर्ण जनमानस की मानसिक राजनैतिक धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक पहलुओं से फलीभूत होते हुए समाज के प्रति सजग हाशिए पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनकर आई है।

जिसे समग्र रूप से जनवादी कहा जा सकता है। जहाँ सच का गला घोटा जा रहा है उसी सच के पक्ष में वह रिरियाती हुई सच को बचाती हुई मुहीम के रूप में आधुनिक हिन्दी कविता एक नए अर्थ में फलीभूत हो रही है। यह आधुनिक कविता धूमिलके 'पटकथा' में स्पष्टतः परिलक्षित होती है। धरातल से क्षितिज तक समुद्र से पहाड़ तक आधुनिक हिन्दी जन सामान्य को एक नई अर्थ और दिशा दे रही हैं और समाज में फैली विकृतियों पर प्रहार कर रही है। आधुनिक हिन्दी कविता कृष्ण और गोपियों के प्रेम से शुरू हुई और छल तथा झूठ का प्रचार कर रहे छद्मी लोगों से जन सामान्य को सचेत करती हुई आगे बढ़ रही है। आधुनिक अर्थ में हिन्दी अपने-अपने वर्ग के शोषण की अभिव्यक्ति और जीवन के यथार्थ को केन्द्र में रखती हुई यथार्थवादी स्वरूप की ओर अग्रसर हुई। वहीं शोषण के खिलाफ एक सशक्त रूप में सामने आई। जहाँ दबे कुचले शोषित दलित वर्गों ने हिन्दी भाषा में अपनी आवाज को बुलंद किया वहीं दूसरी तरफ स्त्रीयों ने अपने अधिकारों की मांग अपनी रचनाशीलता से की यह महज संयोग ही नहीं था वह हिन्दी भाषा का ही चमत्कार था।

आचार्य शुक्ल ने प्राचीन और नवीन दो धाराओं की बात की और बहुत कमजोर रहने पर भी नवीन धारा को महत्व दिया ज्ञान के इस परिवर्तन ने विश्व के चित्र को बदल दिया। इसमें भारतीय जनमानस भी अछूता न रह गया जिन कारोबारों में उत्पादन करने के लिए शारीरिक श्रम करने वाले मजदूर थे वहाँ तकनीशियम संलग्न हो गए सस्ते दाम पर बाजार में विदेशी सामान मिलने लगे जिससे रोजगार घट गया यह प्रक्रिया भी नए आधुनिक हिन्दी विकास में सहायक हुई विश्व व्यापार संगठन की गतिविधियों ने यह सिद्ध करना प्रारम्भ कर दिया इसलिए डॉ. नगेन्द्र का कथन-''ज्ञान वास्तविक स्वाभाविक या तटस्त नहीं है अपितु सत्ता संघर्ष की उपज है।

आधुनिक कविता भी मानवीय मूल्यों में बदलाव के साथ अपने ढाचे में बदलाव कर रही थी। प्रगतिशील लेखक का तीसरा अधिवेशन दिल्ली में हुआ जिसमें डॉ अलीम इस बात का जोर दे रहे थे कि परचेव प्रचारात्मक गीत फासिज्म के विरोध में लिखे जाए। चूँकि **22** जून **1941** को फासिज्म शक्तियों ने सोवियत रूस पर हमला कर दिया इससे भी आधुनिक हिन्दी का जन्म हुआ। आधुनिक हिन्दी की पृष्ठभूमि बनाने में कुछ महत्वपूर्ण कारकों का योगदान था जो निम्न है।

निष्कर्षतः-

यह सिद्ध होता है कि हिन्दी कविता का विकास आधुनिकता के अर्थ से लेकर भूखी पीढ़ी के सोपान को पार कर चुका है। यह एक लंबी विकास प्रक्रिया है जिसमें सापेक्ष विशेषताए है। इतना ही नहीं कविता के विकास क्रम की प्रक्रिया में समय के साथ-साथ बदलाव हुआ तथा उसके मायने अलग-अलग होते गए आज की कविता वादों से मुक्त कविता है। जो समाज की स्थितियों को उजागर करती हैं, कवि और कविता समय सापेक्ष होते हैं और सत्य के प्रति खड़े होना और असत्य का मुकाबला करना कवि का परम् उद्देश्य होता है। हिन्दी कविता का विकास शुरू से लेकर आज तक इसी पर आधारित है।

*****

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1- मुक्तिबोध रचनावली भाग-**3** पृष्ठ **318**
2- हिन्दी साहित्य का इतिहास आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पृष्ठ **389**
3- हिन्दी साहित्य का इतिहास आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पृष्ठ **01**
4- आधुनिक हिन्दी कविता सिद्धांत समीक्षा विश्वम्भर उपाध्याय पृष्ठ **43**
5- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ **403**
6- हिन्दी साहित्य का इतिहास डॉ. नगेन्द्र पृष्ठ **430**

माधव कौशिक की गजलों में काव्य भाषा

हरी राम
शोधार्थी
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, धारवाड़ , कर्नाटक

सारांश - माधव कौशिक जी ने अपने गजल काव्य में इसे बखूबी निभाया है । माधव कौशिक जी की रचनाओं में आम बोलचाल की भाषा ज्यादा देखने को मिलती हैं । लेकिन रचनाकार अपनी रचना में लय, गति, छंद , अलंकार, बिम्ब इत्यादि का अपनी रचना में प्रयोग करके उसमें पाठक को मंत्र मुक्त बना देता है। माधव कौशिक जी के काव्य में साफ-सुथरी भाषा का प्रयोग देखने में मिलता है । शब्दों को वह सीधे तौर पर पाठक के मन में पहुंचाने की भरसक कोशिश करते हैं, जिससे पाठक को इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है। काव्य विचारों के द्वारा ही संभव हो सकता है बिना आत्मा के शरीर और बिना शरीर के आत्मा उसी प्रकार की है जिस प्रकार काव्य भाषा के बिना रचित रचना होती है वो रचना नीरस वह उबाऊ पन बन जाती है जिससे पाठक को पढ़ने में किसी प्रकार की आनंद की अनुभूति नहीं होती है। इसी प्रकार काव्य में यथासंभव काव्य भाषा का प्रयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है जिससे पढ़ने वाले को आनंद प्राप्त होता है।

प्रस्तावना- रचनाकार के मन में अनेक प्रकार के भाव उठते हैं उन भावों को रचनाकार अपनी रचना में बहुत प्रयोग करता है। गज़ल अरबी और फारसी की काव्य रचना रही है लेकिन उर्दू के रास्ते से हिंदी गज़लों का सफर तय किया है। गज़लों में सर्वोपरि नामे दुष्यंत कुमार का आता है। दुष्यंत जी ने गजलों को एक नया ही मोड़ दिया है और इस परंपरा को माधव कौशिक जी ने बखूबी निभाने का प्रयास किया है। **ज्ञानप्रकाश विवेक** का कथन है कि- "माधव कौशिक की गजलों में गांव की स्मृतियां हैं महानगरीय, संत्रास, दुख ,हताशा, प्रेम के क्षण, लालसाएं जीवन की बेतरतीठिया, जीवन की जटिलताएं ऊब, संबंधों का विचलन बहुत सारे तत्व है ऐसा प्रतीत होता है जैसे गजलकार जीवन के रेगिस्तान में संवेदना का पानी तलाश कर रहा है"। नाटक, कहानी, उपन्यास और एकांकी ऐसे अनेक काव्य रचना है जिनको पूरा पढ़ने के बाद ही हम उस रचना के बारे में कुछ आत्म ज्ञान की अनुभूति प्राप्त करते हैं लेकिन गजल एक ऐसी रचना है जिससे मात्र पांच या सात लाइनों के अंदर ही समेटा जाता है और उस पांच या सात लाइनों में ही गजल को अपने शब्दों के माध्यम से पाठक के मन में पहुंचाने की कोशिश करते हैं। माधव कौशिक जी की रचनाओं में सीधा संवाद पाठक हो छू लेने वाला मिलता है। पाठक को मंत्र मुक्त व आनंद की अनुभूति के लिए माधव कौशिक जी ने अपनी रचना में सीधा संवाद दिल को छू लेने वाले गहराइयों से विचार करते हुए पाठक के हर जिज्ञासा को शांत करते हुए अपनी लय में आगे बढ़ती हुई काव्य रचना रची जाती है जिससे पाठक का मन पढ़ने में ललायित हमेशा रहता है वैसे तो माधव कौशिक जी ने खंडकाव्य, कहानी, बाल साहित्य ,अनुवाद समीक्षक, गजल आदि अनेक रचनाएं लिखी है। इन सब के बावजूद भी माधव कौशिक जी अपने आप को एक गज़ल कार ही मानते हैं। माधव कौशिक जी के प्रसिद्ध 16 गज़ल संग्रह है

"मैंने साहित्य की लगभग सभी विधाओं तथा कविता के सभी रूपों में स्वयं को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है। कविता, गीत ,नवगीत से लेकर खंड काव्य की रचना करने के बावजूद गजल मेरी मनपसंद काव्य विधा है तथा में स्वयं को मूलत: गजल कार ही मानता हूं"

काव्य-भाषा- माधव कौशिक जी ने अपनी गजलों में अलंकार, मुहावरे, बिंब, आम बोल-चाल की भाषा इत्यादि का वर्णन काव्य में मिलता है। **डॉ. रामकुमार** का कथन है- "भारतेंदु और उनके समकालीन कवियों ने हिंदी भाषा को उर्दू छंदों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से गज़ल, रेख़्ता, एवं मुकरियों का प्रयास पूर्वक अपनाया।"

भाषा में विचारों का आदान-प्रदान से मनुष्य की पहचान होती है उसी प्रकार काव्य में भाषा का प्रयोग करने से पाठक के मन में एक जिज्ञासा उत्पन्न होती है और वह उस काव्य को सुनने के लिए या पढ़ने के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

अलंकार- साहित्य की दुनिया में अलंकारों का अपना ही अलग महत्व है। जिस साहित्य काव्य में अलंकारों का प्रयोग नहीं है। वह रचना नीरस या बोझिल बन जाती है। साहित्यकार अपनी रचना में जब अलंकारों का प्रयोग करता है तो वह रचना पाठक के मन को के छू लेने वाली स्थिति पैदा कर देती है, जिससे काव्य रचना अपने चरमोत्कर्ष स्थान पर पहुंच जाती है इसलिए माधव कौशिक जी ने अपने काव्य में समय -समय पर अलंकारों का प्रयोग किया है। **डॉ. आशा** - "गुप्ता काव्य के अभ्यन्तर एवं बाह्य पक्ष को जो तत्व वास्तव में रमणीय और चमत्कार प्रदान करता है ,वह है अलंकार।"

अनुप्रास अलंकार- वर्णों की आवर्ती को अनुप्रास अलंकार कहते हैं जहां एक या एक से अधिक वर्णों की क्रम बार-बार आवृति हो वहां पर अनुप्रास अलंकार होता है

दरवाजे, दीवार खिड़कियां किसकी हैं।सन्नाटे के पार सिसकियां किसकी हैं
सही सलामत है बाहर से आईना अंदर से लेकिन टूटा है कुछ ना कुछ।

रूपक अलंकार- जब उपमेय का उपमान में अभेद रूप से आरोप किया जाता है तो वहां रूपक अलंकार होता है।

बिना वजह कस्तूरी मृग से ठोकर खाई दर-दर लोग।

उपमा अलंकार-जहां एक वस्तु की दूसरी वस्तु के साथ गुण, धर्म अथवा शब्द रूप के कारण समानता दिखाई जाती है तो उपमा अलंकार होता है।

जेहन में पसरा हुआ है एक रेगिस्तान सा।
रंगोली सा प्यार सजाकर आंगन में

अतिश्योक्ति अलंकार- जहां किसी वस्तु को अधिक बढ़ा चढ़ाकर वर्णन किया जाता है वहां पर अतिश्योक्ति अलंकार होता है।

तूने पत्थर हवा में क्या फैंका /आईना टूट कर गिरा मुझ में ।
चलते चलते अगर पांव के छाले मोती बन जाए।

मुहावरे- माधव कौशिक जी ने अपनी गजलों को सजीव व पाठक के मन में पहुंचाने के लिए लच्छेदार मुहावरों का सुंदर ढंग से प्रयोग किया है जिसे पाठक को उनकी रचना को पढ़ने में बड़े ही मनमोहक ढंग में आनंद लेता हुआ अपने चरमोत्कर्ष की अनुभूति प्रदान करता है।

अब ये कैसी आफत आयी है घर पर
जैसे ख़ून सवार हो गया है हर सर पर।
शहर तो आज भी लगता है खून का प्यासा

बोलचाल की भाषा- माधव कौशिक जी सीधी बात करते हैं और श्रोताओं को अपनी बात सोचने पर मजबूर कर देते हैं क्योंकि उनकी रचनाओं में इधर उधर की बातें नहीं और ना ही घुमावदार शब्दों का प्रयोग बिल्कुल भी मिलता इसलिए पाठक को सीधी बात या सीधा संवाद उनकी रचनाओं में देखने को मिलता है।

गांव से निकले कि सब फंसकर शहर में रह गए
शहर में आती तो मर कर लौटती
बच गई इंसानियत देहात में।

बिम्ब- एक प्रकार का मन रूपी चित्र है जिससे रचनाकार अपनी बाहरी इंद्रियों के द्वारा उसे अपनी रचना के माध्यम से या फिर शब्दों के माध्यम से कल्पना रूपी से भावों के माध्यम से एक चित्र का रूप देने में कोशिश करता है।

1.

दृश्य बिम्ब-

जहां कवि किसी वस्तु के रूप ,आकार, रंग आदि का वर्णन अपनी मानसिक बुद्धि या विवेक के साथ हमारी आंखों के सामने एक ऐसा बिम्ब प्रस्तुत करता है। जैसे दृश्य अभी हमारे सामने बोल पड़ेंगे या फिर वह हमसे बातें करेंगे।

ऊंचे शीश महल के आगे खड़े खड़े सब सोच रहे हैं।

****

मकानों की कतारों पर कतारें
मगर शहरों में बेघर कम नहीं था।

****

राजनीति बिम्ब-

कुछ नहीं टूटता व्यवस्था का
आदमी ही बिखर के रहता है।

****

सियासत में समझदारी गलत है।

सामाजिक बिम्ब-

बहुत संभल कर रहना होगा मजहब के मंसूबों से।

****

मजहब का खूनी मंजर है इतना भी मालूम नहीं
किसके हाथों में खंजर है इतना भी मालूम नहीं।

व्यंग्य- माधव कौशिक जी अपनी बात को सीधी और स्पष्ट बात करते हैं जब उनको लगता है कि सीधी - सीधी बात से काम नहीं चलता तो वह अपने काव्य में व्यंग्य के माध्यम से भी पाठकों के मन में तीखे व्यंग्य को लुभाने का और मन मस्तिष्क से पाठक को सोचने पर मजबूर कर देता है।

क्यों शोर मचाते हो बेकार में पहले से
जब झूठ ही छपता है अखबार में पहले से।

निष्कर्ष-

माधव कौशिक जी ने अपनी गजलों में अलंकार मुहावरे, बिम्ब, व्यंग्य' बोलचाल की भाषा आदि का बहुत ही मनोरम रूप से वर्णन उनकी रचनाओं में मिलता है । माधव कौशिक जी के काव्य में मानवता के अनेक तत्व मिलते हैं वे मानवता के साथ जुड़कर उनकी हर पहलू को समझाने की कोशिश करते हैं और उनके काव्य रचना में स्पष्ट रूप से देखने को मिल ही जाती है। जिससे पाठक को पढ़ने के बाद एक नया उमंग और अनुभूति की प्राप्ति होती है जिससे पाठक को जमीनी स्तर के हर पहलू को समझने में उनको सहायता मिलती है। मानवता के साथ जमीनी हकीकत से जुड़कर मानव के हर पहलू को सीधा संवाद स्पष्ट रूप से बताने में एक सफल प्रयास करते रहते हैं।

****

संदर्भ-सूची:-

1. माधव कौशिक, नयी उम्मीद की दुनिया, वाणी प्रकाशन, 2019
2. माधव कौशिक, सारे सपने बागी हैं, वाणी प्रकाशन, 2014
3. माधव कौशिक, अंगारों पर नंगे पांव, पेंगुइन बुक्स, 2007
4. डॉ. सुरेंद्र कुमार, माधव कौशिक का रचना संसार, ज्ञानोदय, 2007
5. हरि गंधा, जनवरी-फरवरी 2001,पृ.10
6. ज्ञानप्रकाश विवेक, हिंदी ग़ज़ल की विकास यात्रा।
7. डॉ. आशा गुप्ता, खड़ी बोली काव्य में अभिव्यंजना पृ. 93
8. डॉ. रामकुमार सिंह, आधुनिक हिंदी काव्य भाषा पृ. 259

तेलुगू भाषा आविर्भाव ,विकास और संस्कृति

डॉ.आर.एन.शीला

विभागाध्यक्ष -हिंदी

सेंट थॉमस कला और विज्ञान विश्वविद्यालय, कोयनम्बेडू, चेन्नई

प्रस्तावना : मानव का आविर्भाव लगभग बीस लाख वर्षों के पहले हुआ था | पहले पाषाण युग मे मानव जंतुओं से मिलझुल कर मृग के जैसे रहा था ,बाद मे ही परिवर्तित होकर बुद्दिजीवी बनगया | तदुपरंत हजारों वर्षों के बाद ही भाषा का उत्पन्न हुआ |आज दुनिया मे लगभग पाँच हजार से ज्यादा ही भाषाए है| अब जात्याश्रित वर्गीकरण के अनुसार ये सारी भाषाओं को दस भाषा कुटुंब का पुनः निर्माण किया है |इसमे चार प्रमुख कुटुंब भारत देश मे व्यवहारित है |वो है ....

1.इंडो यूरोपियन भाषा कुटुंब
2.सीनोतीबेटन भाषा कुटुंब
3.आस्ट्रिक या मलयों पोलिनशिया भाषा कुटुंब
4.द्रविड़ भाषा कुटुंब

पर्याय शब्द :तेलुगू जाति सूचक पर्याय पदों मे जो मुख्य है "आंध्रम ,तेनुगु, तेलुगू ,आंध्र शब्द जो जाति वाचक शब्द हम ई.स.पू5 व शताब्दी मे ऐतरेय ब्राहमण काल से ही देख सकते है |"1 लेकिन तेनुगु ,तेलुगू शब्दो हम आदि कवि नन्नया काल से ही देख सकते है | व्युत्पत्ति के विषय मे तेनुगु, तेलुगू शब्दों के संभन्धित कई विवाद है | लेकिन आधुनिक भाषा की शास्त्रज्ञ की कथन है की तेनुगु का रूपांतर है तेलुगू |

आंध्र और तेलुगू जाति का विलीन : आंध्र और तेलुगू दोनों एकी कुटुंब है या नहीं ? ये प्रश्न मे अनेक वाद विवाद है | जिन लोगों को भाषा शास्त्र और तर्क शास्त्र का ज्ञान नहीं है उन्होने आदिकाल से ही आंध्र और तेलुगू दोनों एकी जाति कहते है ,लेकिन शास्त्र की दृष्टि से पहले आंध्र और तेलुगू दोनों भिन्न है तदुपरान्त दोनों विलीन होकर एकी कुटुंब बनाया है | ऐतरेय ब्राह्मण के आधार पर आंध्र के वासियो विश्वामित्र का शाप से आरी संघ से बहिष्कृत हो कर नर्मदा नदी प्रांत से लेकर तेलुगू भाषा व्यवहार के प्रांत आया है | ई.स.पूर्व 225 ई से ई.स.युग 225 तक तेलुगू भाषा व्यवहार राज्यों का पालन किया जो राजा है वो ही " आन्ध्रभृत्यु" या शातवाहन का राजाये है |शातवाहनों का पहेला राजधानी प्रस्तुत कृष्ण जिले श्रीकाकुलम बाद मे 'धान्यकटकम' वो ही प्रस्तुत गुंटूर जिले का "अमरावती" है |2

आंध्र के शातवाहनों की भाषा प्रकृतम है | लेकिन कुछ संदर्भो मे हम को मालूम पड़ता है की शातवाहन के बाद इक्ष्वाकुलु , शालंकायानुलु , विष्णुकुंडिनुलु, वैदाबुलु आदि ...राज किया है उन्होने प्राकृत और संस्कृत भाषा उपयोग किया है | लेकिन उन राजाओं ने तेलुगू व्यवहार प्रान्तों मे पालन किया है इसलिए अपनी शासनों मे प्राकृत, संस्कृत से भी तेलुगू भाषा का व्यक्ति का नाम, ग्रामों का नाम भी मिला है |3

तेलुगू जाती का नाम:तेलुगू जाती का आविर्भाव का विवरण हम चार वाक्यों मे कह सकते है |"आंध्र जाती का प्रस्तावन ई.स.पूर्व युग 5 व शताब्दी का ऐतरेय ब्राह्मण मे हुआ था , फिर भी तेनुगु पद से तेलुगू भाषा का प्रस्तावन नन्नया के बारात का रचना काल से ही देख सकते है | इसलिए हम कह सकते है की आंध्र जाती तेलुगू जाती के पहले से ही अति प्राचीन है ,लेकिन ये निर्णय अशश्तीय है " 4

तेलुगू भाषा की दशाएँ : शातवाहन के पूर्व तेलुगू भाषा ई.स.पू.युग 225 के पूर्व ई.स.पू225 से ई.स.युग 575 तक का काल ये संस्कृत प्राकृत शासनों मे मिला है ,ये ही तेलुगू का प्रथम शासन |ई.स. युग 575 से ई.स.युग 1100 ये ही प्राचीना तेलुगू शासन काल " प्राज्नन्नया युग " नाम से प्रसिद्ध है |ई.स.युग 101 से 1600तक का काव्य भाषा परिणाम युग 1 |ई. स.युग 1601 से 1900 तक काव्य भाषा परिणाम युग 2 |ई.स. युग 1901 से अब तक आधुनिक युग |तेलुगू भाषा मूल आधार प्राचीन द्रविड भाषा [प्रोटो द्रविडियन लैड्ग्वेज] ये द्रविड़ भाषा प्रभाव भारतीय संस्कृति मे अति प्राचीना ऋग्वेद मे हम देख सकते हैं |इस प्रभाव का फलस्वरूप संस्कृत मे उसी काल पर लगभग 200 पदों मिलता है | इसके उदाहरण टी.बरो ने व्यक्त किया है |

भाषा शास्त्रज्ञ और चारितरक आधार के द्वारा हम को ये ज्ञात हुआ है की " लगभग दस हजार वर्षों के पहले द्रविडा जाती लोग उत्तर भारत मे आर्यों के साथ सहजीवन किया है और सिंधु नागरिकता का संबन्धित मोहञ्जादारों ,हरप्पा संस्कृति भी द्रविड जाती का है कहकर आधुनिक शास्त्रज्ञ ने निर्णायित किया गया है"[5] .

आधुनिक तेलुगू साहित्य का प्रक्रियाएँ : आधुनिक तेलुगू साहित्य प्रक्रियाओं का मूलतः तीन साहित्यकारों का नाम उल्लेखनीय है. ओ ही कंदुकुरी वीरसलिंगम संघसन्स्करण केलिए ,गिडुगु रममूर्ती भाषा संस्कारण केलिए ,गुराजाड अप्पाराव साहित्य संस्कारण केलिए चरित्र मे अपने स्थान लिया है. 19व शताब्दी के उत्थरार्ध से आधुनिक साहित्य युग का आरंभ हुआ है.साहित्य मे विविध प्रक्रियाएँ संभव होने का कारण दो है ,ओ ही मनसिक प्रवृत्ति ,सांघिका आवश्यकता. लेकिन आधुनिक कल का एक विशेषता है की प्राचीना साहित्य को बचाना. इसलिए प्राचीन और आधुनिक दोनों प्रक्रियाएँ आधीनीक कवियों ने लिया है.

आधुनिक प्रक्रियाएँ: प्राचीना साहित्य मे प्रमुक प्रक्रिया है कविता प्रक्रिया.इस कविता प्रक्रिया के सामने कोई अन्य प्रक्रियाएं स्थिर हो न पाये आधुनिक काल मे इस कविता प्रक्रिया और भी विस्तृत बनगया है आधुनिक काल मे कविता महारानी की स्थान निभाई थी. इस काल मे कविता को दो रूपों मे विभाजित किया गया.एक है वस्तु परक या भावपरक रीतियाँ और रूप परक रीतियाँ .

वस्तु परक रीति : वस्तु को आधार लेकर रचित कविता है. कवि का मानसिक प्रवृत्ति और सांघिक आवश्यकता के आधार पर कवियों ने अपने कविता किया है.आधुनिक काल का कविता आनेक धारणों लिया है.

संघ संस्करण कविताएँ : आधुनिक काल को इस नाम रखने का कारण उस समय का भावाजाल ही प्रधान कारण है.राजाराममोहनराय से प्रभावित होकर कंदुकुरी वीरसलिंगम अपनी साहित्य मे विग्रहारधान ,बाल्यविवाह, आदि अंध विस्वाशों पर रचना किया है इसके बाद गुरजाड़ आपाराव ,भोगराजु नारायणमूर्ति ,जाशुवा ,कटुरी वेंकटेस्वरराव ,टुम्मल शीतारामम्रति आदि रचनाकर इस विधा को लिया है.

भक्ति कवित्व : प्राचीना कल से आई ये कवित्व आधुनिक काल मे भी स्थिर होकर अपनी स्थान को प्रकट किया है. इस काल के भाव कवियों ने अनेकनेक गीतों रचना किया है.करुणश्री, विस्वनाध सत्यनारायण ,रायप्रोल सुब्बाराव, दुव्वुरी रामिरेड्डी आदि प्रमुख है .

देशभक्ति कवित्व :अंग्रेजियों से बचाकर स्वतंत्र पाने केलिए आम जनता को प्रेरित करने केलिए ये कविता जन्म लिया है.ये देश भक्ति कवित आंध्र देश मे दो रूपों मे देख सकते है ,एक तो भारत देश का मुक्ति और दूसरा आंध्र राष्ट्र का मुक्ति को लेकर कविता किया है. गूरजाड़ आप्पाराव प्रेमुख है | संकारंबाड़ि सुंदराचारी का " माँ तेलुगू तलॅलिकी मल्ले पू दंड " बहुत प्रसंसनीय गेय है[6] .रायपरोलु सुब्बाराव , एटकुरी ,तूम्मल, गड़ियाराम वेंकटा शास्त्री आदि प्रमुख है .

भावा कवित्व: आधुनिक काल मे एक प्रमुख रीति ही ये भाव कवित्व ,लगभग 1910 से तीन शताब्दों का काल ये रेती तेलुगू कविता का साहित्य मे अपने स्थान निभाई.वेंकटा पार्वतीश कवि,क्रिष्ण शास्त्री ,किन्नेरशानी गीतों प्रमुख है.

अभ्युदय कविता: 1929से 1935 तक का काल इस जगत मे आर्धिक, सामाजिक, राजकीय परिस्थितियों बहुत संक्षोब मे था ,इसी समय बे रोजगारी, दारिद्या एक ओर था ,इसी समय मे जनित काव्य ही अभ्युदय काव्य | श्रीश्री इस कवियों मे प्रमुख है | श्रीश्री ,शिष्टा ,पट्टाभि नारायनबाबू , मुद्दु कृष्ण , पुरीपंडा अप्पलस्वामी आदि मुख्य है |

दिगँबरा कवित्व : इस रीति का कल 1965 से 1968 तक का काल है |नग्नमुनी, निखिलेसवार, चेरबंडराजू, महास्वप्न , ज्वालामुखी, भैरवय्या आदि प्रमुख है |

विप्लवा कवित्वम : "1970 मे कुछ कवियों ने विशाखापट्टनम मे विपलवा रचयिता सांघ का आयोजन किया है|" [7] नग्नमुनी, वारवररराव, राचकोंड विस्वनाध शास्त्री कोदवडगंटि कुटुंबराव आदि प्रमुख है |

स्त्री वाद कवित्व :1985 मे अनेक विदेशों मे फेमिनिस्ट उध्यम प्रारम्भ हुआ है| इसी प्रभाव से भारत देश ,आंध्रा मे पढे लिखे स्त्रीयों पर पड़ा | इस समय पर कुछ पत्रिकाएँ स्त्री केलिए लेखन कार्य शुरू किया पत्रिका मे कुछ पन्ने स्त्रीयों केलिए दिया गया है |इसमे स्त्रीयों अपने घर ,दफ्तर ,विध्यालयों और अपने वृत्तियों मे जो अस्मिताएँ हुई ओ विश्लेषण किया |ऐसी स्थिति मे स्त्रीवादियों ने एक कविता संकलन निकाला ओ ही नीलिमेघाल [8]जयप्रभा "वामनुडि मूडो पादम ,यसोधरा वागपेंदके ,इककड़ा कुरिसीना वर्षम एककड़ी मेघानिदी ," विमला "अडवि वुप्पोंगिना रात्रि, " पाटिबंडल रजनी "एर्र जाबिल्ल एरीना "सुबद्र देवी तेगिन प्रेवु " आदि कविता संपुटाएँ बहुत प्रसिद्ध है |रावु पल्ली सुनीता ,घंटशाला निर्मला ,सावत्रि ,ईश्वरी ,कुप्पिली पद्मा आदि रचनाकार प्रशिद्ध है |

दलिता कवित्वम : अनादी निम्न जातियों को इस समाज मे हीना स्थिति हे है |इन जातियोंकों भी मानुषी जैसे ढेखने की भावना से गुराजाड अप्पाराव ,उननवा लक्ष्मीनारायना ,जाशुवा आदि अपने रचनाओं मे विश्लेष किया |

अन्य : ऊपर दिये गए दोरनियाँ के अलावा और भी अनेक दोरणिया भी है | कोई नियमों को पालन न करके अनेक कवियों ने कविता किया है अजंता ,इस्माइल , सी. नारायनरेड्डी , गुन्टूर शेशेंद्र शर्मा ,यारलगाड्ड राघवेन्द्राव आदि प्रमुख है |

रूप दोरणाएँ :पद्य :आधुनिक कविता मे भाव दोरणाएँ के साथ रूप दोरणाएँ भी अनेक आए थे |प्राचीना काल से आए पद्या आधुनिक काल मे भी प्रचुलित है |विस्वनाथ सत्यनारायना इस मे प्रमुख है |गीत – गेय :प्रचीन काल मे कम से और आधुनिक काल मे व्यापक से प्रचुलित पददती है ए गीत का धारणा |गीत और गेय का रचना कारों मे सर्वोत्तम स्थान गुरजाड़ आप्पाराव का है |नीलगिरी गीत ,मुतयाल सरालु ,देशभक्ति, पूरनम्मा आदि प्रमुख रचनाएँ है |वचन कवित्व :पद्या के बाद गेय का स्थान स्थिर होने के समय वचन कविता आया है |इस कविता के पितामह कंदुरती आंजनेयुलु | श्री श्री ,नारायनबाबू ,आरुद्र इस कविता का कवियों है |मिनी कविता – हाइकु :आधुनिक कविता मे मिनी कविता को प्रमुख स्थान है |काव्य और धीर्घ कविताएं पड़ने केलिए पाठकों का समय नही होने के कारण पत्रिकाएँ मे स्थान की कारण हो, या स्थल पुरानों केलिए हो लेकिन मिनी कविता तेलुगू कविता धारणा मे प्रधान स्थान मिला |

नाटक :आधुनिक युग केआर साहित्य प्रक्रिया मे प्रमुक रूप नाटक का है |1860 मे कोराड रामचन्द्र शास्त्री से लिखत "मंजरी मधूकरीयम " तेलुगू का पहला नाटक है .|[9] आंद्र नाटक पितामहा रामकृष्णमाचार्युलु अनेक स्वतंत्र पौराणिक नाटकों लिखा है |नाटिका : नाटक का रीति को आम जनों ने स्वीकार नही किए इस समय ही नाटिका का धारण आया |नाटिका एकाँकी समानार्थक है |मुद्धुकृष्ण अनार्कली प्रमुख है |

नवल : आधुनिक काल मे इस युग का नाम भी हुआ है |इस काल का नवाला युग नाम से प्रचुलित हुआ है |वीरेशलिंगम 1878 मे विवेकवारधिनी मासपटरिकामे "राजशेकर चरित्र " दारावाहिक प्रचुरित किया है |कृष्ण पत्रिका , देशमाता, मनोरमा, आंध्र पत्रिका आदि पत्रिकाएँ नवल धारण का प्रमुख स्थान दिया है |

द्रविड़ भाषाओं का विभाजन :

वैदिक संस्कृति काल के पहले हुई मूल द्रविड़ भाषा मानदलीक रूप धारण लेकर लगभग ई.स. पू 5000 वर्षों के पहले तीन उपशाखाओं विभाजित हुआ है |

उत्तर द्रविड भाषोप कुटुंब
मध्य द्रविड़ भाषोप कुटुंब
दक्षिण द्रविड़ भाषोप कुटुंब

इसके बाद दक्षिण द्रविड़ भाषोप कुटुंब लगभग ई. स. पू 2000 से ई.स .युग 1500 मे दो उपशाखाओं मे विभाजित हुआ है | अब इस कुटुंब मे लगभग 30 भाषाएँ हैं.ये भाषाएँ पाकिस्तान, बेलूचिस्तान से लेकर भारत मे कन्याकुमारी तक फैलाई है.पहला दक्षिणा द्राविड भाषोप कुटुंब मे तमिल, कन्नड, तुलु, कोडुगु, तोद, कोत, इरुलु, एरुकल, आदि है .दूसरा कुटुंब मे तेलुगू, गोंडि, कोंड ,कुई, कुवि, पेंगो, मंड आदि है .

तेलुगू भाषा और अन्य भाषाओं का संपर्क :इस जगत मे कोई भाषा विकसित हुई है तो वो अन्य भाषाओं से संपर्क होने से ही होगा | अंतरजातीय

भाषा स्थान लिया गया अंग्रेजी भी तेलुगू भाषा से लेकर अनेक अन्य भाषओं का प्रभाव लेकर ही सम्पन्न भाषा बन गई |टेंट भाषा सुसंपन्न बनाने केलिए अन्य भाषा की पदों कों अपना कर लिया|साधारणतहा भाषा का प्रयोग "आदान प्रधान ,वैविध्य,भाषाभिवृद्धि विधान, भाषा की व्यवहार और आवस्यकथा ,अन्य भाषा का प्रियत्व ,अन्य संस्कृति का अनुकरण आदि पर आधारभूत है"[10] ए विधा सारी भाषाओं पर वर्तित है |

तेलुगू भाषा की वर्गीकरण :

1.मूल द्रविड़ भाषा से संक्रमित सजातीय पदजाल
2.सजातीय भाषा से संक्रमित सजातीय पदजाल
3.विजातीय भाषा से संक्रमित सजातीय पदजाल
4.विजातीय भाषा से संक्रमित विजातीय पदजाल
5.सजातीय भाषा से संक्रमित विजातीय पदजाल

तेलुगु जाती का संस्कृति और सम्प्रदायों :संस्कृति :"एक जाती को अभिवृद्धि के मार्ग में ले जानेवाली मार्ग को संस्कृति कहते हैं. "The transmission of knowledge, opinions, doctrines, customs, practices etc.. From generation, originally by word of mouth and by example-[11] Websters dictionaryमानव जाती आविर्भाव से लेकर आज तक संस्कृति आती ही हैं. संस्कृति का आचरण ही संप्रदाय कहते हैं. इसलिए ये दोनों पूरक हैं. दोनों का विभाजन नहीं होगा.संस्कृति और सभ्यता दोनों भिन्न हैं. सभ्यता मानव का बाहरी से और संस्कृति आतंरिक जीवन से सम्बंधित हैं संस्कृति और सम्प्रदायों का अध्ययन करना हैं तो पहले एक जाती का जीवन चरित्र अध्ययन करना हैं. एक जाती लोग का समय और ओ कैसे जिया हैं, कौनसी खेल खेला, कौनसी गाना गया, कौनसी चीजें उपयोग किया, उनका आचार व्यवहार इत्यादि अनेकानेक विषयों का आधार पर ही संस्कृति का ग्रहण करना आसान होगा. तेलुगु जाती का एक विशेषज्ञता हैं. संस्कृति बदलते ही रहता हैं. ऐसा ही तेलुगु संस्कृति में भी बदलाव आया हैं. लेकिन ये बदलाव चरित्र में नहीं देख पायेंगे. इसलिए संस्कृति में जों बदलाव आया हैं ओ हम पहचान नही कर पाएँगे. ऐसा ही भिन्न जाती, भिन्न भाषाएँ होने वाली भारत में प्रत्येक संस्कृति को स्तिर रखना मुश्किल हैं फिर भी तेलुगु जाती का संस्कृति अब भी वैभव से ही रहा हैंतेलुगु संस्कृति का सजीव दिखाने वाली विषयों हैं कि अपने कलाए. प्राचीन काल से राजाओं अस्तान उद्योगियों, संस्थानाधीसों, जमींदारों ललिताकालाओं को विकसित किया हैं ओ ही तेलुगु संस्कृति का निदर्शन हैं.कुचीपूड़ी नृत्यसम्प्रदायों में, पत्थरो को शिल्प बनाने वाले शिल्पाकारों की नायपुण्य में, सालों गुजरने के बाद भी कोई नारंग बलने वाले चित्रों को खींचने वाले चित्रकारों में, देव देवताओं को भी प्रसन्न बनकर भुवि पर आह्वान करने वाले वग्गेयाकारों के कीर्तनों में, हर रसीकों का मन अहलाद किये कविता संपन्नों में तेलुगु जाती का संस्कृति दिखा कर गर्व से जीते हैं.ऋतुए :पूर्व काल में ही ऋतुओं का अध्ययन क़रके कौनसी कल में कौनसी भूखारें फैलाते हैं और कैसा इससे बचाना हैं ओ भी आमजनों को आसान से सीखने जैसे आचार ,संप्रदायों, पर्वो को निर्धारित किया और सारे लोगों को बचा कर इसके द्वारा आमजनों का आरोग्य परिरक्षण सूत्रों को बताया तेलुगु संस्कृति वर्णनातीत हैं.

प्रकृति :प्रकृति का पुजापाठ करना तेलुगु संस्कृति में एक अंग था. मनुष्य का आधार हैं प्रकृति. इसके अध्ययन, और परिरक्षण केलिए पेड़ों और जंतुजाल को पूजनीय बनाया. बरगद, नीम, तुलसी जैसे वृक्ष में हुए औशादीय गुणों को सीख कर पर्यावरण परिरक्षण करके अपने संतती को शुभकामनायें किये तेलुगु संस्कृति स्लगनीया हैं1. नट्टव मेल संप्रदाय,2. नाट्य मेल संप्रदायस्त्रियो का नाट्य नट्टव मेलम पुरुषोंका नृत्या नाटकों को नाट्य मेलम कहते हैंनट्टव मेल विद्या कों कुछ लोगों ही आराधन किया हैं लेकिन नाट्य मेल संप्रदाय कों संघ में रहे गरीब लोगों से लेकर अमीर वर्ग भी अभ्यासन क़रके यक्ष गान, नाटकों, भागवत मेल संप्रदायों प्रदर्शित किया हैं. यक्षगान, नाटक आमजनता का विनोद पूर्वक रहा हैं नावाजनार्दनम, भामाकलॉपम, गोल्लकाळापम आदि भागवत मेल सम्प्रदाय का हैं. इनका एक और नाम ही पारिजातलू 'कुचीपूड़ी भागवत संप्रदाय में पुरुष स्त्री के जैसे अलंकार किया हैं तो नव जानर्थन में स्त्री का पात्र स्त्री ही किया हैं. नावाजानार्थनम पूर्वी गोदावरी का प्रसिद्ध हैं यहाँ नौ जानर्थन मंदिरों हैं. यहाँ जनार्थनम का प्रधर्शन नियम के प्रकार होगा. कुचीपुड़ी भागवत का भामाकलापम नौ रात्रों क्रम से प्रदर्शित होकर दसवीं दिन दशमस्कन्दम प्रदर्शित होगा ऐसा ही नव जानर्थन पारिजातम भी प्रदर्शित हैंकुचीपूड़ी :आंध्र राष्ट्र का प्रसिद्ध नाट्य हैं कुचीपूड़ी. ये नाम एक ग्राम का नाम हैं|16शताब्दी में गोलकोंडा का नवाब अबुलहुसेन के आस्थान में एक गुंज नाट्य किया था और राजा प्रसन्न होकर एक ग्राम को दान दिया हैं ऐसे ही ये नाट्य ब्राह्मणों को सिखाया इस समय|इस काल में शुद्ध नाट्य को लोगों को सिक्षा देने केलिए एकाग्रत से एक व्यायाम की साधना के जैसे ही अभ्यास किया हैं|

पेरिणी :हजारों वर्षों का चरित्र रहने वाले एक प्रमुख नाट्य रीति हैं पेरिणी| ओरुगाल्लू का राजाओं गणपति देव, रुद्रमा देवी, प्रतापरूद्र काल में प्रमुख नाट्य हैं पेरिणी| काकतीया राजा शिव भक्त थे| शिव देव नाट्य प्रिय होने से उसके सामने तांडव क़रके सैनिकों को प्रेरित करने केलिए उपयोगित हैं|इसके बाद जानपद नाट्य भी प्रचलित हैं|हस्त कला संस्कृति :हस्त कला संस्कृति में आंध्र प्रसिद्ध हैं| प्रकृति, संस्कृति, संप्रदाय, पौराणिक गाधाएँ, चरित्रक विषयों को विवाराणत्मक वर्णन में हस्तकला कारों ने अद्वितीय थे| एक शाड़ी को माचीस में रखने केलिए अंतर्जतीया प्रसिद्ध बन गया हैं|लाख की गुड़िया :विशाखपटनम, पेंदुरती, में लाख के दाँत से गुड़िया बना कर बहुत प्रसिद्ध बनगया हैं|

कटपुतली :पूर्वी गोदावरी, का माधवपटनम, अनंतपुर जिले चाकारपल्ली, निम्मलकुंटा, गुंटूर जिले प्रांतो में कटपुतालियों का तैयारी केलिए प्रसिद्ध हैं| पौराणिक, चारित्रक अंशोको लेकर कटपुतली तैयार करके प्रदर्शन देते हैं रोतों में बिजली का लायट डाल कर पुरे रात ये प्रदर्शन होजाता हैं|निर्मल, कोंडपल्ली गुड़िया :एक तरह की पेड़ से बनाया गुड़िया केलिए अंतर्जातीया प्रमुख विशेषता हैं इस कोंडपल्ली गुड़ियों का|कलंकारी :चित्तूर जिले का श्री कालहस्ती में जुलाहों का एक विधा हैं. कृष्णा जिले का मछलीपटनम इसका प्रसिद्ध हैं|क्रीडा संस्कृति :तेलुगु संस्कृति का एक प्रमुख अंग हैं क्रीडा संस्कृति हैं|गोटी बिल्ला :इस खेल को हम गिल्लू डंडा या गुल्ली डंडा कहते हैं| ग्रामीण प्रांतो के बच्चे ये खेल बहुत आशक्ति से खेलेंगे| ये आज की क्रिकेट के जैसा हैं|2,3 इंच छड़ी का टुकड़ा को लेकर एक और चड़ी से मरेंगे ये चड़ी का टुकड़ा कितनी दूर पर गयी हैं उतनी अंक मिलेगा जब छड़ी का टुकड़ा को किसी ने आसमान से आने के समय किसी ने पकड़ा हैं तो जों मारने वाला खेल से विराम लेना हैं|बच्चालु :ये खेल आज की बिलियर्ड्स, स्नुकर्स, क्यारमस के जैसा हैं

निष्कर्ष: :तेलुगु भाषा का अविर्भाव में कुछ तो कुछ विवाद हैं फिर भी ओ द्रविड़ भाषा का कुटुंब पर ही गिनना उचित हैं. तेलुगु साहित्य में हम देखा हैं तो संघ संस्करण कवियों वीरशलिंगम, मंगापुड़ी वेंकट शर्मा, तुम्मल सीताराममूर्ति, आदि प्रसिद्ध हैं भक्ति कवियों में वेंकटपर्वतीश कवुलु, विस्वाथ सत्यनारायण, कृष्णशास्त्री, दुव्वुरी रामीरेड्डी आदि प्रमुख हैं. देश भक्ति कवियों में गरिमेल्ल सत्यनारायणा, पट्टपर्ती नारायनाचार्यलु, शांकरम्बाड़ी सुंडाराचारी आदि प्रमुख हैं|ऐसे ही स्त्री जानोद्धारण के कवियों में गुरजाड़ अप्पराउ,, अभ्युदय कवियों में श्री श्री आदि प्रमुख हैं|संस्कृति के बारे में आया हैं तो तेलुगु जाती स्त्रीयों का वेश धारण एयर पुरुषों का वस्त्र धारणा विदेशियों का भी मुग्ध करते हैं कहने का कोई अतिशक्ति नहीं हैं|

******

सन्दर्भ ग्रंथ : -

1.तेलुगू भाषा आविर्भाव "आचार्य जी.वि. एस.आर.कृष्णमूर्ति " पृष्टि संख्या 2
2. तेलुगू भाषा आविर्भाव "आचार्य जी.वि. एस.आर.कृष्णमूर्ति " पृष्टि संख्या 2
3. तेलुगू भाषा आविर्भाव "आचार्य जी.वि. एस.आर.कृष्णमूर्ति " पृष्टि संख्या 3
4. तेलुगू भाषा आविर्भाव "आचार्य जी.वि. एस.आर.कृष्णमूर्ति " पृष्टि संख्या 4
5. तेलुगू भाषा आविर्भाव "आचार्य जी.वि. एस.आर.कृष्णमूर्ति " पृष्टि संख्या 5
6. आधुनिक तेलुगू साहित्य प्रक्रियाए , ढोरनियाएँ डा . माड़भूषि समपतकुमार " पृषती संख्या 42
7. आधुनिक तेलुगू साहित्य प्रक्रियाए , ढोरनियाएँ डा .माड़भूषि समपतकुमार " पृषती संख्या 48
8. आधुनिक तेलुगू साहित्य प्रक्रियाए , ढोरनियाएँ " डामाड़भूषि समपतकुमार " पृषती संख्या 48
9. आधुनिक तेलुगू साहित्य प्रक्रियाए , ढोरनियाएँ "डा माड़भूषि समपतकुमार " पृषती संख्या 53
10. तेलुगू भाषा आविर्भाव "आचार्य जी.वि. एस.आर.कृष्णमूर्ति " पृष्टि संख्या9
11. "आचार्य टी.एस.गिरिप्रकाश" का तेलुगू संस्कृति संप्रदयालु पृष्टि संख्या 79

अभिमन्यु अनत कृत 'अपना मन उपवन' उपन्यास में पर्यावरणीय विमर्श

डॉ.रामरति
शोध निर्देशिका प्रोफेसर, हिन्दी विभाग
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर, रोहतक (हरियाणा)

जयन्ती
शोधार्थी
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर, रोहतक (हरियाणा)

शोध सार - प्रवासी हिंदी साहित्य में मॉरिशस के प्रेमचंद कहे जाने वाले साहित्यकार अभिमन्यु अनत किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उन्होंने अपने उपन्यासों के जरिए गिरमिटिया संघर्ष को नया आयाम प्रदान किया व उनके अधिकार हेतु आवाज उठाई। 'अपना मन उपवन' एक भिन्न विषय पर्यावरणीय समस्या को लेकर लिखा गया महत्त्वपूर्ण उपन्यास है जिसके माध्यम से उन्होंने सभी जीवन मूल्यों को ताक पर रखकर की गई भौतिक उन्नति पर प्रश्नचिह्न लगाया है वहीं प्रकृति की महत्ता को भी प्रतिपादित किया है। भौतिकतावाद व आधुनिकता से प्रेरित मनुष्य उन्नति के शिखर पर पहुँचना चाहता है ऐसे में प्रकृति इसका मूल्य क्यों चुकाए? यही इस उपन्यास का मुख्य कथ्य है। अनत मानव जाति को प्राकृतिक असंतुलन से उत्पन्न विभीषिकाओं के खतरे के प्रति सचेत भी करते हैं ताकि प्रकृति की गोद में पला मनुष्य अपने वास्तविक जीवन मूल्यों को पहचाने और प्रकृति के विनाश का यह चक्र थम जाए। यही लेखक और प्रकृति की एकमात्र पुकार है जिसे अनसुना करने पर मानव जाति अपने विनाश के लिए स्वयं उत्तरदायी होगी।

बीज शब्द -प्रकृति, असंतुलन, मानव-जाति, जैव-विविधता, जीवन, पर्यावरण

हिंदी साहित्य की अविरल अमृतधारा में भारतीय लेखकों के समान प्रवासी लेखकों का भी विशिष्ट योगदान है। परदेश में बसे लेखकों का साहित्य एक ओर देश की माटी की सोंधी खुशबू से सुवासित है वहीं दूसरी ओर उसमें परदेश की संस्कृति व समस्याओं का चित्रण भी मिलता है।विभिन्न देशों में हिंदी भाषा का बीजांकुर करने वाले साहित्यकारों ने अपनी श्रमबूंदों से सींच कर इसे एक विशाल तरु का रूप दिया है जिनमें अंजना संधीर, पुष्पिता अवस्थी, रामदेव धुरंधर, सोमदत्त बखोरी, अर्चना पेन्यूली, सुषम बेदी व अभिमन्यु अनत सरीखे लेखकों का नाम उल्लेखनीय हैअभिमन्यु अनत मॉरिशस व भारत के एक प्रसिद्ध साहित्यकार है जिन्होंने लगभग सभी विधाओं में साहित्य सृजन कर हिंदी भाषा को वैश्विक फलक प्रदान किया है। उन्होंने लगभग 32 उपन्यासों की रचना की जिनका मूलाधार मॉरिशस का भारतवंशी समाज है। वे मूलतः भारतवंशी हैं और इसलिए भारत के हिंदी पाठक उनके साहित्य में घनिष्ठ आत्मीयता का अनुभव करते हैं। इनके उपन्यासों में गिरमिटिया संघर्ष, स्त्री-चेतना, आधुनिक परिवेश में बदलते जीवन मूल्यों के चित्रण के साथ-साथ पर्यावरणीय विमर्श भी देखने को मिलता है।अभिमन्यु अनत द्वारा रचित उपन्यास 'अपना मन उपवन' पर्यावरण प्रदूषण व बिगड़ते पारिस्थितिक संतुलन पर केन्द्रित है। इस उपन्यास के विषय में जर्नादन कालीचरण का मत द्रष्टव्य है, ''अभिमन्यु ने अपने उपन्यासों में प्रकृति को मानव जीवन से तादात्म्य करके ही उसके सौंदर्य की अनुभूति की है। मनुष्य को प्रकृति से संजीवनी शक्ति ग्रहण करना जरूरी है। इससे उसे साहस मिलता है और धीरज के साथ अपना कर्म करते रहने की प्रेरणा मिलती है। लेखक का यही ध्येय है।''[1]

अनत विशिष्ट प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व होने के साथ-साथ प्रकृति प्रेमी भी थे। लेखक कमल किशोर गोयनका ने 'अभिमन्यु अनत की साहित्य यात्रा' पुस्तक में इस कथन की पुष्टि की है।[2] अपने इसी प्रकृति प्रेम व चिंतन को उन्होंने 'अपना मन उपवन' उपन्यास में एक सार्थक कथा - विन्यास के माध्यम से प्रस्तुत किया है। धर्मा, रामचरण, प्रियदत्त, विपिन, नमिता, निशा, अरविंद, अखिलेश आदि पात्रों के आपसी संबंधों के साथ-साथ लेखक ने पर्यावरण प्रदूषण को केन्द्र में रखकर प्रकृति और मानव के बदलते संबंधों को उद्घाटित किया है।उपन्यास का मुख्य पात्र रामचरण एक प्रकृति प्रेमी है जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का हिमायती है। निम्नवर्गीय समाज के निर्धन और बेबस लोगों की सहायता हेतु प्रतिक्षण तत्पर रामचरण, बालक धर्मा व युवती निशा के माध्यम से प्रकृति के मूल्य को दर्शाता हुआ आगे बढ़ता है। वह धर्मा को कभी पहाड़ पर व कभी अजायबघर ले जाकर पेड़-पौधों व पक्षियों के बारे में जानकारी देता है ताकि उसे मॉरिशस की जैव-विविधता का ज्ञान हो। 'डोडो' पक्षी के विलुप्तप्रायः हो जाने पर धर्मा व रामचरण का आपसी संवाद इसी तथ्य की पुष्टि करता है ''क्या सचमुच यह पक्षी केवल हमारे ही द्वीप में था, और कहीं नहीं? ..... नाना, हमें तो इस बात पर गर्व करना चाहिए कि अपना नामोनिशान मिटाकर भी डोडो ने हमारे देश को विश्व-भर में विख्यात कर दिया।''[3]इस उपन्यास के नायक रामचरण के चरित्र में कहीं-कहीं अनत की छवि दिखलाई देती है जो एक जागरूक प्रकृति-प्रेम होने का परिचय देती है। गाँव में विवाह के अवसर पर पौधे भेंट करना उसकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है[4] ताकि लोग पेड़-पौधों के महत्त्व को जाने और पर्यावरण संरक्षण अभियान में अपना योगदान दें। अनत कभी एक चिंतक के रूप में, कभी एक पर्यावरणविद् बनकर तो कभी एक बुजुर्ग के रूप में औपन्यासिक पात्रों को प्राकृतिक संतुलन की अहमियत बताते हैं। गाँव में आम का वृक्ष काटे जाने पर रामचरण का स्वकथन उसके प्रकृति विषयक चिंतन को उजागर करता है, ''अगर भगवान ने पेड़-पौधे, नदी-नाले, पहाड़ और वन-उपवन नहीं दिए होते तो क्या इस वसुंधरा पर मानव का जी पाना संभव होता?''[5] सृष्टि के आरंभ से ही मनुष्य का जीवन प्रकृति के उपयोग व उपभोग पर टिका है। आधुनिकता और मानव-पीपासा के कारण मनुष्य व प्रकृति के संबंधों में असंतुलन बढ़ गया, नितदिन बढ़ती हुई प्राकृतिक आपदाएँ इसी का परिणाम है।

अनत की दूरदृष्टि ने इस खतरे को भांप कर विश्व को सचेत करने का सार्थक प्रयास किया है और इसलिए उन्होंने अपने चिंतन को एक उपन्यास का रूप देकर विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। उपन्यास में रामचरण की अपने मित्र प्रियदत्त के साथ बातचीत अनत की पर्यावरण विषयक चिंता को जाहिर करती है।''प्रियदत्त – लोगों के बीच फूल-पौधे बांटकर तुम क्या पाते हो? रामचरण–आनंद पाता हूँ। इसके पीछे एक मकसद भी है-लोगों में प्रकृति के प्रति आदर और प्यार पैदा करना ..... हमारे ग्रंथों में धरती की रक्षा की मांग की गई है हमसे! और हम है कि आधुनिकता और प्रगति के नाम पर पर्यावरण को प्रदूषित करते ही चले जा रहे हैं।''[6]वस्तुतः प्राकृतिक असंतुलन के लिए मानवीय गतिविधियाँ ही प्रत्यक्ष व परोक्ष रुप से उत्तरदायी हैंयहाँ बुजुर्ग पात्र रामचरण अनत के प्रतिनिधि के रुप में अपने प्रकृति प्रेम और चिंतन को पाठक वर्ग के समक्ष रखते हैं। स्वयं रामचरण का बगीचा अनत के गृह उद्यान की भाँति विभिन्न प्रकार की पादप प्रजातियों व पेड़ों से सजा हुआ था जिनमें फर्न, इक्जोरा, आर्किड, फीसिया, ड्रासेना आदि पौधों की विभिन्न किस्में मौजूद थीं। वे अपने इस संग्रह में उपस्थित विभिन्न पौधों के नाम, किस्में व विशेषताएँ आँख बंद करके भी बता सकते थे। प्रकृति प्रेम की यह एक अनूठी मिसाल है जिसमें मनुष्य अपना सर्वस्व प्रकृति और उसकी देन के संरक्षण में लुटा देता है। मॉरिशस द्वीप के पहाड़ों पर उगी पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण हेतु रामचरण उनकी पौध अपने बगीचे में तैयार करता है साथ ही इस जैव-विविधता को दुनिया की नजरों से भी दूर रखता है।

अनाथालयों, विद्यालयों, मंदिरों व अस्पतालों में रामचरण इन पौधों को बाँट देता है ताकि पौधों की खूबसूरती इस द्वीप के प्रत्येक कोने में फैल जाए, साथ ही इस कार्य के पीछे उसका एक उद्देश्य भी है - प्रत्येक प्राणी में प्रकृति के प्रति प्रेम व संवेदना उत्पन्न करना। यदि उसका यह कार्य पूर्ण हो जाए तो पर्यावरण संरक्षण एक मुहिम बन जाएगा जिसमें प्रत्येक मनुष्य की भागीदारी से यह द्वीप फिर से अपनी खोई हुई सुंदरता को प्राप्त कर सकेगा। परन्तु यह कार्य इतना सरल नहीं है। उसके द्वारा दान किए गए पौधे मानव संवेदना की भांति शनैः शनैः सूख जाते हैं। इस संवेदना को पुनः जागृत करना ही अनत के प्रतिनिधि रामचरण के जीवन का एकमात्र उद्देश्य है। वह सोचता है ''अगर लोगों में अपने आँगनों को पेड़-पौधों से सजाने की आदत न बनी तो कल हमारा यह सुंदर द्वीप कंक्रीट और पत्थरों का शहर बनकर रह जाएगा।''[7] रामचरण और प्रियदत्त के बीच बातचीत से रामचरण की पर्यावरण के प्रति

चिंता प्रकट होती है। वस्तुतः प्रकृति संपूर्ण ब्रह्मांड में प्राण तत्वों का संचार करने वाली आद्या शक्ति है। प्राकृतिक क्रियाओं में मनुष्य के बढ़ते हस्तक्षेप ने ही प्राकृतिक असंतुलन को जन्म दिया है फलस्वरूप जंगलों व गाँवों में साधारणतया पाई जाने वाली पेड़-पौधों व जीव-जंतुओं की बहुत सी प्रजातियाँ विलुप्तप्रायः हो गई है।रामचरण इस परिवर्तन के परिणाम को भांपकर ही अपने ढंग से पर्यावरण संरक्षण में संलग्न है। वह मानव-मात्र को प्रकृति अनुरागी व संरक्षक बनाने में अपने जीवन की सफलता मानता है।मॉरिशस की बदलती जीवनशैली और मिट्टी में घुलता जहर वहाँ की जैव -विविधता हेतु एक खतरा है। प्राकृतिक बदलाव के कारण आपदाओं की संख्या में वृद्धि हो गई है वहीं बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि, बर्फबारी के रुप में प्रकृति का क्रोध प्रकट होता है जिसके लिए एकमात्र मानव जाति ही उत्तरदायी है। प्रियदत्त कहता है, ''आदमी खुद अपने को दूषित करके समय से पहले धरती पर प्रलय खींच लाने की होड़ ले रहा है।''[8]रामचरण आदमी की असीम इच्छाओं और दुनिया की इस तूफानी रफ्तार से डरता है। मनुष्य व प्रकृति का संबंध सदा सर्वहितकारी हो। अनत मानव को प्रकृति-मित्र के रूप में देखना चाहते हैं, विनाशकारी के रूप में नहीं। इसलिए वे रामचरण को अगुआ बनाकर युवा पीढ़ी को प्रकृति की महत्ता समझाते हैं और इस उपन्यास के माध्यम से सफल भी होते हैं।रामचरण के जरिए अखिलेश, धर्मा व निशा को दिया गया संदेश उपर्युक्त कथन की सार्थकता प्रमाणित करता है। ''प्रकृति झलक-झलस कर और मानवता घायल हो-होकर फिर से जिंदा होती रहती है ..... हमारे बाद तुम लोग शमशान को फिर हरे-भरे खेतों में बदलोगे ..... आदमी की कामयाबी और नाकामयाबी से अधिक विश्वास मुझे आदमी की आदमीयत पर है। इतिहास का यह अलग अध्याय समय नहीं लिखेगा, तुम लोग लिखोगे।''[9]विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों, प्राकृतिक संकटों के अंधेरे में जब मनुष्य चिंतन करेगा तो इसके कारणों का उन्मूलन कर फिर से प्रकृति माँ की गोद में चैन से सो पाएगा ऐसा अनत का अखंड-विश्वास है जिसे उन्होंने एक कथासूत्र में पिरोकर एक उपन्यास के रूप में प्रस्तुत किया। निश्चित ही उनका यह प्रयास पर्यावरण प्रदूषण व प्राकृतिक असंतुलन की विभीषिका की ओर विश्व का ध्यान केन्द्रित करेगा और प्रकृति के प्रति मानवीय दृष्टिकोण का विकास होगा।

****

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. कालीचरण, जर्नादनअभिमन्यु अनत सं० 2001 373 विज्ञान का उपन्यास जगत परिषद् एक समीक्षा
2. गोयेनका, अभिमन्यु अनत की सं० 2019 17 स्वराज कमल किशोर साहित्य यात्रा प्रकाशन
3. अनत, अभिमन्यु अपना मन उपवन सं० 200835 सामयिक प्रकाशन
4. वही 66
5. वही 102
6. वही 140-141
7. वही 140-141
8. वही 185
9. वही 313

भगवानदास मोरवाल के कथा साहित्य में मानवाधिकार

अजय जी कम्मत

7/55, शिव कृपा
प्रभु बैग स्ट्रीट, साउथ चेरलाई पैलेस रोड, मट्टनचेरी,
एर्नाकुलम कोचीन - ६८२००२फ़ोन : 9895819691

मानवाधिकार शब्द मानव + अधिकार दो शब्दों से बने है। अर्थ स्पष्ट है कि मानव को कानून द्वारा जितने अधिकार प्राप्त है उसे मानवाधिकार कहते है। मानव के जन्म सिद्ध अधिकारों को हम उनके जीवन की विभिन्न अवस्थाओं को ध्यान में रखकर देख सकते हैं। मानव के अधिकारों के इस तरह विवेचन करने की ज़रूरत इसलिए महसूस हो रहे हैं कि मानव आज भी अपने अधिकारों से पूर्ण रूप से अवगत नहीं है। जब तक अपने अधिकारों के बारे में वे जानकारी ज्ञात हासिल नहीं करते है तब तक उन्हें यह पता नहीं चलेगा कि उनके साथ अधिकारों का हनन हो रहे हैं या उनकी सुरक्षा हो रही है। इस जानकारी के अभाव से ही वे अपने साथ हो रहे अन्याय को निस्सहाय होकर सहन कर रहे हैं।

मानव के जीवन का अधिकार बहुत कुछ समेटता है। हमारा जीवन पशुजीवन नहीं है। जीवन का अधिकार शरीर और क्षमता के संरक्षण तक ही सीमित नहीं है. हर व्यक्ति को मानव गरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है। जैसे जीने की मूलभूत आवश्यकताएँ -भोजन, वस्त्र और आवास को पर्याप्त सुविधा, पढ़ने-लिखने और विभिन्न रूपों में अपने को अभिव्यक्त करने, मुक्त रूप में आने-जाने और अन्य मनुष्यों से मिलने की सुविधा आदि। संक्षेप में कह सकते हैं कि अधिकार का अर्थ बहुत व्यापक है और इसमें वे सब बातें आ जाती है जिनके कारण जीवन जीने योग्य बनता है।

भगवानदास मोरवाल के कथासाहित्य में स्त्रियों का मानवाधिकार:-

भगवानदास मोरवाल ने अपने उपन्यासों व कहानियों में स्त्रियों को महत्व दिया है। कुछ स्त्री पात्र अपनी स्वतंत्रता व अधिकार का अच्छा ज्ञान रखनेवाली हैं एवं उसका पूर्ण उपयोग करनेवाली है। लेकिन कुछ स्त्रियाँ अपने अधिकार से ज्यादा परंपरा व संस्कृति को ज़्यादा महत्व देने के कारण अधिकारों का ज्ञान नहीं रखता।मोरवालजी ने अपने उपन्यास 'रेत' में कमला सदन में रहनेवाली स्त्रियों को दिखाया है जो अपनी स्वतंत्रता व अधिकारों का सही ढंग से उपयोग करती हैं। यहाँ अपनी संस्कृति व परंपरा को कायम रखकर ही वे अपनी स्वतंत्रता व अधिकार का उपयोग करती है।कमला सदन वालों की दृष्टिकोण में स्त्री-पुरुष के अधिकारों में कोई फर्क नहीं है। उनको मिला अधिकार का पूरा उपयोग करनेवाली कमला सदन वालों की कमला बुआ का कथन है "क्या मिलता है ब्याह करके ज़िन्दगी भर खसम और औलाद के साथ-साथ भाभी बनी सास-ननदों की चाकरी ही तो करनी पड़ती है। मरी, बुआ बनी रहती तो उमर भर मज़े करती"। कमला बुआ शादी करना अधिकारों का हनन करने या अधिकारों पर अंकुश रखने जैसे महसूस करती है।उनके अनुसार शादी तो किसी दूसरे के दिए स्वतंत्रता में जीने वाली एक प्रथा है। वे तो अपना अधिकार पूर्ण रूप से किसी बाधा बिना उपयोग करना चाहती है।बाबल तेरा देस में की शकीला पढी-लिखी व अपने अधिकारों का पूर्ण ज्ञान होने पर भी उसका पूर्ण रूप से उपयोग कर न पाती है। यह शकीला का ही नहीं उस इलाके को ज्यादातर महिलाओं की स्थिति ऐसी ही है। वहाँ जितना अधिकार पुरुषों को मिला है वे अच्छी तरह उसका उपयोग करते हैं, लेकिन स्त्रियों को अपने अधिकारों की सीमा रहता है। उनका विश्वास भी करनेवाले कम ही रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बत्तो कहती है कि "या मरद की जात की तो झूठी भी सच्ची हो जाए है और हम चाहे कलेजा वीर के दिखा देएँ, हमारे ऊपरे कोई अकीन ना करे है। फिर तो याको जब जी करे हो मौका- बेमौका धर-दबोचे हो। ऊ भी कहाँ तलक अपने आप ए बचाती फिरती"। यहाँ बत्तो उस समाज की स्त्री के अधिकारों के नियंत्रण को उजागर करती है। उस समाज में सभी अधिकारों के कदार होने पर भी स्त्री का महत्व कम ही है। जितनी भी पढ़ी-लिखी होने पर भी कभी ऐसा होता है कि अपने अधिकारों के बारे में किसी दूसरे को सुननी पड़ती है। जब मुमताज़ के पति न मरद जानकर हवेली में एक बडी समस्या उठ जाती है। तब इस्लाम धर्म में स्त्री को दिए खुलअ" नामक अधिकार के बारे में शकीला समझाती है कि "आपा कुछ हालात में जिस तरह मर्द को बीवी से तलाक का हक दिया गया है, उसी तरह कुछ हालात में औरत को भी मर्द से 'खुलअ' का हक दवा गदा है"| शकोला ने जैतूनी

से जब यह कहा तब ही उस हवेली वालों को स्त्री को धर्म द्वारा दिया गया इस अधिकार के बारे में जानकारी मिली। मानव को सभी प्रकार के अधिकारों के होने पर भी कुछ जगह एसे भी है जहाँ स्त्रियों को व छोटे बच्चों को अनेक कष्ट सहना पड़ता है। भगवानदास मेरवाल ने अपनी कहानी 'छल' में भागपुर नामक गाँव को स्त्रियों को दुख पूर्ण ज़िंदगी दिखाई है "भागपुर | इस महान देश के उन हज़ारों गाँव कस्बों की तरह यह भी एक ऐसा गाँव हैं जिसकी हथेलियों पर उसकी भाग्य की रेखाएँ तो है, मगर उन्हें पढ़नेवाला कोई नहीं है। आज भी यहाँ को महिलाओं को खुले में शौच जाने के लिए सूयोदय से पूर्व और सूर्यास्त के बाद छानेवाले झुटपुटे का इन्तज़ार करना पड़ता है"। सैकड़ों गाँवों की तरह यहाँ की महिलाओं को भी पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध न होने की वजह से मीलों दूर से पानी ढ़ोकर लाना पड़ता है। पानी पीना, शौच करना, खाना, खाना आदि हर मानव के मूलभूत अधिकार है। यहाँ इन ज़रूरतों की पूर्ती केलिए भी स्त्रियों को समय रखा गया है। असल में पुरुष से ज्यादा स्त्री को शौचालय वगैरह की ज्यादा ज़रूरत है। लेकिन छल कहानी में जो गाँव दिखाया गया है वहाँ पर स्त्रियाँ शौचालय के अभाव के कारण एक ओर लोगों के उठने से पहले शौच करती है नहीं तो संध्या के बाद | मतलब स्पष्ट है कि स्त्री को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को निभाने की सुविधा तक प्राप्त नहीं है।

भारत में स्त्रियों को अपनी इच्छा के अनुसार सज-धज कर श्रृंगार करने का पूरा अधिकार तो है। नारी अपनी स्वतंत्रता का उपयोग करके व्यक्तित्व को बना सकती है। कुछ जगहों पर यह भी चल रहा है कि नारी को ठीक से सनधज कर चलने का अधिकार से वंचित कर दिया गया है।

भगवानदास मोरवाल की कहानी "लेकिन" में ऐसा देख सकते हैं। कहानी की आयशा को साड़ी पहनने व श्रृंगार करने का अधिकार नहीं दिया है। सज-धज कर चलने की इच्छा से आयशा अपने पति जुम्मे खां से पूछती है कि "आपके यहाँ भी अजीब है.....साडी पहनती है तो हिन्दुआनी, लिपस्टिक लगाती है तो हिन्दुआनी और राख से बर्तन मॉजती है तो बस हिन्दुआनी, यह सब किस हदीस ने कहा है कि हमारी साफ-सफाई और ओढ़ना-पहनना दूसरे मज़हबों से अलग हों"। आयशा एक स्त्री के हकों को माँग करती है। भारतीय नारी ही अच्छी तरह सज-धजकर साड़ी पहनकर निकलती है। लेकिन संस्कृति या धर्म के नाम कह कर पुरुषों द्वारा स्त्री का हक छीने जानेवालों के विरुद्ध आवाज़ उठाती स्त्री का रूप यहाँ दिखाया है।

भगवानदास मोरवाल जी की रचनाओं में मानवाधिकारों के हनन या अभाव का वर्णन करने के साथ-साथ बहुत ही विरलपात्र नवाधिकार का सकारात्मक उपयोग भी करती हुई दिखाई पड़ती है। उनकी एक कहानी निमंत्रण में अपने आप को मिले अधिकार का पूरा उपयोग करनेवाली लड़की निम्मी को दिखाया है जो घर आए मेहमान के साथ नाचती-गाती है साथ ही रात होने के कारण अपने घर में रुकने केलिए मेहमान को मज़बूर करने केलिए माँ से कहती है कि "मामा, इतनी रात हो गई है। सर अब होटल क्या जाएँगे। कुछ ही घंटों की बात है इसलिए इनसे कहिए न कि रात को ये हमारे यहाँ रुक जाएँ"। यहाँ बाहर के एक व्यक्ति को अपने घर में रहने का न्योता नेवाली लड़को को दिखाया है। शहर के लोगों को संस्कृति के साथ शहरी लड़कियाँ अपना अधिकार का उपयोग करने का दृश्य भी दिखाया गया है।

बालकों का अधिकार:-मानवाधिकार का मतलब है मनुष्य को जन्म से प्राप्त अधिकार। अधिकार तो सब मानव को एक जैसा ही मिलना है, लेकिन संविधान ने बच्चों के ऊपर विशेष ध्यान रखकर उनकेलिए विशेष नियम बनाये गए हैं ताकि बच्चे होने के नाते उन्हें अपने हक से कोई वंचित न रखे। समाज पर एक सतही दृष्टि डालने से हमें ऐसे अनेक दृष्टांत मिलेंगे जहाँ पर बच्चों के ऊपर जुल्म हो रहे है। अपने ऊपर होनेवाला जुल्म वे सह भी लेंगे क्योंकि वे अपना हक नहीं जानते। उनके लिए आवाज़ उठानेवाला कोई होना चाहिए। उन्हें भी एक सामाजिक सुरक्षा की ज़रूरत है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के अधिकारों की चर्चा आजकल सर्वव्यापी है, मानवाधिकार का प्रश्न अब केवल कुछ ही आधार तक सीमितत नहीं रह गए हैं। बल्कि उनका विस्तार उन आधारों के साथ भी जुड़ गया है जो मानव जीवन की प्रत्येक आयु, वर्ग के साथ जुड़ते हैं। बच्चों के अधिकारों पर हुए संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न सम्मेलनों में उनके अधिकारों पर व्यापक चर्चा हुई। इन सम्मेलनों में यह माना गया है कि कोई भी व्यक्ति जो 8 वर्ष की आयु से कम का है, जब तक कि किसी कानून द्वारा ववस्कता की कोई अन्य आयु निर्धारित न को गई हो, बच्चों के अधिकारों की श्रेणी में सम्मिलित किया जाएगा। इसी आयु के लोगों को बच्चों के अधिकार की सुरक्षा भी मिलेगी और उनके आर्थिक शोषण, कार्य का शोषण,घातक हस्तक्षेप तथा उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, शारीरिक आध्यात्मिक, नैतिक तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रश्न के निदान भी संभव हो सकेंगे।बच्चों के संदर्भ में इस विषय पर प्रधानता दी जाती है कि उनके काम करने केलिए न्यूनतम आयु क्या स्वीकार किया जाय। वस्तुतः यह मान लिया गया है कि किसी भी अवस्था में 5 वर्ष से नीचे को आयु के बच्चों को किसी भी कार्य केलिए स्वीकार नहीं किया जा सकता। बचपन जीवन की वह अवस्था है, जिसमें बच्चे को काम के लिए प्रतिबद्ध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उसे शिक्षा तथा प्रशिक्षण केलिए प्रेरित किया जाना चाहिए। बालश्रम करने की अवस्थाओं तथा काम करने की प्रवृत्ति के कारण बच्चे की सारी संभावनाओं तथा क्षमताओं पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। ऐसा नहीं है कि बालश्रम को बड़ी आसानी से टाला जा सकता है। लेकिन इसकी समाप्ति तभी संभव है जब राजनीतिक इच्छा प्रबल हो तथा बचपन के प्रति इस प्रकार के व्यवहार को प्रभावित करने की दृढ़ इच्छा हो।

बाल वेश्यावृत्ति:-बाल वेश्यावृत्ति बच्चों की समस्याओं में सबसे गंभीर समस्या है। भारत में वेश्यावृत्ति में लिप्त बच्चों की समस्या अनेक वर्षों से समाज केलिए एक पेचीदा सवाल बन गयाहै। मीडिया में न नाबालिग से ज़बरदस्ती वेश्यावृत्ति कराने, युवा लडकियों की बिक्री, कोठों में, कॉफो हाऊस में वेश्यावृत्ति होने का दिल दहलानेवाली कहानियाँ हर रोज़ देखने को मिलते हैं।बच्चों के अधिकार विषय पर हुए सम्मेलन को भारत सहित 86 देशों ने अपना समर्थन दिया है। इसके अनुसार सरकार ने ऐसी अनेक वादा किया था कि यौन-दुर्व्यवहार और शोषण से बच्चे की रक्षा करेगी तथा उसके शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य लाभ कार्यों को प्रोत्साहन देगी। और इस दुर्व्यवहार से पीडित बच्चे को फिर से सामाजिक संपूर्णता प्रदान करेगी। इन सब शर्तों के बावजूद बच्चों का अपहरण तथा उन्हें कैद रखकर उनका शारीरिक और यौन-शोषण तथा लड़कियों का बलात्कार भयानक रूप से हो रहा है।भगवानदास मोरवाल ने अपने उपन्यास "रेत" में वेश्याओं की ही चर्चा की हैं। जब एक बच्चे का जन्म होता है तब से उसके अधिकारों को भी शुरुआत होती है। मोरवालजी के रेत उपन्यास में चित्रित कमला सदन को चार-साढे चार वर्ष की छोटी लड़की पिंकी के बारे में कमला बुआ कहती है कि "मैं तो अपनी पिंकी को बैदजी डाक्टर बनाऊँगी"। तब पिंको मना करती है। तो वैद्यजी के पूछने पर पिंको कहती है कि "मैं तो बुआ बनूँगी"। यह सुनकर कमला सदन वाले हँस पड़ते हैं। हमारे समाज में बच्चों को वेश्या बनाने की रीति न होने पर भी घरवाले उस छोटी बच्ची का हक, उसका बचपन उससे छीन रहे हैं। कुछ देर बाद वैद्यजी उससे फिर पूछते हैं कि "पर क्यों बनेगी बुआ 7 उत्तर में छोटी पिंकी कहती है:- "बताऊं, बुआ रोज़ अच्छे-अच्छे कपड़े पहनती है। लेटकर टीवी देखती है और बुआ के पास जो अंकल हैं न हैं' 3 प रच में आते हैं न वो कितना रुपया देकर जाते हैं"। उस चार-साढे चार वर्ष की बच्ची के मन में डॉक्टर या टीचर बनने के बजाय वेश्या बनने की इच्छा भर गई है। क्योंकि घर बैठे-बैठे पैसे कमाते आना वह अपने जन्म से देखती आ रही है। इनसे वह भी अपनी दादियों की जैसे बुआ या वेश्या बनना चाहती है। छोटे बच्चों को अपने माँ-बाप के हाथों वेश्यावृत्ति केलिए मज़बूर करने को स्थिति भारतीय समाज में ही देख सकते हैं।

बाल-विवाह:-जो प्रमुख समस्याएँ बच्चों के अधिकारों को गलत ढंग से प्रभावित कर रही है, उनमें बाल-विवाह प्रमुख है। बाल विवाह प्रतिबंध कानून 1929 में बनाने के बाद भी देश के विभिन्न भागों में बाल-विवाह करा

कुछ जगह ऐसे होते बाल विवाह एक सामाजिक रिवाज़ है जिसे करवाने केलिए माँ-बाप मज़बूर है। समाज के निम्न स्तर के लोगों में इस रिवाज़ का प्रचलन अधिक है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। उसमें प्रथम है शिक्षा का अभाव। एक अनपढ़ समाज में ऐसी बुराइयों बहुत जल्दी फैल जाएगी। क्योंकि मां-बाप कभी यह जानते भी न होंगे कि अपने बच्चों के साथ कितना बडा अन्याय हो रहे हैं। मासूम बच्चियों को शादी करवाकर उनके बचपना हम उनसे छीन लेते हैं। किसी कानून बनाकर बालविवाह का रोकथाम संभव नहीं है। उसकेलिए लोगों में जागृती पैदा करना पडेगा। माँ-बाप को इस कुरीति के विरुद्ध खड़ा करना होगा, तभी हमारे बच्चे सुरक्षित रहेंगे। मानवाधिकार आयोग इस समस्या के बारे में सोचते हैं। इस प्रथा को और कानूनी दर्जा दिया गया है और इसे जुर्म माना गया है। भगवानदास मोरवाले ने अपने उपन्यास काला पहाड़ में सलेमी को शादी का विवरण दिया गया है उससे यह पता चलता है कि सलेमी की शादी भी छोटी आयु या बचपन में ही हुई थी। "उस वक्त सलेमी की उम्र ही कितनी थी। ज्यादा- से - ज्यादा दस या ग्यारह साल। उसे बहुत सी बातें और घटनाएँ तो अब याद भी नहीं है और जो याद है वे ऐसे मौकों पर अपने-आप एक दूसरे में गुंथती चली जाती है" |अपने आप नहाना तक न जानने वाले सलेमी की शादी के दिन उसे उसको बडी फूफी ने नहाकर लायी और सलेमी की माँ से कहा कि "भावज, अपणा जाया ए, देखले मैंने कैसों मलूक बणा दियो है गल्लेन मैल उतारो है याका गोडान् सू" । छोटी आयु में सलेमी की शादी करवाकर उसके घरवालों ने उसका बचपन छीन लिया है। घरवालों को तो अपने बेटे की शादी में मिलनेवाली दहेज का ही महत्व रहता है। "जुहु की नमाज़ के बाद महजत में सलेमी के निकाह के समय पूरी बारात जमा हो गई। एक-एक कर सारी रस्में पूरी होने लगीं। बेटी वाले की ओर से दिए गए दहेज की पूरी बारात में चर्चा होती रही। सलेमी केलिए बहुत कुछ दिया बेटी वाले ने। इतना दिया कि भूरे खा की सीना मारे खुशी के चौड़ा होता चला गया। पलंग, पीढी साईकिल, पाँच बर्तन, पाँचों कपड़े और धौण रुपया" । सलेमी को मिला यह रकम तो घरवाले ही खर्च करेंगे। क्योंकि दस-ग्यारह वर्ष का छोटा बच्चा अपने खिलौनों से ज्यादा पैसों से क्या प्यार करेगा। लेकिन घरवालों के कहने पर हठ किए बिना खुशी से वह छोटा बच्चा या बच्ची शादी केलिए तैयार हो गये। मोरवालजी ने "बाबल तेरा देस में" में बचपन में ही शादी करवाई मैना को दिखाया है। मैना तो अपनी शादी के वक्त मना भी न कर सकी ती। इस छोटी लड़की को शादी का मतलब भी मालूम नहीं था। पढ़ने में रुची होने पर भी वह पढ़ नहीं सकी। खेलने का मन करने पर भी अपने आयु की बच्चियों के साथ खेल भी नहीं सकी। बचपन में ही वह घर संभालने लगी। फिर उसकी कठिनाई देखकर जैतूनी से शकोला कहती है कि "यह तो मैं भी कह रही हूँ आप कि बेशक मैना की शादी बचपन में उसकी मरज़ी के खिलाफ कर दी थी, मगर उसे इतनी आसानी से तोड़ा भी तो नहीं जा सकता है"। बचपन में घर संभालने की कठिनाई को देखकर शकीला को गुस्सा आ जाता है। हम वहाँ बाल विवाह के बुरे पहलू देख सकते हैं। यह मैना का ही नहीं बल्कि बालविवाह किए सभी बच्चियों की ज़िदगी ही है।"बाबल तेरा देस में" में मुबारक अली की शादी शगुफ्ता से अच्छा दहेज मिलने केलिए छोटी आयु में करवाई थी। उस छोटी आयु में ही वह माँ बन गई | कुछ साल बाद शगुप्ता को तलाक दिया गया तो हवेली वालों के पैर पड़कर वह छोटी लड़की रोने लगी कि मुमताज़ मेरी नणदी तू काई तरह अपनी इन छोटी-छोटी भतीजीन्ने यलीम होगा सू बचा ले। बूढ़ी माई, तो हे इन दूध पीवता जीवाकन् को वास्तो है? । बाद में जैतूनी से कहती है कि "बूढ़ी माई, या दहली को पानी तो मेरा भाग सू कल ही छिनगो। पतो ना, पिछवा जनम में ऐसा कौन-सा करम करा हा के जाका पल्ला सू बंधी ही वाने ही बीच में छोड़ दी" । "हिम्मत भी तो बची होए बूढ़ी माई। मैं कैसे अपणी माँ सी आँख मिलाऊँगी। मैं तो कहके आई ही आपणई माँ सू के अब के ईद पे पूरा दस दिन रहके जाऊँगी पर मोहे कहा पतो ही मेरी माई के अबे तेरी ई लाडो तेरी दहली पर सदा मदा कू आ पडेगी" । यहाँ शगुप्ता के जीवन से यह पता चलता है कि बाल विवाह द्वारा उसकी जिंदगी छीन गई साथ ही रंगों से भरा बचपन भी। संक्षेप में, शगुप्ता का बचपन एवं जिंदगी का सत्यानाश हुआ। वह अपनी जिंदगी हवेली में ही जीने की इच्छा करती हुई सभी के पैरों पर पड़कर रोती है। यहाँ एक छेटी लड़की के साथ-साथ उसकी छोटी बेटियों के भविष्य का भी सवाल है।

निष्कर्ष:-

हर मानव को जन्म लेते ही कुछ अधिकार प्राप्त होते हैं। मानव किसी भी अवस्था की हो उनको अपने अधिकारों का उपयोग करके जीना है। दूसरे द्वारा इन अधिकारों को छीनना गलत है। मानव को हमेशा अपने अधिकारों को छीनना गलत है। मानव को हमेशा अपने अधिकारों का उपयोग करके जीना चाहिए। लेकिन दौर्भाग्य की बात यह है कि कभी-कभी उनके इन अधिकारों को छीना जा सकता है। कभी कभी परिवार द्वारा है ये भी-कभी समाज द्वारा। इसका कारण यह हो सकता है कि एक ओर मानव उनके अधिकारों के बारे में अनभिज्ञ होंगे तो दूसरी ओर अन्यों भगवानदास मोरवाल के कथा साहित्य में मानवाधिकारों का हनन और उसका उपयोग करते हुए हम देख सकते हैं। उन्होंने अपने साहित्य में बालक, स्त्री, युवक एवं बूढ़े लोगों के मानवाधिकारों पर पाठकों का ध्यान आकर्षित करने का सफल एवं सार्थक प्रयास किया है।

******

सन्दर्भ :-

1. रेत, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -22
2. बाबल तेरा देस में, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -131
3. बाबल तेरा देस में, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -425
4. सीढ़ियां माँ और उसका देवता,भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -11
5. अस्सी मॉडल उर्फ़ सूबेदार,भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -39
6. निमंत्रण,भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -83
7. रेत, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -11
8. रेत, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -12
9. रेत, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -12
10. काला पहाड़,भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -103
11. काला पहाड़,भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -103
12. बाबल तेरा देस में, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -296
13. बाबल तेरा देस में, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -348
14. बाबल तेरा देस में, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -348
15. बाबल तेरा देस में, भगवानदास मोरवाल, पृ.सं -348

'शिक्षा शेरनी का दूध है' इस संकल्पना को दर्शाता 'छप्पर' उपन्यास

सिलपाका वेंकटाद्री,
शोध छात्र, हिंदी विभाग,
हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद- 500046 मो. : 9133495362

प्रस्तावना : वर्तमान को समझने के लिए अतीत को समझना जरूरी होता है। दलित-विमर्श का भी अपना इतिहास है। यह विमर्श अपने वर्तमान रूप में भले ही उन्नीसवीं शताब्दी के बाद अस्तित्व में आया हो लेकिन उसकी जड़े सुदूर अतीत तक जाती है। प्राचीन संप्रदायों में से एक लोकायत सम्प्रदाय यों चार्वाक मत ने संभवतः सबसे पहले वैदिक व्यवस्था को प्रश्नों के घेरे में लाने का प्रयास किया। यह अलग बात है कि लोकायत संप्रदाय दीर्घकाल तक नहीं चल पाया। उसके बाद दूसरे मतों का उदय हुआ। उन्होंने लोकायत की प्रतिरोध की परंपरा को बनाए रखा। इन मतों में बौद्ध मत सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसा पूर्व छठी शताब्दी में धर्म, दर्शन और विचार के क्षेत्रों में बहुत हलचलें मची थी। क्योंकि उस वक्त तमाम मतों का उदय हुआ था। जिनमें जैन मत व बौद्ध मत बहुत प्रभावशाली रहे हैं। इसके बाद भक्ति आंदोलन भारत की प्रतिरोध परंपरा का ऐतिहासिक दौर रहा है। भक्ति आंदोलन अपने प्रारंभिक रूप में भक्ति को लेकर नहीं, सामाजिक आलोचना को लेकर चला था। भक्ति आंदोलन के अधिकांश रचनाकार अवर्ण तबकों से आए थे। इनमें कबीर, रैदास, सेन, दादू आदि थे। आज की दलित कविता का पूर्ववर्ती रूप इन कवियों के यहाँ देखा जा सकता है। डॉ. आम्बेडकर तो कबीर की गिनती अपने गुरुओं में करते थे। समकालीन दलित विमर्श में कबीर और रैदास को केंद्रियता मिलने की सबसे बड़ी वजह उनका स्वाभिमानयुक्त व्यक्तित्व है.इस वैचारिक परंपरा को दलित साहित्यकारों ने अपनी प्रेरणा माना है। जिसके आधार पर यह रचनाकार समाज को शिक्षित बनाने के लिए, अज्ञानता की जंजीरों से मुक्त करने के लिए , जाति उन्मूलन के सपनों को साकार करने में ध्यान दे रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं जाति, धर्म, लिंग, वर्ग आदि वर्चस्व वादी सोच का अंत करने का सपना उनकी रचनाओं में देखने को मिलता है। दलित साहित्य अज्ञानी समाज को ज्ञान की ओर आकर्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है साथ ही सामाजिक आन्दोलनों के माध्यम से समाज में चेतना जागृत करने का कार्य भी कर रहा है ।दलित साहित्य ने शोषण के खिलाफ आवाज उठायी है साथ ही दलित समाज को हिम्मत के साथ लड़ना भी सिखाया है। इस साहित्य के साहित्यिक विधाओं के माध्यम से दलित साहित्यकारों ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक आदि में समानता की माँग करते हुए जाति-प्रथा, छुआछूत के विरुद्ध रचनाओं का सृजन करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

बीज शब्द- शिक्षा का महत्व, दलित समाज की स्थिति, जतिभेद, आम्बेडकरवादी दर्शन, दलित समाज की वैचारिकी, वर्चस्ववादी मानसिकता, प्रेरणास्रोत आदि।

मुख्य अंश: दलित उपन्यास जगत में जय प्रकाश कर्दम को भारतीय दलित साहित्य में महत्वपूर्ण एवं एक जिम्मेदार लेखक तथा उपन्यासकार माना जाता है। उतना ही नहीं भारतीय दलित साहित्य के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसे उनके बहु चर्चित उपन्यास 'छप्पर' को देखा जा सकता है। 1994 में प्रकाशित 'छप्पर' उपन्यास में सुक्का, चन्दन और चन्दन के माता रमिया, हरिया के बेटी कमला तथा ठाकुर हरनाम सिंह की बेटी रजनी आदि पत्रों के द्वारा दलित समाज तथा भारतीय समाज की जाति व्यवस्था को समाप्त कर समाज में समानता स्थापित कर समाज को एक नई दिशा और आत्म-सम्मान के साथ लड़ने की प्रेरणा इन पात्रों के वाणी में हमें सुनने तथा अनुभव करने को मिलती है। 'छप्पर' उपन्यास दलित साहित्य का पहला उपन्यास है इस उपन्यास के संबंध में दलित आलोचकों ने अपनी राय दी है- जिनमें दलित साहित्य के वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश वाल्मीकि जी ने छप्पर के संदर्भ में कहा था कि "छप्पर जयप्रकाश कर्दम का सद्य: प्रकाशित उपन्यास है। जिसकी कथा वस्तु दलितों की उस पीढ़ी की संघर्ष गाथा है जिसके लिए शिक्षा संस्थानों के द्वार खुलना एक ऐतिहासिक घटना थी तथा मुक्ति संघर्ष यात्रा का प्रथम पड़ाव भी। जहाँ उन्होंने एक नए, अनछुए परिवेश को देखा, जाना, परखा। जिसके फलस्वरूप उनके भीतर अपना रास्ता चुनने का हौसला और कर्तव्य बोध जागा।" उसी प्रकार माता प्रसाद जी ने तो 'छप्पर' में हम जिस परिवेश से परिचित हुए है उसका संबंध जयप्रकाश कर्दम जी के जीवन का अंश ही नहीं अपितु संपूर्ण दलित समाज के जीवन का अंश होने के संकेत दिए हैं वे लिखते हैं- "'छप्पर' उपन्यास में किसी न किसी रूप में इसके लेखक श्री जय प्रकाश कर्दम के जीवन के बहुत से अंशों की कथा ही निहित नहीं है, वरन चालीस और पचास के दशक में, दलित समाज में पैदा हुए बहुत से सुशिक्षित नवयुवकों की भी यह कथा है, जो भूमिहीन खेतिहर मजदूरों की संतान हैं, जिन्होंने सामंतवाद की फटकार, ब्राह्मणवादी व्यवस्था की दुत्कार और सेठ–साहूकारों की मीठी मार सही है। ऐसे माता-पिता स्वयं जो अनपढ़ है थे, किंतु उन्होंने अपने बच्चों को ईंट के भट्ठों पर मजदूरी कर दूसरों के खेत में अन्न उपजा, टूटे-फूटे कच्चे घरों में रह, फटे पुराने वस्त्र पहन, शहरों में झुग्गी झोंपिडियों में रह, रिक्शा चला, अनेक मुसीबतें उठाकर अपना पेट काटकर भी पढ़ाया। उनमें से बहुत से लोग अध्यापक, अधिकारी, समाज सेवक, साहित्यकार और नेता बने। इन पर डॉक्टर अंबेडकर के 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो' का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा था।" यह कथन दलित समाज में बढ़ती साक्षरता को प्रस्तुत करता है। दलित समाज का बहुत बड़ा तबका शिक्षा के महत्व को समझ रहा है और अपनी संतानों को हर हाल में पढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं। उनके इस संकल्प के पीछे मात्र डॉ. आम्बेडकर का जीवन संघर्ष है। क्योंकि डॉ. आम्बेडकर के शिक्षा के शिक्षा के यह सूत्र 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो' हमेशा अस्पृश्य समाज को प्रेरित करते हैं।

छप्पर उपन्यास के सुक्का, चन्दन और साथ ही अनेक स्त्री पात्र अपने आप में क्रांतिकारी हैं और वे सामाजिक चेतना का स्रोत बनकर हमारे सामने आतें हैं। डॉ. आंबेडकर ने अपने भाषण में दलित स्त्रियों के लिए कहा था कि "भगवान की पूजा-अर्चना में जिस तरह औरतें सबसे आगे रहती हैं, उसी तरह बच्चों को शिक्षित करने के लिए भी औरतों को ही आगे आना होगा। औरतें ही अपने बच्चों को सुशिक्षित करने की जिम्मेदारी लें। अज्ञानता की पूजा आज से ख़त्म करो। मेरी बहनों और माताओं, इस सुधार की दिशा में पहला कदम तुम्हारा ही होना चाहिए।" बाबा साहब के इस विचार को प्रत्यक्ष रूप से पालन करते हुए छप्पर उपन्यास की प्रमुख नारी पात्र कमला अपने बेटे खिल्लर को पढ़ाने के लिए कदम उठाती है। वह चाहती है कि उसका बेटा पढ़-लिखकर एक बुद्धिजीवी बनकर, ऊँचे पद पर जाकर वर्चस्व वादी समाज, रूढ़िवाद समाज को ख़त्म करने में कल्याणकारी सामाजिक आंदोलनों में भाग लें और अपनी माँ जैसी औरतों का बलात्कार करने वाले लोगों को दंड दिलाएं। उन्हें न्याय दिलाने के लिए जितनी ताकत चाहिए उतनी ताकत अपनी बेटे को दिलाने के लिए पढ़ाना चाहती है। इतना ही नहीं अज्ञान के खिलाफ भी संघर्ष करने के लिए अपना बेटा खिलाड़ी जिसे वह खिल्लर कहती है उसे चन्दन द्वारा खोले गये स्कूल में दाखिल करने के लिए वहाँ ले जाती हैं। दाखिल करते समय जब चन्दन खिल्लर के पिता का नाम पूछता है लेकिन कमला जवाब ना देकर खिल्लर को लेकर वहाँ से निकल जाती है। चन्दन कमला को ढूँढ़ते हुए उसके घर तक पहुँच जाता है। तभी चंदन को पता चलता है कि कमला एक सामूहिक बलात्कार का शिकार हुई है। कमला अपनी दर्दनाक व्यथा चंदन को सुनाती है।सवर्ण समाज दलितों का सामाजिक, आर्थिक, मानसिक, शारीरिक शोषण के साथ दलित तथा गरीब औरतों का बलात्कार भी

भी लड़ना चाहती है। कई वर्षों से करते आ रहा हैं। कमला भी इस पीड़ा का शिकार बनी हुई है। कमला एक दलित शोषित नारी है, जो बलात्कार के पश्चात किसी भी हालत में अपने बेटे को पढ़ाना चाहती है और उसके लिए खूब मेहनत करने का निर्णय लेती और वह चन्दन से कहती है कि 'अब यही मेरा सहारा है। बड़ा होकर यह मेरे साथ हुए जुल्म और अत्याचार का बदला ले यही मेरी कामना है।' और आगे चल कर कमला भी खुद उस पर हुए अन्याय के लिए लड़ते हुए चन्दन के सामाजिक आंदोलन में भाग लेती है। एक दिन चन्दन जनसभा को संबोधित करके मंच से उतरते समय अचानक किसी समाज विरोधी ने चन्दन को जान से मारने के उद्देश्य से उसके सर पर लाठी से वार करने की कोशिश करता है। चन्दन के सर पर लाठी पड़ते देख कमला ने चीते की तरह एक ही झटके से चन्दन को धक्का देकर हटा देती है तो चन्दन उस हमले से बच जाता है। इस तरह सामाजिक समानता के लिए सक्षम भूमिका निभाते हुए चंदन को बचाने के लिए कमला अपना प्राण त्याग कर देती है। छप्पर उपन्यास में कमला एक त्याग का उदाहरण बन जाती है।

छप्पर उपन्यास में सुक्का, कमला और रमिया अपने बच्चों को पढ़ाने के सन्दर्भ में दोनों की उम्मीद एक जैसी ही लगती है। रमिया चाहती है कि चन्दन खूब पढ़ाई करके 'कलक्टर या दारोगा बन जाए। वह कार में घूमेगा, बंगले में रहेगा, सभी लोग उसका सम्मान करेंगे उसको..।' और इस तरह की बहुत सारी कल्पनाएँ करती हैं और वह चाहती है कि हमारा बेटा हमारे जैसी गुलामी का जीवन न जीए, हमारी तरह मजदूरी, श्रमिक जीवन न जीए, गाँव के खाना पंडित, हरनाम सिंह जैसे रूढ़ि वादियों का शिकार न बने इस तरह सोचते हुए चन्दन को पढ़ाने में सुक्का का साथ देती है।जब डिग्री की पढ़ाई के लिए सुक्का और रमिया बेटा का चंदन दिल्ली जाता है तो यह समाचार समस्त गाँववं में फैल जाता है। गाँव के वर्चस्ववादी ठाकुर, काना पंडित आदि को यह बहुत बड़ा अपराध लगता है और चन्दन को वापस गाँव बुलाने की दबाव सुक्का पर डालते हैं पर यह बात सुक्का को हरगिज पसंद नहीं है। ठाकुर हरनाम सिंह और काना पंडित को यह अपमानजनक लगता है तो वे लोग गाँव में पंचायत बिठाकर यह उसके जीवन पर निर्बंध लगाने पर भी वह अपनी पत्नी रमिया से कहता है कि "मैं मर जाऊँगा, भूखा प्राण तज दूंगा सब कुछ बर्दाश्त करलूँगा मैं, पर चन्दन को इस नरक में नहीं पड़ने दूंगा कभी, जिस नरक में मुझे रहना पड़ा है।" इस छप्पर उपन्यास में हमें स्पष्ट रूप से यह विचार नज़र आता है कि दलित तथा मजदूर समाज अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए, उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने के लिए उनको इस वर्चस्ववादी समाज से कितना लड़ना पड़ता हैं।

चन्दन हरिया की सहायता से अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाते हुए पी.एच.डी. करने तक पहुंचता है और समाज सुधारक भी बन जाता हैं। शिक्षित बनो, संघर्ष करो.. संगठित रहो बाबा साहब की इन बातों का प्रतीक बनते हुए समाज में समानता लाने की कोशिश करता है तो दूसरी ओर उसकी प्रेरणा से रजनी यानी उसकी बचपन की दोस्त भी चन्दन की तरह मातापुर गाँव में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक समता, समानता के प्रचार और प्रसार की राह पर चलती है। चन्दन सामाजिक बदलाव के लिए कर रहे इस लड़ाई को कई क्षेत्रों में फैलाता है। उसी प्रयास का एक अनमोल परिणाम है रजनी। रजनी उँच-नीच के अंतर को दूर करना चाहती है। दलित और सवर्णों के बीच निर्मित जाती दीवार को तोड़कर समानता लाना चाहती है। आधुनिक महिलाओं में निहित सामाजिक चेतना को रजनी के माध्यम से हमें देखने को मिलता है। छप्पर उपन्यास में रजनी एक समाज सुधारक तथा एक उदार वादी विचारधारा के रूप में नज़र आती है। रजनी दलितों की शिक्षा और समानता का पक्षधर बन जाती है। संविधान ने जिस तरह हर एक सम्मान के साथ जीने की, पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ने की, उन्नति की राह पर चलने की हक़ देती है रजनी उसका समर्थन करती है। वह चाहती है कि ये सब सुविधाएं सभी को मिले और उसके लिए अपने पिताजी ठाकुर हरनाम सिंह से कहती है कि 'संविधान के अनुसार देश के प्रत्येक नागरिक को सम्मान और स्वाभिमान पूर्वक जीवन जीने का हक़ है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी स्वेच्छा नुसार व्यवसाय चुनने और जीवन की दिशा निर्धारित करने की स्वतंत्रता है।' रजनी की इन बातों से हम इस निष्कर्ष तक पहुंच सकते हैं कि वह लोकतांत्रिक समाज की कामना करती है। सब के लिए बराबरी की कल्पना करती है। समाज में फैली वर्चस्व वादी सोच को ख़त्म करके समाज में परिवर्तन लाने का सपना देखती है और उसके लिए खुद अपने पिता ठाकुर हरनाम सिंह का विरोध करती है और इतना ही नहीं समाज सुधारक बन जाती है। मातापुर में सामाजिक, आर्थिक समानता लाने में और सामाजिक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाती है।

निष्कर्ष-

अनेक वर्षों के पश्चात भी भारतीय समाज में कुछ ख़ास बदलाव नहीं हुआ हैं। जाति अपना पूर्व निर्धारित रूप बदलकर नए रूप में हमारे समक्ष उपस्थित हैं। आज समकालीन समय में दलित एवं आदिवासी समाज को इस तथाकथित वर्चस्व वादी मानसिकता से ग्रसित लोगों ने मुख्य धारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है। आधुनिक युग में दलित एवं आदिवासी समाज के महिलाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। शिक्षा का महत्व दलित एवं आदिवासी समाज में धीरे-धीरे हो रहा है। समकालीन भारतीय समाज में कामकाज के क्षेत्र में, दफ्तर, शिक्षा, अस्पताल और औद्योगिकी आदि क्षेत्रों में हो रहें सामाजिक, आर्थिक तथा शारीरिक शोषण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। समकालीन लेखक भी इसके ओर ध्यान देते हुए रचनाओं का सृजन कर रहें हैं। इतना ही नहीं इस तरह की कुरीतियों को रोकने के लिए साहित्य के माध्यम से समाज में चेतना का प्रचार भी किया जा रहा हैं। आज भारतीय समाज में जो भी सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है उसका श्रेय शिक्षा को ही जाता है।अन्यथा अस्पृश्य समाज की स्थिति आज भी ठीक वैसे ही होती जैसे पेशवा के शासन में विद्यमान थी। लेकिन इस समाज ने शिक्षा ग्रहण कर अपने अस्तित्व को पहचाना है और इसे पहचानने की शक्ति के पीछे डॉ. आम्बेडकर के महान विचार है। जो दलित समाज को शिक्षा का महत्व बताते हुए न्याय संगत रूप से लड़ने की प्रेरणा देते हैं। आज दलित रचनाकार जो कुछ भी लिख रहे हैं उनके प्रेरणास्रोत डॉ. आम्बेडकर तथा उनके द्वारा दिए गए शिक्षा के मूल मंत्र ही है।

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ :-

1. डॉ. जयप्रकाश कर्दम 'छप्पर' -1994, सम्यक प्रकाशन, दिल्ली.
2. विमला थोरात 'दलित साहित्य का स्त्री वाद स्वर' -2008, अनामिका प्रकाशन, दिल्ली.
3. डॉ. सुरेश मारुतिराव मुले, 'हिंदी और मराठी दलित साहित्य का एक तुलनात्मक अध्ययन'-नवभारत प्रकाशन, दिल्ली- 2007
4. डॉ. हरिनारयण ठाकुर 'दलित साहित्य समाजशास्त्र' – 2009, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली.
5. सं.रूपचंद गौतम डॉ. जय प्रकाश कर्दम दलित अभिव्यक्ति संवाद और प्रतिवाद -श्री नटराज प्रकाशन, दिल्ली – 2007

स्त्री विमर्श

असम में नारी शिक्षा : एक अवलोकन

प्रशांत लस्कर
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
कामपुर कॉलेज, असम

प्रस्तावना- सृष्टि की मेरुदण्ड स्वरूपा नारी को विश्व के सभी राष्ट्र के समाज में महत्वपुर्ण स्थान प्राप्त है । हमारी सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विरासत में नारी–गरिमा के उदाहरण की कमी नहीं है, पर नारी का गरीमामय सामाजिक स्वीकृति के साक्ष्य कम ही परिलक्षित होते हैं। वर्तमान मानव समाज में नारी का एक पृथक अस्तित्व है। प्राचीन भारतीय समाज व्यवस्था के अन्तर्गत स्त्रियों का स्थान अत्यन्त गौरवशाली रहा है। ऋग्वेद में स्त्रियों के गौरव को स्पष्ट रूप में वर्णन किया गया है। वैदिक युग में पुत्र एवं पुत्री के सामाजिक अधिकार में असमानता बहुत कम थी। पुत्र के समान पुत्रियों को भी उपनयन, शिक्षा-दीक्षा एवं यज्ञादि का समान रूप से अधिकार प्राप्त हुआ था। विश्ववारा, अपाला, रोमाशा, लोपामुद्रा, अम्भृणीबाक, काक्षिवति, घोषा, जारिता, श्रद्धा, कामायनी, जुहो, पौलासी आदि के द्वारा वेदमन्त्र रचना करने का उल्लेख ऋग्वेद में पाया जाता है । सामवेद में भी मन्त्रद्रष्टा नारीऋषि नोधा, गोपायना, अकृष्टभाषा, मिकता, निरायवी आदि का नाम उल्लेख है। मंत्रद्रष्टा नारी को ब्रह्मवादिनी कहा जाता था। वैदिक युग में नारी-प्राचार्या के रूप में अपिशाला और औदमेधी का नामोल्लेख है। इसी युग की नारीयों में से गार्गी को उच्च शिक्षिता, विदुषी और यशस्विनी नारी ऋषि मानी जाती थी।

कहा जाता है कि माँ ही पहली गुरु होती है। अगर वही पढ़ी लिखी नहीं होती है तो पुरा परिवार अनपढ़ रह जाता है। विद्वानों को मानना है कि एक लड़का को शिक्षित करना मतलब एक व्यक्ति का शिक्षित होना; पर एक लड़की को शिक्षित करना मतलब एक परिवार , एक समाज का शिक्षित होना। इसीलिए कहा जाता है कि परिकल्पित शिक्षा के द्वारा लोग पशुता से देवतुल्य होता है।नारी जागरण, नारीमुक्ति आन्दोलन, नारीवाद आदि आभिधा मात्र है । वर्ग विभाजित समाज व्यवस्था में 'नारी' को एक साधारण वर्ग में रखना उचित नहीं है । विश्व की पूरी आवादी की आधा आवादी नारी है। फिर भी यह अनस्वीकार्य है कि हमारे समाज व्यवस्था के कारण नारी पुरुषों के द्वारा शोषण, अत्याचार और अवहेलना के पात्र रह गयी है। वास्तव में देखा जाता है नारी का पुरुषों के समान शक्ति-सामर्थ्य, मान-मर्यदा, सक्षमता होती है। जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। अगर औरतों को पढ़ाई का ज्ञान न दिया जाये, तो समाज के कीड़े उनका शोषण करने में पीछे नहीं हटेंगे । जब नारी समाज सुशिक्षा से शिक्षिता होंगी तो समाज में प्रचलित कुप्रथाओं से छुटकारा मिलेगा और देश प्रगति की दिशा की ओर बहेंगे। अगर औरत शिक्षित नहीं होती है, तो वह हमेशा समाज के लोगों की रफतार से अपने जीवन को प्रेरणादायक बनाने में सक्षम नहीं हो सकती।

प्राचीन असम में नारी शिक्षा-

प्राचीन असम में प्रचलित आनुष्ठानिक शिक्षा 'गुरुगृह' या 'टोल' में दिया जाता था । संस्कृत भाषा में परम्परागत शिक्षा जैसे - व्याकरण, कानुन, तर्क , दर्शन, धार्मिक रीति-नीति आदि की शिक्षा प्रमुखत: दी जाती थी । अविभक्त नगाँव जिला का कन्दलि, शिलघाट, कलीयाबोर और मरिगाँव के विभिन्न स्थान ऐसे 'टोल' शिक्षा का केन्द्र रहा, जिसका उल्लेख प्राचीन असम के इतिहासों में है । इस 'टोल' शिक्षा केन्द्र में ब्राह्मण पण्डितों को प्राचार्य के रूप में नियुक्त किया गया था। असम के नववैष्णव धर्म के प्रवर्तक , विभिन्न जन-गोष्ठियों को एक असमीया जाति के सुत्र में बांधनेवाले श्रीमन्त शंकरदेव ने प्राचार्य महेन्द्र कन्दलि के 'टोल' शिक्षा केन्द्र में शिक्षा ग्रहण किया था। उल्लेख्य यह है कि इस 'टोल' में नारी शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। सिर्फ मर्यदापूर्ण अभिजात परिवार के लड़के को ही शिक्षा दी जाती थी। आहोम राजाओं के शासन काल में मुख्य रूप से ब्राह्मण वर्ग, मर्यादापूर्ण परिवार तथा आहोम शासन के राज-काज से जुड़े लोगों तक शिक्षा व्यवस्था सीमित रही। आहोम शासन काल में नारी शिक्षा कोसों दूर रही। 1500 वीं या 1600 वीं शताब्दी में वैष्णव आन्दोलन के समय में असम की नारियों को 'सत्र' या 'नामघर' आदि धार्मिक अनुष्ठान में आध्यात्मिक शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला था। अभिजात परिवार की लड़कियों को घरेलू अध्यापकों के द्वारा घर में ही पढ़ाई की व्यवस्था की गयी थी।

प्राक् स्वाधीनता कालीन नारी शिक्षा –

एक अच्छे समाज का निर्माण शिक्षा के द्वारा ही संभव हो सकता है। जिसमें नारी और पुरुष इस परिवर्तन की हिस्सा बनती है।सन् 1836 ई. में अमेरिकान व्याप्टिस मिसनारियों का असम में आगमन हुआ था। मिसनारियों को असम की नारी शिक्षा का पहला पथ-प्रदर्शक माना जाता है। सन् 1838 ई. में मिसेस ब्राउन ने असम की शदिया जिला में दस लड़कियों को लेकर पहला प्राथमिक स्कूल स्थापन किया। सन् 1839 ई. में मिसेस काटार के द्वारा शदिया जिला में लड़कियों के लिए दुसरी स्कूल की नींव रखी गयी। इस तरह सन् 1841 में शिवसागर में , सन् 1850 में सिर्फ तेरह लड़कियों के साथ गुवाहाटी में नारी शिक्षा के लिए स्कूल प्रतिष्ठा करके नारी शिक्षा को एक कदम और आगे बढ़ाया। पुरुष प्रधान समाज व्यवस्था में लड़कियों को शिक्षा ग्रहण के बजाय घरेलू काम-काज में अधिक ध्यान दिया जाता था। उस समय असम की नारी-शिक्षा पीछे रह जाने के कई कारण है, जैसे- घर के मुखिया माता-पिता की शिक्षा का अभाव, सुरक्षा का अभाव, बाल्य विवाह, दरिद्रता, अलग महिला स्कूल की अभाव, स्त्री अध्यापिकाओं की अभाव आदि। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मिसनारियों ने समाज में जागरुकता लाने के लिए कई कदम उठाये थे। 19 वीं शताब्दी में ईष्ट इण्डिया कम्पनी के आगमन से नारी शिक्षा का नवजागरण आरंभ हुआ। ईष्ट इण्डिया कम्पनी के पहला गवर्नर लर्ड उइलियम बेन्टिङ को नारी शिक्षा विकास के लिए राजा राममोहन राय, दयानन्द सरस्वती, रामकृष्ण परमहंस, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर आदि मुर्धण्य व्यक्तियों ने साथ दिया था।

सन् 1870 ई. में कम्पनी द्वारा असम के चार जिले कामरूप, दरंग, नगाँव, लक्षीमपुर में आठ स्कूल प्रतिष्ठा किये गये। साथ ही साथ मिसनारियों ने भी लड़कियों के लिए शिवसागर, नगाँव, कामरूप और खाचिया जयन्तीया जिला (वर्तमान मेघालय) में अलग से चार स्कूलों की नींव रखी। सरकारी तथ्य के अनुसार 1874-75 में प्राथमिक स्कूलों में 875 लड़कियों की दाखिला हुई। लेकिन यह संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी। 19वीं शताब्दी में कई असमीया युवक उच्च-शिक्षा के लिए कोलकाता गये थे। उनमें से हलिराम ढेकियालफुकन, यज्ञराम खारघरीयाफुकन, आनन्दराम ढेकीयालफुकन, गुणाभिराम बरुवा आदि प्रमुख हैं। इन महान व्यक्तियों के प्रयास से असम में नारी शिक्षा का विकास तथा प्रसारता में अधिक।

महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वराज आन्दोलन और नारी शिक्षा आन्दोलन का साधारण जनता में सजगता वृद्धि हुई। फलस्वरूप सन् 1933 में असम में प्रथम महिला कॉलेज 'लेडिकीन कॉलेज' शिलांग में प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद सन् 1939 में गुवाहाटी में 'हेण्डीक गार्लस' कॉलेज की स्थापना के जरिए असम में नारी उच्च-शिक्षा का सुनहरा दिनों की शुरूआत हुई।

स्वाधीनताकालीन नारी शिक्षा –

अनादि काल से वेद, पुराण, उपनिषद आदि धर्म ग्रन्थों में नारी को देवी तुल्य माना गया है। वर्तमान विश्वायन के समय में किसी भी देश के समाज में महिलाओं की उचित भागीदारी के बिना केवल पुरुष वर्ग के योगदान से विश्व का सर्वांगीन विकास संभव नहीं है। शिक्षा के बिना महिलाओं का विकास अधुरा रह जाता है। स्वतंत्रता के बाद भारत में नारी शिक्षा के प्रति अधिक ध्यान दिया गया है। देश की जनता के बीच नारी–शिक्षा के प्रति जागरूकता वृद्धि के लिए सरकार द्वारा की योजनाएँ बनाई गयी तथा आयोग की स्थापना की गयी है। सन् 1948 ई. में राधाकृष्णन आयोग, 1952-53 में

मुदालियर आयोग, 1964-66 में कोठारी आयोग ने समय समय पर नारी-शिक्षा के विकास के लिए परामर्श दिये। प्राईमरी शिक्षा से लेकर कॉलेज, विश्वविद्यालय में नारी-शिक्षा उपयोगी पाठ्यक्रम तथा आर्थिक सहयोगिता आदि के साथ साथ शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार हेतु भारत सरकार को उचित सुझाव प्रदान करते रहे हैं।असम में नारी शिक्षा प्रसार-प्रचार हेतु एक नये जागरण शुरू हुई, जिसके फलस्वरूप हेण्डिक गार्लस कॉलेज, डि.चि.बि गार्लस कॉलेज, नगाँव गार्लस कॉलेज, रवीन्द्र सदन गार्लस कॉलेज जैसी कई महिला कॉलेज असम के विभिन्न जिले में प्रतिष्ठा हुई। वर्तमान असम में प्राईमरी विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय में छात्रों की तुलना में छात्राएँ कम नहीं है। सन् 2013 में जोरहाट जिला में असम महिला विश्वविद्यालय स्थापना के जरिए असम में नारी शिक्षा को दो कदम आगे बढ़ाया गया। वर्तमान सरकार द्वारा नारी शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु स्कूल, कॉलेज में मुफ्त दाखिला, छात्राओं को स्कुटि, लेपटॉप, किताब खरीदने के लिए पैसा देना आदि कई योजनाएँ शुरू किये गये हैं, जो प्रशंसा के योग्य है।सन् 2011 लोकगणना के अनुसार असम की साक्षरता आँकड़ा 73.18 प्रतिशत, इसके विपरीत भारत में साक्षरता आँकड़ा 74.04 प्रतिशत है।असम की नारी-शिक्षा आँकड़ा 67.27 प्रतिशत के विपरीत भारत में नारी शिक्षा 65 प्रतिशत है। इस प्रकार देखा जाता है कि पूरे देश की नारी-शिक्षा की तुलना में असम की नारी शिक्षा करीब आगे है। वर्तमान नारी शिक्षा केवल कॉलेज में कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि में सीमित नहीं रहे। मेडिकल, कारिगरी और सैनिक शिक्षा आदि में भी अपनी काबिलियत दिखाने में सक्षम हुई है।

असम की चाय बागान में नारी-शिक्षा–

चाय उद्योग असम की आर्थिक मेरुदण्ड स्वरूप है। 19 वीं सदी में भारत के विभिन्न प्रान्तों से विभिन्न जाति-जनगोष्ठी के लोगों को असम के चाय बागानों में श्रमिक के रूप में ब्रिटिश साहाब द्वारा लाया गया था। इनमें से अंध-प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, उड़िसा, उत्तर-प्रदेश, झारखण्ड आदि राज्य प्रधान है। वे लोग शर्तबंध (Bonded Labour) श्रमिक या गिरमीटिया के रूप में चाय बागानों में काम करते थे। वे लोग दलाल या 'आड़काटीया' की बातों में फँसकर असम आये थे। इन लोगों के लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं की गयी। फलस्वरूप चाय-श्रमिक वर्ग शिक्षा व्यवस्था से कई मिल दूर पीछे रह गये। चाय-जनगोष्ठी के जाने-माने लेखक डिम्बेश्वर ताछा ने अपने 'चाय जन गोष्ठीर समाज-संस्कृति' नामक ग्रंथ में 'असमर चाह जनगोष्ठीर माजत शिक्षा एटि आलोकपात' लेख में इस प्रकार उल्लेख किया है –"शिक्षा के अभाव के कारण इक्कीसवीं शताब्दी में भी चाय-जनगोष्ठी के लोग समाज में घुटने टेक कर जीवन जी रहे हैं और शायद कई युगों तक ऐसे ही घुटने टेक कर जीवन जीते रहेंगे। विभिन्न प्रान्त से आनेवाले इन लोगों को असम में चाह मजदूर,चाह-श्रमिक,चाह बनूवा,आदिवासी,चाह जनगोष्ठी आदि नामों से अभिहित किया जाता है। (चाय = चाह असमीया भाषा में)एक जाति तथा देश की राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक विकास की मूल आधार है शिक्षा। असम की कुल जनसंख्या के 20 प्रतिशत चाय-जनगोष्ठी के लोग हैं। लेकिन कुल जनसंख्या की साक्षरता आंकड़ा 8 प्रतिशत है, इसके विपरीत महिला साक्षरता आंकड़ा 1 प्रतिशत से कम है। (पृ-135) चाय-जनगोष्ठी की महिलाओं में शिक्षा के प्रति आग्रह बहुत कम परिलक्षित होता है। वे लोग पढ़ाई से बागान में मजदूरी से कमाई पर अधिक प्राधान्य देते हैं। एक समीक्षा के अनुसार असम की चाय बागान के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम है।जिसके फलस्वरूप निरक्षता की आँकड़ा दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

उपसंहार-

देश-दुनिया की आधी आबादी नारी है। राष्ट्र के सम्पूर्ण विकास में आधी आबादी की भागीदारी अनिवार्य हो जाती है। इस दृष्टि से नारी की शिक्षा में भागीदारी देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में देखा जाता है भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता प्रतिशत काफी कम है। असम में नारी शिक्षा की आँकड़ा कम होने का एक प्रधान कारण है बहुत कम लड़कियों को स्कूल में दाखिला करवाया जाना और उनमें से भी कई बीच में ही स्कूल छोड़ देती है। विशेष रूप में यह आँकड़ा चाय-बागान में अधिक है। दूसरी समस्या है बालश्रम। असम की चाय-बागानों में बाल-श्रमिक बहुत पाये जाते हैं। बालश्रम जैसी सुलगती समस्या के लिए दरिद्रता को ही मूल कारण माना जा सकता है। माता-पिता अपने बच्चों को मजबूरी से मजदूरी के लिए भेजते हैं। साथ-ही-साथ अशिक्षा भी बालश्रम को बढ़ावा देती है। अशिक्षित माता-पिता शिक्षा का महत्व न समझ पाने के कारण तत्कालीन सामान्य लाभ के लिए बच्चों को काम में लगाकर अंधकार की ओर ढकेल देते हैं। क्षेत्र अध्ययन से स्पष्ट होती है कि निरक्षरता की वजह से माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित न कर पाते हैं या बच्चों के अध्ययन से सम्बन्धित कठिनाइयों को दूर कर पाते हैं। चाय बागान स्थित विद्यालयों में आधार भूत सुविधाओं की कमी, अध्ययन के प्रति बच्चों की अरूची तथा बालिकाओं द्वारा गृहकार्यों में मदद व कम उम्र में शादी जैसे कारण भी उन्हें बीच में ही स्कूल छोड़ने को बाध्य करती है। माता-पिता या अभिभावकों की निरक्षरता, गरीबीपन तथा बालश्रम आदि के दुष्परिणामों को देख कर भी हम अनदेखा करते हैं। दु:ख की बात यह है कि 'चाय श्रमिक कानून' लागू होने के 53 वर्ष बाद आज भी चाय बागान की 55.28 प्रतिशत महिलाएँ आनुष्ठानिक शिक्षा से वंचित रही। घर ही बच्चों का पहला स्कूल और माँ पहली गुरु होती है। इसीलिए पहले चाय बागान की महिलाओं को सुशिक्षित, बनानी है ताकि वे अपने बच्चों को शिक्षा से आलोकित कर सके। असम सरकार ने 2020-21 वृत्तीय वर्ष में प्रत्येक चाय बागान में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतिष्ठा करने के लिए पहल की है। यह अत्यंत सुखद विषय है। क्योंकि इससे पूर्व किसी भी चाय बागान में प्राथमिक के बाद शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा नहीं थी। ऐसी स्थिति में बच्चियाँ तो दूर, लड़कों के लिए भी उच्च शिक्षा एक अलीक कल्पना मात्र थी। इन समस्याओं के समाधान के लिए चाय बागानों के मालिक पक्ष, सरकार, सरकारी या गैरसरकारी अनुष्ठान- प्रतिष्ठान एक साथ कंधा से कंधा मिलाकर प्रयास करें तो वह अधिक कारगर होंगे। देश की सरकार ऐसी कई योजनाएँ लेकर आयी है, जो महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाती है। इन योजनाओं में 'बालिका विद्यालय योजना', 'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं', 'राष्ट्रीय महिला प्रोत्साहन योजना' आदि जो नारी को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

******

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. शिक्षा तत्व अध्ययन- यतीन बरुवा,लयार्छ बुक स्टॉल,पान बाजार गुवाहाटी-चतुर्थ सं.-1996
2. नतुन शिक्षा तत्व- डॉ.मरमी गोस्वामी,अशोक बुक स्टॉल,पान बाजार गुवाहाटी,तृतीय -2014
3. आकाश- सम्पादक- डॉ.मंजु लस्कर, प्रकाशक- असम कॉलेज शिक्षक संस्था ,प्रथम -2012
4. भारतर शिक्षा इतिहासर अध्ययन- यतीन बरुवा, लयार्स बुक स्टॉल, नवम प्रकाशन-2010
5. चाह जनगोष्ठीर समाज-संस्कृति- डिम्बेश्वर ताछा,असम प्रकाशन परिषद, गुवाहाटी-781021 ,पहला प्रकाश-2012
6. प्रज्ञा चन्द्रिका-सं.डॉ.अमिया पाटर, प्रकाशक-असम कॉलेज शिक्षक संस्था-2021
7. भारतीय शिक्षार विकास- डॉ.पारूल दास, शांति प्रकाशन,संशोधित प्रकाशन-2014

दलित महिला सशक्तिकरण: एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण

डॉ. कमलेश कुमार सिंह
(असिस्टेंट प्रोफेसर)
समाजशास्त्र विभाग, गया प्रसाद स्मारक राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बारी, आजमगढ़
(उ0 प्र0) मो .918726399777

रीता भारती
शोध -छात्रा
समाजशास्त्र विभाग,पं. दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय बालिका महाविद्यालय
सेवापुरी, वाराणसी (उ0 प्र0) मो.9185779483 92

सारांश :- दलित महिलाएं वे जो भारतीय सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप सबसे निचले पायदान पर स्थित हैं जिन्हें दोयम दर्जे का स्थान प्राप्त है। जो महिलाओं में भी दलित कहलायीं अर्थात् समाज या वंचित लोगों के समूह का वह भाग जो हजारों वर्षों से वर्ण व्यवस्था की बेड़ियों में जकडा़ हुआ था। दलित सशक्तिकरण मुख्य रूप से उपेक्षित वर्गों को अधिकार व सुविधाएं देकर सामाजिक स्थिति में सुधार लाने तथा उनके विकास और अस्मिता की पहचान की धीमी गति को समाज के अन्य हिस्सों के बराबर करने का नाम है। भारतीय समाज का वह वर्ग जो सदियों से उपेक्षित, प्रताड़ित रहा है, उस वर्ग विशेष को राजनीतिक, आर्थिक भागीदारी प्रदान करते हुए सशक्त बनाया जाय ताकि उन्हें भी समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष लाया जा सके। महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें महिलाओं की अपने आप को संगठित करने की क्षमता बढ़ती एवं सुदृढ़ होती है। महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत विकल्पों के चयन और संसाधनों के नियंत्रण की क्षमता के साथ-साथ परिवार एवं समुदाय के साथ सहभागितापूर्ण संबंधों का लाभ उठाने की क्षमता भी शामिल है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य यह भी है कि महिलाएं सामाजिक आन्दोलनों में भाग ले सकें और उनका नेतृत्व भी कर सकें एवं अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रगति के मार्ग में आने वाली अनेक समस्याओं का समाधान भी कर सकें।

मुख्य शब्द:-
दलित महिला, सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण.

उद्देश्य: -दलित महिला सशक्तिकरण में मनरेगा की भूमिका का अध्ययन एवं विश्लेषण करना। किसी भी सभ्य समाज की स्थिति उस समाज में महिलाओं की स्थिति देखकर ज्ञात की जा सकती है, महिलाओं की स्थिति ही वह सपना है जो समाज की स्थिति और दृष्टि को स्पष्ट करता है। महिलाएं ही संतति की परम्परा के निर्वाह में मुख्य भूमिका निभाती रहती हैं। फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आज के आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक महिलाएं उपेक्षित ही रही हैं। महिलाओं की इस उपेक्षा के पीछे कौन-सी परिस्थितियां उत्तरदायी हैं? ऐसी कौन सी रूढ़ियां, मान्यताएं, आडम्बर और बेड़ियां महिलाओं को जकडे हुए हैं कि वे समाज के दबे-कुचले वर्ग का एक बड़ा भाग बनकर रह गयी हैं? सवाल बहुत हैं और उनके जवाब भी। लेकिन जो बात छूट रही है वह है इन सवालों का समुचित निदान और ऐसी समस्याओं को उपजने देने वाली परिस्थितियों से पूरी तरह निजात पाना।

दलित महिला सशक्तिकरण:-

दलित शब्द से अभिप्राय उस शब्द से है, जो भारत में अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता रहा है। दलित शब्द को वर्ग चेतना की दृष्टि से देखें तो यह शब्द जातियों तक मर्यादित न होकर एक वर्ग का प्रतिनिधि बन जाता है। जिसमें समाज के सभी वंचित लोग इसमें शामिल होते हैं। सामान्यतः दलित वह महिलाएं हैं जो भारतीय सामाजिक व्यवस्था के अनुसार सबसे निचले पायदान पर स्थित हैं जिन्हें दोयम दर्जे का स्थान दिया गया है जो दबाए, सताए, शोषित तथा उत्पीड़ित व्यक्तियों के वर्ग को एवं जिनको महिलाओं में भी दलित माना गया वह दलित महिला कहलायीं। सशक्तिकरण का अंग्रेजी शब्द Empowerment का अर्थ-समर्थ करना, अधिकार देना, शक्ति प्रदान करना है। सामान्यतः सशक्तिकरण अधिकार सम्पन्न, शक्तिशाली तथा समर्थ बनाने की प्रक्रिया है। दलित सशक्तिकरण का सामूहिक अर्थ है-समाज या वंचित लोगों के समूह का वह भाग जो हजारों वर्षों से वर्ण-व्यवस्था की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है उसे भारतीय संविधान तथा लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के तहत समानता, स्वतन्त्रता और बंधुता जैसे नागरिक अधिकार ही नही, अपितु विकास के लिए विशेष अवसर तथा प्रावधान उपलब्ध करवाए गये हैं। महिला सशक्तिकरण से आशय महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक में वृद्धि करना। इसमें विशेषकर सशक्तिकृत महिलाओं द्वारा अपनी क्षमता के दायरे में विश्वास का निर्माण शामिल होता है। महिला सशक्तिकरण निम्नलिखित क्षमताओं को मिलाकर है जैसे-

- महिलाओं द्वारा स्वयं निर्णय लेने की शक्ति होना।
- महिलाओं द्वारा उचित निर्णय लेने के लिए जानकारी एवं संसाधनों की उपलब्धता होना।
- बदलाव लाने की क्षमता पर सकारात्मक विचारों का होना।
- सामूहिक निर्णय के मामलों में अपनी बातों को बलपूर्वक रखने की क्षमता होना।
- विकास की प्रक्रिया में स्वयं की पहल द्वारा बदलावों के लिए भागीदारी होना।

सशक्तिकरण का अर्थ उन क्षमताओं का विकास करना है जिनके द्वारा महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सके, उसके बुद्धि, विवेक का विकास हो सके ताकि पराश्रित न रहकर वे सही-गलत में विभेद कर सके और जीवन की यात्रा को सुगम बना सके और सदियों के मानसिक उत्पीड़न से इन्हें सही निजात मिल सके। जब भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति आज भी चिन्तनीय है तो ऐसी स्थिति में दलित महिलाओं की क्या स्थिति होती रही होगी और आज भी हो रही है जिसको सदियों से दबाया गया, शोषित किया गया है, इसलिए इस भयावह परिस्थिति को देखते हुए महिला सशक्तिकरण आवश्यक हो जाता है। राजनीति में सरकार में सत्ता के संगठनात्मक ढांचे, नेतृत्व और साझेदारी में ज्यादातर पुरूषों का ही वर्चस्व है। धन और जाति महत्वपूर्ण कारक है जो भारतीय राजनीति में मुख्य भूमिका निभाते हैं। राजनीतिक प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी उनके उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष के लिए केन्द्रित है। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति सीधे निर्णय लेने में उनकी भागीदारी पर निर्भर करती है। दुर्भाग्य से भारत के सभी राजनीतिक दल महिलाओं की समानता के बारे में बहुत अधिक बात करते हैं, लेकिन दलित महिलाओं की राजनीतिक स्थिति और भागीदारी महत्वहीन है। महिला सशक्तिकरण का सही अर्थ तभी सम्भव हो पायेगा, जब वह सम्मान खोये बिना जिस लक्ष्य को पाना चाहती हैं, उसका प्रयास कर सकती हैं और अपने गंतव्य तक पहुंच सकती हैं।

महिला सशक्तिकरण की पहल 1985 में महिला अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन नैरोबी में की गयी जिसका अभिप्राय महिलाओं को पुरूषों के बराबर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्रों में निर्णय लेने की स्वायतता है। महिला सशक्तिकरण की राष्ट्रीय नीति का उद्देश्य महिलाओं की प्रगति, विकास एवं आत्म-शक्ति को सुनिश्चित करना है। अधिकतर देश आज महिला-पुरूष समानता और महिला सशक्तिकरण को विकास और साथ ही साथ परिवारों, समुदायों और राष्ट्रों के कल्याण के लिए अनिवार्य मानते हैं। कोई भी राष्ट्र, समाज और परिवार समृद्ध और खुशहाल नही हो सकता, यदि उसकी आबादी का 50 प्रतिशत अर्थात् महिलाएं और लड़कियां सम्मान, आजादी और खुशी से वंचित हैं। महिलाओं के लिए भारत में दुनिया का सबसे प्रतिकूल महिला-पुरूष अनुपात है। समाज की उपेक्षित आॅबादी को आगे बढ़ने के समान व समुचित अवसर प्रदान करने से दलित सशक्तिकरण सम्भव है। संविधान लागू होने के बाद से दलित समुदाय को राजकीय क्षेत्र में अवसर प्राप्त हुए हैं, जिसके कारण इस वर्ग में चेतना, संघर्ष और प्रतिबद्धता पैदा हुई है। यही सशक्तिकरण का आधार है। आधुनिक शिक्षा, आर्थिक विकास, राजनीतिक भागीदारी तथा कल्याणकारी नीतियों ने दलितों में चेतना पैदा की है जिससे वे आज अत्याचार एवं उत्पीड़न प्रक्रियाओं का विरोध करते हैं।

शोषण की परम्परागत पहचान के विरोध में दलितों में राजनीतिक, नागरिक अधिकारों के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। शिक्षा के प्रभाव के कारण दलितों में स्वयं निर्णय लेने और नेतृत्व की क्षमता विकसित हुई है। उन्हें ज्ञान हो गया है कि उनके जीवन का लक्ष्य क्या है? और वे किस तरह से सुख और सन्तोष की प्राप्ति कर सकते हैं। आज वे अपने जीवन के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक हो गये हैं। आज दलित समाज अपनी सक्षमता का परिचय देश के सम्मुख रख रहे हैं। आज इनमें यह निराशाभाव समाप्त हो रहा है कि वे क्या नही कर सकते हैं? इन्होंने देश को अपनी बौद्धिक सक्षमता का परिचय ही नही, अपितु नेतृत्व भी किया है। ज्योतिबा फुले को भारत में महिला शिक्षा का जनक और सावित्रीबाई फुले को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कहा जाता है। इसलिए फुले दम्पति को महिला शिक्षा के लिए कल्याणकारी कार्यों को करना विशेषकर दलित महिलाओं के लिए एक मिसाल था। लेकिन आधी आबादी आसमान में तरक्की की उड़ान भर सके, इसके लिए सामाजिक ताना-बाना को और दुरूस्त करना पड़ेगा।

21वीं सदी में भी महिलाएं पुराने जीवन मूल्यों, नैतिक मानदण्डों और सामाजिक परिधि के घेरे में बंधी हैं। दलित महिलाओं का सशक्तिकरण अर्थात् महिलाओं के लिए स्थिति की समानता प्राप्त करना उन विशिष्ट उद्देश्यों में से एक था जो भारतीय संविधान की राज्य के नीति की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों और निर्देशात्मक सिद्धान्त में निहित है। सामाजिक परिवर्तन एक जटिल प्रक्रिया है जो महिलाओं के विभिन्न वर्गों को समान रूप से प्रभावित नही करती है इसलिए महिलाओं की स्थिति को आसानी से परिभाषित नही किया जा सकता है। भारत जैसे देश में राजनीतिक शक्ति लम्बे समय से कुछ वर्चस्व वाली उच्च जाति के पुरूषों का एकाधिकार रही है, जिसने दलित महिलाओं की स्थिति में बेहतरी के लिए बदलाव से वंचित रखा। यह स्पष्ट रूप से समाज की असमानताओं की स्थिति को दर्शाता है। सत्ता का आनन्द लेने वाली महिला नेताओं ने भी महिलाओं की उपेक्षा की हैं और उनकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति को सुधारने का प्रयास नही किया है। लेकिन उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों, महिलाओं के कल्याण के लिए कानून बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी होंगी।

महिलाओं के लिए प्रथम चुनौती तो यही है कि बदलते परिवेश में सामाजिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए वह समाज के दृष्टिकोण को बदल डाले कि 'महिला ही महिला की सबसे बड़ी शत्रु हैं? महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु महिलाओं को ही आगे आकर महिलाओं को समझना होगा, यह भी एक चुनौती है पर सबसे बड़ी चुनौती यही है कि महिलाएं अपने अनेक रूपों को (बहन, बेटी, पत्नी) सहज रूप में बनाए रखकर अपनी लड़ाई लड़ सकती हैं या नहीं क्योंकि अति उच्छृखलता, अतिउन्मुकता, अति परकीयकता भारतीय महिलाओं, भारतीय परिवेश और परिवारिकता के विरूद्ध है। यदि महिलाओं को रचनात्मक जीवन जीना है और समाज में अपनी पहचान बनानी है तो उसे पुरूष समाज द्वारा खीची गयी लक्ष्मण रेखा को लांघना ही होगा और समाज में जो भी स्थितियां, चुनौतियां आयेगी उनका डटकर मुकाबला करना होगा। कोई जरूरी नही है कि यह लक्ष्मण रेखा लांघने के बाद उसे सब कुछ मिल जायेगा, जिनसे पाना है या जिनके बीच से होकर गुजरना है वह आज जहां खड़ी हैं कही उससे अधिक भयानक स्थितियां उसके सामने आ सकती है लेकिन इसी के बीच से अपना सफर तय करना और अपनी पहचान बनानी है। महिलाओं की सशक्तिकरण, सामाजिक चेतना एवं जागरूकता उत्पन्न करने के लिए उन्हें आर्थिक रूप से स्वतन्त्र बनाने और उनकी आय बढ़ाने हेतु भारतीय सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई विकास और कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिनमें से प्रमुख योजनाएं एवं कार्यक्रम इस प्रकार है-सर्वप्रथम ग्रामीण क्षेत्रों में महिला तथा बाल विकास कार्यक्रम (डी. डब्ल्यू. सी. आर. ए.), समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई. आर. डी. पी.) की एक उपयोजना के रूप में 1 सितम्बर, 1982 में प्रारम्भ किया गया। जननी सुरक्षा योजना 1 अप्रैल 2005, मनरेगा योजना 2 फरवरी 2006, इन्दिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना 2010, सबला योजना 2010, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 2011, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना 22 जनवरी 2015, सुकन्या समृद्धि योजना 22 जनवरी 2015, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 1 मई 2016, फ्री सिलाई मशीन योजना 2021, यू0पी0 सरकार (महिला सामथ्र्य योजना) 22 फरवरी 2021. इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे ग्रामीण परिवारों की महिलाओं के लिए स्वरोजगार के उपयुक्त अवसर प्रदान करना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य सभी अवसरों में सामाजिक विभेद उनके विवेक और चेतना को पंगु कर देते हैं। ऐसी स्थिति में सशक्तिकरण के सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रयासों से औपचारिक शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधायें और रोजगार उपलब्ध करवाना आवश्यक है परन्तु इन अवसरों से लाभ उठाकर भी महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आए यह आवश्यक नही है, इसलिए महिलाओं के आन्तरिक सोच में परिवर्तन लाने के लिए प्रचार-प्रसार भी आवश्यक है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार यदि महिलाओं को पुरूषों के बराबर रोजगार दिये जाएं तो (जी.डी.पी.) सकल घरेलू उत्पाद विकास दर 9 प्रतिशत से ऊपर रह सकती है।

बहुत से अध्ययन से पता चलता है कि उपेक्षित जातियों में किस तरह अपनी जाति को लेकर एक नई चेतना जाग्रत हो रही है और वे किस तरह देश की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए आगे आ रही हैं। भेदभाव के खिलाफ और सशक्तिकरण के लिए सरकार की नीति अपनायी गयी है, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भेदभाव के खिलाफ सुधारात्मक उपाय और सुरक्षा उपाय, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में विकास और सशक्तिकरण उपाय। सुधारात्मक उपायों में 1955 के अस्पृश्यता विरोधी अधिनियम, 1979 में नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम के रूप में नामित किया गया और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) 1989 शामिल हैं। इन अधिनियमों के अन्तर्गत, सार्वजनिक स्थानों एवं सामुदायिक जीवन में अस्पृश्यता और भेदभाव की प्रथा को अपराध के रूप में माना जाता है। इस तरह से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं का विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में विशेष स्थान है। इन महिलाओं को न केवल उच्च-जाति समकक्षों की तरह भेदभाव का सामना करना पड़ता है बल्कि वे इसके साथ ही विशेष रूप से अपनी जाति और जातीय पृष्ठभूमि से सम्बन्धित समस्याओं का सामना करती हैं, जिसमें साक्षरता और शिक्षा का बहुत कम स्तर, श्रम पर निर्भरता, रोजगार और मजदूरी में भेदभाव, अकुशल, कम भुगतान वाले और कभी-कभी खतरनाक हस्तचालित नौकरियों में भारी भीड़, हिंसा व यौन-शोषण तथा देवदासी प्रणाली जैसे धार्मिक और सामाजिक अंधविश्वासों की प्रधानता के कारण होने वाले अत्याचार शामिल हैं। इसलिए आर्थिक सशक्तिकरण, शैक्षिक विकास और लिंग से सम्बन्धित मुद्दों के उद्देश्य से प्रत्येक कार्यक्रम में, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उनकी विशिष्ट समस्याओं को दूर करने के लिए कानून लागू किये गये हैं और योजनाएं भी विकसित की गयी हैं। केन्द्र सरकार के कुल धन का लगभग एक-तिहाई आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आवंटित किया जाता है, शिक्षा के लिए लगभग आधा तथा शेष एक का पांचवा हिस्सा सामाजिक सेवाओं के लिए आवंटित किया जाता है।

आज वैश्विक स्तर पर महिला अधिकार और महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं जिसका उद्देश्य आधी आबादी को समाज की मुख्य-धारा से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना है। भारतीय समाज में शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करना और महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम और प्रभावशाली कदम हो सकता है चूंकि शिक्षा एक ऐसा उपकरण है जो समाज में विचारों का संचार करती है और सही-गलत में फर्क सिखाती है।

दलित सशक्तिकरण के लिए भारतीय सरकार का परिप्रेक्ष्य:-

दलित सशक्तिकरण के लिए भारतीय सरकार का परिप्रेक्ष्य निम्नलिखित प्रकार है, जैसे-सरकार का दलित सशक्तिकरण अर्थात् दलितों के उत्थान की दिशा में दृष्टिकोण और हस्तक्षेप, मुख्य रूप से दो प्रमुख विचारों पर आधारित हैः अतीत में उपेक्षा के कारण अनुसूचित जातियों को विरासत में मिले अनेक बहिष्कारों पर काबू पाना, और जहां तक सम्भव, उन्हें समाज में दूसरों के साथ बराबरी पर लाना। वर्तमान में बहिष्कार और भेदभाव के खिलाफ संरक्षण के साथ देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में उनकी

प्रभावी भागीदारी को प्रोत्साहन प्रदान करना। इन लक्ष्यों तक, सरकार के दृष्टिकोण का मतलब द्विस्तरीय रणनीति, जिसमें भेदभाव-विरोधी या सुरक्षा उपायों और विकास तथा सशक्तिकरण के उपायों को अपनाना था।

वास्तविकता तो यह है कि जब तक निर्णय प्रक्रिया में सम्पूर्ण मानव आबादी के इस आधे भाग की आवाज नही सुनी जायेगी, तब तक हमारी संस्थाओं की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहेगा। विशेषकर दलित महिलाओं के लिए वस्तुतः समाजीकरण की निश्चित प्रकार की प्रक्रिया तथा विविध सामाजिक दबावों के कारण औसत भारतीय दलित महिला इन क्षेत्रों में स्थान प्राप्त करने में स्वयं को अक्षम महसूस करती हैं। महिला सशक्तिकरण हेतु अत्यन्त आवश्यक है कि प्रशासनिक संरचना के प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की गुणात्मक व साथ ही संख्यात्मक सहभागिता भी अनिवार्य रूप से हो। आज घूंघट उठने पर बेशर्म, बेअदब जैसे अपमानित शब्दों से दूर महिलाएं समाज में एक स्थान बनाने में कामयाब हुई हैं। हालांकि सदियों से चली आ रही रूढ़ियों और परम्पराओं को टूटने में समय लगता है। ये न आज महिलाओं के प्रति सोच में लोगों का नजरिया भी बदला है। अब जरूरत है कि समाज के लिए आदर्श बन चुकी कुछ महिलाओं को सामान्य जीवन का सामाजिक सच बनाया जाय।

निष्कर्ष:-उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि सशक्तिकरण द्वारा दलित महिलाओं की स्थिति और दृष्टिकोण में परिवर्तन आया है। साथ ही साथ विभिन्न योजनाओं द्वारा दलित महिलाओं में उत्साह, आत्मविश्वास व नेतृत्व की भावना विकसित हुई है। इससे यह सिद्ध हो चुका है कि पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी एक महत्वपूर्ण स्तम्भ की तरह कार्य करती हैं और वह किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नही हैं। अतः अभी भी यानि वर्तमान समय में भी विभिन्न प्रयासों के बावजूद भी दलित महिलाओं की स्थिति पूर्णरूप से सन्तोषजनक नही है, इसलिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि ग्रामीण दलित महिलाओं की कार्य करने की क्षमता को और अधिक सशक्त किया जाए। वर्तमान समय में दलित महिलाओं की प्रस्थिति को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं फिर भी खेद की बात यह है कि आज भी दलित महिलाओं को वह स्थान प्राप्त नही है, जैसा कि होना चाहिए एवं इनकी स्थिति चिन्ताजनक है।

******

संदर्भ-सूची:-

1. कुरूक्षेत्र, मार्च. 2007. महिला सशक्तिकरण. नई दिल्ली: ग्रामीण विकास मंत्रालय.
2. **https://www.uok.ac.in>Sarita.**
3. क्रॉनिकल, सितम्बर. 2010. सामाजिक मुद्दे.
4. शर्मा, प्रो0 यशोधरा. महिला सशक्तिकरण के आयाम. 2018-2020. स्पन्दनः संयुक्तांक.
5. अमर उजाला, 29 मार्च. 2013.
6. **https://www.allstudyjournal.com>**
7. ग्रामीण विकास समीक्षा, महिला सशक्तिकरण. पत्रिका. अंक-57. जनवरी-जून. 2016.ISSN 0972-5881.हैदराबादः राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान.
8. योजना, सितम्बर. 2016. नारी सशक्तिकरण.
9. काजल, डॉ. नीतू. 2013. दलित सशक्तिकरण. नई दिल्ली: संजय प्रकाशन.
10. सिद्धार्थ, नन्दकिशोर. 2015. युग प्रवर्तक महिलाएं: महिला सशक्तिकरण का सफल नेतृत्व. नई दिल्ली: सम्यक प्रकाशन.
11. दैनिक जागरण, 05 फरवरी. 2021. पृ-8.
12. बौद्ध, शांतिस्वरूप. 2016. क्रांतिज्योति. सावित्रीबाई फुले की अमर कहानी. नई दिल्ली: सम्यक प्रकाशन.
13. **htttps://gadyakosh.org>** डॉ. तारा. दलित महिला एवं उनका सशक्तिकरण.
14. नारायण, बद्री. 2014. दलित वीरांगनाएं एवं मुक्ति की चाह: उत्तर भारत में दलित संस्कृति, पहचान और राजनीति. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
15. थोरात, सुखदेव/सभरवाल. निधि सदाना. 2019. दलित सशक्तिकरण: सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण. नई दिल्ली: सेज पब्लिकेशन्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड.
16. कुरूक्षेत्र, मार्च. 2015. महिला सशक्तिकरण. नई दिल्ली: ग्रामीण विकास मंत्रालय.
17. सिंह, जे. पी. 2019. आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन. 21वीं सदी में भारत. नई दिल्ली: PHI Learning Private Limited प्रकाशन.
18. थोरात, सुखदेव. 2017. भारत में दलित: एक समान नियति की तलाश. नई दिल्ली: सेज पब्लिकेशन्स.
19. परीक्षा मंथन, समसामयिक निबन्ध. 2003-04. इलाहाबाद: मंथन प्रकाशन.

हिन्दी साहित्य में पारिस्थितिक नारीवाद

अन्वेषा कबिरत्ना

शोध छात्रा (पीएच0डी0)

विश्व भारतीय विश्वविद्यालय-बेस्ट बंगाल मो0-9903150239

शोध सार-

भारतीय साहित्य में प्रकृति में स्त्री के सभी रूप देखें गए है धरती और स्त्री की समानता हर क्षेत्र में दिखाई देती है। पारिस्थितिक नारीवाद के अनुसार यह समाज ने स्त्री एवं प्रकृति को हमेशा उपभोग की वस्तु के रूप में देखा जिसके कारण सबसे अधिक शोषण भी इनका ही हुआ। सम्पूर्ण विश्व की रक्षा करने का गुण जिनमें विद्यमान है उन्हीं का शोषण अनादि काल से हो रहा है और स्वयं अपनी और पर्यावरण की रक्षा करने सबसे अधिक दायित्व स्त्री स्त्रियों पर ही है। पारिस्थितिक स्त्रीवाद में स्त्री वर्ग मानवेत्तर समाज के अलावा पर्यावरण के प्रति सहानुभूति प्रकट करती है।

बीज शब्द - इको-फेमिनिज्म, पर्यावरण, शोषण, क्रांति, प्रकृति, नारीवाद।

मूल आलेख

साहित्य समय और समाज के साथ चलते हुए उन्नत भविष्य के सर्जन का दूसरा नाम है, जीवन और जगत की कोई भी समस्या उसकी परिधि से बाहर नहीं है। इसलिए कहा भी गया है कि 'जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि। दरअसल ब्रम्हांड में जो कुछ भी मौजूद है वह सभी साहित्य की संवेदना और चिंता का विषय है। स्त्री और प्रकृति की अनन्यता भारतीय विश्वास में पहले ही जन्म चुकी है। प्रकृति सुंदर है, प्रेरणा है, जन्मदात्री है, समस्या चराचरों की संपोषक है, सदानीरा है, आत्मदान का संदेशवाहक है, क्षमा का पर्याय है, ऐसे कितने विशेषणों से अलंकृत है प्रकृति। स्त्री भी उपर्युक्त सभी विशेषणों की अधिकारिणी है। सम्पूर्ण विश्व के रक्षारूप जिनमें विद्यमान है उन दोनों की स्त्रैणता की सीमातीत शोषण अनादि काल से चलता आ रहा है। इन दोनों के सतर्क पोषण के अभाव में ये दोनों के समुचित पोषण की अनिवार्यता की पहचान सचमुच स्त्री में है तो वहाँ प्रगति, विकास तथा मानवीय दृष्टि में संयम आने में देर नहीं लगेगी। पाश्चात्य परिस्थितिक दर्शन की प्रमुख शाखा के रूप में विकसित पारिस्थितिक स्त्रीवाद इको-फ्रेमिनिज्म यही तो लक्षित कर रहा है। प्रकृति और स्त्री का अनुचित शोषण बड़े पैमान पर हो रहा है, इन दोनों को बचाने का दायित्व स्त्री के ऊपर है।

आधुनिक फेमिनिस्टों में सबसे पहले सीमोद द बुआ में स्त्री और प्रकृति को साथ रखकर प्रस्तुत किया। पुरूषसत्तामक समाज ने स्त्री और प्रकृति की समानता पहचानकार दोनों का वस्तुकरण किया। इसलिए पुरूष ने स्त्री और प्रकृति को अपनी शक्ति के अधीन बनाकर नई संस्कृतियों का निर्माण करना शुरू किया। स्त्री और प्रकृति से भी बढ़कर श्रेष्ठ की सृष्टि करने की व्यग्रता में पुरूष प्रकृति को खोकर औद्योगिक संस्कृति के निर्माण में लग जाता है। सीमोद द बुआ के अनुसार पुरूष द्वारा निर्मित औद्योगिक संस्कृति में आर्थिक पहलू ही नहीं मनोवैज्ञानिक पहलू भी है। विकास की ये चेष्टाएं पुरूष के लिए विस्मृति है, स्त्री और प्रकृति को भूलने और उनसे दूर जाने का मार्ग भी है। शेरी आप्नर नामक अमेरिकी केमिनिस्ट ने 1971 में यह सवाल उठाया कि क्या संस्कृति के लिए प्रकृति के समान है पुरूष के लिए स्त्री? Is Female to Male as Nature is to Culture इसका तात्पर्य यह है कि बुआ के चिंतन एवं शेरी के सवाल में परिस्थितियों स्त्रीवाद नामक दर्शन का बीजरूप विद्यमान है। बीसवीं शताब्दी के सातवें दशक में नारीवादी आंदोलन को नवीन चेतना प्रदान करने हेतु परिस्थितिक स्त्रीवाद अथवा इको-फेमिनिज्म विकसित हुआ। इस संकल्पना की दार्शनिक व्याख्या सबसे पहले फ्रेंच फेमिनिस्ट फ्रांस्वा द यूबोन ने प्रस्तुत की। 1974 में उनके द्वारा फ्रेंच भाषा में रचित 'फेमिनिज्म अथवा मृत्यु', 'इको-फेमिनिज्म का समय' नामक अध्याय में परिस्थितिक स्त्रीवाद का प्रारंभ देख सकते हैं। फ्रांस्वा के अनुसार भूमि के नाश का दायित्व पुरूषों पर है। उनके आक्रमणों से भूमि को मनुष्य की भलाई के लिए बचाए रखने में स्त्री समर्थ है। पांच हजार वर्षों पहले खेती स्त्रियों के नियंत्रण में थी। उसे पुरूष ने अपने अधीन कर लिया। मिट्टी की उत्पादन क्षमता के साथ स्त्री की उर्वरता को भी अपने अधीन कर पुरूष ने अपनी सत्ता को आगे, बढ़ाया।

आज की मुख्य दो समस्याएं हैं-सीमा से बाहर जनसंख्या वृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों का नाश यह दोनों पुरूष लिंगाधिपत्य की सृष्टियां हैं।

फ्रांस्वा ने इको-फेमिनिज्म को मानवतावाद के रूप में देखा। इसका लक्ष्य पुरूष के बदले स्त्री को प्रतिष्ठित करना नहीं है। इसका मकसद अधिकार और उसकी संरचना को शिथिल करना है। इसके साथ अमेरिका में 'Institute of Social Ecology' में 'इको-फेमिनिज्म' शब्द का अंग्रेजी में प्रथम बार प्रयोग किया। इस संस्था ने 1976 में इको-फेमिनिज्म का पाठ्यक्रम चलाया।

भारत में प्रकृति को बचाने हेतु स्त्री हमेशा अगुआ रही है। वैष्णवी आंदोलन में पेड़ काटने के बदले में अमृता देवी ने अपना सिर रख दिया था। वैसे ही चिपको आंदोलन में भी गांधी जी के विचारों से प्रेरित उनकी शिष्याएं शुरू में आंदोलन के नेतृत्व में थी। भारत में सबसे ज्यादा सक्रिय इको-फेमिनिज्म की चिंतक एवं कार्यकत्री वंदना शिव है। उन्होंने इको-फेमिनिज्म पर केंद्रित कई किताबें लिखी है। वंदना शिव के अनुसार पितृसत्तात्मक पूँजीवादी विश्वदृष्टि से इस पृथ्वी के सारे जीवों के विमोचन एवं संरक्षण के लिए स्त्रियों को लड़ना चाहिए। तीसरी दुनिया की स्त्रियों पर भूमण्डलीकरण और उपनिवेशवाद का जो दुष्परिणाम पड़ा। उसकी चर्चा उनकी कई किताबों में उन्होंने बहुत ही संजीदगी से की है। पाश्चात्य देशों में प्रचलित आध्यात्मिक इको-फेमिनिज्म से इको-फेमिनिज्म को अलग करके समाजवाद के परिप्रेक्ष्य में देखने कार्य भी उन्होंने किया है।

हिन्दी साहित्य में परिस्थितिक स्त्रीवाद- साहित्य में स्त्री और पृथ्वी की समानता हर कहीं बिखरी पड़ी है। ऋग्वेद में कई विदुषियों का योगदान है जिसमें ब्रह्मवादिनी रोमशा का कथन स्त्री विमर्श का कहलाता है। हिन्दी साहित्य की महत्वपूर्ण रचनाएं जिनमें परिस्थितिक स्त्रीवाद की विशेषताएं विद्यमान है-रामनरेश त्रिपाठी, 'ग्रामगीत', महादेवी वर्मा 'श्रृंखला की कड़िया', 'मेरा परिवार' सुमन राजे की कविताएं, अनामिका की रचनाएं 'अनुष्टुप', 'चिट्ठी लिखती हुई औरत', निर्मला पुतुल की कविता 'अपने घर की तलाश मं, जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी, संजीव का उपन्यास घर, रणेन्द्र का ग्लोबल गांव के देवता, 'गायब होता देश', 'थोड़ा सा स्त्री होना चाहता हूँ' आदि।अमृता प्रीतम की 'विंजर में भी हमें परिस्थितिक स्त्रीवाद के दर्शन होते हैं। इको-फेमिनिज्म का मूल लक्ष्य स्त्री-पुरूष भेद के बिना मनुष्य को मनुष्य के रूप में देखने, समझने और मानने वालों के एक संसार के सृजन में काम करता है। पिंजर की कथा-नायिका पूरो इस कसौटी पर बिल्कुल खरी उतरती है। वह स्वयं शोषित है परंतु न केवल अपने आप को संभालती है बल्कि अपने जैसे शोषितों का सहारा भी बनती है। वैसे तो इस उपन्यास की कथा-वस्तु भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर आधारित है। किंतु इसके माध्यम से लेखिका ने स्त्रियों पर हुए अत्याचार, अन्याय व शोषण की ही दास्तान कही है।पूरो स्वयं शोषित है किंतु अन्य शोषितों के लिए उसके हृदय में अपार स्नेह है। पूरो के गांव में एक पगली रहती थी। जब स्त्रियों को उस पागल के गर्भवती होने का पता चलता है तो उसकी दशा देखकर अत्यंत दुखी होती है। पुरो की मनः स्थिति का वर्णन लेखिका इस प्रकार करती है, ''जिसके पास न सुंदरता थी, न जवानी थी, ना मांस का एक शरीर, जिसे अपनी सुध न थी, जो केवल हड्डियों का एक जीवित पिंजर ..... चीलों ने उसे भी नोच-नोच कर खा लिया। वह पागल की मृत्यु के बाद उसके बच्चे को अपना दूध पिलाती है, और अपने छोटे-पुत्र के रूप में उसका लालन-पालन करती है। यही तो एक स्त्री की विशेषता है जो सम्पूर्ण दुनिया के जीवों को एक साथ सामरस्य की डोरी में बांधने में समर्थ है। रणेन्द्र जी ने 'ग्लोबल गांव के देवता' उपन्यास में प्रकृति एवं स्त्री शोषण को कुछ इस प्रकार दर्शाया है,''मीलों तक पसरे पहाड़ के ऊपर का यह चौरस इलाका मन को उचाट कर रहा था छिटपुट जंगल बाकी खाली दूर-दूर तक फैले उजाड़-बंजर से खेत। बीच-बीच बांक्साइट की खुली खदानें जहां से बांक्साइट निकले जा चुके थे। मानो धरती मां के चेहरे पर चेचक के बड़े-बड़े धब्बे हो।'' स्त्री शोषण का चित्र इस प्रकार है ''कसाइयों के हाथ में पड़ी गाय-सी ये बेटियां बार-बार पेट गिराने से असमय ही बूढ़ा जाती है। ये नवयुवती-वृद्धाएं दुख विषाद से स्याह चेहरा-देह लिए जहां से गुज़रती हैं, एक उदासी सी छा जाती हैं।'' रणेन्द्र कृत 'गायब होता देश' में प्रमुख पात्र सोमेश्वर मुण्डा तथा स्त्री पात्र सोनमनी दीदी जैसे चरित्रों के संघर्षों के माध्यम से पूरा मुण्डा इतिहास का वर्तमान आवाजाही दर्शाया गया है। केरल की प्रसिद्ध साहित्यकार के, वनजा भी स्त्री और धरती में समानता की बात करती है। दुनिया की प्रकृति पर पितृसत्ता के अधिकार के खिलाफ स्त्री एवं प्रकृतित केंद्रित इको-फेमिनिज्म की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। उनकी तीन किताबो की श्रृंखला-'साहित्य का परिस्थितिक दर्शन','इकोफेमिनिज्म' और हरित भाषा वैज्ञानिक विमर्श में इस विषय पर महत्वपूर्ण काम किया है। महादेवी वर्मा कृत 'मेरा परिवार', जिसमें मानवेत्तर प्रणियों की कथा को आधार बनाया है। मानवेत्तर प्राणियों के साथ करूणा, प्रेम और आत्मीयता से भरी हुई। यह रचना कई बार पाठकों को अचम्भित करता है। इस रचना में महादेवी जी ने जीव जन्तुओं व पशु-पक्षियों के इतने सुंदर पलों को उभारा जिन्होंने वर्मा जी के जीवन में एक गति प्रदान की, उनके जीवन के संगी बने। इसमें मोर, गिलहरी, हिरणी, कुत्ता, घोड़ी आदि जानवरों का उल्लेख है। महादेवी जी को प्रकृति, पशु-पक्षियों में बहुत प्रेम था। महादेवी वर्मा जी की इन्हीं विशेषताओं से प्रभावित होकर इलाचन्द्र जोशी लिखते है-''एक साधारण से लघुप्राणी गिल्लू की उसके मानवेत्तर जीवन के क्षुद्र कोटगत मंच से इस सफाई के साथ मानवीय मंच के व्यापक परिप्रेक्ष में उभारकर उतारा गया है कि सांस को बार-बार रोककर उस नाटक के क्लाइमेक्स की उत्सुकता की पूर्ति के लिए उन्मुख होना पड़ता है। महादेवी वर्मा अपनी आत्मिका में लिखती है कि ''स्मर्शित यात्रा में पशु-पक्षी ही मेरे प्रथम संगी रहे हैं, किंतु इसे दुर्योग्य ही कहा जायेगा कि मनुष्य ने उनसे यह प्राथमिकता अनायास छीन ली।'' महादेवी वर्माजी पारिस्थितिक स्त्री विमर्श का सबसे सशक्त उदाहरण है।

आज सबसे ज्यादा चिंता का विषय पर्यावरण और स्त्री शोषण है इसलिए आज के समय में इसकी प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ जाती है। प्राचीन समय में खेती करने का अधिकार स्त्री वर्ग के पास था परंतु बाद में इस अधिकार का हस्तातरण पुरूषों को कर दिया गया और महिलाओं को परिवार संभालने का काम दे दिया गया। इस पर नारीवादी यह तर्क देते हैं कि पुरूषों को खेती करने का अधिकार देना ही वह समय था जब पर्यावरण का नाश होना शुरू हुआ। फिर चिपको आंदोलनों जैसे उदाहरण भी इस बात का साफ संकेत देते हैं कि महिलाएं हमेशा पर्यावरण के संरक्षण के पक्ष में रही हैं।अंततः हम यह कह सकते हैं कि इको-फेमिनिज्म एक अंतर अनुशासनात्मक आंदोलन है, जो प्रकृति, राजनीति, स्त्री और आध्यात्मिकता के संबंध में नए ढंग से सोचने के लिए प्रेरित करता है। यह सिद्धांत सभी पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं को नकारता है और पुरूष द्वारा स्त्री का जो शोषण हो रहा है। उससे पर्यावरण शोषण को जोड़ता है।

****

संदर्भ :-

1. के0 बनजा: इको-फेमिनिज्म, वाणी प्रकाशन, 2013
2. रमणिका गुप्ता: आदिवासी विकास से विस्थापन, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2008
3. रणेन्द्र: ग्लोबल गांव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2010
4. रणेन्द्र: गायब होता देश, पेंगुइन बुक्स इंडिया, 2014 प्रकाशन, 2020
5. विजय मोहन सिंह: बीसवीं शताब्दी का हिन्दी साहित्या, राजकमल प्रकाशन, 2005
6. अनामिका: स्त्री: विमर्श का लोकपक्ष, वाणी प्रकाशन, 2016
7. सुमन राजे: हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास, भारतीय ज्ञानपीठ, 2006
8. रणेन्द्र: थोड़ा सा स्त्री होना चाहता हूँ, शिल्पायन, दिल्ली प्रकाशन, 2010
9. महादेवी वर्मा: मेरा परिवार, लोकभारती प्रकाशन
10. सुजाता: आलोचना का स्त्री पक्ष, राजकमल प्रकाशन, 2021
11. Maria Meis and Vandana Shiva : Ecofeminism, Rawat Publications, 1993
12. Mary Mellor : Feminism and Ecology, New York Univ. Pr., 1998
13. ममता कालिया: महिला लेखन के सौ वर्ष, लोक भारती प्रकाशन

भगवानदास मोरवाल के उपन्यासों में स्त्री- संसार

सुबाष
शोध- छात्र
हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय
हैदराबाद,तेलंगाना -500046 मो.8808447947

किसी भी समाज के विकास का वास्तविक मानदण्ड वहाँ की आर्थिक स्थिति, फैशनपरस्त आधुनिक जीवन तथा राजनैतिक गतिविधियाँ ही नहीं होती हैं अपितु उस समाज की सामाजिक संरचना को भी विकास के केन्द्र में रखा जाता है। हमारा समाज विषमताओं से भरा हुआ है। यहाँ जाति, धर्म, लिंग, सम्प्रदाय, बोली आदि के आधार पर सामाजिक असमानता मौजूद है। ऐसे में सामाजिक समायोजन न हो पाने में कई सामाजिक समस्याओं का जन्म होता है जिससे समाज का अहित होता है और विकास की प्रक्रिया बाधित होती है। यह स्थिति मानवजनित होती है और समाज के लिये घातक होती है।

संसार एक रंगमंच है जहाँ स्त्री और पुरुष दोनों को अभिनय करना पड़ता है। इस अभिनय में किसी एक के प्रभाव की अतिशयता दूसरे को पीछे धकेल देती है। भारतीय समाज प्राचीन काल से पितृसत्तात्मक रहा है। यहाँ स्त्रियों को पुरुषों के बराबर अधिकार नहीं प्राप्त थे, उन्हें परदे में रहना पड़ता था व उन्हें पढ़ने का अधिकार नहीं था। धार्मिक, राजनीतिक एवं आर्थिक सभी कामों का सर्वेसर्वा पुरुष ही होता था। स्त्री को केवल पुरुष के सेवक व संतानोत्पत्ति हेतु सहचरी के रूप में देखा जाता था तथा उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता था। आजादी के बाद भी स्त्रियाँ पूर्णरुपेण आजाद न हो सकी। इस पुरुषवादी मानसिकता की शिकार रही स्त्री का सचित्र वर्णन हम साहित्य की विविध विधाओं में पाते है।

साहित्यकार समाज का पारखी होता है। उसके पास समाज को जानने- समझने की एक स्वस्थ व पैनी दृष्टि होती है। साहित्यकार जिस समाज में रहता है वह उसको देखकर या भोगकर अपनी अनुभूतियों के सहारे उस समाज के यथार्थ को अपनी रचनाओं में स्थान देता है व अपनी रचनाशीलता द्वारा अभिव्यक्ति के इस प्रयोग में जीवन के विविध आयामों को रेखांकित करता है। यह समाज जितना जटिल हैं लेखन- प्रक्रिया कहीं उससे भी अधिक जटिल है, अतः लेखक को यथार्थ के साथ अपनी कल्पनाशक्ति का गठजोड़ करना स्वाभाविक हो जाता है। एक लेखक जो किसी अंचल विशेष से जुड़ा हो उस अंचल की सभ्यता, संस्कृति के बीच पला बढ़ा हो उसकी कल्पना भी हवा-हवाई न होकर सामाजिकता से लैश होकर सोद्देश्य होती है।

उपन्यासकार भगवानदास मोरवाल का संबंध मेवात प्रांत से रहा है। वहाँ की सामाजिक संरचना के विविध पहलुओं को उन्होंने बारीकी से देखा है। एक संवेदनशील उपन्यासकार होने के नाते लेखक जब तक उस समाज की यथास्थिति को अपने 'कृति- कौशल' के माध्यम से इस छोर से उस छोर के लोगों तक या वृहत पाठक समुदाय से रूबरू न करा दे, तब तक उसका मन उद्वेलित रहता है। मोरवाल के उपन्यासों में वर्तमान समाज की अनेकानेक समस्याओं का चित्रण हुआ है। इनके लगभग सभी उपन्यासों में उपेक्षित स्त्री के ज्वलंत मुद्दों को स्थान मिला है। हिंदू – मुस्लिम दोनों ही समुदायों के स्त्रियों के चरित्रांकन के साथ ही साथ दलित व जनजातीय स्त्रियों के दुःख-दर्द का जीवंत दस्तावेज प्रस्तुत हुआ है। स्त्री के दैहिक, आर्थिक व मानसिक आदि शोषण के रूपों का यथार्थ दिखाया गया है। अनमेल विवाह, बाल विवाह, विधवा जीवन, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, स्त्री अशिक्षा, वेश्यावृत्ति, तलाक का भय व धर्म के आड़ में स्त्री- शोषण आदि समस्याओं के बीच झूलती स्त्री की मनोदशा की मार्मिक अभिव्यक्ति मोरवाल के उपन्यासों में प्रस्तुत है।

इस शोध आलेख में भगवानदास मोरवाल के चार उपन्यासों को केन्द्र में रखकर स्त्री. जीवन को व उनके पहलुओं को समझने का सार्थक प्रयास किया गया है वे चार उपन्यास 'काला पहाड़' (1999), 'बाबल तेरा देश में' (2004), 'रेत' (2008) तथा 'हलाला' (2015) हैं। 'काला पहाड़' उपन्यास में मेवाती संस्कृति के बीच स्त्री असमानता को दिखाया गया है। गाँव के अशिक्षित वर्ग के मानस में आज भी स्त्रियों को संतानोत्पत्ति के साधन के रूप में देखा जाता है। अनपढ़ स्त्रियों में खुद यह भाव-बोध घर कर गया है। 'काला पहाड़' में सलेमी की बहू तरकीला के गर्भधारण न कर पाने की स्थिति में रोबड़ा की बहू द्वारा यह आरोप लगाया जाता है कि तरकीला में ही कोई कमी है। वह कहती है- "बहाण, बीरबाणी में ऐब के बिना मरद काई हालत में वाका पल्ला ए छोड़ के जाई न सके.....मोहे तो कुछ ऐसे ही लगे है नहीं तो तेरो चालो हुए एक बरस सू जादा होगो है और अभी तेरे पेटे में कुछ दीखे भी ना है।" [1] इस आरोप द्वारा तरकीला को घर व समाज में उपेक्षा की नजर से देखा जाता है। पुरुषवादी मानसिकता के बीच वैधव्य को स्त्रीत्व के दोहरे अभिशाप से कम नहीं कहा जा सकता। 'काला पहाड़' में सुलेमान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी मेमन को दो जून की रोटी के लिये तरसना पड़ता है तथा उसे आश्रय के लिये भटकना पड़ता है। पति सुलेमान की संपत्ति में उसे वैध हक नहीं मिलता है। उस समाज का यह नियम कि "विधवा अपने पति की जायदाद का इस्तेमाल कर सकती है पर बेच नहीं सकती और न ही अपने नाम करा सकती है।"[2] यहाँ मेमन का वैधव्य उसके लिये दुखों का पहाड़ बन गया है। इंसानियत किस कदर मनुष्य के व्यक्तित्व से लुप्त हो गयी है इसका आभास हमें यहाँ मिलता है।

मोरवाल अपने वृहद उपन्यासों में नारी जीवन के अनछुए मनोवैज्ञानिक पक्ष को उजागर करते हैं। उनका 'बाबल तेरा देश में' उपन्यास स्त्री जीवन का आख्यान प्रस्तुत करता है। स्त्री जीवन का ऐसा कैनवास जहाँ वे अपने घर में भी महफूज नहीं है उसके घर परिवार के पुरुष वर्ग उसके अपने न होकर मानो आदमखोर भेड़िए बन गए हैं। इस उपन्यास से अखबारी खबरों की ओर भी इशारा जाता है जिसमें पिता-पुत्री, भाई-बहन, चाचा-भतीजी, मामा-भांजी जैसे रिश्तों को शर्मशार होने की घटना छपी होती है। 'बाबल तेरा देश में' एक समस्या प्रधान उपन्यास है। "लेखक ने बाल विवाह के दुष्परिणामों से लेकर तलाक में अन्तर्निहित अमानवीयता, स्त्रियों के खरीद-फरोख्त के अमानुषिक कारोबार से लेकर लड़कियों को शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित रखने के दर्प जैसी हठधर्मी पाशविकताओं का जमकर विरोध किया है।"[3]स्त्री का शिक्षित होना हमेशा से ही पुरुषों को अपने अस्तित्व के लिये नागवार लगता है कि कहीं वह स्वावलंबी बनकर, तर्कबुद्धि द्वारा अपने अधिकारों के लिये संघर्ष पर उतारू न हो जाय,अतः पुरुष वर्ग उसे शैक्षिक जगत से कोसों दूर रखने का प्रपंच रचता है। 'बाबल तेरे देश में' की मैना अपनी पढ़ाई पूरी करनी चाहती है परंतु उसके ससुराल वाले जल्द ही उसका गौना लाकर उसकी पढ़ाई बाधित कर उसे अपने नियंत्रण में ले लेते हैं। भगवान दास मोरवाल का उपन्यास 'रेत' इस मामले में एक नई आमद है कि यह उपन्यास स्त्री विमर्श के नये आयामों को समेटे हुआ है। 'रेत' मातृसत्तात्मक व्यवस्था का वह आख्यान है जिसके केन्द्र में स्त्री है और इस केन्द्र की परिधि है शहर से दूर गाजूकी बस्ती का कमला सदन। इसी सदन के इर्द गिर्द कथानक को विस्तार मिला है। इस उपन्यास में एक तरफ रुक्मणी है जो संघर्ष को चुनौती देकर उन स्त्रियों के लिये एक मिशाल बनती है जो पारंपरिक जीवन जीने की आदी हैं। रुक्मणी अपनी क्षमता और राजनीतिक दाँव-पेंच सीखकर चुनाव जीतकर राज्य सरकार में मंत्री बनती है। समाज व वक्त द्वारा प्रताड़ित स्त्रियों के लिये रुक्मणी आशा, प्रेरणा व संदेश है। दूसरी तरफ कमला बुआ हैं जो इस समाज की स्त्री की दुर्दशा से दुखी हैं पर उसे नियति मानकर पूरी दृढ़ता के साथ उसे स्वीकार करती हैं। 'रेत' में स्त्रियों के दो रूपों की विडंबनापूर्ण स्थिति का जिक्र हुआ है। पहले रूप में खेलावडी (वेश्यावृत्ति) या मुक्त यौनकर्मी पेशा वाली कमला बुआ, सुशीला, माया, वंदना, और दूसरे रूप में ब्याहता संतो और अनीता के बीच की टकराहट है। यहां बुआ बनना मतलब अविवाहित रहकर यौनकर्मी बनने का प्रतीक है। समाज में जो स्थिति विवाहिता की है यदि वही मुक्त यौनकर्मी की भी हो तो फिर पारिवारिक दायित्वों में क्यों फँसा जाय, कुछ ऐसे ही विसंगतिपूर्ण सवालों को यह उपन्यास समाज के ठेकेदारों से पूछना चाहता है। उपन्यास 'रेत' में जब पिंकी से पूछा जाता है कि वह बड़ी होकर क्या बनेगी? उस पर पिंकी का जवाब- "मैं तो बुआ बनूँगी।"[6] समाज की ब्याहता स्त्रियों की।

वास्तविकताओं का पर्दाफाश करता है इस पर संतो कहती है "वैदजी बुआ ही ठीक है.....बुआ बनके कम से कम मेरी तरह नरक तो न भोगेगी।"[7] 'रेत' उपन्यास में कंजर समाज की कुप्रथा 'मत्था ढकाई' स्त्रियों के खरीद- फरोख्त का ही दूसरा नाम है, जहाँ स्थियों के देह की बँटाई खेत-खलिहान की तरह की जाती है। यह उपन्यास प्रचलित मान्यताओं व परंपराओं के खिलाफ विद्रोही स्त्रियों के रूप में संतों व रम्भा को प्रस्तुत किया है। भगवानदास मोरवाल का उपन्यास 'हलाला' धर्म के आड़ में मुस्लिम स्त्री के शोषण व नारकीय जीवन की व्यथा- कथा की मार्मिक अभिव्यक्ति है। समाज के विकास की धुरी कितनी भी घूम गयी हो पर गैर मुस्लिम स्त्रियों की तुलना में मुस्लिम स्त्रियों की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुयी है। हलाला का आशय है कि तलाकशुदा स्त्री को अपने पहले शौहर के पास आने के लिये पहले किसी दूसरे मर्द के साथ निकाह कर उसके साथ हमबिस्तर होना पड़ता है, फिर इस मर्द से तलाक या मौत के बाद अपने पहले शौहर को प्राप्त करती है। "दरअसल हलाला धर्म के नाम पर बनाया गया ऐसा कानून है जिसने स्त्री को भोग्या बनाने का काम किया है। सच तो यह है कि हलाला मर्द को तथाकथित सजा देने के नाम पर गढ़ा गया षडयंत्र है जिसका खामियाजा अंततः औरत को ही भुगतना पड़ता है। सजा भी ऐसी जिसे आदिम बर्बरता के अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता।"[8] हलाला उपन्यास के केन्द्र में नजराना नामक मुस्लिम स्त्री है जिसे अकारण उसके शौहर नियाज़ द्वारा तलाक देकर उसका दूसरा निकाह डमरू से करा दिया जाता है। स्वभाव से भोला डमरू नजराना के साथ ज्यादती न करके बिना हमबिस्तर हुये तलाक देकर हलाला की प्रक्रिया पूरी करना चाहता है। इसी बीच 'नारि न मोहै नारि कै रुपा' को चरितार्थ करने वाली नजराना की सास अपना निर्णय बदल लेती है और नियाज की शादी कुवारी लड़की से कराना पसंद करती है "अगर मोहे बहू ही लाणी होएगी, तो ऐसी सू बढ़िया है मैं कोई गरीब घर की कुंवारी छोरी कोई लू ना लाऊं ...छोरीन की कमी ना है।"□ तलाक के बाद नजराना अब डमरू के साथ ही रहना पसंद करती है। वह अब पुरुषवादी सत्ता की ज्यादतियों को सहने से इन्कार कर देती है। 'हलाला' उपन्यास में स्त्री पात्र अमाना द्वारा मुस्लिम स्त्री चेतना का प्रखर रूप सामने आता है। पति द्वारा मारे जाने की धमकी के जवाब में अमाना कहती है- "तू अबके हाथ तो लगा के देख...दारी का ए कच्चो न चबा जाऊँ तो।"10 अमाना के रूप में आज की नारी के बदलते स्वरूप को स्पेस दिया गया है जो अपने वजूद और अस्मिता के लिये किसी से भी टक्कर ले सकती है। भगवानदास मोरवाल अपने उपन्यास लेखन के माध्यम से दो अवधारणाओं को तोड़ते हैं जिसमें पहला कि केवल मुस्लिम लेखक ही मुस्लिम परिवेश पर आधारित प्रासंगिक उपन्यास की सर्जना करते हैं और दूसरा कि आजादी के बाद मुसलमान समुदाय पर आधारित उपन्यास नहीं लिखे जा रहे हैं। शोध आलेख में शामिल उपन्यासों के विश्लेषण से लगता है कि संवेदनशील लेखक की संवेदना हाशिए पर खड़ी स्त्री के साथ होती है। मोरवाल के उपन्यासों की स्त्रियां ज्यादातर सहनशील ही हैं, जो कि उस समय और समाज का अपना कटु यथार्थ ही है। उनमें प्रतिरोध का वह स्वर नहीं दिखता जो होना चाहिए। समय और सामाजिक परिदृश्य में परिवर्तन के साथ स्त्रियों में शिक्षा, रोजगार, राजनीति, रुचि-अरुचि, निर्णय की स्वतंत्रता के साथ अपने अस्मिता व अस्तित्व के लिये जो कट्टरपन आज दिखायी देता है वह भगवानदास मोरवाल के उत्तरवर्ती उपन्यासों में देखा जा सकता है।

****

सन्दर्भ-ग्रंथ-

1. भगवानदास मोरवाल, काला पहाड़ पृष्ठ 67
2. लोकेश कुमार गुप्ता (संपादक), लोकमन का सिरजनहार: भगवानदास मोरवाल पृष्ठ 105
3. वही, पृष्ठ 58-59
4. भगवानदास मोरवाल, बाबल तेरा देश में पृष्ठ 292
5. वही, पृष्ठ 227
6. भगवानदास मोरवाल, रेत पृष्ठ 11
7. वही, पृष्ठ 11
8. भगवानदास मोरवाल, हलाला पृष्ठ 188
9. वही, पृष्ठ 134
10. वही, पृष्ठ 85

स्त्री शिक्षा

डॉ.शिवम चतुर्वेदी
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष , हिन्दी विभाग अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टाडीज नामसाई, अरुणाचल प्रदेश

सुमलक अपुम
शोधार्थिनी , हिन्दी विभाग
अरुणाचल युनिवर्सिटी ऑफ स्टाडीज
नामसाई
अरुणाचल प्रदेश

सारांश -शिक्षा हर किसी के जीवन का अभिन्न अंग है | बिना शिक्षा की किसी के भी जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती | शिक्षण जीवन के हर पहलू को असर करता है | इस तरह शिक्षण स्त्री पुरुष दोनों का समान हक है | मगर भारत जैसे विकसित देश में स्त्रियों को शिक्षित बनाने के लिए कोई महत्व नहीं दिया गया है | स्त्री शिक्षा स्त्री और शिक्षा को अनिवार्य रूप से जोड़ने वाली अवधारणा है | इसका एक रूप शिक्षा में स्त्रियों को पुरुषों की ही तरह शामिल करने से संबन्धित है | दूसरे रूप में यह स्त्रियों के लिए बनाई गई विशेष शिक्षा पध्दति को संदर्भित करता है | भारत में मध्य और पुनर्जागरण काल के दौरान स्त्रियों को पुरुषों से अलग तरह की शिक्षा देने की धारणा विकसित हुई थी | वर्तमान दौर में यह बात सर्वमान्य है कि स्त्री को भी उतना शिक्षित होना चाहिये जितना कि पुरुष हो | यह सिध्द सत्य है कि यदि माता शिक्षित न होगी तो देश की संतानों का कदापि कल्याण नहीं हो सकता |शिक्षा वयस्क जीवन के प्रति स्त्रियों के विकास के लिए एक आधार के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है | शिक्षा अन्य अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़कियों और महिलाओं को सक्षम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है | बहुत सी समस्याओं को पुरुषों से नहीं कह सकने के कारण महिलाएँ कठिनाई का सामना करती रहती हैं | अगर महिलाएँ शिक्षित हों तो वे अपने घरों की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं | स्त्री शिक्षा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास में मदद करता है | महिला शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में मदद करती है | महिला शिक्षित होंगे तो उनका सारा परिवार प्रकाशमय में जीवन जियेंगे , बच्चों को सही और गलत का रास्ता दिखाने वाला केवल स्त्रियों के हाथ में है इसलिए स्त्री शिक्षित होंगे तो सारा समाज और परिवार मंगलमय होगा | शिक्षित महिला समाज को विकास की ओर ले जाता है वह डूबती नय्या को पार लगा देती है |

रूढ़िवादी सांस्कृतिक दृष्टिकोण के कारण लड़कियों को अक्सर पाठशाला जाने की अनुमति नहीं दी जाती है | इसका एक कारण गरीबी भी देखा जा सकता है क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण भी मा-पिता अपने सभी बच्चों को शिक्षा देने में असमर्थ होते हैं जिसके कारण वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते और लड़कियों को भी अपने साथ मजदूरी पर ले जाना पड़ता है | भारत में वैदिक काल से ही स्त्रियों के लिए शिक्षा का व्यापक प्रचार था | मुगल काल में भी अनेक महिला विदुषियों का उल्लेख मिलता है |पुनर्जागरण के दौर में भारत में स्त्री शिक्षा को नए सिरे से महत्व मिलने लगा | ईस्ट इंडिया कंपनी के दौर सन १८५४ में स्त्री शिक्षा को स्वीकार किया गया था | विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी प्रयासों के कारण साक्षरता के दर ०.२ % से बदकर ६ % तक पहुँच गया था | कोलकाता विश्वविद्यालय महिलाओं को शिक्षा के लिए स्वीकार करने वाला पहला विश्वविद्यालय था | १९८६ में शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय नीति प्रत्येक राज्य को सामाजिक रूपरेखा के साथ शिक्षा का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया था | स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सन १९४७ से लेकर भारत सरकार पाठशाला में अधिक लड़कियों को पढ़ने का मौका देने के लिये अधिक लड़कियों को पाठशाला में दाखिला करने के लिये और उनकी स्कूल में उपस्थिती बढ़ाने की कोशिश में अनेक योजनाएँ बनाए हैं जैसे कि नि:शुल्क पुस्तकें , दोपहर की भोजन आदि | जोन इलियट ने पहला महिला विश्वविद्यालय का नाम बिथुने कॉलेज था |सन १९८६ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पुनर्गठन देने को सरकार ने

फ़ैसला किया | सरकार ने राज्य कि उन्नति के लिये , लोकतंत्र के लिये और महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिये महिलाओं को शिक्षा देना जरूरी समझा था | भारत की स्वतंत्रता के बाद सन १९४७ में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग को बनाया गया | आयोग ने सिफ़ारिश किया कि महिलाओं कि शिक्षा में गुनवता में सुधार लिया जाए | भारत सरकार ने तुरंत ही महिला साक्षरता के लिये साक्षर भारत मिशन की शुरुआत किया था |इस मिशन में महिलाओं की अशिक्षा की दर को नीचे लाने की कोशिश की गई है | बुनियादी शिक्षा उन्हें अनिवार्य है और अपने स्वयं के जीवन और शरीर पर फैसला करने का अधिकार देने , बुनियादी स्वास्थ्य , पोषण और परिवार नियोजन की समझ के साथ लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा प्रदान हो रही है | लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा गरीबी पर काबू पाने में एक महत्वपूर्ण कदम है | कुछ परिवारों का काम कर रहे पुरुष दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं में विकलांग हो जाते हैं | उस स्थिति में , परिवार का पूरा बोझ परिवारों की महिलाओं पर टिका रहता है | महिलाओं की ऐसी जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें शिक्षित किया जाना चाहिए | वे विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश कर सकती हैं | महिलाएँ शिक्षकों , डॉक्टरों , वकीलों और प्रशासक के रूप में काम कर रही हैं | शिक्षित महिलाएँ अच्छी माँ बन सकती हैं | महिलाओं की शिक्षा से दहेज समस्या , बेरोज़गारी की समस्या , आदि सामाजिक शांति से जुड़े मामलों को आसानी से हल किया जा सकता है |

स्त्री शिक्षा की भूमिका: -संस्कृत में यह उक्ति प्रसिध्द है – ' नास्ति विद्यासमं चक्षुनास्ति मातृ समोगुरु: ' इसका मतलब यह है कि इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है | ' यह बात पूरी तरह सच है | बालक के विकास पर प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है | माता ही अपने बच्चे को पाठ पढ़ाती है | बालक का यह प्रारम्भिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थायी आधार बन जाता है | लेकिन आज पूरे भारतवर्ष में इतने असामाजिक तत्व उभर आए हैं , जिन्होंने माँ-बहनों का रिश्ता खत्म कर दिया है और जो भोग-विलास की जिंदगी जीना अधिक उपयोगी समझने लगे हैं | यही कारण है कि कस्बों से लेकर शहरों की माँ-बहनें असुरक्षित हैं |असुरक्षा के कारण ही बलात्कार और सामूहिक बलात्कार जैसी अनेक घटनाओं के जाल में फँसकर महिलाओं की शिक्षा , किसी भी पुरुष की शिक्षा से कम महत्वपूर्ण नहीं है | समाज की नई रूपरेखा तैयार करने में महिलाओं की शिक्षा पुरुषों से सौ गुना अधिक उपयोगी है | इसलिए स्त्री शिक्षा के लिए सरकार को प्रयासरत होना चाहिए | तभी अत्याचार जैसी घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है | शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का अर्थ यह नहीं है कि नारी शिक्षित होकर पुरुष को अपना प्रतिद्वंद्वी मानते हुए उसके सामने ही मोर्चा लेकर खड़ी हो जाए | बल्कि वह आर्थिक क्षेत्र में भी पुरुष के बराबर समानता का अधिकार प्राप्त करके उसके साथ मैत्रीपूर्ण संबंध के समीकर्ण बनाने में सक्षम बने | जिस प्रकार शरीर को भोजन की आवश्यकता होती है , उसी प्रकार मानसिक विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है | अगर नारी ही शिक्षित नहीं होगी तो वह न तो सफल गृहिणी बन सकेगी और न कुशल माता | समाज में बाल-अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है | अगर एक माँ ही अशिक्षित होगी तो वह अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन करके उनका मानसिक विकास कैसे कर पाएगी और एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास संभव नहीं हो सकेगा | अत: यह कहा जा सकता है कि शिक्षित नारी ही भविष्य में निराशा एवं शोषण के अंधकार से निकलकर परिवार को सही राह दिखा सकती है | इसका एक रूप शिक्षा में स्त्रियों को पुरुषों की ही तरह शामिल करने से संबन्धित है | वर्तमान दौर में यह बात सर्व मान्य है कि स्त्री को भी उतना शिक्षित होना चाहिये जितना कि पुरुष को | यह सिध्द सत्य है कि यदि माता शिक्षित न होगी तो देश की संतानों का कदापि कल्याण नहीं हो सकता |शिक्षा वयस्क जीवन के प्रति स्त्रियों के विकास के लिए आधार के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है | शिक्षा अन्य अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़कियों और महिलाओं को सक्षम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है |बहुत सी समस्याओं को पुरुषों से नहीं कह सकने के कारण महिलाएँ कठिनाई का सामना करती रहती हैं | अगर महिलाएँ शिक्षित हों तो वे अपने घरों की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं | स्त्री शिक्षा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास में मदद करता है | आर्थिक विकास और एक राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद की वृध्दि में मदद करता है | महिला शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में मदद करती है | महिला शिक्षा पर सरकार को ज़ोर देना चाहिए |

प्राचीन भारत में महिलाओं का स्थान :-प्राचीन भारत में महिलाओं का स्थान समाज में काफी महत्वपूर्ण था | महिलाएँ भी पुरुषों के साथ यज्ञों में भाग लेती थी , युद्धों में जाती थी | धीरे-धीरे महिलाओं का स्थान पुरुषों के बाद निर्धारित किया गया तथा पुरुषों ने महिलाओं के लिए मनमाने नियम बनाये ओर उनको अपना जीवन बिताने के लिए पिता , पति तथा पुत्र का सहारा लेने की प्रेरणा फैल गई | आज से शताब्दियों पूर्व स्त्रियों को अपना पति चुनने की स्वतन्त्रता थी | पिता स्वयंवर सभाओं का आयोजन करते थे , जिसमें लड़की अपनी इच्छा से अपने पति का वर्ण करती थी | इस प्रकार की सुविधाएं इसलिए दी गई थी , कि वे शिक्षित थी और अपना अच्छा तथा बुरा वे सही ढंग से सोचने में सक्षम थी | मुगलों के शासनकाल में शिक्षा , कला , साहित्य तथा अन्य विविध गुणों को प्राप्त करने की परिस्थितियाँ मिट सी गई थी |शिक्षा को लेकर आजकल कई योजनाएँ आई है और नारी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है | आज के समय में नारी शिक्षित हो वह बहुत ही आवश्यक हो गया है नारी अगर पढ़ी लिखी होगी तो आने वाली पीढ़ी का निर्माण भी पढ़ा लिखा होगा | नारी घर में आर्थिक रूप से भी सहायक कर सकती है | इस देश में महिला सशक्तिकरण को और मजबूत करने की जरूरत है | जब महिलाएं अपने अधिकारों से परिचित होंगी तभी वह सही कदम उठा पाएँगी | कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन और संस्थानों को स्त्री शिक्षा के महत्त्व के लिए इस समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है | स्त्री शिक्षा परिवार में विनम्रता और सहनशीलता प्रदान करती है बल्कि समाज और देश में सामाजिक और आर्थिक मजबूती को सही दिशा देती है | सरकार को महिलाओं के विकास के लिए बेहतर विद्यालय और विश्वविद्यालयों का निर्माण कराना चाहिए ताकि स्त्री शिक्षा को मजबूती मिल सके | परंतु इस आधुनिक युग में स्त्री शिक्षा के महत्त्व को सही दिशा मिली है जिससे वह कई अत्याचारों से छुटकारा पा चुकी हैं | एक स्त्री शिक्षित होती है तो वह अपनी शिक्षा का उपयोग समाज और परिवार के हित के लिए करती है | एक शिक्षित स्त्री के कारण देश की आर्थिक स्थिति और घरेलू उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है | एक शिक्षित नारी घरेलू हिंसा और अन्य अत्याचारों से सक्षमता से निजाद पा सकती है | वर्तमान दौर में स्त्री को भी उतनी शिक्षा प्राप्त होनी चाहिए जीतना पुरुष को शिक्षा प्राप्त है | आज के युग में जागरूक माता-पिता अपने बच्चों को चाहे वह स्त्री या पुरुष हो दोनों को शिक्षा देना अनिवार्य समझते है | जब तक देश की माताएँ शिक्षित नहीं होंगे तब तक देश की संतानों की कदापि कल्याण नहीं हो सकता | शिक्षा नारी जाती को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है | शिक्षा स्त्री विकास का साधन है |

उपसंहार: – इसलिए आज के किसी भी प्रगतिशील देश के लिए नारियों का शिक्षित होना आवश्यक है और आज की नारी शिक्षा के पथ पर आगे बढ़ चुकी है | आज का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहाँ नारी ने अपने कदम न बढ़ाए हो | यही देश का सच्चा विकास और प्रगति कहा जा सकता है | इसीलिए तो कहा जाता है कि **पढ़ेगा भारत , आगे बढ़ेगा भारत .....देश** के हर कोने-कोने में नारी शिक्षा को महत्त्व देंगे तो आने वाला कल सुखमय साबित होगा | गाँव के बुजुर्गों को यह बात बताना होगा कि वह अपने परिवार में बेटियों को शिक्षित कराना है इसके साथ-साथ बेटों को भी शिक्षित कराना हमारा भारतवासियों का योगदान है |

******

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. "संग्रहीत प्रति " २४ अगस्त २०१५ |
2. जे सी अग्रवाल (१ जनवरी २००९) , भारत में नारी शिक्षा , प्रभात प्रकाशन |
3. सुमन कृष्ण कांत (१ सितंबर २००१) , इक्कीसवी सदी की ओर , राजकमल प्रकाशन |
4. डॉ . जे. पी. सिंह , (१ अप्रैल २०१६) , आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन |
5. Female education : A study ऑफ rural इंडिया (२००३) |
6. सीतापुर न्यूज , अमर उजाला '(६-जन-२०१९) महिला शिक्षा के प्रति जागरूक .

समकालीन हिंदी कहानी में स्त्री दृष्टि

डॉ.रजिया बेगम
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग,विज्ञान और मानविकी संकाय
एस आर एम आई एस टी कट्टनकुलातुर

रेखा शर्मा
शोध छात्रा
एस आर एम आई एस टी कट्टनकुलातुर

समकालीन होने का अर्थ सिर्फ समय में होने से नहीं है। समकालीन होने का अर्थ है अपने समय में घट रहे या हो रहे तमाम घटनाओं और परिवर्तनों का समय सापेक्ष मूल्यांकन। और इस क्रम में हमें अपने समय में अतीत की उपस्थिति, जो हमारे बीच परंपरागत रूप से चली आती है, के प्रासंगिकता का अवलोकन भी तटस्थ दृष्टिकोण से करने की जरुरत होती है। विशेष कर किसी लेखन या सृजन के संदर्भ में। क्योंकि लेखन या सृजन को नितांत तात्कालिकता में सीमित नहीं किया जा सकता। यह अपने साथ एक पूरे युगबोध को लेकर चलती है। क्योंकि सृजन को जहाँ वर्तमान के वैचारिक और रचनात्मक दबावों को झेलते हुए, उनसे उत्पन्न तनावों और टकराहटों के बीच अपनी सर्जनशीलता द्वारा अपने होने को प्रमाणित करना पड़ता है, वहीं सजग रहते हुए अतीत के स्वस्थ परम्पराओं का विश्लेषण – अन्वेषण करना आवश्यक होता है। समकालीन लेखक की पहचान ही यही होती है कि अपने समय के समस्यायों के प्रति कितना सजग है और अपने समय के सवालो पर किस तरह प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। और उन सवालों के लिए अपने लेखन में जो जगह वह निर्धारित करता है, कहीं न कहीं इन सबसे ही उसकी समकालीनता सुनिश्चित होती है। हिंदी साहित्य में कहानी हिंदी की सबसे नई लेकिन सर्वाधिक लोकप्रिय विधा है। सम्भवतः यही कारण है कि आज हिंदी में प्रकाशित होने वाली प्रायः सभी पत्र-पत्रिकाओं में कहानियाँ छपती रहती हैं। यहां तक कि जो मूलतः कहानी पत्रिकाएं नहीं हैं, उनमें भी पाठकों को आकर्षित करने हेतु एक-दो कहानियाँ अवश्य छापी जा रही हैं। पत्रिकाओं के कहानी केन्द्रित अंक निकले हैं और कहानी केन्द्रित नई पत्रिकाएं भी प्रकाश में आई हैं। किसी एक कहानीकार की रचनाओं पर केन्द्रित कहानी संकलनों के साथ-साथ प्रतिष्ठित कहानीकारों की एक-एक रचना को लेकर कहानी संकलन तैयार किए गए हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई पत्रिकाओं के कहानी विशेषांक निकले हैं । कतिपय कहानी केन्द्रित पत्रिकाओं-'हंस', 'पहल', 'कथादशक' और वर्तमान साहित्य में प्रकाशित कहानियों से समकालीन हिंदी कहानी की नब्ज को टटोला जा सकता है। सच तो यह है कि आज कहानी और कहानी-समीक्षा ही हिंदी साहित्य के केन्द्र में है।1हिंदी कहानी में समय-समय पर अनेक आन्दोलनों का सूत्रपात हुआ है। नई कहानी, समान्तर कहानी, सचेतन कहानी, अकहानी, समकालीन कहानी और आज की कहानी जैसे जुमले पाठकों को सुनाई पड़े और कुछ तथाकथित कहानी विरोधियों ने तो कविता के साथ-साथ कहानी के अन्त की भी घोषणा कर दी, किन्तु उत्साहपूर्वक बात यह है कि उनके द्वारा 'सर्टीफाई' कर देने के बाद भी कहानी अभी जिन्दा है और विकास के नित नए आयाम खोज रही है। यही नहीं अपितु आज हिन्दी कहानी साहित्यिक चर्चा के केन्द्र में आ गई है। समकालीन हिंदी कहानी अपने विषय-वैविध्य के कारण पुरानी कहानी से बहुत आगे बढ़ी हुई है। आज के कहानीकारों ने समाज की स्थिति को देखा-परखा है और उसे अनुभव के धरातल पर यथार्थ रूप में प्रकट किया है। इस स्थिति को चित्रित करने के लिए उसने नए भाव बोध, नई शैली, नया शिल्प, नया कथ्य, तथा नई भाषा को खोजा है। आज की कहानी आर्थिक विषमता, परिवर्तित जीवन मूल्यों, पीढ़ीगत अन्तराल, निराशा एवं संत्रास के साथ-साथ अपरिचय एवं अकेलेपन की छटपटाहट को भी व्यक्त करती है। उसमें महानगरीय जीवन से उत्पन्न तनावों एवं स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों में आए परिवर्तनों और तनावों को भी विषय-वस्तु बनाया गया है। प्रसिद्ध कहानीकार राजेन्द्र यादव की मान्यता है कि ''कहानी अंधेरे की चीख या अकेली कराह नहीं है, अपितु अच्छी कहानी कहानीकार और पाठक के अनुभव की साझेदारी है, सहयोगी यात्रा है। कहानीकार का कोई भी अनुभव ऐसा इकहरा, इकलौता, अलग-थलग या अनोखा नहीं होता जिससे सिर्फ वही गुजरा हो, हाँ अनुभव से अर्थ तक पहुंचने की तड़प या तलाश उसकी अपनी हो सकती है।'' जैनेन्द्र ने कहा है कि ''कहानी तो एक भूख है जो निरन्तर समाधन पाने की कोशिश करती है।''2समकालीन कहानी जहाँ एक ओर राजनीति की इकहरी और यांत्रिक निष्कर्षों वाली सोच से मुक्त हुई है, वहीं वह समाज और राष्ट्र के संदर्भों में अधिक गंभीर और बेबाक सवालों के सामने खड़े होने की कोशिश कर रही है। एक ओर यदि वह स्थितियों की संवेदनशून्यता की गहरी पड़ताल में प्रवृत्त है तो वहीं वह सामंती अंतर्विरोधों से लेकर स्त्री उत्पीड़न और धार्मिक उन्माद की आँधी में साधारण आदमी की नियति को भी परिभाषित करना चाहती है। आज की कहानी की मूल चिन्ता किसी न किसी स्तर पर मनुष्य की मुक्ति से जुड़ी है। इसमें एक ओर जहाँ भारतीय समाज में हाशिए पर जीवन जी रहे लोगों के अभावों और विविध रूपों में उत्पीड़न से मुक्ति शामिल है वहीं पुरुष वर्चस्व वाले समाज में स्त्री की अपनी अस्मिता और मुक्ति का सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मानवीय अस्मिता की इस लड़ाई में लेखक की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए संजीव इसे 'ऋणमुक्ति की छटपटाहट' के रूप में व्यक्त करते हैं। उनकी इस रचनात्मक छटपटाहट से ही कला की स्वायत्तता और उपभोक्ता अप-संस्कृति वाले समाज में कला की वास्तविक भूमिका तय होती है। 'आप यहाँ हैं' भले ही उनके एक कहानी-संग्रह का नाम मात्र हो, लेकिन वह इस समाज में आदमी की वास्तविक स्थिति और हैसियत का बखान भी है। अनेक स्तरों पर होने पर स्त्री के शोषण को संजीव पर्याप्त संजीदगी से देखते हैं। उनके यहाँ स्त्री खेत-फैक्ट्री में काम करती है, आदिवासी अंचल में अपने बच्चे को पीठ पर लादकर पंद्रह-बीस किलोमीटर दूर घरेलू नौकरी करती है जहाँ मालिक के बच्चे उसके बच्चे में भूगोल में पढ़े 'कंगारू के बच्चे' जैसा साम्य देखते हैं। वह रखैल भी है और वेश्या भी। 'जसी बहू' की बहू चुनौती की तरह चुभते व्यक्तित्व की युवती है जो गाँव के क्षितिज पर नई भोर की तरह उगती है। लेकिन उसके सारे संघर्ष के बावजूद न तो उसकी यातना का अंत है और न ही विडम्बना का। 'धनुष-टंकार' जन संघर्ष की अवसरवादी परिणति का उदाहरण है। संजीव भी कहीं-कहीं इस भ्रम का शिकार दिखाई देते हैं कि कहानी विचारधारा की स्थानापन्न हो सकती है।3समकालीन कथा-परिदृश्य में महिला कहानीकारों की भूमिका और सक्रियता महत्वपूर्ण है। स्वयं महिला लेखकों द्वारा 'महिला-लेखन' के अंतर्गत उनकी पहचान का विरोध वस्तुतः नारी-मुक्ति आंदोलन का ही एक हिस्सा है, जिसमें यह मानकर चला जाता है कि महिलाओं के लिए अब कोई काम और क्षेत्र वर्जित नहीं है। यह उस संवैधनिक अधिकार का भी अंग है जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव किए बिना हर काम के लिए स्त्री और पुरुष के समान समझे जाने की बात कही गई है। 'महिला लेखन' जैसे पद में किसी षड्यंत्र या अवमूल्यन का संदेह गलत है। हिन्दी में नारी-जीवन की संवेदनापूर्ण कहानियाँ लिखने पर भी सुभद्रा कुमारी चौहान और होमवती देवी को कभी महिला-लेखक नहीं कहा गया, और न ही चंद्रकिरण सौनरेक्सा को। उर्दू में तो खैर इस्मत चुगताई अनेक पुरुषों की अपेक्षा कहीं अधिक वैसे लेखने के लिए विख्यात है जैसा महिलाओं द्वारा आमतौर पर नहीं किया जाता। हिंदी में नई कहानी के बाद, कहानियों की एक क्षीण सी ही सही, ऐसी धरा भी प्रवाहित पहुई; बेशक उसकी शुरुआत नई कहानी से ही हुई थी-जिसमें आत्मपरकता बहुत थी। प्रतीक बहुत सांकेतिक भाषा में प्रेम और देह का वैभव उकेरती ये कहानियाँ तब अपनी कथित साहसिकता के लिए ही पहचानी गई थीं। शुरू में वस्तुतः इन्हीं कहानियों के संदर्भ में 'महिला लेखन' जैसे पद का इस्तेमाल किया गया। कविता में वह अकविता का दौर था और आधुनिकता एवं पश्चिम के नारी-मुक्ति आन्दोलन के उत्साहातिरेक में अनेक युवा लेखिकाएँ उस ओर आकृष्ट हुईं लेकिन नई चुनौतियाँ और सामाजिक दबावों के कारण यह स्थिति अधिक समय तक बनी रहने वाली नहीं थी। मृदुला गर्ग, ममता कालिया और मृणाल पांडे ने शुरू की अपनी कहानियों में इस साहसिकता को ही अपनी उपलब्धि माना जिसकी परिणति 'चित्तकोबरा' और 'छुटकारा' की अनेक कहानियों में देखी जा सकती है। मणिका मोहिनी की अधिकांश कहानियाँ आज भी यौन विच्युतियों को ही जीवन का सबसे बड़ा सच मानती दिखाई देती हैं। 'नारी विमर्श' की अभिव्यक्ति का मूल स्वर नारियों की आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं नारी- पुरुष की समानता के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। आर्थिक स्वावलम्बन के अभाव में नारी अपने ही परिवार में शोषित होती रही है, क्योंकि विरोध करने का न उसमें साहस है और न सम्बल। नारी-पुरुष के लिए समाज ने जो अलग-अलग प्रतिमान निर्धारित कर रखे हैं उनका मुखर विरोध भी कथा साहित्य में हुआ है। मैत्रेयी पुष्पा ने अपनी कहानी 'बेतबा बहती रही' में लिखा है-''विभिन्न मानसिकता के दुमुंहे समाज में आज की नारी मात्र वस्तु, मात्र सम्पत्ति, विनिमय की चीज है।''4 नारी को मात्र भोग-विलास की वस्तु समझने वाली मानसिकता का विरोध भी मुखर रूप में किया गया है। पुरुष भेड़ियों की तरह घात लगाए इस 'नरमचारे' को उड़ाने के लिए उतावले रहते हैं ऐसी धरणा कथा लेखिका नमिता सिंह की है। 'अपनी सलीबें' नामक कहानी में वे लिखती हैंμ ''यह जिन्दगी तो जैसे अन्धेरे घने जंगल से निकलने वाली पगडण्डी का नाम है। कब किधर से कोई बाघ या भेड़िया हमला कर दे।

किस पेड़ के पीछे से जंगली सूअर दौड़ता हुआ आए और टक्कर मारकर गिरा दे, कुछ पता नहीं।''समाज में बेटे-बेटी में जो फर्क किया जाता है वह भी स्त्री को कचोटता है। रामदरश मिश्र की कहानी 'थकी हुई सुबह' की लक्ष्मी कहती है- ''क्या स्त्रियों को कोई दूसरा ईश्वर पैदा करता है या यहां स्त्री-पुरुष के लिए दो नियम हैं।'' आज की नारियों में आत्माभिमान है, वे अपनी स्थिति को सुधारने के लिए प्राणपण से जुटी हुई है। वह जमाना चला गया जब स्त्रियों को गाय -भैंस की तरह चाहे जिस खूंटे से बांध दो, वह उफ तक न करती थी। अब वह अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। चित्रा मुद्गल के उपन्यास 'एक जमीन अपनी' की अंकिता सुधांशु से कहती है- ''औरत बोनसाई का पौध नहीं है, जब जी चाहे उसकी जड़ें काटकर उसे वापस गमलों में रोप लिया। वह बौना बनाए रखने की इस साजिश को अस्वीकार भी कर सकती है।''[5] 21वीं सदी की महिला कहानीकारों में कुछ प्रमुख लेखिकाएं अपने नये भाव-बोधों के कारण काफी चर्चा में रही हैं। शिवानी की लोकप्रियता उनकी कहानी संग्रह 'स्वयंसिद्धा' और 'रति विलाप' के कारण अधिक रही है। इनकी कहानियों में खुदरे यथार्थ से अलग नारी का एक भावनापूर्ण संसार निर्मित हुआ है। नाटकीयता, आंचलिकता और कथा-रस इनकी कहानियों की विशेषताएँ हैं। नारी का आधुनिक भाव-बोध इनकी कहानियों में दिखाई देता है। कृष्णा सोबती अपनी कहानियों में मानवीय मूल्यों के टूटने की चर्चा करती हैं। महिलाओं के प्रति होने वाली कुरीतियों और दुर्व्यवहारों से लेखिका आहत है। परिवेश का यथार्थ और खुली यौन मानसिकता इनकी कहानियों की प्रमुख विशेषताएँ हैं। मन्नू भंडारी ने अपनी कहानियों में संस्कार और आधुनिकता के बीच उलझे हुए नारी मन के द्वंद्व को बड़ी ईमानदारी से चित्रित किया है। मन्नू भंडारी ने अपनी कुछ कहानियों में कुछ मजदूर वर्ग असहाय नारियों की दरिद्रता, संघर्ष और मानसिकता का बड़ा ही मार्मिक चित्रा खींचा है।रानी माँ का चबूतरा' ऐसी ही मार्मिक कहानी है। उषा प्रियंवदा आधुनिक भाव-बोध की कहानियाँ कहती हैं। 'वापसी' कहानी मन को उद्वेलित कर देती है। बिखरते मानवीय मूल्यों से ओत-प्रोत इस कहानी में अस्तित्ववाद और व्यक्तिवाद की झलक है। स्वच्छन्द जीवन जीने की इच्छा रखने वाले युवक-युवतियों पर उपभोक्तावादी संस्कृति का गहरा प्रभाव है।6 ममता कालिया यथार्थधर्मी कहानी लेखिका हैं। नारी उत्पीड़न इनकी कहानियों का मुख्य मुद्दा है। परिवार में पति-पत्नी सम्बन्धों, भाई-बहन के रिश्तों और परिवार में उनकी स्थिति का चित्रण बखूबी किया है।7 मृणाल पांडेय की कहानियों में पहाड़ी जन-जीवन और सांस्कृतिक चेतना विद्यमान है। नारी की परतंत्रता उसकी आर्थिक तंगी, जड़ता, संघर्ष तथा जीवन की विसंगतियों का चित्रण इनकी कहानियों की मुख्य विशेषताएँ हैं।8 मृदुला गर्ग प्रेम और काम-सम्बन्धों का आधुनिक दृष्टि से खुला विश्लेषण करने वाली एक सशक्त कहानीकारी हैं। 'समागम' और 'टुकड़ा टुकड़ा आदमी' आधुनिक जीवन के बदले माहौल में नैतिक मूल्यों के विघटन, प्रेम और विवाह से सम्बद्ध समस्याओं, सेक्स-जीवन की विसंगतियों, बलात्कार का मनोवैज्ञानिक प्रभाव का उदाहरण है।9 'चित्रा मुद्गल की कहानियों में महानगरों में संघर्षरत नारियों और झोंपड़पट्टियों में घिसटते हुए निम्नवर्गीय लोगों की जीवन दशाओं का चित्रण है। 'भूख', 'जगदम्बा बाबू गाँव आ रहे हैं' जैसी कहानियाँ इसके उदाहरण हैं।10 सूर्यबाला युवा मन की निराशा और दिशाहीनता को आज के परिवेश की उपज मानकर उसे एक खास अंदाज में प्रस्तुत करने वाली कहानी लेखिका हैं। लेखिका जीवन की सच्चाई का पूरा-पूरा साक्षात्कार करना चाहती है। इसलिए इनका फलक व्यापक है। किसान, मजदूर, निम्नमध्यवर्गीय परिवार इनकी रचनाओं का केन्द्र बिन्दु है।11इन्दुबाली नारी के स्वतंत्र अस्तित्व का अहसास कराने वाली कहानी लेखिका हैं। 'बिना छत का मकान', 'मैं खरगोश होना चाहती हूँ' जैसे कहानी संग्रह इसके प्रमाण हैं। अस्तित्व की प्रतिष्ठा के मार्ग में आने वाली समस्याओं को यथार्थ के धरातल पर अनेक कोणों से उठाने वाली लेखिका हैं।12 चन्द्रकांता ने विभाजन की पीड़ा और साम्प्रदायिकता को उठाने वाली लेखिका हैं। इसके पफलस्वरूप नारी जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को अपनी कहानियों में बखूबी उकेरा है। चन्द्रकांता प्रगतिशील चेतना की लेखिका हैं। मनुष्यता विरोधी तत्त्वों, संकीर्ण एवं स्वार्थी मनुष्यों, आतंकवादियों, बलात्कारियों और सामंतवादी पुरुषों का लेखिका ने मुखर विरोध किया है। आर्थिक शोषण और सामाजिक न्याय इनकी कहानियों के मुख्य बिन्दु हैं।13 मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों में समकालीन जीवन का यथार्थ और संक्रमणकालीन समाज का अंतर्विरोध व्यापक रूप से चित्रित हुआ है। अदम्य साहस और जिजीविषा से भरी नारी पात्रों के चित्रण में इनका मन खूब रमता है। राजनीतिक विद्रूपताओं और नौकरशाही के भ्रष्टाचार के प्रति लेखिका मुखर हैं।14 गीतांजली श्री ने अपने कहानी-संग्रह 'अनुगूंज' में जीवन को अपने ढंग से जीने वाली नारी पात्रों की वकालत की है। परिस्थितियों को नियति मानकर चुपचाप घिसटते चले जाने को लेखिका ने नारियों के लिए ठीक नहीं माना है। मृत्यु का भय, जीवन की समस्याएँ, मानव और प्रकृति के सम्बन्धों को लेखिका ने खास पैटर्न से देखा है।15 अलका सरावगी ने अपनी कहानियों में आधुनिक जीवन की उन नारियों का चित्रण किया है जो भोग-विलास के समस्त संसाधनों के होने के बावजूद भी शोषण की शिकार हैं। 'दूसरी कहानी' नामक कहानी-संग्रह में कलकत्ता महानगर के ऐसे परिवार को केन्द्र में रखा गया है जहाँ अभिजात्यता भी है और सामंतवादी मूल्य भी।16 नासिरा शर्मा, जया जादवानी, अल्पना मिश्र आदि बहुत सारी लेखिकाओं ने नारी जीवन की उन मनःस्थितियों, दुःख-दर्द को अपनी कहानियों में मुखरता से स्वर दिया है। कहानी के क्षेत्र में इतनी सारी महिला लेखिकाओं की सक्रियता से इतना तो स्पष्ट है कि अब कहानी में महिला चरित्रों, उनकी परिस्थितियों, उनकी समस्याओं, उनके अधिकारों और उनकी स्वतंत्रता और उनकी गरिमा को प्रमुखता प्राप्त होने लगी है। महिला लेखिकाओं की दृष्टि वहाँ तक पहुँच सकी है जहाँ तक पुरुष लेखकों की दृष्टि नहीं जाती थी। और जाती भी थी तो वे विश्वसनीय और प्रामाणिक नहीं लगते थे। यह शुभ संकेत है कि 21वीं सदी की हिंदी कहानियों में नारी जीवन के समग्र चित्र व्यापक रूप से हमारे समक्ष उपस्थित हो रहे हैं और राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से, कानूनी और सामाजिक रूप से महिलाओं के जीवन में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1.मधुरेश, हिन्दी कहानी का विकास, सुमित प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ 176
2.आजकल, मासिक, अक्टूबर 2020, पृष्ठ 45
3.मधुरेश, हिन्दी कहानी का विकास, सुमित प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ 181
4.डॉ. नागेन्द्र, डॉ. हरदयाल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, ओरिएंट ब्लैक स्वान प्रकाशन, पृष्ठ 510
5.डॉ. अशोक तिवारी, प्रतियोगिता साहित्य सीरीज, नेट पेपर-3, पृष्ठ 134
6.वही, पृष्ठ 345
7.डॉ. रामचन्द्र तिवारी, हिन्दी का गद्य साहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ 342-344
8.वही, पृष्ठ 345
9.वही, पृष्ठ 345
10.वही, पृष्ठ 345
11.वही, पृष्ठ 346
12.वही, पृष्ठ 346
13.वही, पृष्ठ 347
14.वही, पृष्ठ 347
15.प्रो. हरिमोहन शर्मा, डॉ. विनोद तिवारी, कथालोचना-दृश्य-परिदृश्य, पृष्ठ 65
16. वही, पृष्ठ 70

दलित विमर्श

दलित आलोचना के प्रमुख मुद्दे : एक संक्षिप्त विश्लेषण

डॉ. जयसिंह मीणा
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग
लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय.

हिन्दी साहित्य में दलित लगभग अनुपस्थित हैं- कर्ता के रूप में भी और विषय के रूप में भी। बीसवी सदी के अंतिम दशकों में जब दलित लेखकों ने साहित्य में बलपूर्वक अपनी स्थिति को रेखांकित करना शुरू किया तो गैर दलित लेखकों का भी ध्यान उधर गया। दलित साहित्य की विशिष्टता को समझकर उसे स्वीकार करने की बजाय गैर दलित आलोचकों ने प्रेमचंद, निराला, अमृत लाल नागर इत्यादि लेखकों के साहित्य को भी दलित साहित्य बताना शुरू किया। दलित आलोचना से जुड़ी अधिकांश बहसें दलित कौन है, दलित साहित्य की अवधारणा, दलित साहित्य कौन लिख सकता है, स्वानुभूति बनाम सहानुभूति इत्यादि इसी पृष्ठभूमि से उपजी बहसें हैं। इन बहसों से दलित आलोचकों ने 'पालिमिक्स' में हिस्सा लेने तथा हावी होने के तरीकों का अभ्यास किया। लेकिन इसका एक बड़ा नुकसान यह हुआ है कि इन 'पालिमिकल' बहसों में टेक की तरह दुहराये गये तर्क दलित आलोचना का स्थाई भाव बन गये। दूसरा नुकसान यह हुआ कि 'पालिमिक्स' दलित आलोचक की शैली बन गयी, बाहरी उत्तेजना के बिना स्वतंत्र शोध और लेखन मुश्किल हो गया। इससे प्राथमिकतायें गड़बड़ा गई हैं, और दलित आलोचना प्रतिक्रिया स्वरुप की जाने वाली टिप्पणियों का भंडार बन कर रह गयी है। यहां तक कि डॉ. धर्मवीर का कबीर पर विराट शोधकार्य भी प्रतिक्रिया स्वरुप ही उपजा है, इसीलिए उसके बाद के खंडों में अनर्गल छींटाकशी ज्यादा है, संवेदनशील तार्किकता कम।

'दलित साहित्य कौन लिख सकता है' यह एक अमूर्त बहस है, इसके मुकाबले गैर दलित लेखकों को लिखकर ही दिखाना चाहिये था कि वे दलितों जैसा लिख सकते हैं या नहीं। बहरहाल, इस सवाल का वास्तविक आशय दलित साहित्य के उभरते हुए बाजार पर एकाधिकार से भी था, इसीलिए इस बहस में कभी यह सवाल नहीं उठाया गया कि दलित साहित्य कौन पढ़ सकता है! यह व्यक्तिगत रूप से कुछ दलित लेखकों के लिए भले ही लाभदायक रहा हो, लेकिन व्यापक स्तर पर इसने नकारात्मक प्रवृत्तियों को जन्म दिया। इससे दलित साहित्य की विशिष्टता के बजाय लेखक की जाति का सवाल केन्द्र में आ गया। अब पुराने लेखकों का दलित विषयक लेखन एक चुनौती लगने लगा, ऐसी स्थिति में 'महान' लेखकों का मूर्तिभंजन होना तो अनिवार्य ही था। हिन्दी साहित्य के ब्राह्मणवादी होने के फतवे भी जारी कर दिये गये। इस आरोप में सच्चाई का अंश तो था लेकिन सरलीकरण ज्यादा था। ऐसे वक्तव्य देते समय यह भी नहीं ध्यान रखा गया कि उसी 'हिन्दी साहित्य' में नाथों, सिद्धों तथा कबीर और अन्य निर्गुण पंथियों का साहित्य भी शामिल है। सूफियों के प्रेमाख्यानों तथा रीतिमुक्त धारा के कवियों की प्रेम कविताओं को किस तर्क से ब्राह्मणवादी कहेंगे? यह तो प्रगतिशीलता की बेहद संकीर्ण धारणा होगी कि जो कुछ दलित साहित्य नहीं है सब प्रतिक्रियावादी- ब्राह्मणवादी है। दुर्भाग्य से अधिंकाश दलित लेखकों के मन में प्रगतिशीलता की धारणा कुछ ऐसी ही है।

दलित आलोचकों ने प्रेमचन्द और अन्य कई गैर दलित रचनाकारों का मूल्यांकन उन्हें 'सवर्ण' या द्विज' मानकर ही किया है और कई बार पूर्वग्रहयुक्त ढंग से उनके साहित्य में ब्राह्मणवाद और जातिवादी संस्कार तलाशने की कोशिशें की हैं। आज प्रेमचंद, नागार्जुन, निराला जैसे साहित्यकारों पर उन्होंने 'दलित विरोधी' का तमगा लगा दिया है। प्रेमचन्द सहित अन्य गैर दलितों पर विचार करते हुए दलित आलोचकों के लेखन में प्रतिशोध की भावना दिखाई देती है। दलित आलोचना की समस्या यह रही कि जिस तरह उसने 'ब्राह्मण' और 'ब्राह्मणवाद' में अंतर नहीं किया है, उसी तरह उसने गैर दलित लेखकों के लेखन को 'सवर्ण साहित्य' मानकर मूल्यांकन किया है। ऐसी पूर्वग्रहयुक्त आलोचना साहित्य के लिये तो घातक है ही, स्वयं दलित आलोचना की विश्वसनीयता के लिये भी घातक है। किसी भी नये साहित्यिक आंदोलन को दो चुनौतियों का सामना करना ही पड़ता है।

दपहला, नये तरह का साहित्य पाठकों-आलोचकों से नये तरह के साहित्यबोध की भी अपेक्षा करता है। पाठकों-आलोचकों के एक विशेष किस्म के साहित्य का अभ्यस्त हो चुकने के कारण नयी साहित्य प्रवृतियों को आरम्भ में विरोध का भी सामना करना पड़ता है। यह छायावाद के साथ भी हुआ, प्रगतिवाद के साथ भी हुआ और नयी कविता के साथ भी यही हुआ। दूसरी चुनौती कलात्मकता और शिल्प की होती है। नयी अभिव्यक्ति नये तरह का शिल्प भी चाहती है। कलात्मकता और शिल्प संबंधी समस्याओं का समाधान अभ्यास से होता है, जिसमें समय लगता है। चूंकि इन सवालों को उठाने वालों में दलित साहित्य के विरोधी परम्परावादी भी शामिल रहे हैं, इसलिए दलित लेखकों-आलोचकों ने कलात्मकता की नयी धारणा तथा शिल्प संबंधी समस्याओं का रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करने की बजाय कला और शिल्प की चिंताओं को विलासिता का पर्याय और ब्राह्मणवादी षडयंत्र कहकर खारिज कर दिया। अपने उपर उठने वाले किसी भी सवाल को ब्राह्मणवादियों का षडयंत्र बताकर खारिज कर देना दलित आलोचना का स्वभाव बन चुका है। तर्क या कुतर्क से किसी सवाल को खारिज करना आसान है, लेकिन उसका रचनात्मक उत्तर दे सकना श्रमसाध्य कार्य होता है- हालांकि विकास इसी से होता है। यह समस्या सबसे अधिक साहित्य के इतिहास के प्रसंग में दिखाई देती है, जहां पूरे हिन्दी साहित्य तथा हिन्दी साहित्य के इतिहास को ब्राह्मणवादी बताकर खारिज तो कर दिया गया है लेकिन वैकल्पिक इतिहास लिखने का काम दलित आलोचना के एजेंडे पर दिखाई ही नहीं देता। साहित्यिकता से जुड़े सवालों को गंभीरता से न लेने का दुष्परिणाम यह हुआ है कि कोई वैकल्पिक सैद्धांतिकी निर्मित करने में दलित आलोचना की कोई रुचि नहीं रही है, नतीजतन अभिव्यक्ति के क्षेत्र में दलित साहित्य को कोई सार्थक दिशा दे पाने में वह पूरी तरह असमर्थ रही है।

दलित आलोचना दो और सवालों पर उलझी हुई दिखती है, धर्म के सवाल पर और मार्क्सवाद के साथ संबंध के सवाल पर। डॉ. अम्बेडकर ने बहुत साफ देखा था कि जाति व्यवस्था को हिन्दू धर्मग्रंथों का समर्थन प्राप्त है। हिन्दू रहते हुए जाति से मुक्ति पाना संभव नहीं है। इसीलिए उन्होंने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। डॉ. अम्बेडकर ने बहुत स्पष्ट शब्दों में बौद्ध धर्म को मार्क्सवाद से श्रेष्ठ भी बताया था। लेकिन ये बाते पचास वर्ष से भी अधिक पुरानी है। अब धर्म ग्रंथों का कोई नाम नहीं लेता, फिर भी जातियां बनी हुई हैं, स्वयं बौद्ध धर्म में जाने वाले दलितों का 'नवबौद्ध' नाम से अलग वर्गीकरण तैयार हो गया। धर्म के सवाल पर दलित आलोचकों में तीन वर्ग दिखाई देते हैं। पहला, जो अम्बेडकर द्वारा अपनाये गये मार्ग को आज भी प्रासंगिक मानता है और बुद्ध-अम्बेडकर दर्शन को दलित साहित्य का आधार बताता है। दूसरा, जो अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने को उसके ऐतिहासिक संदर्भ में तो प्रगतिशील किन्तु आज अप्रासंगिक मानता है और घोषणा करता है कि केवल धर्म न तो दलितों की समस्याओं का स्रोत है और न ही धर्मान्तरण उसका समाधान। तीसरा वर्ग डा. धर्मवीर सरीखे विद्वानों का है जो मानते हैं कि बौद्ध धर्म अपनाकर डा. अम्बेडकर पथभ्रष्ट हो गए थे, दलितों को एक नये धर्म की आवश्यकता है, वही उसकी समस्याओं का समाधान है। मार्क्सवाद को लेकर दलित आलोचना में उलझन की स्थिति है। यह उलझन खुद मार्क्सवाद के भीतर भी मौजूद रही है। मार्क्सवादियों ने अम्बेडकर के आंदोलन को समर्थन तो नहीं ही दिया, उलटे उसका विरोध किया। अम्बेडकर ने भी यथासंभव मार्क्सवाद का विरोध ही किया। अधिकांश दलित आलोचक इस मामले में अम्बेडकर के ही मार्ग का अनुगमन कर रहे हैं, हालांकि अम्बेडकर की तरह मार्क्सवाद को थोड़ा बहुत समझने की भी दिलचस्पी उनके अंदर नहीं है। उदाहरण के लिये, ओमप्रकाश वाल्मीकि 'कब तक इन प्रश्नों से बचेगा मार्क्सवाद' शीर्षक एक लेख में नामवर सिंह और रामविलास शर्मा को मार्क्सवाद का पर्याय बना देते हैं दलित आलोचक मार्क्सवाद को बस 'वर्ग' की

धारणा के पर्याय के रूप में देखते हैं और उसके पूरे आर्थिक-सामाजिक विश्लेषण से आंखे मूंदे हुए हैं। जाहिर है कि यह अज्ञानता-जनित विरोध है। एक तो यह कहना ही अज्ञानता भरा है कि 'वर्ग' यूरोपीय अवधारणा है, इसलिये भारत के संदर्भ में यह अप्रासंगिक है। दूसरे, आप वर्ग की धारणा को अप्रासंगिक कह सकते हैं, लेकिन ये कैसे कह सकते हैं कि आर्थिक विषमता दलितों की समस्या ही नहीं है। अगर सचमुच पूरे दलित समुदाय की समग्र 'मुक्ति' विमर्श के केन्द्र में है तो दासता के केवल सामाजिक पहलू पर जोर देने वालों की समझ या तो एकांगी है अथवा वे सचेत रूप से इस विमर्श को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। बहरहाल, छोटा ही सही आलोचकों का एक वर्ग ऐसा भी है, जो भारत में मार्क्सवाद की ऐतिहासिक भूमिका की आलोचना करते हुए भी दलितों के संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता को स्वीकार करता है और अम्बेडकरवाद तथा मार्क्सवाद के संश्लेष पर बल देता है।जाति के सवाल पर दलित आलोचकों की वैचारिकी में जहां अंतर्विरोध दिखाई देता है, वहीं स्त्री के सवाल पर अधिकांश दलित आलोचकों का चिंतन पितृसत्तात्मक आग्रहों को पुष्ट करने वाला है। दलित और स्त्री दोनों ही सामाजिक संरचना द्वारा उत्पीड़ित अस्मिताएं हैं, इसलिए दोनों को ही एक-दूसरे का सहयोगाकांक्षी होना चाहिए था, लेकिन वहां इसका अभाव ही प्रकट होता है। दलित विमर्श से इतर दलित स्त्री विमर्श चलाने की जरूरत दलित स्त्रियों को क्यों पड़ी है ? इस मामले में हम देखते हैं कि हिन्दी की दलित आलोचना और नारीवादी आलोचना दोनों ही समस्याग्रस्त हैं। असल में दलित स्त्री के उत्पीड़न की अनदेखी दोनों ही विमर्शों ने की, इससे दलित विमर्श केवल 'पुरुष विमर्श' बन कर रह गया और नारीवाद 'सवर्ण स्त्री विमर्श'। दलित साहित्यकार यह तो बताते हैं कि उन्हें जातिगत शोषण के विभिन्न रूपों का सामना करना पड़ा है, लेकिन दलित स्त्री की बात वहां या तो बिल्कुल नहीं है, या अगर है तो प्रायः उसके विरोध में है। बाद में दलित स्त्री ने एक नया विमर्श चलाकर जो अब तक 'अनकहा' था उसको अभिव्यक्त किया। दलित आलोचकों की नाराजगी इससे और बढ़ गई है। जो उनके द्वारा दिए गए स्त्री विरोधी वक्तव्यों और उन पर लगाए जा रहे व्यक्तिगत आक्षेपों में बिल्कुल साफ दिखाई पड़ती है। इसके पीछे वास्तव में दलित आलोचकों की पुरुषवादी विचारधारा ही है जो किसी भी कीमत पर अपना पुरुष वर्चस्व खोना नहीं चाहती, चाहे खुद दलित स्त्री के विरोध में ही क्यों न खड़ा होना पड़े। दलित और स्त्री उत्पीड़न के लिए जातिवादी व्यवस्था भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है, ऐसे में जाति को खत्म करना दोनों अस्मिताओं की मुक्ति के लिये अपरिहार्य कदम है, लेकिन विमर्श के आरंभिक दौर में जहां दलित लेखक जातिव्यवस्था को उत्पीड़न का तंत्र मानकर उसे तोड़ने की दिशा में सही मायने में अम्बेडकरवाद के अनुगामी होने का परिचय दे रहे थे, वहीं वर्तमान में 'जाति बचाओ' का नारा और स्त्री विरोधी वक्तव्य देकर वे अम्बेडकर के विरोध में जाने से भी नहीं झिझक रहे हैं।

आम दलित आज भी व्यापक स्तर अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और जातिवाद की समस्या से जूझ रहा है। दलित अगर उत्पीड़ित हैं तो केवल इसलिए नहीं कि उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है, बल्कि उन्हें हेय दृष्टिसे देखा ही इसलिए जाता है क्योंकि एक समूह के रूप में वे वंचित और परनिर्भर रहे हैं! व्यापक दलित समुदाय के लिए वास्तविक सवाल किसका है - अस्मिता का या अस्तित्व का? दलित उत्पीड़न एक भौतिक यथार्थ है और इसका संबंध जातिवादी चेतना तथा विचारधारा से है। इस विचारधारा की जड़ें भारतीय समाज की सामाजिक-आर्थिक संरचना में है, इसलिए इस उत्पीड़न को केवल बौद्धिक हमलों के जरिए नहीं खत्म किया जा सकता। इस लिहाज से बुनियादी प्रश्न अस्तित्व की भौतिक परिस्थितियों में परिवर्तन का है, न कि केवल अस्मिता का! दलित प्रश्न को केवल अस्मिता का प्रश्न मानकर देखना दलित आलोचना की बहुत बड़ी समस्या है। यह समस्या इसलिये पैदा हो रही है क्योंकि दलित साहित्यकार दलित साहित्य के झंडे के नीचे भले एकजुट दिखाई देते हैं, लेकिन वे सामाजिक परिवर्तन के किसी व्यापक आन्दोलन का हिस्सा नहीं बन सके हैं। अधिक से अधिक वे एक साहित्यिक आन्दोलन का अंग कहे जा सकते हैं। ऐसे में उनके लिये दलित आन्दोलन केवल कागजी लेखन का पर्याय बन गया है। जातिवादी सामाजिक संरचना को अपना प्रतिपक्ष मानने की बजाय उन्होंने हिन्दी के दो चार लेखकों को ही अपना वास्तविक शत्रु मान लिया है। ऐसे में मध्यवर्गीय व्यक्तिवाद अपनी बड़ी भूमिका निभाता है और यह लड़ाई साहित्य की दुनिया में वर्चस्व कायम करने की लड़ाई में बदल जाती है। जाहिर है कि यह लड़ाई छपने और बिकने की पूंजीवादी लड़ाई में बदल जाती है और विवाद पैदा करना सबसे सफल रणनीति बन जाता है। बहरहाल, दलित साहित्य एक अलग धारा के रूप में स्वीकृत हो चुका है, इसलिये पुराने सवाल अप्रासंगिक से नजर आने लगे हैं। दलित साहित्य को स्थापित करने तथा जाति के सवाल को पूरी शिद्दत से उठाकर पूरे हिन्दी समाज का ध्यान उस पर दिलाने का पहले चरण का ऐतिहासिक कार्यभार दलित आलोचना पूरा कर चुकी है। इसके साथ ही उसकी समस्याएं और अंतर्विरोध भी बहुत साफ तौर पर दिखाई देने लगे हैं। इन समस्याओं से मुक्ति के साथ-साथ हिन्दी के दलित साहित्य को देश के दूसरे क्षेत्र में चल रहे दलित आन्दोलनों तथा अन्य मुक्तिकामी संघर्षों से जोड़ना खुद दलित आलोचना के विकास के लिये अपरिहार्य शर्त बन गई है - अन्यथा वह उसी बंद दायरे में चक्कर काटती रहेगी। आशाप्रद बात यह है कि कुछ एक गंभीर आलोचक पूरी निष्ठा के साथ इस कार्य में लगे हुए हैं। दलित स्त्री विमर्श का उभार भी दलित आलोचना में कुछ सकारात्मक प्रवृत्तियां पैदा करेगा, ऐसी उम्मीद है। कुल मिलाकर दलित आलोचना के लिये यह बेहद चुनौती भरा समय है। अगर हिन्दी की दलित आलोचना एक बेहतर समाज तथा एक बेहतर साहित्य के लिये होने वाले संघर्ष को आगे बढ़ाने का जज्बा दिखाती है, तो भविष्य पर उसकी दावेदारी अभी बची हुई है।

******

संदर्भ ग्रंथ :–

1. दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र – डॉ. ओमप्रकाश वाल्मीकि, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र. सं.- 2001
2. दलित साहित्य की अवधारणा – कँवल भारती, बोधिसत्व प्रकाशन, रामपुर, उ.प्र. - 2006
3. दलित समाज और संस्कृति – तेजसिंह, आधार प्रकाशन, पंचकूला, हरियाणा, 2007
4. दलित चिंतन का विकास : अभिशप्त चिंतन से इतिहास चिंतन की ओर - डॉ. धर्मवीर, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008
5. दलित लेखन के अंतर्विरोध – रामकली सर्राफ (सं.), शिल्पायन प्रकाशन, दिल्ली, 2009
6. चिंतन की परंपरा और दलित साहित्य – डॉ. श्योराज सिंह बेचैन/ डॉ. देवेन्द्र चौबे (सं.), नवलेखन प्रकाशन, हजारीबाग, 2000 -01
7. स्त्री के लिए जगहव – राजकिशोर (सं.), वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, 1994

मोहनदास नैमिशराय की कहानियों में दलित संघर्ष
('हमारा जवाब' कहानी संग्रह के विशेष सन्दर्भ में)

शिल्पा दत्त
सहायक अध्यापिका(अंशकालीन), हिंदी विभाग
नार्थ लखिमपुर कॉलेज (स्वायत्त शासित)

प्रस्तावना -साहित्य समाज की उपज है| समाज से जुड़ने में ही साहित्य की प्रासंगिकता निहित है| समाज की मानसिकता में परिवर्तन हेतु आवश्यक है कि उसके विचारों में भी परिवर्तन हो और इस कार्य में साहित्य सहायक सिद्ध हो सकता है| किसी भी कहानी की सार्थकता इस बात में निहित है कि वह हमारे जीवन के विविध पहलुओं को छूती है या नहीं और जीवन को बेहतर बनाने में किस हद तक अपनी भूमिका निभाती है| लंबे समय से ही हिंदी साहित्य में दलित जीवन से संबंधित कहानियाँ लिखी जा रही थी परंतु सहानुभूतिपूर्वक| हिंदी कथा साहित्य में दलित चेतना की अभिव्यक्ति के दृष्टिकोण से आठवा दशक महत्वपूर्ण रहा है| इस समय के कहानियों में दलितों के भोगे हुए यथार्थ के साथ चेतना के तेवर भी नजर आये| धीरे धीरे स्वयं दलित लेखक सामने आये और अपनी दास्ताँ खुद लिखने लगे| अपने अस्मिता के प्रति सचेत हुए और एक विमर्श का रूप लेने लगे| ऐसे में मोहनदास नैमिशराय हिंदी साहित्य के एक सशक्त दलित साहित्यकार के रूप में नजर आते हैं| जिन्होंने अपने साहित्य में दलितों की जीवन संघर्ष को दिखाया है| दलितों के साथ हो रहे किसी भी प्रकार की अन्याय, अत्याचार को वह सह नहीं सकते हैं| अत: अपनी कहानी संग्रह 'आवाजे' तथा 'हमारा जवाब' में दलितों की सम्पूर्ण व्यथा-गाथा को खोलकर रख दिया है| लेखक अपनी कहानियो के माध्यम से समाज के लिए सवाल भी खड़ा करता है और उसका उत्तर देने का भी प्रयास करता है| जातिभेद, वर्णभेद, दलित जीवन की संकीर्णता, दलित नारी के साथ हो रहे अन्याय-अत्याचार, छुआछुत, धार्मिक एवं राजनैतिक संकीर्णता इत्यादि अनेक प्रकार की विसंगतियाँ इनकी कलम से बच नहीं पाए| मुख्य रूप से मोहनदास जी ने अपनी कहानियों के द्वारा दलितों के जीवन-इतिहास और उनकी अस्मिता को गति प्रदान किया है| प्रस्तुत आलेख में उनकी कहानी संग्रह 'हमारा जवाब' में निहित दलित संघर्ष पर चर्चा की जाएगी|

अध्ययन की पद्धति -

प्रस्तुत आलेख को सम्पन्न करने के लिए निम्नलिखित पद्धतियों का सहारा लिया गया है-

- विश्लेषणात्मक पद्धति
- आलोचनात्मक पद्धति
- वर्णनात्मक पद्धति

इसके अतिरिक्त इसे सम्पूर्ण करने के लिए आधार ग्रंथो और सहायक ग्रंथो की सहायता ली गयी है|

शोध उद्देश्य :-मोहनदास नैमिशराय ने अपनी कहानियों में किस प्रकार दलित संघर्ष को प्रस्तुत किया है उसे दिखाना|दलितों की सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डालना|छुआछुत, अस्पृश्यता, धर्म, निम्न जाति के नाम पर दलितों के ऊपर हो रहे अत्याचार को किस प्रकार लेखक ने अपनी कहानियों में दिखाया है उसे प्रस्तुत करना मेरा उद्देश्य रहेगा|

मूल विषय -मोहनदास नैमिशराय मूलतः एक प्रसिद्ध दलित साहित्यकार है, जिन्होंने अपने साहित्य में दलितों की समस्याओं को दिखाया है| इन्होंने अपनी कहानी संग्रह 'हमारा जवाब' के माध्यम से समाज में दलितों की स्थिति को बड़े ही सजीवता से दिखाया है| समाज में दलितों की अपनी आजादी नहीं होती, उन्हें आजीवन महाजन, जमींदारों के गुलाम बनकर रहना पड़ता हैं| गाव में चमार, डोम जैसे निम्न जाति को समाज में कुत्तों की तरह व्यवहार किया जाता है| निम्न जातियों को समाज में दुकान लगाना तथा अन्य काम करना सवर्ण जातियों की शान के खिलाफ होता था| समाज में दलित पुरुषों के साथ-साथ स्त्रियों पर भी अत्याचार, शोषण और बलात्कार जैसे अपराध भी किया जाता हैं| दलितों की सामाजिक समस्या को नैमिशराय जी के 'हमारा जवाब' कहानी संग्रह में निम्नलिखित बिन्दुओ में देख सकते है-**अमानवीयता का भयावह चित्रण-** हिंदी दलित साहित्य में मोहनदास नैमिशराय एक ऐसे प्रसिद्ध लेखक है जो अपनी चेतनापरक रचनाओं के लिए सुविख्यात है| मोहनदास नैमिशराय ने समाज में दलितों के ऊपर हो रहे अत्याचार का चित्रण बड़े ही मार्मिक ढंग से किया हैं| इसका उदाहरण हम प्रस्तुत कहानी संग्रह में सं 'मजूरी' कहानी में देख सकते हैं| इस कहानी में सुमति नामक दलित स्त्री पात्र है, जो अपने मालिक से अपने काम के पैसे मांगने जाती है तो मालिक द्वारा अपने पालतू कुत्ते से उसे बुड़ी तरह कटवाता हैं| लेखक लिखते हैं- "महेश अब तक रोमी को इशारा कर चूका था| रोमी ने उसके हाथ को मुंह में ले लिया था| नुकीले दांत गड़ गए थे उसकी कलाई पर| जहाँ खून उभर आया था| रहे-सहे कपड़े भी फट गये थे| कई जगह काटा था रोमी ने उसे| वह चिल्लाती रही थी, पर कोई नहीं आया था उसे कुत्ते से बचाने|"[1] आसपास बैठे लोगों में से किसी ने उसे बचाने की कौशिश नहीं की और वह अंत में तड़प तड़पकर मर जातीहैं|

इससे पता चलता है लोगों की अमानवीयता का| महाजन के घर में काम करनेवाली सुमति तो अपना हक़ का पैसा मांगने आयी थी पर हर बार महाजन उसे भेज देता था| जिस दिन वह ठानकर आयी की चाहे जो हो जाए वो अपना मजूरी लेकर रहेगी उसी दिन उसे मरवा दिया जाता है| देखा जाए तो सुमति जैसी स्त्री आज भी समाज में जिंदा हैं| वर्तमान समाज में आज भी सवर्ण या उच्च वर्ग के लोग मजदूरों से अपना काम तो करवा लेते हैं, लेकिन उनके काम के बदले उनको पैसे नहीं देते और जब अपने हक के लिए आवाज उठाते हैं तो उनको मौत के मुहँ मे धकेल दिया जाता हैं| मरने से पहले वह अपने दस वर्ष के बेटे को समझाते हैं कि " बेटे याद रखना| महेश नाम है उसका| बड़ा होकर अपनी माँ का हिसाब माँगना उससे| एक-एक पाई वसूल करना|"[2] यहाँ लेखक ने अंत में दलितों को अपने स्थिति के प्रति आवाज उठाने की भावना को उजागर किया है|

छुआछूत और जातिवाद का भयावह चित्रण - दलित साहित्य से पहले प्रेमचंद युग में हमें छुआछूत का चित्रण मिलता हैं, लेकिन दलित साहित्य में छुआछूत के चरम स्तर को दिखाया गया हैं| आंबेडकर के अनुसार "छुआछूत गुलामी से भी बदत्तर हैं"[3] मोहनदास नैमिशराय ने अपने कहानियों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में जातिवाद और उच्च जाति के सामंती व्यवस्था को दिखाया हैं| गाव के महाजन, जमींदार लोगों द्वारा दलितों की बस्तियों को गाव से बाहर रखा जाता था| उनके लिए कुआँ, शमशान आदि सब कुछ अलग रखा होता था| दलित साहित्यकार शरण कुमार ने लिखा है-"दलित साहित्य का जन्म अस्पृश्यता की कोख से हुआ हैं|"[4] दलित साहित्यकार मोहनदास नैमिशराय जी ने अपनी कहानियों में छुआछूत के घृणित और भयावह रूप को दिखाया हैं| उदाहरण के रूप में हम 'हमारा जवाब' कहानी को ले सकते हैं| कहानी में चित्रित हिम्मत सिंह एक दलित परिवार से था जो अपना घर चलाने के लिए मिठाई बनाकर बेचने जाता हैं, लेकिन सभी लोग उससे घृणा करते थे| सवर्ण लोग तो हिम्मत के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने लगे थे| बार-बार समाजवालों ने उसे मिठाई बेचने के लिए मना भी किया था, लेकिन फिर भी वह मीठाई बेचता था| वह कहता है "मैं इसीलिए मिष्ठान का खोमसा लगाना बंद कर दूँ कि मैं दलित समाज से हूँ| नहीं नहीं यह कार्य मैं पहले की तरह करता रहूँगा| देखते हैं कौन रोकेगा मुझे| अरे वे ऊँची जात के हो गए तो क्या उतने ऊँचे कि आदमी को भूल जाए|"[5] अंत में पूरे समाज के लोग मिलकर उसे मरवा देते हैं, लेकिन वह अपने अंतिम साँस तक लड़ता हैं| उसने जाति भेद की समस्या को खत्म करने का प्रयास भी किया था| जातिवाद की व्यवस्था से समाज में प्रेम और भाईचारे के बदले घृणा का भाव बांटा जा रहा था| 'जगीरा' नामक कहानी में भी छुआछूत का मार्मिक चित्रण किया गया हैं| जगीरा दलित वर्ग का हैं, जो अपनी कड़ी मेहनत से सभासद बना था| उसके द्वारा सभा में एक दिन पानी के घड़े को छु देने पर सभा में

उपस्थित सभी लोग उसके विरोध हो जाते हैं और समाचार पत्रों में उसके खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने लगते हैं| इसप्रकार मोहनदास नैमिशराय के दलित साहित्य में छुआछूत का घृणित और भयावह रूप देखने को मिलता हैं|

अंधविश्वास का चित्रण :-

अंधविश्वास आज दुनिया के कोने कोने में फैला हुआ हैं| अंधविश्वास का प्रभाव आमतौर पर ग्रामीण समाज में देखने को मिलता हैं| यह पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ता जा रहा हैं| अंधविश्वास की भावना अधिकतर कमजोर मानसिकता के व्यक्ति में होती है| दलित साहित्यकार नैमिशराय ने अपने साहित्य में भी अंधविश्वास का चित्रण किया हैं|'हमारा जवाब'कहानी संग्रह मे संकलित'कर्ज'नामक कहानी में गाव के अंधविश्वास को दिखाया हैं| इस कहानी में दलित लोग रीति-रिवाज, पूजा-पाठ पर ज्यादा विश्वास करते थे| जिन लोगों को एक वक्त की रोटी मुश्किल से मिलती हो, जिनके बच्चे दवाई के अभाव में मर जाते हैं, वे लोग पूजा–पाठ तथा धार्मिक अनुष्ठान जैसे ढोंग में लिप्त रहते हैं| शोषित समाज के स्त्री–पुरुष, देवी-देवताओं को खुश करने के लिए मेहनत से कमाए हुए पैसे का दुरुपयोग करते करते हैं, भले ही उन्हें इन सब कामों के लिए कर्ज में ही क्यू ना डूबना पड़े| समाज के हर क्षेत्र सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक आदि में भी अंधविश्वास जैसी ढोंग पर विश्वास किया जाता हैं| वर्तमान समय में अंधविश्वास इतना अधिक बढ़ गया है की बच्चे के बीमार होने पर डॉक्टरों के पास जाने के वजाय साधु, जैसे ढोंगों के पास जाया जा रहा हैं| राख और भभूत की चुटकी लगाकर बच्चों के जान के साथ खेला जा रहा हैं| कहने को तो जमाना नया हो गया है, लेकिन आज भी पुरानी मान्यताएं समाज में चल रही हैं|

अपने अस्तित्व की लड़ाई :-मोहनदास जी ने अपने साहित्य द्वारा दलितों में जागरूकता लाने का भी सफल प्रयास किया हैं| 'जगीरा' नामक कहानी में दिखाया गया है कि भूपतसिंह जागीरदार के गाँव का कानून था कि कोई दलित महिला गाँव में बच्चा नहीं दे सकती थी| उन्हें बच्चे को जनने के लिए गाँव से बाहर जाना पड़ता है| लेकिन जगीरा का जन्म इस परंपरा को तोड़ता है| इसलिए उसका नाम 'जगीरा' पड़ता है| दलित वर्ग का जगीर अपने संघर्ष के बल पर चुनाव लड़कर सभासद बनता हैं| कहानी में जगीरा डॉ अंबेडकर के जीवन संघर्ष द्वारा समाज के नवयुवकों में नई चेतना लाने का प्रयास करते हैं| दलितों में परिवर्तन लाने के लिए उसने अपने संघर्ष के बल पर कॉर्पोरेशन ऑफिस में सभासद तो बन जाता हैं, लेकिन एक दिन उसके द्वारा पानी के घड़े छु देने पर सारा समाज उसके विरुद्ध
हो जाता है और तब उसकी अस्मिता चूर-चूर हो जाती है| जगीरा का दोस्त उस बात को भुलाने के लिए उसे शराब पिलाते हैं परंतु उसके पिता उसे संघर्ष करने की प्रेरणा देकर कहता है "उठ जगीरा, शराब के दलदल में मत फँस, संघर्ष कर, अभी तेरा मकसद खत्म नई हुआ है ये तो शुरुआत है|"[7] वह हार नहीं मानता और अपने दलितों के जीवन में सुधार लाने का सफल प्रयास करता रहा| जगीरा जैसे व्यक्ति हमें आज भी समाज में जिंदा और अपने हक के लिए लड़ते दिखाई दे रहे हैं| अंत में कह सकते हैं कि मोहनदास नैमिशराय हिंदी दलित साहित्य के एक सशक्त साहित्यकार है| उन्होंने अपनी कहानियों में दलित जीवन की दःख, पीड़ा, अभाव, समस्याएँ, संघर्ष इत्यादि को वाणी दी है| हिंदी साहित्य में जो वर्ग आजतक उपेक्षित रहा है उनके जीवन संघर्ष को नैमिशराय की कहानियों में देखा जा सकता है| आज दलित वर्ग कठिन संघर्ष करके अपनी शिक्षा भी पूरी कर रहें हैं| राजनीतिक, सामाजिक आदि क्षेत्र में भी दलित वर्ग आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं| दलितों के प्रति समाज में जो दृष्टिकोण चल रहा था, उसमें काफी सुधार भी आया हैं|

****

संदर्भ सूची :-

1. नैमिशराय, मोहनदास, हमारा जवाब, श्री नटराज प्रकाशन, पृष्ठ - 143.
2. वही, पृष्ठ संख्या- 143.
3. https://m.dailyhunt.in>india>hindi
4. https://egyankosh.ac.in>
5. नैमिशराय, मोहनदास, हमारा जवाब, श्री नटराज प्रकाशन, पृष्ठ -51.
6. वही, पृष्ठ संख्या- 15.
7. वही, पृष्ठ संख्या- 39.

कबीर के काव्य लोक मंगल

कबीर समाज में सुधार लाने के लिए लोकमंगल की कामना करते हैं।

कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सब की खैर।
ना काहू सों दोस्ती, न काहू सौ बैर।।"

कबीर लोकमंगल की कामना करते हुए कहते हैं कि इस संसार में आकर कबीर अपने जीवन में बस यही चाहते हैं कि भला हो संसार में यदि किसी से दोस्ती नही तो दुश्मनी भी न हो। कबीर मनुष्यो को एक ही शक्ति से उत्पन्न हुआ मानते हैं। उन्हों ने मनुष्य को संकीर्ण विचारधारा को त्यागकर उच्च तथा आदर्श जीवन जीने का उपदेश दिया है। उनके दोहे आज के समय में भी उतनी ही सार्थकता दिखाते हैं जितने कबीर के समय में थे।

*****

कबीर के काव्य में प्रेम तत्व

कबीरदास ने सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए प्रेम की प्रधानता पर जोर दिया है।

"पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ पण्डित भया न कोय ।
ढ़ाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पण्डित होय।"

कबीर कहते हैं कि बड़ी बड़ी किताबें पढ़ने से कोई विद्वान नहीं बनता। कितने ही लोग हैं जो किताबें पढ़ पढ़ कर संसार से मृत्यु के मुहं तक चले गए। कबीर कहते हैं कि यदि कोई प्यार के ढ़ाई अक्षर ही अच्छी तरह से पढ़ ले तो वही सच्चा ज्ञानी होगा।

****

हिंदी साहित्य में दलित चेतना

वैशाली काशी नाथ गायकवाड
सहायक प्राध्यापिका
अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टडीज मो.9029920423

सारांश :-
भारत में प्राचीन काल से ही दलित वर्ग के लोगों का सवर्णों द्वारा शोषण होते आ रहा हैं | दलित का अर्थ है जिसका दलन, दमन और शोषण हुआ ऐसा वर्ग समाज में ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई जाति व्यवस्था में शुद्र वर्ग के लोगों को सबसे निचला स्थान दिया गया हैं | शुद्रों को ही दलित, हरिजन और अस्पृश्य समझा जाता हैं | इन लोगों को समाज में हमेशा से अशुभ माना गया हैं | उनकी छाया भी अगर सवर्णों पर पड़ जाती है तो वे अपने आप को शुध्द करने के लिए पूजा-पाठ करते थे | उन्होंने दलितों को उन सभी अधिकारों से वंचित रखा जो हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार होता हैं | शिक्षा प्राप्त करना, धार्मिक क्रियाएँ करना, मंदिरों में प्रवेश करना, नदी या कुएँ का पानी पीना, अपनी ईच्छा के अनुसार व्यवसाय या काम करना आदि सभी कार्य दलितों के लिए निषेध थीं | ऐसी परिस्थिति में दलितों के हित के लिए और उन्हें भी समाज में अन्य व्यक्तियों की तरह सम्मान और समान अधिकार मिले इस उद्देश्य से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले इन महान व्यक्तियों ने अथांग परिश्रम किए | इन सब में डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है | उन्हीं के कारण आज समाज में दलित वर्ग सही अर्थ में स्वतंत्र हुआ है | बाबासाहेब आंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन दलितों के उध्दार के लिए और उनके कल्याण के लिए बीता दिया है | भारतीय समाज की वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था और हिंदू धर्म व्यवस्था की कुरूतियों के विरुध्द संघर्ष करते हुए उन्होंने अस्पृश्यों को उनका अधिकार प्राप्त करवाया | साथ ही सामाजिक, आर्थिक और राजनितिक अधिकारों की पैरवी की | डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्वयं दलित परिवार से थे | उन्हें भी जातीय वर्ण व्यवस्था का सामना करना पड़ा था | अपने जीवन में उन्होंने भी वही यातना सही थी जो एक दलित वर्ग का व्यक्ति सहता था | वे समाज में परिवर्तन चाहते थे | देश में समानता, बंधुता लाना चाहते थे | इसीलिए उन्होंने दलितों के अंदर जनजागृति की चेतना को जगाया | दलित चेतना से अस्पृश्यों में स्वाभिमान की भावना जागृत करके उन्हें शिक्षा के लिए प्रवृत्त किया | दलितों के बीच हो रही जागरूकता को ही दलित चेतना कहा जाता है | दलित चेतना की परिभाषा लिखते हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि कहते है की,"दलित की व्यथा, दुःख, पीड़ा, शोषण का विवरण देना या बखान करना ही दलित चेतना नहीं है, या दलित पीड़ा का भावुक और अश्रु-विगलित वर्णन, जो मौलिक चेतना से विहीन हो, चेतना का सीधा संबंध दृष्टि से होता है जो दलितों की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, सामाजिक भूमिका की छवि के तिलस्म को तोड़ती है | वह है दलित चेतना | दलित मतलब मानवीय अधिकारों से वंचित, सामाजिक तौर पर जिसे नकारा गया हो | उसकी चेतना यानी दलित चेतना |"१ बाबासाहेब का मानना था की ब्राह्मणवाद, हिंदू धर्म की व्यवस्था के कारण ही अस्पृश्यों को उनका अधिकार प्राप्त नहीं हो रहा है | इसीलिए वे उसके कट्टर विरोधी थे | आज उनके कारण ही दलित व्यक्ति शिक्षित है, स्वतंत्र है, वह हर एक क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रगति कर रहा है और अपने कार्य से समाज में अपना दर्जा भी बढ़ा रहा है | इसका पूरा श्रेय बाबासाहेब जी को ही जाता है |

मूलशब्द:-समाज, दलित, शोषण, अन्याय, चेतना, जागरूकता, परिवर्तन, अधिकार, दर्जा, सम्मान

ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपनी पुस्तक 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' में लिखा है कि, "दलितों की संस्कृति में गुण-दोष हो सकते हैं लेकिन इतना तो निश्चित है, कल का दलित और आज का दलित भिन्न है | यही अंतर सांस्कृतिक निष्ठा का निर्माण कर रहा है | देवी-देवताओं में श्रध्दाभाव, मंदिर, ईश्वर, पुनर्जन्म, मनुष्य और मनुष्य के बीच घृणा भाव उत्पन्न करनेवाले धर्मशास्त्र, ग्रंथ, महाकाव्य, नर्क-स्वर्ग, मनुष्य को गुलाम बनानेवाले प्रपंच, कर्मकांड को नकारते हुए आज का दलित अपनी अलग पहचान और संस्कृति निर्मित कर रहा है | आत्मविश्लेषण, अस्मिता की तलाश, जीवन मूल्यों की खोज, मानवीय सरोकारों की पड़ताल, आदि दलित संस्कृति के मूल आधार हैं | इन सवालों से ही दलित चेतना का उद्गम है और डॉक्टर आंबेडकर के जीवन-दर्शन, सामाजिक-संघर्ष से उर्जा पाकर साहित्यिक अभिव्यक्ति में परिवर्तित हुआ है |"[२]

पहले दलित अन्याय, अत्याचारों को सहता था | वह अपने अधिकारों से अनजान था | अपने हक के लिए आवाज उठाना, समाज में अपनी स्थिति सुधारना आदि परिस्थियों को बदलने में अक्षम था | परंतु डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के कारण दलितों के जीवन को नई दिशा मिल गई | जयन्त परमार कहते हैं कि अम्बेडकर-दर्शन ने दलित कवियों के मन में आत्मसम्मान जागृत किया है; उसके फलस्वरूप जीवनानुभव को देखने और पहचानने की उनकी भूमिका विद्रोह तथा नकार से भर उठी | उसका आवेग किसी तूफान की तरह है | उसका सौंदर्य और उसका सामर्थ्य उसकी वेदना में है | दलित कविता का कथ्य पूर्ण तथा अनोखा है, उसमें किसी और कवि के संस्कारों की या अनुकरण की न तो कोई आवश्यकता है, न कोई गुंजाइश |" ३ बाबासाहेब आंबेडकर जी ने दलितों के हक के लिए ही कार्य नहीं किया बल्कि स्त्रियों को भी समाज में पुरुषों के समान हक प्राप्त कर दिया है | बाबासाहेब के विचारों ने दलित साहित्यकारों को भी दलितों के संघर्षपूर्ण जनजीवन पर लिखने के लिए प्रेरित किया है | हिंदी साहित्य में दलित साहित्य ने अपनी अलग जगह बना ली है | उपन्यास, कहानी, कविता आदि विधाओं में दलित विमर्श, दलित चेतना दिखाई देती हैं || 'धरती धन न अपना' उपन्यास में जगदीशचंद्र माथुर जी ने अछूत चमारों की दयनीय स्थिति को दर्शाया है | उपन्यास में नायक काली उर्फ़ कालीदास चमार जाति का है | वह बचपन में गाँव से भागकर शहर में चला गया था | अब वह बड़ा हो गया है और अपने गाँव घोड़ेवाहा में वापस आया है | शहर से उसने कुछ पैसे भी कमाकर लाए है | घोडेवाहा में चौधरी हरनामसिंह गावं के चमारों पर अन्याय करता रहता है | और चमारों को 'कुत्ते की औलाद' कहते हुए संबोधित करता रहता है | नंद सिंह कहता है, " गाँव में चमार होना तो सबसे बड़ा पाप है | घोर लांछन है | दो कौड़ी का मालिक काश्तकार अपने चमार को छटी का दूध पिला देता है |.....मुझे 'चमार' शब्द से ही नफरत है | मुझे कोई भी चमार कहे तो गुस्सा आ जाता है |"४ नंद की तरह काली को भी इस बात से गुस्सा आता है | काली शहर में रहकर आया है | उसके अंदर अन्याय का विरोध करने की शक्ति है | जब चौधरी हरनामसिंह बिना किसी कारण के चमारों को मारपीट करता है तो काली इसका विरोध करना चाहता है | गाँव में चमारों के मकान, उनकी गरीबी, और दयनीय स्थिति देखते हुए वह दुखी भी हो रहा है |वह जिस बस्ती में रहता है उस बस्ती में सभी चमारों के मकान मिटटी के है | चौधरियों के मकान देखकर काली भी पक्का मकान बनाना चाहता है | वह चमारों में पहला पक्का मकान बना रहा है | पक्का मकान बनाकर वो एक प्रकार से चौधरीयों को सूचित करवाना चाहता है की अन्य चमारों की तरह वह अन्याय नहीं सहेगा |"तुम मकान की बात कर रहे थे.वाह-वाह बड़ा नेक ख्याल है .तेरे सदके चमादडी में भी एक मकान पक्का हो जाएगा | तेरी इज्जत बढ़ेगी | चार गाँव में नाम हो जायेगा कि घोडेवाहा की चमादडी में भी एक पक्का मकान बन गया है |"५ काली अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक है और वह उसके लिए आवाज उठाने में भी सक्षम है |'शिक्षा का परचम' कविता में रजनी तिलक शिक्षा का महत्व को बताते हुए अस्पृश्यों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है | किसी भी व्यक्ति का विकास शिक्षा से ही होता है | वह शिक्षा से ही अपना दर्जा बड़ा सकता है | अपने जीवन के अंधकारों को मिटा सकता है | उसी महत्व को समझते हुए दलित शिक्षित हो रहा है |

"पढ़ कानून/मिटा तिमिर, लगा हलकार |
पढ़ समाजशास्त्र, बन सावित्री/फहरा शिक्षा का परचम"[६]

'शूद्रो के जो हाथ' कविता में नवेंदु महर्षि कहते है की दलित व्यक्ति कमजोर नहीं है अगर वो चाहे तो कुछ भी कर सकता है | जो व्यक्ति ऐसे काम करें जहाँ बल का शक्ति का प्रयोग किया जाता हो | वे शोषणकारियों को भी दंडित कर सकता है | अपने जुल्म के विरुध्द खड़ा हो सकता है | आज दलित किसी भी प्रकार का शोषण को सहने वाला नहीं है बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठाने वाला है | अपने हक के लिए लढने वाला है |

"जो हाथ खदान से कोयला खीचंते हैं/क्या वे दमनकर्ता के हलक से जीभ/नहीं खींच सकते/दलितों के हाथ में/शक्ति होती है मगर वे किसी को/पीड़ा पहुँचाना नहीं चाहते/लेकिन खुद पर होते / जुल्म के खिलाफ तो/उठ ही सकते हैं |"[७]

'सिलिया' कहानी में सुशीला टाकभौरे ने सिलिया के माध्यम से स्वाभिमान और आत्मसम्मान की भावनाओं को प्रस्तुत किया हैं | मालती सिलिया की बुआ की बेटी है | जब वह किसी और के कुएँ से पानी पीती है तो उसकी माँ उसे बहुत मारती है | उस समय सिलिया यही सोचती है की समाज में उनके साथ ऐसा क्यों हो रहा है | जब समाचार पत्र में विज्ञापन आता है की कोई उच्च वर्णीय व्यक्ति किसी अस्पृश्य लड़की से विवाह करना चाहता है तो सिलिया के घर के आसपास के सभी लोग सिलिया के माँ को सिलिया का विवाह करने की सलाह देते है | हम उनके भरोसे क्यों रहे | पढ़ाई करूंगी, पढ़ती रहूँगी, शिक्षा के साथ अपने व्यक्तित्व को भी बड़ा बनाऊंगी | उन सभी परम्पराओं के कारणों का पता लगाऊंगी, जिन्होंने उन्हें अछूत बना दिया है | विद्या, बुध्दि और विवेक से अपने आपको ऊँचा सिध्द करके रहूँगी | किसी के सामने झुकूँगी नहीं | न ही अपमान सहूँगी |"[७] सिलिया और उसकी माँ में आत्मसम्मान और स्वाभिमान की भावना दिखाई देती है | वे किसी के सामने झुकने वाले नहीं है | "शादी तो एकन-एक-दिन करना ही है बेटी, मगर इसके पहले तू खूब पढ़ाई कर ले, इतनी बड़ी बन जा कि बड़ी जात के कहलाने वालों को अपने घर नौकर रख लेना |"[८] बाबासाहेब आंबेडकर जी ने समाज में परिवर्तन कर दिया है | उनकी दलित चेतना से आज समाज में ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहाँ दलित व्यक्ति कार्यरत नहीं है | वह उच्च शिक्षा लेते हुए सभी कार्यों में निपुण हो रहा है और समाज, देश में अपने अधिकारों के साथ सम्मानपूरक जीवन ग्यापन कर रहा हैं |

****

संदर्भ सूची

वाल्मीकि ओमप्रकाश, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृ.क्र.२९

1. वही, वही, पृ.क्र.३२
2. वही, वही, पृ.क्र.३१
3. माथुर जगदीशचंद्र, धरती धन न अपना, पृ.क्र.१९०
4. वही, वही, पृ.क्र.३८
5. तिलक रजनी, दलित निर्वाचित कविताएँ, पृ.क्र.१४६
6. महर्षि नवेंदु, दलित निर्वाचित कविताएँ, पृ.क्र.१६१
7. टाकभौरे सुशीला, दलित कहानी संचयन, रमणिका गुप्ता, पृ.क्र.६५
8. वही, वही, पृ.क्र.६५

दलित शब्द का अर्थ, परिभाषा एवं अवधारणाएं

डॉ जोगीराम
सह-प्रोफेसर, हिन्दी विभाग,
एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय,
कैथल (हरियाणा)

भूप सिंह
शोधार्थी, हिन्दी विभाग
एन.आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय,
कैथल (हरियाणा)

हमारे देश में दलित शब्द का प्रयोग उन्नीसवीं शताब्दी से शुरू हुआ। हमारे हिन्दू समाज में दलित शब्द का प्रयोग परम्परागत रूप से शूद्र माने जाने वाले लोगों के लिए किया गया है। दलित उन्हें कहा जाता है। जिन्हें सदियों से सताया गया है और जो निम्न या निचले स्तर पर है। हमारा हिन्दू समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित था, जिसमें चार वर्ण थे। जो इन वर्णो में सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान था। वह शूद्र वर्ण था। किन्तु इस शूद्र वर्ण में जो निम्न स्तर पर था उसे दलित कहा गया है। दलित वह है जिसका दलन, शोषण एवं तिरस्कार किया गया। उन्हें अस्पृश्य माना जाता था। सवर्णों द्वारा दलितों पर अत्याचार किया जाता और उन्हें अछूत मानकर उनको मन्दिर जैसे- धार्मिक स्थलों पर जाने से रोका जाता था। दलित लोग मन्दिरों में प्रवेश नहीं कर सकते थे और न ही वे कोई भी धार्मिक ग्रन्थ पढकर उसका उच्चारण कर सकते थे। यदि कोई भी दलित ऐसा करता तो उसे कठिन से कठिन दण्ड दिया जाता।

दलितों का समाज में सभी प्रकार से शोषण किया जाता रहा है, चाहे वह धार्मिक, आर्थिक, समाजिक व राजनीतिक हो। समाज में सवर्णो को सभी अधिकार प्राप्त नहीं था। दलितों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था जिससे कि सवर्ण लोग दलितों को गुलाम बनाकर उनका शोषण कर सके। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति को उनके ऊपर होने वाले अत्याचारों एवं शोषण के प्रति सजग बनाती है। क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही अत्याचारों व शोषण के विरूद्ध विद्रोह करता है। दलित शब्द के भीतर छिपा गूढ़ अर्थ जिस भाव की व्याख्या करता है, वह उन लोगों की पहचान है जो सदियां से दबे, कुचले, प्रताड़ित, उपेक्षित लोग है, दलितों का निरन्तर शोषण होता रहा है। दलित सम्बन्धी धारणा समय-समय पर विकासशील रही है। प्राचीन काल में दलितों के लिए शूद्र, अतिशूद्र, चाण्डाल, अस्पृश्य शब्दों का प्रयोग किया गया है। ये सभी शब्द एक-दूसरे के समानार्थी शब्द है। सवर्णो के लिए दलितों का स्पर्श भी अपवित्र माना जाता है।आधुनिक युग में दलित वर्ग के अन्तर्गत केवल अस्पृश्य वर्ग ही नहीं अपितु सामाजिक रूप से अविकसित, पीडित, शोषित व निम्न जातियों के लोग सम्मालित होते हैं। जिन पर हजारो वर्षो से अन्याय व अत्याचार होता हुआ आया है, ऐसे अस्पृश्यों को ही दलित कहा जाता है। दलितों के आर्थिक स्तर को अपेक्षाकृत सामाजिक आधार से कम महत्व दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अमीर-गरीब तो हो सकता है, किन्तु वह दलित नहीं हो सकता। दलित वर्ग में वे जातियां आती है, जिन्हें परस्पर अस्पृश्य समझा गया है। दलित वर्ग में तुच्छ, विरस्कृत, गतजन्म का पापी और इहलोकी, दुःखी, दरिद्र, अपमानित, जिसका कोई इतिहास ही नहीं, जिसके पुरखों को मन्दिर अथवा धार्मिक गन्थो में पूजनीयता नहीं मिली आदि को रखा जाता है।"भारत की परम्परागत वर्ण व्यवस्था के कारण लम्बे समय से दलित असम्मान का पात्र बना रहा है, चाहे कितना भी वह सर्वगुण सम्पन्न क्यों न हो, कार्य कुशल हो। अपनी मेहनत से ऊँचे पद पर क्यों न हो, किसी भी चुनौती का सामना करने के समय जाति सदैव दलितों को परस्पर बाँटने और कमजोर करने का एक शक्तिशाली हथियार बनती हैं। दलितों की जागृति सवर्णो के भयंकर शोषण का ही परिणाम है। शोषण शोषण ही है चाहे वह मानसिक या शारीरिक, आर्थिक या सामाजिक, धार्मिक या राजनैतिक हो। प्राचीनकाल में सामाजिक जीवन से बहिष्कृत, निर्दलित जो लोग थे, वे शुद्र, अतिशुद्र ही थे, और उनको जीवन में ऊपर उठने का मौका नहीं दिया गया।शूद्र भी दो प्रकार थे, एक निर्वासित और दूसरा अनिर्वासित। दलित शब्द एक ऐसे तिरस्कृत जीवन का बोध कराता है, जो कि हमारे समाज का एक बडा अंश है, जो सदियों से तिरस्कृत जीवन जीता हुआ चला आ रहा है और आज भी उसी जीवन को जी रहा है। शब्द 'दलित' करूणा या दया का व्यंजक नहीं है, बल्कि बेवजह दमन और अपमान का शिकार होने के स्वभाविक रोष को व्यक्त करता है।"1दलितों को पशुओं से भी बदतर माना जाता है। पशुओं को छुने से कोई पाप नहीं किन्तु किसी भी दलित को छुना पाप माना जाता है। भगवान का भय दिखाकर दलितों को यथास्थित बने रहने पर विवश किया गया।

जिससे कि दलित सवर्णो की सेवा को ही अपना धर्म स्वीकार करते रहे। दलित के घर पैदा होने वाला बालक अस्पृश्य ही माना जाता है। फिर चाहे वह कितना भी विद्वान ज्ञानी, गुणों से युक्त सदाचारी हो, दलित दलित ही है। उसे समाज मे उसकी कार्यक्षमता विद्वता या गुणों के आधार पर स्थान प्राप्त नहीं है। उसे जाति के आधार पर ही समाज में स्थान दिया है। किन्तु एक सवर्ण कितना भी नीच कार्य करे उसे समाज में सबसे ऊपर स्थान पर रखा जाता है। हमारा समाज जाति में सबसे ऊपर स्थान पर रखा जाता है। हमारा समाज जाति पर आधारित है, जिसमें जाति के आधार पर छुआछूत एवं अस्पृश्यता फैली हुई है। दलितों का जीवन संघर्ष एवं विद्रोह का जीवन है। जिसे वह पूरा जीवन जीता है।

दलित शब्द का अर्थ:-दलित शब्द का अर्थ है, जिसका दलन, शोषण और उत्पीड़न किया गया हो। ''दलित शब्द के लिए शूद्र, अतिशूद्र, चंडाल, अंत्यज, अस्पृश्य आदि शब्दों का प्रयोग प्राचीन काल से ही होता आ रहा है। ये सभी शब्द दलित शब्द के पयार्य है।''[2] दलित एक ऐसा शब्द है जो परम्परागत रूप से सबसे नीचे के स्तर या अछूत और अस्पृश्य माने जाने वाले लोगों द्वारा अपने सम्बोधित करने के लिए प्रयोग किया गया शब्द है। यह दलित शब्द विद्रोह और बदलाव का प्रतीक है। ''हिन्दी तथा मराठी शब्दकोषों 'दलित' शब्द का अर्थ 'विनिष्ट किया हुआ' दिया गया है। दलित शब्द के लिए अस्पृंश्य, अवर्ण, पंचम्, अंत्यज, हरिजन, बहिस्कृत इत्यादि शब्दों का प्रयोग भी किया गया है। किन्तु दलित शब्द का अर्थ होता है। कुचला हुआ, पिछडा हुआ।''[3]''दलित शब्द का अर्थ जाति-बोधक नहीं, बल्कि समूह की अभिव्यंजना देता है। सामान्य अर्थो में देखा जाए तो दलित वह है जो भारतीय समाज व्यवस्था में अस्पृश्य माना गया, दुर्गम पहाडियों जंगलों में जीवन-यापन करने को बाहय जनजातियों, बेगार करते, कम मूल्य पर श्रम करते श्रमिक, जरायम पेशा कही जाने वाली जातियां, बन्धुआ मजदूर, वर्ण व्यवस्था का अन्त्यज, जिसका आर्थिक, शैक्षाणिक, सामाजिक राजनीतिक, धार्मिक शोषण हुआ है, जो जन्मना अछूत है - वही दलित की परिधि में आता है।''[4] दलित शब्द एक तिरस्कृत जीवन का बोध कराता है। दलित वर्ग मानवीय समाज मे पिछडा हुआ वर्ग है।

दलित शब्द से अभिप्राय:

दलित शब्द से अभिप्रायः एक ऐसे वर्ग से है जिसमें किसी समूह या जाति विशेष के व्यक्ति जिसकी धन, सम्पत्ति, माल अधिकार और श्रम का हरण किसी अन्य सत्ता सम्पन्न जाति या व्यक्ति द्वारा किया गया है। दलित वर्ग में वे जातियां आती है। जिन्हे सदियों से सताया गया है। दलित वर्ग में वे जातियां आती है। जिन्हे सदियों से सताया गया है और जो निम्न स्तर पर है ''दलित शब्द की व्याख्या आज भी सापेक्ष बनाने की कोशिश जारी है, जबकि दलित वे है, जो अपने सम्मान के लिए विद्रोह में संघर्षरत है और संघर्ष करते हैं लोकतान्त्रिक समानता के मूल्य को यथार्थतः समाज में प्रस्थापित करने की कोशिश में लगे है।''[5] दलित समाज हजारों वर्षा से अपनी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से वंचित रहा। हमारे भारतीय समाज में आधारित जाति-व्यवस्था के अन्तर्गत दलितों को सवर्णो की अपेक्षा सभी सुविधाओं से वंचित रखा और सवर्णो को सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त होता रहा। इस प्रकार दलित और भी पद-दलित होता चला गया।''दलित शब्द से अनेक प्रकार का बोध होता है जैसे दुःख बोध, अपमान बोध, दैन्य-दासत्व बोध, जाति-वर्ग बोध और क्रान्ति बोध है।''[6] दलित शब्द अपमान के प्रति रोष अथवा प्रतिक्रान्ति का वाचक है। दलित निम्न जातियों के उपेक्षित लोग है जिन्हे अभी तक भी समाज में सम्मान नही मिल पाया है। वास्तव में दलित शब्द की व्याख्या आज भी सापेक्ष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दलित वे है जिन्होने अपने सम्मान के लिए विद्रोह और संघर्ष किया।

दलित शब्द का संकुचित अर्थ:- ''धार्मिक ग्रन्थों में बहिष्कृत, प्रताड़ित शूद्र जाति और सामाजिक व्यवस्था में शोषित, उत्पीडित, दलित वर्ग को केन्द्र में रखकर विश्लेषित है, जिसके अन्तर्गत चतुर्थ-वर्ण (शुद्र) मे आने वाली जातियो को आधार बनाया जाता है। इस प्रकार इस संकुचित अर्थ का सम्बन्ध सीधे-सीधे वर्तमान दलित विमर्श से जुड़ जाता है।''[7] अस्पृश्य, हरिजन, आदिवासी ही दलित है, जिन्हे युगों से उच्च वर्गो ने अपने पैरो तले कुचले है। उनका स्पर्श भी निषेध माना है। प्राचीन काल मे शुद्रों एवं अस्पृश्यों के लिए ही दलित शब्द का प्रयोग किया जाता था। ''वर्तमान समय में दलित शब्द का विशेष अर्थ है। 'दलित' वह व्यक्ति है जो सकुंचित सामाजिक स्थिति का अनुभव करता है। वर्ण व्यवस्था तथा जाति व्यवस्था में दलित का प्रादुर्भाव वैदिक युग में हुआ। उत्तर वैदिक काल आते-आते वर्ण व्यवस्था ने जटिल रूप धारण कर लिया''[8]दलित का सामान्य अर्थ- दबाया गया, कुचला गया, दला या पिसा गया आदि से लिया जाता है। दलित लोगों को सवर्ण लोगों ने अनेक प्रकार से लिया उत्पीडित किया और उनकी दशा जीव-जन्तु से भी बदतर बना दी। दलित शब्द एक ओ दलित जातियों के समुदाय की वेदना, पीड़ा और छटपटाहट को अभिव्यक्त करता है वही दूसरी ओर विद्रोह और मुक्ति के लिए आशाओं और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करता है।

दलित शब्द का व्यापक अर्थ:-

वर्तमान समय में दलित शब्द का अर्थ शूद्र या अस्पृश्य तक सीमित न रहकर व्यापक हो गया है। व्यापक अर्थ में जिन्हें दलित माना जाता है उनकी कोई जाति विशेष नहीं है। दलित वह है जिसका सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक दृष्टि से शोषण होता है, जो स्वतन्त्रता, समता और प्रगति से अपरिचित रहकर हमेशा दास बना रहता है। जिसके जीवन में ज्ञान के प्रकाश के अभाव में अज्ञान रूपी अंधेरा सदा रहता है। इस प्रकार के व्यक्ति को दलित कह सकते है। फिर चाहे वह किसी भी जाति या वर्ण का हो। दलित शब्द के व्यापक रूप में जाति, व्यवसाय, धर्म, रंगभेद और वर्गभेद को महत्व न देकर मनुष्य के लाचारी दुरावस्था और उसके शोषण को महत्व दिया। जाता है। दलित शब्द उन सभी व्यक्तिं के लिए प्रयोग किया जाता है, जिन्हे किसी न किसी रूप मे दबाया या सताया गया हो। इसके साथ ही उच्च व समृद्र समाज के पैरों के नीचे कुचला हुआ, आर्थिक रूप से शोषित तथा निम्न वर्ग की भाँति दयनीय एवं कष्टमय जीवन बिताने वाला प्रत्येक दलित की परिधि में आता है। चाहे वह किसी भी जाति, धर्म एवं लिगं का हो।

दलित शब्द की परिभाषा:-दलित शब्द को अनेक विद्वानों ने अपने-अपने विचारों एवं अपनी विद्वता से परिभाषित किया है। विभिन्न विद्वानों ने दलित शब्द की व्यापकता को स्वीकार करते हुए विभिन्न परिभाषाओं से परिभाषित किया है। जो इस प्रकार है -

1.डा0 रामचन्द्र शर्मा के अनुसार - ''दलित शब्द मसला हुआ, मर्दित, दबाया, रौंदा या कुचला हुआ, विनिष्ट किया गया हैं।''[9]

२.श्री केशव मेश्राम का मानना है कि ''हजारों वर्ष जिन लोगों पर अत्याचार हुआ, ऐसे अछूतों को दलित कहना चाहिए।''[10]

3.श्री राजकिशोर के अनुसार - ''दलित शब्द एक वर्गीय शब्द ठहरता है। भारत एक गरीब देश है। यहाँ की आधी आबादी आर्थिक दृष्टि से दलित है, लेकिन जिन्हें दलित कहा जाता है, उनका दंश कुछ और ही है। दलित शब्द उन जातियों के अर्थ में कम होता जा रहा है जिन्हें पहले 'अछूत' या 'हरिजन' कहा जाता था। इनके लिए कानूनी शब्द अनुसूचित जाति है।''[11]4.ओमप्रकाश बाल्मीकि के शब्दों में, ''दलित मतलब मानवीय अधिकारो से वंचित, सामाजिक तौर पर जिसे नकारा गया हो।''[12]

5.डॉ0 कन्हाडे के अनुसार, ''आर्थिक या समाजिक दोनों दृष्टियों से मिलकर एक सर्व समावेशक दलित वर्ग मान लिया जा सकता है। उसमें कर्मचारी, खेती पर खपने वाले मजदूर, जीवन यापन के लिए कष्ट उठाने वाले तथा अस्पृश्य ही आयेंगे। शोषित ही दलित है।''[13]

चाण्डाल, अवर्ण व पंचम वर्ण नाम से जाने जाते थे। दलितों की उपेक्षा की जाती थी। दलितों को अस्पृश्य (अछूत) माना जाता था। अस्पृश्य शब्द का अर्थ होता है स्पर्श करने के लिए अपात्र होने के कारण प्रस्तुत शब्द घृणास्पद है। दलितों पर आज भी उसी तरह अत्याचार हो रहे है जिस तरह प्राचीन समय में होते थे। दलितों को समाज में हीन दृष्टियों से देखा जाता है। दलितों की बस्तियां सवर्णो से दूर होती है। दलितों पर दिन प्रतिदिन अत्याचार होते रहते है। ''हिन्दू धर्म ने सवर्णे जातियों को जन्मसिद्व यथेच्छ अधिकार दे दिये हैं लेकिन दलित जाति-जनजातियों को मनुष्यता तक से वंचित रखा है। यह व्यवस्था मनुद्रोही और समाज-विघातक है।''14दलितों पर सत्ता, धन और रूढि के आधार पर शोषण, उस पर अन्याय, अत्याचार, घृणास्पद आदिव्यवहार किया जाता है। वर्तमान समय में गरीब व्यक्ति और गरीब होता जा रहा है। किन्तु दलितो की स्थिति भयावह रूप धारण करती जा रह है।

दलितों में वे लोग है, जो सबसे अधिक गरीब, बेरोजगार, साधनहीन व भूमिहीन है और अर्थिक रूप् से समाज में पिछड़े हुए है। देश की अधिकांश जनसंख्या निर्बल एवं दलित है। अतः देश में दलित वर्ग का जीवन कष्टमय एवं दुष्कर है। यही दलित का अर्थ एवं परिभाषा है।

******

सन्दर्भसूची-

1. डॉ0 राम भरोसे, दलित-विमर्श तथा प्रेमचन्द साहित्य, अनीता पब्लिशिंग हाउस, लोनी-गाजियाबाद, प्रथम संस्करणः 2014, पृ0 सं0 19
2. डॉ0 दिलीप मेहरा, हिन्दी कथा साहित्य में दलित चेतना, पृ0सं0- 18
3. डॉ0 दिलीप मेहरा, हिन्दी कथा साहित्य में दलित विमर्श, क्लासिक्ल पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2011, पृ0 सं0- 53
4. ओम प्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य: अनुभव, संघर्ष एवं यथार्थ, राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण- 2013, पृ0 सं0 - 67
5. डॉ0 राम भरोसे, दलित-विमर्श तथा प्रेमचन्द साहित्य, अनीता पब्लिशिंग हाउस, लोनी - गाजियाबाद, प्रथम संस्करण: 2014, पृ0 सं0- 25
6. सक्षान्त मास्के, परम्परागत वर्ण-व्यवस्था और दलित साहित्य वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण- 2009 पृ0 सं0- 16
7. डॉ0 राम भरोसे, दलित- विमर्श तथा प्रेमचन्द साहित्य, अनीता पब्लिशिंग-हाउस, लोनी - गाजियाबाद, प्रथम संस्करणः 2014, पृ0 सं0- 21
8. डॉ0 दिलीप मेहरा, हिन्दी कथा-साहित्य में दलित विर्श, क्लासिकल, पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2011, प्ृ0-सं0- 259
9. डॉ0 रामचन्द्र वर्मा, संक्षिप्त शब्द-सागर, पृ0 सं0- 468
10. डॉ0 रजतरानी मीनू, 'नवे दशक की हिन्दी दलित कविता में उद्धृत' पृ0 सं0- 3
11. ओम प्रकाश वाल्मीकि, दलित-चेतना और समकालीन हिन्दी उपन्यास में उद्धृत, डॉ0 मुन्ना तिवारी, पृ04
12. डॉ0 बलवन्त साधु जाधव, प्रेमचन्द के साहित्य में दलित चेतना, पृ0 सं0- 17
13. डॉ0 शरण कुमार लिंबाले, दलित साहित्यः वेदना और विद्रोह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0 सं0- 21
14. डॉ0 रजतरानी मीनू, 'नवे दशक की हिन्दी दलित कविता में उद्धृत' पृ0 सं0 12

जातिवादी राजनीति का पोल खोलता प्रेमकुमार 'मणि' का उपन्यास 'ढलान'

डॉ. जे. आत्माराम

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद मो. 9440947501

जाति-व्यवस्था भारतीय सामाज की वह कड़वी सच्चाई है जिसने लगभग साढ़े तीन हजार वर्षों से भारत के पिछड़े एवं शोषित समाज के विकास को जकड़े रखा है। यह व्यवस्था इतनी जटिल एवं उलझी हुई है कि एक जाति की कई उप-जातियाँ और उन उप-जातियों के कई भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। यदि सभी उप-जातियों को गणना में न भी लिया जाए तो भी वर्तमान भारत में लगभग छह हजार सात सौत से अधिक जातियाँ हैं और इन सब में ऊँच-नीच व राग-द्वेष का भाव है। "जाति-व्यवस्था से सम्बन्धित एक सामाजिक समस्या जातिवाद की है जो एक अर्थ में विभिन्न जातियों के बीच पायी जानेवाली खाई को और भी चौड़ा करती है तथा एक-दूसरे के प्रति घृणा, द्वेष या प्रतिस्पर्द्धा आदि के रूप में अभिव्यक्त होती है।"[1]

स्वतन्त्र-भारत में कोई ऊँच-नीच या बड़े-छोटे का भाव न हो इसलिए भारतीय संविधान में लोकतान्त्रिक शासन-पद्धति को अपनाया गया। लोकतन्त्र न केवल समानता के भाव को प्रसारित करता है बल्कि यह आपसी भिन्नताओं के बावजूद एक-दूसरे का सम्मान करना भी सिखाता है। इस संदर्भ में मैनेजर पाण्डेय लिखते हैं "लोकतन्त्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था और शासन-पद्धति ही नहीं है, वह एक ऐसी मानसिकता भी है जो सहिष्णुता की संस्कृति, दूसरों का सम्मान, दूसरों के अन्तरों का स्वीकार, विचारों की अनेकता का आदर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संवाद की तत्परता विकसित करती है।"[2] कायदे से देखा जाए तो, जहाँ लोकतन्त्र होता है वहाँ समाज में ऊँच-नीच को बढ़ावा देने वाला जातिवाद नहीं होना चाहिए। किन्तु यह विडंबना ही कहा जा सकता है कि भारत में लोकतंत्र भी है और जातिवाद भी। जातिवाद को समाप्त करने के बजाय राजनीतिक दल अपने-अपने राजनीति -स्वार्थ के लिए इसे बनाए रखने में ही अपना लाभ देखते हैं। "जातिवाद और लोकतन्त्र दोनों एक-दूसरे के विरोधी हैं। अनेक पेशेवर नेता राजनीतिक क्षेत्र में जातिवाद से लाभ उठाते हैं और चुनाव के समय जाति के नाम पर वोट माँगते हैं और सफल भी होते हैं। इससे प्रायः ऐसे व्यक्ति चुन लिए जाते हैं जो अपनी ही जाति के हितों के सम्मुख समाज के सामान्य हितों की बलि दे देते हैं। समानता का नारा लगता है, पर व्यावहारिक रूप में जातिवाद का ही डंका बजता रहता है।"[3]

लोकतन्त्र का एक ही प्रमुख लक्ष्य है 'समानता'। यह समानता केवल राजनीतिक घोषणाओं से नहीं आ सकती। इसके लिए सामाजिक स्तर पर भी प्रयास होने चाहिए । इसीलिए कहा जाता है कि भारत को राजनीतिक स्वतन्त्रता तो सन् 1947 में ही मिल गई पर सामाजिक और आर्थिक स्वतन्त्रता के अभाव में यह स्वतन्त्रता अधूरी है। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने तो एक कदम आगे बढ़कर सामाजिक स्वतन्त्रता को राजनीतिक स्वतन्त्रता से भी ज्यादा जरूरी बताते हुए कहा था कि सौकडों वर्षों से चले आ रहे जातिवाद से मुक्ति पाए बिना सामाजिक स्वतन्त्रता सम्भव नहीं है, क्योंकि लोकतन्त्र में जिस समानता की बात की जाती है, उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा जाति की ही होती है। जातिवाद के कुप्रभाव से आज समाज का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। गाँव-कस्बे से लेकर नगर-महानगर तक और धर्म-क्षेत्र से लेकर राजनीति-क्षेत्र तक हर जगह पहले जाति देखी जाती है। राजनीति में तो जातिवाद का विस्तार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। अनियंत्रित रूप से जातिवाद का बढ़ना राष्ट्रीय -एकता के लिए घातक हो सकता है। क्योंकि जब समाज में जातिवाद के कारण तनाव या संघर्ष का माहौल रहेगा तो वहाँ संकुचित, सामुदायिक भावना ही पनपेगी, राष्ट्रीय-विकास के लिए आवश्यक सामूहिक-एकता की भावना का विकास करना कठिन हो जाएगा। अप्रिय, किंतु यह सत्य है कि आज़ादी के बाद भारत में जातिवादी राजनीति समाज के राजीनित के हर स्तर तेज़ी से बढ़ रही है।एम.एन. श्रीनिवास, डी.आर.गाडगिल तथा हैरिसन जैसे समाजशास्त्रियों ने भी जातिवाद को भारतीय लोकतन्त्र के लिए सबसे बड़ा खतरा माना है । हैरिसन ने जातियों को समाज में आर्थिक एवं राजनीतिक प्रतिद्वन्द्विता एवं

प्रेविद्वेश को बढ़ावा देने वाला कारक माना है, तो डी.आर गाडगिल कहते हैं कि जाति-व्यवस्था से देश के एकीकरण के मार्ग में बाधक उपत्पन्न होती है। वहीं, एम.एन. श्रीनिवास का विचार है कि जातियों के प्रभावशीलता के कारण भारतीय लोकतन्त्र और लोकतान्त्रिक संस्थाएँ अपने मूल कार्य से भटक रही हैं। प्रेमचंद ने कहा था कि 'साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है।' उन्होंने अपने उपन्यासों 'रंगभूमि', 'कर्मभूमि' और 'सेवासदन' आदि में तत्कालीन राजनीतिक घटनाओं की झलक भी प्रस्तुत की है। लेकिन प्रेमचंद के बाद बहुत कम ऐसे उपन्यास मिलते हैं जहाँ देश के राजनीतिक चरित्र का विश्लेषण गहराई के साथ किया गया हो। स्वतन्त्रता के बाद से वर्तमान समय तक देश की राजनीति में जितना उथल-पुथल हुआ है और जितनी बड़ी संख्या में विविध विषयों के उपन्यास लिखे गए हैं, उन्हें देख कर लगता है कि हिंदी में राजनीतिक उपन्यासों का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पाया है। समकालीन दौर में, यद्यपि सामाजिक मुद्दों को केन्द्र में रख कर कई उपन्यास लिखे जा रहे हैं जिनमें अस्मितावादी, आधुनिकतावादी, आँचलिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि अनेक विषय शामिल हैं लेकिन जातिवादी-राजनीति पर अधिक नहीं लिखा गया है। और जिन थोड़े-बहुत उपन्यासों में राजनीति की विसंगतियों का उद्घाटन मिलता है, उनमें उल्लेखनीय हैं-- (1) 'राग दरबारी' (श्रीलाल शुक्ल,1968), (2) 'सबहिं नचावत राम गोसाईं' (भगवतीचरण वर्मा, 1970) (3) 'तमस' (भीष्म साहनी,1973), (4) 'महाभोज' (मन्नू भंडारी, 1982), (5) 'यह पथ बन्धु था' (नरेश मेहता,1992), (6) 'काली आँधी' (कमलेश्वर, 2003), (7) 'अनित्य' (मृदुला गर्ग, 2012)।

इस संदर्भ में राष्ट्रकवि 'दिनकर' की वह बात याद आती है जब एक समारोह में पधारते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कदम सीढ़ियों पर लड़खड़ाने लग रहे थे तो उन्हें सहारा देते हुए 'दिनकर' ने कहा था कि 'जब राजनीति लड़खड़ाती है तब साहित्य ही सहारा देता है।'

उपन्यास को आधुनिक महाकाव्य कहा जाता है। उपन्यास के महाकाव्यत्त्व की चर्चा करते हुए 'दूसरी परम्परा का शुक्लपक्ष' नामक पुस्तक में कहा गया है कि "महाकाव्य कहने से जो औदात्य सामने आता है उसे अतिक्रमित करते ऐसे उपन्यास लिखे गए जिनमें जातिवादी राजनीति को विषय बनाया गया है, जैसे प्रेमकुमार मणि का उपन्यास 'ढलान'। इसमें जो कुछ है उसे औदात्य की अवधारणा के सहारे नहीं समझा जा सकता है, बल्कि सतह पर तैरते जातिवादी सूत्रों के करीब जाने की जरूरत होगी।"[4]

'ढलान' की प्रमुख विशेषता इसका कथानक है, जो छह दशक पुराना होते हुए भी ऐसा लगता है कि यह आज के समाज की खता कह रहा है। क्योंकि विगत छह दशकों में विभिन्न विचारधाराओं वाली राजनीतिक पार्टियाँ सत्ता में आईं और चली गईं, पर देश की जातिवादी राजनीति का स्वरूप नहीं बदला। जो नेता यह घोषित करते हैं कि जाति के मुद्दे पर उनके मन में किसी भी प्रकार के राग-द्वेष या ऊँच-नीच का भाव नहीं है, वे भी प्रायः जात-पात की राजनीति ही करते हैं, जिसका चित्रण 'ढलान' उपन्यास में भी मिलता है, जिसमें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश-अध्यक्ष सुमन जी से कहते हैं "काँग्रेस के पास पिछड़ी जाति के नेताओं का टोटा है। जो है भी सो गिज-गिजे लुर-लच्छन के लोग हैं। नेताजी से पता हुआ है तुम इसी वर्ग से आते हो। मैं तो इस जाति-पाति में विश्वास नहीं करता और तुम्हारे बारे में भी यही जानता हूँ कि इन चीज़ो से तुम ऊपर हो। लेकिन हमारे ही रास्ते तो दुनिया नहीं चल रही है ना। यहाँ अब जाति पहले देखी जाने लगी है। जब देखी जाने लगी है तब काँग्रेस को भी इस स्तर पर सोचना और काम करना होगा।"(ढलान, पृ.सं.64)'ढलान' की कथा बिहार के दो गाँवों से जुड़ी हुई है, जिसमें एक पटना से दस कोस दक्षिण सोन नहर की गोद में बसा रानाबिगहा है और दूसरा उसीके दक्षिण छोर पर स्थित पुरन्दरपुर है। इन दोनों गाँवों के मध्य अक्सर तनाव की स्थिति रहती थी। रानाबिगहा पिछड़ी जाति के लोगों का गाँव है तो पुरन्दरपुर भूमिहारों का। पुरन्दरपुर के सामन्तों के वर्चस्व को समझने के लिए इतना ही कहना पर्याप्त है कि लगभग सवाचार सौ घरोंवाला पुरन्दरपुर में यद्यपि भूमिहार सामन्तों के कुल पैंतीस घर ही हैं, फिर भी फपh यह गाँव भूमिहारों की बस्ती के रूप में ही जाना जाता है क्योंकि गाँव की अस्सी प्रतिशत ज़मीन इन्हीं के पास होती है। इसीलिए वहाँ उन्हीं का दबदबा और जोर चलता है। दूसरी ओर रानाबिगहा है, इस गाँव का परिचय देते हुए लेखक ने एक वाक्य में गाँव की पीढ़ा व्यक्त की है- 'ऊपर से काव्यमय, शान्त और सुन्दर दिखने वाला गाँव भीतर से इतना दुःखभरा है कोई कल्पना नहीं कर सकता है" ('ढलान', पृ.सं.32) उपन्यास और लोकतन्त्र' नामक पुस्तक में मैनेजर पाण्डेय लिखते हैं- "भारतीय गाँव जाति-व्यवस्था के गढ़ हैं। गाँव की जिन्दगी की कथा लिखने वाला कोई भी उपन्यासकार जाति की उपेक्षा करके उसे जिन्दगी की जटिल समग्रता का आख्यान निर्मित नहीं कर सकता।"[5] वैसे, उपन्यासकार प्रेमकुमार 'मणि' ने 'ढलान' में बिहार के दो छोटे गाँवों की कथा कही हैं, पर उन दो गावों की कहानी के सहारे उन्होंने पूरे भारत की जाति-व्यवस्था को प्रकाश डाला है। स्वार्थ राजनेताओं के साथ छाया की तरह जुड़ा रहता है। राजनेता प्रायः बिना स्वार्थ के लोक सेवा कभी भी नहीं करते। बड़े-से-बड़ा राजनेता भी समय आने पर स्वार्थ या राजनीतिक-लाभ के लिए अक्सर अपने आदर्शों एवं सिद्धांतों को तिलांजलि दे देता हैं। जातिवादी राजनीति के वे लोग भी शिकार हो जाते हैं, जो प्रायः इसके कुप्रभाव से अच्छी तरह परिचित होते हैं और अक्सर उसके विरोध में संघर्ष करते समाज में नज़र आते हैं। पर वे भी एक दिन स्वार्थ के आगे झुक जाते हैं। इसीलिए उपन्यासकार कहते हैं "जो लोग न्याय और सत्य के लिए लड़े। उसमें संकीर्णता नहीं होनी चाहिए। यदि संकीर्णता आएगी, तब स्वार्थ भी आएगा और स्वार्थ के आते ही सत्यानाश होगा।" (ढलान, पृ.सं.155) दो खंडों में विभाजित इस उपन्यास की पूरी कथा गाँव के चुनावी राजनीति के इर्द-गिर्द ही घूमती है। पहले भाग में विधानसभा के चुनाव की कथा कही गई है तो दूसरे खंड में सरपंच के चुनाव में एक दलित के जीतने की कथा। किंतु इन दो प्रमुख कथाओं के होते हुए भी जो बात उपन्यास में सबसे अधिक आकर्षित करती है, वह है उपन्यास में अंतर्निहित व्यंग्य की पैनी धार। इस उपन्यास में अनेक स्थलों पर राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादिता पर करारा व्यंग्य किया गया है। फिर वह बात काँग्रेस पार्टी की हो या कम्यूनिस्टों की। उदाहरण के लिए उपन्यास के एक प्रमुख पात्र मण्डन मिस्त्री काँग्रेस के बदले हुए राजनीतिक चरित्र का परिचय देते हुए कहते हैं "रामचंद्र जब जंगल गए थे तब भरत ने उनकी खड़ाऊँ लेकर अपने सिंहासन पर रख दी थी, जनता को भरमाने के लिए कि रामजी का राज चल रहा है। गाँधी जी के न रहने पर नेहरू जी ने उनकी टोपी अपने सिर पर रख ली है और हम है कि उसी टोपी में गाँधी जी को देख कर मगन हैं। इस टोपी के नीचे क्या है, यह भी तो देखना है।"(ढलान, पृ.सं.181)कम्यूनिस्ट पार्टी प्रायः सर्वहारा वर्ग के हितों की रक्षा के लिए खडी होने वाली पार्टी मानी जाती है, पर ऐसी पार्टी के नेता भी जब अवसरवादिता के शिखार हो जाते हैं तो उन पर कटाक्ष करते हुए उपन्यास में एक संवाद आता है– "अरे यार, चुनाव को लेकर मजाक मत उड़ाओ। यदि राजनीति में हो तो चुनाव से दूर नहीं रह सकते। रहने का काओ अर्थ नहीं है। कम्युनिस्ट भी तेलंगाना-मेलंगाना करके अब इस चुनाव पर ही आए हैं।"(ढलान, पृ.सं.106) जाति भारत में आज़ादी के पहले भी राजनीति का मुद्दा रही है और आजादी के बाद भी। आजादी के बाद दलित एवं पिछड़ी जाति के नेताओं ने अपने अलग रानीतिक दल बना कर जन-समर्थन जुटा रहे थे। पर अब तो देश स्वतन्त्र है, यह भाव मिट जाना चाहिए था। पर ऐसा नहीं हुआ, बल्कि जात-पात की भावना और अधिक फैल रही है। जिसके आधार पर मुट्ठीभर सामन्ती लोग राज कर रहे हैं। इसीलिए मण्डन मिस्त्री जैसे स्वतंत्रता सेनानी आक्रोश व्यक्त करते हैं कि– "हम लोगों के इसलिए स्वराज की लड़ाई नहीं लड़ी थी कि ऊँची जाति के मुट्ठीभर लोगों का राज हो जाए" (ढलान, पृ.सं.114) सामन्तवाद और वर्णव्यवस्था दोनों ही लोकतन्त्र के लिए घातक होते हैं। सामन्तवाद अपने स्वार्थ के लिए हमेशा वर्ण-व्यवस्था को पोषित करता रहता है, और उसमें भी वह उन्हीं लोगों का पक्ष लेता है जो जाति से उच्च तथा आर्थिक दृष्टि से संवृद्ध हो। इस उपन्यास में बताया गया है वर्ण-व्यवस्था की दृष्टि से यद्यपि ब्राह्मणों को समाज में ऊँचा स्थान दिया जाता है परयह तब ही संभव है जब उस ब्राह्मण के पास पूंजी भी अधिक हो। ऐसे धनवान ब्राह्मणों को ही गाँव के सामन्तों एवं भूमिहारों द्वारा उचित सम्मान मिलता है, निर्धन ब्राह्मणों को नहीं। गरीब ब्राह्मण सामन्तों द्वारा समुचित सम्मान न मिलने पर वे दुःखी होकर कहते हैं "मैं क्या नहीं जानता हूँ कि ये भूमिहार लोग हम ब्राह्मणों को भी खाट पर क्यों नहीं बैठने देते। गरीबी के कारण ही तो। उनकी तरह हम ब्रह्मणों के पास भी जमींदारियाँ होती तब तो ये हमारा पैर न पूजते।" (ढलान, पृ.सं.126) स्पष्ट है कि सामन्त एवं जमींदार उन्हीं लोगों को सम्मान देते हैं जो जाति में उच्च हो ही साथ ही धनवान भी हो।

गरीब या निम्न जाति के लोगों से सम्बन्ध रखने वाले ब्राह्मणों को वे सम्मान का पात्र नहीं मानते थे। इस प्रकार जातिवादी व्यवस्था अनेक स्तरों पर कार्य करती है। एक ही वर्ण के भीतर वर्ग एवं क्षेत्र के अनुसार ऊँच-नीच का भाव होता है। तभी तो सोमनाथ लिखता है "दरअसल, वर्णवादी सामाजिक व्यवस्था अत्यंत ही जटिल है और यह कई स्तरों पर काम करती है। चक्कर-दर-चक्कर है। एक वर्ण-व्यवस्था तो पूरे समाज से स्तर पर है, फिर हर जाति की अपनी आंतरिक वर्ण-व्यवस्था है। कायस्तों के आंतरिक वर्ण-व्यवस्था में श्रीवास्तव ब्रह्मण हैं और कर्ण शूद्र। क्षेत्र के हिसाब से भी अंतर आता था। शहर के श्रीवास्तव हैं, तब ऊपर हैं, गाँव के श्रीवास्तव हैं तब नीचे। फिर आपका शहर या गाँव राजधानी से जितना नजदीक है, आप उतने बड़े हैं, जितना दूर हैं उतने निकृष्ट।" ढलान, पृ.सं.205) प्राय: यह माना जाता है कि शहरों की अपेक्षा गाँव-कस्बों में जात-पात का भाव अधिक होता है। यह भी आम धारणा है कि गाँव के लोग अधिक संकीर्ण स्वभाव के होते हैं, जाति व धर्म के प्रति कट्टर स्वभाव रखते हैं। पर इस उपन्यास के माध्यम से प्रेमकुमार 'मणि' यह बताने का प्रयास किया गया है कि जात-पात एवं धर्म की भावना तो ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक शहरों में, वह भी कथाकथित पढ़े-लिखे एवं पंडित लोगों में अधिक नज़र आती है। तभी तो मिस्त्री जी के माध्यम से वे कहते हैं कि "देश की विशाल जनता अनपढ़ भले ही हो, मूर्ख नहीं है। मूर्ख तो हैं पोथी पढ़े हुए पंड़ित। यही पढ़े-लिखे लोग, ज्यादा जातिवादी, ज्यादा संकीर्ण, ज्यादा मजहबी हैं। यही लोग दंगा-फसाद कराते हैं। गलत नहीं कहते हैं वे कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और बरानस हिंदू यूनिवर्सिटी न बने होते तब देश का बँटवारा नहीं होता।"(ढलान, पृ.सं.110) यह सच है कि जात-पात का भाव गाँवों में तो है ही, पर नगर भी इससे मुक्त नहीं हैं कैंपस का चप्पा-चप्पा जात-पात से जकड़ा है। मुझे बहुत घुटन महसूस होती है।"(ढलान, पृ.सं.206) विश्वविद्यालयों का परिसर और हॉस्टल भी पूरी तरह से जातिवाद से ग्रस्त है। वहाँ के लोगों का ध्यान छात्रों के मेधा पर कम उनकी जाति पहले जाता है। जब सोमनाथ हॉस्टल में शामिल होता है तो हॉस्टल में व्याप्त जात-पात के भेद-भाव को देख कर परेशान हो जाता है। इस उपन्यास में स्वतन्त्रता के तुरंत बाद के समय की सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थियों को बया किया गया है। लोकतन्त्र में सभी वयस्कों को वोट देना का अधिकार होता है फिर चाहे वह व्यक्ति साक्षर हो या निरक्षर, बुद्धिमान हो या वज्र मूर्ख। लोकतन्त्र में हर एक व्यक्ति का एक वोट होता है। जो कि एक दृष्टि से अच्छी बात है, पर इसकी सीमा की ओर संकेत करते हुए उपन्यासकार व्यंग्य करते हैं कि "यह कैसा इन्साफ है कि पढ़े-लिखे आदमी और वज्र मूर्ख को एक वोट के बराबर अधिकार हो। तब फिर आदमी इतने कष्ट सह कर विद्यार्जन क्यों करें। गलत नहीं कहते लोग कि प्रजातन्त्र मूर्खों का शासन है। अब तो होशियारी इसी में है कि मूर्खों के शासन को स्वीकार कर उसकी खूबियों-खामियों से जुड़ा जाय।"(ढलान, पृ.सं. 177)निश्चित ही, जातिवादी राजनीति एक बड़ी समस्या है, पर लेखक अश्वस्थ हैं कि बावजूद इसके भारत का लोकतन्त्र मजबूत हो रहा है और मजबूत लोकतन्त्र के द्वारा ही जातिवादी राजनीति का समाधान हो सकता है। "आज इस अशांति में भी मैं एक भविष्य देख रहा हूँ। भारत का भविष्य उज्ज्वल है। लोकतंत्र का भविष्य उज्ज्वल है। इसलिए उज्ज्वल है कि सब कुछ आराम से, शांतिपूर्वक हल नहीं हो जा रहा है। एक कुहराम खड़ा हो गया है। अब गरीब और उपेक्षित लोग अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो गए हैं। वे लड़ रहे हैं। ठीक है कि वे हार भी रहे हैं, लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वे लड़ने लगे हैं। मुझे तो नहीं लगता, वे हार जाएँगे लेकिन यदि हार भी जाएँगे, तो क्या, इसमें कुछ खास नहीं रखा है। एक लड़ाई तो उन्होंने जीत ही ली है। उन्होंने अपनी-अपनी एकता का इजहार तो किया है।" (ढलान, पृ.सं. 155) वर्ष 2019 में, बी.बी.सी. हिंदी पर प्रकाशित 'चुनाव के मिथक' शीर्षक अपने लेख में प्रमुख राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव ने जो लिखा है उससे यही प्रतीत होता है कि राजनीति में जातिगत प्रतिनिधित्व से भारतीय लोकतन्त्र मजबूत हो रहा है। योगेंद्र यादव लिखते हैं "यह सच है कि वोट पर जाति का असर पड़ता है, आप मतदाता हो या उम्मीदवार, मतदान पर आपके समुदाय का असर पड़ता है। .... दरअसल, पिछले पचास साल में उम्मीदवार की जाति देखने का प्रचलन घटा है. उम्मीदवार के बजाय पार्टियों की जाति चरित्र देखने का चलन बढ़ा है।" प्रेमकुमार 'मणि' कृत 'ढलान' उपन्यास का मुख्य विषय वैसे तो जातिवादी राजनीति ही है, पर इसके साथ ही इसमें राजनीतक संगठनों की प्रतिबद्धता, गाँधी जी की पंचायतीराज व्यवस्था, सामन्तवादी-सोच, वर्ण-व्यवस्था, भूदान-आंदोलन के कार्यकर्ताओं का दिखावा, किसान-आंदोलन की कमजोर पक्ष और स्त्री-विमर्श पर भी चर्चा मिलती है।ढलान' के उपन्यास के अतिरिक्त, अब तक प्रेमकुमार 'मणि' के दो कहानी संग्रह (गुलदस्ता, उपसंहार) कुछ निबंध संग्रह प्रकाशित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, प्रमोद रंजन द्वारा संपादित पुस्तक 'महिषासुर : एक जननायक' में उनके तीन विचारोत्तेजक लेख संग्रहीत हैं जिनके शीर्षक हैं 'किसकी पूजा कर रहे हैं बहुजन?', 'हत्याओं का जश्न क्यों ?', 'दशहरे के त्योहार पर'। स्वल्प अवधि के लिए सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे प्रेमकुमार 'मणि' के अब तक के लेखन-कर्म को देखने यह बात स्पष्ट होती है कि उनकी रचनात्मक-प्रतिबद्धता शोषण, उत्पीड़न एवं भेद -भाव मुक्त समाज के निर्माण के प्रति समर्पित है जिसमें 'ढलान' उपन्यास का विशिष्ट महत्त्व है जो जातिवाद मुक्त राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापना बल प्रदान करता है।

******

संदर्भ:

(1) आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन : 21वीं सदी में भारत, पृ.174
(2) उपन्यास और लोकतन्त्र, मैनेजर पाण्डेय, पृ.27
(3) आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन : 21वीं सदी में भारत, पृ.177
(4) दूसरी परम्परा का शुक्लपक्ष, सं.कमलेश वर्मा तथा सुचिता वर्मा, पृ.89
(5) उपन्यास और लोकतन्त्र, मैनेजर पाण्डेय, पृ.31

राजेन्द्र यादव, 'हंस' और दलित वैचारिकी

डॉ.मृत्युंजय सिंह
Assistant Professor
Post Graduate & Research Institute
Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha
T. Nagar, Chennai 60001

सारांश :-
सामान्य लोगों के भीतर छिपे लेखक को पहचानने और उसे प्रोत्साहित करने की राजेन्द्र यादव में अद्भुत क्षमता थी। स्त्री विमर्श और दलित विमर्श को उन्होंने तब दिशा दी, जब हिंदी साहित्य पितृसत्तात्मक और जड़ता का शिकार था। राजेन्द्र यादव इस जड़ता को तोड़ते हुए साहित्य के अंतःकरण का विस्तार किए। हाशिए का समाज उनकी चिंता के केन्द्र में हमेशा रहा है। उन्होंने दलित अधिकार को सैद्धांतिक विमर्श का विषय बनाने का बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य 'हंस' के माध्यम से किया है। सच तो यह है कि राजेन्द्र यादव और उनका 'हंस' नहीं होता तो नारी, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों पर होने वाले विमर्शों का पता नहीं मंच भी मिलता या नहीं और मिलता भी तो पता नहीं वे कौन सी शक्ल अख्तियार करते।

बीज शब्द : दलित, अस्मितावाद, ब्राह्मणी संस्कृति, प्रगतिशील, संघर्ष

कोई भी पत्रिका अपने समय के आंदोलनों, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों से निरपेक्ष नहीं रह सकती और जब साहित्यिक पत्रिका हो तब तो यह नियम और भी गंभीरता से लागू होता है। राजेंद्र यादव के नेतृत्व में 'हंस' ने सदैव समसामयिक विषयों को विमर्श का मुद्दा बनाया। प्रेमचंद के जन्मदिन 31 जुलाई 1986 से इस पत्रिका ने राजेंद्र यादव के सम्पादन में जब दुबारा दस्तक दी तो उसने बहुत ही कम समय में अपना विशिष्ट पाठक वर्ग बना लिया। एक साहित्यिक पत्रिका की खूबी पाठक की बौद्धिक क्षुधा को शांत करना भर नहीं है, बल्कि उसे नयी परिस्थितियों और चुनौतियों को समझने तथा उसका समाधान खोजते रहने की समझ देना भी है। 'हंस' ने यहीं किया, इसलिए वह समाज में बड़े बौद्धिक आयोजनों की गवाह और उत्प्रेरक बन सकी। राजेंद्र यादव इस बात को अच्छी तरह से समझ रहे थे कि वैकल्पिक राजनीति को मुख्यधारा की राजनीति बनाने के लिए जमीनी तैयारी की जरूरत है, और यह कार्य स्त्री, दलित और अल्पसंख्यक सहित अन्य वंचित समूहों के प्रबोधीकरण तथा उनके आत्मविश्वास को लौटाने के साथ ही संभव था। दरअसल सांस्कृतिक पूर्वाग्रह प्रायः इतने जटिल होते हैं कि एक बार उनके चंगुल में फंस जाने के बाद व्यक्ति की हालत अनुसरणकर्ता जैसी हो जाती है। इसके विपरीत अभिजात संस्कृति का समस्त तामझाम सत्ता से अनुकूलन पर टिका होता है वहां शिखर पर बने रहने हेतु आवश्यक समझौता की अंदरूनी छूट होती है। ग्राम्शी ने समानता और स्वतंत्रता हेतु अभिजन वर्गों के सांस्कृतिक वर्चस्व से मुक्ति को जरूरी माना है। इसके लिए उसने अभिजन संस्कृति के समानांतर जनसंस्कृति के उभार पर जोर दिया है। उसके अनुसार दास इसलिए दास होता है क्योंकि उसकी संस्कृति उसको दास होना सिखाती है। अंबेडकर का कहना था कि गुलाम को उसकी गुलामी का एहसास करा दो, वह क्रांति कर देगा। राजनीतिक चेतना सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना की अनुगामी है। इसलिए अंबेडकर और ग्राम्शी दोनों, सामाजिक-सांस्कृतिक मुक्ति को राजनीतिक स्वतंत्रता जितनी ही महत्वपूर्ण मानते थे। हंस द्वारा उठाए गए प्रमुख प्रमुख मुद्दों में स्त्री, दलित, अल्पसंख्यक आदि प्रमुख थे। राजेंद्र यादव और 'हंस' के सरोकारों को केवल दलित या स्त्री विमर्श तक ही सीमित कर देना कदापि उचित नहीं है। 'हंस' की प्रतिबद्धता पूरे जनसमाज के प्रति थी। हंस ने जिस तरह धर्म के आडंबर पर चोट की, उतनी मुखरता से शायद ही किसी और पत्रिका ने आवाज उठाई हो। राजेंद्र यादव को कहानीकार आजादी के बाद केयुवामन के सपनों और समाज के कड़वी हकीकतों ने बनाया था, किन्तु उनके संपादक को गढ़ने में प्रेमचंद के अलावा जयप्रकाश नारायण के के संघर्ष तथा उनके 'सम्पूर्ण क्रांति' आंदोलन का भी योगदान था। राजेंद्र यादव राजनेता नहीं थे। उन्हें हम लेखक-विचारक कह सकते हैं, किंतु उनका पहला प्यार रचनात्मक साहित्य से था। प्रेमचंद ने लिखा था- 'साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है' यही सूत्र राजेंद्र यादव का मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक सिद्ध हुआ। राजेन्द्र यादव ने हाशिए पर रहने वालों के दुखों और बाधाओं को साहित्य में स्थान देकर उनकी सुध और खोजखबर ली, वह चाहे स्त्री की आजादी का मसला हो चाहे दलितों के उपेक्षित जीवन का। राजेन्द्र यादव ने साहित्य में पहली बार उन दलितों-वंचितों को अपनी पत्रिका 'हंस' में सबसे महत्वपूर्ण स्पेस दिया जिनकी रचनाओं को लोग डस्टबीन में फेंक देते थे। उन्होंने दलित अधिकार को सैद्धांतिक विमर्श का विषय बनाने का बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य 'हंस' के माध्यम से किया है।

राजेन्द्र यादव यह मानते रहे हैं कि आज भी हम जिसे साहित्य कहते हैं उसकी सारी सैद्धांतिकी व्यक्ति केन्द्रित है। वस्तुतः मध्यवर्ग की सारी चिंताएं प्रतिरक्षात्मक या व्यक्तिकेन्द्रित यथास्थिति को लेकर है। राजेन्द्र यादव के अनुसार "हिंदी में अस्मितावाद की पहली पहचान शैलेश मटियानी और रेणु में दिखाई देती है- जहां पूरा एक अंचल अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक प्रामाणिकताओं में जागता है - अंचल का व्यक्तित्व लगभग नायक की तरह जीवंत है। हर व्यक्ति अपने परिवेश की ऊपज है मगर व्यक्तिवादी अपने स्वतंत्र चुनाव के नाम पर इन परिवेशगत प्रभावों को अस्वीकार करता है, ऊधर परिवेश की कैमेस्ट्री अंचल और व्यक्ति की अस्मिता बनाती है। क्षेत्रीय, जातीय और धार्मिक अस्मिताओं का उभार लोकतंत्र की अनिवार्य परिणति है। यह एक वर्ग द्वारा सत्ता-साधनों को हथिया लिए जाने के विरूद्ध जन-संघर्षों का सिलसिला है। इन्हीं के बीच से उभरती है- स्त्री, दलित और अल्पसंख्यकों की अपनी अस्मिताएँ।"

अगर साहित्य को समझना है तो उन शक्तियों को समझना होगा जो हाशियाकृत हैं जिनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया। जिन्हें महान साहित्यिक रचनाओं में अनदेखा कर दिया गया जैसे दलित का सवाल। ये वे लोग हैं जिन्हें साहित्य में प्रवेश की अनुमति नहीं रही। लिखने-पढ़ने की तो बात ही नहीं है, वे पात्रों की तरह भी नहीं आए अगर आए तो विलेन या असुरों-राक्षसों के रूप में या बहुत ही उपेक्षित किस्म के प्राणियों की तरह आए। लेकिन अब समय बदल गया है। दलित अपनी आत्मकथाएं लिख रहे हैं, अपनी कहानियां लिख रहे हैं, अपने उपन्यास लिख रहे हैं। राजेन्द्र यादव का विचार है कि "इन दलित आत्मकथाओं और कहानियों में फूहड़पन हो सकता है, भाषा इनकी बहुत अनगढ़ है, इसके बावजूद यह लगता है कि शक्ति और ऊर्जा यहां है। वे लड़ रहे हैं। इनका इतिहास अब शुरू हुआ है।" कह सकते हैं कि दलित साहित्य में संघर्ष है, यातना है, एक सपना है और इसलिए भविष्य यही दिखाई देता है। क्योंकि राजेन्द्र यादव के अनुसार "आत्मा को आनंदित करने वाली रचनाएँ अब व्यक्तिगत या सामाजिक नॉस्टेल्जिया जगाने से आगे नहीं जाती-वे मूलतः स्मृतिजीवी और अतीतमुखी है। संघर्ष-मूलक रचनाएँ किसी भावी सपने से प्रेरित होती है।" दलित आत्मकथाओं को राजेन्द्र यादव एक संघर्षमूलक दस्तान मानते हैं क्योंकि ये कथाएं स्मृतिजीवी और अतीतमुखी नहीं है। इसलिए उनका विचार है कि "ओमप्रकाश बाल्मीकि की 'जूठन' का गांव हमें न वैसा आनंद दे पाता है, न रस। वह शास्त्रीय शब्दावली में 'जुगुप्सा' जगाता है। मगर एक हमें कलात्मक निष्क्रिय संतोष देता है तो दूसरा सामाजिक बेचैनी....'आस्वाद' की यह दूरी व्यक्तिगत ग्रहणशीलता का सवाल उतना नहीं है जितना पचास वर्ष के दो युगों की दूरी है।"अपनी यातनाओं और संघर्षों को यथासंभव खुलकर कहती ये आत्मकथाएँ, सवर्ण समाज पर आरोपों के श्वेत-पत्र लगती हैं। इस साहित्य की मूलभूत प्रतिज्ञा, सत्य, शिव, सुंदर को ध्वस्त करती है। इनको लेकर साहित्य जगत में अनेक हलचल हुए, अनेक आक्षेप लगाए गए। और यह कहा गया कि सौन्दर्यबोध और सुरूचि के साथ इनका कोई तालमेल नहीं है। राजेन्द्र यादव इनके पीछे कुरूप और कुरूचिपूर्ण को न देख पाने की जुगुप्सा मानते हैं। वे लिखते हैं, "हमारा बद्धमूल विश्वास है कि साहित्य,

मध्यवर्गीय समाज की वह निजी और पवित्र दुनिया है जहाँ लोग सिर्फ 'व्यक्तित्व' के लिए लड़ते हैं। 'अस्तित्व' और अस्मिता को लेकर जूझने वालों की यहां कोई जगह नहीं है। 'साहित्य मुक्त करता है' कहते हुए हमारी चेतना में सिर्फ अपनी सीमाओं और संस्कारों से मुक्ति है- मानवता के एक बड़े भाग की मुक्ति नहीं है। साहित्य सब कहीं एक है, वह हमें देशकाल से उपर उठाता है, वहां भौगोलिक और सामाजिक विभाजन करना गलत है, वह सभी को वाणी देता है और सबका हित करता है....कहते हुए भी हम जानते हैं कि समाज के एक वर्ग के लिए ही यह सत्य है, बहुलांश को न इसमें वाणी दी गई है, न उनका हित है।'' राजेन्द्र यादव अकसर साहित्य के लिए एक पद का प्रयोग करते हैं- 'यातना, संघर्ष और स्वप्न'। अर्थात दलितों के साहित्य में अपने अतीत की यातना थी, वर्तमान के संघर्ष थे और भविष्य के स्वप्न थे लेकिन राजेन्द्र यादव ने यह भी माना है कि यह सब अनुभव के स्तर पर था, अनुभव ठंडा होकर या तटस्थ होकर विचार के स्तर पर नहीं पहुँचा था। इसके साथ एक और बात कि शुरू में जो राजनीति में बदलाव हो रहे थे, उसके कारण साहित्य में उन दबे हुए अनुभवों को एक खुली जगह मिल रही थी। अतः राजेन्द्र यादव दलित साहित्य को मुख्य रूप से राजनीतिक उभार के रूप में देखते हैं। उनका मानना है, "दलित साहित्य मराठी से आया, इस बात को हमे स्वीकार करना चाहिए। मराठी में फुले से लेकर अंबेडकर होते हुए आज तक जो लिखा गया है वह मुख्य रूप से सामाजिक आंदोलनों से संबंधित रहा। बाद में उससे राजनीति के लोग निकले। हमारे यहां दलित साहित्य या दलित उभार मुख्य रूप से राजनीतिक है। राजनीतिक है और सत्ता की हिस्सेदारी से जुड़ा हुआ है। सत्ता के साथ उसका मुख्य रूप से उभार हुआ है। इस विश्वास और आश्वासन पर कि हमारे पास सत्ता होगी तो हम सब कुछ बदल देंगे जो कि एक मिथ है, गलतफहमी है। ऐसा हो नहीं सकता कि सत्ता आए तो सब कुछ बदल जाएगा। जो भी सत्ता में आया, उसने कुछ नहीं किया न पिछड़ों ने न दलितों ने। उन्होंने ज्यों का त्यों सत्ता को स्वीकार कर लिया। अपना निजी भविष्य देखने लगे। राजनीति से प्रेरित होकर दलित साहित्य आया, इसलिए मुख्य रूप से दलित साहित्य सत्ता-प्राप्ति का साहित्य है, अधिकार प्राप्ति का साहित्य है।''

दलित विमर्श में जो बहसे हुई हैं, उनमें धर्म के ऊपर भी काफी चर्चा हुई है। खास तौर पर बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार करने को लेकर। बाबा साहब ने जब धर्म परिवर्तन किया था तो कहा जाता है कि उनके साथ करीब एक लाख लोंगों ने बौद्ध धर्म को अपनाया था। पर सवाल यह है कि क्या धर्म परिवर्तित कर लेने से सामाजिक बदलाव या कोई गुणात्मक परिवर्तन दलित में आ गया। इस संदर्भ में राजेन्द्र यादव के शब्द है – "बौद्ध आज भी हैं दलितों में, पर दुर्भाग्य से उनमें वो सारे कर्मकाण्ड हैं जो ब्राह्मणी संस्कृति में होते हैं। ज्यादातर बौद्धों में अभी भी हिंदू देवी-देवताओं, प्रथाओं से लगाव बना हुआ है। इसलिए खाली धर्म परिवर्तन करके बौद्ध हो जाने से उनमें कोई गुणात्मक परिवर्तन आया हो ऐसा मुझे नहीं लगता है।'' राजेन्द्र यादव यह मानते है कि वैचारिकता के लिए दलितों के पास ज्योतिबा फुले, अंबेडकर,पेरियार और इयोत्तिदास है, और यह भी कि उन्होंने अपने समाज और वर्ग के धार्मिक और सामाजिक शोषण की ।बात निश्चय ही बेहद तर्कपूर्ण और गहरे विश्लेषण के साथ सामने रखी है और सवर्णो द्वारा भौतिक, शारीरिक और राजनीतिक अत्याचारों को समझा यह होते हुए भी इस संदर्भ में राजेन्द्र यादव का विचार है कि "मगर उनकी चिंता दलितों को राजनीतिक अस्मिता और अधिकार दिलाने की ज्यादा है। वे सिर्फ अपनी मुक्ति का दर्शन देते हैं। स्थाई मुक्ति कभी भी अकेले नहीं मिलती चाहे दलित हो या स्त्री। उन्हें अपनी मुक्ति के अभियान को अपनी तरह दूसरे मुक्ति आंदोलन के साथ जोड़कर एक जुट होने की जरूरत है - तभी स्थायी और समग्र सामाजिक मुक्ति संभव हो सकेगी।'' राजेन्द्र यादव दलित आन्दोलन को वामपंथ से जोड़कर देखते हैं और चाहते हैं कि 'वामपंथी बुद्धिजीवीयों को विचार करना चाहिए कि हम दलित संगठनों से कैसे जुड़े'। श्योराजसिंह बेचैन का विचार है कि राजेन्द्र यादव "दलित के पास मार्क्स का सर्वहारा ढूंढते हुए आए थे। उन्होंने पंडितों को पीछे छोड़ा था, पर जब उन्हें शूद्र, ग्वाला कहकर वर्णभेद का बोध कराया गया तो उन्हें अंदाजा होने लगा कि अछूत और बहिष्कृतों की स्थिति क्या होगी ?'' राजेन्द्र जी को जातिवाद और मनुवाद से शत्रुता की हद तक चीढ़ थी। यह पूर्वाग्रही पक्षपाती शक्तियां जब उनके या किसी के कृतित्व को यह कहकर कमतर करने की कोशिश करती कि यादव या पिछड़ी जाति का होने के बावजूद उन्होंने यह उपलब्धि अर्जित की तो वे आहत हो उठते थे। 'हंस' के माध्यम से वे हर उस पूर्वाग्रह और कट्टरता को धो देना चाहते थे जो मनुष्य को मनुष्यता से दूर ले जाती है।'' सच तो यह है कि राजेन्द्र यादव और उनका 'हंस' नहीं होता तो नारी, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों पर होने वाले विमर्शों का पता नहीं मंच भी मिलता या नहीं। और मिलता भी तो पता नहीं वे कौन सी शक्ल अख्तियार करते।

राजेन्द्र यादव का इस बात पर जोर रहा है कि दलितो के पास एक लंबा विचार-दर्शन है। उनके अनुसार "यह सच है कि दलितों के पास वर्ण-श्रेष्ठता को चुनौती देने वाले विचारकों, चिंतकों और रचनाकारों की लंबी कतार है - सिद्धों, भक्तों और संतों का हर भाषा में अपार साहित्य भरा पड़ा है - बौद्ध दर्शन तो है ही, अन्य पदार्थवादी दर्शन भी वेदांती सनातनियों को हर स्तर पर शास्त्रार्थ के लिए ललकारते रहे हैं।'' वर्तमान में देखा जाय तो इधर समाशास्त्रियों, इतिहासकारों और अन्य बुद्धिजीवियों ने मराठी, अंग्रेजी और हिंदी में दलित-विमर्श को जो आक्रामकता दी है उसने मध्यवर्गीय केन्द्रित सारे कुलीन साहित्य के अस्तित्व को ही संकट में डाल दिया है। अब वे लोग एकजुट होकर दलितों को यह बताने में लगे हैं कि दलित-साहित्य या सोच वास्तव में क्या है। क्योंकि दलितों के पास न विश्लेषण का शास्त्र है, न पद्धति, न गंभीर विवेचन की भाषा न कला और सौन्दर्य की बारीक पकड़। कहने का तात्पर्य यहाँ यही है कि अस्तित्वगत संकट को अमूर्त बहसों में उलझा देने की रणनीति सत्ता हमेशा इस्तेमाल करती रही है। इस संदर्भ में राजेन्द्र यादव का तल्ख विचार है कि "दलितों के संदर्भ में गंभीर बहसों के लिए आमंत्रण रियायती स्वीकृति की एक सम्मानजनक मुद्रा है। मैं नहीं कहता कि हमें इन बहसों से बचने या डरने की जरूरत है, क्योंकि यह हमें उनके मोर्चे पर उनसे दो-दो हाथ करने का अवसर देती है। मगर सावधानी यह बरतनी है कि उनके पास इन बहसों के नतीजे पहले से तय है-वे दलितों का एजेण्डा ही तय नहीं करेंगे, खेल के नियम भी अपने ही बनाएंगें।'' सामान्य लोगों के भीतर छिपे लेखक को पहचानने और उसे प्रोत्साहित करने की राजेन्द्र यादव में अद्भुत क्षमता थी। स्त्री विमर्श और दलित विमर्श को उन्होंने तब दिशा दी, जब हिंदी साहित्य पितृसत्तात्मक और जड़ता का शिकार था। राजेन्द्र यादव इस जड़ता को तोड़ते हुए साहित्य के अंतःकरण का विस्तार किए। हाशिए का समाज उनकी चिंता के केन्द्र में हमेशा रहा है। राजेन्द्र यादव अपने सामाजिक सरोकारों और लेखन में ही नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व में भी पूरी तरह जनतांत्रिक थे। सही अर्थो में वे एक ऐसा 'पब्लिक इंटलेक्चुवल' थे, जो राजनीति संस्कृति और समाज के हर पहलू पर प्रगतिशील दृष्टिकोण रखते थे। कहा जा सकता है कि राजेन्द्र यादव साहित्य-जगत में दीपस्तंभ की भाँति रहेंगे, उनके संपादकीय अपने युग की आवाज की तरह पढ़े जाएँगे।

******

सन्दर्भ :-

1. हंस, दिसंबर 2006, राजेन्द्र यादव संपादकीय पृ. 7
2. काश, मैं राष्ट्रद्रोही होता, राजेन्द्र यादव पृ. 109
3. वही, पृ. 237
4. वही, पृ. 237
5. उपन्यास: स्वरूप और संवेदना - राजेन्द्र यादव, पृ. 29
6. यातना, संघर्ष...स्वप्न - संपा. अजय नावरिया, पृ. 54
7. वही, पृ. 56
8. काश, मैं राष्ट्रद्रोही होता, राजेन्द्र यादव, पृ. 106
9. हंस (दिसंबर 2013), श्योराज सिंह बेचैन, पृ. 82
10. वही, संजीव का लेख, पृ. 38
11. काश, मैं राष्ट्रद्रोही होता, राजेन्द्र यादव, पृ. 70
12. वही, पृ. 71

"मेरा समाज" कहानी में अभिव्यक्त दलित स्त्री का जीवन यथार्थ

डॉ. ए. एस. सुमेष
सह आचार्य व अध्यक्ष हिंदी विभाग
एम.इ एस. महा विद्यालय, जिला इडुक्कि, केरल,

कार्तिका टी. वी.
शोध छात्रा
एम.इ एस. महा विद्यालय, जिला इडुक्कि, केरल, मो.9744168522

शोध सार

"स्त्री की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि उसकी भूमिका हमेशा ही अपनी ज़रूरतों को ध्यान में रखकर घर में पुरुष या समाज में व्यवस्था तय करती है।" (मणिमाला , इक्कीसवीं सदी की ओर , संपा. सुमन कृष्णकांत पृ ६३) हमारे समाज में आर्थिक राजनीतिक सांस्कृतिक आदि स्तर पर पुरुषों की अपेक्षा स्त्री को दोयम दर्जा प्रदान करने वाली एक सामाजिक व्यवस्था सदियों से कायम रहती है। यह आज की बात नहीं है शताब्दियों पहले जब समाज की स्थापना हुई तब से यह बात जारी रहती है। पुरुषवर्चस्ववादी सामाज ने स्त्री को बचपन से ही बौद्धिक एवं शारीरिक दोनों रूपों में कमज़ोर कहकर उसे एक प्रकार की कोमलता प्रदान किया है। यह कोमलता की भावना ने स्त्री को 'हम कमज़ोर है' जैसी एक भावना को लेकर जीने केलिए मजबूर किया। स्त्री अपने अधिकारों को जानते हुए भी इसके लिए आवाज़ नहीं उठाई स्त्री अपने ऊपर हो रहे शोषण को अपनी नियति समझकर सहती रही। शिक्षा ने स्त्री के सोच-विचार को थोडा बहुत बदल दिया ज़रूर है । लेकिन दलित स्त्री आज भी सामाजिक शोषण का शिकार है। सुशीला टाकभौरे की कहानियां इस दिशा में महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत करने वाली है।

बीज शब्द :- दलित स्त्री, रीति रिवाज, परंपरागत रूढ़िवादिता, पुरुष वर्चस्ववाद

मूल आलेख :-सुशीला टाकभौरे हिंदी साहित्य जगत की मशहूर लेखिका है। उन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए समाज में व्याप्त सभी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है। समाज द्वारा उपेक्षित दलित की समस्याओं और उनकी शोषणकारी तत्वों को उन्होंने अपनी रचनाओं के ज़रिए मुख्यधारा में खड़ा कर दिया । दलित साहित्य की विकास यात्रा में उनकी रचनाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।

'मेरा समाज' आत्मकथानक शैली में लिखी गयी उनकी अत्यंत महत्वपूर्ण कहानी है। इसमें उन्होंने दलित जीवन से जुड़ी अनेक समस्याओं को दर्शाया है। इस कहानी में लेखिका दलित स्त्री के प्रति खुद दलित समाज के दृष्टिकोण को दिखाया गया है। दलित समाज में व्याप्त पुरुषवर्चस्व को भी लेखिका इस कहानी के द्वारा प्रस्तुत करती है। दलितों को अपना जीवन जानवरों से भी गया- गुजरा बिताना पड़ता है। पूरे भारतवर्ष में सदियों से हम यह स्थिति देख रहे हैं। लेकिन दलित स्त्री का जीवन उससे भी दयनीय और बदत्तर है । दलित स्त्री तो वर्ग,वर्ण के साथ साथ लिंग के आधार पर भी शोषित है। सभी प्रकार का शोषण सहना इनकी नियति बन चुकी है। दलित स्त्री हमेशा सवर्णों की हवस का शिकार बनती है। जिस को छूना धर्म के द्वारा अशुद्धि मानता है, लेकिन इसका इज्जत लूटना, बलात्कार करना अशुद्धि नहीं मानता था। यह एक प्रकार के सवर्णों के खोखलापन को दिखाती है। यह सवर्ण की झूठी मान्यताओं का समर्थन है। इन सभी सामाजिक कुरीतियों का चित्रण मेरा समाज कहानी में सुशीला जी ने किया है । दलित स्त्री एक ओर समाज की यानी बाहरी दुनिया का शोषण सहती है, दूसरी ओर वह अपने घर के अंदर के पुरुषों का शोषण भी सहने केलिए मजबूर रहती है। इस प्रकार दलित स्त्री सभी प्रकार के मानवाधिकारों से वंचित रहती है।दलित समाज में भी दलित स्त्री के प्रति उपेक्षा का भाव है। उसे केवल उपभोग वस्तु के समान देखता है। समाज ने स्त्री के जीवन का परम लक्ष्य शादी करके घर बसाना तय किया है। कहानी का एक सन्दर्भ देखिए, जब लेखिका बी ए में पढ़ रही थी उनके सगे संबंधी रिश्तेदार उनके माता-पिता से कहते हैं **"कब तक लड़की को पढ़ाते रहेंगे? कब तक उसे बैठाकर रखोगे? ऐसे तो लड़की बूढ़ी हो जाएगी। उसके साथ की लड़कियों की शादी हो गई और वे एक-एक दो-दो बच्चों की माँ भी बन गई है। तुम लोग लड़की की तरफ से आंखें बंद करके बैठ गए हो।"**[1]

इस प्रकार समाज स्त्री को शिक्षा प्राप्त करके आगे बढ़ने नहीं देती। स्त्री के हर कदम पर समाज द्वारा पाबंदी लगाया जाता है। समाज स्त्री को हमेशा आदर्श गृहणी बनाना चाहता है, जो अपने ऊपर हो रहे अन्याय एवं अत्याचार को चुपचाप सहकर परिवार संभाले और बच्चों का पालन-पोषण करे। **"मैं समझने लगी थी लोग इससे आगे सोच ही नहीं सकते हैं। बेटी का जन्म होते ही उसकी पढ़ाई कि नहीं, शादी की चिंता की जाती है। शादी और बच्चे जैसे जीवन का लक्ष्य केवल यही था।"**[2]

समाज में स्त्री जीवन का एकमात्र लक्ष्य शादी करना और घर बसाना है यही भावना पाल रखा है, सदियों से यही हो रही है। खुद अनपढ स्त्री भी अपने लिए इसके आगे नहीं सोच सकती थी। समाज स्त्री को कभी उसे कोमल कहकर आदर्श देवी के पद पर बिठाकर उसकी शोषण करती है तो कभी अपने अधिकार की घमंड दिखा कर शोषण करती है। **"यही हाल लड़कियों का होता था। ससुराल जाने के बाद खुद के परिवार का खर्च उठाने के लिए वे भी इस नौकरी से लगा दी जाती थी। बेटा भले ही नौकरी न करता हो बहू को नौकरी से लगा दिया जाता। बहू नौकरी भी करती थी, घर का पूरा काम- खाना पकाना, खिलाना, माँजना, धोना सब करके अपने बाल बच्चों को संभाल ने की जिम्मेदारी भी निभाती थी। इतना सब करके भी अधिकांश बहुओं को पति की मार, सास की गालियां और ननदों के ताने ही मिलते रहते थे।"**[3]पुरुष चाहे घर की देखभाल न करे, समाज पुरुष के पक्ष में रहेगें। लेकिन नारी को घर चलाने की ज़िम्मेदारी से कोई छूट नहीं है । उन्हें घर संभालने केलिए नौकरी भी करना पड़ेगी। दलित समाज भी यह केवल स्त्री की जिम्मेदारी समझती है किसी भी हालत में घर संभालना। चाहे पति उसके साथ अमानवीय व्यवहार करे, ससुराल वाले उसका शोषण करें फिर भी स्त्री को हमेशा आदर्श नारी बनकर पूरे परिवार को संभालना है।**"यह एक परंपरा थी अपनी जवानी से बुढ़ापे तक सास पीटती रहती, यही बात आने वाली बहू के साथ होती। पति दश्मन जैसा मारता, पत्नी रोती रहती, फिर भी घर का पूरा काम करती, खाना बनाकर सबको खिलाती, कभी थोड़ा स्वयं भी खा लेती नहीं तो भूखी ही रह जाती। वह अपने अच्छे दिनों की प्रतीक्षा इस तरह करती थी कि - एक दो साल में शायद उसकी स्थिति बदले या एक दो बच्चे हो जाने पर उसे न्याय मिलेगा या बच्चे बड़े होने पर उसके दिन फिरेंगे या फिर बहुएं आने के बाद स्थिति बदल जाएगी - इसी प्रतीक्षा में पूरा जीवन निकल जाता था।"**[4]शादी के बाद ससुराल में भी स्त्री शोषण का शिकार बनती है। वहाँ भी स्त्री सुरक्षित नहीं है। कभी कभार स्त्री भी स्त्री के दश्मन बन जाती है। स्त्री के द्वारा स्त्री शोषित रहती है। कभी सास,ननद घर की बहू के साथ अमानवीय व्यवहार करती है। शिक्षा का अभाव, समाज की रीति रिवाज एवं परंपरागत रूढ़िवादिता के कारण स्त्री अपने ऊपर हो रहे शोषण को अपनी नियति समझकर उसे झेलते हैं। उसमें प्रतिरोध नहीं होती। **"सब मुझे बहुत गलत लगता था। मैं उन्हें समझाती थी। रिश्तेदारों के घर में कभी भाई-भाई का झगड़ा, कभी सास बहू का झगड़ा तो कभी इन ननद भौजाई जी का झगड़ा होता घर के पुरुष अपना गुस्सा पत्नी पर ही निकालते। बेचारी पत्नी पिटती रहती। उसके रोने चिल्लाने पर भी कोई उसकी मदद नहीं करता। क्योंकि यह पति-पत्नी का आपसी मामला समझा जाता।"**[5]पुरुष वर्चस्ववादी समाज इसी आदर्श को बढ़ावा देता है कि पति अपनी पत्नी के साथ कोई भी अमानवीय व्यवहार कर सकता है इसके खिलाफ कोई भी आवाज नहीं उठा सकता है। आज भी समाज का यही सोच है कि पत्नी का उत्पीड़न करना पति का अधिकार है । राजेन्द्र यादव जी ने ठीक ही लिखा है :- "स्त्री स्वतंत्र होकर सामजिक, राजनैतिक या अन्य क्षेत्रों में अपने आपको स्थापित भी करे, लेकिन नैतिकता के क्षेत्र में हजारों साल पहले के महलों और पर्दों में कैद रहने

वाली सामंती चरित्र और शील की मूर्ति भी बनी रहे।" (राजेन्द्र यादव , हंस, मेरी तेरी उसकी बात , सितम्बर १९९५)

निष्कर्ष :-

'मेरा समाज' कहानी के जरिए सुशीला टाकभौरे जी ने दलित समाज के दलित स्त्री के प्रति केवल सहानुभूति व्यक्त करना नहीं बल्कि सह स्थिति के अनुभव को शब्दों द्वारा व्यक्त करना चाहती है । पुरुष समाज के संकुचित मनोभाव, सत्तापरक अहं बोध आदि के द्वारा वर्तमान समाज की वस्तुस्थिति का यथार्थपरक चित्रण लेखिका ने किया है। इस कहानी दलित स्त्री जीवन के यथार्थ चित्र को हमारे समुख रखती है। इस कहानी में लेखिका दलित स्त्री की संघर्षमय और अमानवीय जीवन अनुभवों को अभिव्यक्त करते हुए समाज को यह बताने की चेष्टा करती है कि हर समाज में नारी की स्थिति दयनीय है।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. सुशीला टाक भोर-टूटता वहम-पृ सं-33
2. सुशीला टाक भोरे -टूटता वहम -पृ सं-33
3. सुशीला टाक भोरे -टूटता वहम -पृ सं-31
4. सुशीला टाक भोरे -टूटता वहम -पृ सं-31
5. सुशीला टाक भोरे -टूटता वहम -पृ सं-31

सहायक ग्रंथ सूची:-

1. टूटता वहम - डॉ. सुशीला टाकभौरे - अनिरुद्ध बुक्स,दिल्ली
2. हिंदी महिला कलाकारों के साहित्य में दलित विमर्श- डॉ. संगीता चौहान-माया प्रकाशन
3. सुशीला टाकभौरे के गद्य साहित्य में दलित जीवन-डॉ.केसाईलता-विकासप्रकाशन, कानपुर
4. दलित चेतना की कहानियाँ बदलती परिभाषाएँ- राजमणि शर्मा-वाणी प्रकाशन
5. दलित साहित्य के बढ़ते कदम-माता प्रसाद-अमन प्रकाशन
6. इक्कीसवीं सदी की ओर , संपा. सुमन कृष्णकांत, राजकमल प्रकाशन

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के अनमोल विचार

पानी की बूंद जब सागर में मिलती है तो अपनी पहचान खो देती है। इसके विपरीत व्यक्ति समाज में रहता है पर अपनी पहचान नहीं खोता। इंसान का जीवन स्वतंत्र है। वो सिर्फ समाज के विकास के लिए पैदा नहीं हुआ बल्कि स्वयं के विकास के लिए भी पैदा हुआ है।

••• राजनीतिक अत्याचार, सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है। समाज को बदनाम करने वाले सुधारक सरकार को नकारने वाले राजनेता की तुलना में अधिक अच्छे व्यक्ति हैं।

••• मैं समझता हूं कि कोई संविधान चाहे जितना अच्छा हो, वह बुरा साबित हो सकता है, यदि उसका अनुसरण करने वाले लोग बुरे हों। एक संविधान चाहे जितना बुरा हो, वह अच्छा साबित हो सकता है, यदि उसका पालन करने वाले लोग अच्छे हों।

••• राष्ट्रवाद तभी औचित्य ग्रहण कर सकता है, जब लोगों के बीच जाति, नस्ल या रंग का अन्तर भुलाकर उनमें सामाजिक भ्रातृत्व को सर्वोच्च स्थान दिया जाये।

******

दलित चेतना का प्रतीक नाटक : 'कोर्टमार्शल'

प्रमोद गोकुळ पाटील

हिन्दी विभाग

श्री. शिवाजी विद्या प्रसारक संस्था का

भाऊसाहब ना. स. पाटील कला एवं

मु. फि. मु. अ. वाणिज्य महाविद्यालय, धुले (महाराष्ट्र

भूमिका :

जातिगत व्यवस्था का प्रतिक नाटक : 'कोर्टमार्शल' में समकालीन व्यवस्था एवं वर्ण-जाति व्यवस्था का गिनौना चेहरा दिखाया गया है। सामंती व्यवस्था और निम्नवर्ग शोषण के दबे दबाय जा रहे है समाज एवं मानवी यथार्थ का परिपाक ही 'रामचन्दर' का किया अपराध है। कहें तो रामचन्दर के सीने में लगी धधकती आग, शोले, भड़ककर कैप्टन कपूर की गंभीर हालात और कैप्टन मोहन वर्मा की मौत का मूल कारण दिखाई देती है। स्वदेश दीपक द्वारा लिखित 'कोर्ट मार्शल' नाटक हमारी समकालीन व्यवस्था पर हर अंगनिवेश का पर्दाफाश करता है। कानुन, नियम, अनुशासन और व्यवस्था इनको दिखाकर निम्न वर्ग का किस प्रकार से शोषण किया जा रहा है, यह नाटक में रामचन्दर के माध्यम से दिखाया गया है। एक निम्नवर्ग का जवान रामचन्दर का 'कोर्टमार्शल' किया जा रहा है। उसने अपराध किया है, एक जगन्य अपराध। दस जून की रात को रामचन्दर ड्यूटी पर था। कैप्टन मोहन वर्मा और कैप्टन कपूर दोनों रात को रामचन्दर ड्यूटी पर था। कैप्टन मोहन वर्मा और कैप्टन कपूर दोनों रात के नौ बजे गार्ड चौकी के नजदिक से गुजर रहे थे कि जवान रामचन्दर ने सरकारी राइफल से दोनों पर गोली चला दी। जिसमें कैप्टन मोहन वर्मा की उसी जगह मृत्यु हो गई। कैप्टन कपूर को मिलेट्री हास्पिटल पहुचाया गया और तत्काल ऑपरेशन किया गया जिससे वह जीवित रहे। जवान रामचन्दर इन दोनों अफसरों का कत्ल करने का पक्का इरादा कर चुका था। इंडियन आर्मी एक्ट 69 और इंडियन पीनल कोड की दफा 302 के तहत जवान रामचन्दर का जनरल कोर्ट मार्शल किया जा रहा है। जान-बूझकर, होशो-हवास में मर्डर करने, कत्ल करने पर कोर्टमार्शल।

कर्नल सूरत सिंह कोर्ट मार्शल के प्रीजाइडिंग ऑफिसर थे। उन्होंने कहीं बार मौत से सामना किया है, बहुत लोगों की जान ली है, मौत के घाट उतारा है। जिसमें कोर्टमार्शल का कमरा हो या जंग का मैदान। कर्नल सूरत सिंह ने 10 'कोर्ट मार्शल' कर चुके है। उनके हाथों से कोई मुजरिम बच न सका है। उनके साथ मेजर अजय पुरी सरकारी वकील है और कैप्टन बिकाश राय बचाव पक्ष के वकील है। चश्मदीद गवाह थे सुभेदार बलवान सिंह साथ ही हमले में बच निकले कैप्टन बी. डी. कपूर। अन्य गवाह के रूप में डॉ. कैप्टन गुप्ता, लैफ्टीनेंट कर्नल ब्रेजेन्द्र रावत आदि लोग है। इन सब की गवाही तथा जवान रामचन्दर के अपराध की स्वीकृती से स्पष्ट हुआ हैं कि, हत्या उसने ही की है। बच निकलने का एक रास्ता था, जवान अपनी ड्युटी पर हो और रात के समय उसकी चौकी के पास से गुजरे लोग उस दिन का निर्धारित पासवर्ड उसे पूछा जाए। जवान के चॅलेंज करने पर अफसर या कोई भी हो अगर वह न रुके और न पासवर्ड बताये तो आर्मी लॉ के मुताबिक उसे गोली मारने का हक बनता है। बचाव पक्ष के वकील कॅ. बिकाश राय ने लगभग यह साबित कर दिया था कि, चश्मदीद गवाह सुबेदार बलवान सिंह वारदात के समय इतनी दूरी पर खड़े थे कि जवान रामचन्दर द्वारा किया गया चॅलेंज पूछा गया। पासवर्ड वह सून नहीं सके। अत: रामचन्दर यदि कहे तो उसने उन दो अफसरों को चॅलेंज किया लेकिन वे रूके नहीं, इसलिए उसने गोली चला दी तो वह निर्दोश साबित होता।

बीज शब्द :कोर्टमार्शल, अंगनिवेश, पर्दाफाश, अनुशासन, शोषण, निम्नवर्ग, जगन्य, गोली, मृत्यु, मिलेट्री, ऑपरेशन, इंडियन आर्मी, एक्ट, पीनल कोड, दफा, प्रीजाइडिंग, चश्मदीद, पासवर्ड, वारदात, चैलेंज, निर्दोश आदि**उद्देश्य :** कोर्टमार्शल नाटक का रामचन्दर होनहार, अनुशासन प्रिय, अपनी ड्युटी का पक्का, इमानदार होते हुए भी इस प्रकार का संगिन अपराध करने की विविशता क्यों ? रामचन्दर ने अपने होशो-हवास में जान-बूझकर कत्ल, मर्डर करने की ऐसी कौन सी स्थिति पैदा हुई है, जिसके पता होने के बावजूद खुद का कोर्टमार्शल होकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई जायेगी। बिकाश राय कथन सही

लगता है कि, "जीवन और मृत्यु के निर्णय तकनीकी आधार पर नहीं, जो सच है, उस पर होते हैं। और सच। सच तो हमेशा अपने आप बोलता है। झठ की घुमावदार गालियों में कभी भी रास्ता नहीं भटकता। बिल्कुल नहीं भटकेता।"[1] झठ कितना खोखला है, फरेब है, सत्य की शक्ति के सामने वह ठीक नहीं पाता। सत्य की बूनियाद इतनी ताकतवर होती है कि, झूठ का कोई झोंका आये और वह अपने साथ सच की बूनियाद को उखाडकर ले जाये। रामचन्दर अपनी ड्यूटी मुस्तौदी से करता है। अपने अफसर ने दी ड्यूटी में कभी ना आनाकानी, लापरवाही की, कभी ना रामचन्दर के विरोध में किसी अफसर ने शिकायत की। समय और सत्य जिस प्रकार विपरीत दिशाओं में चलते है, ठीक वैसे ही रामचन्दर के जीवन की दास्ता है। बिकाश राय ने ठीक ही कहाँ कि "सच केवल उतना ही नहीं होता जितना दिखाई दे। सच का केवल एक हिस्सा हम अपनी आँखों से देखते हैं और पूरा का पूरा सच मानने की गलती कर बैठते है। और फिर यह कहाँ जरूरी है कि जो कुछ आप हम देखें, वह सच ही हो।"[2]

उच्च वर्णियों द्वारा शोषित, प्रताड़ित वर्ग का शोषण :-कोर्टमार्शल नाटक में स्वदेश दीपक ने प्रजातांत्रिक व्यवस्था में स्वतंत्रता, समता और न्याय की नींव पर खड़ी हमारे संविधान ने दिए अधिकार उच्च वर्णियों ने अपने प्रलोभन के खातिर छीन लिए। सभी जन्मसिध्द अधिकार छीन लिए और अपनी कामना को पूरा करने हेतू-सामंती वर्ग ने निम्न वर्ग को गुलाम बनाकर शोषण करते है। आज निम्न वर्ग को जो सम्मानित जीवन पाने का अधिकार है। व्यवस्था के हर ऊँचे औदे पर अधिकतर तथाकथित ऊँचे लोग ही बैठे है। प्रजातंत्र को मात्र मुखवटों के रूप में उन्होंने अपनाया है। आई. सी. एस., आई. एफ. एस., आर्मी, नेवी, एयरकोर्स सब जगह अफसर हैं हमारे खानदान के लोग। वी विलांग टु रूलिंग क्लास।"[3] सामंती परिवारवाले हिन्दी भाषी परिवार में पैदा हुए पढ़ाई भी हिन्दी भाषा में ही की है। हिन्दी में बोलना नहीं चाहते, क्योंकि ऑफिसर हमेशा अंग्रेजी भाषा में ही बात करते है। यह अंग्रेजी सभ्यता की देन है। उच्चवर्णियों की धारणा है कि योग्यता, सभ्यता, ज्ञान सब उनके जैसे अफसरों के पास ही होती है। इसलिए कपूर कहते, "अब खानदानी लोभ फौज में भरती नहीं होते। नीची जाति के लोगों को भरती किया जाएगा तो यही होगा। खाते-पीते घरों के लोग। भूखे-नंगों को जब फौज में भरती किया जाए, भर-पेट रोटी मिलने लगे ते उनका दिमाग फिरेगा कि नहीं।"[4] उच्च वर्णियों द्वारा निम्न वर्ग के प्रति असल में यह आम दृष्टिकोन सत्ता और एकाधिकार व्यवस्था के टूट जाने की प्रक्रिया है। नाटक का प्रमुख पात्र रामचन्दर एका आदर्श जवान, एका अच्छा खिलाडी, रेजिमेंट के पाँच हजार मीटर की दौड़ में प्रथम क्रमांक प्राप्त। उत्तरी कमान की खेल प्रतियोगिता की तैयारी हेतू कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रावत ने रामचन्दर को कमान दध और बादाम की अतिरिक्त खूराक लगाना। कैप्टन वर्मा रामचन्दर को चूहड़ा भंगी तथा उसका रंग देखकर चिट्टा चूहड़ा पुकारते थे। रामचन्दर छोटी जाति का है। कैप्टन कपूर रामचन्दर को 'आये हरिजन' कहकर पुकारते। प्रामाणिक, लायक फौजी को निजी नौकर की तरह अपमानित करते रहे। "बाजार से सामान लाओ, बच्चों को स्कूल छोड़ने जाओ, खाना बनाओ, खाना लगाओ, मेमसाहब के कपडे प्रेस करो और साहब को हमेशा खुश रखो।"[5] इतना कुछ करने के बाद भी एक दिन तो रामचन्दर की योग्यता और आत्मसम्मान पर कैप्टन कपूर ने करारा आघात किया। रामचन्दर को नीचा दिखाने की सारी हदे पार कर दी कॅप्टन कपूर ने। "एक दिन कैप्टन साहब के घर कुछ मेहमान आए हुए थे। ड्राइंगरुम में ही एक छोटी बच्ची ने पॉटी कर दी। कैप्टन साहब ने रामचन्दर को पॉटी साफ करने के लिए कहा। रामचन्दर ने साहब की बच्ची की टट्टी उठाने से इनकार कर दिया। कैप्टन कपूर ने सब मेहबानों के सामने उसे कहाँ- जात का चूहडा और टट्टी उठाने में शर्म आती है। तुम्हारे पुरखे पुश्तों से हम लोगों की टट्टी की टोकरी सिर पर उठा रहे है।"[6]रामचन्दर कठोर परिश्रम है। रामचन्दर ने कठिन परिश्रम कर कैप्टन कपूर को दौड़ प्रतियोगिता में पराजित कर देता है। साथ ही एशियाई प्रतियोगिता के लिए सेना के प्रतिनिधी के रूप में रामचन्दर चुना गया है। उसे गाली देते थे। हत्या के रात भी वे मोटर सायकल पर आये थे और उसकी आत्मा पर चोट करके उन्होंने यह कहा था, "चिट्टे चूहडे! ह राम की सट्ट! तेरी माँ जरूर किसी कपूर या वर्मा के साथ सोई होगी।"[7]

अफसरी सभ्यता : नई शोषण मूलक उच्चवर्णीय सभ्यता : 'कोर्टमार्शल' नाटक में स्वदेश दीपक ने अफसरी सभ्यता के साथ-साथ नई शोषण मूलक उच्चवर्णीय सभ्यता का चित्रण किया है। उच्चवर्णिय व्यवस्था का नया रूप हमारी समकालीन अफसरी सभ्यता में देखा जा सकता है। उच्चवर्णिय वर्ग अपने से नीचे वाले वर्ग का अपना गुलाम समझता है और उसे गुलाम बनाए रखने के लिए अपने वर्गीय भाईयों से षड्यंत्र में योगदान देकर भाईचारा निभाता दिखाई देता है। प्रस्तूत नाटक में जवान रामचन्दर और मिसेज कपूर का शोषण मात्र कैप्टन कपूर ने ही नहीं किया। उसमें सुबेदार बलवान सिंह, डॉ. गुप्ता, सी. ओ. कर्नल रावत आदि का किसी न किसी रूप में योगदान रहा है। अगर कैप्टन कपूर ने देखा कि रामचन्दर ने ठीक से उसे सैल्यूट नहीं किया तो बिल्कुल ठीक देखा होगा। अफसर को पनिशमेंट देने का हक है।"[8] कैप्टन कपूर का मेस के शराब के बील का ज्यादा आना। कैप्टन कपूर का मिसेज कपूर को इस कदर पीटा की उसका सर फट जाता है लेकिन रिपोर्ट तैयार की जाती है, उसका पैर फिसल जाने की। सीओ साहब ने भी इस बात को सत्य मान लिया ज्योकि गलत है। कैप्टन बिकाशराय का मत यह है कि, "पैर पत्नी का फिसलता है हमेशा, पति का कभी नहीं। घर की आग भी बड़ी सयानी होती है। हमेशा बहू को लगती है। बेटी को कभी भी नहीं।"[9] मिसेज कपूर ने पति कैप्टन कपूर के विरोध में सिविल पुलिस को केस देना चाहती है पर रेजिमेंट में एक भाईचारा निभाया जाता है। मिसेस कपूर को अपने माता-पिता के घर जाना, आश्रय लेना, फौजी को अपने घर का नौकर बनाना, कहे तो अफसरी सभ्यता का कानूनी अधिकार है।

कानून और व्यवस्थागत अन्याय:-कोर्टमार्शल' नाटक कानून व्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था का ढाँचा तथा समाज को मिलनेवाले न्याय की चर्चा के साथ चलता है। 'लोकतंत्र' हमारे देश की बूनियाद है। इसलिए सबको जीने के और न्यायिक दृष्टि से अगर शोषण हो रहा हो तो संविधान के मार्ग से इस पूरी व्यवस्था से विरोध करने के तरीके बताए है। सरकारी वकील मेजर पूरी यह कहते है कि, "रामचन्दर के साथ जुलम हुआ। अगर हुआ भी है तो ऐसे समाज में, जो कानून और नियमों पर टिका हो, विरोध करने के कई और तरीके हैं, बहुत से रास्ते है। समाज में निजी गुस्से और प्रतिकार के लिए कभी कोई जगह नहीं होती। रामचन्दर अपने कमांडिंग अफसर से शिकायत कर सकता था। आर्मी चीफ से शिकयत कर सकता था।"[10] विरोध या शिकायत के रास्ते है पर उन रास्तों से चलते न्याय मिल सकता है। अधिकारों का हनन करे यह ठीक नहीं है। विरोध की बात तो ठीक है पर सोचने के स्थर, उनको अपनी शक्ति, टेलेंट दिखाने का तक मौका नहीं मिले इसकी तक भरसक कोशिश रामचन्दर के प्रति निर्माण करते है, ऊँची अफसर व्यवस्था। 'कोर्टमार्शल' नाटक में रामचन्दर निम्नवर्ग का शोषित वर्ग का प्रतिनिधी है। बचाव पक्ष का वकील कैप्टन बिकाशराय समकालीन व्यवस्था से झुजती हुई सत्याग्रही चेतना का के प्रतिक है।

निष्कर्ष :कोर्टमार्शल में सामंती प्रवृत्ति द्वारा शोषित वर्ग का होने वाला शोषण और समकालीन स्थिति पर प्रहार किया है।नारी भले ही सामंती परिवार की हो पर सामन्ती परम्परा की विचारधारा के इस प्रवाह में अपमानित, पीड़ित, प्रताड़ित एवं अत्याचारित होती दिखाई देती है।कानुन और व्यवस्था तथा न्याय एक अंतहीन रास्ते पर निरर्थक यात्रा, उसी प्रकार गवाह और सबूतों के बीच अर्धसत्य पर खड़ी है।हमारी न्याय व्यवस्थाएँ, अन्तरात्मा का विवेकशील न्याय जो एक सत्य कोर्टमार्शल में है।रामचन्दर पर हो रहे कोर्टमार्शल की एक-एक कड़ी, पूरी घटना एवं मानवीय स्वभाव से जुड़ी सारी भावभावनाएँ मौजूदा सामाजिक ढाँचे को खड़ा कर, हो रहे अन्याय और पूरी व्यवस्था ही सबके सामने खड़ी

*****

सन्दर्भ :-

1. स्वदेश दीपक, कोर्टमार्शल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पहला सं. पृ. 27
2. वही, पृ. 33
3. वही, पृ. 82
4. वही, पृ. 82
5. वही, पृ. 76
6. वही, पृ. 78
7. वही, पृ. 89
8. वही, पृ. 59
9. वही, पृ. 65
10. वही, पृ. 90

आदिवासी विमर्श

आदिवासी साहित्य:मानव-सभ्यता के स्वाभाविक विकास का दस्तावेज

प्रदीप कुमार ठाकुर
मूल्यांकक,केंद्रीय हिंदी निदेशालय
नई दिल्ली-110066 मो.9330561518

विमर्श मूलतः उत्तर आधुनिकतावादी प्रत्यय है जिसका मतलब है जीवंत बहस या चिंतन। इन विमर्शों का जन्म उन आंदोलनों की कोख से हुआ जो मूल रूप से अस्मिता पर आधारित थे और जिनका लक्ष्य पीड़ित,शोषित,घृणित,उपेक्षित तथा सर्वहारा वर्ग के लिए संघर्ष करना था। इन विमर्शों ने वर्चस्ववादी शक्तियों की सत्ता और उनके द्वारा बनाए गए प्रतिमानों को नकार दिया तथा अपनी अनुभूति-आधारित लेखन का नया ढांचा खड़ा किया।इसी की तरफ इशारा करते हुए सत्यप्रकाश सिंह अपने लेख 'अस्मिता-विमर्श के बीच वर्गीय नजरिए की प्रासंगिकता' नामक लेख में कहते हैं कि- ''उत्तर-आधुनिक अस्मिता विमर्शों ने कुछ ऐसे 'नजरियों' और 'दृष्टियों' को सामने रखा है जिनसे अपने समय और समाज को और भी ज्यादा लोकतांत्रिक तरीके से देखने की वैचारिक तमीज आज पैदा हुई है।राजनीतिक तौर पर एक लोकतांत्रिक देश में रहने का मतलब यह कतई नहीं कि सामाजिक-पारिवारिक जीवन में भी लोकतांत्रिकता को हासिल किया जा चुका हो।स्त्री,दलित,आदिवासी,मुस्लिम आदि नजरियों ने हमारे सामाजिक-आर्थिक जीवन और राष्ट्रीय-वैचारिक जीवन में समायी हुई अलोकतांत्रिकताओं और प्रभुत्ववादी प्रवृत्तियों को सामने ला खड़ा किया है।''1उपरोक्त उदाहरण में जिस वैचारिक तमीज की चर्चा की गई है ,वह असल में अपने समय और समाज को अलग दृष्टिकोण से देखने की एक नई चेतना है। इसी चेतना शक्ति के फलस्वरूप अस्मितामूलक विमर्शों का प्रस्फुटन हुआ।वर्तमान दौर विमर्शों का है। आज साहित्य की तमाम विधाओं के जरिए उन अस्मिताओं को व्यापक जनस्वीकृति मिल रही है जो वर्चस्ववादी शक्तियों के तले दबकी हुई सिसक रही थी और अपनी अभिव्यक्ति के लिए संघर्षरत थी।स्वतंत्रतापूर्व तथा स्वातंत्रोयत्तर भारत में ऐसे कई आंदोलन उभरे जिन्होंने अस्मितामूलक विमर्शों को नई गति दी जिससे विमर्शवादी मुद्दों को ठोस जमीन मिली। फलस्वरूप हिंदी भाषा एवं साहित्य के क्षितिज का विस्तार हुआ और नए संदर्भों ,विषयों तथा नई संकल्पनाओं ने आकार ग्रहण किया।

हाशिए के इन विमर्शों का अपना एक स्पष्ट मत है कि अब तक जो लिखा गया है उनमें उनकी उपस्थिति नाममात्र की है और कहीं -कहीं तो उनका इतिहास एक सिरे से गायब है।राजेंद्र यादव जी का भी यही मानना है ('दलित साहित्य बौद्धिक विमर्श के केंद्र में है' लेख) इसलिए वे कहते हैं, ''मैं बार-बार लिख चुका हूँ कि हमारा अब तक का साहित्य केवल एक खास वर्ग का लिखा और एक खास वर्ग को संबोधित साहित्य है। साहित्य का मतलब यदि सहित है तो उसको समाहित करना चाहिए''2। सचमुच अगर साहित्य में समूचे समाज की ध्वनियों,संवेगों तथा लेखन को अंगीकार करने की उदारता नहीं है तो वह साहित्य के असली मानदंडों पर खरा नहीं उतर सकता। ऐसा वर्षों से होता रहा है किंतु विमर्शवादी लेखन ने इसे चुनौती दी तथा इस परिपाटी को प्रश्नों को कटघरे में खड़ा किया है। समकालीन लेखन में आज उन दबी-कुचली आवाजों की भी प्रतिध्वनि सुनाई दे रही है,जिन्हें साहित्य की तथाकथित मुख्यधारा में अब तक सम्मानजनक जगह नहीं मिल सकी थी।अपने लेख 'उत्तरशती के विमर्श का आख्यान' में चंद्रभान सिंह यादव इसी परंपरा की तरफ इशारा करते हुए रेखांकित करते हैं कि, ''आजादी के सत्तर वर्ष बाद भी देश का बड़ा समुदाय हाशिए पर पड़ा है। जिनमें दलित,आदिवासी,स्त्री,अल्पसंख्यक मुख्य हैं।समाज वैज्ञानिक-साहित्यकार इन पर गंभीरता से चिंतन,लेखन कर रहे हैं।स्त्री,दलित,आदिवासी विमर्श साहित्यिक प्रवृत्ति मात्र नहीं है अपितु सदियों से हाशिए पर डाले गए समाज की आवाज है। यह श्रमशील समाज न सिर्फ सुविधाहीन अपितु आदिकाल से अपने अधिकारों से वंचित रहा है।''3 आज यह श्रमशील समाज और उसका साहित्य चढ़ाव पर है,जिसे कतई नजरंदाज नहीं किया जा सकता।हिंदी भाषा और साहित्य में उनकी सशक्त उपस्थिति लगातार दर्ज हो रही है। हिंदी की तमाम पत्र-पत्रिकाएं तथा पुस्तकें इन विमर्शों को यथोचित स्थान दे रहीं हैं जिससे एक सामासिक और बहुलतावादी लेखन संस्कृति का निर्माण हो रहा है। हिंदी भाषा और साहित्य में भी अस्मिता आधारित लेखन को पर्याप्त तरजीह दी जा रही है। इससे न केवल पुरानी साहित्यिक मान्यताएं और परंपराएं टूट रहीं हैं बल्कि इससे साहित्य में नए विषयों,संदर्भों तथा लेखन की नई दिशाएं मिल रही हैं। आदिवासी साहित्य एक ऐसा ही अनछुआ कोना है जिसपर इधर लोगों का थोड़ा बहुत ध्यान गया है।'आदिवासी' शब्द का शाब्दिक अर्थ है –'आदिम युग में रहने वाली जातियाँ',आदिम जातियाँ अथार्त मूल निवासी,जीवन के मौलिक स्वरूप की संरक्षक जातियाँ,प्रकृति की आराधकामूलतः यह वे जातियाँ हैं जो लगभग 5000 वर्ष पुरानी भारतीय सभ्यता को संजोये हुए हैं।पिछली दो सदियां आदिवासी विद्रोहों की गवाह रही हैं।इस विद्रोहों से रचनात्मक ऊर्जा भी निकली,लेकिन वह मौखिक ही अधिक रही। भद्र समाज के उदासीन रवैये और संचार माध्यमों के अभाव के कारण उनकी अनुगूँज हमें सुनाई नहीं पड़ी। साहित्य में आदिवासी जीवन की प्रस्तुति की इस पूरी परंपरा को हम समकालीन आदिवासी साहित्य की पृष्ठभूमि के तौर पर देख सकते हैं।आदिवासी लोक में साहित्य सहित विविध कला -माध्यमों का विकास तथाकथित मुख्यधारा से पहले हो चुका था,वहाँ साहित्य सृजन की परंपरा मूलतः मौखिक रही। जंगलों में खदेड़ दिए जाने की बाद भी आदिवासी समाज ने इस परंपरा को अनवरत जारी रखा। ठेठ जनभाषा में होने और सत्ता प्रतिष्ठानों से दूरी की वजह से यह साहित्य उपेक्षित ही रहा।आदिवासी मामलों के जानकार हरिराम मीणा इस संदर्भ में लिखते हुए अपने लेख 'आदिवासी साहित्य के सवाल' नामक लेख में कहते हैं कि, ''मुख्यधारा के हिंदी साहित्य में अगर आदिवासी विषयवस्तु की तलाश किया जाए तो वह बहुत काम मिलेगी और असल रूप में तो नहीं। जब लोक को ही पहली बार कथा साहित्य में मुंशी प्रेमचंद के यहाँ स्थान मिल और कविता में निराला और उसके तुरंत बाद नागार्जुन-त्रिलोचन -केदार बाबू की त्रयी में,तो आदिवासियों की सुध लेने वाला कहाँ मिलेगा?''4 समकालीन आदिवासी लेखन और विमर्श की शुरुआत 1991 के बाद से मानी जा सकती है। नई आर्थिक नीतियों ने आदिवासी शोषण-उत्पीड़न की प्रक्रिया तेज की ,इसलिए उसका प्रतिरोध भी मुख्य हुआ। प्रतिरोध का स्वर राष्ट्रीय था,इसलिए प्रतिरोध से निकली रचनात्मक ऊर्जा देशभर में फूटी।इसके फलस्वरूप आदिवासी साहित्य लेखन आरंभ हो गया। स्त्री और दलित विमर्श के बाद रचनाकारों और आलोचकों ने अपना रुख आदिवासी साहित्य की तरफ केंद्रित किया।हालांकि इस विषय पर प्रमुखता से जो लिखा गया उस लेखन में उन्हीं लेखकों की प्रमुखता थी जो या तो नौकरी अथवा स्थानांतरण के कारण किसी आदिवासी बहुल क्षेत्र में रहे थे।उस लेखन में भी कहीं-कहीं उन्हें बहुजन के नाम पर दलित समाज का हिस्सा बताकर उनकी असल समस्याओं को 'रीड्युस' किया गया।आदिवासी साहित्य के व्यापक सरोकारों को विशेष महत्त्व नहीं मिला। इस संबंध में वीर भारत तलवार लिखते हैं,''आदिवासी साहित्य का मतलब अगर यह है कि आदिवासियों के सवालों को उठाया जाए और उनके हाल के लिए विचार-विमर्श किया जाए तो यह विमर्श शुरू हो चुका है।हालांकि वह दलित और स्त्री-विमर्श की तरह व्यापक रूप नहीं ले सका है।लेकिन असली सवाल तो यही है कि यह आदिवासी विमर्श कहाँ और किनके बीच चल रहा है?वास्तव में यह विमर्श आदिवासियों से सहानुभूति रखने वाले उनके हमदर्द बुद्धिजीवियों,मानवाधिकार कार्यकर्ताओं आदि गैर आदिवासियों के बीच चल रहा है न कि खुद आदिवासियों के अंदर।''[5] शुरू में आदिवासी समाज के बीच से अपने 'स्वयं' के बारे में लिखने वालों की तादाद बहुत कम थी। अब स्थितियाँ बदलीं हैं।अब चेतना संपन्न एक ऐसी पीढ़ी सक्रिय है जो अपने समाज की वास्तविकताओं से परिचित है तथा खुलकर अपने 'मन की बात' निर्भीकतापूर्वक सबके सामने रख रही हैं।इससे एक नई इबारत गढ़ी जा रही है। भारत में मान्यताप्राप्त जनजातीय समुदायों की

संख्या 600 से भी अधिक है। इस जनजातीय समूहों की जीवन-प्रणाली,उनके आचार-विचार ,संस्कृति,परंपराएं एवं धार्मिक मान्यताएं अलग-अलग हैं । परंतु इतनी भिन्नताओं के बावजूद भी उनके जीवन क्रम ,रहन-सहन एवं सांस्कृतिक विकास में कुछ समानताएं हैं और इन समानताओं के आधार पर ही इन समुदायों को सम्मिलित रूप से आदिवासी कहा जाता है । इनकी सामुदायिक जीवन पद्धति,भोजन और अन्य जरूरतों के लिए वन,भूमि और जल -स्रोतों पर निर्भरता,जाति प्रथा का अभाव आदि ऐसी प्रवृत्तियाँ है जो इन्हें एक सूत्र से जोड़ती हैं। आज पूरे देश के आदिवासी बहुल इलाकों जैसे मध्यप्रदेश, उत्तराखंड,छत्तीसगढ़,झारखंड और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आदिवासी साहित्य लिखा जा रहा है जो न केवल हिंदी साहित्य को समृद्ध कर रहा है बल्कि विविध भारत के विविध रंगों की छटा भी बिखेर रहा है।आदिवासी साहित्य मूलतः आदिवासी दर्शन पर आधारित साहित्यिक आंदोलन है जिसका मुख्य स्रोत आदिवासी परंपरा और संस्कृति है।इसकी मूल प्रवृत्ति है- प्रकृति के साथ अटूट संबंध और गीत-संगीत में रचा बसा जीवन । इस साहित्य पर चर्चा करते हुए गंगासहाय मीणा कहते हैं कि, ''आदिवासी भाषाओं में रचित साहित्य और मौखिक परंपरा आदिवासी साहित्य का मूल स्रोत है। सिर्फ हिंदी में लिखित-मुद्रित आदिवासी संबंधी लेखन को आदिवासी साहित्य कहना उचित नहीं है।मौखिक साहित्य इसका मूलाधार है।आदिवासी साहित्य की परंपरा को तीन भागों में बांटकर समझा जा सकता है-1. पुरखा साहित्य 2.आदिवासी भाषाओं में लिखित साहित्य की परंपरा 3.समकालीन आदिवासी लेखन।''6असल में आदिवासी साहित्य का लोकवृत्त बहुत विस्तृत है जिसकी निर्मिती प्रकृति के बीच हुई है ।प्रकृति आदिवासी जीवन और संस्कृति का मूलाधार है। यही कारण है कि एक बहुत बड़ा हिस्सा मौखिक परंपरा के रूप में उनके यहाँ यहाँ सुरक्षित है।इसके उद्घाटन से ही आदिवासी संस्कृति को उसकी समग्रता में समझा जा सकता है ।आज आदिवासी लेखक - लेखिकाओं की पीढ़ी इस कार्य में संलग्न है जिसके फलस्वरूप इस साहित्य का निरंतर विस्तार हो रहा है।इस क्रम में निर्मला पुतुल,सरिता बड़ाइक,वंदना टेटे,ग्रेस कुजूर,महादेव टोप्पो,अनुज एकलव्य,जसिंता केरकेट्टा,बलदेव मुंडा,हरिराम मीणा,रोज केरकेट्टा,एलिस एक्का,वाल्टर भेंगरा,पीटर पौल एक्का ,मंगल साइ मुंडा अनुज लुगुन, वासवी किड़ो वासवी,सुनील मिंज,अल्मा ग्रेस बारला,ममंग दई,जोराम नाबाम यालम, दयामनी बारला,मोरजुम लोयी,जमुना बिनी आदि उल्लेखनीय नाम हैं।कविता,कहानी,नाटक,उपन्यास और आलोचना में प्रमुखता से लेखन हो रहा है।आदिवासी लेखिका और 'अखड़ा' पत्रिका की संपादक वंदना टेटे के इस कथन से इस साहित्य के बढ़ते प्रभाव को समझा जा सकता है।वह कहती हैं- ''आदिवासी साहित्य अब मुख्यधारा के विमर्श में है ।आजादी के लगभग सात दशक बाद वह भारतीय समाज,जो शक्ति संरचना में शीर्ष पर है, ने आखिरकार एक लंबे संघर्ष के बाद आदिवासी साहित्य को भी साहित्य मानने के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दिया है।तैयार इसलिए क्योंकि अभी उसने पूरी तरह से आदिवासी साहित्य को स्वीकार नहीं किया है।पर इसकी शुरूआत हो गई है और इस शुरुआत के साथ ही हमारी चुनौतियाँ पहले से ज्यादा बढ़ गई हैं।''7इसमें कोई संदेह नहीं कि अब स्वयं आदिवासियों द्वारा अपने समय,समाज और हालात को अपनी भाषा और अपनी नजर से व्यक्त किया जा रहा है।इसलिए अब इसका अध्ययन एक प्रमुख विषय के रूप में भी किया जा रहा है।इस साहित्य के प्रचार-प्रसार में बहुत सारी पत्र-पत्रिकाएं भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।वंदना टेटे द्वारा संपादित 'झारखंडी भाषा साहित्य संस्कृति 'अखड़ा', जनक सिंह मीणा द्वारा संपादित 'अरावली उद्घोष' गंगा सहाय मीणा द्वारा संपादित 'आदिवासी साहित्य',तथा के आर शाह द्वारा संपादित 'आदिवासी सत्ता' तथा मध्य प्रदेश की आदिवासी लोक परिषद की पत्रिका 'चौमासा' इस दिशा में विशेष सक्रिय हैं। 'युद्धरत आम आदमी' ने भी इसमें बहुमूल्य योगदान दिया है।इसके अलावा पुष्पा टेटे 'तरंग भारती', सुनील मिंज 'देशज स्वर' तथा शिशिर टुडु 'झारखंड न्यूज' के माध्यम से आदिवासी विमर्श को बढ़ाने में लगे हैं।'कथाक्रम','समकालीन जनमत' आदि पत्रिकाएं भी अब आदिवासी साहित्य को प्रमुखता से प्रकाशित कर रही हैं।इससे आदिवासी साहित्य का दायरा लगातार बढ़ रहा है।आदिवासी साहित्य की बहुत सी विशेषताएं उसे बाकी साहित्य लेखन से अलग करती हैं।स्त्री और दलित साहित्य में जहाँ 'आत्म' पर जोर है वहीं आदिवासी साहित्य सामूहिकता पर बल देता है।यहाँ परंपरा,संस्कृति,इतिहास,कला से लेकर विद्रोह तक सब कुछ सामूहिक है।इसीलिए यहाँ आत्मकथात्मक लेखन की अपेक्षा समूह आधारित कृतियों की प्रधानता है। दलित गांव के बाहर प्रस्थापित और बहिष्कृत थे किंतु आदिवासियों के पास जंगल और जमीन दोनों थे। एक तरह से उन्हें सांस्कृतिक और सामाजिक स्वायत्तता प्राप्त थी।दोनों की समस्याएं और दोनों की आवश्यकताएं भी अलग थी। आज भी दोनों की समाज संरचना में मूलभूत अंतर विद्यमान है।उनकी लड़ाई जल,जंगल जमीन की लड़ाई है। उनका अपना एक स्वतंत्र अस्तित्व विद्यमान है जिसके लिए वे संघर्षरत हैं।इसी तरह की धारणाओं का खंडन करती हुई वंदना टेटे अपनी पुस्तक 'आदिवासी साहित्य:परंपरा और प्रयोजन' में आदिवासी साहित्य को लोक साहित्य कहने, उसके शिल्प को अनगढ़ कहने और उसको प्रतिरोध का साहित्य मानने का खंडन करती हैं। गंगासहाय मीणा के शब्दों में कहे तो,''आदिवासीदर्शनसहअस्तित्व,संत,सामूहिकता,सहजीवता,सहभागिता और सामंजस्य को अपना आधार मानते हुए रचाव और बचाव में यकीन करता है। इसीलिए इसमें स्वानुभूति और सहानुभूति के स्थान पर सामूहिक अनुभूति का प्रबल स्वर-संगीत सुना जा सकता है।''8 आदिवासी साहित्य और संस्कृति स्वयं में विशिष्ट हैयह अपने शोषण के विभिन्न रूपों के उद्घाटन और अपनी अस्मिता और अस्तित्व के संकट के खिलाफ उठ खड़े होने वाले प्रतिरोध का साहित्य है।इसके सवाल और इसकी चिंताएं अलग हैं।इसका मानना है कि प्रकृति में जो है,जैसा है:सुंदर है। उसमें बिना किसी बदलाव के भी जिंदा रहा जा सकता है।यही कारण है कि उनके पर्व,त्योहार प्रकृति से प्रभावित रहे हैं और उस संसार में सबके लिए बराबर की जगह है।इसी के प्रभाव स्वरूप उनके चरित्र में भी एक तरह की स्वाभाविकता,सरलता और निश्छलता नजर आती है।असल में आदिवासी समाज का पूरा जीवन ही एक संगीत है जिसकी लय ताल और धुन पर वे एकाग्रचित्त होकर नाचते-थिरकते हैं।उनकी जीवन-शैली में किसी तरह का बनावटीपन नहीं होता।अपनी 'सामान्य' जीवन शैली की विशिष्टता लिए उनका सारा जीवन इस दुनिया को संजने-संवारने और उसे बाहरी ताकतों से बचाने के लिए प्रयासरत रहता है।उनके समूचे जीवन का रस उनकी संस्कृति में निहित है जिससे अलगाकर उन्हें देखा नहीं जा सकता। कला,गीत-संगीत उनके इस सजीव जीवन का अभिन्न हिस्सा है। किंतु आज उसे केवल प्रदर्शन और मनोरंजन की दृष्टि से देखा जा रहा है।इस बारे में बताते हुए वंदना टेटे कहती हैं,"आदिवासी कला परंपराओं में लेखक-गीतकार,संगीतकार,नर्तक और गायक अलग-अलग स्वतंत्र इकाइयां न पहले थी, न आज हैं।मुख्यतः आदिवासी कला परंपरा विविध कला रूपों का एक समुच्चय है,जिसमें सभी कला-विधाओं के साथ-साथ प्रकृति की भी एक प्रमुख और सुनिश्चित भूमिका होती है।"[9] कहना न होगा कि आदिवासी साहित्य अपने परिवेश से अभिन्न रूप से जुड़ा है।अपनी परिवेशगत विशेषता लिए हुए उसने अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है।इसका यही चरित्र उसे बाकी साहित्य से उसे अलग करता है।प्रायः आदिवासी नाचते-गाते हुए समारोहों में दिखते हैं। किंतु उनका यह नाचना-गाना उनके लिए प्रदर्शन का हिस्सा नहीं होता।उसमें उनकी जिजीविषा होती है,उनका संवेग घुला मिला होता है और उनका 'स्व' विद्यमान होता है।इसलिए रुमानीभाव से इसकी व्याख्या करना उचित नहीं होगा। आदवासियों की कला और संस्कृति के संदर्भ में यही बात अनुज लुगुन अपनी पुस्तक 'आदिवासी अस्मिता प्रभुत्व और प्रतिरोध' की भूमिका में कहते हैं।वे कहते हैं,''आदिवासी समाज को देखने का अब तक का आम नजरिया रोमानियत भर रहा है। आदिवासी समाज की अलग सांस्कृतिक विशिष्टता की बात करते हुए बाहरी समाज उस पर रीझ तो जाता है लेकिन वही समाज जब अपनी उसी विशिष्टता की साथ जीने के लिए अपने हक की मांग करता है तो उसे असामाजिक और अतार्किक माना जाता है।"[10] असल मुद्दा यही है जिसे अनुज लुगुन ने उठाया है। आदिवासी अपनी सांस्कृतिक विशिष्टताओं के साथ रहने चाहते हैं किंतु व्यवस्था को यह मंजूर नहीं।अपनी तमाम खूबियों और अनूठेपन के बावजूद आदिवासी समाज में भी कुछ न्यूनताएं मौजूद हैं जिसका रेखांकन जरूरी है और जिसे आदिवासी रचनाकारों ने अपने साहित्य में उठाया भी है।वह समस्या है पितृप्रधान समाज में पुरुषसत्ता का वर्चस्व। हालांकि आदिवासी समाज मातृप्रधान है जिसमें श्रम के आधार पर स्त्री को यथोचित सम्मान मिला हुआ है। बावजूद इसके कई परिवारों में पुरुष का हुकूम ही चलता है। वह स्त्री को मारता

पीटता है उसपर नशे की हालत में जुल्म करता है और स्त्री सब कुछ सहते हुए भी चुप रह जाती है। मोरजुम लोयी का उपन्यास 'मिनाम' एक ऐसी ही रचना है जो स्वयं लेखिका के जीवन पर आधारित है।इस उपन्यास में वे एक जगह कहती हैं, "यामी रोटी-बिलखती रही पर उसकी सुननेवाला कोई नहीं था। यामी के हाथ-पैर बांधकर एक अंधेरे बंद कमरे में बंद रखा गया। तातुम बाहर जाता, नशे में आकर यामी पर लात-घूसों से वार करता और गालियां देकर चला जाता है।यामी हाथ जोड़कर रहम की भीख माँगती रही,पर तातुम पर कुछ असर नहीं हुआ।"11 देखा जा सकता है कि आज भी आदिवासी समाज में औरतों की स्थिति में मूलभूत बदलाव नहीं आया है।यामी नामक पात्र के रूप में स्वयं लेखिका ने अपना दुख इस उपन्यास में व्यक्त किया है।किंतु प्रायः माना जाता है कि आदिवासी समाज मातृप्रधान समाज है जहाँ स्त्रियों को विशेष रुतबा प्राप्त है।परंतु हकीकत इससे इतर है।अपने लेख 'आदिवासी साहित्य की परंपरा' में डॉ इसपाक अली इसी तरफ इशारा करते हुए कहते हैं कि "इसका अर्थ यह नहीं कि आदिवासी स्त्री को कोई दुःख ही नहीं है या कि आदिवासी स्त्री पूरी तरह स्वतंत्र हैं।ऐसा भी नहीं है। स्त्रियों के मामले में सभी समाज पिछड़े हैं। हिंदू-मुस्लिम धर्म तो इस बाबत बहुत ही अलग हैं। दरअसल प्रश्न पुरुष प्रधान संबंध का है। आदिवासी समाज भी अधिकतर सभी मायने में पुरुष प्रधान ही है।"12असलियत यही है कि कमोबेश हर समाज में पुरुष वर्चस्व का बोलबाला है। यह अलग बात है अभी भी आदिवासी समाज में स्त्री की उतनी दर्दशा नहीं है जितनी तथाकथित 'सभ्य' समाज में है। उदारीकरण और भूमंडलीकरण के बाद आदिवासी समाज बहुत तेजी से बदल रहा है। यह बदलाव भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर हो रहा है। विकास की नई व्याख्या में उन्हें असभ्य बताकर एक 'नए भारत' के मिजाज से ढ़ालने की कोशिशें जारी हैं।इसके फलस्वरूप उनपर दोहरी मार पड़ रही है।एक तरफ तो उन्हें विकास की कीमत पर विस्थापित होकर अपनी जड़ों से कटना पड़ना पड़ रहा है दूसरी तरफ भाषा,संस्कृति,रहन-सहन के स्तर पर भी एक अलग परिवेश में समायोजित होने के लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।इस संदर्भ में आदिवासी लेखक महादेव टोप्पो का यह कहना वाजिब है जहाँ वे अपने लेख 'तथाकथित सभ्य समाज अपना दृष्टिकोण आदिवासियों पर न थोपे' में कहते हैं कि,"उपनिवेशवादियों और पूंजीवादियों को आदिवासियों की एकजुटता और सामूहिकता के बने रहने से डर लगता है।इस कारण उन्होंने बहुत ही सुनियोजित ढंग से आधुनिकता की नाम पर विकास,शिक्षा,स्वास्थ्य के नाम पर उनकी समृद्ध परंपरा और विरासत का नाश कर दिया।दुःख है कि आज भी ऐसा कर रहे हैं। इस तरह लोकगीत,लोककथा बचाने की जो सशक्त परंपरा समाज में थी,वह कड़ी टूट गई।"13 महादेव जी ने सत्ता की सही नब्ज पकड़ी है। असल में सत्ता की लालची निगाहें उनके आशियाने को संसाधन के नजरिए से देख रहीं हैं जिसके कारण उनपर विकास का बुलडोजर चलाया जा रहा है।जल,जंगल और जमीन के उनके अधिकारों को हड़प कर उन्हें अपनी ही जमीन से बेदखल किया जा रहा है।इसी व्यथा से उपजी टीस का वर्णन आदिवासी साहित्य में मिलता है।लोक साहित्य को अपने में समेटे हुए इस साहित्य में एक साथ रहने वाले समुदायों के सामूहिक जीवन के विविध अनुभव गुंफित हैं जिन्हें अलगाया जाना संभव नहीं है।आदिवासियों के लिए काम करने वाली रमणिका गुप्ता कहती हैं कि "आदिवासी साहित्य मुद्दों पर आधारित प्रकृति, स्त्री और दूसरे कमजोर लोगों के अधिकारों की आवाज उठाने वाला प्रतिबद्ध,परिवर्तनकामी तथा संकल्पबद्ध साहित्य है।"14आज आदिवासी साहित्य प्रचुरता से लिखा जा रहा है।आदिवासी परिवेश में जन्मीं नई पौध लगातार अपने लेखन से साहित्य को नई-नए अनुभवों से समृद्ध कर रही है।प्रायः हर शिक्षण-संस्थान के पाठ्यक्रम में आदिवासी साहित्य को तरजीह मिल रही है।इससे न केवल उनके बारे में शेष समाज को जानकारी मिल रही है बल्कि इसके समानांतर उनके कष्टों और संघर्षों से जुड़कर प्रतिरोध की एक नई संगठित चेतना का प्रचार-प्रसार भी हो रहा है। डॉ इसपाक अली आदिवासी साहित्य के मर्म को पहचानते हुए अपने लेख 'आदिवासी साहित्य की परंपरा' में ठीक ही कहते हैं कि "आदिवासी साहित्य आत्म-सम्मान का संघर्ष मात्र नही है,इसमें विकास,विस्थापन,कहीं पर पिछड़ जाने या हार जाने के बावजूद धूल झाड़कर उठ लेने के बाद पुनः संघर्ष करने की आकांक्षा भी है। जीवन को हर तरीके से बेहतर बनाने की जबरजस्त ललक है। जंगल,पहाड़ की हरियाली,खेत-खलिहान के अन्न बचाने,नई परिस्थितियों में खुद को खोजने एवं पारिभाषित करने की आकांक्षा इसमें समाहित है।"15 यही कारण है कि आदिवासी साहित्य का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है।इसके विभिन्न पहलुओं पर लगातार शोध चल रहा है।इसकी परंपरा से जुड़ें मौखिक तथा लुप्तप्रायः साहित्य को खोजने,पहचानने और सहेजने की कोशिशें की जा रही हैं। अभी इस दिशा में और भी प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसकी संभावनाओं पर चर्चा करते हुए अपने लेख 'आदिवासी साहित्य की उपस्थिति' में नवल शुक्ल ठीक ही कहते हैं कि "आदिवासी चेतना रागात्मकता,प्रकृति,पर्यावरण,पारंपरिक और स्थानीय ज्ञान तथा अभिव्यक्ति की सहजता जब लेखन के माध्यम से आयेगी तो जाहिर है साहित्य का जीवद्रव्य सघन होगा और जिजीविषा से भरापूरा भी।साहित्य में अभिव्यक्ति और कहन के नये आयाम आयेंगे। साहित्य की सृजनात्मकता में जो एकरूपता,जड़ता हो सकती है,वह ढीली होगी। कथ्य,कहन और भंगिमा से सृजनात्मक भूमि और क्षितिज का विस्तार होगा। अनजाने मिथ,कथानक, विभ्रम और यथार्थ से हिंदी साहित्य समृद्ध होगा।"16 कहना न होगा कि आदिवासी साहित्य भविष्य का साहित्य है।इस साहित्य में संवेदनशील समाज के लिए बहुत कुछ है जिसे ग्रहण किया जा सकता है। इस साहित्य के बहुत से अनछुए पक्षों का अध्ययन और उसमें गंभीरतापूर्वक शोध किया जाना अपेक्षित है।

साहित्य का एक बड़ा काम अपने जीव-जगत का प्रतिबिंबन तो है ही साथ ही साथ उसके ऊपर एक गुरुतर दायित्व भी है कि वह उन आवाजों को भी प्रमुखता से उठाए जो सभ्यता के विकासक्रम में दबा दी गई थीं।आदिवासी साहित्य एक ऐसा ही कोना है जिसने न केवल अपनी लेखनी से दबे-कुचले,अनजान और सभ्यता के बोझ तले कराहते जनसमुदाय की आवाज़ को प्रमुखता से रेखांकित किया है बल्कि साहित्य में अपने नए अनुभव जोड़कर उसे सजीवता और जीवंतत भी प्रदान की है।अतएव एक सम्यक लोकतांत्रिक समाज को स्थापना की दिशा में आदिवासी साहित्य के योगदान का रेखांकन महत्त्वपूर्ण ही नहीं आवश्यक भी है।

******

संदर्भ-ग्रंथ:–

1. नया पथ- सं-मुरली मनोहर प्रसाद सिंह,जुलाई 2016-मार्च 2017(संयुक्तांक),वर्ष-31,पृष्ठ-259
2. भारतीय दलित साहित्य परिप्रेक्ष्य-सं- पुन्नी सिंह,कमला प्रसाद,राजेन्द्र शर्मा,वाणी प्रकाशन,2017, पृष्ठ-280
3. अपेक्षा -सं-तेज सिंह ,जुलाई-सितंबर 2008,वर्ष-7,पृष्ठ-32
4. 'सभी सत्ताधारी आदिवासियों के आदिवासीपन से डरते हैं'-वीर भारत तलवार,केदार प्रसाद मीणा से बातचीत, कथाक्रम(विशेषांक:आदिवासी समाज और साहित्य),अंक-50,अक्तूबर-दिसंबर-2011,पृष्ठ-14
5. आदिवासी चिंतन की भूमिका-गंगासहाय मीणा,अनन्य प्रकाशन,पृष्ठ-46
6. 'मुख्यधारा के मुहावरे और आदिवासी विमर्श' संपादकीय से,झारखंडी भाषा साहित्य,संस्कृति अखड़ा,त्रैमासिक,मार्च-मई 2013,अंक-1,पृष्ठ-1
7. आदिवासी चिंतन की भूमिका-गंगासहाय मीणा,अनन्य प्रकाशन,पृष्ठ-91
8. आदिवासी साहित्य:परंपरा और प्रयोजन-वंदना टेटे,प्यारा केरकट्टा फाउंडेशन,पृष्ठ-9
9. आदिवासी अस्मिता:प्रभुत्व और प्रतिरोध(समय से संवाद-6)-सं-अनुज लुगुन,शृंखला सं-किशन कालजयी अनन्य प्रकाशन,2018, पृष्ठ-xi
10. मिनाम-मोरजुम लोयी,बोधि प्रकाशन,2020,पृष्ठ-42
11. हिंदी में आदिवासी साहित्य-डॉ इसपाक अली,साहित्य संस्थान,2020,प्रथम संस्करण,पृष्ठ-64
12. वागर्थ-सं-शंभुनाथ,अप्रैल 2022,अंक-28, पृष्ठ-
13. युद्धरत आम आदमी-सं-रमणिका गुप्ता,दिसंबर 2005,पृष्ठ-12
14. हिंदी में आदिवासी साहित्य-डॉ इसपाक अली,साहित्य संस्थान,2020,प्रथम संस्करण,पृष्ठ-70
15. तद्भव(दलित वैचारिकी की दिशाएं)-सं-अखिलेश,अतिथि सं-बद्री नारायण पृष्ठ-126.

भगवान गव्हाडे की कविता में आदिवासी जीवन

डॉ. वासंती. जे
सह आचार्य, हिंदी विभाग
सरकारी ब्रन्नन कॉलेज धर्मडम,तलश्शेरी

समकालीन साहित्य में कई प्रकार के नये विमर्श हमारे सामने दिखाई देते है। हम जानते है कि दलित स्त्री जैसे कई अपरिष्कृत वर्ग हैं जिनको अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ रहा है। जब दलितों ने अपनी आवश्यकताओं की मांग की तब दलित विमर्श उभर आया। सिर्फ दलित और स्त्री ही नही ऐसी कई लघु संस्कृतियों भी हैं जिन्होने अपनी अस्मिता की तलाश के लिए निरंतर संघर्ष किया है। वैश्वीकरण और औपनिवेशिक दौर ये दोनों ऐसी मूलभूत चीपेटे जिनके परिदृश्य में स्त्री, दलित, आदिवासी किसान और स्थानीय जातीय समुदाय खास तौर पर मुखर हैं। वैश्वीकरण के इस चुनौतीपूर्ण समय में हमारे लिए यह आवश्यक सिद्ध हो जाता है कि भारत के विभिन्न समाज समुदाय और संस्कृतियाँ एक दूसरे को समझने का प्रयत्न करें। हर सोच और संस्कृति में अस्मिता का पुनर्निर्माण करने का स्पेस होना चाहिए। कोई भी आन्दोलन चाहे वह दलित हो या स्त्री या आदिवासी सबमें एक विज़न होता है। उसमें कोई ऐसी बात नही होती जिसे असंगत माना जाए। हर एक विमर्श तभी सार्थक बनता है जब उसका सामुदायिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है।

आदिवासी का शाब्दिक अर्थ है – आदम युग में रहने वाली जातियाँ। ये मूलत: वे जातियाँ है जो लगभग 5000 वर्ष पहले भारत में रहते ये उन्हें भारत के मूलनिवासी कह सकते हैं। पाँच हज़ार वर्ष पूर्व के भारतीय सभ्यता को संभाले हुए है ये लोग। कहा जाता है कि औपनिवेशिक युग के पर्व आदिवासियों की अपनी अलग सत्ता थी। जल, जंगल, ज़मीन और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर उनका पूरा हक था। परन्तु जैसे जैसे सामन्तवादी ताकतें बढ़ती गयी औपनिवेशिक सत्ताएँ भी बढ़ती गयी। उनके अत्याचार भी बढ़ते गए। वैश्वीकरण ने सामन्तवादी संस्कृति को कभी मिटाया नही बल्कि बढ़ाया है। इसी कारण औपनिवेशिक दौर ने भारत के आदिवासियों की जीवनशैली संस्कृति परंपरा आदि को बुरी तरह से प्रभावित किया। औपनिवेशिक दौरी साम्राज्यवादी ताकतों ने आदिवासियों के हाथ से उनके संसाधनों को हडप लिया। उनकी ज़मीन उनके हाथ से छीन ली। इसी कारण अपनी अस्मिता को बरकरार रखने के लिए आदिवासियों को बहुत बड़ा संघर्ष करना पड़ा।

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासियों का योगदान नामक लेख में डॉ. जनक सिंह मीना और डॉ. कुलदीप सिंह मीना ने भारतीय इतिहास के संदर्भ में आदिवासियों के योगदान को परखने की कोशिश की है। वे इस लेख में यहीं साबित करते है कि भारत के मूलनिवासी आदिवासी समुदाय शोषण की ब्रिटीश सत्ता को स्वीकार नही किया। भारत का आदिवासी ब्रिटीश सत्ता तथा उसके द्वारा संरक्षित ज़मीदारों, साहुकारों के विरुद्ध 1781 से ही अनवरत संघर्ष करता रहा है। उनका यह संघर्ष अभी भी इतिहास के पन्नों में विद्रोह के रूप में दर्ज है।

सन् 1781 में तिलका मांझी ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह की शुरुआत की। अंग्रेज़ी हुकुमत के पहले भारत में पहाड़ियों आदिवासी जनजातियों का शासन चलता था। तिलका मांझी के नेतृत्व में किए गए विद्रोह में आदिवासियों के पास केवल परंपरागत धनुष बाण थे। इसी आन्दोलन में अंग्रेज़ सेना नायक क्वीबलेंड को मार गिराया था। सन् 1781 में तिनका मांझी ने अंग्रेज़ी हुकुमत को अस्वीकार कर आन्दोलन किया। बाद में आदिवासियों का विद्रोह 1798 में तमाड़ विद्रोह के रूप में निकला। सन् 1800 में तमाड में ही दुखन मांझी तथा सन् 1819 में रुदन कोंता मुंडा के नेतृत्व में आन्दोलन हुए। सन् 1831 में सिंह भूमि ने बिन्दराई सिंगराई मानकी के नेतृत्व में कोल विद्रोह और सन् 1855 में सिद्धों कान्द चांद और भैरव मुर्मु चार सन्याल भाइयों के नेतृत्व में संन्याल क्रांति फलगुलन सन् 1828 से 1832 तक बुधु भगत द्वारा चलाया गया। लरका आन्दोलन, मानगढ़ आन्दोलन, पत्तिचितोरिया विद्रोह, भला विलोरिया विद्रोह, खासी विद्रोही ककव और बरुआ का विद्रोह , नया संग्राम भुंटिया लोचा विद्रोह आदि ऐसे आदिवासियों द्वारा किए जानेवाले आन्दोलन है जिन्हें भारतीय इतिहासकारों ने इतिहास में जगह नहीं दी है। वास्तव में आदिवासी लेखन की शुरुआत गैर आदिवासी लेखकों के द्वारा हुई थी। इस लेखन से आदिवासी लोगों में चेतना जाग्रत हुई । और कुछ रचनाकारों ने आदिवासी जीवन की समस्याओं को लेकर लिखना शुरु किया। आदिवासी चिन्तक महादेव टोप्पो के अनुसार - "आदिवासी रचनाकार सबसे पहले इतिहास में आदिवासी की भूमिका तलाशें , विस्थापन की समस्या से जूझे एवं वर्णभेद की समस्याओं से लें , जमीन माफियाओं से अपनी जमीन बचाए तथा सामन्ती सवर्णवादी , साम्राज्यवादी, पूँजिवादी , सामाजिक ढांचे में अपने असतित्व की रक्षा के लिए संघर्ष करें"[1] भागवान गव्हाडे आदिवासी कवि हैं जिन्होने अपनी कविताओं के माध्यम से इन समस्याओं को सही रूप से चितित किया है। आदिवासी समाज के विद्रोह की झलक भगवान गव्हाडे की कविताओं में मिलती है। 'उलगुलान ' नामक कविता में वे कहते है –

"लडे थे कोई क्रान्तिपूर्ण बिरसा मुंडा
जल ज़मीन और जंगल की खातिर
थी लड़ाई अंग्रेज़ी के खिलाफ
उत्तगुलान या उनका नारा और संखनाद
हिल गयी थी साम्राज्य की दीवारें
बोया था अग्निबीज अपनी आहुती देकर
अग्निगर्भ रूपी व्यवस्था को तहस नहस करने
तीर कमान और भालों के सिवा क्या था
उनके पास हथियार/उलगुलान अभी खत्म नहीं हुआ
लड़ना होगा हमे भी।/दलित, आदिवासी बहुजन और शोषितों की
मुक्ति के लिए।"[2]

भूमण्डलीकरण और वैश्वीकरण की अवधारणा में सबसे ज्यादा पिसनेवाला वर्ग -है आदिवासी। आंकड़ों के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था का लगभग आधा हिस्सा का अधिकार के भू क्षेत्र से प्रभावित होता है । फिर भी 84 प्रतिशत आदिवासी भूखा होता है । रोटी कपडा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं आदिवासी लोग अपने जंगल में चैन से रहते थे। उनके पास जीने के लिए अपने प्राकृतिक संसाधन थे। लेकिन आधुनिक विकास के मॉडेल्स ने उसके अधिकार क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। जंगल जमीन से उसे वंचित किया है । वैश्वीकरण और साम्राज्यवादी शक्तियों ने मिलकर उससे अपना सबकुछ छीन लिया है। टेकनॉलजी और विकास के नाम पर उन्हें अपनी भूमि से निरंतर विस्थापित किया जा रहा है। विस्थापन की यह त्रासदी मनुष्य को उसके जड़ों से अलग करती है। विस्थापित होने को दर्द को कवि यों दर्शाते हैं।

"फल की प्राप्ति बिना संसार की खुशी के लिए
जो कर देता है सबकुछ न्योच्छकर अपनी
धरती माँ का यह लाडला/हो गया जडों से आज विस्थापित
कर दिया है उसे बेदखल/अपनी धरती से अपने जंगल से
अपने जल और अपने जीवन से।"[3]

आधुनिक कही जानेवाली आदिवासी समुदायों। आदिवासी को अपने जंगल और अपनी भूमि से खदेडकर उसे अलग बेगारों, बेरोज़कारों, भिखमांगों की कतार में खड़ा कर दिया जाता है। उन्हीं से बढ़ती है मेहतरों और जुडा कखेट चुन्नेवालों की संख्या। उन पर ज़बरदस्ती व्यंग्य करके वास्तव में कवि कहते हैं –

"कबकी मुंद ली है/उसने अपनी आँखें
मौन हो गयी उसकी वाणी/खत्म हो गयी बोली आज
छीन ली गयी है उसकी संस्कृति/बंन्द कर दिया गया है उसका संगीत
मिटा दी गयी उसकी नस्ल/यही तो है वैश्वीकरण की असली शक्ल।"[4]

हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र संघ की दि स्टेट ऑफ द वलर्डस इंडीजीनस पीपुल्स नामक रिपोर्ट में कहा गया और मूलवंशी और आदिम जनजातियाँ पूरे विश्व में अपनी सम्पदा संसाधन और ज़मीन से वंचित व विस्थापित होकर विलुप्त होने के कगार पर है। जो बचे है वे गरीबी, बीमारी, बेरोजगारी और

अशिक्षा के कारण अपनी संस्कृति से दूर होता जा रहा है। साथ ही वे कई तरह की बीमारियों से भी लड रहे है। कवि कहते है-

"अपनी झोपड़ी के आगन में/चारपाई पर लेटे हुए
ताकते हुए आकाश/निहारते हुए टूटते तारों की
आतिशबाज़ी देखते देखते/खो जाता था
स्वप्न की नगरी में/फल फूल कन्द मूल खाकर
भूखे पेट की आशा को/भूलकर पकाता यों
खयाली पुलाव।"[5]

आदिवासी पुरानी भारतीय सभ्यता को संजोए हुए है। अपनी अस्मिता और स्वत्यत्ता के लिए आदिवासियों ने बहुत ज़्यादा प्रयत्न किया है। उनका विद्रोह व्यापक पैमाने पर था। वे यहाँ के मूल निवासी होने के कारण पहाडों, पेड़ों की पूजा करते थे। उनकी अपनी जातीय संस्कृति थी। उनकी अपनी कलाएं थी। 'पहाड़' नामक कविता में कवि कहते है -

"रो रहा है पहाड आज आंसू भी सूख रहे हैं।
अपने तन बदन को निर्वस्त्र होते देख रहा है।"[6]

बड़े बड़े पर्वत, वृक्षों, लताओं, झाड़ियों से भरे रहते है उन सबको मिटाया जा रहा है। आधुनिक समाज में पर्यावरण का प्रदूषण जो हो रहा है उसे भी कवि यहाँ इस प्रकार व्यक्त करते हैं -

"झरने नदियों से दिया मानव को जिसने नवजीवन
कूढे कचरे गंदे मैले से प्रदूषित होते देख रहा है।"[7]

अच्छी फसल के लिए पैदावार के लिए एण्डोसल्फान जैसी रासायनिक वस्तुओं का इस्तेमाल करने पर वास्तव में वहां का आदिवासी ही सबसे ज़्यादा आहत होता है। कवि कहते है -

"रासायनिक ज़हर से मरते अपनी संतान /देख रहा है।"[8]

हम देखते हैं कि जंगल में ही सोना बॉक्साईट आदि की खदान होती है। आदिवासियों को वहाँ से हटाकर ही इन खदानों को ढूँढ लिया जाता है। बडे बडे गड्ढे खोद दिए जाते हैं। उनमें से अमूल्य चीजें निकाली जाती है। इसलिए कवि कहते हैं -

"सोने, चाँदी, कोयले, हीरे के अंधे लालसाओं ने
धनसंपत्ति के दरिन्द्रों को सीने में वार करते देख रहा है।"[9]

सामाज्रयवादी शक्तियाँ जंगल की ओर जाने लगे। विकास के नाम पर पूरे जंगल को मिटाया जाता है। पृथ्वी के सतह पर औसतन तापमान बढ जाता है जिसे हम ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। यह धरती के साथ साथ मनुष्य के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। यहाँ पर मानव निर्मित कारणों से पृथ्वी की स्थिति इतनी दयनीय बनती जा रही है।

"सिमेट के जंगल से बनते ग्लोबल वार्मिंग को देख रहा है।
धरती माँ के विनाश से भगवान को भी रोते देख रहा है।
भगवान को भी निस्सहाय घोषित कर देता है कवि।"[10]

वे आदिम काल से लेकर विस्थापन की त्रासदी को भुगत रहे हैं। जब आर्य अनार्य संघर्ष हुआ तब वे मैदानरूपी ज़मीन पर रह रहे थे। उन्हें वहाँ छोड़कर जंगल जाना पड़ा। आर्य अफगानिस्तान से भारत की तरफ आए थे। भारत में आज़ादी के बाद भी इस समाज का एक बडा वर्ग अपने विरुद्ध होने वाली हिंसा और अत्याचार से पीड़ित है। ये अनुसूचित जनजाति वे लोग ही है। भारत में इन जनजातियों को समाज के हाशिए पर रखा जाने का इतिहास बहुत पुराना है। सदियों से पद दलित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ये स्वदेशी लोग अपने दैनिक जीवन में न केवल गहन आर्थिक, राजनीतिक व शैक्षिक समस्याओं से पूरे ग्रस्तित हैं वरन् सामाजिक क्षेत्र में विकट परिस्थितियों को पर्याप्त संरक्षण से संबंधित विविध प्रावधान किए हुए हैं। लेकिन उन्हें उसका पूरा फायदा नही मिलता। कवि कहते हैं –

"आभासी विकास का पश्चम लहराकर
हो गए नेता कर्तबगार/गरीब भारत को हाशिए पर रख
कर रहे हो शाइनिंग इंडिया का स्वप्न साकार।"[11]

ग्रामीण जनता के प्रति संवेदना और सहानुभूति दिखाना भी मार्केटिंग का एक नया तरीका है। कवि व्यंग्य करते हुए कहते हैं-

"मार्केट का ज़माना है मर्ज/मार्केटिंग तो करनी ही होगी
ग्रामीण संवेदना और सहानुभूति ही दिला सकती है
इज्ज़त शोहरत पुरस्कार और मेडल।"[12]

संवेदना भी बिकाऊ बन गयी है। कवि इसके प्रति हमारा ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। हमेशा इन लोगों को पाबंदियों में रहना पड़ा है – लक्ष्मण रेखा नामक कविता में कवि कहते हैं-

"कहा गया है हमें/पैर उतने ही पसारे
जितना तुम्हारा बिछौना/सिकुडकर पैरों के साथ
सिंकुड लिया है अपनी/सोच का दायरा
दायरे और कठघरे की /ज़िन्दगी में सीख लिया है जीना
गुज़र बसर करना/अपनी औकात जानकर
नहीं की पार कभी हमने कभी लक्ष्मणरेखा।"[13]

महानगर के जीवन में देखते है दिन ब दिन जीना बदत्तर होता जा रहा है। यहाँ पर सामंतवादियों को भेडिये नाम से पुकारते है कवि। वे कहते है महानगर में ऐसी क्रूर मानसिकतावाले लोग रहते हैं जो गली गली नुक्कड नुक्कड चौराई चौराई राह डगर महामार्ग सड़क पर दाँत किटकिटाते लार टपकते करते हैं आँखों से वार से शिकार बलात्कार। वे ऐसे लोग हैं जो पशुत्व और पाशविकता जैसे शब्दों को भी लज्जित कर देते हैं। वे जानवर से भी गये बीते वासना और हवंस के शिकारी। वे कितना भी अमानवीय बनने के लिए तैयार होते हैं। इसलिए कवि कहते हैं-

"जंगल का जीना भी होता है बेहतर/जो हैरान को भी इन्सानियत सिखाता है
पावज चरित्रर।"[14]

इतना सब होते हुए भी कवि आशावादी दृष्टिकोण अपनाते हैं। 'भारतवासी' नामक कविता में कवि पुरखों की संपदा झरने सौते माटी पानी पोखर तालाब मुक्त हवा खुला आकाश मिट्टी का सौंधापन पर्वत टीले की ऊँचाई सागर की गहराई सबकुछ लौटा देने की मांग करते हुए मनुष्य होने की पहचान देने की भी माँग करते हैं –

"हमे लौटा दो हमारे मनुष्य/होने की पहचान
न हम गिरिजन न ही हरिजन/न ही वनवासी न हम जंगली
ना असग्थ ना ही नररक्षक/हम है आदिवासी धरती माँ के रक्षक
नही हम हिन्दु नही हम मुस्लिम/नही रसाई ना ही आतंकी
न माओवादी, नाँ ही नक्सलवादी /हम हैं संवौधानिक – कानूनन
भारतवासी।"[15]

वे भी स्वानुभूति की भट्टी में तपकर आदिवासी अपनी त्रासदपूर्ण जीवन के आक्रोश को व्यापक जन आन्दोलन का रूप प्रदान करता है और सामाजिक समस्याओं पर सीधा प्रहार करती है।

*****

संदर्भ ग्रंथसूची:-

1. आदिवासी साहित्य दशा दीशा और चुनौतियां - महेन्द्रेक टोप्पो . अरावली उद्घोष अंक 75 मार्च 2007 पृ. 5 2
2. आदिवासी मोर्चा भगवान गव्हाडे- पृ.7
3. आदिवासी मोर्चा - भगवान गव्हाडे - पृ.10
4. वही पृ. 10
5. वही पृ. 74
6. वही पृ.11
7. वही पृ.11
8. पहाड, पृ.11
9. वही पृ.11
10. वही पृ. 11
11. वहीं पृ.37
12. वहीं पृ.29
13. वही पृ.31
14. वहीं पृ.83
15. वहीं पृ. 88

आदिवासी लोक नायक 'बिरसा मुंडा'

रुद्र चरण माझी
शोधार्थी ,हिन्दी विभाग
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया, बिहार
मो.9937218920,7008237031

प्रस्तावना -

भारत वर्ष के प्रथम स्वाधीनता संग्राम 1857 ई. को तो सभी लोग जानते हैं परन्तु उस से पहले भी बहुत सारे आन्दोलन ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध हुआ था जो इतिहास में कहीं नजर नहीं आता। ये तत्कालीन इतिहासकारों के चाटुकारिता है की इतिहास के पन्ने में इन शूर-वीरों के नामों-निशान तक नहीं है। अंग्रेज़ जब भारत में आए तो उनके सामने आदिवासी समूह की एक ऐसी गोष्ठी थी जो किसी के अधीन रहने के लिए साफ- साफ मना कर दिये और जो इनके अधीन रहने के लिए राजी हो गए उन्हें शूद्र कहा गया। सबसे पहले अंग्रेज जब भारत आए तो बहुत प्रकार के कानून बना कर आदिवासियों को जंगल से खदेड़ना शुरु किया ।आदिवासी प्रकृति के सच्चे साथी थे। प्रकृति उनके लिये सब कुछ था। उनको जंगल से बेदखल करना उन्हें पसंद नहीं आया तो उन्हें विकास के नाम से जल, जंगल, जमीन से विस्थापित करना शुरु कर दिये ।अंग्रेज सरकार के खिलाफ 1800 ई. से आदिवासियों ने अंग्रेज़ सरकार के खिलाफ विरोध करना शुरु कर दिये ।1800 ई. में "हुल क्रांति" या कोल /संताल विद्रोह इसका सबसे बड़ा उदाहरण था। 1855 ई. में सिद्धों-कानू दो भाइयों के द्वारा "हल-क्रांति" की आह्वान कर अंग्रेज सरकार खिलाफ विरोध किया गया। यह विद्रोह विदेशी अंग्रेज सरकार के खिलाफ इतनी तीव्र और सशक्त था की अंग्रेज सरकार की शासन व्यवस्था को हिलाकर रख दिया। इस विद्रोह में 20000 आदिवासी शहीद हुए। उस समय तांत्या मामा,बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, जात्राविर ताना भगत ऐसे बहुत सारे आदिवासी नेता उभर कर आए जो अंग्रेजों के रातों की नींद हराम कर रख दिये।

बीज शब्द :-मुंडा हुल क्रांति, आदिवासियत, प्रकृति, आन्दोलोन, मिशनरी। बिरसा मुंडा झारखण्ड के रांची जिले के उलिहातू गांव में 15 नवम्बर 1875 ई. को एक मुंडा परिवार में जन्म लिये थे। सुगना मुंडा उनकी पिता और करमी उनकी माताजी थे । रांची की उलिहातू वह भूमि है जिसमें ऐसे महान सपूत जन्में जो अपनी माँ समान मातृभूमि की रक्षा करने हेतु खुद को बलिदान कर गये। तत्कालीन समय में बिरसा मुंडा एक ऐसे ज्वलंत प्रकाश शील उगता सूरज था जिसके भय से अंग्रेज टिक न सके और बिरसा मुंडा को हराने के लिए अपने कारिंदों,जमींदारों के माध्यम से अनेक प्रकार के चाल चलना चाहा परन्तु हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बिरसा के अनुयायिओं को अपने तरफ करना चाहा और हज़ारों रुपये इनाम भी रखे। पर अंग्रेज इसमें सफल नहीं हो सके। बिरसा आदिवासी जनजाति के लिए एक महान नायक थे। उन्हें सभी भगवान की तरह पुजते थे। डॉ वासुदेव अपने पुस्तक " इस जंगल के लोग" में बिरसा मुंडा के बारे में लिखते हैं "1886-87 ई. के समय छोटा नागपुर में काफी उथल-पुथल का वर्ष था। किसान त्रस्त थे, जनता परेशान। रांची, तमाड़, खूटी, बन्द गांव और आस-पास के सरदारों पर जमींदारों का अत्याचार चरम सीमा पर पहुंचा हुआ था। लगान का बोझ बढ़ता जा रहा था। लगान न देने के कारण कृषकों की फसलें लूटी जा रही थीं, जमीनें हड़पी जा रही थीं। यहां तक कि जंगल के निवासी भी जंगल से दूर रहने के लिए मजबूर थे। पूरे इलाके में अकाल था, महामारी थी। चारों तरफ भुखमरी थी। खाने के लोले पड़े हुए थे फिर भी अंग्रेज अपने लगान वसूली में लगे थे उन्होंने लगान वसूली को अपना मौलिक कर्तव्य समझा सरदारों(सरदार उन्हें बोला जाता था जो आदिवासियों और जमींदारों के बीच मध्यस्थता के रूप में काम करते थे) फिर भी जमींदारों के जुल्म बढ़ते जा रहे थे। सरकार भी जमींदारों के ही साथ दे रहे थे। मजबूरन वे लोग बगावत पर आमादा थे। धीरे-धीरे उनका आक्रोश आन्दोलन का रुप ग्रहण करते जा रहा था। हुआ भी यही। सरदारों ने जमींदारों तथा सरकार के विरोध में आन्दोलन शुरु कर दिया। बिरसा मुंडा पर उन आन्दोलनों का काफी प्रभाव पड़ा।

सरकार के कठोर व्यवहार को उसने करीब से देखा था। उसे भी मिशनरी से चिढ़ होने लगी। बिरसा और उनकी साथी गांव - गांव जाकर लोगों की सेवा करते थे। दावा, पोथी करते थे, साफ सुथरा रहने का उपदेश देते रहे।तभी एक दिन, एक सभा में एक पादरी डॉ. नाट्रोन ने आदिवासियों को सम्बोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा, **"ईसाई बने रहने तथा उनके निर्देशों का पालन करने पर उनकी जमीन वापस दे दी जाएगी।"**यह सुनकर पहली बार बिरसा मुंडा को फिरंगियों और ईसाई लोगों के प्रति मोह-भंग हुआ था, पहली बार बिरसा मुंडा को लगा की ईसाई लोग अपने धर्म के आधार पर में निरीह आदिवासी लोगों को ठग रहें हैं ।पहले बार बिरसा मुंडा को उनके रीति-नीति से घृणा हुई थी तथा उनके प्रति उसके अन्दर आक्रोश उभरा था। उसने डॉ. नाट्रोन का विरोध किया, मिशनरियों की आलोचना की , यहां तक कि उसने स्कूल छोड़ देने की घोषणा कर दी। गोरे लोग, ब्रिटिश मिशनरियों तथा पादरियों के प्रति उसकी धारणा बदल गई। उनके समझ में यह आ गया कि ईसाई लोग भी अंग्रेज लोगों के साथ मिलकर आदिवासियों के जमीन को हड़प रहे हैं। बिरसा स्पष्ट शब्दों में कहा, ...साहब-साहब एक टोपी है...। इस तरह बिरसा मुंडा ने पहली बार लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। सरदारों ने भी बिरसा मुंडा की प्रतिरोध देख कर उसकी तारीफ की। सुगना मुण्डा ईसाई धर्म का परित्याग कर सनातन हिन्दू धर्म में लौट आया। बिरसा ने भी चाईबासा जर्मन मिशनरी से अपना नाम कटा लिया था। पढ़ाई छोड़ कर गांव वापस आ गया। फिर तो खुलकर फिरंगियों और जमींदारों के विरुद्ध आवाज उठाने लगा।1872 ई. पहले बार ब्रिटिश सरकार ने "फोरेस्ट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर" आदिवासीयों को विस्थापन की समस्या से उलझ कर रखा है ।उन्हें अपने जल, जंगल, जमीन से खदेड़ा जा रहा है। बिरसा के "उलगुलान" से सहानुभूति रखने वाले विदेशी साम्राज्यवादी सरकार के शोषण के विरुद्ध और साम्राज्यवाद और सामन्तवाद **दीशुम आबूआ** द्वारा जंगल की मिल्कियत के छीन लिए गए परम्परागत आदिवासी अधिकारों की वापसी को लेकर 'जंगल के दावेदार' में अमूल्य बाबू अपने-आप से सवाल करता है-"मुंडा लोग क्या जंगल पर अधिकार पा सकेंगे? आदिम गाँव में उनके पैदा होने का अधिकार क्या कभी माना जायेगा। उनके जीवन से महाजन, बनिए, जोतदार, जमींदार, हाकिम, अमले-थाना, बगारी के पत्थरों का-सा भार कभी उतर जायेगा?" 1800 ई. के गुलाम भारत में उठाया गया यह सवाल 21वीं सदी के नवउदारवादी "आजाद इंडिया" में भी अपने जवाब की प्रतीक्षा में मुंह खोले खड़ा है। संथाल, हो, मुंडा और उरांव आदि आदिवासी अपनी मेहनत से खून पसीना इकट्ठा कर पथरीला, बंजर जमीन को खेती लायक तो बनाते है परन्तु उसमें उनकी हक़ नहीं रहता। उनके खेती के ऊपर दिकुओं ने कभी हक जमाने दिया नहीं। संभ्रांत वर्ग उनको हमेशा शोषण करना चाहा ।फणीश्वर नाथ रेणु अपने उपन्यास "मेला आंचल " में लिखते हैं "आज जमीन के मालिकों ने, जमीन के व्यवस्थापकों ने और धरती के न्याय ने धरती पर इनका किसी किस्म का हक जमने नहीं दिया है। जिस जमीन पर उनके झोपड़े हैं, वह भी उनकी नहीं। हल में जुता हुआ बैल दिन - भर खेत चास करता है,इसलिए बैलों को भी धरती का हकदार कबूल किया जाए? यह कैसा बात है "। बिरसा मुंडा ने कहा कि हम गरीब जरूर हैं,पर गरीबी के कारण अपना स्वाभिमान त्याग दें यह बिल्कुल गवारा नहीं और यही वजह है कि बिरसा मुंडा अंग्रेजों के आगे कभी झुके नहीं अपने पारम्परिक रीति रिवाजों,जल,जंगल ,जमीन के लिए अंतिम सांस तक लडते रहे और लोगों को जबरन ईसाई बनाने और युवतियों को दलालों द्वारा उठवा ले जाने वाले अंग्रेजों के प्रति बिरसा के मन में क्रोध की ज्वाला भड़क रही थी। यह तमाम कारण ऐसे थे जो बिरसा मुंडा को अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने पर मजबूर कर दिया बिरसा मुंडा एक दिलेर इंसान थे ,मिशनरी स्कूल में उसके एक दोस्त था अमूल्य जो गैर आदिवासी लड़का था। उसके साथ अच्छे दोस्ती देख बिरसा के आदिवासी दोस्त उन्होंने कहने लोगे "आप उन्हें क्यों मिलते हो,व दिकु का लड़का है। तो बिरसा उन्हें समझाते हुए बोले "पढ़ना सीखो ,लिखना सीखे मंडा, मुंडा ही रह जाता है।

अमूल्य मेरा दोस्त है। में उसे नहीं छोड़ूँगा। उसके लिये अगर तुम मुझे छोड़ना है तो छोड़ दो।" बिरसा के यही गुण उनको एक सफल नेतृत्व प्रदान करने वाला लोक प्रतिनिधि के रूप में तैयार करता है।उस समय अंग्रेज सरकार ने जमींदारों के माध्यम से किसानों का शोषण करते थे। बिरसा मुंडा का बस एक ही नारा था "अंग्रेजी शासन खत्म करो और हमारा साम्राज्य स्थापित करो,यह मातृभूमि हमारी है और हम इसके अनुयायी हैं"। **"आबूआ राजा"** (अपने देश में हम राजा हैं) बिरसा मुंडा का ये कथन हमेशा अपने साथ रहा। सदा अपने जनजातियों के हक के लिए लडते रहे पर उन्हीं में से कुछ लोगों ने मिल कर अंग्रेजों का साथ दिया सिर्फ इसलिए की उन्हें कुछ पैसे मिल जाये। पैसे के लालच में आकर बिरसा को गिरफ्तार करवाया। बिरसा मुंडा की मृत्यु आज भी एक रहस्य बन कर रह गई। डॉ . बन्नाराम मीणा "आदिवासीनामा" में लिखते हैं उपनिवेश काल में आदिवासी समाज भी चाहता था की अंग्रेज सरकार देश छोड़ कर जाये और आदिवासियों को अपने तरीके से जीने दे। बिरसा मुंडा के आंदोलन के अन्य प्रमुख कारण में से एक कारण था खुंट-कुट्टी व्यवस्था की समाप्ति अंग्रेज़ शासन आने के बाद सामूहिक भू-स्वामित्व वाले व्यवस्था को खत्म करके व्यक्तिगत भू- स्वामित्व वाली भूमि व्यवस्था की प्रणयन किये । इस से पहले आदिवासी समुदाय जंगल को साफ कर , उसे जलाकर खेती उपयोगी जमीन बनाते थे और उस जमीन में हक सभी का था किसी एक का वह जमीन नहीं था परन्तु अंग्रेज जब से भारत आने के बाद भूमि स्वामित्व व्यवस्था शुरु कर दिये।इसके साथ - साथ उन्होंने बैठी, बगारी व्यवस्था भी जबरन लागू किए।जिसमें आदिवासियों से काम तो लिया जाता था परन्तु उनको उसकी मजदूरी या पैसे नहीं दी जाती थी।इस प्रकार की शोषण बिरसा मुंडा की "उलगुलान" आंदोलन को हर जगह पर पहुंचाने के लिए मदद किया और धीरे- धीरे ये आंदोलन हर गांव में फ़ैल गयी।बिरसा मुंडा की "उलगुलान" आंदोलन का दूसरा कारण यह है कि 1894 ई. में "वन सुरक्षा कानून " इस कानून के तहत आदिवासियों को जंगल में जाने के लिए मना कर दिया गया। उनको हर अधिकार से वंचित किया गया।आदिवासी समुदाय जंगल के ऊपर पूर्ण रूप से निर्भर रहते हैं इस कानून के वजह से उनकी भूख से मरने जैसे हालात हो गई और बिरसा मुंडा उनका उद्धार करने वाले एक नेता के रूप में सामने आए और तमाम आदिवासियों के भगवान बन गये । बिरसा मुंडा लोगों को उपदेश देकर बोलते हैं मानव जीवन मात्र खाने और सुख भोगने के लिए नहीं है।अपितु जीवन का वास्तविक उद्देश्य यह है कि ईश्वर की प्रार्थना करनी चाहिए जिससे पवित्र विचार जन्म लेंगे। मनुष्य को भूत, प्रेत, अंधविश्वास, आदि में नहीं पड़ना चाहिए।झूठ नहीं बोलना चाहिए। जीव हत्या नहीं करनी चाहिए। बहू-बोंगा की पूजा नहीं करनी चाहिए। बीमारी होने से जादू टोना नहीं करना चाहिए। मिशनरी लोग हमारे शत्रु हैं हमारा धर्म परिवर्तन कर हमें अपने मातृभूमि तथा अपने बंधु-बांधव से दूर करते हैं। हमें आपस में प्रेम करना सीखना चाहिए जो हमारा शोषण करता है उसके विरुद्ध में एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। यह जंगल हमारा है और इस पर हम जंगल वासियों का ही अधिकार है। आदिवासियों का ही अधिकार है। बिरसा मुंडा की इस तेजस्वी भाषण से चारों और " बिरसा मुंडा जिंदा वाद,सिंग बोंगा जिंदा वाद,धरती आबा जिंदा बाद के नारे से चारों ओर प्रकंपित होने लगा। सिंग बोंगा जिन्दा बाद के नारों से सम्पूर्ण वन-प्रान्त गूंज उठा। अस्त्र-शस्त्रों की तैयारी तो बिरसा मुण्डा के जेल जाने से पूर्व ही चल रही थी। फिरंगियों के विरूद्ध विद्रोह अब शुरू हो गए। सम्पूर्ण छोटानागपुर में विद्रोह की आग भड़क उठी। कई व्यक्तियों को चर्च जाते तीर लगे, मिशनरियों पर आक्रमण हुए, कई जगह उन्हें तोड़ दिया गया, उलीहातु के चर्च में तीरों की वर्षा हुई, रांची तथा सिंह-भूमि में भी कई गिरिजा-घरों में आग लगा दी गई तथा कई पादरी तीर से मारे गये, कोण्डा गोतु में जर्मन मिशन चर्च को जला दिया गया, पुलिस को मारा-पीटा गया, पुलिस स्टेशनों में आग लगा दी गई। जो मुंडा ईसाई हो गए थे, उन लोगों ने भी विद्रोहियों का साथ देना शुरू कर दिया। ब्रिटिश हुकूमत की गद्दी डोल उठी। धीरे-धीरे लड़ाई का केन्द्र खूंटी थाना हो गया जहां हजारों मुंडा अस्त्र-शस्त्रों के साथ इकट्ठा हुए। बिरसा के साथ मिलकर उन लोगों ने थाने को जला दिया, दरोगा को तीर मारे,कई सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिये। यह बात रांची तक जा पहुँची। रांची से सेना गई। हजारों की संख्या में विद्रोही मुण्डा बिरसा मुण्डा के नेतृत्व में खूंटी से भाग कर फिर से डुम्बारी में सेल "रकाब" की पहाड़ी पर जा डटे। किन्तु सेना वहाँ भी जा पहुँची और चारों तरफ से पहाड़ी को घेर लिया। किन्तु स्वतंत्रता के भूखे रण-बाकुरें विद्रोही देशवासी भला कब डरने वाले थे। सेना पर पत्थर बरसे, तीर चले, भाले गिरे, आग की चिनगारियां लपकीं। सेना ने भी गोलियां चलाई। सैकड़ों वीर खेत आए, हजारों घायल हुए, किन्तु बिरसा मुंडा पकड़ में नहीं आया।इसके बाद फिरंगी सरकार ने बिरसा मुंडा के खिलाफ राजद्रोह का आरोप लगा कर जायदाद जब्त कर लिए।

उसकी गिरफ्तारी के लिए 500 रुपया का इनाम रखा गया। और सरकारी आदेश भी दिया गया बिरसा को कोई पनाह ना दे इसके लिये एलान किया गया और इसके बाद फिरंगियों ने एक चाल और चली।बिरसा मुंडा के ही अनुयायियों में से कुछ लोगों को पैसों का लालच दे कर बिरसा को गिरफ्तार करवाना चाहा और उसमें कायम भी हो गए, और 9 जुलाई 1900 ई. में उनकी मृत्यु हो गयी। कहा जाता है कि उनको विष पिला कर मारा गया। परन्तु बिरसा मुंडा की मृत्यु आज भी रहस्य बन के रह गई।इसीलिए तो प्रसिद्ध दिवंगत लेखिका महाश्वेता देवी 'जंगल के दावेदार' उपन्यास के उपसंहार में लिखा है "हम जिस तरह चिरकाल से हैं, संग्राम-बिरसा का संघर्ष भी वैसा है। धरती पर कुछ समाप्त नहीं होता मुण्डारी देश, धरती, पत्थर, पहाड़, वन, नया ऋतु के बाद ऋतु – का आगमन - संदर्भ भी समाप्त नहीं होता, इसका अंत हो ही नहीं सकता। पराजय से संघर्ष का अंत नहीं होता। वह बना रह जता है, क्योंकि मानुस रह जता है, हम रह जाते है।" बिरसा मुंडा के बाद उसका तमाम साथियों को भी एक के बाद एक फांसी पर चढ़ाया दिया जाता है परन्तु उनके अनुयायियों में कभी निराश दिखाई नहीं दिया।बिरसा के एक साथी डोंका को फांसी हो जाने के बाद जब अमूल्य बाबू यह दुखद खबर उसकी पत्नी साली को खबर देती है और कहता है "डोंका अभी नहीं रहा ,अब तुम्हारे कैसे चलेगी ? तो साली मुसकुराकर बोली "क्यों ? तकलीफ होगी । भगवन शिखा गए हैं की "उलगुलान" का कभी अंत नहीं होती। भगवन का मरण नहीं हुआ। मुंडा के जीवन में कष्ट का अंत होना ही तो भगवन का मरण है। "उलगुलान" का अंत मानना होगा ? बताओ ?" बिरसा मुंडा भले ही आज हमारे बीच नहीं रहे पर लोग आज भी उनकी वीरता की गाथा करते नहीं थकते । "ऐसा वीर सपूत जिसने झुकना कभी ना सीखा ,कांप उठते थे फिरंगी उनके तेज से,जाते- जाते वे स्वाभिमान की गाँथा कहते गए।आज भी विभिन्न प्रकार के आदिवासी गीत में बिरसा मुंडा का आह्वान किया जाता है।

"आरे बिरसा आ
पूरब से आ तू,पश्चिम से आ
उत्तर से आ तू, दक्षिण से आ
घनघोर घटाओ को चीर ,तीर की तरह आ
आसमान में बिजली बनकर आ
पथरीली धरती को चीर तीर की तरह आ
आ रे बिरसा आ।"

निष्कर्ष : -

इस प्रकार बिरसा मुंडा आदिवासी समुदाय में एक अलग एक स्वतंत्र सेनानी रूप में उसके साथ - साथ एक लोक नायक के रूप में उभर कर आए लोगों के बिच आदिवासियत, आदिवासी धर्म की एक अलग पहचान दिलाये । समग्र आदिवासी समाज को सामाजिक , राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक रुप से ऊँचे स्तर तक पहुंचाए।सिर्फ 25 वर्ष के उम्र में उतना कुछ कर गए जिसके बदौलत आज प्रत्येक आदिवासियों के घर – घर में बिरसा मुंडा को भगवन की तरह पूजा किया जाता है। बिरसा मुंडा अपने सीमित जीवन काल में सिर्फ आदिवासियों के लिये नहीं देश को अंग्रेजों के शासन से मुक्त करने हेतु जितना भी कार्य किये वह स्वर्ण अक्षर में लिखा जायेगा।

*****

सन्दर्भ ग्रंथ :-

1. सिंह,राकेश कुमार ,हूल पहाड़िया ,सामयिक बुक्स ,नई दिल्ली ,प्रथम संस्करण ,पृष्ठ-48
2. डॉ.वासुदेव,इस जंगल के लोग,विकल्प प्रकाशन ,नई दिल्ली ,प्रथम संस्करण , पृष्ठ-21
3. देवी,महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,रधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,पृष्ठ-36
4. देवी,महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,रधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,पृष्ठ-74।
5. कालजयी किशन ,आदिवासी अस्मिता प्रभुत्व और प्रतिरोध ,अनन्य प्रकाशन,नई दिल्ली , प्रथम संस्करण ,2015 ,पृष्ठ-48
6. रेणु,फनीश्वर नाथ ,मैला आँचल ,राजकमल प्रकाशन ,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,पृष्ठ -125
7. देवी,महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,राधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,,पृष्ठ-72
8. डॉ.मीणा,बन्नाराम,आदिवासीनामा साहित्य संचय ,नई दिल्ली ,प्रथम संस्करण , ,पृष्ठ-55
9. देवी, महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,राधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,पृष्ठ-84
10. देवी,महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,राधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,पृष्ठ-100
11. देवी,महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,राधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण ,,पृष्ठ-280
12. देवी,महाश्वेता,जंगल के दावेदार ,राधाकृष्ण पेपर बैक,नई दिल्ली ,दूसरी संस्करण पृष्ठ-279

आदिवासी महिला रचनाकरों के लेखन में जल,जंगल,जमीन का संघर्ष

- ज्ञान्ति
हिन्दी विभाग
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्व विद्यालय-गया

आदिवासी समुदाय हमारे देश के सर्व पुरातन समुदाय में से एक है। आदिवासी आदिम काल से ही जल,जंगल,जमीन से जुड़े हुए हैं। हिंदी साहित्य में अदिवासियों के ऊपर बहुत ज्यादा लेखन कार्य तो नहीं हुआ परंतु कुछ प्रमुख गैर अदिवासी साहित्यकार जैसे- रणेंद्र, महास्वेता देवी ,रमणिका गुप्ता आदि साहित्यकारों ने सही मायने में आदिवासियत को पहचाना और आदिवासीयों के ऊपर उनकि दर्शन,समाज,भाषा,जीवन शैली के ऊपर लिखे हैं। आदिवासी समाज वर्तमान के समय के साथ-साथ अपने लेखनी को भी आगे बढ़ाया और वर्तमान के समय में आदिवासी लेखक तथा लेखिकाओं जैसे - हरिराम मीणा, गंगा सहाय मीणा, केदरनाथ मीणा, बन्ना राम मीणा, अनुज लुगुन,महादेब टोप्पो, ग्रेस कुजुर, वाहरु सोनवणे,रामदयाल मुंडा, चानू शर्मिला,वंदना टेटे, निर्मला पुतुल,कविता बड़ाईक,रोज केरकेट्टा, जैसे प्रमुख साहित्यकारों ने मुखर रूप से अदिवासियत के ऊपर बहुत सारी लेखन कार्य किये। वर्तमान समय में आदिवासीयों के ऊपर हो रहे अकथ अत्याचार को अपने कविता,कथा साहित्य ,उपन्यास के माध्यम से समाज के समाने लाये। आदिवासियों के जल,जमीन,जंगल के ऊपर हो रहे अत्याचार, विस्थापन को अपने साहित्य में जगह दीये।आदिवासी साहित्यकारों में महिला साहित्यकार, कवि, आलोचोकों ने मूल रूप से भूमि समस्या तथा जल,जमीन, जंगल के ऊपर अपने लेखनी के माध्यम से समाज को सही दिशा देने के लिए कार्य कर रहें हैं। आदिवासी महिला रचनाकारों में निर्मला पुतुल की कविता प्रमुख स्थान रखती है।उनकी कविता में आदिवासियत की स्वर सुनाई देती है। यद्यपि निर्मला पुतुल की कविता में नारी मुक्ति की स्वर और अभिव्यक्ति प्रखर रूप से देखने को मिलता है परन्तु जल जमीन, जंगल की अधिकार को भी अपने लेखनी में समाज को एक नई राह दिखाने में प्रयास करते हैं।निर्मला पुतुल की कविता में समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को आह्वान करती है।उनकी कविता संग्रह "नगड़े के तरह बजते शब्द" में "बिटिया मुर्मू के लिए" कविता में लिखती है-

"उठो कि अपने अँधेरे के ख़िलाफ़ उठो
उठो अपने पीछे चल रही साज़िश के ख़िलाफ़
उठो, कि तुम जहाँ हो वहाँ से उठो
जैसे तूफ़ान से बवण्डर उठता है/उठती है जैसी राख में दबी चिनगारी
देखो ! अपनी बस्ती के सीमान्त पर/जहाँ धराशाई हो रहे हैं पेड़
कुल्हाड़ियों के सामने असहाय
रोज़ नंगी होती बस्तियाँ/एक रोज़ माँगेगी तुमसे
तुम्हारी ख़ामोशी का जवाब/सोचो-
तुम्हारे पसीने से पुष्ट हुए दाने एक दिन लौटते हैं
तुम्हारा मुँह चिढ़ाते तुम्हारी ही बस्ती की दुकानों पर
कैसा लगता है तुम्हें जब
तुम्हारी ही चीजें तुम्हारे पहुंच से दूर होते दिखती है"। (1)

निर्मला पुतुल की इस कविता में वर्तमान समय में आदिवासियों की त्रासदी दिखाया है। विस्थापन को दर्शाया है। जंगल काट कर उन्हें विस्थापित कर उनके वन उपज वस्तु से दूर कर वही समान विश्व बजारीकरण के तहत हमारे समान ही हमे बेचा जा रहा है और हम चुपचाप उसे खरीद रहे हैं। उदहारण के तौर पर "गेहूं" एक ऐसे फसल है यह लग-भग भारत वर्ष में सभी जगह खेती किया जाता है और हमसे 20 रुपए किलो खरीद कर उसी से मेगी बनाकर 400 रुपया किलो से बिक्री होती है। निर्मला पुतुल की ये कविता वर्तमान की प्रासंगिकता को दर्शाता है। डॉ बन्ना राम मीना अपने "आदिवासीनामा" पुस्तक में लिखते हैं "भारत के विकास के नाम पर आदिवासियों को अपनी भूमि और जंगल से ही बेदखल नहीं किया अपितु नैतिक मानदंडों को ताक पर रखकर उन्हें उनसे बेदखल कर दिया गया। देश में आदिवासियों की मुख्य समस्या विस्थापन की रही है। माफियाओं की कुल्हाड़ी से जंगल ही नहीं करते बल्कि उन जंगल के माध्यम से जीवन यापन करने वाले आदिवासी जनता का गला भी कटता है। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई के पीछे विकास की राजनीति है उस पर निर्मला पुतुल तीखी वार करती है। आदिवासी समाज पर आधुनिक विकास के पढ़ रहे प्रभाव के चिंता ही निर्मला पुतुल के यहां नहीं बल्कि ऐसे विकास के खिलाफ असहमति भरा स्वर भी है। निर्मला पुतुल की एक कविता है "तुम्हारी एहसान लेने से पहले सोचना पड़ेगा हमें" निर्मला पुतुल इस कविता के विकास के आधुनिक पैरामीटर को नकारती हुई कहती हैं

" अगर हमारे विकास का मतलब
हमारी बस्तियों को उजड़ कर कारखाने बनाना है तालाबों को भरकर राजमार्ग
जंगलों का सफाया कर ऑफिसर्स कॉलोनी बनानी है और पुनर्वास के नाम पर हमें
हमारे शहर के सीमा से बाहर हाशिए पर धकेलना है
तो तुम्हारी तथाकथित विकास की मुख्यधारा में
शामिल होने के लिए/सौ बार सोचना पड़ेगा हमें।"(2)

निर्मला पुतुल लगातार स्त्री को बंधनों से आजाद करने के जिद् करती है। जिस प्रकार रघुवीर सहाय स्त्री शोषणा और दासता के संदर्भ में मिथक, पुराण, और परंपरा को अस्वीकार करते हैं ठीक उसी तरह से स्त्री को धार्मिक सामाजिक बंधनों की कैद से बाहर निकलने के बात निर्मला जी बराबर करती है। वह स्त्री को खुले आसमान में सांस लेने के लिए वकालत करती है। निर्मला पुतुल की कविताएं सवाल पूछती है और प्रश्न उपस्थित कराते हुए आगे बढ़ती है। निर्मला पुतुल की कविताएं को झारखंड के इतिहास और उसके जन - जीवन से अलग करके नहीं समझ सकते। क्योंकि उनके कविताओं में उसका इतिहास नगाड़े की चोट पर बोलता है। निर्मला पुतुल की कविताओं की जमीन स्वानुभूति कि उनकी अपनी जमीन है ।आदिवासियों की हक की जमीन है। पुतुल की लड़ाई तथाकथित सभ्य समाज के विरुद्ध ही नहीं बल्कि अपने समुदाय में पनप रहे महा ढोंगियों के विरुद्ध भी है। उनकी कविता में आदिवासियों पर हो रहे शोषण और अत्याचार के खिलाफ तीखा प्रतिरोध का स्वर सुनाई पड़ता है निर्मला पुतुल की कविता "अपने घर के तलाश में" कविता संकलन में"तुम कहां हो माया" शीर्षक में लिखते हैं-

"दिल्ली के किस कोने में हो तुम?
मयूर विहार,/पंजाबी बाग या शाहदरा में?
कनॉट प्लेस की किसी दुकान में सेल्स गर्ल हो या किसी
हर्बल कंपनी में पैंकर?/कहां हो तुम माया?
कहां हो?।"(3)

निर्मला पुतुल आदिवासी स्त्री को आगाह करते हुए लिखती है -

"वह दबे पांव आते हैं तुम्हारी संस्कृति में
वह तुम्हारे नृत्य की बडाई करते हैं
वह तुम्हारी आंखों की प्रशंसा में कसीदे पढ़ते हैं
वे कौन है ?/सौदागर हैं वे ..... समझो !
पहचानों उन्हें बेटिया मुर्मू.....पहचानों !
पहाड़ों पर आग वही लगाते हैं
उन्हीं की दुकान पर तुम्हारे बच्चे का
बचपन चित्तकौरता है/उन्हीं के गाड़ियों पर
तुम्हारी लड़कियां सब्जबाग देखने
कोलकाता और नेपाल के बाजारों में उतरती है"(4)

इस प्रकार निर्मला पुतुल की कविता में सामाजिकता ,सहजता दिखता है। आदिवासी समाज को सही मार्ग दिखाने के लिये उनकी लेखनी सर्वदा तत्पर रहा। आदिवासी साहित्यकारों में वंदना टेटे का नाम महत्वपूर्ण हैं। वंदना टेटे वर्तमान के आदिवासी समाज के लिए युगांतरकारी रचनाकार हैं जिनके रचना में आदिवासी समाज की पीड़ा ,दर्द उनके ऊपर हो रहे अत्याचार को मार्मिक वर्णन अपने साहित्य के माध्यम से किए हैं। उनकी साहित्यिक कार्य के लिए उन्हें शैलप्रिया स्मृति सम्मान, झारखंड सरकार राज्य सम्मान 2012,भारत सरकार द्वारा 2013 में फेलोशिप आदि महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। समाज में हो रहे विकास और आधुनिकीकरण को संदेह के दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने निर्मला पुतुल द्वारा रचित कविता "तुम्हारे एहसान लेने से पहले सोचना पड़ेगा हमे" को भी समर्थन करते हुए वंदना टेटे लिखते हैं :-

"तुम्हारे विकास का गणित/मेरे समझ में नहीं आता
मेरी आंखें वर्तमान के अंधेरे/में कुछ ढूंढती रह जाती हैं
और मेरे पांव टिकने की जगह ढूंढते हैं"।(5)

उनके नजर से आदिवासियों को विस्थापित करके बिकास नहीं किया जा सकता।आधुनिकीकरण से हो रहे बदलाव जैसे - पेड़ो को काट कर रास्ता तैयार करना, कल-कारखानों से निर्गत , दूषित पानी नदी में मिलने से स्वच्छ पानी भी प्रदूषित हो जाती है जो आदिवासियों के जीवन को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है। इसपर वन्दना टेटे अपने पुस्तक " कोन जोगा" में ' हम भी जा रहे हैं ' कविता में लिखती हैं कि -

"जैसे सुख गई दामोदर सुवर्णरेखा
जैसे आसमान में मिल गई सुगंधित हवाएं
जैसे चूर-चूर हो गए मजबूत पहाड़
जैसे छटते-कटते चले गए जंगल/हम भी जा रहे/हम जा रहे हैं
जैसे चले गए भालू, हाथी और बाघ
जैसे चली गई घरों में फुदकती गौरैया/जैसे गायब हो गए मेढक
जैसे खो गई सब की सब तितलियां।"(6)

आदिवासी समाज चींटी से लेकर हाथी तक, मनुष्य, पेड़ - पौधा पहाड़, जानवर सबको एक समान देखते है । प्रकृति को अपने पुरखा मानते है । आदिवसी समाज के लिए वन, पहाड़, जंगल आदि हजारो वर्षो से आश्रयस्थल रहे हैं। वन्दना टेटे दुखी होकर कहती है कि पेड़, पहाड़, जंगल, खत्म होने लगे हैं, नदियां भी सुख गई तो हमलोग यहाँ रह कर क्या करेंगे। इतना ही नही आगे "कोन जोगा" पुस्तक में लिखती हैं कि

"पुरखा कथाओं में दर्ज/कोनजोगा टूट रहा है
पुरखा कथाओं में दर्ज/जतरा के ढोल की आवाज
दफन हो रही है।/छेनी और हथौड़ी की आवाज में
पाना, मारतुल और घन/ठोक रहे हैं
सीने पर कोनजोगा के/सरकारी नुमाइंदे
ठेकेदार और मुंसी।/हम चुप है/हम नही लड़ रहे
अपने लिए।/हम क्यो चुप है?
हम क्यो नही लड़ रहे? "।(7)

आदिवासी समाज अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के प्रति विरोध इसलिए नही करता कि वे शान्ति चाहते हैं। वे मालिक होने की दावा कभी नही करता। सरकार तथा पूजीपतियों ने गिद्ध की तरह नजर गड़ाये हैं कि प्रकृति संसाधनों का फटाफट और अन्धाधुंन दोहन कर लिया जाय। आदिवासी लेखको के साथ महिलाएं भी अपनी लेखनी के माध्यम से शांति बनाये हुए अपने ऊपर हो रहे अत्याचार को रचनाओं में पिरो कर आवाज उठा रहीं हैंवंदना टेटे की एक ऑर कविता "पहाड़ की ज़िंदगी " में विस्थापन की समस्या को देखा जा सकता है |सर्पीले सड़कें यहां/खींच लाई है तुम्हें
तुम क्या/तुम्हारे देवों को भी
घर हमारा अच्छा लगा तभी तो
किसी बहुरुपीये की तरह
रिप्यूजी की तरह/घुसपैठियों की तरह
घुसे चले आए तुम/कभी शांति की खोज में
तो कभी पनाह मांगते, डराते
और कभी प्रेम के चलावे से
घुस आए तुम/हमारी पहाड़ों में
घरों में और डाल लिया डेरा- घेरा
कर दिया हमें ही बेदखल"|(8)

अदिवासोयों की जल,जंगल,जमीन से विस्थापन केवल कविता में ही नहीं वंदना टेटे द्वारा संपादित पत्रिका "अखड़ा" में भी देखने को मिलती है। 'सलामी इक्का' लिखते हैं "झारखंड आंदोलन कर बुइधगर अगुआ, इतिहासकार और साहितकार डॉ. वीपी केशरी अंगरेजी राज से लेइ के आजाद भारत तक स्थिति पर बेस लिख है - 'बिहार के राजस्व का 75 प्रतिशत छोटानागपुर (झारखंड) देता है, जबकि यहाँ के विकास के लिए 18 प्रतिशत का दिखावा नियोजन मिलता है योजनाओं में। नौकरी, व्यवसाय, प्रशासन, नेतृत्व सभी क्षेत्रों में आदिवासी और सदान एक जैसे निर्वासित हैं।बाहर वालों का बोलबाला है। यहाँ के लोग इस उपनिवेशवादी शोषण को समझने लगे हैं और एकजुट होकर इसका प्रतिवाद करने लगे हैं। आत्मसाक्षात्कार की यह अनुभूति नागपुरी काव्य में-

"आब नागपुर चुप नइ रहीं, आब नागपुर बोली,
ढेइर दिन सुतल रहे, आब तो नजइर खोली।"(9)

आदिवासियों की समस्या का प्रतिरोध की स्वर इस पत्रिका के माध्यम से सुन ने को मिलता है। युवा रचनाकर 'जसिंता केरकेट्टा' आदिवासी कविता के क्षेत्र में इन दिनों काफी सक्रिय हैं। ये स्त्री-पुरूष सम्बंध और बाहरी समाज के आदिवासी के रिश्तों पर खुल कर बात करतीं हैं। ये नई पीढ़ी की रचनाकार हैं, लेकिन जंगल-पहाड़ से लेकर आदिवासीयत तक की कथानक उनके लेखन में देखने को मिलता हैं। अपनी कविता शीर्षक "अंगारे " में पहाड़ में बसे लोगों की प्रतिरोध का प्रतीक बनते हुए लिखती हैं-

"पीढ़ियों का भविष्य/पहाड़ो की तलहटी में
बेच रहा था बॉस।/तब छूटते ही मशीन के पंजो से
मैने उठा लिया बॉस।/इस बार ये बॉस बाजार नही जाएंगे
जंगलों के अंदर वे/बनेंगे हर हाथ का तीर धनुष।"(10)

जसिंता केरकेट्टा महान कवीयत्री हैं । सुस्पष्ट दृष्टि संपन्न कवि हैं । आदिवासी समाज और उनके दःख दर्द की व्यापक समझ और चेतना के परस्पर ही वे राष्ट्रीय सामाजिक , आर्थिक , वैश्विक चेतना से भी लैस हैं । समकालीन कवियों की जमात में उनकी उपस्थिति इन अर्थों में ध्यान आकृष्ट कराता है कि वे सतत राजनीति के छद्म चरित्र को अधिक से अधिक केन्द्रीय बनाए हुए हैं। साथी पेशे से पत्रकार हैं। आदिवासी इलाकों में संघर्षरत लोगों के साथ निरंतर उनकी आवाज बने हुए हैं। अतः उनकी कविताओं में उनके बुनियादी सवाल व संवेदना के समानांतर उनका दर्द भी अधिलिखित रुप में उपस्थित है:-

गाँव में वो दिन था, एतवार।/मैं नन्ही पीढ़ी का हाथ थाम
निकल गई बाज़ार।/सूखे दरख़्तों के बीच देख
एक पतली पगडंडी/मैंने नन्ही पीढ़ी से कहा,
देखो, यही थी कभी गाँव की नदी।/आगे देख ज़मीन पर बड़ी-सी दरार
मैंने कहा, इसी में समा गए सारे पहाड़।/
अचानक वह सहम के लिपट गई मुझसे
सामने दूर तक फैला था भयावह क़ब्रिस्तान।
मैंने कहा, देख रही हो इसे?
यहीं थे कभी तुम्हारे पूर्वजों के खलिहान।
नन्ही पीढ़ी दौड़ी : हम आ गए बाज़ार!
क्या-क्या लेना है? पूछने लगा दुकानदार।
भैया! थोड़ी बारिश, थोड़ी गीली मिट्टी,
एक बोतल नदी, वो डिब्बाबंद पहाड़
उधर दीवार पर टँगी एक प्रकृति भी दे दो,
और ये बारिश इतनी महँगी क्यों?(11)

प्रकृति और आदिवासी के बीच जन्म –जन्मांतर से गहरा और आत्मीय सम्बन्ध हैं। प्रकृति आदिवासियों की सहचरी रही हैं । प्रकृति को वे पुरखा मानते हैं, प्रकृति उनके सुख-दुख का साथी रही है । आज उसी जल, जंगल, जमीन से उन्हें बेदखल किया जा है, जबरन छीनी जा रही है । इस पर 'ग्रेस कुजुर' कहती है कि-

"इसलिए फिर कहती हूँ न छोड़ा प्रकृति को
अन्यथा यही प्रकृति एक दिन मांगेगी
हमसे तुमसे अपनी तरुणाई का
एक-एक क्षण और करेगी भयंकर बगावत
ओर तब न तुम होंगे न हम होंगे।" (12)

प्रकृति का विनाश कर के हम विकास की कल्पना नही कर सकते हैं लेकिन आज के समय मे एक भ्रामक धारणा बनी हुई है कि किसी न किसी को तो वलिदान देना ही होगा। नदियां सूखती जा रहीं है, पेड़-पौधे काट कर बड़ी- बड़ी इमारतें बन रहीं हैं, पहाड़ो को तोड़ कर समतल बनाया जा रहा है और उपजाऊ भूमि बंजर बनती जा रही है। प्रकृति के जो सौंदर्य और मनोरम दृश्य वे खत्म होते जा रहे हैं। ग्रेस कुजुर ने "हे समय के पहरेदारो" शीर्षक कविता में बढ़ते दोहन को देख कर चिन्ता व्यक्त कर रही है तथा सजग भी कर रहीं हैं-

"आज तुम, अपने स्वार्थ के लिए
पर्वतों के पत्थर, तोड़ रहे हो
बारूदी गन्ध से, जीवन को मरोड़ रहे हो।
क्या कभी नदियां, लौटकर पूछेंगी
अपने खण्डहर होते, पर्वतों से की
कहाँ गया उनका उद्गमन?/कहाँ गया उनका वैभव?
तब पर्वत रोयेगा, सुख जाएगी उनकी धाराएं।"(13)

ग्रेस कुजूर की कविता सिर्फ वर्तमान की स्थिति को ही बयान नहीं करती उनकी कविता में आदिवासी समाज के लिये एक आह्वान भी है। प्रतीक्षा कविता में उनकी हुंकार साफ देखाई दे रहा है -

"थर्मल पावर के दुधिया प्रकाश
और/जादूगोड़ा के जादुई चिराग तले

करंज तेल की ढिबरी लिए/मन के किस अंधेरे में
भटक रहे हो संगी?/जल, जंगल, जमीन के बिना
साल-वन के जीवन का व्याकरण
किन पंडितों के हाथों/तुमने गिरवी रखी है संगी?
कोटरों से निकल अपने/साल वन के सुग्गे भी
पूछ रहे हैं/अपने होने का पता/तुम्हारे उत्तर की प्रतीक्षा में।
संगी/अब भी खड़ी हूं मैं
चट्टान में खड़े,/इकलौते साल-वृक्ष की तरह
जो चुपचाप सींच लेता है/अपने हिस्से का पानी"](14)

आदिवासी लेखक कलम के माध्यम से अपने समाज मेंचेतना लेन के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध है। इस कविता में आदिवासियों की संस्कृति, जीवन, समस्या, जिजीविषा, शोषण और व्यवहार की सटीक अभिव्यक्ति हुई हैं-

"वे लुटने-लुटाने आ गए, हम गए परदेश
धरती उजड़ी जंगल उजड़े, रह गयां क्या शेष?झाड़ियां हो गई कमान सब बिरवे वीर
देखना बाकी है कलम को तीर होने दो
कोयले की घुम में सोए है पाव, कंधो पर अपने ही?
ढोये हैं गाँव, देह हो गई कमान सब आहै तीर
देखना बाकी है कलम को तीर होने दो।"(15)

इस प्रकार हम देखते हैं आदिवासी महिला रचनाकारों ने अपने महत्वपूर्ण लेखनी के माध्यम से आदिवासियों के मूल समस्या जो जल,जंगल,जमीन से जुड़ा हुआ है उस समस्या को उजागर कियााउन महान साहित्यकारों में रोज केरकेटा,वंदना टेटे,निर्मला पुतुल , सावित्री बड़ाइक, स्नेहलता नेगी, जसिंता केरकेट्टा,ग्रेस कुजूर और भी बहुत सारे साहित्यकार हैं जिन्होंने आदिवासीयत को आधुनिक समाज में उपस्थापित किया और अपने लेखनी के बलबूते आदिवासी समाज को एक नई पहचान दिलाई।

****

संदर्भ सूची:-

1. पुतुल ,निर्मला ,नगाड़े के तरह बजते शब्द ,भारतीय ज्ञानपीठ ,प्रथम संस्करण ,2005,पृष्ठ 14
2. मीना, डॉ बन्ना राम , आदिवासीनामा,साहित्य संचय,नई दिल्ली,प्रथम संस्करण,2018, पृष्ठ 97
3. शर्मा, डॉ सुरेन्द्र ,हिन्दी साहित्य में विबिध विमर्श,मनीष पब्लिकैशन ,नई दिल्ली,प्रथम संस्करण ,2021,पृष्ठ -249
4. मीणा,गंगा सहाय, आदिवासी चिंतन की भूमिका ,अनन्य प्रकाशन, नई दिल्ली,प्रथम संस्करण 2017, पृष्ठ,54
5. मीणा,गंगा सहाय, आदिवासी चिंतन की भूमिका ,अनन्य प्रकाशन, नई दिल्ली,प्रथम संस्करण 2017, पृष्ठ,61
6. टेटे ,वंदना ,कोन जोगा ,प्यारा केरकेटा फाउंडेशन ,रांची , प्रथम संस्करण 2015 , पृष्ठ,95
7. टेटे ,वंदना ,कोन जोगा ,प्यारा केरकेटा फाउंडेशन ,रांची , प्रथम संस्करण 2015 , पृष्ठ,93
8. टेटे ,वंदना ,कोन जोगा ,प्यारा केरकेटा फाउंडेशन ,रांची , प्रथम संस्करण 2015 , पृष्ठ,77
9. टेटे ,वंदना ,अखड़ा ,प्यारा केरकेटा फाउंडेशन ,रांची ,वर्ष -7 2013 , पृष्ठ,40
10. मीणा,गंगा सहाय, आदिवासी चिंतन की भूमिका ,अनन्य प्रकाशन, नई दिल्ली,प्रथम संस्करण 2017, पृष्ठ,64
11. केरकेटा ,जसिन्टा ,नदी ,पहाड़ ,ऑर बाजार ,हिंदवी ,पृष्ठ 04
12. मीना, डॉ बन्ना राम , आदिवासीनामा,साहित्य संचय,नई दिल्ली,प्रथम संस्करण,2018, पृष्ठ 99
13. मीणा ,हरिराम ,आदिवासी समकालीन कविता ,अलख प्रकाशन ,जयपुर ,प्रथम संस्करण ,2013,पृष्ठ -46
14. टेटे ,वंदना ,काविमन जनी मन ,राधाकृष्ण प्रकाशन ,नई दिल्ली , प्रथम संस्करण 2019 , पृष्ठ,177
15. गुप्ता ,रामणिका ,आदिवासी स्वर और नई सताब्दी ,कल्याणी शिक्षा परिषद ,नई दिल्ली,प्रथम संस्करण 2017 ,पृष्ठ -67

समकालीन हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी स्त्री: एक अवलोकन

दिम्पी दत्त
शोधार्थी
हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय-असम

आदिवासी समाज अपनी स्व-अस्मिता व अनोखी जीवन शैली के लिए मशहूर हैं। आदिवासी सभ्यता को इतिहास के अनेक कालखंड पर विभिन्न शोषणेकारी शक्तियों ने आहत किए। प्राचीन काल में भारतीय आर्यों सभ्यता ने आदिवासियों का शोषण किया तो वर्तमान की सापेक्षिकता में पूंजीपति तथा प्रशासनिक और राजनीतिक वर्ग के ठेकेदारों ने आदिवासी अस्मिता को निरंतर आघात किए ।आदिवासी समाज पहले तो गैर आदिवासियों से दूर दुर्गम जंगल-पहाड़ आदि में रहते थे, परंतु अब धीरे-धीरे आदिवासी लोग गैर – आदिवासियों के संपर्क में आने लगे हैं। आदिवासी समाज अब गैर-आदिवासियों से अछूता नहीं रहा। इसी कारण आदिवासी जीवन के हर पहलुओं पर गैर-आदिवासियों का प्रभाव कमोवेश रूप में दिखाई देते है। मूलतः आदिवासी समाज की सामाजिक संरचना सहज, सरल एवं नैसर्गिक हैं।

आदिवासी लोगों के जीवन जिजीविषा के विविध पक्षों को आदिवासी साहित्य अपनी सृजनात्मकता में द्योतित करती हैं।आदिवासी समाज और मुख्यधारा के अंतःसंबंधों को भी आदिवासी साहित्य में दर्शाया गया हैं। आदिवासी साहित्य में केवल आदिवासियों के जीवन शैली को ही मुखर नहीं किया गया हैं, इसमें आदिवासी जीवन पर गैर आदिवासियों के धार्मिक,सामाजिक, राजनीतिक प्रभावों को भी बखूबी चित्रण किया गया हैं।

पितृसत्तात्मक गैर आदिवासी समाज में स्त्रियाँ जैसे शोषण का शिकार होती है, वैसे ही आदिवासी समाज भी उससे अछूता नहीं है। इस संदर्भ में रमणिका गुप्ता लिखती हैं कि - "औरत चाहे किसी भी वर्ग की हो, वर्ण की हो, कैसी भी धार्मिक, सामाजिक स्थिति की हो उसे अपना फैसला करने का हक देना समाज अपनी तौहीन मानता है। वह उसका पीछा करता है, उसे झुकने पर मजबूर करता है। मध्य वर्ग की औरतों में यह सामाजिक सुरक्षा के नाम पर होता है। बड़े वर्ग में अहम, आन-बान, वंश, संस्कार और प्रतिष्ठा भी पाते है सुरक्षा के साथ। निम्न वर्ग में आर्थिक मजबूरी बन जाती है।"1(रमणिका गुप्ता, मौसी, पृ-35) इस तरह स्पष्ट होते हैं कि समाज के विभिन्न समुदायों में स्त्रियों के प्रति दोहरे मानदंडों की निर्मिति की गई हैं, जो स्त्रियों के व्यक्तिगत और सामाजिक सत्ता को आघात करती हैं। समय बदलने के साथ स्त्रियों की समस्याएँ, उनकी स्वरूप और जीवन शैली में बदलाव आए है। स्त्री जीवन के उन तमाम पहलुओं को समकालीन साहित्यकार अपनी लेखनी द्वारा उजागर करने में प्रयासरत हैं, जो नारी अस्मिता के प्रश्न से जुड़े हुए हैं। आदिवासी जीवन केंद्रित उपन्यासों में आदिवासी जीवन-संस्कृति के विविध पक्षों के अलावा आदिवासी स्त्रियों के जीवन शैली और उनके संघर्ष को विशेष महत्व दिया गया है। आदिवासी स्त्रियों की जीवन-शैली सामान्य स्त्री विमर्श के मानदंडों पर खड़े नहीं उतरते। सामाजिक संरचना अलग होने के तहत दोनों समाज के स्त्रियों की जीवन मूल्यों में भिन्नताएं देखने को मिलती हैं। सामाजिक असमानता एवं पितृसत्तात्मक सोच के कारण दोनों ही समाज की स्त्रियों को सामाजिक दंश झेलना पड़ता है। इसी संदर्भ में वंदना टेटे लिखती हैं- "विस्थापन,पलायन और औद्योगीकरण की सबसे ज्यादा मार आदिवासी महिलाओं को ही भोगनी पड़ी है। इन जगहों पर चाहे वह आदिवासी समाज के महिला हो या गैर आदिवासी समाज की, दिहाड़ी मजदूर 'रेजा' हो या फिर किसी सरकारी अथवा गैर-सरकारी विभाग में कार्यरत मेध्यवर्गीय महिला, दोनों ही समान रूप से उत्पीड़ित हैं।"2(वंदना टेटे,आदिवासी साहित्य परंपरा और प्रयोजन, पृ-49)।उत्तर आधुनिक काल में 'भूमंडलीकरण' नाम से एक नये मॉडल लोगों के समक्ष आएं, जिसने समाज में व्याप्त तमाम मानदंडों को चुनौती देकर धीरे-धीरे एक अलग तरह के समाज व्यवस्था के निर्माण की मांग की। भूमंडलीकरण के इस दौर ने स्त्री जीवन के नक्शा ही बदल दिए। अभय कुमार दुबे लिखते हैं-"भूमंडलीकरण ने औरत की देह, उसके श्रम, उसकी छवि, उसके सौन्दर्य और कमनीयता का अतीत के किसी भी काल के मुकाबले सर्वाधिक दोहन किया। भूमंडलीकरण ने पितृसत्ता का कुछ नए रूप

उसने परंपरा और धर्म के अलावा आर्थिक आधुनिकीकरण और वैचारिक आग्रहों को भी नयी पितृसत्ता का जनक बना दिया।"3(अभय कुमार दुबे, भूमंडलीकरण बनाम नारी मुक्ति पितृसत्ता के नये रूप, भारत का भूमंडलीकरण,पृ-220)।पितृसत्तात्मकता ने प्रत्येक वर्ग के स्त्री अस्मिता को सामाजिक और आर्थिक स्तर पर प्रभावित किया है। विशेषकर आदिवासी स्त्रियों को 'सेक्स टॉय' के रूप में देखने वाली मानसिकता को भूमंडलीकरण ने ही बढ़ावा दिया है। आदिवासी महिला के संदर्भ में रमणिका गुप्ता लिखती हैं-"औरते इस समाज में हमेशा ही ज्यादा खटती रही हैं। अब थोक माल में उन्हें सस्ते मजदूर के रूप में सप्लाई करना या व्यक्तियों के हाथ में बेचना या अन्य गलत पेशों में लगना भी शुरू हो गया है और बाहरी दलालों की तरह इन्हीं के समाज में पनप गया है एक दलाल जमात। यह दलाल जमात बाहर के शहरों सपने समाज को दिखाकर पुराने मूल्यों को नष्ट कर रही है।"4(रमणिका गुप्ता, मौसी, पृ-35)आदिवासी जीवन पर केंद्रित हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी महिला समाज के हर क्षेत्र में पुरुष की बराबरी करती हुई नजर आती हैं। घर के अंदर से लेकर बाहर खेतों या फिर शिकार तक आदिवासी स्त्रियाँ पुरुषों का साथ देती हैं। चोरी से लेकर शिकार तक आदिवासी स्त्रियाँ माहिर हैं। केवल यहीं नहीं, आदिवासी स्त्रियाँ औपनिवेश काल में अंग्रेजों के खिलाफ किए गए आंदोलनों से लेकर अभी के पूँजीपतियों के खिलाफ लड़े जानेवाले हर चुनौतियों में पुरुषों का साथ निभाती हैं। अंग्रेजों के खिलाफ सिद -कानू या बिरसा मुंडा का जो आंदोलन चला था, उसमें उनके बहन, पत्नी आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अन्य आदिवासी स्त्रियाँ भी उनके साथ मरते दम तक खड़े रहें। आदिवासी जीवन पर केंद्रित हिंदी उपन्यासों में हर काम में आदिवासी स्त्रियों का बराबर भागीदारी नजर आती है।साहित्य में आदिवासी स्त्रियों को स्वतंत्र एवं स्वच्छंद रूप में दर्शाया किया गया हैं। इसी संदर्भ में डॉ. रोज केरकेटटा कहती हैं-"महिलाओं से संबंधित आदिवासी साहित्य में जिस महिला का चित्रण किया जाता है, वह या तो बहुत गरीब होती है या बहुत रोमांटिक युवती, जिसके साथ प्रेम किया जाता है, जो गाना गाती है, पहाड़ों में कूदती-फांदती है और नाचती है लेकिन उनकी असलियत नहीं दिखाई जाती। बहुत- सी आदिवासी माहिलाएं किसी के घर में दाई का काम करती हैं। वे ईमानदारी और सेवा भाव से मालिक को खुश भी रखती हैं, जिससे उनकी अपनी पहचान नष्ट हो जाती है। इस यथार्थ की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है।"5(रोज केरकेटटा, आदिवासी महिलाओं का शोषण रोकना होगा, सं- रमणिका गुप्ता,आदिवासी समाज और साहित्य, पृ-88)। इस बिन्दु पर आदिवासी स्त्री और सामान्य स्त्री में फर्क नजर आता हैं। आदिवासी स्त्रियों में प्रेम करने की स्वतंत्रता है, साथ ही वह अपनी मर्जी से पुरुषों के साथ यौन संबंध भी स्थापित कर सकती है। यहाँ तक कि आदिवासी स्त्रियों को विवाह से पूर्व संतान जन्म देने की भी पूर्ण स्वतंत्रता हैं। जो बात सामान्य स्त्रियों के लिए कल्पनातीत है, वो आदिवासी स्त्रियों के लिए सामान्य सी बात हैं। ज्यादातर आदिवासी समाज में इसको सामान्य घटना की तरह ही अपनाया जाता है। उदाहरणस्वरूप हम संजीव के 'धार' उपन्यास के पात्र 'मैना' को देख सकते हैं। 'मैना' जब जेल में रहती है, तब उसके साथ बलात्कार होता है। जिसके बाद 'मैना' गर्भवती होती है और बच्चा जन्म देती है और वह बच्चे को उस जेलर को सौपती हैं, जिसने उसके साथ बलात्कार किया था। उसके बाद वह जब घर आती है, तब गाँव वाले उसको अपनाते हैं। ऐसी घटना हमें तथाकथित सभ्य समाज में दिखाई नहीं देते। भगवान दास मोरवाल के उपन्यास 'रेत' में भी हमें गैर आदिवासी समाज से भिन्न परिस्थिति देखने को मिलता हैं। वेश्यावृत्ति जो समाज के लिए अभिशाप माना जाता हैं, उसको 'रेत' में लेखक अलग ही ढंग से प्रस्तुत किया हैं। 'रेत' में वर्णित 'कंजर' समुदाय की औरतें सामूहिक रूप से वेश्यावृति को अपनाते हैं। इसमें भी औरत पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। वह स्वयं फैसला करती है कि उसको भाभी बनना है या बुआ (वेश्यावृति अपनानेवाले औरतों को 'कंजर' समुदाय में बुआ कहा जाता है और जो शादी करते है , उन्हें भाभी कहा जाता है, भाभियों के लिए देह व्यापार माना है)। उनके ऊपर कोई सामाजिक दबाव नहीं रहता। उपन्यास के पात्र 'संतों' एवं 'पिंकी' के द्वारा दिखाया गया हैं कि कंजर समुदाय की औरतें वेश्यावृत्ति छोड़ के शादी करके संसार बसाने से ज्यादा बुआ बनके वेश्यावृत्ति को अपनाना ज्यादा सही मानते हैं। इसीलिए पिंकी की माँ संतों अपनी बेटी की बुआ बनने के फैसले पर खुश हो जाती है और वैद्य जी से कहती है-"वैद्य जी बुआ ही ठीक है.... बुआ बन के कम से कम मेरी तरह नरक तो न भोगेगी।"6 (भगवानदास मोरवाल, रेत,पृ-74)। संतों के जरिए उपन्यासकार कंजर समाज और वेश्यावृत्ति की एक अलग ही छवि प्रस्तुत करता है। संतों खुद फैसला की थी कि वह भाभी बनेगी पर बाद में वह अपनी ज़िंदगी से परेशान होकर कहती है- "क्या मिलता ब्याह करके ज़िंदगी भर खसम और औलाद के साथ-साथ भाभी बनी सास-ननदों की चाकरी ही तो करनी पड़ती है। बड़ी बुआ बनी रहती तो उमर भर मजे करती।"7(भगवानदास मोरवाल, रेत,पृ-22)। इस उपन्यास में दर्शाया गया हैं कि किस तरह वेश्यावृत्ति के जरिए पिंकी की बुआ 'रुक्मिणी' खुद को राजनीतिक क्षेत्र में स्थापित करती है। दरअसल इन उपन्यासों में आदिवासी समाज के भिन्न नैतिक मानदंडों को दर्शाया है। परंतु ध्यान देने योग्य बात यह है कि 'रेत' में जिस तरह वेश्यावृत्ति को 'ग्लोरीफाई' किया गया है, उसके विपरीत स्थिति अन्य उपन्यासों में दिखाई देता है। उदहरणस्वरूप शरद सिंह का उपन्यास 'पिछले पन्ने की औरतें' घुमक्कर आदिवासी समुदाय 'बेड़नियाँ' के औरतों पर आधारित है। इस उपन्यास में वेश्या जीवन से जुड़ी तमाम संघर्षों को दिखाया गया है। 'पिछले पन्ने की औरतें' में आदिवासी स्त्रियाँ घर चलाने के लिए मजबूर है। इसीलिए बेबस उसे वेश्यावृत्ति को अपनाना पड़ता है।अपने मर्द को झूठी केस से बचाने के लिए हो या फिर आर्थिक संकट के कारण मजबूरन देह की सौदा आदिवासी स्त्रियों को करना पड़ता हैं । लेकिन अपनी अस्मिता व स्वाभिमान के ख़ातिर उन्हें भी ये कतई पसंद नहीं होता।

आदिवासी स्त्रियों में साहस एवं आत्मसम्मान की भावना भरपूर मात्रा में दिखाई देती हैं। मैत्रेयी पुष्पा की उपन्यास 'अल्मा कबूतरी' में 'भूरी','कदमबाई', 'अल्मा' अपने हक एवं बेहतर ज़िंदगी के लिए कज्ज के साथ-साथ अपने समाज से भी लड़ती हैं। लेकिन ये लोग कभी अपने आत्मसम्मान के समझोता नहीं करते। कज्ज 'मांसाराम' धोखे से कदमबाई के साथ शारीरिक संबंध बनाता है। जिसके नतीजे में 'राणा' का जन्म होता है। कदमबाई को सबकुछ पता होने के बावजूद वह राणा को जन्म देती है और स्वयं ही पालन-पोषण करती है। कदमबाई की आत्मसम्मान की भावना उपन्यास में इस प्रकार झलकता है-"कहाँ हैं मंसाराम? मरते दम तक यही सकून रहेगा कि उसने उनसे कोई मदद नहीं ली। उनके बच्चे की माँ बनी थी, भिखारिन नैन हुई कि पालन-पोषण का मुआवजा माँगती और माँ के हक को छोटा करती। बच्चे को दूध को पिला सकती थी, रोटी नहीं दे पाई! न सही..."8(मैत्रेयी पुष्पा, अल्मा कबूतरी, पृ-44)ज्यादातर आदिवासी समाज मातृसत्तात्मक हुआ करते थे। अब इसमें परिवर्तन नजर आते हैं। 'हो' आदि ऐसे आदिवासी समुदाय है, जो धीरे-धीरे पितृसत्तात्मक समाज में तब्दील हो चुकी हैं। आदिवासी समाज में न्याय व्यवस्था बहुत ही महत्वपूर्ण हैं।आदिवासियों के लिए पुलिस-कचहरी से गाँव पंचायत ज्यादा एहमियत रखता हैं। किसी भी समस्या को आपस में सुलझाने में आदिवासी समाज विश्वास रखते हैं। इस बिन्दु पर हम इस बात को नजरदाज नहीं कर सकते हैं कि मातृसत्तात्मक आदिवासी समुदायों में भी न्याय व्यवस्था हमेशा पुरुष तांत्रिक ही रहा हैं। अर्थात आदिवासी समाज में भी शासन का डोर पुरुष के हाथ में ही है। उदाहरणस्वरूप 'रेत' में वर्णित 'कंजर' समुदाय मातृसत्तात्मक है। परंतु जब न्याय व्यवस्था की बात आती है, तब देखा जाता हैं कि न्याय व्यवस्था पुरुष ही चला रहा हैं। इसी प्रकार मातृसत्तात्मकता होते हुए भी कहीं न कहीं आदिवासी समुदाय पुरुष द्वारा ही परिचालित है। आदिवासी समाज में लड़की वालों को दहेज नहीं देना पड़ता, बल्कि लड़के वालों को वधुमूल्य देना पड़ता है। इसी प्रथा के कारण कभी-कभी लड़की की शादी का उम्र ढल जाता है। लड़की का पिता अधिक 'गोनोग'(वधुमूल्य) के लालच में अपनी बेटी का विवाह नहीं कराते। महुआ माजी का उपन्यास 'मरंग गोडा नीलकंठ हुआ' में इसी बात का जिक्र मिलता है। ऐसी स्थिति में लड़की को भागकर शादी करना पड़ता हैं। इसमें लड़की का पिता पुरुष सत्तात्मकता का प्रतीक हैं। इस उपन्यास में यह भी देखा जाता हैं कि उपन्यास का नायक 'सगेन' की ताई को डायन समझ के अपने ही समाज के लोग अत्याचार करते हैं। 'अल्मा कबूतरी' में भी 'भूरी' जब अपने बेटे को पढ़ाने के लिए सबकुछ करने को तैयार होती है और दूसरी शादी से माना करती है, तब अपने समाज के लोग ही उसके ऊपर शारीरिके एवं मानसिक दबाव डालते हैं। ऐसे ही कदमबाई का बेटा जब चोरी करने में असमर्थ होता है और समाज के

नियमों का उलंघन करता है , तब कदमबाई से दारू बेचने का हक छीन लिया जाता है। इसी प्रकार आदिवासी स्त्रियाँ समय-समय पर अपने ही समाज के पुरुषों द्वारा शोषित होती हैं। आदिवासी समुदाय हर तरफ से गैर आदिवासियों द्वारा पीड़ित है। जिसका बखूबी चित्रण आदिवासी केंद्रित हिन्दी उपन्यासों में दिखाई देता है। परंतु इस मामले में आदिवासी पुरुष की स्थिति आदिवासी स्त्रियों से बेहतर हैं। इसका एकमात्र कारण है आदिवासी स्त्रियों की शरीर। दरअसल सदियों से ही पुरुषसत्तात्मक समाज स्त्री को केवल भोग्य वस्तु के नज़रों से देखा है। साहित्यकार भी नारी सौन्दर्य का मानदंड तैयार करके इसी मानसिकता को बढ़ावा दिया है। इसी कारण समाज की हर वर्ग की स्त्रियाँ समय-समय पर शारीरिक शोषण का शिकार बन के आए हैं। पर इस बात को भी हम नकार नहीं सकते कि साहित्य ने स्त्री स्वर को मुखरित भी किया है और अपने अधिकार के लिए लड़ने को प्रेरित भी। साहित्य ही एक जरिया है, जो स्त्री समाज को अभिव्यक्ति के लिए एक मंच दिया है। साहित्यिक मंच के जरिए ही आज मुख्यधारा के स्त्रियों के साथ-साथ आदिवासी स्त्रियाँ भी इसका सदुपयोग करके अपनी लेखनी द्वारा अपने समाज को जागरूक कर रहें हैं। महुआ माजी, रोज केरेकट्टरा, निर्मला पुतुल आदि ऐसी आदिवासी लेखिकाएं हैं, जो अपनी लेखनी द्वारा आदिवासी स्त्री आंदोलन का मोर्चा संभाली है। समाज में हमेशा नारी को दोयम दर्जा प्राप्त होती हैं। एक तरफ पुरुष का समकक्ष या उससे भी ऊपर 'देवी' मानकर पूजा की जाती है , तो दूसरी तरफ उसी नारी का शोषण भी इसी समाज में होती है। आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर होने के कारण आदिवासी स्त्रियों का स्थिति सामान्य स्त्रियों से अधिक दर्दनाक है। आदिवासी साहित्य में इसका मार्मिक चित्रण हुई है। इसी संदर्भ में निर्मला पुतुल जी लिखती हैं- "आदिवासी औरत को पुरुष हमेशा वासना की नजर से देखता है। आदिवासी स्त्री इस बात को अच्छी तरह से महसूस कर सकती है। यहाँ के इतिहासकारों तथा सभ्य समाज के बौद्धिक कहे जानेवाले लेखकों ने उन्हें गलत ढंग से चित्रित किया है तथा उन्हें ऐसा ही जाना व समझ गया है। आदिवासियों का शोषण आजादी से पहले गोरी चमड़ी के लोगों ने किया, अब काली चमड़ी के लोग कर रहे है।"9(शबनम तबबसुम,आदिवासी नारी की संघर्ष-गाथा:अल्मा कबूतरी,सं-मनीष कुमार गुप्ता, आदिवासी समाज और हिन्दी उपन्यास, पृ-132)। केवल जीने के लिए ही आदिवासी स्त्रियों को न चाहते हुए भी शरीर का सौदा करनी पड़ती हैं। ऐसा प्रतीत होता हैं कि जैसे आदिवासी स्त्रियों को अपने शरीर पर कोई अधिकार ही नहीं है। जब जिसका मन करें वो उनके शरीर या मन के साथ खिलवाड़ कर सकते हैं। संजीव का उपन्यास 'जंगल जहाँ शुरू होता है' में थारू आदिवासी समुदाय की स्त्रियों का यौन शोषण एक तरफ से डाकू करते है और दूसरी तरफ पुलिस और प्रशासन वाले। झूठी केस में फँसाकर आदिवासी पुरुष को जेल के अंदर डालना और उसको जेल से छुड़ाने के बदले स्त्रियों के साथ जबरदस्ती करना पुलिसवालों के लिए बहुत ही साधारण बात हैं। एक जैसी ही स्थिति हमें मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'अल्मा कबूतरी' में भी दिखाई देती हैं। इस उपन्यास में भी 'कबूतरा' स्त्री एक तरफ से पुलिसवाले और दूसरी तरफ से 'कज्ज' (गैर आदिवासी) लोगों से शारीरिक रूप से पीड़ित है। विडम्बना तो यह है कि वे लोग चाहकर भी इसका विरोध नहीं कर सकते। होली के अवसर पर होनेवाले हादसे द्वारा मैत्रेयी पुष्पा स्त्रियों के ऊपर होनेवाले अमानवीय अत्याचारों को बहुत ही मार्मिक रूप से व्यक्त किया है। जिसमें पुलिस रक्षक नहीं भक्षक के रूप में दिखाई देती है। आदिवासी स्त्रियों के साथ पुलिसवालों का अमानवीय व्यवहार इस प्रकार वर्णन किया गया है - "अरहर की पत्तियां हरी से लाल हो गई। सरमन की औरत रो भी न सकी। डंडेवाला पीछे था, जाँघों में डंडा घुसाने लगा।"10(अल्मा कबूतरी, मैत्रेयी पुष्पा, पृ-44)। कबूतरी स्त्रियों की ज़िंदगी पशु से भी बदतर है। मैत्रेयी पुष्पा 'जमुना'/'जमुनी' के दर्दनाक मृत्यु द्वारा इस बात को बड़े ही मार्मिक ढंग से अंकित किया है। जमुनी को होली के अवसर पर होने वाले हादसे के दौरान कीचड़ में ही बच्चा जन्म देना पड़ता है और परिस्थिति भी ऐसी हो जाती है कि उसी समय उसकी मौत भी हो जाती है। रणेन्द्र का उपन्यास 'ग्लोबल गाँव का देवता' में भी गैर आदिवासियों द्वारा आदिवासी स्त्रियों पर करने वाले यौन शोषण को दिखाया गया है। जहाँ स्कूल में ही इनका शारीरिक शोषण होता हैं।

मैत्रेयी पुष्पा 'अल्मा कबूतरी' में आदिवासी स्त्री जीवन के अन्य पहलुओं के साथ कदमबाई के जरिए स्त्री मन की मानसिक द्वन्द्व को भी उकेरा है। कदमबाई अक्सर मानसिक द्वन्द्व के शिकार बनती है। अपने मृत पति जंगलिया और पति की हत्याकारी मंसाराम के बीच वह फंस जाती है। कभी वह अपने पति के हत्याकारी मंसाराम से नफरत करती है तो कभी अपने बेटे के पिता होने के नाते उसके प्रति कोमल भावना भी रखती है। अपने बेटे राणा को वह कभी अन्य कबूतरा की तरह चोरी-डकैती में पारंगत भी कराना चाहती है तो कभी कज्ज लोगों के तरह पढ़ाना चाहती है।

आदिवासी जीवन पर केंद्रित हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी स्त्रियों का शोषण या फिर उनकी मजबूरी का तो वर्णन मिलता है परंतु उस परिस्थिति में उनके मन:स्थितियों के गहराई तक जाकर उसे समझने की कोशिश बिरले लेखकों में ही मिलती है।इस संदर्भ में वंदना टेटे लिखती है- "भारतीय साहित्य में आदिवासी महिलाएं परदेशी के प्रेम में देह सौंपती। दाई, आया, सेविका आदि के रूप में मार खाती, बलात्कार भोगती हुई ही दिखाई देती हैं। अस्मिता, स्वशासन और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए संघर्ष करती हुई आदिवासी स्त्रियाँ साहित्य और फिल्मों में एकसिरे से गायब है।"11 आदिवासी स्त्रियों की स्थितियाँ पारंपरिक स्त्रियों से बहुत हद तक अलग है। वर्ग-वर्ण एवं परिस्थितियों ने आदिवासी स्त्रियों को समाज के अन्य वर्ग के स्त्रियों से भिन्न कर दिया हैं। ऊपरी निगाहों से देखने से आदिवासी स्त्री स्वतंत्र एवं स्वच्छंद दिखाई देती है। लेकिन गहराइयों से देखा जाए तो उनकी स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में अस्पष्टता और दोहरापन नज़र आते हैं। बहरहाल, यह ज्ञातव्य कि आदिवासी साहित्य में खास करके उपन्यासों ने आदिवासी स्त्री जीवन को एक विस्तृत पृष्टभूमि प्रदान किया है। बड़े कलेवर होने के नाते उपन्यास आदिवासी जीवन के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ आदिवासी स्त्रियों के जीवन जिजीविषा के लग-भग प्रत्येक पहलुओं को विस्तृत रूप से पाठकों के सामने प्रस्तुत करने में समर्थ हुई है। आदिवासी केंद्रित हिन्दी उपन्यासों में अवला शोषित नारियों से लेकर साहसी एवं सतत संघर्षशील स्त्रियों का चित्रण मिलता है। आदिवासी स्त्रियों को संघर्ष एवं कष्ट मंजूर है पर हारना मंजूर नहीं है। सबकुछ कुर्बान करके भी अपने लक्ष तक पहुंचना, अपने हक के लिए लड़ना, अपनी स्थिति को सुधारने की जज्बा आदिवासी स्त्रियों में दिखाई देती हैं। अपनी ज़िंदगी में सर्वस्व खोकर भी अपनी अगली पीढ़ी को एक बेहतर ज़िंदगी देने के लिए आदिवासी स्त्रियाँ हमेशा संघर्षरत रहती हैं। मैत्रेयी पुष्पा इसीलिए लिखती है-"भूरी समझ रही थी – बेटे का उजाले-भरा रास्ता माँ की देह से गुजर रहा है।"12(मैत्रेयी पुष्पा, अल्मा कबूतरी, पृ-75) साथ ही पुष्पा जी यह भी लिखती है-"माते, पुजारी, सिपाही, मास्टरों के जरिए रामसिंह के लिए इज्जत खरीदनेवाली माँ बेहिचक बेइज्जत होती रही।"13(मैत्रेयी पुष्पा, अल्मा कबूतरी, पृ-77) इस प्रकार स्पष्ट होता हैं कि आदिवासी स्त्रियों में कोमलता के साथ-साथ परिस्थितियों से जूझने की ताकत एवं प्रबलता हैं।

******

सहायक ग्रन्थ सूची:-

1. स. डॉ. गुप्ता, मनीष कुमार(2017). आदिवासी समाज और हिंदी उपन्यास(प्रथम संस्करण).कानपुर: अनुसंधान पब्लिशर्स एन्ड डिस्ट्रिब्यटर्स
2. स. डॉ. वर्मा,गीता, एवं गोंड़, रवि कुमार(2012).वर्तमान समय में आदिवासी समाज (प्रथम संस्करण).अलीगढ़: वाङ्मय बुक्स
3. स. हमीमा, ओ.पी.(2019). समकालीन साहित्य:आदिवासी विमर्श(प्रथम संस्करण). कानपुर:अमन प्रकाशन
4. स.डॉ. चौधुरी, सविता(2017).हिंदी साहित्य में आदिवासी एवं स्त्री विमर्श(प्रथम संस्करण). कानपुर:रोली प्रकाशन
5. स. गुप्ता,रमणिका(2015).आदिवासी समाज और साहित्य(प्रथम संस्करण).नई दिल्ली:कल्याणी शिक्षा परिषद
6. डॉ. चौधुरी, सविता(2015).स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यासों में आदिवासी चेतना.कानपुर: अतुल प्रकाशन
7. डॉ. चन्देल,उपेन्द्र सिंह एवं डॉ. मेहरा,दिलीप(2017).आदिवासी संवेदना और हिंदी उपन्यास(प्रथम संस्करण).कानपुर:उत्कर्ष पब्लिशर्स एन्ड डिस्ट्रिब्यटर्स

आदिवासी स्त्री जीवन संघर्ष को व्यक्त करता, तुम्बम रीबा जोमो 'लिली' के उपन्यास "उस रात की सुबह "

प्रो. विष्णु सरवदे
शोध निर्देशक- हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय

निम्मी सलोमी किन्डो
शोधार्थी
हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय
मो.7320049860

"तुम देवों ने वैदिक कर्महीन किया नारी को
धर्मशात्रों की व्यवस्थाएं बदली/स्व अनुरूप
स्त्रिया 'इन्द्रिय शून्य' हुई घोर 'असंयमशीला'
'शास्त्रज्ञान से रहित' 'असत्य की मूर्ति 'निपट
दिए पुरुषो ने/आकाश ने भोगा एकछत्र अखंड राज्य
किन्तु धरती को/बांटा खंड - खंड में "1

स्त्री, पुरुष वर्चस्व के कारण सदियों से उत्पीड़न सहती और उत्पीड़ित होती आ रही हैं। अपने पक्ष की लड़ाई भी वह स्वयं लड़ती आ रही है। उदाहरण स्वरूप - सतयुग मे इंद्रलोक की अप्सराएं, शकुंतला,गार्गी वा माधवी जैसे पात्रों को भी पुरुष वर्चस्व के कारण उत्पीड़न सहना पड़ा था। त्रेता युग मे सीता और द्वापर युग में द्रोपदी जैसे चरित्र भी अपने पक्ष की लड़ाई स्वयं लड़ते हुए समस्त स्त्रियों को प्रतिरोध करने के लिए प्रेरित करती हैंनारी को दलित -गुलाम बनाने का इतिहास इस देश में बहुत पुराना है । स्त्री युग -युग से पराधीन है, उपेक्षित है प्रताड़ित है । भारतीय राष्ट्र के सन्दर्भ में हाशिये के समाज में निःसंदेह आधी मानवता के रूप में महिलाएं हैं। स्त्री इस देश का पाँचवा वर्ण है। इससे इतर स्त्री, पुरुष को साथ -साथ लेते हुए दलित, आदिवासी वा अति पिछड़े अन्य वर्ग और अल्पसंख्यक शामिल माने जाते हैं। स्त्री की दशा इतिहास में पुरुष की तुलना में कुल मिलाकर दोयम दर्जे की रहती आई है चाहे समाज में मातृ सत्तात्मक, परिवार की वास्तविकता रही हो या भारतीय शास्त्रों में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते ' का कथन रहा हो। पुराणेतिहास में विदुषी गार्गी की विद्वता का प्रमाण मिलता है। उसने याज्ञवळक्या को चुनौती दी और बदले में उसे क्या मिला? ब्रह्मसत्ता और चिंतन तक पुरुषों ने अपने लिए सुरक्षित रख लिया और नारी तथा शूद्र को एक कोटि में लाकर ज्ञान - क्षेत्र से बाहर कर दिया। उनके नाम सिर्फ और सिर्फ गुलामी का पट्टा लिख दिया। यह दशा कालांतर में विकसित पुरुष वर्चस्व के विकसित होते जाने के साथ पैदा हुई। कात्यायनी अपने व्यंग्य से कुछ इस प्रकार इस पुरुष प्रधान समाज के वर्चस्व की भर्त्सना करती नज़र आती हैं -

"मत जाओ गार्गी प्रश्नों की सीमा से आगे
तुम्हारा सर काटकर लुढ़केगा ज़मीन पर
मत करो याज्ञवल्क्यों की अवमानना
मत उठाओ प्रश्न ब्रह्मसत्ता पर/वह पुरुष हैमत तोड़ो इन नियमों को।"[2]

हमारे भारतीय समाज में स्त्रियों के अस्तित्व का सवाल अंतरविरोधी विषय है। अगर हम परम्परागत मान्यताओं को देखे तो स्त्री को जहाँ शक्ति के रूप में माना गया है वहीं सामाजिक तौर पर, आम भाषा में उनको अबला कहकर सम्बोधित किया जाता है। ये सभी धारणाएं संस्कृति, मान्यताएं, इतिहास आदि पुरुषो के ही द्वारा रचे गए हैं। पितृसत्तात्मक समाज में पुरुषो के के अहम् ने स्त्री के छवि को इन्हीं दोयम दर्जे पर भ्रमित कर रखे हुए हैं। कभी उन्हें सर्वोत्तम मानकर देवी कहते हुए पूज्य बताते हैं तो फिर कहीं व्यवहार जगत में उसे कामवासना का साधन मानते हुए त्याज्य, भोग्य, माया यहाँ तक कि मुक्ति मार्ग में बाधक भी मानते हैंसदियों से समाज में लोगों ने नारी को कमतर वर्ग में आँका है। नारी के जिम्मे तमाम कर्तव्यों कि बात आती है पर जब उनके अधिकारों कि बात आती है तो लोगों में चुप्पी छा जाती है. पर इससे क्या? नारी ने तो बस देना ही सीखा है, कभी अपने लिए लेना नहीं। "नारी सशक्तिकरण का अर्थ यह नहीं कि नारी को शारीरिक तौर पर ही सशक्त बनना है बल्कि उसका एक तरीका यह भी है कि नारी के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में एक सकारात्मक और खूबसूरत बदलाव लाना।"[3]तुम्बम रीबा जोमो 'लिली ' के उपन्यास 'उस रात की सुबह ' में अरुणाचल प्रदेश की शोषित, पीड़ित, संघर्षशील आदिवासी स्त्रियों का वर्णन किया गया है। भारत के पूर्वोत्तर में बसा राज्य अरुणाचल प्रदेश जहाँ पर सूर्य सर्वप्रथम अपनी स्वर्णिम रोशनी की छटा बिखराती है यहीं पर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर घाटी पश्चिम सियांग जिले के बसार के पागी ग्राम में जन्मी तुम्बम रीबा जोमो 'लिली 'समाज में एक सकारात्मक बदलाव की आकांक्षी और पेशे से शिक्षिका है, अपने फ़ौज से सेवा -निवृत पिता को अपनी प्रेरणा मानती हैं और उन्हीं के नक़्शे कदम पर समाज सेवा में अपना योगदान देने में विश्वास रखती हैं। हिंदी भाषा और लेखन कार्य में इनकी काफ़ी रूचि है, हिंदी में ही राज्य की राजधानी ईटानगर शहर के देरा नातुंग शासकीय महाविद्यालय में बतौर सहायक प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवा देती आई राकेश कुमार सिंह ने अपने उपन्यास 'जो इतिहास में नहीं ' में कामी पुरुषो की वासना की शिकार होती नारियों के शोषण की दयनीय स्थिति का चित्रण कुछ इस प्रकार किया है - "ईस्ट इंडिया रेलवे की इस बड़ी परियोजना में लाखों वनवासी श्रमिक कार्यरत थे. पुरुष, स्त्रियां, किशोर तथा अधेड़ आदिवासियों के बड़े -बड़े दल स्थानीय ठेकेदारों के लिए दिन -रात काम करते थे रेल विभाग में ठेका चलाने वाले ठेकेदार आदिवासी किशोरियों - युवतियों को प्रायः अपने तम्बू में खींच ले जाते थे. कभी अकेली, कभी दसियों आदिवासिने मद्यप ठेकेदारों और वर्षों से स्त्री -सुख को तरसते रेल अधिकारियों की वासना पूर्ति हेतु उठा ली जाती थी।"5सदियों से जनजातीय स्त्री अपने ही समाज मे उपेक्षा की शिकार होती आयी हैं। पुरुषों के पास दो-तीन या कई-कई बीवियाँ हो तो समाज में उनका रुतबा और ऊँचा हो जाता था, गांव भर में उनकी मर्दानगी और रईसपन के सभी लोग गुणगान गाने लगते थे। 'उस रात की सुबह' द्वारा लेखिका ने समाज मे व्याप्त सामाजिक रीति-रिवाजों और नियमों का हवाला देते हुए स्त्रियों पर हो रहे अत्याचार का वर्णन किया हैयह उपन्यास नारी की विवशता और उसका फायदा उठाते लोगों को बयां करती है। यह कहानी है एक ऐसी नवयुवती यापी की जिसकी शादी बचपन में ही एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से तय कर दी जाती है जो रिश्ते में नवयुवती यापी के फूफा लगते हैं। विवाह के एक वर्ष के भीतर ही बुआ याका की असमय मृत्यु से उसे दिए गए पुरखों की पारंपरिक संपतियां उसके ससुराल में ही रह गई, बुआ को विवाह में वर पक्ष की ओर से दस सबअ अर्थात मिथुन कन्या-मूल्य के तौर पर भेंट किया गया था, साथ ही कई टोकरियाँ मांस और मछलियों के साथ में बेहतरीन मरुआ के आपोंग/ मदिरा और वर पक्ष ने विवाह में अत्यधिक खर्च किया था। बुआ के असामयिक मृत्यु से उसके ससुराल वाले यानि कि तातो(फूफा) और उसके खानदान वाले इस रिश्ते को कायम रखना चाहते हैं। अतः परिवार में से किसी को दुग्ने(बुआ) की जगह लेनी है इसलिए सबने मिलकर खानदान की भलाई के लिए कुछ वर्षों पहले बचपन में ही यापी का बेमेल विवाह तातो से तय कर दिया जाता है। पिता को अपनी बेटी से ज्यादा अपनी मान मर्यादा और संपति ही प्यारा है या यों कहें एक पुरुष का स्वार्थ एवं अहंकार ही उसे अपनों की तकलीफ देखने नहीं दे रही थी। पिता चाहता तो पंचायत द्वारा थोपे गये बेमेल विवाह को अस्वीकार कर अपनी बेटी यापी को बचा सकते थे। यापी का पिता ताकार भी तो इसी पुरुष प्रधान समाज का ही अंग है। उसकी सोच थी कि एकलौता बेटा काफी नहीं है वंश चलाने के लिए दो - चार बेटे और पैदा करना चाहिए अतः पत्नी के होते हुए भी एक नई पत्नी ब्याह कर लाते हैं। बेटे से वंश चलने- चलाने का तो एक बहाना मात्र है। मर्द बस अपनी हवस की पूर्ति के लिये ही बहुपत्नी प्रथा को बढ़ावा देते हैं और कुछ नहीं।आप सब जानते हो कि राजो की शादी बचपन में जिस लड़के के साथ हुई थी वह कुछ दिनों बाद लंबी बीमारी के कारण चल बसा था और तभी से यह रिश्ता टूट गया था। जब राजो की नौकरी लग गई तो ससुराल वाले उस पर अधिकार जताने आ गए। उन्होंने यह तर्क दिया कि मरने वाला लड़का राजो का देवर था। पति तो जीवित है। अचम्भे की बात तो यह रही कि वीरीसिंह पहलवान खुद उनसे मिल गया। उस षडयंत्र में शामिल होने के बदले उसने श्यामपुरा वालों से पचास हजार रुपए नकद लिए। राजो का पीछा किया था ससुराल वालों ने किशनगढ़ तक जहाँ वह लड़की पुलिस की ट्रेनिंग ले रही थी। तुम्हें तो अब क्या याद होगा। यहां तक धमकी दी गई थी उस बच्ची को कि अगर राज़ी से नहीं मानी तो जबरन उठाकर ले जायेंगे।श्यामपुरा वालों को यह तक होश नहीं था कि अब राजो राजस्थान की पुलिस में कांस्टेबल के पद पर है।"[6]उपन्यास के

माध्यम से लेखिका कामी पुरुषो की भोग लिप्सा को पारंपरिक रीति रिवाज के नाम पर बढ़ावा देते समाज का चित्रण करती हैं, जिसमें स्त्रियों की मर्ज़ी की कोई जरूरत ही नहीं समझी जाती। पुरूष का वर्चस्व समाज में हर ओर देखने को मिलता है। 17 वर्षीय यापी के बारे में किसी ने एक पल के लिए भी यह नहीं सोचा कि उसकी इच्छा क्या है, बस उस पर रीति-रिवाज़ो का हवाला देते हुए एक अधेड़ उम्र के तातो से विवाह करने का तुगलकी फरमान सुना डाला गया और उसपर भी उसे अपनी ज़िंदगी से जुड़ी , फैसले लेने का अधिकार नहीं, अधिकार तो चलो दूर की बात है उसकी मर्ज़ी जानने की कोशिश भी नहीं कि जाती।वाह रे पुरूष प्रधान समाज? पंचायत द्वारा सुनाये गए फैसले से यापी का मन कर रहा था कि जोर जोर से चीखें चिल्लाए और समाज के उन ठेकेदारों से पूछे कि उसका क्या क़सूर है जो इस तरह से तमाम रिवाज़ो और पारंपरिक नियम नीतियों का हवाला देकर उसे अन्याय भरा फ़ैसला सुना रहे हैं।

"यह कैसा न्याय है? इतनी बड़ी सज़ा क्यों?
क्या कुसूर है मेरा ? ऐसा कौन सा जघन्य अपराध कर दिया है मैंने ?
आप लोगों ने कभी मेरी रज़ा जानने की कोशिश की?
मुझसे कभी किसी ने पूछा कि मैं क्या चाहती हूं?
फैसला सुनाने से पहले एक बार भी मुझसे पूछ लिया होता?

पर उसकी आवाज उसके हलक में ही घुटकर रह गया, क्योंकि इस तरह कबा देर/सभा मे औरतों का इस तरह बोलना एकदम वर्जित और घोर अपराध माना जाता है।"[7]कितना दर्द है कितनी विवशता है एक स्त्री के सामने कि वह खुलकर न रो सकती है ना प्रश्न कर सकती है बस अपनी विवशता पर घुटकर ही रह सकती है। यहाँ स्त्री होना एक अपराधी की तरह प्रतीत होता है जो अपनी सफाई में कुछ कह नही सकती बस अपने स्त्री होने का अपराध बोध मानते हुए , न चाहते हुए भी समाज के तथाकथित सभ्य कहे जाने वाले पुरुषों की अन्याय पूर्ण तुगलकी फरमान मानने को बाध्य है। एक पत्नी एक माँ की बेबसी और विवशता भी उपन्यास के माध्यम से परिलक्षित होती है। एक पत्नी विवश है अपने पति की आज्ञा मानने के लिए ,पति की आज्ञा का पालन न किये जाने पर पति द्वारा त्याग दिए जाने का भय, अपने बच्चों से दूर कर दिए जाने का डर। एक माँ की बेबसी यह है कि अपनी बेटी पर अन्याय होते हुए भी उसका विरोध न कर पाने की बेबसी, बेटी के अंधकारमय भविष्य को देखकर भी कुछ न कर पाने का दुख, दुनिया से बगावत न कर पाने की हिम्मत इन सब बातों से दुखित एक स्त्री का दर्द, घुटन क्या होता है यहाँ देखा जा सकता है। यापी की माँ बेटी पर हो रहे अन्याय के खिलाफ बगावत करना चाहती है लेकिन वो मज़बूर है चाह कर भी ऐसा नहीं कर पाती। बेटी कोई निरीह गाय नही होती जिसे कभी भी, कहीं भी किसी भी खूँटी से उसे बांध दोमगर उसकी आवाज़ उसके हलक मे ही घुटकर रह गई। मन ही मन वह रोने लगी और कहने लगी, ' कितनी बेबस हूँ मैं, मेरी बेटी पर इतना बड़ा अन्याय भरा फैसला होने पर भी मैं कुछ नहीं कर पा रही हूँक्या इसी दिन के लिए मैंने दर्दनाक प्रसव पीड़ा सहकर अपनी बेटी को जन्म दिया था कि एक दिन ये सब समाज के ठेकेदार मिलकर उसकी जिंदगी का फैसला इस तरह से अन्यायपूर्वक करे, जैसे कि वह कोई अपराधिनी हो?"[8]उषा भसीन अपनी 'आग' शीर्षक कविता में नारी के त्रासद अनुभवों को कुछ इस प्रकार व्यक्त करती हैं-

गर्म राख के आगोश में/चिनगारी रातभर/सुबकती है"[9]

अपनी बेबसी और लाचारी पर एक स्त्री जो एक माँ भी है सिवाय रोने और अपनी किस्मत को कोसने के कुछ भी नहीं कर पाती। अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए पति से बगावत करना तो दर वह उसके सामने अपना मुँह तक नहीं खोल पाती। इससे समाज में और परिवार में एक पुरूष का वर्चस्व किस कदर हावी है इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। नारी जीवन का घोरतम त्रासदी यह है कि वह स्वयं ही जलती हुई अपनी चिता के किनारे बैठ अपने जीवन-मरण- दहन का साक्षी बने।

"एक बार/हाँ, और अभी एक बार/होना है मुझे धुँआ/और शायद वहीं होगा अंतिम विश्राम"[10]

एक स्त्री प्रसव पीड़ा सह कर बच्चों को जन्म देती है और उसे अपने बच्चों की जिंदगी से जुड़े फैसले लेने का भी अधिकार नहीं और न ही उनसे सलाह तक ली जाती है ,बस उनपर अपनी मनमानी या फैसला थोप दिया जाता है। इस बेदर्द जमाने ने वैसे भी इस पुरूष प्रधान समाज में अबलाओं की सुनता ही कौन है?"जनजातीय समाज में अक्सर यही होता आया है कि परिवार की किसी बहन या बेटी की विवाह के बाद अगर असमय मौत हो जाती है तो उसकी जगह ,उनकी आपसी सहमति से उसी कन्या के परिवार से ही किसी और कन्या को दूल्हे वाले ब्याह लेते हैं। आपसी सहमति हो तो ठीक है वरना कई बार जबरन ब्याह दी जाती है।जैसे औरत न हो कोई गुलाम हो । कई बार तो उसे लप्पा यानि कि बेड़ियों में जकड़कर जबरन भूखी प्यासी राकी जाती है जब तक कि वह हार कर अपना हथियार न डाल दे और उस रिश्ते को मानने को तैयार न हो जाए। कई बार तो तथाकथित पति उसे उसी हालत में बलात्कार करके गर्भवती बना देते थे ताकि उस पर अपनी पूरी मल्कियत जता सके। और एक बार जब लड़की माँ बन जाती है तो उसे अपने लिए न सही अपने बच्चे के लिए हालातों से समझौता करके बैठ जाना पड़ जाता है।"1स्त्रियों पर अत्याचार, बलात्कार, अपमान आदि से संबंधित घटनाएं समाज में नई नहीं है बहुत पहले से ही नारियों पर जुर्म एवं अत्याचार की घटनाएं होती आ रही है। हरिराम मीणा की कलम से - "दल्ली के भीतर घुसते ही सूबेदार हिंसक जानवर की तरह शिकार पर हमला करने के लिए तैयार बैठा था। दल्ली को देखते ही उसने दरवाजा बंद कर दिया। दल्ली चीखी- चिल्लाई, प्रतिरोध भी डटकर किया था। इस जरख से मुझे ब ssssचाssss लो s ?...दल्ली का बाप पांच्या रात भर ढूंढता रहा अपनी प्यारी बेटी को। नाहर मगर के नीचे बहने वाले नाले कीचड़ में दल्ली की लाश मिली थी अगली सुबह।"[12]उपर्युक्त प्रसंग द्वारा इस बात की पुष्टि होती है कि पुरूष की मानसिकता कितनी कुत्सित है जिसे अपने स्वार्थ के आगे कुछ भी दिखाई नहीं देता, एक कामांध पुरूष कैसे किसी अबला और बेबस की हत्या करने से भी नहीं घबराता । समाज में कुछ पुरूष भी होते हैं जिनके जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। वे न केवल आदिवासी स्त्री वरन अन्य समाज की स्त्री के प्रति भी मात्र भोगवादी दृष्टिकोण रखते हैंसमाज में कोई भी पारंपरिक नियम कानून बनाने के पीछे कोई सकारात्मक कारण और मंशा होती है, पर वह गलत तब कहलाती है जब लोग उसका गलत फ़ायदा उठाने लग जाते हैं। समाज में हर तबके में बेटा- बेटी में भेदभाव देखने को मिलता है। बेमेल विवाह स्त्रियों के साथ पुरुषों के लिए भी अभिशाप तुल्य है, पर पुरुषों के पास विकल्प होता है जबकि स्त्रियों के पास कोई विकल्प नहीं। स्त्रियां आजीवन अभिशाप तुल्य बेमेल विवाह का बोझ ढोती हुई जीवन गुजार देती हैं।"यह कौन सी आज की बात है ? हमारे जमाने में तो इस तरह की जबर्दस्ती वाली नियदा में न सिर्फ स्त्रियों को कष्ट भोगतेदेखा है बल्कि कई बार मर्दों को भी इस तरह के बेमेल विवाह का अंजाम भोगते देखा है। हाँ! यह बात अलग है कि मर्दों के पास इस समस्या का हल होता हैवे खुद ही अपनी समस्या का समाधान निकाल लेते हैं। वे आगे चलकर अपनी पसंद की लड़की से दूसरी शादी रचा ही लेते हैं। पहली वाली बीवी के घर पर रहने के बावजूद भी वे ऐसा करते हैं। उन्हें कोई नहीं रोक सकता।"[13]सामाजिक रीति रिवाजों और नियमों का हवाला देकर किसी भी प्रथा का विवाह त्रासदीपूर्ण ही होता आया है चरणसिंह पथिक की कहानी 'बक्खड़' एक बेहतरीन कहानी है जिसमें राजस्थान के करौली सवाईमाधोपुर व भरतपुर जिलों के अंचल में नाता प्रथा के द्वारा स्त्री की, अप्रत्यक्ष रूप से खरीद फ़रोख़्त के माध्यम से पैदा होने वाली नारी त्रासदी का मार्मिक चित्रण किया गया है। नाता प्रथा में किन्हीं कारणों से पति -पत्नी के पृथक होने के बाद परित्यक्ता अन्य पुरूष को दे दी जाती है। इसके बदले में पूर्व पति के परिवार द्वारा नए पति- पुरूष के परिवार से सहमति के आधार पर धन वसूल किया जाता है। इस वसूली के दौरान कई प्रकार के झगड़े -फसाद भी होते रहे हैंगाँव बनाम गाँव तथा गौत्र बनाम गौत्र के मध्य विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। इस सारे झंझट में त्रासदी भुगतनी पड़ती है स्त्री को जिसे एक वस्तु के रूप में समाज देखता है और यह वही समाज है , जो पुरुष वर्चस्व से बंधा हुआ है।अपराधिता' खण्डकाव्य में अम्बा का दुख, हरण से उत्पन्न क्लेश, शाल्व और भीष्म के द्वारा उसे न अपनाया जाना अम्बा की प्रतिहिंसा का कारण बनता है। नारी की विवशता का चित्रण अम्बा के रूप में इस प्रकार हुआ है -

" कभी व्यक्ता,कभी भोग्या कभी वैधव्यहत होकर
पुरुष की कामना पर ही रहे मातृत्व-हित निर्भर
नहीं है मूल्य उसकी मुग्ध कोमल भावना का कुछ
पुरुष पशु या उसे उपहार में दे दे जिसे चाहे।"[14]

इस पुरुष प्रधान समाज मे सारे नियम - कानून पुरुषों द्वारा ही बनाये हुए हैं और फिर उन नियमों का पालन करे स्त्रियाँ ही। सब कुछ अपने ही पक्ष में कर ली इन

मर्दों ने और अन्याय सहे स्त्रियाँ। सहती भी रहे और उन अन्यायों के खिलाफ आवाज भी न उठाए। पुरुष प्रधान समाज पर कटाक्ष करती हुई लेखिका लिखती है- "वाह रे ! पुरुष प्रधान समाज! जुल्म तो ऐसे कर रहे हो स्त्रियों पर जैसे स्त्रियों के कोख से पैदा न होकर कहीं आसमान से टपके हो जैसे।"[15]

स्त्रियों के भीतर ही भीतर टूटने का मंद स्वर सविता बनर्जी की कविता की इस पंक्ति में देखा जा सकता है-

"बुझ रहा है कुछ/अंदर ही अंदर जलने के /क्रम में।"[16]

'नयावर्ष' शीर्षक कविता की निम्नलिखित पंक्तियों में कवयित्री ने महीनों के फंदो के प्रतीक रूप से दम घुटने और यातना का जीवन जीने का चित्र प्रस्तुत किया है-

"फिर आ गया वह सीखने /डालकर बारह फंदे/सलाई पर /फंदे घटाना।।"[17]

आदिवासी स्त्रियों का संसार बहुत विस्तृत है। आदिवासी स्त्रियाँ समाज के बीच रहकर व हाशिए का जीवन जीने को विवश होती हैं। रीति रिवाजों एवं परंपराओं के नाम पर आजीवन धार्मिक एवं सामाजिक कुरीतियों का निर्वहन करती है। न चाहते हुए भी आने वाली पीढ़ी को भी जन्म दर जन्म इन कुरीतियों को मानने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

"मेरी माँ के चूल्हे में /आग /
बुझती नहीं/दबा दी जाती है.....
मेरी माँ ने /मुझे/उसी चूल्हे पर
रोटी सेंक कर खिलाई है
जिसमें आग कभी नहीं बुझती।"[18]

यानी गर्म राख के आगोश में सांस लेती सुबकती चिंगारी की परम्परा माँ ने आगे थमा दी, रोटी के साथ, अर्थात माँ ने चिनगारी और रोटी के साथ - साथ त्रासद अनुभवों की परंपरा भी बेटी को सौंप दी , जिसे वह अपनी बेटी को थमायेगी। इस प्रकार पीढ़ी दर पीढ़ी नारी इन त्रासदियों को भोग रही है।'उस रात की सुबह' उपन्यास की लेखिका स्त्री के अस्तित्व के खतरे में होने के लिए स्वयं स्त्री को ही जिम्मेदार मानती है। यदि समाज मे सभी स्त्रियाँ एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करे, स्त्री जाति की सुरक्षा और अपने अस्तित्व की लड़ाई वह स्वियं लड़े, यदि स्त्रियाँ खुद सक्षम होकर एकजुट हो जायेंगी तो आधी दुनिया खुद ही मजबूत हो जायेगी। स्त्रियों में यदि आपस मे बहनापा अर्थात बहनों के जैसे संबंध हो जैसे पुरुषों में आपसी भाईचारा तो स्वतः ही नारी सशक्तिकरण सही मायने में होगी। आज स्त्रियों का अस्तित्व और उसकी ज़िन्दगी से जुड़ी सुरक्षा का सवाल ही एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। समाज को पतन की राह से बचाने के लिए और एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए स्त्री अस्तित्व का होना बेहद जरूरी है।" ऐसे समाज में तो सभी स्त्रियों को एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए न कि एक-दूसरे को उजाड़ते फिरना है। आखिर हम स्त्रियाँ दुनिया की आधी आबादी जो कहलाती हैं।अगर स्त्रियों में आपस में बहनापा हो जैसे मर्दों में आपसी भाईचारा होता है तो स्वतः ही नारी सशक्तिकरण सही मायने में होगी। लेकिन अक्सर ऐसा होता नहीं है बल्कि अगर मैं कहूँ की स्त्रियों में आपसी बहनापा बिल्कुल न ही देखने को मिलती है, तो भी शायद गलत न कहूँ।"[19]लेखिका उपन्यास के माध्यम से समाज से सवाल करती नजर आती है कि अर्थ और स्त्री में अर्थ का प्रभाव ज्यादा क्यूँ है? स्त्री का अस्तित्व अर्थ के सामने कुछ भी नहीं है ? जिसे इस प्रसंग में देखा जा सकता है -उफ्फ ! दस सबअ/मिथुन क्या स्त्री का मूल्य सिर्फ दस मिथुन ही होता है ? क्या स्त्री का अपना कोई अस्तित्व नहीं होता ? क्या स्त्री और मिथुन में कोई अंतर नहीं होता ?"[20]बेटे-बेटियों में भेदभाव के लिए धिक्कारती हुई कहती हैं-"धिक्कार है ! ऐसे सामाजिक और पारंपरिक नियम और नीतियों पर जो अपने ही बेटे -बेटियों में इतना भेदभाव करना सिखाते हैं।"[21]

नारी शोषण भारतीय समाज मे परम्परा के नाम से लगा एक रोग है, जो आधुनिक काल में भी सामाजिक स्वास्थ्य को जर्जर बना रहा है। आज़ादी मिलने के कई सालों बाद भी आदिवासी स्त्री पढ़-लिख नहीं पायी है। शहर से दूर गांव में रहने के कारण आदिवासी नारियों के जीवन में किसी प्रकार का बदलाव नहीं दिखायी देता है। आज भी समाज के तथाकथित उच्चवर्गीय लोग आदिवासी नारियों का चारों ओर से शारीरिक एवं मानसिक शोषण करते हैं। उनके खिलाफ आवाज़ उठाने की हिम्मत आज भी आदिवासी नारी में दिखाई नहीं देती। वह सब कुछ चुपचाप सहती है यह आज का यथार्थ है।

"क्या वह विद्रोह नहीं कर सकती/उस पूरी व्यवस्था के खिलाफ
जिससे उसका जीना/एक यन्त्रणा से अधिक/और कुछ नहीं है...."[22]

******

संदर्भ :-

1.आत्मदान, बलदेव वंशी, पृष्ठ संख्या- 21-22
2.भारतीय साहित्येतिहास में महिला रचनाकारों का योगदान, डॉ. सरोजनी पाण्डेय, पृष्ठ स- 154
3.उस रात की सुबह, भूमिका से , तुम्बम रीब जोमो 'लिली'
4.आदिवासी साहित्य विमर्श, लेखिका - वंदना टेटे, संपादक- गंगा सहाय मीणा, पृष्ठ संख्या-197
5.जो इतिहास में नहीं, राकेश कुमार सिंह, पृष्ठ संख्या- 51-52
6.डांग, हरिराम मीणा, पृष्ठ संख्या-78
7. उस रात की सुबह, तुम्बम रीबा जोमो'लिली', पृष्ठ संख्या-19
8.वही, पृष्ठ संख्या-23
9.'आग' कविता, उषा भसीन, पृष्ठ संख्या-154
10. भारतीय साहित्येतिहास में महिला रचनाकारों का योगदान, डॉ. सरोजनी पाण्डेय, पृष्ठ सं-154
11. उस रात की सुबह, तुम्बम रीबा जोमो'लिली', पृष्ठ संख्या-49
12.धुणी तपे तीर, हरिराम मीना, पृष्ठ संख्या- 345
13.उस रात की सुबह, तुम्बम रीबा जोमो'लिली', पृष्ठ संख्या-68
14. अपराधिता, रामेश्वर शुक्ल अंचल, पृष्ठ संख्या-34
15.उस रात की सुबह, तुम्बम रीबा जोमो'लिली',पृष्ठ संख्या-24
16. भारतीय साहित्येतिहास में महिला रचनाकारों का योगदान, डॉ. सरोजनी पांडेय, पृष्ठ सं-213
17. वही, पृष्ठ संख्या-213
18. वैचारिकी संकलन: मई 1996, डॉ.बलदेव वंशी का लेख 'आधी दुनिया का जलता संविधान', समकालीन कविता: कवयित्रियों का अवदान, पृष्ठ संख्या- 75
19. उस रात की सुबह, तुम्बम रीब जोमो'लिली', पृष्ठ संख्या- 82
20. वही, पृष्ठ संख्या- 63
21.वही, पृष्ठ संख्या - 54
22. अग्निलोक, भरत भूषण अग्रवाल, पृष्ठ संख्या- 55

आदिवासियों की प्रकृति पूजा का पर्यावरण संरक्षण में योगदान

हिमांशु प्रभाकर
शोधार्थी
समाजशास्त्र
एम.बी.पी.जी.महाविद्यालय, हलद्वानी
(कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल)

सारांश - आदिवासी समाज वह समाज है जो जंगलों अथवा प्राकृतिक स्थानों में निवास करता है।यह समुदाय प्रारम्भ से ही इस क्षेत्र में रहता रहा है इसलिए इन्हें देशज या मूलवासी भी कहा जाता है।जंगली क्षेत्रों में रहने के कारण कुछ लोग इन्हें पिछड़ा कहते हैं लेकिन ये स्वयं वनों के बीच रहकर बहुत संतुष्ट पाते हैं।आज का जो तथाकथित विकसित समाज है उसमें सबसे बड़ी समस्या वातावरण के क्षरण की है।इस समस्या पर चर्चा हर कोई करता है लेकिन इसके निदान के बारे में कोई पहल नहीं करता है।इसकी मुख्य वजह है विकास की अंधी दौड़ में लोगों के भागमभाग की स्थिति।लेकिन आज भी पर्यावरण के संबंध में कोई सोचता है या उसके विनाश को रोकने की पहल करता है तो वह है आदिवासी समुदाय।आज विश्व के किसी भी क्षेत्र में सघन वन दिखाई पड़ते हैं इसकी मुख्य वज़ह वहाँ आदिवासियों का संकेन्द्रण है।आदिवासी जिस भी इलाके में निवास करते हैं उस क्षेत्र में वन और वन्यजीव स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं।आदिवासियों का जल,जंगल और ज़मीन के प्रति इस कदर आसक्ति है कि वे इसे अपने आराध्य के रूप में पूजते हैं।

शब्द कुंजी - आदिवासी,प्रकृति पूजा,पर्यावरण संरक्षण,वन संरक्षण

प्रस्तावना - किसी भी समाज में कई प्रकार के लोग रहते हैं। जिनकी अपनी जीवन शैली होती है।कुछ लोग आधुनिकता और समृद्धि के बीच सामंजस्य बैठाकर समाज की मुख्यधारा में बने रहते हैं तो कुछ लोग विकास की दौड़ में पिछड़ जाते हैं।समाज में ऐसे कई समुदाय हैं जो ख़ूब विकसित हैं तो कई अविकसित।इनके पिछड़ेपन के लिए एकमात्र कारण संसाधन की विपन्नता न होकर अन्य कारण भी हैं।विकास की उपर्युक्त अवधरणा आदिवासी समुदाय के परिप्रेक्ष्य में बिल्कुल सही नहीं है क्यों वह स्वयं तथाकथित विकसित समाज से दूर प्रकृति के बीच रहकर ही संतुष्ट रहते हैं।

भारत के विभिन्न हिस्सों में आदिवासी समुदाय निवास करते हैं।इस समुदाय के लोगों में कई तरह की समानताओं के बावजूद भी इनकी अपनी व्यक्तिगत पहचान होती है।इस समुदाय को अन्य विभिन्न नामों जैसे- आदिम,जंगली, बर्बर, वनवासी, गिरिजन इत्यादि से संबोधित किया जाता है। लेकिन जब इनके अस्तित्व और स्वेच्छा की बात करें तो ये स्वयं को देशज या आदिवासी कहलाना ही पसंद करते हैं और गौरवान्वित महसूस करते हैं।

1943 में प्रकाशित अपनी पुस्तक'ऐब-ओरिजिनल' में वेरियर एल्विन ने लिखा है कि "आदिवासी भारत वर्ष की वास्तविक स्वदेशी उपज है,जिनकी उपस्थिति में प्रत्येक व्यक्ति विदेशी है।ये प्राचीन लोग जिनके नैतिक अधिकार और दावे हजारों वर्ष पुराने हैं।वे सबसे पहले यहाँ आये।"[1]यह परिभाषा बहुत हद तक संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में घोषित की गई 'देशज' लोगों की उस अवधारणा को बल देती है जिसमें कहा गया है कि "एक देश की वर्तमान सीमाओं में पूरी तरह या आंशिक रूप से इस समय रहने वाले लोगों के वंशजों से लोग बने हैं जब दूसरी संस्कृति या जातीय मूल के लोग दुनियाँ के दूसरे भागों से वहाँ आये,उन्हें जीतकर या किसी दूसरे तरीके से उनपर हावी हो गए, उन्हें गैर-प्रभावी या उपनिवेशी स्थिति तक सीमित कर दिया।जो आज अपनी विशेष सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक परंपराओं एवं मान्यताओं से एकरूपता बनाकर जीवन चला रहे हैं। बजाय उस देश की संस्थाओं के, जिसके वे राज्य संरचना के तहत एक हिस्सा हैं।" भारत में जिन समुदाय को आदिवासी या जनजाति कहा जाता है, भारतीय संविधान में उन्हें 'अनुसूचित जनजाति' कह कर संबोधित किया गया है, किन्तु कहीं भी इस शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है।संविधान के अनुच्छेद 366(25) के अनुसार अनुसूचित जनजातियों से तात्पर्य वैसे जनजातीय समुदाय से है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत केन्द्र सरकार की सिफारिश के आधार पर महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित किया गया है। भारतीय संविधान के आधार पर पहली बार सन 1950 में अनुसूचित जनजातियों को सूचीबद्ध किया गया है।

इस सन्दर्भ में प्रो.वीर भारत तलवार कहते हैं कि "मैं कहना चाहूँगा कि बाहर के लोग अपना भ्रम छोड़ दें कि आदिवासी समाज बहुत पिछड़ा हुआ है।वे आर्थिक रूप से पिछड़े हो सकते हैं, लेकिन उन्हें सांस्कृतिक रूप से पिछड़ा कहना विकास की हमारी ख़ास अवधारणा की देन है। यहाँ सरलता को और स्वाभाविकता को पिछड़ा हुआ समझा जाता है और जटिलता तथा सभ्यता के आवरणों को विकसित होने का लक्षण समझा जाता है।आदिवासियों की संस्कृति को पिछड़ा समझना बिल्कुल वैसा ही जैसा गोरी चमड़ी वालों का काले लोगों को असभ्य समझना।"[3]

उद्देश्य–प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों द्वारा की जाने वाली प्रकृति पूजा का परोक्ष रूप से पर्यावरण संरक्षण में दिये जाने वाले योगदान को जानना है।

प्रकृति पूजा - जैसे समाज के अन्य लोग पर्व-त्योहार मनाते हैं, ठीक उसी तरह आदिवासी भी त्योहार मनाते हैं।झारखण्ड में आदिवासियों का एक महत्वपूर्ण पर्व सरहुल है।इस त्योहार में प्रकृति अर्थात सखुआ के वृक्ष की पूजा कर नव वर्ष का आगाज़ होता है।हिन्दी के चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को सरहुल की पूजा होती है।पूजा के एक दिन पहले पाहन राजा और पइनभोरा व्रत रखकर पंजरी मिट्टी पूजा के लिए लाते हैं।पइन भोरा गांव के नदी या तालाब से नए घड़े में पानी भरकर गांव के सरना स्थल में रखता है।दूसरे दिन पाहन राजा, पइन भोरा और गांव के लोग उपवास कर अपने-अपने घर में पूजा करके सरना स्थल की ओर लोटे में पानी लेकर पूजा करने जाते हैं। सरहुल, साल के फूल के माध्यम से सारी प्रकृति के नवरूप का स्वागत करता है।इस प्रकार हम कह सकते हैं कि आदिवासी लोगों के जीवन- शैली, रहन-सहन, रीति-रिवाज़, सांस्कृतिक मूल्य-मानदण्ड, सभी में किसी-न-किसी रूप में प्रकृति को समावेशित किये रहता है। जैसे भारत देश के आदिवासी प्रकृति को अपने अनुष्ठानों में प्रमुखता से रखते हैं, वैसे ही अन्य देशों जैसे-पेरू देश के क्वेकचुआ आदिवासी का एंडीन अनुष्ठान भी इस मूल विश्वास पर आधारित है कि समस्त सांसारिक वस्तुएँ या आध्यात्मिक जीवन शक्ति में ऊर्जा मौजूद है।इस ऊर्जा को संतुलित अवस्था में बनाये रखने की जरूरत है। यह ऊर्जा पेंड़-पौधे, नदी, पहाड़, झील, झरने, चट्टानें सहित अन्य सभी प्राकृतिक रूप में मौजूद हैं। विश्व के समस्त आदिवासी समुदाय में जो एकरूपता देखने को मिलती है वह यह है कि वे विषम परिस्थितियों में रहकर भी प्रकृति के हर शय के साथ साक्षात्कार करना चाहता है। यह समुदाय पर्यावरण के प्रबंधन और संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाता है।यह समुदाय भली-भांति यह जानता है कि उसे प्रकृति के सद्भावपूर्ण तरीके से कैसे जीना है।"[4]

सरना धर्म - सरना धर्म झारखण्ड के आदिवासियों का आदि धर्म है, परंतु अन्य राज्यों में इसे अन्य नामों से जाना जाता है। इस धर्म का तात्पर्य यह है कि जब आदिवासी समुदाय आदिकाल में जंगलों में निवास करता था तब उस वक़्त वह प्रकृति के नियमों को समझता था और उन्हीं नियमों का अनुसरण कर आगे बढ़ता था। प्राचीन काल जो आदिवासी समाज में जो पूजा-पद्धति व परम्परा विकसित हुई वह आज भी विद्यमान है।चूंकि आदिवासी समुदाय प्रकृति पूजक है, अतः सरना धर्म के पूजा स्थल पर कोई मन्दिर या चबूतरा नहीं बना होता बल्कि कई पेड़ों के बीच ही उपासना स्थान बना दिया जाता है जहाँ लोग सामूहिक रूप से पूजा करते हैं। सरना धर्म को मानने वाले लोग पेंड-पौधे,जंगल, पहाड़ इत्यादि प्राकृतिक सम्पदा की ही पूजा करते हैं।प्रकृति पूजक होने के नाते आदिवासी समुदाय अपने सभी पर्व-त्योहारों में, जैसे-सरहुल में साल अथवा सखुआ के पेंड के फूल, कर्मा उत्सव में कर्म की डाली, कदलेटा में भेलवा का तथा हरियाली में सभी अनाज की पूजा की जाती है।इससे इस बात की प्रतीति होती है कि सरना धर्म आदिवासियों के अस्तित्व का रक्षक ,आध्यात्मिक जीवन दर्शन और सामाजिक परम्पराओं का प्रतीक है।

प्रकृति आदिवासियों के जीवनशैली में इस कदर रचा-बसा है कि इसे इनके जीवन के पहलू से किसी भी रुप में अलग नहीं किया जा सकता है। आदिवासियों की अर्थव्यवस्था भी प्रकृति पर ही निर्भर रहती है। इसलिए आदिवासी प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न कर अपने जरूरत के हिसाब से इसका उपयोग करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को जलावन या किसी अन्य आवश्यकता हेतू लकड़ी की जरूरत पड़ती है तो वह सर्वप्रथम पेड़ के समक्ष हाथ जोड़कर खड़े होकर प्रणाम करता है। तत्पश्चात अनुमति लेकर अपनी आवश्यकता के हिसाब से लकड़ी काटता है।उसके द्वारा ऐसा किया जाना प्रकृति के प्रति समर्पण और सम्मान का भाव प्रकट करता है।"[5]विश्व संसाधन संस्थान के एक प्रतिवेदन के अनुसार, दुनिया भर में जंगल वहीं बचे हैं जहाँ आदिवासी का संकेन्द्रण है। यह समुदाय आज भी ख़ुद को जल,जंगल और ज़मीन से स्वयं को जोड़कर रखा है। पर्यावरण संरक्षण में जितना समर्पण इस समुदाय का रहता है, शायद ही किसी अन्य समुदाय में देखा जाता है। आदिवासी समुदाय के लोगों का कहना है कि जहाँ एक ओर दुनियाँ में पर्यावरण को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अपना सबकुछ न्योछावर करते हैं तो अब हमें ही जंगल से बाहर किया जा रहा है। वर्षों से रह रहे अपने ही घर में रहने के लिए और अपने अधिकारों को लेकर लड़ाई लड़नी पड़ रही है।

वर्तमान समाज में आदिवासी समुदाय जंगलों के उजड़ने से अपने अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है,निःसहाय महसूस कर रहा है। "सरकार और ठेकेदारों के युगलबंदी से जंगल नष्ट किये जाने के कारण वनों के आश्रय में रहने वाले इस समुदाय का जीवन विश्रृंखलित हो चुका है। प्राकृतिक संसाधनों पर जीवन आधारित होने के कारण फल-फूल, कंद-मूल, वनौषधि इत्यादि नष्ट हो जाने से इनके जीवन का मूलाधार ही नष्ट हो चुका है। इन्हें अपना जीवन और अस्तित्व को बचाये रखने के लिए अपने प्राकृतिक आवास को छोड़कर शहरों की ओर रुख़ करना पड़ रहा है। जंगल छूट जाने के कारण आदिवासियों को जीवन के मानवीय मूल्यों की संस्कृति को छोड़कर मात्र जिन्दा रहने के लिए जातीय ऊँच-नीच और शोषण वाली संस्कृति में प्रवेश कर जीवन-निर्वाह करना पड़ रहा है।"[6]

आज़ादी के बाद भारत की हजारों परियोजनाओं के कारण 106 करोड़ आबादी विस्थापित हुई जिसमें 40 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की थी। केवल बाँध परियोजना की वजह से भारत की करीब 50 से 70 लाख आदिवासी जनसंख्या का विस्थापन हुआ"। आदिवासियों के रिहायशी क्षेत्रों में आज़ादी प्राप्ति के दो सौ वर्ष पहले जितनी पर्यावरण की क्षति हुई थी,उससे कहीं अधिक पर्यावरण आज़ादी के बाद 50 वर्षों में हुई। प्रकृति पर नियंत्रण तथा प्रकृति का निर्ममतापूर्वक दोहन करने वाली आबादी का प्रवेश जनजातीय क्षेत्रों में हो चुका है। आज आदिवासी समाज को ही जंगल विनाश के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसके फलस्वरूप सरकार राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, सैंक्चुअरी, टाइगर रिजर्व आदि विभिन्न नामों से वनों को आरक्षित कर रही है तथा आदिवासी समुदाय को जंगलों से खदेड़ा जा रहा है। जहाँ आदिवासी हैं, वहीं वन शेष हैं।

तीव्र गति से आगे बढ़ाई जा रही भीमकाय जलविद्युत परियोजनायें, खदान व औद्योगिक इकाइयों, अनियोजित वनरोपण, नकदी फसल, कृषि उद्योग, पुनर्स्थापन योजनायें, शरणार्थी, शहरीकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना, पुनर्नवीनीकरण कार्यक्रम, जैविक सुरक्षा क्षेत्र, बाज़ारू अर्थव्यवस्था का फैलाव, सरकारी विकास परियोजनायें, बाँध परियोजनायें आदि ने एक तरफ़ आदिवासी समाज का विस्थापन अनिवार्य बना दिया है।

1990 के दशक की नई आर्थिक नीति, अर्थात वैश्वीकरण,उदारीकरण और निजीकरण ने न केवल आदिवासी समाज की संस्कृति, बल्कि समस्त भारत की संस्कृति के समक्ष चुनौती पेश कर दी है। भूमंडलीकरण ने विस्थापन के स्वरूप को विकृत और वीभत्स बना दिया है। आदिवासियों के जीवन के उत्थान के नाम पर विकास परियोजनाओं की झड़ी लग गई है। आज यह समुदाय 'विकास' शब्द का नाम सुनकर सिहर जाता है। जैसे ही उनके कानों तक विकास योजना से संबंधित शब्द पहुँचते हैं तो वह असहज हो जाता है और उसके दिमाग़ में यह बात कौंधने लगती है कि अब संभवतः कोई नई समस्या खड़ी होने वाली है।दिन-प्रतिदिन आदिवासी समाज अपना मौलिक स्वरूप खोता जा रहा है। विकास के बदले विस्थापन,सरकारी विकास परियोजनाओं में दूरदर्शिता का अभाव,आदिवासी समाज की जीवनशैली को सही रूप में नहीं समझ पाना आदि ऐसे कई महत्वपूर्ण कारक हैं जो आदिवासी समाज की पहचान के लिए संकट बने हुए हैं।

आदिवासी समुदाय,प्रकृति और मनुष्य के आपसी संतुलन पर आधारित अर्थव्यवस्था को ही स्वीकार करते हैं न कि विकास की एकतरफा अवधारणा को।ऐसा इसलिए क्योंकि वे प्रकृति का संतुलन बिगड़ने नहीं देना चाहते।अतः आज के पूँजीवाद और उपभोक्तावाद के दौर में आदिवासी समुदाय की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई। इनकी स्थिति में सुधार के लिए पहले इनके अर्थतंत्र तथा उसकी अवधारणा को समझना होगा, अन्यथा निश्चय ही आनेवाले समय में आदिवासी समाज और उसकी सामूहिकता मिथक बन कर रह जायेगी।

निष्कर्ष -

उपर्युक्त विश्लेषण और विद्वतजनों के दिए गए विचार के उपरांत कहा जा सकता है कि आदिवासी और पर्यावरण के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है।किसी एक के बिना दूसरे का वज़ूद ख़तरे में है क्योंकि आदिवासी वहीं रहते हैं जहाँ वन हो और वन वहीं पाये जाते हैं जहाँ आदिवासियों का संकेन्द्रण होता है। अतः पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखना है तो प्रकृति को बचाना होगा और प्रकृति को बचाना है तो आदिवासियों के अस्तित्व को बचाये रखने होगा क्योंकि प्रकृति के असली संरक्षक वही हैं।

******

सन्दर्भ सूची -

1. एस. एल.दोषी, समकालीन मानवशास्त्र, रावत प्रकाशन, जयपुर, 2009
2. वीर भारत तलवार,झारखंड के आदिवासियों के बीच,भारतीय ज्ञानपीठ,नई दिल्ली 2008
3. www.gaonconnection.com
4. www.prabhatkhabar.com, 4 nov. 2020
5. http:countrystudies.us/india/57.htm
6. रमणिका गुप्ता (सम्पादक), आदिवासी कौन ? राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2016

किन्नर विमर्श

सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए बेचैन 'थर्ड जेंडर'

डॉ.अरविंद अंबादास घोडके
यशवंतराव चव्हाण महाविद्यालय, अंबाजोगाई
सहाय्यक प्राध्यापक हिंदी विभाग
मो.8208918100

भूमिका:-"सबसे बड़ा रोग क्या कहेंगे लोग" दिशा पिंकी शेख यह वाक्य भारतीय सामाजिक व्यवस्था और भारतीय मनुष्य का यथार्थ बोध करता है। मनुष्य समाज में रहता है, समाज मनुष्य से बनता है।प्राचीन काल से समाज सामाजिक स्थैर्य बनाये रखने के लिए के लिए सामाजिक मान्यताओं का निर्माण करता है। तथा मनुष्य सामाजिक मान्यताओं को अपनाकर अपने आप को समाज का हिस्सा बना लेता है। आहार, निद्रा और मैथुन को सामाजिक मान्यताओं में बांधकर इन जरूरतों का सामाजिक नियमन किया जाता है। किंतु भारतीय समाज सामाजिक नियमन एकांगी और पुरुष वर्चस्ववादी दिखाई देता है। सदीयो से लेकर आज तक भारतीय समाजव्यवस्था पर पुरुष प्रधान मानसिकता का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्था में पुरुष हित के अनुरूप सामाजिक मान्यताओं का निर्माण कर प्रतिष्ठा, नैतिकता जैसे बंधन में बांधकर स्त्री को बांधकर भारतीय नारी का सदियों से शोषण करता आया है। परंपरा, प्रतिष्ठा, नैतिकता आदि के बहाने सदियों से पुरुष मानसिकता भारतीय समाज व्यवस्था में अलग अलग तरीके से शोषण करती हुई दिखाई देता है। अपने कलेजे के तुकडे को सामाजिक प्रतिष्ठा के डर से मा - बाप भी उसे अपने से दूर करने के लिए मजबूर दिखाई देते है। इस शोध आलेख में समाज के मुख्यधारा से दूर हास्य पर रहने वाले किन्नर, थर्ड जेंडर की सामाजिक प्रतिष्ठा में बेचैन जनजीवन का चित्रण साहित्य के माध्यम से किया जाएगा।

शब्द:... तृतीय पंथी, खोजा, किन्नर, नपुंसक, थर्ड जेंडर ,कोजा, मादा , बाईक्या, गे, ट्रांसजेंडर , हिजड़ा, सामाजिक परंपरा, प्रतिष्ठा, नैतिकता , पुरुष वर्चस्ववादी, सामाजिक मान्यता, परंपरा, प्रतिष्ठा, नैतिकता,आत्मभान, शोषित, वंचित , अपमानित, आत्मसम्मान, दृष्टिकोन, चक्रव्यूह आदि।

उद्देश: आधुनिक भारतीय समाज मे आज भी तृतीयपंथी की क्या दिशा और दशा है ? इसका यथार्थ चित्रण करना इस शोध आलेख का उद्देश है। भारतीय समाज मे हशीए पर रहने वाले तृतीयपंथी लोगों का जीवन समाज के सामने रख कर उनके प्रति समाज का सकारात्मक दृष्टिकोन निर्माण करना मुख्य उद्देश है। सामाजिक व्यवस्था का शिकार बननेवाले तृतीयपंथी लोगों के प्रति सरकार और समाज जे आत्मभान निर्मान करना।

सदियों से लेकर आज तक मनुष्य और समाज एक दूसरे के लिए बने हुए हैं। समाज के अभाव में मनुष्य और मनुष्य के अभाव में समाज की कल्पना भी नहीं हो सकती। किंतु भारतीय सामाजिक व्यवस्था में मनुष्य के लिए समाज है ? या समाज के लिए मनुष्य है? यह बड़ा विवाद का विषय है।क्योंकि मनुष्य के लिए बने हुए समाज में मनुष्य सामाजिक नियमों में ही जीवन जीने के लिए मजबूर दिखाई देता है। समाज और लोग क्या कहेंगे इस डर से मनुष्य अपने अपेक्षाओं का गला बार-बार घोटता हुआ दिखाई देता है। समाज से बहिष्कृत किसी जाने - अन जाने मनुष्य को अपनी मदद की अपेक्षा हो तो भी हम मानवता की दृष्टि से उसकी मदद करना चाहते हैं, हमारी मदद उस मनुष्य के लिए सही और जरूरी है किंतु समाज की दृष्टि से वह गलत है तो हम उसकी मदद करने से दूर भागने लगते हैं। 'मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी' में अनुवादक लिखती है कि, "एक बार भरी दोपहरी में मैं कहीं जा रही थी। अभी घर के नीचे ही थी कि सामने से पंजाबी ड्रेस पहने एक हिजड़ा आते हुए दिखाई दिया। रास्ते से वह और मैं क्रॉस हो ही रही थी कि उसने कहा, दीदी, जरा ही चैन लगाओगी... प्लीज!" उसकी कुर्ते की पीछे की चैन नीचे आ गई थी। मैंने वह लगा दी। उसने मुस्कुराते हुए कहा, 'थैंक यू दीदी' और चला गया.... मैं मुडने ही वाली थी कि तभी मुझे एहसास हुआ कि आसपास के सारे दुकानदार मेरी तरफ देख रहे थे...कैसी है यह औरत... एक हिजड़े की ड्रेस की चैन लगाती है!"[1] उपर्युक्त कथन व्यक्ति के मन में चलने वाले सामाजिक और व्यक्तिगत संघर्ष का सजीव चित्रण है। हमारे समाज में परिवार अपने बच्चों को अपने परिवार से अधिक समाज क्या कहेगा इस बात के डर से अनेक बंधनों में जीने के लिए मजबूर कर देते है।

सामान्य तौर पर देखा जाए तो पुरुष व स्त्री के लिए भी समाज सामाजिक व्यवस्था में जीने के लिए मजबूर कर देता है। किंतु जो न स्त्री है और ना ही वह पुरुष है ऐसे व्यक्ति का जीवन भारतीय समाज में कितना भयानक होगा। परिवार में हिजड़े का जन्म होना सामाजिक व्यवस्था के लिए अप्रतिष्ठित और गलत समझा जाता है। इसलिए समाज के डर से किन्नर को अथवा थर्ड जेंडर को परिवार से दूर सामजिक प्रतिष्ठा की मजबूरी में परिवार वालों को करना पड़ता है। समाज तृतीय पंथी हिजड़ों को खोजा, किन्नर, नपुंसक, थर्ड जेंडर,कोजा,मादा , बाईक्या, गे, ट्रांसजेंडर आदि नामों से पहचानता है और उनका उपहास करता है। सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए व्यक्ति अपने कलेजे के टुकड़े को अपने से दूर करने के लिए मजबूर होता है। इसी सामाजिक प्रतिष्ठा और नैतिकता में सदियों से तृतीयपंथी जीव का जीवन बेचैन और पीड़ित रहा है। 'यमदीप' उपन्यास में नंदरानी के जन्म पर पिता मेजर समाज के डर से बड़ा दुखी हो जाता है जब उसे पता लगता है कि नंदरानी तृतीय लिंगी है तब वह उदास और दुखी होते हैं। "उसके जन्म पर मेजर साहब फूट-फूटकर रो पड़ते हैं। मेजर साहब!फौज के एक उच्च अधिकारी! देश को दुश्मन से बचाने वाले वीर-जांबाज! एक मेजर के साहस और शौर्य पर तो संदेह हो ही नहीं सकता। बहादुर फौजी! .... और फूट-फूट कर रो रहे हैं वे!!क्यों भला? दुखी है वह अपने दुर्भाग्य पर। जानते हैं इस संतान के कारण उन्हें कदम-कदम पर समाज के सामने लज्जित होना पड़ेगा।"[2] नंदरानी के हिजड़ा रूप के कारण मेजर साहब की समाज में प्रतिष्ठा कम हो जाएगी। लोग उन्हें पग-पग पर लज्जित करेंगे यही सोचकर मेजर साहब दुखी होते हैं। और नंदरानी को नाजबीवी बनने के लिए मजबूर कर देते हैं। भारतीय समाज व्यवस्था में सामाजिक डर के कारण ही अनेक थर्ड जेंडर के नसीब में समस्या का रूप उग्र से अति उग्र रूप दिखाई देता है। मां के गर्भ से जन्म लेने वाला यह जीव आम बच्चों की तरह ही होता है, किंतु उसकी शारीरिक कमियों के कारण उसकी सामाजिक, मानसिक, आर्थिक, शारीरिक अवहेलना की जाती है। उसे मनुष्य के रूप में देखा भी नहीं जाता, ना उसका सही ढंग से पालन पोषण किया जाता है। और ना ही उसे समाज में मान सम्मान दिया जाता है। "मानवाधिकार ! 'तीसरे लिंग' की सबसे बड़ी विडंबना की यह है कि बृहतर समाज उसे मानव ही नहीं समझता, सो उसके कैसे मानवाधिकार ! कदम-कदम पर यह समाज उसके अस्तित्व को रौंदता है, घायल करता है। नाजबीवी और उसके साथियों के साथ समाज के सभी वर्गों का व्यवहार लगभग एक-सा है। उपहास के पात्र है वे। जरा-सा किसी से कुछ कह दें वे तो हिंसक व्यवहार किया जाता है उनके साथ ।" [3] बेजुबान गूंगे प्राणियों पर मानव अधिकार की बड़ी-बड़ी बातें करने वाला यही भारतीय समाज तृतीयपंथी मनुष्य के बारे में उदासीन दिखाई देता है। हिजड़ा अथवा किन्नर भी एक मनुष्य है। उसका भी अपना आत्मसम्मान होगा। उसके भी जीवन जीने के तौर तरीके अपनी आदतें होंगी। संविधान के अनुरूप उसे भी स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त होता है। यह बातें इस समाज व्यवस्था के ध्यान में ही नहीं है। तिरस्कार और भय के साथ जीवन जीने वाला किन्नरों जीव सामाजिक प्रतिष्ठा के चक्रव्यूह में फसा हुआ दिखाई देता है।

परंपरा से पुरुष वर्चस्व के लिये पुरुषप्रधान मानसिकता अन्यायी भारतीय समाज व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश सदीयो से करती आयी है और इसमें वो सफल भी हुए है। दोगली जीवनी जीने वाले पुरुष व्यवस्था को जीवित रखने वाले लोगों की मात्रा भारतीय समाज में अधिक दिखाई देती है। तृतीयपंथी, बायक्या, छक्का, थर्ड जेंडर, गे आदि नामों से परिचित थर्ड जेंडर सामान्य सामाजिक व्यवस्था में तिरस्कृत दिखाई देता है। किंतु इसी थर्ड जेंडर का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए यही समाज जगह जगह पर करता हुआ दिखाई देता है। शुभ कार्य में इनके द्वारा मिला हुआ आशीर्वाद लाभदाई होता है इसलिए उन्हें यही समाज बच्चे के जन्म के अवसर पर हो अथवा शादी

समारोह में निमंत्रित भी करता है। दिन के उजालों में किन्नर समाज से भागता हुआ यही मनुष्य रात के समय में अपने शरीर की भूख को मिटाने के लिए इसी किन्नर का सहारा लेता हुआ भी दिखाई देता है। "गुपचुप तरीके से इनके साथ यौन- संबंध तो यह समाज बना सकता है मगर खुले में हर कोई इनकी छाया से बचना भी चाहता है। इनसे बात करना तो दूर, इनके पास खड़ा होना भी अपमानित होना समझता है।बस में सफर कर रही नाजबीबी के साथ वाली सीट पर कोई बैठना नहीं चाहता। खड़ी हुई सवारियों में से एक पुरुष सवारी को वह बैठने के लिए कहती है तो शेष सभी सवारियां उस पुरुष को उपहास भरी नजरों से देखती है। वह पुरुष भी नाजबीबी के इस प्रस्ताव पर अचकचा जाता है।"[4] समाज की सामाजिक व्यवस्था बलवान लोगों के अनुरूप बदल दी जाती है। प्रतिष्ठित, धनवान लोगों के लिए यही सामाजिक व्यवस्था लचीली होती है किंतु अप्रतिष्ठित और निर्धन लोगों के लिए यही सामाजिक व्यवस्था का कठोर, ताठर रूप धारण करती है। सबसे अधिक मात्रा में इसी समाजव्यवस्था का शिकार होने वाला निर्धन और मध्यम वर्गीय समाज अन्यायी समाजव्यवस्था को बनाए रखने के लिए सबसे अधिक मात्रा में कार्य करने में अग्रसर दिखाई देता है। किन्नर समाज में भी सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए किन्नर समुदाय के अपने नियम बनाए हुए दिखाई देते हैं। उन नियमों का पालन न करने वाला व्यक्ति किन्नर समुदाय से बाहर कर दिया जाता है। किन्नर समुदाय की बात न सुनने वाला किन्नर अप्रतिष्ठित समझा जाता है। अथवा उसे आर्थिक और शारीरिक दृष्टि से दंड भी किया जाता है। 'मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी' आत्मकथन में लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी अपने परिवार के मन में सामाजिक डर कैसा घर कर बैठा हुआ था यह बंताने की कोशिश करती है। जब पहली बार हिजड़ा बनकर अपने घर में आती है तब उसे देखकर घरवालों के मन में जो डर दिखाई देता है उस बारे में बारे में वह कहती है कि "घर में घुसते ही मां ने चिल्लाना शुरू किया। पापा भी गुस्सा थे। वह स्वाभाविक ही था। उनकी पहली प्रतिक्रिया थी, अपनी चौदह पीढ़ीयों में ऐसा किसी ने नहीं किया होगा। हमारा खानदान ब्राह्मण का है... उसके मान-सम्मान के बारे में तो कम से कम सोचना चाहिए था। तुम्हारी बहन की शादी हो गई है। उसके घर वाले क्या कहेंगे?"[5]लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी का परिवार सुशिक्षित और हिजड़े के रूप में लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को अपनाने के लिए तैयार था किंतु उनके मन में समाज का बड़ा डर था। समाज क्या कहेगा? समाज में हमारी प्रतिष्ठा कम हो जाएगी। इस बात से लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी के पिता और माता दोनों चिंतित दिखाई देते हैं दोनों लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से कहते हैं "क्यों ऐसा बर्ताव करते हो तुम? तुम्हें क्या प्रॉब्लम है? सब अच्छा तो चल रहा है? पढ़ाई की है, अपने पसंदीदा क्षेत्र में, डांस में कैरियर बना रहे हो। डांस की तरफ ध्यान दो अपनी खुद की जिंदगी के तरफ ध्यान दो,अपनी खुद की जिंदगी की तरफ ध्यान दो। चाहिए तो पैसे ले लो और नया बिजनेस शुरू करो। तुमने जो कुछ किया है, इस वजह से हम तो किसी को मुंह दिखाने के लायक नहीं रहे। पर अपने बारे में सोचो, सामाजिक तौर पर भी यह अच्छा नहीं। इससे बाहर निकलो।" [6] अपने कलेजे के टुकड़े को उसमें कमियां होने के बावजूद भी अपने से दूर करना कोई भी मां-बाप नही चाहते किंतु सामाजिक प्रतिष्ठा में बाप को अपने इन तृतीयपंथी बच्चों को अपने से दूर करने के लिए मजबूर करती हुई दिखाई देती है।

निष्कर्ष :-सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण सदीयो से तृतीयपंथी शोषित, वंचित और अपमानित जीवन जीने के लिए मजबूर है। भारतीय समाज व्यवस्था में स्त्री जन्म के प्रति उदासीन भारतीय समाज में थर्ड जेंडर की अवस्था शोचनीय दिखाई देती है। अच्छे खासे परिवार मे जन्म लेने वाला तृतीय लिंगी बच्चा सामाजिक प्रतिष्ठा का शिकार बनता हुआ दिखाई देता है।

******

सदर्भ :-

1. मैं हिजडा मैं लक्ष्मी - लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी-अनुवादक-डॉ. शशिकला राय पृष्ठ - 8
2. अतीत और वर्तमान- तिसरी लिंग की संघर्षगाथा- यमदीप -संपादक डॉ. एम फिरोज खान पृष्ठ -12
3. अतीत और वर्तमान- तिसरी लिंग की संघर्षगाथा- यमदीप -संपादक डॉ. एम फिरोज खान पृष्ठ - 16
4 अतीत और वर्तमान- तिसरी लिंग की संघर्षगाथा- यमदीप -संपादक डॉ. एम फिरोज खान पृष्ठ .17
5. मैं हिजडा मैं लक्ष्मी - लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी-अनुवादक-डॉ. शशिकला राय पृष्ठ - 54.
6. मैं हिजडा मैं लक्ष्मी - लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी-अनुवादक-डॉ. शशिकला राय पृष्ठ 54

भारत में किन्नरों का ऐतिहासिक उल्लेख तथा वर्तमान में प्राप्त अधिकार

मो.जहाँगीर

शोधार्थी, हिंदी-विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़ (उ० प्र०) – 202002

शोध-सार- : भारत विविधताओं वाला देश है। जहाँ विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय, समुदाय, जाति, प्रजाति एवं वर्ग के लोग निवास करते हैं। इस देश में पुरुष और महिला से अलग एक और वर्ग की उपस्थिति मिलती है, जिसे किन्नर कहा जाता है। किन्नर जैविक (Biological) रूप से पुरुष या महिला होते हैं, लेकिन मानसिक (Psychological) रूप से विपरीत लैंगिक भाव की अनुभूति करते हैं। किन्नरों के ऐतिहासिक प्रमाण सहस्रों वर्ष पूर्व से भारत के प्राचीन साहित्य एवं धर्म शास्त्रों में विद्यमान हैं। प्राचीन पौराणिक साहित्य एवं धार्मिक ग्रंथों जैसे - रामायण, महाभारत, वेद, पुराण, मध्यकालीन साहित्य आदि में किन्नरों की गौरवशाली गाथाओं एवं पदवी प्राप्ति के प्रमाण मिलते हैं, परंतु अँग्रेज़ी शासनकाल में शनैः शनैः किन्नरों की स्थिति दयनीय होती गयी। उन्हें मुख्य धारा के समाज से विस्थापित एवं बहिष्कृत कर हाशिये पर धकेल दिया गया। परिणामस्वरूप इनका विकास अवरुद्ध हो गया। सन् 2014 में किन्नरों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने किन्नरों को अन्य (Other) के स्तंभ से निकाल थर्ड जेंडर (Third Gender) के रूप में मान्यता दी ताकि उन्हें भी मुख्य धारा के समाज के समान सभी अधिकार एवं सुविधाएँ दी जा सकें।

बीज-शब्द (Keywords) : किन्नर, तृतीय लिंगी, हिजड़ा, समाज, धार्मिक ग्रंथ, साहित्य, अधिकार, कानून, सुविधाएं।

प्रस्तावना : किन्नर या हिजड़ा नाम सुनते ही माथे पर बड़ी सी बिंदी, होंठों पे लाली, कानों में झमके या बाली, बदन पर स्त्री परिधान धारण किए हुए, हंसी-ठिठोली कर बधाई लेती या भीख मांगती हुई एक छवि मस्तिष्क के पटल पर उभरती है। यह छवि न तो पूर्णतः नर की होती है और न ही पूर्णतः मादा की, बल्कि महिला के भेष में एक तृतीय लिंगी की छवि होती है। तृतीय लिंगी या तृतीय पंथी वह है, जो अपने लिंग के विपरीत लैंगिक भाव की अनुभूति करता है। यह जन्मजात होते हैं। जैसे-जैसे आयु में वृद्धि होती जाती है वैसे-वैसे यह मानसिक द्वंद्व में उलझते जाते हैं। लैंगिक भाव में आ रहें परिवर्तन को समझ नहीं पाते और अपनी अस्मिता की खोज में उलझे रहते हैं। जन्म के समय जो लैंगिक पहचान मिलती है, उसमें उम्र बढ़ने के साथ आमूल-चूल परिवर्तन होता है और मस्तिष्क विपरीत लिंग की ओर इंगित करता है। ऐसी अवस्था में वह कौन है, स्वयं, यह जानने के लिए छटपटाता है। वह उस रहन-सहन, एवं परिवेश से छुटकारा पाना चाहता है क्योंकि वास्तव में वह पुरुष या महिला की काया में क्रमशः विपरीत लैंगिक भाव लिए हुए महिला या पुरुष या दोनों से भिन्न होता है, जिसे किन्नर या हिजड़ा कहा जाता है। भाषा और स्थानीय बोलियों के अनुसार किन्नरों के अधोलिखित नाम व्यवहृत किए गए हैं।

अन्य नाम : हिजड़ा, ट्रांसजेंडर, थर्ड-जेंडर, तृतीय लिंगी, तृतीय प्रकृति, यूनक, जोगप्पा, अरावनी, शिव-शक्ति, बृहनल्ला, थिरूनंगई, नपुंसकुडु, कोज्जा या मादा, पवैय्या, मंगलमुखी, ख्वाजा सरा, खुसरा, जनखा, नपुंसक, आदि; कुछ अन्य नाम जो अशिष्ट रूप में लिए जाते हैं जैसे - मऊगा, मीठा, मीठा-चावल, खोजा, बायक्या, छक्का, लौंडा आदि।

ऐतिहासिक उल्लेख एवं पृष्ठभूमि : भारत में किन्नरों का इतिहास कोई नया नहीं है, अपितु वृहद प्राचीन और समृद्ध माना जाता है। भारतीय साहित्य में लगभग 10000 वर्ष पूर्व से इनके अस्तित्व का उल्लेख मिलता है। प्राचीन साहित्य एवं धार्मिक शास्त्रों जैसे - रामायण, महाभारत, वेद, अष्टाध्यायी, पुराण, कामसूत्र, मध्यकालीन तथा साहित्य आदि में किन्नरों की गौरवशाली गाथायें कही जाती हैं। तत्कालीन समाज में इनका बहुत आदर-सत्कार था। ऐतिहासिक रूप से हिजड़ों की दीर्घ परंपरा रही और हिजड़ा समाज अपनी संस्कृति से काफी समृद्ध था। प्रसंगों के आधार पर भारत में किन्नरों का उल्लेख –महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित, हिन्दू धर्म के प्रसिद्ध एवं पवित्र ग्रंथ, रामायण (7323 ई० पू०) का काल आज से लगभग 9000 वर्ष प्राचीन माना जाता है। जिसमें किन्नरों के होने का प्रमाण मिलता है। रामचंद्र जी अयोध्या से वन-गमन के लिए प्रस्थान करते हैं। मार्ग में महर्षि भरद्वाज के आश्रम में रात्रि विश्राम करते हैं। प्रातः उठकर महर्षि से अपने वनवास के दौरान रहने हेतु उपयुक्त स्थान का पता पूछते हैं। रामायण के अयोध्याकांड के 54 वें सर्ग में महर्षि भरद्वाज उत्तर देते हुए कहते हैं

-वासमौषमिकं मन्ये तब राम महाबल।
नानानगगणोषेत: किन्नरोरगसेवित: ॥ 39अयोध्याकांड (54 वां सर्ग)

अर्थात् हे महाबली राम ! मेरी समझ में चित्रकूट ही आप के रहने योग्य ठीक स्थान है क्योंकि वहां अनेक प्रकार के वृक्ष हैं, वहां किन्नर और नाग बसते हैं।

महर्षि वाल्मीकि किन्नरों का उल्लेख रामायण के उत्तरकांड में भी करते हैं। वही प्रसंग हिन्दी साहित्य के महाकवि तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य, रामचरित मानस, में भी मिलता है। प्रसंग है : जब रामचंद्र जी वनवास के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। उनका अनुनय विनय कर वापस लाने के लिए भरत और शत्रुघ्न के साथ अयोध्या वासी एवं भक्त-गण चित्रकूट जाते हैं। रामचंद्र जी उन सभी के स्नेह और प्यार को सहर्ष स्वीकार, वापस जाने को कहते हैं। आदेश का पालन कर सभी लोग वापस अयोध्या लौट आते हैं, किंतु किन्नर समुदाय के लोग वापस न लौटकर वहीं सरयू नदी के किनारे छोटी-छोटी कुटियाँ बनाकर रहने लगते हैं। वनवास अवधि पूर्ण कर जब रामचंद्र जी अयोध्या लौटते हैं, तो कुटिया बनाकर रह रहे उस समुदाय के लोगों से संवाद कर वहां ठहरने का कारण पूछते हैं। किन्नर लोग रामचंद्र जी के उक्त कथन को दोहराते हैं कि प्रभु आपने नर और नारी को वापस जाने की अनुमति दी थी, किंतु 'बीच' के लोगों को कोई आदेश नहीं था। महाकाव्य रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी इस घटना का उल्लेख इस प्रकार करते हैं -

जथा जोग करि विनय प्रनामा, बिदा किए सब सानुज रामा।
नारि पुरूष लघु मध्य बड़ेरे, सब सनमानि कृपा निधि फेरे ॥अयोध्याकांड 318/4

महेन्द्र भीष्म ने भी 'किन्नर कथा' नामक उपन्यास में इसी प्रसंग का उल्लेख किया है। रामचन्द्र जी ने हिजड़ों की इस निस्वार्थ भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया कि कलयुग में तुम राज करोगे और तुम लोग जिसे भी आशीर्वाद दोगे उसका अनिष्ट नहीं होगा। इसलिए किन्नर 'मंगलमुखी' कहलाते हैं। तुलसीदास जी लिखते हैं -

पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ।
सर्ब भाव भंज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ ॥ उत्तरकांड 87

महाभारत की रचना का काल लगभग 5000 वर्ष प्राचीन है। किन्नरों के अनेक प्रसंग इस काल में भी देखने को मिलते हैं। महाभारत में शिखंडी का उल्लेख मिलता है। शिखंडी को 'अंबा' के नाम से भी जाना जाता है। शिखंडी का जन्म कन्या के रूप में हुआ था, लेकिन लालन – पालन उसका एक पुत्र के रूप में हुआ। इसलिए उसे नपुंसक कहा गया। भीष्म पितामह का वध करने के लिए अर्जुन ने उसी शिखंडी का सहारा लिया था। महारथी भीष्म द्वारा तिरस्कृत राजकुमारी 'अंबा' अपने अपमान का प्रतिकार लेने के लिए कुरुक्षेत्र के महासंग्राम में भीष्म के सम्मुख शिखंडी के रूप में प्रकट हुई। भीष्म ने उसे देखकर कहा कि मैं एक नपुंसक से युद्ध नहीं लड़ सकता और अपने शस्त्र नीचे डाल दिए। अर्जुन ने इस प्रकार शिखंडी को ढाल बनाकर भीष्म पितामह का वध किया और पांडवों की जीत सुनिश्चित कर धर्म की रक्षा की। एक प्रसंग यह है कि अर्जुन और नाग पुत्री उलूपी का एक पुत्र अरावन था। कुरुक्षेत्र में युद्ध के दौरान पांडवों को अपनी विजय सुनिश्चित करने हेतु काली माता के चरणों में नरबलि देनी थी। बलि के लिए अरावन तैयार था, लेकिन उसने एक सुंदर कन्या से विवाह रचाने की शर्त रखी। एक दिन की सुहागिन बनने के लिए कोई भी कन्या तैयार नहीं हुई। अंततः श्री कृष्ण ने मोहिनी का रूप धारण किया और उससे एक दिन के लिए विवाह किया। एक दिन का वैवाहिक जीवन गुजार उसने स्वयं को काली के चरणों में समर्पित कर दिया। श्री कृष्ण ने मोहिनी रूप में ही उसकी मृत्यु का शोक मनाया। इसलिए किन्नर समुदाय के लोग तमिलनाडु के प्रसिद्ध कुवागम मेले में अरावन से एक रात की शादी करते हैं और उसकी मृत्यु का शोक विलाप करते हुए मनाते हैं। किन्नर अरावन को अपना आराध्य देवता मानते हैं। अतएव किन्नरों को कुछ स्थानों पर अरावनी भी कहा जाता है। दूसरे प्रसंग में, अज्ञातवास के दौरान इंद्रलोक की अप्सरा उर्वशी के विवाह के प्रस्ताव को अर्जुन द्वारा अस्वीकार किये जाने पर, उसने अर्जुन को बृहनल्लाह बन जाने का श्राप दे दिया था। इस रूप में ही राजा विराट की पुत्री उत्तरा को अर्जुन ने एक वर्ष तक नृत्य कला की शिक्षा दी। इसलिए किन्नरों को बृहनल्लाह भी कहा जाता है।पुराण साहित्य (600 ई० पू०) में एक उल्लेख आया है कि स्वर्ग अथवा देवलोक में किन्नर एक देवता है, जिसका मुख घोड़े के मुख के समान है। संस्कृत के भाषाविद पाणिनी द्वारा रचित 'अष्टाध्यायी' (700 ई० पू०) में लिंग के तीनों रूप - स्त्री, पुरूष और नपुसंक का भेद स्पष्ट किया गया है। विभिन्न लक्षणों के आधार पर पौराणिक ग्रंथों में किन्नरों के किं पुरूष और किं पुरूषी का भी भेद स्पष्ट किया गया है। कामसूत्र (300 ई० पू०) के रचयिता वात्स्यायन ने किन्नरों को तृतीय प्रकृति कहा है। कामसूत्र के नवम् अध्याय में किंपुरूष और किंपुरूषी का उल्लेख मिलता है और अध्याय पंद्रह किन्नरों पर आधारित है। "द्विविधा तृतीया प्रकृति: स्त्रीरूपिणी पुरूषरूपिणी च।" अर्थात् तृतीय प्रकृति दो प्रकार की होती है- एक स्त्री के रूप में और दूसरी पुरूष के रूप में। पुरुष गुण अधिक रखने वाले किंपुरूष और स्त्री गुण अधिक रखने वाले किंपुरूषी कहलाते हैं।धार्मिक ग्रंथों के अलावा प्राचीन बौद्ध एवं जैन साहित्य में भी किन्नर अथवा नपुंसक का उल्लेख मिलता है। जैन दर्शन में मनुष्य की आत्मा को बंधन में डालने वाली नौ दुष्प्रवृत्तियों को बताया गया है। जिसके उदय होने पर पुरुष में किसी स्त्री के अतिरिक्त बालक अथवा पुरुष के साथ भी संभोग करने की इच्छा उत्पन्न हो जाती है। जैनियों के यहाँ स्त्री वेद, पुरुष वेद, और नपुंसक वेद को तीन लिंगों के रूप में उल्लिखित किया गया है।सिद्ध सिद्धांत पद्धति में स्त्री-पुरुष उत्पत्ति के साथ-साथ तृतीय प्रकृति के मनुष्य की उत्पत्ति के संबंध में विचार किया गया है। जिसमें कहा गया है कि सम्भोग के उपरांत यदि गर्भाशय में वीर्य ज़्यादा सिंचित होगा तो पुरुष की एवं माता का रज अधिक सिंचित होगा तो स्त्री की उत्पत्ति होगी। जब गर्भाशय में माता-पिता के रज एवं वीर्य की मात्रा समान हो तब किन्नर या नपुंसक सन्तान का जन्म होता है। किन्नरों की स्थिति मध्यकाल (6-18 शताब्दी) में भी समृद्ध थी। मध्यकाल में शासकों ने किन्नरों को अपने साम्राज्य की सुरक्षा हेतु उच्च पदों पर मनोनीत कर रखा था। इसका उल्लेख भारतीय मध्यकालीन इतिहास में मिलता है। अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316 ई०) का सेनापति, मलिक काफूर, भी एक किन्नर था। सेनापति, कमाण्डर तथा गुप्तचर (जासूसी) का काम विशेष रूप से हिजड़ों को दिया जाता था क्योंकि हिजड़े वफादार माने जाते थे। साथ ही वीर्य वमन से रहित, ताक़तवर एवं बहादुर होते थे। हरम या अंतःपुर की व्यवस्था की देख-रेख हेतु भी किन्नर तैनात किए जाते थे। किंपुरूषों को सुरक्षा की दृष्टि से तथा किंपुरूषियों को हरम में रहने वाली रानियों की सेवा और सहायता हेतु रखा जाता था। इन किन्नरों को खोजा, क्लीव आदि नामों से पुकारा जाता था।

भारतीय किन्नरों को वर्तमान में प्राप्त अधिकार : प्राचीनकाल से किन्नर सुख-समृद्धि से अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। ये राजा-महाराजाओं के युग में उच्च एवं प्रतिष्ठित पदों पर नियुक्त थे। इन्हें समाज में अत्यधिक मान और प्रतिष्ठा प्राप्त थी, लेकिन जब भारत की सत्ता राजाओं के हाथ से निकलकर अंग्रेजों के हाथ पहुंची तब से इनकी दशा दयनीय होती गयी। अंग्रेजों ने एक कानून निर्मित किया जिसे आपराधिक जनजाति अधिनियम – 1871 के नाम से जाना जाता है। इस कानून में इन्हें अपराधी घोषित कर दिया गया। इस प्रकार यह समाज से विस्थापित होते गए और सभ्य समाज तथा किन्नरों के बीच एक खाई गहराती गयी जो आज तक नहीं पाटी जा सकी है। सन् 2011 ई० में किन्नरों की पहली बार पृथक जनगणना की गई। उसके बाद सन् 2014 ई० में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने National Legal Services Authority VS Union of India & ors (जिसे NALSA Judgement कहा जाता है) का फैसला सुनाया। यह फैसला किन्नरों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि किन्नरों को थर्ड जेंडर के रूप में स्वतंत्र पहचान मिली।

NALSA Judgement के द्वारा किन्नरों को प्राप्त अधिकार –इस न्याय से किन्नरों की अस्मिता का प्रश्न हल हुआ उन्हें 'थर्ड जेंडर' के रूप में स्वीकृत किया गया और सभी दस्तावेजों में प्रयुक्त अन्य स्तम्भ के स्थान पर थर्ड जेंडर स्तम्भ को जोड़ने का निर्देश दिया गया।अपने लिंग को स्वेच्छा से महिला, पुरुष या थर्ड जेंडर चुनने का अधिकार दिया गया। शल्य चिकित्सा के द्वारा लिंग का पुनर्निर्धारण के अनुसार महिला या पुरुष चुनने का विकल्प मिला।पुरुष और महिला के समान ही मूलभूत अधिकार दिए जाने की बात कही गयी। धर्म, समुदाय, जाति-प्रजाति, और सामाजिक हैसियत आदि को न देखकर बिना भेदभाव के समान अवसर देने की बात की गयी।स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा, सामाजिक संबंध, मताधिकार, विवाह एवं स्वयं की जायदाद रखने का अधिकार, पासपोर्ट बनवाने, जन्म प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, ड्राइवर लाइसेंस, प्राप्त करने, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य एवं बच्चे को गोद लेने तथा वारिस रखने का अधिकार मिला।स्वतंत्रता एवं आत्म-सम्मान से समाज में जीने का अधिकार, निजता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, हिंसा, भेदभाव तथा शोषण के विरुद्ध अभिव्यक्ति का अधिकार।सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़ा मानते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किन्नरों को आरक्षण दिए जाने का आदेश।किन्नरों के लिए HIV Sero-Survellance केंद्र की स्थापना करने के संबंध में केंद्र एवं राज्य को दिशा निर्देश केंद्र एवं राज्यों को किन्नरों के लिए सार्वजानिक स्थानों पर अलग शौचालय एवं अन्य व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देश।उनके भविष्य की बेहतरी के लिए विविध कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करने हेतु निर्देश।समाज को जागरूक करने हेतु निर्देश ताकि किन्नर भी स्वयं को समाज का ही हिस्सा अनुभूत करें और उन्हें अछूत न समझा जाये तथा समाज में सम्मान एवं गरिमा के साथ जीवन यापन कर सकें।**The Transgender Persons (Protection Of Rights) Act, 2019 के द्वारा किन्नरों को प्राप्त अधिकार** – माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र

मोदी की अध्यक्षता में सन् 2016 ई० में लोकसभा सदन में एक विधेयक पारित किया गया जो संशोधन उपरांत 2019 ई० में अधिनियम बना । यह अधिनियम Transgender (ट्रांसजेंडर) लोगों के अधिकारों हेतु है । Transgender एक Umbrella term है जिसमें किन्नरों के अलावा लेस्बियन, गे (समलैंगिक लोग), उभयलिंगी तथा विषम लिंगी लोग शामिल हैं । किन्नरों को इस अधिनियम के द्वारा प्राप्त अधिकार – शैक्षिक संस्थान एवं सेवा, रोजगार एवं व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवा, सार्वजानिक स्थानों में अनुचित व्यवहार एवं भेदभाव न हो । सभी प्रकार के आनंद, सेवा, सुविधा, लाभ, तीर्थ या अवसर की स्वीकृति हो । रहना, खरीदना, किराये या अन्य सम्पत्ति को अधिकृत करने तथा सार्वजानिक या निजी कार्यालय बनाने का अधिकार ।जिलाधीश के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपनी पहचान का दस्तावेज़ पाना । लिंग परिवर्तन के बाद इस दस्तावेज के साथ CMO द्वारा जारी प्रमाण-पत्र को संलग्न कर महिला या पुरुष होने का प्रमाण-पत्र जिलाधीश से ले सकते हैं । अन्य सभी दस्तावेज़ों में भी थर्ड जेंडर के रूप में पहचान दर्ज करा सकते हैं ।सरकार किन्नरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाए; उनको पूर्ण एवं प्रभावी रूप से समाज में स्थान दिलाने का कदम उठाए; ट्रांस के बचाव, संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए कदम उठाए; बिना भेदभाव के रोज़गार की व्यवस्था करे ।हर प्रतिष्ठान इस अधिनियम के उल्लंघन से सम्बन्धित शिकायतों से निपटने के लिए अधिकारी नामित करे ।ट्रांस बच्चे को माता-पिता परिवार से अलग नहीं किया जा सकता । उसे उसी घर में रहने का अधिकार है जहां माता-पिता या पारिवारिक सदस्य हों । बिना भेदभाव के घर की सारी सुविधाएं प्रयोग करने का अधिकार ।प्रत्येक शैक्षिक संस्थान में समावेशी शिक्षा, खेल और मनोरंजन का अधिकार ।व्यवसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार सहित आजीविका को सुविधाजनक और सहारा देने के लिए कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम तैयार करना ।राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार ह्यूमन डिफिसिएंसी वायरस सेरो निगरानी केंद्र की स्थापना करना । सरकार के सार्वजानिक प्रयोजन हेतु अनिवार्य सेवाओं के अतिरिक्त बंधुआ मजदूरी, ट्रांस को सार्वजानिक स्थानों की यात्रा से वंचित, हानि या चोट, शारीरिक शोषण, यौन शोषण, आर्थिक शोषण, मौखिक या भावात्मक शोषण आदि किए जाने पर छह माह से दो वर्ष की सजा या जुर्माना या दोनों का प्रावधान।

निष्कर्ष : भारत में किन्नरों की उपस्थिति अति प्राचीन है । इसके प्रमाण के रूप में उपर्युक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए गए । इनमें पाया गया कि भारत में किन्नरों का उल्लेख आज से नहीं अपितु, लगभग दस हजार वर्ष पूर्व से मिलता है । रामायण काल से लेकर मध्यकालीन तक इनकी प्रतिष्ठा एवं गौरव की गाथायें मिलती हैं । यह भी ज्ञात होता है कि इनकी संस्कृति प्राचीन समय से ही बहुत समृद्ध रही है और समाज में इनकी विशेष उपस्थिति रही है । वर्तमान समय में भी इनके उत्थान के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला दिया है जिससे समाज और किन्नरों के बीच की खाई को भरा जा सकेगा । भारत एवं राज्य की सरकारों ने इनके हितों को ध्यान में रखकर अधिनियम बनाए हैं, जिसमें किन्नरों के विभिन्न अधिकारों का प्रावधान किया गया है।

****

सन्दर्भ सूची :

1. त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण, अनु. डॉ. शशिकला राय एवं सुरेखा बनकर, मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2015, आवृत्ति 2018.
2. भीष्म, महेंद्र, किन्नर कथा, अमन प्रकाशन, कानपुर, चतुर्थ संस्करण 2020.
3. बंद्योपाध्याय, मानोबी, अनु. रचना भोला 'यामिनी', पुरुष तन में फँसा मेरा नारी मन, राजपाल एंड सन्स, प्रथम संस्करण, 2018.
4. तुलसीदास, टीकाकार हनुमान प्रसाद पोद्दार, रामचरित मानस, गीताप्रेस, गोरखपुर.
5. वाल्मीकि, अनु. चतुर्वेदी द्वारका प्रसाद शर्मा, रामायण, रामनारायण लाल पब्लिशर और बुक सेलर, इलाहाबाद.
6. Michel, M. (2015), Historical Evolution of Transgender Community in India, Asian Review of Social Science, The Research Publication Vol. 4 Pp. 17-19.
7. Chatterjee, Dr. Subhrajit (2018), Problems Faced By Transgender Community in India : Some Recommendations, International Journal of Creative Research Thoughts Vol. 6 Pp. 665-679.
8. The Transgender Persons (Protection Of Rights) Act, 2019.
9. Sikri, A. (April 15, 2014), National Legal Services Authority VS Union of India & ors on 15 April, 2014 ; retrieved on June 15th, 2022 from https://indiankanoon.org/doc/193543132/

'यमदीप' में किन्नर जीवन की व्यथा

डॉ. निशा मुरलीधरन

असिस्टेन्ट प्रोफेसर,
एस. आर. एम.इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलजी, वड़पलनी , चेन्नई

"उन नारियों से है कहना,
जो करती फ़रियाद नारी जन्म पर,
जो रोती हर पल, अपनी किस्मत पर,
और तरसती रहती, अपनी निस्सहायता पर ;
हमारे जैसे अर्ध नारियों का,
एकमात्र सपना है नारी का रूप मिलना,
सम्पूर्ण नारीत्व का एहसास करना,
और तड़पते रहते उस पुण्य जन्म को पाना |"

ये आशा है किन्नर जाति का, जो जननांग की विकलांगता के कारण समाज में अपमानित और तिरस्कृत होकर जीने की सजा भोग रही है | स्त्री की ज़िंदगी में अगर आँसू की दरिया बहती है तो किन्नर की ज़िंदगी रक्त की दरिया में डूबी हुई है | इस संघर्षपूर्ण ज़िंदगी का वास्तविक वर्णन 'यमदीप' उपन्यास में किया गया है |

"ट्रांसफोबिया" के कारण तीसरे लिंग के लोगों का जीवन नरक तुल्य हो जाता है | "ट्रांसफोबिया" का मतलब है हिजड़ों या किन्नरों के प्रति घृणा या नफरत दिखाना | उनको मुख्यधारा से अलग रखा गया है | किन्नरों की वेश-भूषा और उनका व्यवहार देखकर लोग उनसे डरते हैं और उनको निकृष्ट जीव के जैसे देखते हैं | लेकिन सामाज में जो गलत कार्य मर्द और औरत करते हैं उससे ज़्यादा या उतनी भी गलतियाँ किन्नर नहीं करते हैं |

'यमदीप' शीर्षक ही कुछ अलग है | दीवाली की पूर्वसन्ध्या में एक दीप को यम से संवाद करने के लिए कूड़े-कर्कट के पास अलग से रख देते हैं और फिर उसकी तरफ कोई देखते भी नहीं है | उसी प्रकार, जब घर में कोई किन्नर होता है तो उसे परिवार और समाज से अलग रखा जाता है और फिर उसकी तरफ कोई देखते भी नहीं हैं | वह हमेशा सबसे अलग ही रहती है | इस अवस्था को लेखिका ने बहुत सुंदर रूप से अपनी शीर्षक के द्वारा बताती हैं |

'यमदीप' उपन्यास में 'नंदरानी' से 'हिजड़ा नाज बीबी' का रूपांतरण या परिवर्तन अत्यंत दयनीय और करुणामय रूप से दरसशाया गया है | एक मेजर की संतान के रूप में जन्म लेकर, अपने माता-पिता की लाड़ली पुत्री बनने पर भी उसे अपने परिवार को छोड़कर जाना पड़ता है और सबसे अलग रहना पड़ा | हिजड़ा समुदाय में जाने के बाद नंदरानी नाजबीबी बन जाती है | एक दिन अपनी माँ से वह टेलीफोन में कहती है-**"मम्मी, मैं आप लोगों की बदनामी के कारण अपनी दुनिया में चली आई। हिजड़ों की दुनिया में.. मेरा हाथ पैर अपंग होता, दिमाग खराब होता, तो भी शायद तुम रख सकती थीं लेकिन.."** अपने परिवार वालों की इज्जत का ख्याल रखकर नंदरानी घर छोड़कर नाजबीबी बन गई थी | अपनी माँ की बीमारी और उनकी मृत्यु की खबर भी उसे बहुत देरी से मिलती है और अंतिम बार अपनी माँ को देखने की मौका से भी वह वंचित हो जाती है | क्या हिजड़ों को अपने प्रिय जनों के विरह पर दुख मनाने का अधिकार भी नहीं है ? उनके प्रति दया और सहानुभूति रखनेवाले लोग बहुत कम है | इस उपन्यास में किन्नरों की सामाजिक स्तिथि की ओर हमारा ध्यान केंद्रित करते हुए नीरजा माधव जी ने साथ-साथ समाज में उनके प्रति तिरस्कार की भावना और नफरत की भावना का भी विस्तृत वर्णन किया है | रोजगारी की मामला का भी बखान इस उपन्यास में हुआ है | पैसे कमाने के लिए ज्यादातर किन्नर भीख माँगते हुए दिखते हैं या लैंगिक कामों में जुड़ जाते हैं | किन्नरों के प्रति घृणा होने का मुख्य कारण भी यहीं है | इसमें थोड़ा बदलाव करते हुए इस उपन्यास में किन्नरों का देश-प्रेम और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाया गया है | जैसे कि इस उपन्यास में नाजबीबी का कहना है – **'अगर सरकार हमें भी हथियार दे । मैं तो लड़ंगी। लड़ते-लड़ते हिन्दुस्तान के पीछे अपनी जान दे दूंगी।'** लेकिन इनको नौकरी दिलवाने के लिए या इनकी उच्च शिक्षा के लिए सरकार की तरफ से कोई आरक्षण या कोई अनुदान

उपलब्ध नहीं है | शारीरिक रूप से सबल हिजड़ों को प्राथमिक रूप से सेना में भर्ती के लिए मौका दिया जा सकता है | लेकिन इसके लिए कार्रवाई लेने के लिए कोई तैयार नहीं है | इतिहास साक्षी है कि किन्नर मनुष्य जाति के उद्भव के समय से ही उपस्थित है | लेकिन आज भी एक संदर्भरहित ज़िंदगी जी रहे है | 'यमदीप' उपन्यास में इसका उल्लेख इस प्रकार से किया गया है –

" न पुरुष, न स्त्री....या फिर शायद पुरुष और स्त्री-दोनों ही | यानी अर्धनारीश्वर.... नहीं.... पूरी देह का विभाजन ऐसा नहीं इनका कि यह संज्ञा दी जा सके |....आत्मा आत्मा होती है, विशुद्ध, अमर....अजर...."

किन्नर समुदाय पर एक आलेख लिखने के लिए मानवी ने महताब गुरु का एक साक्षात्कार लेना चाहती थी | उपन्यास के अंत में मानवी की प्राण-रक्षा हेतु नाज बीबी और छैलू जो प्रयास करते हैं उससे सभी अत्यंत प्रभावित होते हैं और पाठकों का हृदय छू लेते हैं | किन्नर का नाम सुनते ही जो लोग अपने मुख पर अप्रिय भावना दिखाते हैं उनके लिए यह एक संदेश है कि समाज सेवा या कोई अच्छा कार्य करने के लिए, जाति, धर्म या लिंग भी रुकावट नहीं है | अच्छे और बुरे लोग सभी जगह, सभी वर्ग और तीनों लिंग में होते हैं | हिजड़ा का जन्म लेने से कोई बुरा नहीं होता है |

चारित्रिक गुण के लिए सिर्फ औरत या मर्द ही अभिनंदनीय नहिं होते बल्कि हिजड़ों को भी चारित्रिक गुण के लिए अभिनंदनीय माना जाया जा सकता है | इस उपन्यास में मन्ना बाबू और रीता देवी जैसे मर्द और औरत चरित्रहीन दर्शाये गए हैं, और नाजबीबी, छैलू, अकरम, चमेली जैसी हिजड़ों को पवित्र होने का सद्गुणों का भंडार होने का जिक्र किया गया है | मानवी भ्रष्ट राजनीतिज्ञ मन्ना बाबू के विरोध में नाज बीबी को चुनाव में खड़ा करना चाहती है | इसके लिए मानवी डी। एम। आनंद का सहयोग प्राप्त करती है | इसमें तीनों लिंगों का योगदान एक साथ होता है | पुल्लिंग का प्रतिनिधि आनंद है, स्त्रीलिंग का प्रतिनिधि मानवी है और तीसरे लिंग का प्रतिनिधि नाज बीबी है | तीनों लिंगों के सहयोग और भागीदारी से ही समाज को हम उन्नति की ओर लेके जा सकते हैं | इसका सही चित्रीकरण 'यमदीप' उपन्यास में लेखिका नीरजा माधव ने किया है | हिजड़ों के समुदाय को भी समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए |वास्तव में एक मनुष्य की पहचान उसके लिंग से नहीं होना चाहिए, बल्कि करुणा, सहृदयता, उदारता आदि से होनी चाहिए |

" मानवता का असली पहचान,
अच्छे कर्मों से है होना |
स्त्री, पुरुष या तीसरा लिंग,
सद्भावना सबमें एक समान,
लिंग-भेद मत दिखाओ,
शरीर के अंगों को मत देखो,
सबकी आत्मा एक होती

****

संदर्भ ग्रंथ :-

1. 'यमदीप' – नीरजा माधव
2. थर्ड जेन्डर : कथा आलोचना – डॉ. एम. फिरोज खान
3. थर्ड जेन्डर : कथा की हकीकत – अकरम हुसैन, मनीष कुमार गुप्ता

कविता

डॉ वंदना मिश्रा की तीन कविताएँ

(1)

सिकुड़ती जा रही है आकाश की परिधि

डराया जाता है लड़कियों को
कभी सच में सतर्क करने के लिए
और कभी यूँ ही डराने के लिए।
जन्म से पहले ही
बड़ी-बड़ी मशीन खोज लेती हैं
उनका लड़की होना।
और खींच लाती हैं उसे
सात तहों के भीतर से
जिससे खत्म हो जाए
उसका भय एक ही
बार में।
और जो बच जाती हैं
मशीन की पकड़ से
वे जीवन भर डराई जाती हैं
चोर,पुलिस,जज,अपराधी
रिश्ते,नाते,प्रेम,घृणा
सबसे।
गरज यह कि
डर बनाया जाता है
उनका स्थाई भाव
पर बड़ी जिद्दी होती हैं
लड़कियाँ
छूट ही जाती हैं
मशीन की पकड़ से भी।
तमाम वर्जनाओं को
धता बताते हुए
वे करती जाती हैं प्रेम
बार-बार धोखा खाने के बाद भी।
यहाँ तक कि धोखा
देने वाला भी
सिर धुनने लगता है
डरती लड़कियाँ धीरे-धीरे
काबिज हो जाती हैं
अंतरिक्ष पर
और सिकुड़ती जा रही है
आकाश की परिधि
विस्तार से लड़की के।

***

(2)

कुछ बेरोजगार लड़के

कुछ बेरोजगार लड़के न हों तो
सूनी रह जाएँ गलियाँ
बिना फुलझड़ियों के रह जाए दीवाली
बिना रंगों के रह जाए होली
बेरौनक रह जाएँ सड़कें
त्यौहारों का पता न चल पाए
बिना इनके हुड़दंग के
मंदिर सूने रह जाएँ
बिना श्रृंगार के
यदि ये चंदा न उगाहें
फूँके ट्रांसफार्मर बहुत दिनों तक नहीं बने
यदि ये नारे न लगाएँ
धरने,प्रदर्शन,तमाशों के लिए हमेशा
हाजिर रहती है इनकी जमात
हम बड़े खुश होते हैं
जब हमारी सुविधाओं के लिए
ये नारे लगाते हैं
या पत्थर फेकते हैं
पर सामने पड़ते ही बिदक
जाता है हमारा अभिजात्य
हम इन्हें मुँह नहीं लगाते
इनकी खिलखिलाहट खिजाती है हमें
हम बन्द कर लेते हैं खिड़कियाँ दरवाजे
इनकी आवाज सुनकर
अजीब तरह से ताली बजाकर
हँसते हैं
नुक्कड़ पर खड़ा देखकर कोसते हैं हम
लफंगा समझते हैं हम उन्हें
और ये हमें
स्वार्थी समझते हैं
सचमुच हम चाहते हैं
ये नजर न आएँ
हमें बिना काम
पर इन्हें कहीं खड़ा रहने की जगह
नहीं दे पा रहे हैं
हम या हमारी सरकार

***

(3)

पिता का हाथ

पिता की मृत्यु हुई
और भाइयों में बँटवारा
वैसे मोहताज नहीं थे भाई बँटवारे के लिए
पिता की मृत्यु के पहले
बँटने लगे थे बर्तन,रसोई,विचार
और परिवार की परिभाषा कटने लगी थी
पिता के रहते रहते
पर ढंग से दीवार उठी उनके बाद ही
इत्मिनान से नापी गई भूमि
और पिता की तरह मौन देखता रहा
बड़ा सा जामुन का पेड़
पूरे एक कमरे की जगह घेरे खड़ा था
जाने कब से
इस तरह से जुड़ा था
कि उस मकान की कल्पना से भी अलग
नहीं हुआ कभी
जैसे घर का मतलब
उस शहर का मतलब
सदैव होता था माँ के लिए।
पिता कभी काटने नहीं देते थे
एक डाल उस पेड़ की
कभी बिकने नहीं देते थे फल उस पेड़ के
भले ही मोहल्ले भर के बच्चों के पत्थर
पड़ने लगें आँगन में
बहुत बड़ी होने पर एक लड़की ने
पहचाना था मुझे
उस जामुन वाले घर में
पूरी गर्मियों की दुपहरी एक अनोखा खेल थी
हम सबके लिए
कट गया वह रसीले फलों वाला पेड़
और नम नहीं हुईं किसी की आँखें
पिता की तरह निरीह लगा था पेड़ उस समय
एक बड़ा सा कमरा बना उसकी जगह
बड़ा ठंडा
उसमें बैठने पर कभी-कभी लगता है
जैसे बैठे हैं हम उसी जामुन के पेड़ के नीचे
जैसे पिता ने रख दिया हो सिर पर
अपना काँपता हाथ।

***

डॉ वंदना मिश्रा
एसोसिएट प्रोफेसर,जीडी बिनानी
पीजी कालेज,मिर्जापुर-231001 मो- 9415876779

कवयित्री परिचय

दो कविता संग्रह और तीन गद्य की पुस्तकें प्रकाशित।विभिन्न पुस्तकों में अध्याय लेखन। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कविताएँ प्रकाशित। दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से कविताएँ प्रसारित।कुछ कविताएँ बांग्ला,मराठी,पंजाबी एवं अँग्रेजी भाषा में अनुदित।साहित्य अकादमी,बीएचयू,दस्तक साहित्य,अनीश एवं आगाज सुखन,कविता के रंग रामदरश मिश्र के संग और 'आवाज' के मंच से काव्य पाठ। प्रकाशित कविता संग्रह- कुछ सुनती ही नहीं लड़की तथा कितना जानती है स्त्री अपने बारे में।

कहानी

दीपा जी की चार लघु कहानियाँ

डॉ. दीपा दत्तात्रय कुचेकर
हिंदी विभाग
सटाणा महाविद्यालय, सटाणा, नाशिक महाराष्ट्र
मो : 9823048692 अनुडाक

1.हसीना

अपना चेहरा छुपाते हुए हसीना उन तंग गलियों से मानों भाग रहीं थी. भागते भागते हसीना थक गयी.एक दीवार का सहारा लेकर खड़ी हो गई.दुपट्टे से पसीना पोछा.दिल की धड़कन रफ़्तार पर थी.इतने में अब्बास उसके सामने आकर खड़ा हो गया.अब्बास ने उसे ढूंड ही लिया. हसीना तुम ... उस बस्ती .... हसीना ने कोई जवाब नहीं दिया और निकल पड़ी.अब्बास उसके सामने खड़ा हुआ.उसकी दोनों बाहों को पकड़कर झंझोटता हुआ बोला - " बतावो हसीना... तुम वहाँ कैसे ? "
हसीना की आँखों से आँसू बह रहे थे. अब्बास... हमारे रिश्ते को नुक्कड़ का सलीम जानता था. उसकी नजर पहले से मुझ पर थी.एक दिन सलीम तुम्हारे शादी की खबर देने घर आया. उसके साथ तुम्हारा भाई था. उस दिन से सलीम हर रोज़ घर आने लगा. उसने अपने प्यार का इजहार किया " हसीना मैं तुम्हें जान से जादा चाहता हूँ. " वह हमारे रिश्ते को जानते हुए भी मुझसे शादी करने को तैयार हुआ. तुमसे बंधी उम्मीद कि डोर तुट चुकी थी, मै और क्या करती ? मैंने उसकी बातो पर यकीन किया और उससे शादी कर ली . हमारी सुहाग रात कोठे पर हुई. मैं न घर कि रहीं न घाट की... .सलीम कोठे पर लडकियाँ पहुचाने का काम करता था.उसने मुझे भी ... .
...और मैं कोठे की हसीनाजान बन गयी .

*****

2. चिट्ठी

आज उसने चुटकी भर सिंदूर की किमत चुकाई थी. अठराह साल का समीर जवानी में कदम रखने से पहले ही ख़त्म हो गया था . बचपन में पिता का साया सर से उठ गया.जवानी में माँ ने उसके अधूरे सपनों की खातिर दूसरी शादी करली .समीर अकेला रह गया . वह इस साल बारहवीं कक्षा में था.गाँव, दोस्त, रिश्तेदार सब जगह माँ के बारे में हो रहीं चर्चा वह सुनता और खामोश हो जाता . उसके कानों में वह आवाज गूंजती... "मैं विधवा के रूप में नहीं जीना चाहती, समीर मैं शादी करना चाहती हूँ, अपना परिवार, खुशियाँ चाहती हूँ . " समीर बेचैन हो जाता. समीर ने अपना फैसला सुनाया "माँ ! तुम जो चाहती हो वह करों, तुम्हारे निर्णय से मैं सहमत नहीं हूँ, तुम मुक्त हो, मेरी चिंता मत करो, मैं पिता का घर, दादा-दादी को छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा, तुम जा सकती हो " माँ ने समीर के फैसले को सुना और अपने फैसले को पूरा किया.शादी को एक माह भी पूरा नहीं हुआ था तो समीर के जाने की खबर मिली साथ में मिली एक चिट्ठी जिस पर लिखा था – " समीर पिता के बगैर जी सकता था मगर माँ के बगैर नहीं " .

*****

3. हकीकत

मातोश्री वृद्धाश्रम को स्थापित हुए आज बारह साल पूर्ण हुए | इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संस्थापक ने सभी वृद्धों के मनोरंजन हेतु संगीत रजनी का आयोजन किया था | इस अवसर पर विशेष आमंत्रित थे उद्योगपति विट्ठलराव |आज आश्रम के सभी वृद्ध बड़े खुश हुए| संगीत रजनी में अपने मनचाहे पुराने गीतों की फरमाइश की और उसका आनंद लिया | समारोह के समापन में विट्ठलराव ने अपनी बात रखी | आश्रमों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की, माता-पिता के प्रति प्रेम-आदर व्यक्त किया | परिवार में उनके महत्व के साथ-साथ, नाती पोती के प्रति उनके प्यार की सराहना की, यह सुनकर सभी वृद्धों का मन भर आया | उस आश्रम में विगत सात साल से रह रहीं निर्मल की आंखों से निरंतर अश्रुधारा बह रहीं थी | उसके पास बैठी शशिकला ने कहा " निर्मला विट्ठलराव के विचारों ने हमें रुला दिया" जवाब में निर्मला ने कुछ न कहा |समारोह खत्म होने के बाद सभी अपने अपने कमरे में चले गए | निर्मला वहीं बैठी रहीं शशिकला ने कहा " क्या बात है निर्मला... तुम बड़ी बेचैन लग रही हो ?" निर्मला ने शशिकला की आखों मे देखकर बहते हुए आसुओं के साथ कहा- " हां... क्यों ना हो... आप के सामने जो बोल रहा था ना... वह कोई और नहीं... मेरा बेटा विट्ठल था |

*****

4. महामारी

आज सारी सब्जी मंडी सुनी थी। चारो और सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक जो कुछ था वह नहीं में बदल गया था। आज दस दिन हो गये सब्जी मंडी में एक भी गाड़ी नही आयी थी और ना ही कोई ग्राहक चंदातक पहुंचा था। चंदा के पेट के लिए एक वक्त की रोटी तक नसीब नही हो रही थी। चंदा के गोद में छः महिने की बच्ची निश्चल पड़ी थी। बच्ची ने चंदा की छाती को चूसना भी बंद कर दिया था। चंदा दिन निकते ही रास्ते पर नजरे बिछाए रहती। उसके लिए कहीं से कोई ग्राहक आ जाए मगर ऐसे सन्नाटे में उसके लिए कोई ग्राहक कहां से आता?। निष्प्राण बनी चंदा अकेले ही बडबडा रहीं थी " यह कैसी महामारी है , पहले ही हम समाज के विकृत मानसिक महामारी में फसे अपने जिस्म को बेच कर दो वक्त की रोटी पाते है। नाजायज कहलानेवाले अपने बच्चों को अपना पेट काट-काटकर पालते है। उस में यह महामारी "चंदा बोलते बोलते बेहोश हो गई थी। गोद में की बच्ची गोद मे ही शांत हो गयी।
महामारी के कारण पुलिस की गाड़ियां सारे शहर में चक्कर लगा रहीं थी। नगर निगम के सफाई कर्मचारी अपना काम कर रहे थे। पुरे शहर में सफाई का काम शुरू कर दिया गया था। सब्जी मण्डी के क्षेत्र में जब सफाई हो रहीं थी, पुलिस की गश्त जारी थी। उसी समय सफाई कर्मचारी को एक कोने में कुछ पड़ा हुआ नजर आया। सफाई कर्मचारियों ने करीब जाकर देखा,आवाज लगाई चंदा पेट की अग्नि में समिधा बनी थी। कर्मचारियों की भीड़ देख कर पुलिस वहा पहुंच गई।
चंदा और उसकी बेटी महामारी की शिकार बिना बिमारी के ही हो गई थी।

******

विविध विमर्श

सम्राट अशोक के कल्याणकारी बौद्ध धम्म का स्वरूप

डॉ. सुरजीत कुमार सिंह
पूर्व प्रभारी निदेशक व वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर
डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र
महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा. महाराष्ट्र-४४२००१ मो. 09326055256

सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद बौद्ध धम्म को स्वीकार कर लिया था और फिर सम्राट ने बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार को एक नई गति प्रदान की। इस के अनुसरण में वे बौद्ध धम्म को जनता में लोकप्रिय बनाने के लिए बौद्ध धम्म के सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, मैत्री, बंधुत्व और कल्याणकारी स्वरूप को प्रमुखता देते हैं। इसके लिए सम्राट अशोक ने शहाबाजगढ़ी के तेरहवॉ शिलालेख लिखवाया है कि "कलिंग के विजित होने पर देवताओं के प्रिय की रूचि धर्मपालन धर्म-कर्म और धर्मोपदेश में तीव्र हो गई है। कलिंग विजित कर देवताओं के प्रिय को खेद है। क्योंकि यह विजय कोई विजय नहीं है, इसमें वध, मरण और निष्कासन होता है। युद्ध में आघात, वध और प्रियजनों का निष्कासन होता है"। यह सम्राट अशोक की मनोदशा का कारुणिक पीड़ादायक चित्रण है, जिसमें वह पीड़ित प्राणियों की दशा को देखकर आंतरिक तौर पर अशांत हैं। बौद्ध धर्म ही उनको मानसिक शांति और प्राणी कल्याण की भावना से ओतप्रोत जीवन मार्ग दिखाई देता है और वह अपना सम्पूर्ण जीवन प्राणी कल्याण के लिए समर्पित कर देते हैं।

कलिंग युद्ध के मार्मिक दृश्य, सम्राट अशोक को एक क्रूर सम्राट से कल्याणकारी सम्राट के रूप में स्थापित कर देते हैं, जो अपने राज्य की समस्त प्रजा को अपनी संतान की तरह ही मानता है। गिरनार के प्रथम चट्टान शिलालेख में उन्होंने लिखवाया है कि "यह धम्म लिपि देवानंप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा लिखवाई गयी है, कोई भी जीव बलि के लिए नहीं मारा जाएगा"। गिरनार के ही दूसरे चट्टान शिलालेख में हम देखते हैं कि सम्राट अशोक किस तरह के सामाजिक व कल्याणकारी कार्यों में सलंग्न हैं। इस शिलालेख में उल्लेख है कि "देवाताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने सर्वत्र विजय करके मनुष्य–चिकित्सा तथा पशु-चिकित्सा और वे औषधियॉ जो मनुष्योपयोगी तथा पशुपयोगी हैं, जहॉ-जहॉ नहीं हैं, सर्वत्र लाई गई और लगाई गईं जहॉ-जहॉ मूल तथा फल नहीं हैं, सर्वत्र लाए गए तथा लगाए गए। मार्गों में मनुष्यों तथा पशुओं के लिए कूऍं खुदवाए गए तथा वृक्ष लगवाए गए" हैं। सम्राट अशोक पहले चण्ड अशोक नाम से जाने जाते थे और कहा जाता है कि उन्होंने अपने निन्यानवे भाईयों की हत्याकर राजगद्दी को हाथिया था, लेकिन प्रो. राधाकुमुद मुखर्जी इस घटना को तथ्यात्मक नहीं मानते हैं। वे लिखते हैं कि "दक्षिण की कथाओं का यह कथन की अशोक ने राज्य के लिए अपने 99 भाइयों की हत्या की थी, जिसके लिए उसे चंड अशोक कहा गया है, अतिरंजना है। तिब्बती इतिहासकार लामा तारानाथ के अनुसार उसने अपने सिर्फ 06 भाइयों का वध किया था।" सच तो यह है कि "इन कहानियों में यही दिखलाने का उत्साह है कि बुद्ध की शरण में आने से पूर्व अशोक कितना क्रूर था और उसके बाद उसमें कितना परिवर्तन आ गया।" सम्राट अशोक बौद्ध धर्म के सबसे बड़े राजाश्रयदाता थे। बौद्ध साहित्य के अनुसार अशोक अपनी युवावस्था में क्रोधपूर्ण स्वभाव के कारण चंड अशोक कहलाते थे। जब वह विदिसा के राज्यपाल नियुक्त हुए, तब उन्होंने वहीं के एक धनी व्यापारी की पुत्री कुमारदेवी से विवाह किया। जब उन्हें पता चला कि उनके पिता महाराज बिंदसार मृत्यु-शैया पर हैं, तब वह अपने पिता की राजधानी पाटलिपुत्र पहुंचे और अपने भाई को छोड़ उन्होंने सबका वध किया। चार वर्ष तक जनता अशोक से इस तरह नाराज थी कि सम्राट अशोक का राज्याभिषेक जनता के क्रोध की शांति के बाद ही हो सका। सम्राट अशोक के 13 वें शिलालेख से पता चलता है कि उन्होंने कलिंग पर चढ़ाई की और हजारों लोगों को कलिंग युद्ध में मार दिया। इस घटना का उन्हें बहुत अधिक पश्चाताप हुआ और उन्होंने निश्चय किया कि वे अब कोई सैनिक अभियान नहीं करेंगे। भाब्रू शिलालेख में सात ऐसे अंश मिलते हैं, जो कि पालि साहित्य में भी पाए जाते हैं, सम्राट अशोक चाहते थे कि भगवान बुद्ध के कल्याणकारी उपदेश जनसाधारण तक पहुंचे। अपने राज्यकाल के बीसवें वर्ष वे लुंबिनी वन के उद्यान में पहुंचे, जहां भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इस स्थान पर उन्होंने एक विशाल प्रस्तर स्तंभ लगवाया जिस पर एक उत्कीर्ण लेख है कि सम्राट अशोक की इस यात्रा के उपलक्ष्य में वहां रहने वाले लोगों को सम्राट कर देने से मुक्त कर दिया है। इसके बाद वह सारनाथ और बोधगया की धार्मिक यात्रा पर भी गए। सम्राट अशोक का सारनाथ में लगवाया हुआ एक खंडित शिलालेख भी मिला है, जिससे जान पड़ता है कि जो व्यक्ति बौद्ध संघ की एकता को तोड़ने का प्रयास करेगा, उसे बौद्ध संघ से बहिष्कृत करने का आदेश सम्राट अशोक ने दिया था। सम्राट अशोक के राज्य अभिषेक की सच्चाई चाहे जो भी हो, लेकिन हम अशोक के शहाबाजगढ़ी के तेरहवॉ शिलालेख में देखते हैं कि सिंहासन पर बैठने के आठ वर्ष बाद अर्थात् सन 262 ईसा पूर्व वह अपने राज्ये का विस्तार करने के लिए कालिंग पर आक्रमण कर देते हैं, जिसमें कई लाख प्राणी मारे जाते हैं, असंख्य अपंग हो जाते हैं और असंख्य को बन्दी बना लिया जाता है। यह युद्ध ही चण्ड अशोक को देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी अशोक में बदल देता है।

शहाबाजगढ़ी के तेरहवॉ शिलालेख में लिखा है कि सम्राट अशोक के "सिंहासन पर बैठने के आठ वर्ष बाद देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा कलिंग जीता गया। डेढ़ लाख प्राणी वहाँ से बन्दी बनाकर बाहर भेजे गये, एक लाख वहॉ मारे गये और उसके कई गुना मर गये। तत्पश्चात् अब कलिंग के विजित होने पर देवताओं के प्रिय की रूचि धर्मपालन, धर्मकर्म और धर्मोपदेश में तीव्र हो गई है"। इसके उपरांत उसके लिए बौद्ध धर्म ही मानसिक शांति और प्राणी कल्याण की भावना से ओत-प्रोत दिखाई देता है और वह अपना सम्पूर्ण जीवन समस्त प्राणी कल्याण के लिए समर्पित कर देता है। गिरनार के प्रथम चट्टान शिलालेख में अशोक लिखवाता है कि "यह धम्म लिपि देवानंप्रिय प्रियदर्शी राजा द्वारा लिखवाई गयी है, जिसमें कोई भी जीव बलि के लिए नहीं मारा जाएगा, न कोई समाज द्वारा ही किया जायगा। बहुत-सा दोष समाज में देवनांप्रिय प्रियदर्शी राजा देखता है। फिर भी निश्चित प्रकार के समाज को ही देवानंप्रिय प्रियदर्शी राजा उचित मानता है। पहले भोजनालय में देवानांप्रिय प्रियदर्शी के प्रत्येक दिन सहस्त्रों प्राणी सूप व्यंजन के लिए मारे जाते थे, पर आज से जब यह धर्मलिपि लिखवाई गई तब से तीन ही प्राणी-दो मोर और एक मृग व्यंजन के लिए मारे जाते हैं, इनमें भी मृग का मारना निश्चित नहीं है। बाद में ये भी तीन प्राणी (मृग का अर्थ यहॉ किसी भी चौपाए पशु से लिया जा सकता है। यह बाध्यता नहीं है कि केवल हिरण के लिए इसका प्रयोग किया गया हो। उसी प्रकार मयूर से अभिप्राय पक्षी समुदाय से है, केवल पक्षी विशेष मयूर के लिए ही नहीं है) नहीं मारे जायेंगे"।

गिरनार के दूसरे चट्टान शिलालेख में हम आगे देखते हैं कि सम्राट अशोक अपना राज्य विस्तार करने के बाद किस तरह के सामाजिक व कल्याणकारी कार्यों में सलंग्न हैं "देवाताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने सर्वत्र विजय करके-चोल, पाण्डय, सत्यपुत्र, ताम्रपर्णी, अन्तियोक नामक यवन राजा तथा उस अन्तियोक के निकट जो राजा हैं, सर्वत्र देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने दो चिकित्साओं को स्थापित किया। मनुष्य–चिकित्सा तथा पशु-चिकित्सा और वे औषधियॉ जो मनुष्योपयोगी तथा पशुपयोगी हैं जहॉ-जहॉ नहीं हैं, सर्वत्र लाई गई और लगाई गईं जहॉ-जहॉ मूल तथा फल नहीं हैं, सर्वत्र लाए गए तथा लगाए गए। मार्गों में मनुष्यों तथा पशुओं के लिए कूऍं खुदवाए गए तथा वृक्ष लगवाए गए"।इसी चट्टान लेख में लिखा है कि इससे भी अधिक गंभीर देवनांप्रिय के लिए यह है कि जहॉ ब्रहामण, श्रमण या अन्य सम्प्रदाय या ग्रहस्थ रहते हैं, जिनमें अग्रजों की सेवा, माता पिता की सेवा, गुरू सेवा, मित्र, परिचित, सहायक, ज्ञातिजनों तथा दास-भतकों के प्रति सद्व्यवहार और दढ़ भक्ति पाई जाती है। युद्ध में वहॉ आघात, वध और प्रियजनों का निष्कासन होता है। यही सब मनुष्यों की दशा होती है। फिर भी जो सुव्यवस्थित स्नेह वाले होते हैं, उनके मित्र, परिचित और ज्ञातिजन संकट को प्राप्त होते हैं, उनसे उनको आघात होता है। यही सब मनुष्यों की दशा होती है। यह देवताओं के प्रिय के मत में गंभीर है। ऐसा एक भी देश नहीं है, जिसमें रहने वालों का किसी सम्प्रदाय में विश्वास न हो। सम्राट अशोक कहते हैं कि जितने लोग कलिंग में मारे गये, मरे व बन्दी बनाकर ले जाये गये उनका सौवा या सहस्त्रवां भाग भी आज देवताओं के प्रिय के मत में घृणित है। देवताओं के प्रिय के विचार में यदि कोई अपकार करे तो वह क्षम्य है वहॉ तक क्षमा करना संभव है और जो आटविक प्रदेश देवताओं के प्रिय द्वारा विजित उसके राज्य में हैं उन्हें वह अनुनय द्वारा शांत करता है, परिवर्तित करता है तथा अपनी कृपा के अतिरिक्त उन्हें दण्ड देने की अपनी शाक्ति को बताता है। देवताओं का प्रिय उनसे

कहता है कि वे अपने पूर्व कर्मों के लिए लज्जित हों नहीं तो नष्टकर दिए जाएँगे। देवताओं का प्रिय सभी प्राणियों के अक्षय, संयम, सदाचरण और प्रसन्नता की इच्छा करता है। देवताओं के प्रिय के अनुसार धर्म विजय ही प्रमुख विजय है। यह विजय बार-बार देवताओं के प्रिय द्वारा यहाँ और सभी सीमान्त राज्यों में आठ सौ योजना दूर स्थित अन्तियोक नामक यवन राजा और उस अन्तियोक के अतिरिक्त चार राजा-तुलमय (टालमय) अन्तिकेन (अण्टीगोनस गोनैटस) मक (मेगास थियास) अलिकसुन्दर (इपिरस या कोरिंथ का एलेक्जेण्डर) और दक्षिण में चोल, पाण्डय, ताम्रपर्णी तक की गई है। इसी प्रकार राज्य, प्रदेशों, कम्बोजों, नाभपंक्यिों, भोजों, पिटैनिकों आंध्रों तथा पुलिंदों सर्वत्र देवताओं के प्रिय के धर्मानुशासन का पालन होता है। जिन स्थानों में देवताओं के दूत नहीं पहूँचते, वहाँ भी लोग देवताओं के प्रिय के धर्म का व्यवहार विधान और धर्मानुशासन सुनकर धर्म का आचरण करते हैं और करते रहेंगे। इससे जो विजय प्राप्त होती है वह सर्वत्र पुन: प्रीति देने वाला होता है। धर्म विजय से प्राप्त प्रीति गाढ़ी होती है पर यह प्राप्ति छोटी है क्योंकि देवताओं का प्रिय परमार्थ को ही महाफल मानता है। इस निमित्त यह धर्मलिपि अंकित कराई गई कि मेरे पुत्र, पौत्र जो इसको सुने वे नया विजय अभियान (राज्य विस्तार हेतु युद्ध) न करें। अगर उन्हें शस्त्र विजय करना ही पड़े तो शान्ति और लघुदण्डता का अनुसरण कर उसमें आनन्द लें। वे धर्म विजय को ही विजय माने, वही इहलौकिक और पारलौकिक सुख का कारण है। उद्यम में ही उन्हें आनन्द हो क्योंकि वह इहलौकिक एवं पारलौकिक जीवन के लिए कल्याणकारी होता है"। इस तरह हम देखते हैं कि सम्राट अशोक कि मानव कल्याणकारी दृष्टि कितनी दूरदर्शी थी, जो आज भी हमको नवीन दिखाई देती है. यह ही नहीं आज भारत की सरकार हो या दुनिया भर के अन्य देशों की सरकारें हों या फिर विश्व वन्य प्राणी संगठन हो जिनकी चिन्ता आज संकटग्रस्त जीवों के प्रति अब जाकर नियमों और कानूनों में बंधकर उनकी सुरक्षा संभव हो पायी है. लेकिन सम्राट अशोक की चिंता इन संकटग्रस्त प्राणियों के प्रति दृष्टि कितनी दूरदर्शी थी, यह हम दिल्ली टोपरा के पाँचवें स्तम्भ लेख में पाते हैं.

जिसमें अशोक लिखवाते हैं कि "देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने ऐसा कहा है कि छब्बीस वर्षों से अभिषिक्त होने पर इन जीवधारियों को मैंने अवध्य घोषित किया है, वे हैं- शुक, सारिका लाल पक्षी, चकवा, हंस, नन्दीमुख (मैना का एक प्रकार), गेलाट, गीदड़, रानी चींटी, कछुई, अस्थिरहित बिना काँटे की मछली, वेद वेयक, गंगा-कुक्कुट, संकुजमत्स्य, कछुआ, साही, नपुंसक शश, वारहसिंगा, सॉड़, गोधा, मग, सफेद कबूतर, ग्राम कपोत और सभी प्रकार के चौपाए जो न उपयोग में आते हैं न खाए जाते हैं। गर्भिणी अथवा दुध पिलाती हुई बकरी, भेडे, शूकरी अवध्य बताई गई है इनके बच्चे भी जो एक महीने के होते थे वे भी। कुक्कुट की बधिया नहीं करनी चाहिए। सजीव भूसी नहीं जलानी चाहिए। व्यर्थ के लिए या हिंसा के लिए जंगल नहीं जलाना चाहिए"। सम्राट अशोक लिखवाते हैं कि "देवताओं के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने ऐसा कहा है कि जीव से जीव का पोषण नहीं करना चाहिए। तीनों चौसामों में तिष्य पूर्णमासी को तीन दिन-चतुर्दशी, पूर्णिमा और प्रतिपदा, निश्चितरूप से उपवास के दिन मछलियाँ नहीं मारनी चाहिए और न बेचनी चाहिए। इन दिनों नागवनी, मछलियों के तालाब में जो भी दूसरे जीव हों उन्हें नहीं मारना चाहिए। प्रत्येक पक्ष की पंचमी, अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा, तिष्य, पुनर्वसु, तीन चातुर्मासों के शुक्ल-पक्ष में गौ को दागना नहीं चाहिए। बकरा, भेड़, सूअर अथवा और जो पशु दागे जाते हैं, उनको भी नहीं दागना चाहिए। तिष्य, पुनर्वसु, प्रत्येक चतुर्मास की पूर्णिमा के दिन और प्रत्येक चतुर्मास के शुक्ल पक्ष में अश्व और गौ को दागना नहीं चाहिए। छब्बीस वर्ष अभिषित होने पर मैंने इस बीच पच्चीस बार बन्धन-मोक्ष (बन्दियों की मुक्ति) किया है"।

इस तरह हम देखते हैं कि सम्राट अशोक जब बौद्ध धर्म अपनाते हैं और वह इस प्रकार की योजनायें और घोषणाएँ करते हैं कि जो हमको आज भी आश्चर्यचकित कर देती हैं कि वह कितना दूरदर्शी सम्राट था। जो चण्ड अशोक से देवानां प्रियदर्शी हो अपना सम्पूर्ण जीवन समस्त प्राणी कल्याण के लिए समर्पित कर देता है. सम्राट अशोक की कल्याणकारी दृष्टि कितनी दूरदर्शी थी, जो आधुनिक समय में भी हमको नवीन दिखाई देती है। दुनिया भर के देशों की सरकारें जिनकी चिन्ता आज संकटग्रस्त जीवों के प्रति है, लेकिन सम्राट अशोक की चिंता इन संकटग्रस्त प्राणियों के प्रति अब से 2300 वर्ष पहले पाते हैं। जीव से जीव का पोषण नहीं करना चाहिए। उनके अभिलेख में हम एक नवीन बात और पाते हैं कि आज सरकारें निसक्त, बीमार और वृद्ध कैदियों को विशेष अवसरों पर क्षमा दान देती हैं, उनको रिहा करती हैं, लेकिन सम्राट अशोक ने कई बार कैदियों को कारावास से मुक्त किया था। इस तरह हम देखते हैं कि सम्राट अशोक के ऊपर यह बौद्ध धम्म की करूणा का ही प्रभाव था जिसमें वह इस प्रकार की योजनायें अमल में लाते हैं जो कि हमको आज भी नूतन दिखाई देती है।

*****

सन्दर्भ :-

1. राधाकुमुद मुखर्जी, *अशोक,* दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, २००४, पृ.४
2. वही, पृ.१०८
3. वही, पृ.५
4. वही, पृ.४
5. वही, पृ.५
6. वही, पृ.१५
7. डॉ. शिवस्वरूप सहाय, *भारतीय पुरालेखों का अध्ययन,* दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, २००८, पृ.१०८
8. वही, पृ.९१
9. वही, पृ.९२
10. वही, पृ.१०८-१०९
11. वही, पृ.१२८
12. वही, पृ.१२८-१२९

गोधरा के दंगों में बौद्ध भिक्षुओं की ऐतिहासिक कुर्बानी

दूसरी घटना बौद्ध भिक्षुओं की कुर्बानी,वहशी दंगाइयों को परास्त करती हैजो दंगे करने के जुनून मे पागल हो गए थे।

15 मुसलमान हाफते हुए तेजी से. दौडते हुए बौद्ध विहार में घुस जाते हैंउनका कटटर. हिन्दू दंगाई पीछा कर रहे हैं,उनके हाथों में त्रिशूल है। मुसलिम भाइयों ने बौद्ध भिक्षुओं से कहा--"हमे बचा लो। ये हिन्दू दंगाई हमें मार डालेंगे।" बौद्ध भिक्षुओं ने मुसलमान भाइयों को समझाते हुए कहा--"घबरोओ नही तुम लोग बुद्ध की शरणं मे हो।बुद्ध तुम्हारी रक्षा करेंगे। देखो ! जैसा हम कहे ,आप लोग वैसा ही करो।" मुसलमान भाई डरते हुए एवम भय से कॉपते हुए दुखी आवाज मे बोले--" जैसा आप लोग कहेंगे हम लोग वैसा ही करेंगे।"

बौद्ध भिक्षुओं ने मुसलमानों को गेरूए वस्त्र पहनने कझ देते हुए कहा-हमारे पास केवल 12 लोगों के लिए गेरूए वस्त्र हैंआप लोग तुरन्त पहन लो।हम.अपने भी वस्त्र उतार कर दे रहे हैंहम तीन हैंहम तीनों आप मुसलमान भाईयों के वस्त्र पहन लेगें।आप 15 मुसलमान भाई बौद्ध भिक्षुओं जैसा दिखोगे।।आप लोगों. कै बौद्ध विहार का आदमी समझकर हिन्दू दंगाई आप पर हमला नही करेंगे।जान बच जायेगी।बौद्ध भिक्षु मुसलमान युवाओं की बेडी बडी दाढी कैची से काट देते हैं।

मुसलमान भाई शंका जाहिर करते हुए बोले-

" लेकिन आप लोगों को हमारे कपडे पहने देखकर आप लोगों को हिन्दू दंगाई मार देगें।" बौद्ध भिक्षुओं ने गर्व से कहा--"हम तीन मरकर 15 लोगों की जान बचा लेगे।हमारें लिए यही बुद्ध का आदेश है: हिन्दू दंगाइयों ने तुम लोगों को बौद्ध विहार में घुसते देखा हैतुम सभी बुद्ध की शरण मे हो। हम सभघ बौद्ध भिक्षुओं का एक कर्तव्य यह भी है कि मानवता की रक्षा करें।अगर बौद्ध विहार मे असहाय मानव की बुद्ध रक्षा नही कर पाये तो मानव का बुद्ध से विश्वास हट जायेगा। मानव की बुद्ध पर जो आसथा है,उसको टूटने नही देगे।आजकल मंदिर, मस्जिद, बौद्ध विहार जंग का मैदान हैंहम यह जंग असहाय मानव की रक्षा के लिये लडेंगे।हम इन वहसी दरिन्दों को दिखायेंगे कि लोगो को धर्म के नाम पर मारने मे कोई बहादुरी नही है बल्कि कायरता है।निर्दोष,असहाय,लाचार मानवों को बचाना किसी भी शक्ति की आराधना से बडा होता है।"

हिन्दू दंगाई बौद्ध विहार में घुस आते हैं तथा मुसलमानों को बौद्ध विहार में ढूंढते हैंकेवल तीन मुसलमान दिखाई पडते है जो बुद्ध की मूर्ति के पीछे चिपके खडे थेहिन्दू दंगाई उनको खीचकर मार डालते हैतीनों बौद्ध भिक्षु जो मुसलमानों के वस्त्र और टोपी पहने हैं,कुरबानी देते हैंलेकिन 15 मुसलमानों की जान बचा लेते हैंमरते मरते कहते हैं--

बुद्धम शरणम गच्चछामि

सरदार पटेल के चिंतन एवं व्यवहार में गांधीवादी नीतियों के प्रभाव का विवेचनात्मक अध्ययन

डॉ.राजेश कुमार शर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर
निदेशक गांधी अध्ययन केन्द्र
राजस्थान विश्वविद्यालय -जयपुर

प्रस्तुत आलेख में सरदार पटेल के चिंतन में गांधीवादी नीतियों का विवेचनात्मक विवरण करने का प्रयास किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास में गाँधीजी के अनुयायी और प्रिय शिष्यों में से एक व्यक्ति सरदार पटेल रहे। उन्होंने देश की स्वतंत्रता और पुर्ननिर्माण के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। महात्मा गांधी की भूमिका सामाजिक आर्थिकए राजनीतिक सांस्कृतिए शैक्षिण मनोवैज्ञानिके एवं तार्किक प्रयोगों के सन्दर्भ में अपने आप में अद्वितीय रही जिसके कारण भारत को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का अवसर प्राप्त हुआ। गांधीजी के चतुर्दिक व्यक्तित्व ने हमें अनेक अनगनित अनुयायियों में चार ऐसे प्रकाश पुंज दिखाई देते हैं जिन्होंने अपने जीवन द्वारा गांधीजी की मूल प्रवृत्तियों आध्यात्मिकता का डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने उनके आचरण की पवित्रता का जवाहर लाल नेहरू ने उनकी राजनीतिक सूझ.बूझ व दूरदर्शिता का तथा उनके दृढ़ कर्मठ और व्यवहारिक विचारों का सरदार पटेल ने अनुसरण किया।[1] लेकिन समय समाजवाद भारत विभाजनए मुस्लिम लीग से मतभेद कठोर राष्ट्रवाद जैसे राजनीतिक प्रश्नों पर गांधीजी के साथ मतभेद भी बने रहे परन्तु व्यक्तिगत स्तर पर दोनों के पारपरिक सम्बन्धों एवं सैद्धान्तिक निष्ठा में कहीं कोई संघर्ष नहीं था। सरदार पटेल ने जीवनभर गांधीवादी मूल्यों का निर्वहन किया। सत्य अहिंसाए सत्याग्रहए स्वदेशीए बहिष्कारए स्वशिक्षाए स्वावलम्बन आदि ऐसे सिद्धानत जिनका पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में परीक्षण कर प्रमुख गांधीवादी नेता की भूमिका को प्राप्त किया। जीवन के शुरूआत में सरदार गांधीवादी मूल्यों से अधिक प्रभावित नहीं रहे।[2] सन् 1915 में अहमदाबाद के गुजरात क्लब में सरदार पटेल गांधीजी के भाषण की उपेक्षा करते हुए ब्रिज खेलते रहे।[3] परन्तु 2 वर्ष बाद अप्रैल 1917 का चम्पारन का अहिंसक प्रतिरोध एवं सत्याग्रह गांधीवादी नवविधा का देश की राजनीति में एक अनूठा प्रयोग थाए जिसने सरदार को वैचारिक चिन्तन की प्रेरणा दी। धीरे.धीरे गांधीजी के सम्पर्क ने उन्हें झकझोरा और महात्मा गांधी की जादुई छड़ी के घूमते.घूमते वे एक महत्वकांक्षी वकील से समर्पित राष्ट्रवादी नेता बन गये।[4] प्लेग अकाल इंफ्लूएंजा आदि महामारियों के समय राहत कार्यों में जुटे रहे। इसी समय किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रमों से जुड़ गये। सन् 1918 के खेड़ा आन्दोलन की सफलता सरदार के गांधीवादी प्रयोग की विजय थी। रौलट एक्ट के समय गांधी द्वारा आरम्भ किये गए सत्याग्रह आन्दोलन के अवसर पर सरदार ने अहमदाबाद में उपवास हड़ताल एवं जुलूस का सफल नेतृत्व किया। नड़ियाद में हुई गुजरात राजनीतिक परिषद की बैठक में 11 जुलाई 1920 को सरदार पटेल के प्रस्ताव पर ही असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव स्वीकार किया गया। अहमदाबाद म्यूनिसिपैलिटी द्वारा असहयोग आन्दोलन सरकारी स्कूलों का बहिष्कार एवं राष्ट्रीय विद्यालय की योजना सरदार के भारी प्रयास एवं कानूनी लड़ाई से सफल हो सकी। असहयोग आन्दोलन तथा रचनात्मक कार्यक्रमों की गांधीजी की योजना में सरदार का यह सफल प्रयोग था। चैरी.चैरा काण्ड के बाद परिवर्तनवादियों एवं अपरिवर्तनवादियों की लड़ाई में सरदार गांधीजी के असहयोगी विचार के समर्थक रहे। नागपुर झण्डा सत्याग्रह एवं बोरसद आन्दोलन में सरकार की विजय सत्य के प्रयोगों की ही विजय थी। अहमदाबाद म्यूनिसिपैलिटी के चेयरमेन के रूप में सफाई नगर.विकास एवं जनहित के कदमों के लिए गांधीजी द्वारा उनकी हृदय से प्रशंसा की।[5] बारडोली सत्याग्रह में नेतृत्व करने के साथ सरदार पूर्णतः गांधीवादी एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेता बन गये। कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में इस गांधीवादी सफल प्रयोग के लिए सरदार का अभिनन्दन किया गया एवं महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार की उपाधि से विभूषित किया।[6] इसी सन्दर्भ में सरदार पटेल ने स्वयं कहा कि गांधीजी से मिलने से पूर्व मेरी राजनीति के प्रति रूचि थी पर उस समय कोई भी राजनीतिक दल मुझे अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सका हाँ कई आराम की कुर्सी पर राजनीति करने के लिए बने हुए जरूर थे लेकिन तभी गाँधीजी का आमन हुआ उनमें मुझे वह नेता दिखाई दिया जिसका अनुयायी बना जा सकता था।[7] यरवदा जेल में गाँधीजी के साथ सरदार पटेल सोलह माह तक रहे इस दौरान दोनो के पारस्परिक घनिष्ठ एवं स्नेहपूर्ण सम्बन्धों में भारी वृद्धि हुई। सन् 1940 के कांग्रेस के सामने प्रश्न था कि विश्वयुद्ध में मित्रराष्ट्रों की मदद की जाय या नही। कार्य समिति के अधिकांश सदस्यों एवं सरदार का मानना था कि सत्य और अहिंसा की नीति स्वराज्य प्राप्ति के लिए है परन्तु देश पर बाहर से हमला हो तब इस नीति से कांग्रेस बंधी हुई नहीं है। ऐसे अवसर पर कांग्रेस अहिंसा की नीति छोड़ सकती है और उसे छोड़नी भी चाहिए। भारत छोड़ों आन्दोलन से पूर्व गांधीजी सरदार पटेल एवं डॉण् राजेन्द्रप्रसाद से परामर्श करने बम्बई गए अपने सर्वाधिक विश्वस्त साथी अर्थात उन्होंने नेहरूजी या राजाजी से इस सन्दर्भ में विचार विमर्श नहीं किया।[8] इस आन्दोलन को नव दिशा देते हुए गांधीवादी दायरे से कुछ निकलकर परिस्थिति अनुरूप जो कुछ सूझे वैसा करने की प्रेरणा देने हेतु भी सरदार बाध्य हुए। वाइकेंडर ने अपनी जांच रिपोर्ट में हिंसक आन्दोलनात्मक स्वरूप हेतु सरदार को दोषी ठहराया है।[9] परन्तु आरण्सीण् मजूमदार ने सरदार पटेल के भाषणों की महत्वपूर्ण भूमिका मानते हुए कहा कि गांधीजी के सत्याग्रह एवं अहिंसा को इनसे एके नया आयाम प्राप्त हुआ।[10] सरदार एवं गांधी के संबंधों की व्याख्या करते हुए राज गोपालाचारी लिखते हैं कि सरदार गांधीजी के लिए वैसे ही थे जैसे राम के लिए लक्ष्मण।[11] के एमण् मुन्शी के अनुसार गांधीजी के लिए सरदार उसी भांति थे जैसे कृष्ण के लिए अर्जुन।[12] सरदार पटेल महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बनकर उनके विचारानुरूप कार्यपद्धति को यथावत अपना सके इस कारण अन्य अनुयायियों से कुछ आगे भी निकल सके। गांधीजी के साथियों में नेहरू एवं पटेल के अलावा अन्य अपने आपको उतना अधिक प्रभावी सिद्ध नहीं कर सके।[13] पट्टाभिसीता रमैया ने इसके पीछे अन्य नेताओं की तुलना में उनमें कुछ विशिष्टता को माना है।[14] महात्मा गांधी ने राजनीति के शुद्धीकरण पर बल दिया उनमें मानवतावादी एवं राजनीतिज्ञ का असाधारण सम्मिश्रण था।[15] सरदार भी राजनीति में नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा करना चाहते थे। वे नैतिकता एवं शुचितापूर्ण राजनीति पर बल देते थे। राजनीति में धूर्तता एवं भ्रष्टाचार के स्थान पर गांधीवादी नैतिक निष्ठा पर उन्हें भरोसा था। साधन.साध्य की पवित्रता को स्वीकारते हुए वे मानते थे किर-राजनीति गंदगी से भरी हुई है। उसमें पड़ने पर कीचड़ उड़ता ही है। राजनीति में धोखेबाजी छलप्रपंच और गंदे काम एक सामान्य बात है। परन्तु बापू ने इस सारी गन्दगी को धोकर साफ करके राजनीति में स्वच्छता और धार्मिकता दाखिल की और अपने पीछे चलने वालों को आग्रह पूर्वक इस दिशा में यथा शक्ति प्रयत्न करने की आज्ञा दी। बापू की तपश्चर्या पर अभी तो आशा लगी हुई है।[16] गाँधी जी का पटेल के प्रति अगाध विश्वास था एक बार जब मोरार जी देसाई ने सरदार पटेल के विरूद्ध गांधी उनके नैतिक आदर्शों का पूर्णतः परिपालन न किए जाने की प्रवृत्ति की सामान्य चर्चा की तो गांधीजी ने इस आरोप को गलत बताया एवं इसे सिद्ध करने की चुनौती दी।[17] सरदार पटेल ने गांधीजी के सत्याग्रह की पद्धति का अवलम्बन उनकी भावनानुरूप अहिंसक आन्दोलनों के मार्ग से किया। इस सन्दर्भ में गाडगिल ने माना है कि सन् 1917 से 1947 के तीस सालों में गांधी जी ने जो सोचा सरदार ने उसे पुष्ट किया तथा करके दिखलाया। उनका सत्याग्रह राजनीतिक भारत में बारडोली के किसानों के सन् 1928 के सत्याग्रह के बाद स्वीकृत मान्य एवं प्रभावी हुआ। बारडोली संघर्ष

सत्याग्रह के दर्शन का क्रियात्मक रूप था तथा सरदार का दक्षतापूर्ण एवं प्रभावशाली नेतृत्व ही इसकी सफलता का मुख्य कारण था। हानि उठाकर तथा कष्ट पाकर भी बारडोली के लोग सिद्धान्तों एवं विचारों के प्रति लड़ सके।[18] ये बातें इस दृष्टिकोण को पुष्ट करती हैं कि सरदार पटेल जीवनभर गांधी के अनुयायी रहे। सत्यागृह के सन्दर्भ में बारडोली सत्याग्रह के समय उन्होंने कहारू कि किसी को ऐसी स्थिति में डाल देना सत्याग्रह नहीं बल्कि निर्दयता कही जायेगी। इसलिए घी दूध छाछ और इसी तरह कोई बीमार पड़ जाय तो दवा के बिना जिन्दगी के जरूरतें कोई बन्द न करे।[19]

सरदार पटेल गांधीजी की भांति ही सत्याग्रह को दुर्बलता न मानकर सबल का साधन मानते थे। सत्याग्रहियों को निर्भीकता एवं अन्याय से प्रतिरोध की क्षमता का संदेश देते हुए उन्होंने बारडोली में कहा था - आप डरते- डरते नाजुक बन गए हैं। आपको झगड़ा फसाद करना नहीं आता यह आपका गुण है। मगर इससे अन्याय का विरोध करने का जोश भी हममें न रहे ऐसे नाजुक हमें नहीं हो जाना चाहिए। यह तो डरपोक पन है। इसलिए आंखों में जोश आने दीजिए और न्याय की खातिर और अन्याय के विरुद्ध लड़ना सीखिए।[20] उपरोक्त भावना का प्रतिपादन गांधी अपनी सत्याग्रह की नीति में करते हैं। गांधी जी सत्याग्रही के संबंध आत्मबल की अवधारणा पर बल देते है।

सरदार पटेल के सम्पूर्ण जीवन दर्शन के अध्ययनोपरांत डाण् वी.पी. वर्मा ने उनके कश्मीर एवं हैदराबाद में शक्ति परीक्षण का संकेत करते हुए विचार प्रकट किया है कि यद्यपि वे गांधीवादी थे परन्तु अहिंसा की सम्पूर्ण पवित्रता में विश्वास नहीं रखते थे। बिस्मार्क की भांति वे शक्ति के पुजारी नहीं थे. वरन् विवाद एवं संकट के समय ही सीमित शक्ति के प्रयोग के पक्षपाती थे अतः अहिंसा उनकी नीति थी जीवन-दर्शन नहीं।[21] सरदार का मानवतावादी तथा व्यक्तिगत सौहार्द्र प्रशंसनीय था। वे अपने व्यक्तिगत गुणों के कारण ही विभिन्न व्यक्ति समूहों से जिनमें रियासतों के शासक व्यापारी गण तथा सिविल सेवक भी थे प्रभावशीलता एवं सफलता से पेश आए। विविधतापूर्ण सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अहिंसा का सफल प्रयाग सरदार का भारत की प्रगति में सबसे बड़ा योगदान था। अनुकरण के स्थान पर स्वदेशी शिक्षा के उनके विचार में औपनिवेशिक मुक्ति का संदेश था।[23] प्रभावी हुआ। बारडोली संघर्ष सत्याग्रह के दर्शन का क्रियात्मक रूप था तथा सरदार का दक्षतापूर्ण एवं प्रभावशाली नेतृत्व ही इसकी सफलता का मुख्य कारण था। हानि उठाकर तथा कष्ट पाकर भी बारडोली के लोग सिद्धान्तों एवं विचारों के प्रति लड़ सके।[18] ये बातें इस दृष्टिकोण को पुष्ट करती हैं कि सरदार पटेल जीवनभर गांधी के अनुयायी रहे। सत्यागृह के सन्दर्भ में बारडोली सत्याग्रह के समय उन्होंने कहारू कि किसी को ऐसी स्थिति में डाल देना सत्याग्रह नहीं बल्कि निर्दयता कही जायेगी। इसलि घी दूध- छाछ और इसी तरह कोई बीमार पड़ जाय तो दवा के बिना जिन्दगी के जरूरतें कोई बन्द न करे।[19] सरदार पटेल गांधीजी की भांति ही सत्याग्रह को दुर्बलता न मानकर सबल का साधन मानते थे। सत्याग्रहियों को निर्भीकता एवं अन्याय से प्रतिरोध की क्षमता का संदेश देते हुए उन्होंने बारडोली में कहा था - आप डरते- डरते नाजुक बन गए हैं। आपको झगड़ा फसाद करना नहीं आता यह आपका गुण है। मगर इससे अन्याय का विरोध करने का जोश भी हममें न रहे ऐसे नाजुक हमें नहीं हो जाना चाहिए। यह तो डरपोकपन है। इसलिए आंखों में जोश आने दीजिए और न्याय की खातिर और अन्याय के विरुद्ध लड़ना सीखिए।[20] उपरोक्त भावना का प्रतिपादन गांधी अपनी सत्याग्रह की नीति में करते हैं। गांधीजी सत्याग्रही के संबंध आत्मबल की अवधारणा पर बल देते है।सरदार पटेल के सम्पूर्ण जीवन दर्शन के अध्ययनोपरांत डॉ.वी.पी. वर्मा ने उनके कश्मीर एवं हैदराबाद में शक्ति परीक्षण का संकेत करते हुए विचार प्रकट किया है कि यद्यपि वे गांधीवादी थे परन्तु अहिंसा की सम्पूर्ण पवित्रता में विश्वास नहीं रखते थे। बिस्मार्क की भांति वे शक्ति के पुजारी नहीं थे वरन् विवाद एवं संकट के समय ही सीमित शक्ति के प्रयोग के पक्षपाती थे अतः अहिंसा उनकी नीति थी जीवन -दर्शन नहीं।[21] भारत के एकीकरण तथा प्रशासनिक व्यवस्था के शान्तिपूर्ण एवं सहज रूपान्तर के साफल्य कीए जर्मनी तथा विश्व के अन्य भागों में हुए समरूप प्रयासों एवं प्रक्रिया की तुलना करते समय इस बात की उपेक्षा कर दी जाती है कि अन्यत्र इस तरह के एकीकरण की प्रक्रिया में शक्ति का प्रयोग हुआ। सरदार पटेल ने गांधीवादी सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक विधाओं के अनुरूप अपने चिंतन को विकसीत किया। गांधी के समान पटेल भी नगरीय एवं यांत्रिक सभ्यता को आधुनिक समय में उचित नहीं मानते थे क्योंकि बढ़ती हुई नगरीय सभ्यता सभी के लिए अहितकारी है। सरदार पटेल ग्राम्य जीवन की श्रेष्ठता एवं महत्ता में विश्वास रखते थे। उन्होंने ग्राम्य जीवन की मस्ती समानता एवं गांव में मुक्त-विकास की सम्भावना को स्वीकार करते हुए नगरीय जीवन में इनका अभाव बतलाया। ग्रामीण व्यवस्था के सौम्य वातावरण की असली हिन्दुस्तान की संज्ञा दी।[22] गांव स्वयं स्वावलम्बी बन जाए और रक्षा के लिए भी दूसरे का मुहं न ताकना पड़े इसी का नाम स्वराज्य है। ग्रामीण जीवन की महत्वता के सन्दर्भ में सरदार पटले का मानना था कि आधुनिक भारत के निर्माण में ग्राम स्वराज और स्वावलंबन आवश्यक है।आर्थिक विचारधारा की दृष्टि से सरदार का मार्ग गांधीवादी एवं रचनात्मक कार्यक्रम का था जिसका उद्देश्य स्वराज्य प्राप्ति था। स्वतंत्रता के उपरान्त राज्यों के मुख्यमंत्रियां की एक मीटिंग को संबोधित करते हुए सरदार पटेल ने कहा भारत की मूल अवधारणा कृषि प्रधान देश की है और यदि इसका सच्चे अर्थों में विकास करना है तो गांधीवादी नियोजन की नीति को अनविार्य रूप से अपनाना होगा अर्थात् कृषि के साथ-साथ औद्योगिकरण की अवधारणा को भी विकसीत करना होगा। सामाजिक संरचना में सरदार सामाजिक जागरण एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र के पक्षधर थे। गांधीजी की भाँति उन्होंने जाति पांति का कटु विरोध किया। कौमी भाई चारे पर उनका बल था। महिला उत्थान एवं सामाजिक कुरीतियों को मिटाने पर बल देकर उन्होंने गांधीजी के उपदेशानुसार सामाजिक क्रांति करने का आह्वान किया। उनके सुधारवादी एवं समन्वयवादी दृष्टिकोण में पुनर्जागरणोन्मुख राष्ट्रवाद एवं गांधीवाद का समन्वय था। पाश्चात्य सरदार का मानवतावादी तथा व्यक्तिगत सौहार्द्र प्रशंसनीय था। वे अपने व्यक्तिगत गुणों के कारण ही विभिन्न व्यक्ति समूहों से जिनमें रियासतों के शासक व्यापारीगण तथा सिविल सेवक भी थे प्रभावशीलता एवं सफलता से पेश आए। विविधतापूर्ण सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अहिंसा का सफल प्रयाग सरदार का भारत की प्रगति में सबसे बड़ा योगदान था। भारत के एकीकरण तथा प्रशासनिक व्यवस्था के शान्तिपूर्ण एवं सहज रूपान्तर के साफल्य की जर्मनी तथा विश्व के अन्य भागों में हुए समरूप प्रयासों एवं प्रक्रिया की तुलना करते समय इस बात की उपेक्षा कर दी जाती है कि अन्यत्र इस तरह के एकीकरण की प्रक्रिया में शक्ति का प्रयोग हुआ। सरदार पटेल ने गांधीवादी सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक विधाओं के अनुरूप अपने चिंतन को विकसित किया। गांधी के समान पटेल भी नगरीय एवं यांत्रिक सभ्यता को आधुनिक समय में उचित नहीं मानते थे क्योंकि बढ़ती हुई नगरीय सभ्यता सभी के लिए अहितकारी है। सरदार पटेल ग्राम्य जीवन की श्रेष्ठता एवं महत्ता में विश्वास रखते थे। उन्होंने ग्राम्य जीवन की मस्तीए समानता एवं गांव में मुक्त-विकास की सम्भावना को स्वीकार करते हुए नगरीय जीवन में इनका अभाव बतलाया। ग्रामीण व्यवस्था के सौम्य वातावरण की असली हिन्दुस्तान की संज्ञा दी।[22] गांव स्वयं स्वावलम्बी बन जाए और रक्षा के लिए भी दूसरे का मुहं न ताकना पड़ेए इसी का नाम स्वराज्य है। ग्रामीण जीवन की महत्वता के सन्दर्भ में सरदार पटले का मानना था कि आधुनिक भारत के निर्माण में ग्राम स्वराज और स्वावलंबन आवश्यक है।आर्थिक विचारधारा की दृष्टि से सरदार का मार्ग गांधीवादी एवं रचनात्मक कार्यक्रम का थाए जिसका उद्देश्य स्वराज्य प्राप्ति था। स्वतंत्रता के उपरान्त राज्यों के मुख्यमंत्रियां की एक मीटिंग को संबोधित करते हुए सरदार पटेल ने कहा भारत की मूल अवधारणा कृषि प्रधान देश की है और यदि इसका सच्चे अर्थों में विकास करना है तो गांधीवादी नियोजन की नीति को अनविार्य रूप से अपनाना होगा अर्थात् कृषि के साथ-साथ औद्योगिकरण की अवधारणा को भी विकसीत करना होगा। सामाजिक संरचना में सरदार सामाजिक जागरण एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र के पक्षधर थे। गांधीजी की भाँति उन्होंने जाति पांति का कटु विरोध किया। कौमी भाई चारे पर उनका बल था। महिला उत्थान एवं सामाजिक कुरीतियों को मिटाने पर बल देकर उन्होंने गांधीजी के उपदेशानुसार सामाजिक क्रांति करने का आह्वान किया। उनके सुधारवादी एवं समन्वयवादी दृष्टिकोण में पुनर्जागरणोन्मुख राष्ट्रवाद एवं गांधीवाद का समन्वय था। पाश्चात्य अनुकरण के स्थान पर स्वदेशी शिक्षा के उनके विचार में औपनिवेशिक मुक्ति का संदेश था।[23] राजनीतिक संरचना में सरदार गांधीवादी मूल्यों के व्यावहारिक आचरण पर बल देते थे। स्वराज्य एवं सुराज्य का दर्शन उन्होंने महात्मा गांधी से प्राप्त किया। सुराज्य की अवधारणा में सरदार पटेल शहरी एवं ग्रामीण भारत की सम्पूर्ण उन्नति पर बल देते थे। प्रान्तीयता एवं क्षेत्रीयता के संकुचित दायरों के स्थान पर वे व्यापकता के पक्षधर थे। लोकतंत्र के स्वरूप पर गम्भीर चिन्तन की

अवधारणा के सन्दर्भ में पटेल का चिंतन सदैव प्रभावी रहा वे लोकतंत्र के स्थान पर किसी अन्य शासन के समर्थक नहीं थे परन्तु इसके लिए गांधीवादी नीतियों को अपनाना आवश्यक हैं। गांधीजी के रामराज्य के आदर्श को प्राप्त करना तत्कालीन परिस्थितियों में संभव नही है इसलिए इसके विकल्प एवं उपादर्श से ही अभी काम चलाना होगा जिसमें जनतन्त्रवादीए जनसम्प्रभुता पर आधारित एवं निर्वाचित सुदृढ़सरकार हो जिसके पीछे सशक्त सेना एवं पुलिस हो और अन्ततः जो जन-इच्छा से शासित हो। सरदार पटेल द्वारा विरोध.भावना के स्थान पर कत्तव्यनिष्ठा एवं सहयोग भावना पर बल दिया। वे स्थानीय स्वशासन नागरिकों के अधिकारों की गरिमाएवं न्यायपालिका की स्वतन्त्रता के पक्षधर रहे। राष्ट्रीय हित राष्ट्रीय दृढ़ता एवं शक्तिशालिता को यथार्थवादी तथा शक्ति की राजनीति वाले युग में उन्होंने परमावश्यक माना।[24]सरदार पटेल द्वारा गांधीजी के विचारों एवं रचनात्मक कार्यों को समय-समय पर व्यवहारिक रूप प्रदान किया गया ष्वास्तव में देखा जाए तो महात्मा गांधी सत्याग्रह के सिद्धान्तों के सूत्रों के ग्रन्थकार थे तो सरदार बल्लभभाई पटेल उनके भाष्यकार थे। किन्तु सरदार ने अपना भाष्य अक्षरों में न लिखकर उनको कार्यरूप में परिणित करके संसार के सम्मुख उपस्थित कियाष् श्री बिनोबा भावे के अनुसार वास्तव में गांधीजी जी अहिंसक सेना के वे सबसे बहादुर चालक थे। दिल से वे एक-दूसरे के अति निकट थे। सरदार ही वे व्यक्ति थे जिनसे संसार से विदा लेते समय गांधीजी ने अन्तिम वार्ता की।[25]सरदार पटेल ने गांधीजी के निर्णयों को बिना हिचकिचाहट के स्वीकार किया तथा आवश्यकतानुसार तार्किक रूप से बिना झिझके इन्हें स्वीकार किया। इस सन्दर्भ में एक प्रंसग में उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने मस्तिष्क का ताला बन्द कर दिया है तथा चाबी गांधीजी को सौंप दी है। लेकिन जब गांधीजी ने उन्हें साबरमती आश्रम में रहने को आमन्त्रित कियाए उन्होंने स्पष्ट रूप से मना करते हुये बतलाया कि वे ऐसा नहीं कर सकतेए क्योंकि गांधीजी के आश्रम में निर्धारित प्रतिबन्धों के अन्तर्गत वह राष्ट्रसेवा का कार्य उचित रूप से नहीं कर सकते हैं। गांधीवाद का असली रूप क्या हो सरदार इसके सफल भाष्यकार भी थे। श्री वीण् शंकर ने उल्लेख किया है कि गांधीजी की अन्त्येष्टि के उपरान्त श्री देवदास गांधी आदि का मत था कि गांधीजी की भस्मी एवं अस्थियां देश में सर्वत्र नदियों में डालने हेतु बांट दी जायें तथा राजघाट पर स्मारक बने। सरदार ने इसका समर्थन नहीं किया। उनका आधार था कि यह विधि एवं कार्य महात्मागांधी द्वारा प्रकट की गई इच्छाओं तथा उनके दर्शन के प्रतिकूल होगा।[26]गांधीवादी पद्धति एवं उच्चादर्शों हेतु पूर्ण निष्ठा रखते हुये भी सरदार यथार्थ एवं व्यवहार से परे नहीं थे। व्यावहारिक जीवन एवं शासन संचालन में तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पूर्णतया अहिंसावादी नहीं बना जा सकताए सरदार यह स्पष्ट समझते थे। महात्मा गांधी से भी उन्होंने अपना मन्तव्य बतलाया जिसे उन्होंने स्वीकारा।[27] भारत सरकार द्वारा 31 अक्टूबर 2021 को सरदार पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया।

निष्कर्ष :-

यद्यपि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व एक विशद आकार लिये हुए थाए जिस पर सर्वाधिक प्रभाव महात्मा गांधी के दर्शन एवं चिंतन पर स्पष्टतः देखा जा सकता है। सरदार पटेल वास्तविक अर्थों में आध्यात्मवादी थे लेकिन गांधीवादी दर्शन और कार्य पद्धति में समयानुकूल व्यवहारिक संशोधन पटेल द्वारा किया गया क्योंकि उनका मानना था कि वर्तमान परिस्थितियों में जो अनुकूल हो सके उसे पद्धति और चिंतन में शामिल कर लेना चाहिए। पटेल अनूठे व्यक्तित्व एवं दृढ़ विचारधारा के कारण ही भारतीय एकीकरण के लिए प्रयास किया जा सका। वर्तमान में पटेल के विचारों एवं सिद्धान्तों को अपनाने की महती आवश्यकता है। अविश्वासए घृणा हिंसा आंतकवाद साम्प्रदायिकता की समस्या का समाधान पटेल के चिंतनानुसार किया जा सकता है। पटेल को अहिंसा के संरक्षण ओर आन्दोलन की सफलता का श्रेय देना अतिआवश्यक है। 1931 कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता के भाषण के शब्दों को 2021 में पुनः पलट कर देखने की आवश्यकता है। कि राष्ट्रवाद का पुनरूत्थान हर परिस्थिति में होना ही चाहिए। राष्ट्र.निर्माण की गतिविधियों को सरदार के व्यावहारिक मार्ग से सफलता मिली। गांधीजी की ब्रिटिश राज्य पर विजय मुख्यतः सरदार की असाधारण संगठन शक्ति तथा उन द्वारा अपने गुरू के आदर्शों की निष्ठापूर्वक क्रियान्विति के कारण हुई। वास्तव में सरदार पटेल गांधीजी के आदर्शों एवं विचारों के राजनीतिक प्रचारक थे। सरदार को गांधीजी का अन्धानुयायी नहीं वरन् अपनी बुद्धिमत्ता एवं चतुराई द्वारा उनके सिद्धांतों को व्यावहारिक बनाने वाला चिन्तक एवं साधक कहा जा सकता है।

*****

संदर्भ:-

1.कुमार रवीन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल जीवन और कार्य वेदान्त पब्लिकेश्न लखनऊ पृष्ट - 150
2.गुप्त विश्वप्रकाश गुप्त प्रकाश राजेन्द्र एवं गुप्त मोहिनी आधुनकि भारत के शिल्पी राधा पब्लिकेशन नइ दिल्ली पृष्ट -76
3.पारीख नरहरि सरदार वल्लभ भाई पहला भाग नव जीवन अहमदाबाद 1961 पृष्ठ -71
4.मूर्ति आर.के. सरदार पटेल एण्ड हिज कंटेम्पेरीज स्टर्लिग पब्लिशर्स नई दिल्ली पृष्ट -112
5.तोहमणकर डी.बी सरदार पटेल जार्ज एलन एण्ड अनविन लंदन 1970 पृष्ठ -88
6.कृपलानी जे.बी. गांधी.हिज लाईफ एण्ड थाट प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मन्त्रालय नई दिल्ली सितम्बर 1961 पृष्ठ -117
7.पटेल मणिबेन सरदारजी के विशिष्ट और अनोखे पत्र पृष्ठ -20
8.मेहरोत्रा एन.सी. एवं रंजना कपूर सरदार बल्लभ भाई पटेल व्यक्ति एवं विचार आत्माराम एण्ड संस दिल्ली पृष्ठ -206
9.चैपड़ा पी.एन.क्विट इण्डिया मूवमेंट ब्रिटिश सिक्रेट रिपोर्टष् थामसन प्रेस लिण् फरीदाबार 1976 पृण् 15
10.मजूमदार आर.सी. स्ट्रगल फार फ्रीडम भारतीय विद्याभवन बम्बई जुलाई 1969पृष्ट -673.74
11.राजगोपालाचारी सी.द्वारा प्रकथन लाईफ एण्ड वर्क आफ सरदार वल्लभभाई पटेल ओवरसीज पब्लिसिंग हाउस बम्बई पृष्ठ - 208
12.अहलूवालिया वी.के. सरदार पटेल लाईफ सागर पब्लिकेशन्स नई दिल्ली 1974पृष्ठ -33
13.सेठी गोविन्द दास गांधी टुडे विकास पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली 1978 पृष्ठ -2
14चतुर्वेदी मधुकर श्याम प्रमुख भारतीय राजनीतिक विचारक कॉलेज बुक डिपो जयपुर 2006 पृष्ठ -262
15.एडवारडेस माइकेल ग्राजरू दी स्टोरी आफ दी ब्रिटिश इण्डिया पानबुक्स लिमिटेड लंदन 1969 पृष्ठ -332
16.सरदार की सीख नवजीवन अहमदाबाद पृष्ठ -50.51
17.भार्गव जीण् एस.ए.मोरारजी देसाई प्राइम मिनिस्टर आफ इण्डिया इण्डिया बुक कंपनी देहली 1977 पृष्ठ -39.40
18.गाडगिल एनण्वीण् का लेख . आर्किटेक्ट आफ यूनिटी एण्ड कनसोलिडेशनष् दिस वाज सरदार कम्पटेटि वाल्यूमष् प्रथम खण्ड सम्पादक नन्दूरकर पूर्वोक्त पृष्ठ -4.7
19.सरदार पटेल के भाषण सम्पाण् पारीख एवं शाह नवजीवन अहमदाबाद 1950 पृष्ठ -149
20.पूर्वोक्त सरदार पटेल के भाषणष् सम्पादक पारीख एवं शाह पृष्ठ -143
21.वर्मा वी.पी. माडर्न इण्डियन पालिटिक्ल थाट लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एजूकेशन पब्लिशर्स आगरा छटा संस्करण 1978- पृष्ठ -363
22वही पृष्ठ -371
23.ताराचंद भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का इतिहास खण्ड.3 प्रकाशन विभाग सूचना प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली 1983 पृष्ठ -319
25.पूर्वोक्त सेठी गोविन्द दास पृष्ठ -2
26.नागर पुरुषोत्तम आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर 2013 पृष्ठ -571
27.अमर उजाला समाचार पत्र नए भारत के निर्माता थे सरदार पटेल 31 अक्टूबर- 2021

दक्षिण भारतीय भाषाएँ और अनुवाद- तमिल भाषा के विशेष संदर्भ में

डॉ.शशि प्रभा जैन
प्रोफसर
अविनाशिलिंगम इनस्टिट्यूट फॉर होम साइंस एण्ड हायर एजुकेशन फॉर विमेन (कोयम्बत्तूर)

सामान्य युग की शुरूआत के बाद से द्रविड़ियन भाषाओं को मुख्य रूप से दक्षिण भारत में पाया गया है। अटकलों के अनुसार द्रविड़ियन भाषाओं का जन्म कुमारी कंदम नामक एक पौराणिक महाद्वीप में हुआ, या अकादमिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर माना जाता है कि इनका जन्म सिन्धु घाटी सभ्यता में हुआ था। इरावाथम महादेवन जिन्हें तमिल और संस्कृत दानों भाषाओं का ज्ञान है,ने कई दशकों तक आईवीसी लिपि पर अध्ययन किया, उन्होंने 1998 में एक साक्षात्कार में कहा कि आइवीसी लिपि का अर्थ अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है। माइकल वितज़ल के अनुसार, वेदों के प्रारंभिक स्तरों में भी ज्यादा द्रविड़ियन शब्द नहीं हैं, यहाँ तक कि ऐसा कहा जा सकता है कि द्रविड़ियन का प्रभाव ऋग्वेद के बाद कि अवधि में तेजी से बढ़ा निबंध ''सब्सट्रेट लेंग्वेजेस इन ओल्ड इंडो-आर्यन'' में प्रोफसर वितज़ेल कहते हैं,''क्योंकि हम प्रारम्भिक आरवी पर द्रविड़ियन प्रभाव को नहीं पहचान सकते हैं, इसका अर्थ यह है कि कम से कम पंजाब में पूर्व-ऋग्वेदीय सिन्धु सभ्यता की भाषा ऑस्ट्रो-एशियाटिक प्रकृति की थी।

बीज शब्द: भाषा, अनुवाद, तमील, दक्षिण भारत, द्रविड़, हिन्दी

द्रविड़ परिवार:-तमिल, तेलगू, मलयालम और कन्नड़ इस परिवरा की प्रमुख भाषाएँ हैं। ये भाषाएँ क्रमशः तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक राज्यों में बोली जाती हैं। इसके अतिरिक्त कुछ छोटी भाषाएँ भारत के अनेक लोगों में फेली हुई हैं जिनमें तुलू, कोडगू, टोडा, कोठा, मालटो कई और कोलाभी वे अतिरिक्त गोड़ आदिवासियों की गोड़, बिहार, उड़ासा, मध्यप्रदेश के वन प्रदेशों की उरान और सुदूर विलोयिस्तान की ब्राहुई की गणना होती हैतमिल इस परिवार की सबसे महत्वपूर्ण भाषा हैं। इसमें विपुल मात्रा में प्राचीन एंव अर्नायीन साहित्य मिलता हैं जिसमें कम्बन की रामायण विशेष उल्लेखनिय हैं। भारत यूरोपीय परिवार के साथ लम्भे संपर्क के कारण इसमें संस्कृत के शब्द बड़े अनुपात में विद्यमान हैं। अभिजातवर्ग की तमिल 'शेन' और ग्रामीन तमिल 'कोडुन' कहलाती हैं। इसकी बुरगंडी, कैकाडी, कुसुब, केराण आदि कई बोलियाँ हैंतेलगु आन्ध्र प्रदेश की भाषा है। तेलगु में आधुनिक साहित्य विपुल भाषा में लिखा गया है। इस पर संस्कृत का गहरा प्रभाव पड़ा हैं। यह कोमल-मधुर भाषा है। कोमटाउ, गोलरी, कामाठी आदि इसकी प्रमुख बोलियाँ हैंमलयालम केरल प्रदेश की भाषा है। केरल के अतिरिक्त यह लक्ष्द्वीप में भी बोली जाती हैं। मलयालम के दो रूप है एक संस्कृत मलयालम जिसे ब्रह्मण बोलते है और दूसरा मूल मलयालम जिसे मुस्लमान बोलते हैं। यह भाषा पहले तमिल की भाषा की ही उपभाषा थी।कन्नड़ कर्नाटक की भाषा है। प्राचीन साहित्य में व्याकरण आदि शास्त्रीय विषयों के ग्रंथ मिलता है। बड़गा कुसम्बा आदि इसकी बोलियाँ हैं।

द्रविड परिवार की विशेषताएँ:-द्रविड़ परिवार की भाषाएँ अश्लिष्टिक योगात्मक है। इसमें अर्थतत्व और सबंध तत्व प्रमुख विद्यमान रहते हैं। द्रविड़ भाषाओं में ट वर्गीय ध्विन्यों का बहुमूल्य हैं। भाषा वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भारतीय यूरोपीय परिवार में ट वर्गीय ध्वनियाँ नहीं थी। इन भाषाओं में तीन लिंग होते हैं। लिंग बदलने के लिए अन्य पुरूष सर्वनाम के रूप जोड़ दिए जाते हैं। संज्ञा के दो भेद होते है-उच्च और निम्न अथवा सज्ञान और अज्ञान। क्रियाओं में कृदन्त रूपों की प्रधनता है। कर्मवाच्य के लिए एक विशिष्ट सहायक क्रिया का प्रयोग किया जाता है, उसके स्वतन्त्र रूप नहीं होते।तमिल में पूछा जाता है-एन्न साप्पिडु-किरीगंल काफीया अल्लदु टीया? हिन्दी में क्या खाएँगे-काफी या चाय? ऐसा अनुवाद करेंगे तो अनुवादक के भाषा की बोधगम्यता की शून्यता का पूरा परिचय मिल जाता हैंहर भाषा-भाषी की संस्कृति की सूचना होते है-उस भाषा में प्रयुक्त होने वाले मुहावरे एवं कहावतें। इनका सटीक पर्याय लक्ष्य भाषा में जानना अनुवादक के लिए अत्यावश्यक है।

तमिल एवं हिन्दी भाषाओं की सरंचना-अन्तर:-भाषा के अंगों में मुख्य स्थान रखता है लिंग। यह अनुवाद को बहुत प्रभावित करता हैं। हिन्दी में दो ही लिंग होते हैं। पुल्लिग एवं स्त्रीलिंग। निर्जीव वस्तुओं के भी लिंग-पुल्लिग या स्त्रीलिंग होते हैं। इसके लिए कई नियम हैं। परन्तु सब नियम सर्वत्र सदालागू नहीं होते। जैसे ईकारान्त सब शब्द स्त्रीलिंग हैं-परन्तु उपवाद स्वरूप कुछ शब्दे हैं-पानी, धी, दही, जी, मोती....कहा जाता है कि अकारान्त शब्द पुल्लिंग वाची शब्द हैं। परन्तु वहाँ भी अपवाद हैं। बात-स्त्रीलिगं है और भात-पुल्लिंग है।'खेल' पुल्लिग है, 'जमीन' स्त्रीलिंग है। 'ग्रन्थ' पुल्लिंग है,'पुस्तक' स्त्रीलिंग।

तमिल भाषा में तीन लिंग हैं-

आणपाल (पुल्लिंग) पेणपाल (स्त्रीलिंग) नपुसंकलिंग

अप्राणिवाचक एवं क्षुद्रप्राणिवाचक शब्दों को नपुसंक लिंग की कोटि में रखते हैं। इसको पलविनपाल कहते हैंनिर्जीव वस्तुओं के लिए जैसे हिन्दी में पुल्लिंग या स्त्रीलिंग होता है, वैसे तो तमिल में नहीं। जैसे हिन्दी में गाय (स्त्री), बैल (पु.), पेड़, पहाड़, पत्थर (पु.) तमिल में नाडु (स्त्री), कालै(पु.), मरम, मलै, कल्लु(न.लि.) हैं। इसलिए तमिल में अनुवाद करते समय ,हिन्दी में अनुवाद करने की अपेक्षा अधिक कठिनाइयाँ नजर आती हैं। तमिल शब्द के लिए सटीक पर्यायवाची हिन्दी शब्द ढूंढना मात्र काफी नहीं ,परन्तु उसका लिंग भी जाने की कोशिश करना चाहिए। पुस्तकम् या 'नूल' शब्द के लिए हिन्दी में पर्यायवाची शब्द हैं- किताब, ग्रन्थ ,पुस्तक ।तमिल में तो ऐसा नहीं होगा। हिन्दी में संज्ञा अनुसान विशेषण में परिवर्तन होते हैं ,पर तमिल में विशेषण में ऐसा परिवर्तन न होता। उदाहरण के लिए ; राम अच्छा लड़का हैं - राम नल्ल पेयन।

सीता अच्छी लड़की हैं - सीता नल्ल पेण।

वे अच्छे विद्यार्थी हैं - अवर्कल नल्ल माणवर्गल।

यहाँ तमिल में 'नल्ल' जो विशेषण शब्द है-वह हर वाक्य में वैसा ही बना रहता हैं, परन्तु हिन्दी में अच्छा, अच्छी-विशेषण के विभित्र रूप हैं। ये रूप संज्ञा के लिंग के कारण पाए जाते हैं।

शब्द प्रयोग:-

तमिल भाषा के शब्दों के अर्थान्तर, भिन्नार्थ एवं व्यंग्यार्थ होने के कारण हिन्दी में अनुवाद करते समय उन शब्दों के सटीक पर्याय-चयन में त्रुटि का आना सम्भव है, जैसे-

हिन्दी में	तमिल में
अवसर - मौका,जल्दी	अवसरम
धर्म – धर्म, दान	धर्मम
संसार – विश्व, पत्नी	संसारम
पशु – जानवर,गाय	पशु
विचार- चिन्ता	विचार

ये शब्द अनुवादक को भ्रम में डालते हैं। इसलिए तमिल से हिन्दी में या हिन्दी से तमिल में अनुवाद करते समय अनुवाद को दोनों भाषाओं में इन शब्दों के अर्थों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

हिन्दी की निम्नलिखित ग्रामीण बोलियाँ:-

1 पूर्वीभाग - मैथिली मागची भोजपुरी

2 मध्य भागों में- अवधी छत्तीसगढी ब्रजकलौडी बुन्देली हरियानवी3 पश्चिमी भागों में - जयपुरी हाडौती मेवाती अहीर पाटी मारवाडी मेवाडी मालवी

4 उत्तरी भाग - गढवाली कुमायाँ श्मिला प्रदेश की पहाडी बोलियाँ

अनुवाद वही श्रेष्ठ हो सकता है जो भाव तथा विचार को ज्यों का त्यों का प्रकट करने के अतिरिक्त अपनी भाषा की विशिष्ट प्रकृति का भी घ्यान रख कर किए जाते हैं। मूल भाषा के संदेश के समतुल्य लक्ष्य भाषा के संदेश के समतुल्य होना चाहिए और फिर शैली की दृष्टि से। अनुवाद में आसान भाषा का प्रयोग करना चाहिए। अनुवादक को स्त्रात व लक्ष्य भाषा का पूर्ण ज्ञान व अधिकार होना चाहिएप्रत्येक भाषा की एक स्वतंत्र प्रकृति होती है और उसमें भाव व्यंजन की कुछ विशिष्ट प्रणालियाँ होती हैंउसकी बहुपक्षीयता का ध्यान रखना चाहिएदोनों भाषाओं की प्रकृति एवं समाजिक सास्कृतिक पृष्ठभूमि तथा परिवेश का सम्यक ज्ञान होनी चाहिए। हिन्दी में आज नयी प्रवृति देखी जा रही है।

वह खड़ीबोली के प्रति समादर का भाव है। पहले खड़ीबोली एक निश्चित सीमित प्रदेश की भाषा के लिए प्रयोग की जाती थी और अब खडीबोली शिक्षित जन समाज की है चाहे वह किसी भी बोली के प्रदेश वाले क्यों न हो। इस प्रकार भविष्य में कोई आश्चर्य नहीं कि संपूर्ण हिन्दी भाषी प्रदेश की बोली खडीबोली ही हो जाए। निश्चय ही वह दिन बडा स्वर्णिम होगा जब संपूर्ण भारतवर्ष की भाषा खड़ीबोली बन जाएगी और जन - जन में उस का प्रचार होगाामन में आए को अभिव्यक्त करने के लिए मानव और मानव के बीच जिन ध्वनि संकेतों का आदान-प्रदान होता हैं, उसे भाषा कहते हैं। इस प्रकार विचारों के आदान-प्रदान एवं भाव प्रकाशन के ध्वनि संकेतों के माध्यम को भाषा कहते हैं। भाषा समाज सापेक्ष्य होती है वह समाज की वाहिका है भाषा अपने परंपरागत गुण को धारण करती हूऐ आगे बढ़ती रहते हैं। मनुष्य समाज में रहकर भाषा को ग्रहण करता है। सामाजिक, धार्मिक एवं भौतिक परिवर्तनों की जानकारी भाषा से प्राप्त होती हैं। यही कारण है कि विशेष समाज स्थान की भाषा अलग होती हैं। उसका रूप सथान के अनुसार बदलता रहता हैं। ज्ञाना विज्ञान, कला ,दर्शन शास्त्र, साहित्य आदि क्षेत्रों में मानव जो कुछ प्राप्त कर सकता हैं। वह भाषा के द्वारा ही संभव हो सका हैं। सभी विधाएँ और कलाएँ इसी शब्द शक्ति से संबंधित हैं। भाषा मनुष्य के ज्ञान का साधन है। विश्व बन्धुत्व की भावना को पैदा करने तथा संसार को एक सूत्र में गठित करने की शक्ति भाषा में ही हैं। यह मानव के विकास, सम्यता संस्कृति और उसकी समस्त उपलब्धियों का माप दण्ड हैं।

प्रत्येक भाषा की ध्वनियों क्रमबद और व्यवस्थि होती हैं। भाषा का गठन ,रूप रचना वाक्य रचना ,शब्दार्थ आादि सब ध्वनियों की क्रमबद्धता पर रहते हैं। सारांश यह है कि भाषा मानव के मुख से निःसृत, अभिव्यक्ति एवं व्यक्त ध्वनि संकेतों की वह व्यवस्था है जिसके माध्यम से समाज में परस्पर विचारों और भावों का आदान-प्रदान होता है।

*****

संन्दर्भ ग्रन्थः-

1. भाषाविज्ञान और हिन्दी भाषा का स्वरूप -विकास - डॉ देवेन्द्र प्रसाद सिंह - जयभारती प्रकाशन - 267- वीं उट्ठीगंज, मायाप्रेस रोड़ - इलाहाबाद - 211003
2. हिन्दी भाषा की सामाजिक संरचना - भोलानाथ तिवारी, साहित्य सरकार -ई-10/4 कृष्ण नगर-दिल्ली - 110051
3. हिंदी राष्ट्रभाषा प्रचार का इतिहास-अखिल भारतीय हिन्दी संस्था संध 75 jawahar Nehru marg New Delhi.110002
4. नवीन साहित्यिक निपंध–डॉ गोविन्द त्रिभुणायत, कैलारा प्रिंटिगप्रेस आगरा
5. भाषा और भाषा विज्ञान-तेजपाल चैधरी-विकास प्रकाशन-बर्रा कानपुर-208027
6. प्रयोजनमूलक हिन्दी प्रासंगिकता एवं परिदृश्य-डॉ. सु. नागलक्ष्मी, जवाहर पुस्तकालय

राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के परिमाणात्मक प्रसार का विश्लेषणात्मक अध्ययन

प्रो.महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय
आचार्य एवं कुलपति
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)

अजय कुमार
शोध-छात्र
शिक्षा विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

सारः-शिक्षा का सम्बन्ध जितना व्यक्ति से है उससे अधिक समाज से है। शिक्षा मनुष्य की आन्तरिक शक्तियों का सर्वांगीण, अर्थात शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का विकास है। मानव जीवन में जो कुछ भी अर्जित है वह शिक्षा का ही परिणाम है। वास्तव में समस्त मानव-जीवन ही शिक्षा है और शिक्षा ही जीवन है। शिक्षा के माध्यम से सहस्रों वर्षों से समाज द्वारा अर्जित अनुभव बालक को हस्तान्तरित कर दिये जाते हैं। शिक्षा के माध्यम से ही वह अपनी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति को ग्रहण करता है। शिक्षा के द्वारा ही उसका शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। मानव व्यक्तित्व के सन्तुलित एवं सम्पूर्ण विकास को शिक्षा का लक्ष्य माना गया है। इसी लक्ष्य को दृष्टिगत करते हुए प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा के परिमाणात्मक प्रसार का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है।

मुख्य शब्दः -परिमाणात्मक, गुणात्मक, प्राथमिक शिक्षा, व्यक्तित्व

प्रस्तावनाः-भारतीय संस्कृति में शिक्षा को पवित्रतम प्रक्रिया माना गया है। गीता में श्रीकृष्ण ने ज्ञान को पवित्रतम घोषित किया है- ''न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमहि विद्यते।'' महाभारत में कहा गया है- ''नास्ति विद्यासमं चक्षुः'' अर्थात विद्या के समान कोई दूसरा नेत्र नहीं होता। भारतीय दर्शन में अज्ञान को अन्धकार और ज्ञान को प्रकाश माना गया है। शिक्षा एक प्रकाश है। अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाना शिक्षा का प्रमुख कार्य है। प्राचीन भारत में ईसा पूर्व 1000 तक शिक्षा के अन्तर्गत बालक बालिकाओं को वेदों का लिखन पढना नही बल्कि उनका उच्चारण सिखाया जाता था। उस समय शिक्षा लिखित न होकर श्रुति पर आधारित थी। वैदिक काल में विद्यार्थियों की जो प्रारम्भिक शिक्षा का स्वरुप कंठस्थ कराये जाने पर ही आधारित था। ईसा पूर्व 1000 में भारत के लोगों को लेखन का ज्ञान हो गया था, इस बात के सुस्पष्ट प्रमाण इतिहास से हमें प्राप्त होते हैं। ऐसा होने के परिणामस्वरुप लेखन और पठन प्रारम्भिक शिक्षा का हिस्सा बन गये, परन्तु फिर भी वैदिक साहित्य व्याकरण और निरुक्त के अध्ययन में अभी भी श्रुति की परम्परा ही प्रचलन में रही।

19वीं शताब्दी के द्वितीय दशक में सर टॉमस मनरो ने प्रत्येक गांव में एक पाठशाला पायी थी। सेन (1933), ''मेरा अनुमान है कि बालकों में से 25 से 33 प्रतिशत शिक्षा पाते थे। तत्कालीन बंगाल के अधिकांश गांवों में प्रारम्भिक शिक्षा के लिए पाठशालायें थीं। किन्तु विभिन्न स्थानों में उनसे लाभ उठाने वाले बालकों की संख्या भिन्न-भिन्न थी। कतिपय जिलों में पढ़ने योग्य बालकां में सौ में से 18 बालक पाठशालाओं में पढ़ते थे अन्य जिलों में यही परिमाण प्रतिशत तीन ही था। 19 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में पाठशाला जाने योग्य प्रतिशत बालकों में 15 पाठशाला जाते थे। यदि इतनी उथल-पुथल की परिस्थितियों में 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में 15 प्रतिशत बालक पाठशालाओं में जाते थे तो हम भली भांति इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि हिन्दू काल के अन्तिम समय में यह संख्या दूनी अवश्य रही होगी क्योंकि मुस्लिम शासन काल में सुदीर्घ काल तक सरकार केवल मुसलमानों के लिए ही शिक्षा की व्यवस्था करती थी। हिन्दुओं को अब शिक्षा के प्रसार में राज्य से वह सहायता नहीं मिल पाती थी जो हिन्दू शासन काल में मिलती थी। जिस काल में सम्पूर्ण आर्यों के लिए उपनयन आवश्यक था उनमें साक्षरों की संख्या प्रतिशत 80 थी।

सन् 1857 में स्वतंत्रता युद्ध के परिणामस्वरुप भारत के शासन

की बागडोर ईस्ट इंडिया कम्पनी के हाथ से निकल कर अंग्रेज नरेशों के हाथ में आ गयी। इस काल में अर्थात सन् 1919 तक भारत सरकार सम्पूर्ण देश की शिक्षा नीति नियंत्रित करती रही। केन्द्रीय सरकार ने तीन महत्वपूर्ण आयोग या कमीशन (हण्टर, 1902 की विश्वविद्यालय समिति तथा सैडलर आयोग) नियुक्त किये। दो शिक्षा नीति 1904 और 1913 घोषित की। यह समय राष्ट्रीय जागृति का काल था इस काल में कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग की स्थापना हुयी और बंग भंग का आन्दोलन खडा हुआ। इस सब घटनाओं आंच शिक्षा पर भी आयी, इसी समय श्री गोपाल कृष्ण गोखले ने प्राथमिक शिक्षा निःशुल्क तथा अनिवार्य करने की चेष्टा की। इस प्रयत्न में यद्यपि वे असफल हुये परन्तु उनकी चेष्टा व्यर्थ नहीं गयी। देश में स्वाधीनता का आन्दोलन बढ़ा और इसी के फलस्वरुप भारत सरकार का सन् 1919 का नियम निकला।6 से 11 आयुवर्ग के केवल 30 फीसदी बच्चों के लिये ही प्राथमिक शिक्षा की सुविधायें थी और इनसे बहुत ही कम प्रतिशत था माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के लिये। वैज्ञानिक तथा प्राविधिक शिक्षा पिछडी हुयी थी तथा शोध का प्रारम्भ हुआ ही था। इन कमजोरियों को दूर करने के अलावा देश के समक्ष प्रश्न था देश की संस्कृति पुनरुद्धार करना, और पूर्व तथा पश्चिम के पडोसी देशों के साथा भाईचारे का व्यवहार बढाना। इन समस्याओं का सामना करते हुये देश विकास के लिये कटिबद्ध हुआ, विश्वविद्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा के लिये दो स्वंतत्र आयोग, राधाकृष्णन तथा मुदालियर आयोग नियुक्त किये गये तथा अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के लिये समितियां गठित हुयी, इनके प्रस्तावों के अनुरुप बहुत कुछ काम भी हुआ। पंचवर्षीय योजनाओं का कार्यान्वयन स्वाधीन भारत का सर्वाधिक उल्लेखनीय कार्य हुआ।26 जनवरी 1950 को हमारे देश के लागू हुये संविधान में प्राथमिक शिक्षा के संदर्भ में संविधान की 45वीं अनुसूची में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राज्य इस संविधान के लागू होने के समय से 10 वर्ष के अन्दर 14 वर्ष की आयु के बच्चों की अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करेगा, परन्तु 64 वर्ष के बाद भी हम इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाये। यद्यपि 1951 में प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) में शिक्षा पर 153 करोड़ व्यय हुये जिनमें से 85 करोड़ रुपये प्राथमिक शिक्षा के विकास एवं उन्नयन पर व्यय किये गये। दसरी पंचवर्षीय योजना (1956-61) में शिक्षा पर 273 करोड़ रुपये व्यय किए गए, जिनमें से 95 करोड़ रुपये प्राथमिक शिक्षा पर व्यय किए गए। इस योजना के तहत सन् 1957 में केन्द्र सरकार ने अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षा परिषद का गठन किया, जिसके फलस्वरुप प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए तथा प्रसार कार्य में तेजी आई। पांचवीं योजना के अंतिम वर्ष 6-14 आयु वर्ग के ऐसे बच्चों के लिए जो किसी कारण औपचारिक शिक्षा का लाभ नहीं उठा पा रहे थे, निरौपचारिक शिक्षा शुरु की गई। छठी पंचवर्षीय योजना में प्राथमिक शिक्षा पर 836 करोड़ रुपये शिक्षा पर व्यय किए गए। इस योजना में निरौपचारिक शिक्षा का विस्तार किया गया। सातवीं पंचवर्षीय योजना में (1985-90) में शिक्षा पर कुल 7633 करोड़ रुपये व्यय किये गये और इनमें से 2849 करोड़ रुपये प्राथमिक शिक्षा पर व्यय किए गए। 1987-88 में 'ब्लैक बोर्ड योजना शुरु की गई। आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) में शिक्षा पर कुल व्यय 19600 करोड रुपये व्यय किए गए। सन् 1994 में शैक्षिक दृष्टि से पिछडे जिलों में 'जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्र शुरु किया गया। नवीं पंचवर्षीय योजना (1997-2002) में शिक्षा के लिए 20381.6 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 1184.4 करोड़ रुपये प्राथमिक शिक्षा के लिए रखे गए, परन्तु व्यय 1636.5 करोड़ किए गए। नवम्बर 2000 में 'सर्वशिक्षा अभियान मंजूर किया गया और जनवरी 2001 में इसे शुरु किया गया। दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) में शिक्षा के लिए 42850 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 28750 करोड़ रुपये प्राथमिक शिक्षा के प्रसार एवं उन्नयन के लिए रखे गए थे। इस योजना के दौरान दिसम्बर, 2002 में संविधान में 86 वां संशोधन कर धारा 21-ए जोडी गई, जिसके द्वारा 6-14 आयु वर्ग के सभी बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को उनका मूल अधिकार घोषित किया गया। 11 वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) में इस योजना का मुख्य लक्ष्य प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्राथमिक स्कूल उन स्थानों पर खोले जाएंगे जहाँ 1 किमी0 की दूरी पर स्कूल न हों। सभी स्कूलों में नए कमरे, पुस्तकालयों की व्यवस्था की जाएगी। कुछ चुने हुए प्राथमिक स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व:-भारत जैसे वैविध्यतापूर्ण संस्कृति और आवश्यकताओं वाले देश में वैसे भी कोई योजना इस प्रकार नहीं बनायी जा सकती कि उसे एक साथ पूरे देश के सभी क्षेत्रो में लागू किया जा सके। इसीलिये शिक्षा को समवर्ती सूची का विषय बनाया गया है। लेकिन उसके बाबजूद प्रायः क्षेत्रीय आवश्यकताओं और संतुलनों को दृष्टिगत रखे बिना ही शैक्षिक योजनायें बनायी और लागू की जाती रही हैं। स्वतंत्रता के 7वें दशक में यह आवश्यक है कि इस बात का गम्भीर मूल्यांकन किया जाये कि स्वतंत्रता के उपरान्त 6 दशकों से भी अधिक लम्बी शैक्षिक योजनाओं के क्रियान्वयन की

स्थिति अन्तिम छोर तक कैसी है। इसके लिये जिलावार सूक्ष्म अनुसंधानों और सर्वेक्षणों की आवश्यकता है ताकि यह समझा जा सके कि शिक्षा के पोषण के लिये देश और प्रदेश स्तर से भेजा जाने वाला जल हर जड़ तक पहुँचा है कि नहीं। क्योंकि जब तक सरकारी प्राथमिक शिक्षा में परिमाणात्मक प्रसार के असंतुलन और कमियों को जानकर दर नहीं किया जायेगा तब तक सभी क्षेत्रो का समन्वित और संतुलित विकास जो कि शिक्षा पर ही निर्भर है नहीं किया जा सकता। सर्वप्रथम इस दिशा में निश्चित तौर पर प्राथमिक स्तर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखते हुये प्रस्तुत अनुसंधान में राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र की प्राथमिक शिक्षा के स्वतंत्रता के उपरान्त परिमाणात्मक प्रसार का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। ताकि राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा के विकास का एक सही परिदृश्य जाना और समझा जा सके। इसके उपरान्त ही हम इसकी कमियों को दर करने के संदर्भ में सुझाव सुझा सकते हैं। प्रस्तुत अनुसंधान इसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

समस्या कथन: "राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के गाजियाबाद एवं नोयडा क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के परिमाणात्मक प्रसार का विश्लेषणात्मक अध्ययन"

प्रमुख शब्दों का परिभाषीकरण: प्रस्तुत समस्या के प्रमुख शब्दों का परिभाषीकरण निम्नवत् किया गया है-

1. परिमाणात्मक प्रसार- किसी भी क्षेत्र में दो प्रकार के विकास होते हैं प्रथम गुणात्मक विकास तथा द्वितीय परिमाणात्मक। परिमाणात्मक विकास की प्रकृति स्थूल होती है जबकि गुणात्मक विकास की प्रकृति मूलतः सूक्ष्म है। परिमाणात्मक प्रसार के अन्तर्गत छात्रों की संख्या में अभिवृद्धि, शिक्षकों की संख्या में वृद्धि, विद्यालयों की संख्या और शिक्षा पर होने वाले व्यय से है। छात्रों के नामांकन शिक्षकां की संख्या, विद्यालयों की संख्या और बजट अनुमानों को राज्य सरकार के द्वारा प्रकाशित दस्तावेजों से लिया गया है।

2. प्राथमिक शिक्षा - प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत वे सभी संस्थायें सम्मिलित हैं जिन्हें बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा जिनमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक तथा मुख्यतः 6-14 वर्ष तक के छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं।

3. राजधानी परिक्षेत्र- राजधानी परिक्षेत्र से तात्पर्य उस क्षेत्र से जिसके अन्तर्गत भारत की राजधानी दिल्ली एवं उसका परिक्षेत्र लगभग 1484 वर्ग किमी0 है जिसमें उ0प्र0 राज्य के गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, मुजफ्फनगर, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बागपत जिलें, हरियाणा राज्य के फरीदाबाद, गुरूग्राम, मेवात, रोहतक, रेवाडी, झज्जर, पलवल, महेन्द्रगढ़, भिवाडी, जिन्द और करनाल जिलें तथा राजस्थान राज्य के

भरतपुर एव अलवर।

शोध अध्ययन के उद्देश्य: प्रस्तुत शोध अध्ययन के उद्देश्य निम्न प्रकार है- गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में बालक और बालिकाओं के नामांकन में होने वाली अभिवृद्धि का पता लगाना।

गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में समयबद्ध रुप से अध्यापकां की संख्या में सन 1947 से 2017 तक होने वाली वृद्धि को ज्ञात करना।राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षक छात्र अनुपात को ज्ञात करना।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में सन् 1947 से 2017 तक विद्यालयों की संख्या में होने वाली वृद्धि को ज्ञात करना।

शोध अध्ययन का सीमांकन: -

प्रस्तुत शोध अध्ययन निम्नलिखित सीमाओं के अन्तर्गत किया गया है-प्रस्तुत अध्ययन में राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र की प्राथमिक शिक्षा के परिमाणात्मक एवं गुणात्मक विकास को अध्ययन का विषय बनाया गया है।स्वतंत्रता के उपरान्त वर्ष 1947 से ही प्राथमिक शिक्षा के परिमाणात्मक एवं गुणात्मक प्रसार को अध्ययन की सीमा माना गया है। कक्षा 1 से 5 तक अर्थात प्राथमिक शिक्षा को ही अध्ययन का विषय बनाया गया है।अध्ययन में विद्यार्थियों के नामांकन, विद्यालयों की संख्या, उनकी भवन स्थिति, शिक्षकों की संख्या, बजट आवंटन की स्थिति आदि तक ही अध्ययन सीमित है।अध्ययन में द्वितीयक स्रोतों से एकत्र आंकडों को ही विश्लेषित किया गया है।अध्ययन में राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न उप क्षेत्रों में से केवल गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों को चुना गया है।

प्राप्त परिणामों के आधार पर प्राप्त निष्कर्ष :-

गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा से संदर्भित विविध आयामों के संदर्भ में प्रगति की दीर्घकालीन प्रवृत्ति का आंकलन करने के लिये प्रवृत्ति का परिगणन किया गया है, जिसके आधार पर उस विशेष आयाम में दीर्घकाल में हुयी प्रगति की दिशा और गति का अनुमान लगाया जा सकता है। इस आधार पर प्राप्त निष्कर्ष निम्नवत् हैं- राजधानी परिक्षेत्र के गाजियाबाद एवं नोयडा

उपक्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में प्रगति की दीर्घकालीन प्रवृत्ति निरन्तर तीव्र वृद्धि की है।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों के शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में वृद्धि की दीर्घकालीन प्रवृत्ति दिखाई दे रही है पर यह ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में धीमी है।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में बालकों की नामांकन संख्या में दीर्घकालीन प्रवृत्ति का रुख तीव्र वृद्धि का रहा है।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में बालिकाओं की संख्या में नामांकन के प्रवृत्ति सम्बन्धी परिगणित आंकडे स्पष्ट कर रहे हैं कि प्रारम्भ में बालिकाओं के नामांकन की प्रवृत्ति ऋणात्मक थी इसमें तेजी से गिरावट आयी और इसमें तीव्र दीर्घकालीन वृद्धि की प्रवृत्ति रही।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में बालिकाओं के नामांकन की दीर्घकालीन प्रवृत्ति की वृद्धि में गति बालकों की तुलना में अधिक रही।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में पुरुष शिक्षकों की संख्या में वृद्धि की दीर्घकालीन प्रवृत्ति में निरन्तर बढोत्तरी पायी गयी।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में पुरुष शिक्षकों की तुलना में महिला शिक्षकों की संख्या में बहुत अधिक तीव्रता के साथ वृद्धि की दीर्घकालीन प्रवृत्ति दृष्टिगत हुयी।गाजियाबाद एवं नोयडा उपक्षेत्रों में शिक्षकों की समग्र संख्या में भी वृद्धि की दीर्घकालीन पायी गयी।गाजियाबाद एव नोयडा उपक्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा पर राजधानी परिक्षेत्र में व्यय की प्रवृत्ति की गणनायें ऋणात्मक अंक के साथ प्रारम्भ हुयी परन्तु शीघ्रता से बढते हुये इसमें वृद्धि की दीर्घकालीन प्रवृत्ति पायी गयी।

शोध अध्ययन की उपयोगिता:-भारत में शिक्षा व्यवस्था पर विभिन्न कालों और विभिन्न शासन व्यवस्थाओं में सतत् परिवर्तन होता रहता है। देश की आजादी के बाद संविधान की मूल भावना सभी को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने की रही।इसी सन्दर्भ में अनुच्छेद 45 के अन्तर्गत 14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का संकल्प प्रदान किया गया। जहां एक ओर सभी विकास खण्डों में शिक्षक विद्यार्थी अनुपात की स्थिति काफी खराब है, वहीं नगरीय क्षेत्र में सरकारी प्राथमिक शिक्षा का बुरा हाल है। एक-एक विद्यालय भवन में तीन-तीन संचालित विद्यालय उनमें भी प्रति विद्यालय 1000 से अधिक नामांकित बच्चे, ऐसे में शिक्षा की दशा और दुर्दशा का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर भी प्रति विद्यालय मात्र एक शिक्षक की उपलब्धता प्राथमिक शिक्षा के भयावह परिदृश्य को और गहरा देती है। प्राथमिक शिक्षा में और सुधार की सम्भावना इससे नहीं बन पाती। अनुसंधान के निष्कर्ष स्थापित करते हैं कि जब तक विद्यालयों में भौतिक और मानवीय संसाधनों की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित नहीं होगी तब तक न ही शिक्षा अधिकार अधिनियम के लागू किये जाने का चिर स्वप्न पूर्ण हो सकेगा न ही शिक्षा की गुणवत्ता को प्राप्त किया जा सकेगा। नीति नियन्ताओं को गम्भीरता से इस स्थिति पर विचार करना चाहिये और सरकारी प्राथमिक शिक्षा जिसे साधन विहीन बालकों की शिक्षा कहा जा सकता है, में सुधार के गम्भीर प्रयास करने चाहिये। जिस अनुपात में विद्यार्थियों का नामांकन बढा है उस अनुपात में शैक्षिक संसाधनों में वृद्धि नहीं हो सकी है। इसका दुष्प्रभाव स्पष्ट रुप से शिक्षा की गुणवत्ता पर देखा जा सकता है। कल्पना की जा सकती है कि जब विद्यालयों में शिक्षक ही नहीं होगे तो बच्चो की उपस्थिति और उनकी शैक्षिक उपलब्धि की गुणवत्ता की स्थिति समझी जा सकती है। इस प्रकार अनुसंधान के निष्कर्ष शासकों, प्रशासकों, नियोजकों और नीति नियन्ताओं को स्पष्ट करते हैं कि प्राथमिक शिक्षा के संदर्भ में अध्ययन क्षेत्र में अभी भी परिमाणात्मक सुधार की बहुत आवश्यकता है .

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची: -

1. अल्तेकर, अनन्त सदाशिव (2014), - प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति, वाराणसीः अनुराग प्रकाशन, पृ0 6।
2. अग्रवाल, जे0सी0 (2006), भारत में प्राथमिक शिक्षा, नई दिल्लीः विद्या विहार।
3. अनन्तु, जे0 (1978), उच्च शिक्षा में निजी प्रबन्धन का अध्ययन, बम्बईः बम्बई और मराठवाड़ा, पी-एच0 डी0 समाजशास्त्र, दिल्लीः टी0 आई0 एस0 एस0 ।
4. आत्माराम (2001), भारवर्ष में प्राइमरी शिक्षा, जीवन ज्योति प्रकाशन ।
5. अमरनाथ (2006), पंजाब के जालंधर जनपद में सरकारी व निजी प्रबन्धित उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के संगठनात्मक परिवेश का तुंलनात्मक अध्ययन, पंजाबः पीएच-डी0, पंजाब विश्वविद्यालय।,
6. नीपा (1979), "ऐ स्टडी आफ एडमिनिस्ट्रेशन आफ ऐलीमेन्ट्री एजूकेशन एन रिलेशन टू यूनिवर्सिलाइजेशन आफ ऐलेमेन्ट्री एजू. इन जम्मू एण्ड कश्मीर" इलाहाबाद।
7. तोमर, लज्जाराम (1991), भारतीय शिक्षा के मूल तत्व, नई दिल्लीः सुरुचि प्रकाशन, पृ0 19।5
8. त्यागी, गुरसरन दास (2014), भारत में शिक्षा का विकास, आगराः अग्रवाल पब्लिकेशन, पृ.0 22।
9. दैरैसामी मालथी (1998), तमिलनाडु में विद्यालय शिक्षा के विकास में निजी क्षेत्र, लैंगिक विभिन्नता और शैक्षिक उपलब्धियों की भूमिका का अध्ययन, इण्डियन एजुकेशनल रिब्यु, जनवरी।
10. उत्तर प्रदेश (2002), सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ।
11. उत्तर प्रदेश (2001), सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ।
12. उनियाल, एम0पी0, एण्ड शाह (2005), "रीजनल डिसपैरिटी इन एजूकेशन विद स्पेशल रिफरेंस टू हिल रीजन आफ वी0पी0 डिपार्टमेन्ट आफ एजूकेशन" नैनीतालः कुमा0 यूनी0।
13. इलवैथ नेशनल सेमिनार ऑन एलिमेंट्री एजुकेशन (1972), रिपोर्ट ऑन प्राइमरी एजुकेशन, नई दिल्लीः एन0सी0ई0आर0टी0।
14. एन0आई0ई0पी0ए0 (1979), आसाम में आरम्भिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के सम्बन्ध में आरम्भिक शिक्षा का अध्ययन, नई दिल्ली।
15. एन0आई0ई0पी0ए0 (1979), उड़ीसा में कार्यक्रम के सार्वभौमीकरण के सम्बन्ध में बुनियादी शिक्षा के प्रशासन का अध्ययन, नई दिल्ली।
16. एरिया विद स्पेशल रिफरेन्स टू नान अटेन्डेन्स आफ प्युपिल्स लर्निंग अण्डर प्राइमरी एजूकेशन, पी-एच0डी0 शिक्षा, पूना वि0वि0 2003।
17. सेन (1933), मलकम मेमोयर्स ऑफ सेण्ट्रल इण्डिया एण्ड मालवा, आक्सफोर्ड प्रेस लन्दन, पृ0 158।

हिंदी भाषा का महत्व

शालिनी सी.
सहायक प्राध्यापका - हिंदी विभाग
सरकारी महिला महाविद्यालय, तिरुवनन्तपुरम
केरल - पिन : 695014

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहने के कारण वह आपस में विचार -विनिमय करता है। मनुष्य समाज के बिना अपना व्यवहार नहीं कर सकता। इसलिए मनुष्यों को अपनी समस्याओं को पूर्ण करने केलिए समाज में रहना पड़ता है। समाज में अपना विचार एवं विनिमय करने केलिए एक शक्तिशाली माध्यम है भाषा। सबसे पहले भाषा की व्युत्पत्ति नहीं हुई थी तब लोग अपनी भावनायें एवं विचारों को किसी -न -किसी माध्यम के द्वारा व्यक्त करते थे। कभी वह संकेतों , रंगों , या झाड़ियों से ,और कभी अन्य अनेक प्रकार की ध्वनियों की सहायता से अपना विचारों या भावों को व्यक्त करते थे। संकेतों का मतलब है - आँख दबाकर , खाँसकर,या हाथ हिलाकर भावनायें या विचारों को प्रकट करते थे। लेकिन इन सारी संकेतों का प्रयोग अधिक नहीं किया था। इसलिए विचार-विनिमय और भावों की अभिव्यक्ति का समाज में जिस साधन या माध्यम का प्रयोग व्यापक एवं विस्तृत रूप में हो उसे " भाषा " कहते है। इसलिए " भाषा " मनुष्य के विचार -विनिमय और भावों की अभिव्यक्ति का शक्तिशाली माध्यम है। " भाषा शब्द संस्कृत की 'भाष ' धातु से व्युत्पन्न है , जिसका अर्थ है 'व्यक्त करना या बोलना। मनुष्य अपने विचारों को भाषा के द्वारा ही व्यक्त करते है। इस दृष्टि से कहते है कि भाषा विचार - विनिमय का एक सफल माध्यम है। कहते है की भाषा मनुष्य की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मनुष्य केलिए सबसे बड़ी देन है भाषा। भाषा के बिना ,मानव पशु के सामान हो जाते है। कहते है कि भाषा नामक यह ज्योति संसार यानि पूरे विश्व में दीप्त न हो तो ये तीनों भुवन अंधकार से भर जाते हैं।

आज हिंदी शब्द दो अर्थों में व्यवहृत होते हैं। वे इस प्रकार के है - संकुचित अर्थ और व्यापक अर्थ आदि। भाषा वैज्ञानिक इसका संकुचित अर्थ लेते है। उनके अनुसार पश्चिमी ही 'हिंदी' नाम की अधिकारिणी है। शौरसेनी प्राकृतों अपभ्रंशों से विकसित हिंदी है पश्चिमी हिंदी। खड़ीबोली , ब्रजभाषा , कनौजी ,बुंदेली ,बंगारू या हरियाणी आदि हिंदी भाषा के अंतर्गत आते हैं। कुछ लोग 'हिंदी 'शब्द संकुचित अर्थ में लेते है । उनके अनुसार खड़ीबोली मात्र ही हिंदी कहला सकती है। इसके अंतर वे खड़ीबोली के तीन साहित्यिक रूपों को स्थान देते हैं - 'हिंदी , उर्दू और हिंदुस्तानी आदि। आज सभी विश्व विद्यालयों में ' हिंदी ' भाषा को जो पाठ्यक्रम बनते हैं,उनमें हिंदी का बहुत ही व्यापक विस्तृत अर्थ लिया जाता है। कहते है कि शौरसेनी प्राकृत अपभ्रंशों से विकसित पश्चिमी हिंदी के साथ अर्ध-मागधी से विकसित 'कोसली ' भी हिंदी के अंतर्गत आते है। इसलिए ' कोसली ' के अंतर्गत अवधि ,बघेली ,और छत्तीसगढी को ही पूर्वी हिंदी कहा जाता है। क्योंकि हिंदी का साहित्य कबीर , तुलसी , सूर और जायसी को कैसे छोड़ सकते हैं ? ये हिंदी साहित्य के श्रेष्ठ कवि - गण भी है। ये सब अपनी रचनाओं से हिंदी साहित्य जगत को संपन्न बना दिया। बिहार और राजस्थान की अपनी बोलियाँ होने पर भी शिक्षा और शासन केलिए इन प्रदेशों में खड़ीबोली हिंदी ही अपनायी जाती है। यह भी नहीं राजस्थानी की मीरा बाई की कविता मिथिला या बिहार के " मैथिली कोकिल " कविवर विद्यापति की कविता हिंदी साहित्य के अंदर विशिष्ट स्थान पा गयी है। अर्थात हिंदी क्षेत्र का विस्तार एवं विशाल होगया है।

हिंदी के विविध नाम :- कहते है कि हिन्द अथवा हिंदी नाम का सम्बन्ध ईरान से फारस से जोड़ा जाता है। फारसवाले सिंधु नदी के इस पार के प्रदेशों को "हिन्द " कहते थे। संस्कृत का "स " फारसी में "ह " हो जाता था यह तो सत्य ही है। " हिन्द " के रहनेवाले को "हिंदी " कहलाते थे। आगे चलकर 'हिंदी ' भाषा को सूचित करने लगी। साथ -ही निवासियों को भी सूचित करनेवाले शब्द "हिन्दू " ही गया है। 'हिंदी ' शब्द का भाषा के अर्थ में प्रयोग भी सबसे पहले फारसी भाषा में ही हुआ था। इस प्रकार कहते है की छठी शताब्दी ईस्वीं पूर्व के पहले ही ईरान में भारत की भाषाओं को ' ज़बान -ए-हिंदी 'कहा जाता है। संस्कृत के पंचतंत्र और महाभारत के कुछ भागों को 'पहलवी ' भाषा ये तो ईरान की भाषा है। पहलवी भाषा में अनुवाद करते हुए यह संकेत दिया है की या ' ज़बान- ए -हिंदी 'से अनूदित है। इसलिए 'हिंदी 'नाम हिंदी की भाषा संस्कृत भाषा का सूचक है। ऐसा माना जाता है कि हिंदी भाषा केलिए हिंदी शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग अमीर खुसरो ने किया था। लेकिन यह सत्य नहीं , अमीर खुसरो जी ने' भारत के रहनेवाले ' अथवा भारतीय मुसलमान के अर्थ में ही हिंदी शब्द का प्रयोग किया था। खुसरो ने भाषा के अर्थ में ही ' हिन्दई ' अथवा ' हिन्दवी ' शब्द का प्रयोग किया है। उनके अनुसार मध्यदेश की शौरसेनी से सम्बन्ध कोई भी भाषा ही ' हिन्दवी ' है। भारत के मुसलमानों ने इस भाषा को स्वीकार लिया। भाषा के व्याकरणिक रूप को उसी रूप में स्वीकार करके उसमें संस्कृत के तत्सम -तत्भव शब्दों के स्थान पर फारसी और तुर्की शब्द भर लिए है। यह भाषा सबसे पहले ' हिंदी ' नाम से अभिहित किया है। भारत में मुसलमानी शासक के प्रभाव से भारतीयों ने भी इस भाषा को स्वीकार लिया। दक्खिनी मुस्लमान कवियों ने भी 'हिंदी ' नाम को इसी अर्थ में अपना लिये है। मुग़ल शासन काल ,में दिल्ली के निकट शाही फौजियों के पड़ाव था। उसमें रहनेवाले फौजियों ने आसपास रहनेवाले लोगों के बीच विचार-विनिमय केलिए एक भाषा का विकास किया था। जिसे ' उर्दू -ए-मोअल्ला ' कहलाते थे। यहाँ ' उर्दू 'शब्द ही भाषा का अर्थ होता है। इस भाषा में स्वाभाविक रूप से अरबी -फ़ारसी -तुर्की के शब् भरे हुए थे। इसी आधार पर अरबी -फ़ारसी -तुर्की शब्दों से भरी हुयी भाषा को उर्दू कहलाते थे। संस्कृत और देशी शब्दों से भरी हुई भाषा को हिंदी कहलाते है। लेकिन हिंदी और उर्दू का मूल रूप एक ही रहा। अरबी -फ़ारसी -तुर्की शब्दों की अधिकता के कारण उर्दू की संरचना , हिंदी की संरचना से थोड़ी बहुत भिन्न होने लगी। अर्थात उर्दू का व्याकरण हिंदी के व्याकरण थोड़ा भिन्न है। बंगाल के फोर्ट विलियम कॉलेज के हिंदी अध्यापक जॉन गिलक्रिस्ट ने " रूल्स ऑफ़ हिंदी ग्रामर " नामक एक पुस्तक लिखी। लेकिन उस पुस्तक के सारे नियम हिंदी का नहीं बल्कि उर्दू के थे। उनके अनुसार उर्दू, हिंदी , हिंदुस्तानी आदि एक ही भाषा के विविध नाम थे। परन्तु फोर्ट विल्लियम कॉलेज के अन्य अध्यापकों ने इस विचार में सहमत नहीं थे। सन १८१२ में फोर्ट विलियम कॉलेज के वार्षिक विवरण में यह लिखा है कि हिंदी में अरबी-फ़ारसी शब्दों का प्रयोग नहीं होता , और वह भाषा (हिंदी) मुसलमानी आक्रमणों से पूर्व भारतवर्ष के समस्त उत्तर -पश्चिम प्रान्त की भाषा थी। आगे चलकर अंग्रेजी शासको ने हिंदी और उर्दू के बीच स्पष्ट अंतर कर लिया है कि १८६१ में शिक्षा -संयोजकों के सम्मुख यह प्रश्न उपस्थित हुआ। तभी "हिंदी " शब्द को आजकल के अर्थ में विशिष्ट स्थान प्राप्त हुयी। आरम्भ में उर्दू और हिंदुस्तानी में कोई अंतर नहीं माना जाता था। फोर्ट विलियम कॉलेज में तो उर्दू और हिंदुस्तानी एक ही भाषा के दो नाम थे। ब्रिटिश सरकार भी इसमें सहमत रहे। पर गांधीजी ने उर्दू और 'हिंदुस्तानी ' एक नहीं मानता। हिन्द-मुस्लिम एकता का सन्देश देते हुए उन्होंने भारतवर्ष केलिए हिंदुस्तानी का समर्थन किया। उनके अनुसार हिंदी सस्कृत -निष्ठ होती है और उर्दू अरबी -फ़ारसी मिश्रित भी। संस्कृत और अरबी - फ़ारसी के सरल शब्दों को समान रूप से स्वीकृत करनेवाली एक भाषा ही भारतवर्ष केलिए उपयुक्त था , यही गांधीजी का मत था। हिन्दुओं और मुसलमानों की संस्कृति का समान रूप में प्रतिनिधित्व करनेवली भाषा के रूप में उन्होंने हिन्दुस्तानी को प्रस्तुत किया। जब तक गांधीजी जीवित रहे तब तक हिन्दस्तानी आंदोलन में जीवित रहा। हिंदी भाषा का अन्य नाम है रेख्ता। मुसलमानी दरबारों में शायरी केलिए हिंदी भाषा का विशिष्ट रूप अपनाया था। जिसमें अरबी - फारसी के शब्द कुछ अधिक स्थान पाने लगे। एक तरफ इसे मुसलमानी दरबारों की साहित्यिक भाषा कहते थे। स्त्रियों की काव्य भाषा को रेख्ती कहलाती है।हिंदी भाषा के विकास को तीन कालों में विभाजित किया जा सकता है। वे इस प्रकार के है - आदिकाल , भक्तिकाल और आधुनिक काल आदि।**आदिकाल :** - आदिकालीन हिंदी का स्वरूप अपभ्रंश के बहुत निकट रखा। अपभ्रंश में प्रयुक्त ध्वनियाँ अधिकतर प्रयुक्त होती रही। इस युग के हिंदी

साहित्य की तीन शैलियाँ है - डिंगल शैली, सधुक्कड़ी और खड़ीबोली। दिल्ली या राजस्थान के राजाश्रित कवि और चरण कवि डिंगल शैली में काव्य रचना करते थे। दिल्ली और राजस्थान निकट की साधारण जनों की भाषा को 'डिंगल' कहलती थी। इस शैली का प्रमुख रचना है " पृथ्वीराज रासो "। अन्य अनेक रासो ग्रन्थ भिओ इसी श्रेणी में आती हैं। इन रसोम ग्रंथों में राजस्थानी , व्रज , खड़ीबोली और अपभ्रंश का मिश्रण पाया जाता है। तत्कालीन धार्मिक परिस्थितियों की वजह से सिद्ध -नाथ-पंथी और संत कवियों ने सधुक्कड़ी शैली में मिश्रित भाषा में कवितायेँ रचीं। आदिकाल के अंतिम चरणों में भाषा खड़ीबोली हिंदी के रूप में प्रकट हुयी। अमीर खुसरो की भाषा में इसका नमूना प्राप्त होता है। इसी युग में मैथिलि भाषा में रचना करनेवलए विद्यापति हुए , जिनकी भाषा में हिंदी का काफी पुट मिलता है। इसलिए विद्यापति को हिंदी साहित्य के इतिहास में महत्व का स्थान प्राप्त हुआ है।

भक्तिकाल :- इस युग की शुरुवात में भक्ति धारा अधिक प्रबल रही। कृष्णा भक्ति आंदोलन का मुख्य केंद्र ही व्रज प्रदेश रहा और यहाँ के काव्य भाषा ही व्रज भाषा बन गयी। रहीम , रसखान आदि मुस्लमान कवि भी व्रज भाषा में कविता लिखने लगी। तुलसीदास ने कवितावली , गीतावली, विनय पत्रिका आदि की रचना व्रजभाषा में की थी। आगे चलकर बिहारी जैसे श्रृंगार काल के कवि भी व्रजभाषा में लिखते थे। प्रेमाख्यान कवियों ने दोहा- चौपाई शैली चलायी जो अवधि भाषा में की थी। तुलसीदास जी की प्रसिद्ध रचना रामचरितमानस " तथा जायसी कृत "पद्मावत " इसी शैली में बने थे। बंगाल में व्रजभाषा के प्रभाव के कारण बंगला भाषा में व्रज भाषा का मिश्रण होने लगा। इस बोली को वहाँ 'व्रजबली ' नाम से पुकारा गया। इस व्रजबली में भक्ति साहित्य की प्रचुरता भी मिली । दूसरी और मुग़ल दरबार तथा दक्षिणी मुसलमानी दरबारों में विकृत वासना से प्रेरित होकर राजाओं की तृप्ति केलिए श्रृंगारी कविताओं की रेचन कर रहे थे। इसकेलिए उर्दू की चटपटी और कृत्रिम शैली को प्रचलित कर दिया। फिर उर्दू में उच्च श्रेणी की काव्य शैली की काव्य शैली विकसित हुई (c)

आधुनिक काल :- हिंदी भाषा -भाषी क्षेत्र पर अंग्रेज़ों के शासन की स्थापना से आधुनिक युग का आरम्भ मानता थामुसलमानी शासन की समाप्ति के साथ उर्दू प्रशासन की भाषा नहीं रह गयी। फिर हिन्दू और मुसलमानों की भाषा खड़ीबोली बन गयी। अंग्रेज़ सरकार ने भी अपने कर्मचारियों को व्यावहारिक हिंदुस्तानी की शिक्षा दी। खड़ीबोली में पुस्तकें छपी, गद्य की परंपरा विकसित हुई । धीरे -धीरे खड़ीबोली ने काव्य -भाषा का स्थान भी प्राप्त कर लिया। बीसवीं शदाब्दी के आरम्भ से ही खड़ीबोली में उच्चतर साहित्य रचनायें बनने लगा। समाज के कार्यकलापों के प्रभाव से भाषा संस्कृत शब्दावली की और झुकने लगी। १९०० के उपरांत द्विवेदी युग तथा छायावादी युग के प्रभाव से भाषा में तत्सम शब्दों की संख्या बहुत अधिक बढ़ गयी। प्रसाद , निराला, पंत जी की कवितायेँ भी हिंदी साहित्य जगत को आगे बढ़ाया। प्रगतिवादी आंदोलन के साथ-साथ तत्भव शब्दों ने तत्सम शब्दों का स्थान लेना शुरू किया था। स्वतंत्रता के बाद स्थिति में पुनः परिवर्तन या बदलाव हुआ। आधुनिक काल में भारतीय जन-जीवन पर सामान्य रूप से अंग्रेज़ी रीति- रिवाज़ों का गहरा प्रभाव पड़ा। बहुत सारे अंग्रेजी शब्द हिंदी में अधिक से अधिक रूप में चलने लगे हैं। जैसे - कार ,रेल ,टिकट, चेक , पेन , पेपर आदि। हम संक्षेप में कह सकते हैं कि हिंदी भाषा का अपना महत्व है। साहित्य में बोलचाल की निकट की भाषा का प्रयोग, एक तरह से ज़माने की माँग है। हिंदी की कहानियों, उपन्यासों, नाटकों तथा कविताओं में भी आजकल बोलचाली हिंदी का प्रभाव देखने को मिलता है। आज भी देश -विदेश में हिंदी भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है। आज हिंदी राजभाषा , राष्ट्रभाषा , साहित्यिक भाषा , और मानक भाषा के रूप में ही प्रसिद्ध है।

****

सन्दर्भ ग्रन्थ -सूची :-

1. भाषा विज्ञान - डा -श्यामसुन्दर दास
2. भाषा विज्ञान -डा- भोलानाथ तिवारी
3. हिंदी भाषा और लिपि - डा -एच। परमेश्वरन

इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक का हिंदी सिनेमा : एक अध्ययन

डॉ.सुनील दशरथ चव्हाण

सहायक प्राध्यापक

हिंदी विभाग प्रमुख, एस. एन. आर्ट्स, डी. जे. मालपाणी कॉमर्स तथा बी.एन. सारडा साइंस कॉलेज, संगमनेर, जि. अहमदनगर, महाराष्ट्र 422605

MO.- 9881644682

भूमिका –

हिंदी सिनेमा (चलचित्र) का अपना एक इतिहास रहा है। सिनेमा का तंत्र तथा व्यापकता और विस्तृतता का पर्दा बहुत अधिक फैला हुआ हम पाते हैं। वैसे भारतीय सिनेमा की पुष्ट नींव रखनेवाले धुंडीराज गोविंद फालके जी ने राजा हरिश्चंद्र नामक सिनेमा द्वारा मूक चलचित्र द्वारा राजा हरिश्चंद्र की कथा प्रेक्षकों के सामने लाई थी। 3 मई 1913 (20 वी सदी का तीसरा दशक) यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में इस दृष्टि से महत्वपूर्ण बन जाता है। एक आदर्श राजा के जीवन पर आधारित इस सिनेमा के उपरांत चलने वाली यह श्रृंखला अनवरत् रूप से आजतक अनेक सुधार, बदलाव के साथ हमारे प्रत्यक्ष प्रस्तुत हो रही है। स्वयं फालके जी ने सिनेमा निर्माण की गतिविधियां जानने और सिनेमा का तंत्र ज्ञान प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड जाना उचित समझा था। इंग्लैंड से उन्होंने सिनेमा निर्माण से संबंधित विधिवत ज्ञान प्राप्त किया और सिनेमा निर्माण में सहायक साधन खरीदकर भारत ले आए और यह यात्रा आरंभ हुई। श्याम श्वेत अर्थात ब्लैक एंड व्हाइट और मूक चलचित्र के विषय भी प्रारंभ में पौराणिक और ऐतिहासिक हुआ करते थे। धार्मिकता का प्रभावी उपयोग प्रयोग सिनेमा के केंद्र में था। 'सत्यवान सावित्री', 'लंका दहन' , 'कृष्ण जन्म', 'कालिया मर्दन' , 'भस्मासुर मोहिनी' , 'संत तुकाराम' , ' संत नामदेव, 'संत एकनाथ', 'संत प्रहलाद' जैसे चलचित्र शिक्षकों का मनोरंजन करने में सिद्धहस्त रहे।

विषय वस्तु –

भारत में बोलने अथवा ध्वनि संवादों के साथ प्रस्तुत करने वाले सिनेमा का प्रारंभ 'आलमआरा' से हुआ। सवाक् भारतीय हिंदी सिनेमा वहां से तेजी से बदलते रंग - रूप के साथ आगे बढ़ा। 1931 से आरंभ हुई यह यात्रा आज तक गतिशील रूप में कार्यरत है । अनेक सिनेमा निर्माण की कंपनियां अपना योगदान सिनेमा के लिए देती रही। 'हिंदुस्तान फिल्म कंपनी' , ' कोहिनूर फिल्म कंपनी' , 'कृष्णा फिल्म कंपनी' आदि ने आरंभिक काल में अपना योगदान दिया। बाद में 'प्रभात फिल्म कंपनी', 'सागर फिल्म कंपनी' , 'राजकमल' , 'राजश्री', 'रणजीत मूवीटोन', आदि कंपनियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान सिनेमा निर्माण क्षेत्र के लिए दिया। व्ही. शांताराम, बाबुराव पेंढारकर, महबूब खान, जयंत देसाई, रामचंद्र ठाकुर, गजानन जाहागीरदार, विश्राम बेडेकर आदि निर्देशक और सिनेमाकारों ने सिनेमा के पटल को और भी विस्तारित किया।

बीसवीं सदी के चौथे दशक में 'बॉम्बे टॉकीज', 'प्रभात टॉकीज' की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस कालावधि के सिनेमा के आशय और विषय बदलते हुए हमें दिखाई देते हैं। "उस दौर की कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में तत्कालीन भारतीय समाज में व्याप्त हिंदू - मुस्लिम वैमनस्य, अछूतोद्धार, नारी स्वतंत्रता व शिक्षा बेमेल विवाह, कृषक व मजदूर दुर्दशा व संघर्ष, विधवा विवाह जैसी समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है।"

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी सिनेमा का अपना एक अलग ही स्वरूप अब हमारे सामने आता है। जहां भारत में नए भविष्य को लेकर लोग आशा से भरे थे। वहीं दूसरी ओर सामाजिक वैमनस्य, सांप्रदायिक, कटुता, मतभेद, विभाजन, भ्रष्ट राजनीति का भी विचित्र रूप प्रत्यक्ष था। स्वाभाविक रूप से तत्कालीन सिनेमा में उसका प्रतिबिंब उभरा था। पांचवें दशक के सिनेमा पर अधिकतर राज कपूर के आर. के फिल्म्स. बी.आर. चोपड़ा, महबूब खान, व्ही शांताराम, शक्ति सामत, बिमल रॉय, रमेश सहगल, नासिर हुसैन जैसे सिनेमाकारों का अधिक प्रभाव रहा। 'आवारा', 'बाजी', 'अफसाना', 'बहार', 'दीदार' , 'बैजू बावरा', 'आन' , 'अनारकली' ,' बूट पॉलिश', 'आह' , 'देवदास, 'श्री 420 ' , सी. आई. डी. , 'दो आंखें बारह हाथ', 'प्यासा', 'हावड़ा ब्रिज', 'गूंज उठी शहनाई', 'अनाड़ी', ' मधुमति, धूल का फूल, 'सुजाता', 'कागज के

फूल', ' चौदहवी का चांद', 'जिस देश में गंगा बहती है' जैसी संगीतमयी विविध विषयांगी सिनेमाओं ने भारतीय जनमानस पर जादू कर दिया। प्रेम के निर्मल रूप प्रकृति की सुंदरता और मानव जीवन के स्नेह - संबंधों पर भरपूर प्रकाश इनमें देखने को मिलता है। संगीत और गीतों की दृष्टि से सिनेमा का यह समय बहुत ही सुंदर माना जाता है। छठे दशक की हिंदी सिनेमा की उपलब्धियां अपनी निजी विशेषताएं रखती हैं। निर्देशक असिफ की 'मुगल - ए – आजम' तत्कालीन समय की भव्य फिल्म मानी जाती है। सिनेमा के सेट पोशाक, अभिनय, संवाद लड़ाई के दृश्य प्रकृति परिदृश्य गीतों का चित्रीकरण और गीत - संगीत से बना प्रभावशाली परिदृश्य दर्शकों पर अपनी अमिट छाप छोड़ गया। विषय की दृष्टि से यह सिनेमा एक प्रेम कहानी पर आधारित था किंतु सिनेमा में मुस्लिम सल्तनत के बादशाहों के ठाठ - बांट रिवाजों पर बल दिया गया था। इसी कालावधि में नितिन बोस की 'गंगा जमुना', अमरजीत की 'हम दोनों', नासिर हुसैन की संगीत प्रधान कलाकृति 'जब प्यार किसी से होता है' जैसी फिल्में प्रदर्शित हुई। हिंदी सिनेमा के इतिहास में अपना रौब जमाने वाली 'कश्मीर की कली', ' राजकुमार', 'संगम' , 'दोस्ती', 'हकीकत', 'चित्रलेखा', 'गाइड', 'कोहरा' फिल्मों का निर्माण हुआ। उक्त सिनेमाओं द्वारा प्रेम का आदर्श रूप प्रकट हुआ प्रेम त्रिकोण पर ध्यानाकर्षण किया गया। मित्रता का आदर्श रूप प्रस्तुत किया गया गीत - संगीत के अनुपम मेल से दर्शकों को अधिक प्रभावित किया।

सामाजिक और राजनीतिक स्थितियों का प्रभाव सिनेमा पर पड़ना स्वाभाविक है। सिनेमा भले ही मनोरंजन का सशक्त माध्यम दर्शकों के लिए होता है किंतु सिनेमा हमें हमारे वास्तविकता यथार्थता का परिचय कराते हुए मार्गदर्शन भी करता है। इसी के परिणाम स्वरूप 70 के दशक में हमें सिनेमा की दो धाराओं का परिचय हुआ। मुख्यतः मनोरंजन या व्यावसायिक सिनेमा तथा कलात्मक या समानातर सिनेमा। इसी दौर में 'आनंद', 'गुड्डी', 'अंदाज', 'दुश्मन',' 'पाकीजा',' सीता और गीता', 'रेश्मा और शेरा', 'बॉबी' , 'जंजीर' जैसे सिनेमाओं ने विविधता के साथ अपना स्वतंत्र अस्तित्व सामने लाया। 'बॉबी' द्वारा प्रेम के पारंपरिक स्वरूप को बदलकर नए रूप का स्वीकार किया गया। सधन निर्धन, जाति-वर्ग प्रथा रहित प्रेम के आदर्श स्वरूप को प्रत्यक्ष कराया गया। 'जंजीर' यह सिनेमा साहस से भरे कर्तव्यनिष्ठ पुलिस की संघर्षमयी मित्रता निभाने वाले व्यक्ति की विशेषताएं समाज के सामने लाती है। यह कालखंड सिनेमा के नए तंत्र के साथ उभरने का कालखंड दिखाई देता है। साहस दृश्यों से युक्त सिनेमा की एक श्रृंखला इस कालावधि की विशेषता है। सन 1975 में निर्देशक रमेश सिप्पी की 'शोले' प्रदर्शित हुई। इस डाकूपट ने इतिहास रच दिया। अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेता की सबसे सुंदर और साहसी युवा पात्र साकार करनेवाली कलाकृतियां दर्शकों में समा गयी। 'शोले', 'रोटी कपड़ा और मकान' , ' दीवार' , ' हेरा – फेरी', 'अमर अकबर अंथोनी', 'काला पत्थर', 'मुकद्दर का सिकंदर', 'मि . नटवरलाल' आदि सिनेमा द्वारा अमिताभ और अमिताभ के अभिनय द्वारा ये सिनेमा प्रभाशाली बने।

मुख्य अंश –

नौवें दशक का हिंदी सिनेमा मनोरंजन की दृष्टि से बड़ा ही सफल रहा। 'नसीब', 'सिलसिला', 'क्रांति' , 'सत्ते पे सत्ता', ' कालिया ' जैसे चलचित्र देशप्रेम और प्रेम के गहरे स्वरूप को दर्शाते गए तो 'लव स्टोरी', 'एक दूजे के लिए', 'उमराव जान' आदि द्वारा सामाजिक बंधनों को तोड़कर प्रेम के लिए बलिदान करते युवाओं का चित्रण भी इस काल की फिल्मों में हुआ। ' नमक हलाल' , ' हीरो', 'कुली', ' बेताब', 'अंकुश' , 'राम तेरी गंगा मैली' जैसे सुंदर सिनेमा इस कालखंड में प्रदर्शित हुए । 'राम तेरी गंगा मैली' यह फिल्म बिंबात्मक रूप में हमारे प्रत्यक्ष आती है। इसी दशक में ' मिस्टर इंडिया' , ' कर्मा' , 'तेजाब', 'कयामत से कयामत तक', 'मैंने प्यार किया', 'राम लखन' जैसे संगीत का जादू बिखेरने वाली प्रेम प्रधान फिल्मों का निर्माण हुआ। मात्र मनोरंजन यह उद्देश रेखकर इनका निर्माण किया गया हो यह संभव है । आगे 'घायल', 'अग्नीपथ', 'हम' जैसे सिनेमा का जादू सिनेमा के पर्दे पर छाया रहा। हिंदी सिनेमा अपने आशय और विषयों में परिवर्तन लाता रहा है। जनमानस के आकृति- प्रकृति को प्रस्तुत करता रहा है। समाज में जो परिवर्तन होते गए सिनेमा ने उसे अपने में उतारा है। सांप्रदायिक हिंसा, नक्सलवाद, आतंकवाद को भी 'राजा', 'बॉम्बे', 'माचिस', दिल से', 'गदर', 'फिजा', 'मिशन कश्मीर' आदि सिनेमा द्वारा हवा मिली । इक्कीसवीं सदी के हिंदी सिनेमा ने सबका ध्यानाकर्षण किया। सदी के प्रारंभ में कुछ ऐसे सिनेमा प्रदर्शित हुए जिन्होंने उथल-पुथल मचा दी। पुराने प्रेक्षागृह में परिवर्तन के साथ मल्टीप्लेक्स ने आगमन किया। नव विषय और जीवन के लघु अंशु ने सिनेमा का पर्दा छू लिया। आर्थिक उदारता के साथ व्यावसायिकता का स्तर इस कालखंड में उच्चतम होता गया। नए - नए सिनेमा निर्माताओं ने नव निर्देशकों की अलगता पहचानकर निर्माण कार्य आरंभ किया। 'वाटर', 'फायर', 'जिस्म, ' मर्डर' , 'चांदनी बार', 'द ट्रेन' जैसे सिनेमा के माध्यम से ऐसे विषयों को परदे पर रखा गया जो अनपेक्षित थे। बार डांसरों का जीवन, समलैंगिकता, प्रेम का बिभत्स रूप, खुला प्रणय, वेश्यावृत्ति, समाज में दिखाई पड़ने वाले अनैतिक संबंध स्पष्ट रूप में प्रत्यक्ष हुए।

इस प्रथम दशक के सिनेमा ने बहुआयामी परिवेश को अपने आप में संजोया। इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक में देश के नवयुवकों पर हावी बाजारवाद और उपभोक्ता संस्कृति को आधार बनाकर व्यवसायिक रूप में सिनेमा बनाने जैसे होड़ लग गई। सिनेमा का पर्दा विस्तारित हो गया। इस सदी के प्रारंभ में ही (2001) 'गदर एक प्रेम कथा', 'लगान, 'दिल चाहता है', 'लज्जा' , 'चांदनी बार' जैसे सिनेमा द्वारा विभाजन की समस्या, अंग्रेजी शासन काल के भारतीय समाज पर अत्याचार, जीवन जीने के लिए स्त्री का बाजार में देह प्रदर्शनऔर नृत्य कर भरण पोषण आदि विषयों को प्रश्रय मिला । वर्ष 2002 में प्रदर्शित '16 दिसंबर', ' दी लीजेंड ऑफ भगतसिंह' , 'देवदास', 'शक्ति द पावर', 'मित्र- माय फ्रेंड', 'हंगामा', 'हलचल' जैसे सिनेमा द्वारा देशभक्ति की भावना, स्वतंत्रता संग्राम के नायक का महिमा गान, प्रेम में पड़े उन्मत्त नायक का प्रदर्शन तथा आतंकवादियों द्वारा किए गए देश विरोधी गतिविधि का उत्तर देते नायकों की शौर्य गाथा का चित्रण हुआ । इस दशक के सिनेमा की एक विशेषता यह भी रही कि इसमें भव्यता और विराटता का आगमन हुआ। प्रवासी भारतीयों को भी केंद्र में रखकर सुंदर और चमचमाती दुनिया का चित्रण इसमें किया गया । 'कल हो ना हो', 'कभी अलविदा ना कहना' , ' कभी खुशी कभी गम' , 'क्रिश' , 'मैं हूं ना', 'स्वदेश' आदि इसी दौरान कुछ चलचित्रों का ढंग ही निराला पाया गया। उदा. 'निशब्द' , 'चीनी कम', 'इश्किया' तो 'मकबूल' , 'लक्ष्य', 'दीवार', 'वीर जारा' जैसी 2004 में आई। इन कलाकृतियों ने सौम्यता के साथ सुंदरता को प्रस्तुत किया। 'वास्तव', 'शूल',' वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई', 'राजनीति' , ' ओमकारा' आदि सिनेमा के विषय मुंबई के माफिया राज, गुंडागिरी, राजनीति का भ्रष्ट रूप तो नौकरी करते व्यक्ति की दमघोंटू अवस्था का चित्रण बड़ी सुदरता के साथ करते है। जो एक सामाजिक वास्तव है। 'युवा', 'ओमकारा', 'रंग दे बसंती' , ' कारपोरेट', 'डोर', 'काबुल एक्सप्रेस', 'पेज थ्री' , 'आरक्षण' , 'गंगाजल' आदि सिनेमा हमारे समाज में व्याप्त बुराइयों की ओर संकेत करते हैं, हमारी व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न खड़े करते हैं। 'मातृभूमि -नेशन विदाउट वुमेन' के निर्देशक संतोष झा की यह कलाकृति समाज में प्रत्यक्ष उभर कर आने वाली स्त्री भ्रूण हत्या के कारण उत्पन्न होने वाले संकट को उजागर करती है, उसके परिणामों को दिखाती है। विविध विषयों के साथ इस कालखंड में कुछ हास्य प्रधान और ज्ञानवर्धक सिनेमाओं का भी निर्माण हुआ 'हंगामा', 'भागम भाग', 'हलचल' , 'गोलमाल' , 'ये तेरा घर ये मेरा घर', 'हेरा फेरी', 'धमाल' आदि। 'अपरिचित - द स्ट्रेंजर' जैसा सिनेमा प्रेम कथा के साथ - साथ सामाजिक सुधार की ओर इंगित करता है। हमारी अपनी कर्तव्य भावना के प्रति हमें सजग कराता है। 'इस रात की सुबह नहीं', 'रंग दे बसती', 'थ्री इडियट' जैसे सिनेमा के माध्यम से कॉलेज कैंपस की राजनीति प्रशासन तंत्र का पर्दाफाश होता है।

निष्कर्ष –

निश्चित रूप से इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक का हिंदी सिनेमा विविधता लिए हुए हैं। नवीन तंत्र और साथ प्रस्तुत होता यह सिनेमा कथ्य, शिल्प और अपनी ही तकनीक में बदलाव के साथ आया है। हिंदी सिनेमा का इतिहास जितना समृद्ध रहा है उतना ही उसका भविष्य भी उज्जवल होगा। इसे विश्व भर के दर्शक बहुत पसंद करते आए हैं और करेंगे। समर्थ अभिनय, ध्वनि व्यवस्था, सुंदर रमणीय दृश्यों का फिल्मांकन, सुमधुर गीत - संगीत, कथा - पटकथा और संवाद हिंदी सिनेमा के सामर्थ्य स्थल हैं। निश्चित रूप से हिंदी सिनेमा का पटल विस्तारित है, उसका भविष्य उज्जवल है।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची -

1. हिंदी साहित्य और फिल्मांकन- डॉ. रामदास तोंडे - पृष्ठ 53
2. हिंदी साहित्य और फिल्मांकन- डॉ. रामदास तोंडे - पृष्ठ -58
3. हिंदी सिनेमा एक सफरनामा सी. भास्करराव
4. बॉलीवुड पाठ (विमर्श के संदर्भ) ललित जोशी

माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण : एक अध्ययन एनईपी 2020 के संदर्भ में

डॉ.उमा सैनी
सहायक प्रोफेसर
बुनियादी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
आई.ए.एस.ई. (मानित) विश्वविद्यालय
गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर

सारांश:-
इस शोध पत्र में माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण (एनईपी 2020 के सन्दर्भ में) का अध्ययन किया गया है। मातृभाषा ही बालकों के अधिगम का माध्यम बनती है एवं कक्षा कक्ष में विविध विषयों की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया इसी के माध्यम से संचालित होती है। शिक्षण कि यदि बात करें तो हिन्दी भाषी शिक्षक को केवल अपने विषय का ही ज्ञान पर्याप्त नही हो, अपितु शिक्षण कला के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पक्षों का मर्मज्ञ होना भी आवश्यक है। अपने विषय से संबंधित शिक्षण सिद्धांतो एवं विधियों के सम्यक् ज्ञान के आधार पर ही वह आपका शिक्षण कार्य सोद्देष्य, सजीव, रूचिकर, सुग्राह्य एवं प्रभावपूर्ण बना सकता है। अतः भाषा शिक्षण के ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता सदा बनी रहेगी जो छात्रों का उचित शिक्षण प्रदान करें और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में केवल सहायक ही न हो वरन् शिक्षक नवीन प्रयोग करते रहें एवं करवाते रहें। प्रस्तुत अध्ययन इसी दिशा में एक प्रयास है।

शब्दावली: माध्यमिक विद्यालय, हिन्दी भाषा, शिक्षण

प्रस्तावना:-

सर्वेशांतु सनामानि कर्माणि च पृथक पृथक।
वेद शब्देभ्यः एवादौ पृथक् संस्थांच निर्मने ।श् -मनुस्मृतिकार

समस्त प्राणि जगत में केवल मनुष्य को ही भाषा का अमुल्य वरदान प्राप्त है। प्रत्येक मनुष्य अपनी बाल्यावस्था में कम से कम एक भाषा (मातृभाषा) तो सीख ही लेता है जिसका वह जीवनभर प्रयोग करता है। मातृभाषा ही बालकों के अधिगम का माध्यम बनती है एवं कक्षा कक्ष में विविध विषयों की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया इसी के माध्यम से संचालित होती है। शिक्षण कि यदि बात करें तो हिन्दी भाषी शिक्षक को केवल अपने विषय का ही ज्ञान पर्याप्त नही हो, अपितु शिक्षण कला के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पक्षों का मर्मज्ञ होना भी आवश्यक है। अपने विषय से संबंधित शिक्षण सिद्धांतो एवं विधियों के सम्यक् ज्ञान के आधार पर ही वह आपका शिक्षण कार्य सोद्देश्य, सजीव, रूचिकर, सुग्राह्य एवं प्रभावपूर्ण बना सकता है। अतः भाषा शिक्षण के ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता सदा बनी रहेगी जो छात्रों का उचित शिक्षण प्रदान करें और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में केवल सहायक ही न हो वरन् शिक्षक नवीन प्रयोग करते रहें एवं करवाते रहें। प्रस्तुत अध्ययन इसी दिशा में एक प्रयास है। प्रायः देखा जाता है कि माध्यमिक स्तर पर भाषिक तत्वों के शिक्षण की उपेक्षा इसलिए कर दी जाती है कि हिन्दी तो मातृभाषा है और बालक को इसका यथेष्ट ज्ञान स्वतः ही हो जाता है। अतः शिक्षक भी केवल वैचारिक विषय सामग्री एवं साहित्यिक पक्ष की शिक्षा पर ही बल देते हैं और भाविक तत्वों की उपेक्षा कर देते है। इस उपेक्षा के कारण ही बालकों की भाषा-योग्यता किा स्तर नीचे गिरता जा रहा है। शिक्षकों का ध्यान इस और आकृष्ट करने के लिए ही भाषिक तत्वों के शिक्षण संबंधी प्रकरणों पर अध्ययन किया गया है। हमारे देष में राष्ट्र भाषा की समस्या अभी भी जटिल बनी हुई है और राजनैतिक परिस्थितियां उसे जटिलतर बनाती जा रही है। इस समस्या के प्रति हिन्दी शिक्षकों को विशेष रूप से जागरूक रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना है जिससे इसके समाधान में वे अपना योग प्रदान कर सकें। एनईपी 2020 में भी भारतीय भाषाओं पर बल दिया गया है। भाषा निःसंदेह कला एवं संस्कृति से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। साहित्य, नाटक, संगीत, फिल्म आदि के रूप में कला की पूरी तरह सराहना करना बिना भाषा के संभव नहीं है। दुर्भाग्य से भारतीय भाषाओं को समुचित ध्यान और देखभाल नहीं मिल पाई। जिसके तहत देष ने विगत 50 वर्षों में ही 200 भाषाओं को खो दिया। यूनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं को 'लुप्त प्राय' घोषित किया है। इसके अलावा वे भारतीय भाषाएं भी जो अधिकारिक रूप से लुप्त प्राय की सूची में नहीं है - जैसे आठवीं अनुसूची की 22 भाषाएं वे भी कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना कर रही है। भारतीय भाषाओं के शिक्षण एवं अधिगम को स्कूल और उच्चतर शिक्षा के प्रत्येक स्तर के साथ एकीकृत करने की आवष्यकता है। भाषाऐं प्रासांगिक और जीवंत बनी रहे इसके लिए इन भाषाओं में उच्चतर गुणवतापूर्ण अधिगम एवं प्रिन्टसामग्री का सतत प्रवाह बने रहना चाहिए - जिसमें पाठ्य पुस्तकें, अभ्यास पुस्तकें, वीडिओ, नाटक, कविताऐं, उपन्यास, पत्रिकाऐं आदि शामिल है।

अध्ययन का महत्व:- राष्ट्र के पुनर्निर्माण के कार्य में भाषा शिक्षण का विषेष महत्व व भाषा के माध्यम से छात्र ज्ञान-विज्ञान के अनेकानेक विषयों का अध्ययन करता है। प्रस्तुत अध्ययन का महत्व इस ओर भी है कि अन्य किसी भी भाषा को पढ़ाने की तुलना में हिन्दी भाषा का भारत में पढ़ाया जाना अति आवश्यक है। क्योंकि हिन्दी भाषा को भारत में मातृभाषा का दर्जा दिया गया है। यदि इसके सम्बन्ध में छात्र आसीन हो जाते हैं तो निश्चय ही ये मातृभाषा का अपमान करते हैं। अतः हिन्दी का शिक्षण किया जाना भारत में उसी प्रकार महत्वपूर्ण है जिस प्रकार ब्रिटेन में अंग्रेजी भाषा का। भारत के सभी इलाकों में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। अध्ययन का महत्व इस बात को भी बताता है कि हिन्दी शिक्षण में शिक्षण नवाचारों को कैसे अपना रहे हैं तकनीकी का उपयोग किस स्तर तक कर रहे हैं। क्योंकि प्रौद्योगिकी ने सभी स्थानों पर आधिपत्य कर लिया है। चाहे वह घर का कोई कक्ष हो या विद्यालय का कोई भी विषय, सभी में प्रौद्योगिकी के बिना कार्य सम्पन्न नहीं हो पाता। इसलिए हिन्दी शिक्षण में गुणवतापूर्ण अध्यापन हेतु इन नवाचारों, नवीन शिक्षण विधियों, नवीन उपकरणों को अपनाया जाना है ताकि छात्र अपनी मातृभाषा में रूचि ले और ज्यादा से ज्यादा इसका प्रचार प्रसार करें।अध्ययन का औचित्य:- किसी भी जनतक की सफलता उनके नागरिकों के चिन्तन पर निर्भर करती है। भाषा ही हमारे चिन्तन का आधार है। वर्तमान में हिन्दी शिक्षण बहुत प्रचलित हो गया है। अतः प्रायः सभी छोटी-बड़ी परीक्षाओं के अन्तर्गत हिन्दी परीक्षा भी ली जाती है । अध्ययन इसलिए औचित्यपूर्ण है कि हिन्दी शिक्षण के द्वारा व्यक्ति में नैतिकता, सामाजिकता एवं बन्धुता की भावना का विकास होता है। हिन्दी शिक्षण व्यक्तियों की परस्पर एक दूसरे के पास लाने में सक्षमता प्रदान करता है। अन्य किसी भी विषय का उनके व्यक्तित्व के विकास से इतना अधिक सम्बन्ध नहीं होता, जितना की हिन्दी शिक्षण को। वर्तमान में यह देखा जा रहा है कि हिन्दी शिक्षण का प्रभाव पहले की अपेक्षा और अधिक हो गया है। शिक्षा सम्बन्धी समस्त क्रियाकलापों की सम्पन्नता और विफलता शिक्षक पर निर्भर है। ब्रिटिशकालीन भारत में भारतीय भाषाओं के शिक्षकों को उचित सम्मान नहीं प्राप्त था। किन्तु अब स्थिति बदल गई है। स्वाधीनता के बाद सभी विषयों के शिक्षक समान सम्मान के अधिकारी हैं बल्कि कुछ विषेष स्थितियों के कारण भाषा के शिक्षक का स्थान महत्वपूर्ण हो जाता है।क्यों कि विद्यालय के अनेक साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आयोजनों का उत्तरदायित्व भी उसी पर रहता है। अध्यन का औचित्य इस बात को भी दर्शाता है कि हिन्दी भाषी शिक्षण हेतु शिक्षक में कुछ आवष्यक गुणों का होना अनिवार्य है। जैसे हिन्दी भाषा का ज्ञान हिन्दी साहित्य का ज्ञान साहित्यिक अभिरूचि, हिन्दी के प्रति गौरव एवं अपने दायित्व की भावना, भाषा-शिक्षण विधियों का ज्ञान आदि। हिन्दी षिक्षक का कर्त्तव्य है कि कक्षा शिक्षण की पूर्व तैयारी अच्छी प्रकार से करे, उत्साह, लग्न और रूचि से पढ़ाऐं और बालकों में हिन्दी के प्रति रूचि और अनुराग उत्पन्न करें। समस्या कथन:- माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण: एक अध्ययन एनईपी 2020 के विषेष सन्दर्भ में) **अध्ययन के उद्देश्य:-** माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण। अध्ययन का परिसीमन:- हिन्दी शिक्षण हेतु अध्ययन में माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण से संबंधित साहित्य, विविध तत्वों, विषयों आदि तक सीमित रखा गया है। **माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण:-** हिन्दी भाषा शिक्षण का परिचय:- हिन्दी भाषा एक सरल और सुबोध भाषा है। इस भाषा को भारत की राष्ट्रीय

भाषा के नाम से जाना जाता है। इस भाषा का उद्भव संस्कृत भाषा से माना जाता है। हिन्दी भाषा का प्रयोग करना कठिन कार्य नहीं है। अतः सभी वर्ग के लोगों के द्वारा इस भाषा का प्रयोग किया जाना स्वाभाविक सी बात है।भाषा शिक्षण का राष्ट्र निर्माण में बहुत प्रभावकारी कार्य माना जाता है। आज सभी विद्यालयों में हिन्दी भाषा को अनिवार्य भाषा के रूप में घोषित कर दिया गया है। यदि छात्र हिन्दी भाषा की ओर ध्यान नहीं देता है तो निश्चय ही वह किसी अन्य विषय में भी प्रगति नहीं कर सकता है। इसलिए अन्य विषयों पर विजय प्राप्त करने के लिए भी हिन्दी भाषा का अध्ययन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। शिक्षण एक गत्यात्मक एवं विकासशील प्रक्रिया है। ज्ञान का सागर अथाह है और ज्ञान विकीर्ण करने की कला अतिसूक्ष्म एवं जटिल है। अतः शिक्षक को अनवरत अध्येता ही नहीं, वरन् शोधकर्त्ता, अन्वेषणकर्त्ता एवं प्रयोक्ता बने रहना है। इस दृष्टि से 'आधुनिक शिक्षण प्रणालियों एवं भाषा शिक्षण, भाषाशिक्षण एवं शैक्षणिक उपकरण, हिन्दी पाठ्यचर्या एवं आलोचना, मातृभाषा की पाठ्य पुस्तक, परीक्षा, क्रियात्मक शोध एवं हिन्दी शिक्षण, शैक्षणिक निदान एवं उपचारी शिक्षण, इकाई योजना आदि भाषा शिक्षण के उत्प्रेरक एवं उपादेय है। अध्ययन में भाषा शिक्षण सम्बन्धी सभी पहलुओं एवं दृष्टियों से उपयोगी को शामिल किया गया है। इसमें माध्यमिक विद्यालयों के भाषा शिक्षकों, प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों तथा अन्य सभी भाषा-शिक्षा-अनुरागियों केवल सैद्धान्तिक ज्ञान वर्धन ही नहीं करें, अपितु वास्तविक एवं व्यावहारिक शिक्षण की समझ भी विकसित करें। भाषा शिक्षण में दो पक्ष स्पष्टतः सामने आते हैं - भाषा की शिक्षा एवं साहित्य की शिक्षा। माध्यमिक स्तर पर साहित्यिक पाठ ही भाषिक तत्वों के शिक्षण के भी माध्यम होते हैं। भाषा शिक्षण में माध्यमिक स्तर के प्रारम्भ से ही भाषा का साहित्यिक रूप उभरने लगता है और उत्तरोतर उसमें सूक्ष्मता, चित्रोपमता एवं सांकेतिकता बढ़ती जाती है। हिन्दी भाषा शिक्षण में भाषा की परिभाषा, प्रवृति, भाषा सीखाने की प्रक्रिया, भाषा केविविध पक्ष, भाषा अध्ययन सम्बन्धी दृष्टिकोण, मातृभाषा का महत्व, मातृभाषा शिक्षण के उद्देष्य, भाषा शिक्षण के सिद्धान्त आदि प्रकरणों से सम्बन्धित जानकारी दी जाती है। शिक्षा में विविध भाषाओं का स्थान एवं महत्व शिक्षा में विविध भाषाओं का स्थान एवं महत्व:- ''इदमन्धतमः कृत्स्नं जायेत भ्वनत्रयम्। यदि शब्दात्द्वयं ज्योतिरा संसारं न दीप्यते।'' -दण्डी-काव्यादर्ष -''यदि सृष्टि में शब्द की ज्योति प्रदीप्त न होती तो यह त्रिभुवन घोर अन्धकार में निमग्न हो जाता।'' उपर्युक्त कथन से ही भाषा अथवा भाषाओं का महत्व स्पष्ट है। आज के वैज्ञानिक एवंऔद्योगिक युग में मनुष्य के लिए केवल अपने भाषा-भाषियों के बीच रहकर जीवन व्यतीत करना असम्भव-सा है। उसे अनेक अन्य भाषा-भाषियों के बीच रहना ही पड़ता है और उनके सम्पर्क-स्थापन के लिए उन भाषाओं को सीखना पड़ता है। भारत जैसे बहुभाषी देश में अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाएँ सीखना और भी आवष्यक है। यही नहीं, अपितु, आज के अन्तर्राष्ट्रीय युग में विश्व के अन्य राष्ट्रों से सम्पर्क-स्थापन के लिए विदेशी भाषओं का अध्ययन भी आवश्यक है। इस कारण हमारी शिक्षा की एक बड़ी समस्या यह है कि किस स्तर पर किन-किन भाषाओं की शिक्षा प्रदान की जाए। व्यक्ति के जीवन में चार भाषओं के अध्ययन का विशेष महत्त्व है- प्राचीन-भाषा अथवा संस्कृत भाषा, मातृभाषा, राष्ट्रभाषा अथवा राज्य भाषा, विदेषी भाषा अथवा अन्तर्राष्ट्रीय भाषा। इसके अध्ययन के बिना प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति, धर्म, दर्शन, नीति, ज्ञान और विज्ञान का वास्तविक परिचय दुर्लभ है, अतः इसकी शिक्षा का हमारे पाठ्यक्रम में समावेष आवश्यक है। विद्यालयी शिक्षा में उपर्युक्त भाषाओं का स्थान निर्धारित है- मातृभाषा, राष्ट्रभाषा और वैकल्पक रूप में विदेशी भाषा। संस्कृत भाषा को हम मातृभाषा या राष्टभाषा के साथ संलग्न कर सकते है। इस सम्बन्ध में अनेक आयोगों एवं समितियों के सुझाव प्राप्त करने के बाद केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मण्डल में त्रिभाषी सूत्र का प्रतिपादन किया है- अर्थात् माध्यमिक स्तर पर प्रत्येक बालक को निम्नांकित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य रूप से करना होगा –(1) मातृभाषा या क्षेत्री भाषा (2) अंग्रेजी (3) हिन्दी (अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के लिए) अथवा एक आधुनिक भारतीय भाषा (हिन्दी भाषी क्षेत्रों के लिए)। हिन्दी भाषा शिक्षण के उद्देष्य:- भाषिक तत्वों का ज्ञान प्राप्त करना। विविध साहित्यिक विधाओं का ज्ञान प्राप्त करना। विषय-वस्तु का ज्ञान प्राप्त करना। रचना कार्य के विभिन्न रूपों का ज्ञान प्राप्त करना। हिन्दी साहित्य के इतिहास की रूपरेखा का ज्ञान प्राप्त करना। दूसरों द्वारा वर्णित या पठित सामग्री सुनकर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता प्राप्त करना। शुद्ध वाचन करने की योग्यता प्राप्त करना पठन सामग्री: स्पष्टीकरण। गद्य या पद्य पढ़कर (मौन पठन द्वारा) अर्थ ग्रहण करने की योग्यता प्राप्त करना। शुद्ध बोलकर एवं लिखकर अपने भावों एवं विचारों को व्यक्त करने की योग्यता प्राप्त करना। साहित्य का रसास्वदन करना। साहित्य की सामान्य समालोचना करने की योग्यता प्राप्त करना। रचना कार्य में मौलिकता लाने की योग्यता प्राप्त करना। भाषा और साहित्य में रूचि लेना। सदप्रवृत्तियों का विकास करना। पाठ्यक्रम में मातृभाषा का स्थान:-माध्यम की दृष्टि से मातृभाषा का महत्त्व: सभी शिक्षा विशेषज्ञों एवं विचारकों ने स्वीकार किया है। उसके द्वारा बालक शीघ्रता और सरलता से नया ज्ञान प्राप्त कर लेता है और सीखने की क्रिया सरल और स्वाभाविक लगती है। वह स्वतन्त्र रूप से चिार कर सकता है, विवेचन, विश्लेषण और संश्लेषण की दृष्टि से मातृभाषा ही उपयुक्त भाषा होती है। उत्तर भारत में मातृभाषा हिन्दी है। उसे उच्च-स्तरीय शिक्षा का भी माध्यम होना चाहिए। बालक के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से, शिक्षा के माध्यम की दृष्टि से और विघटनकारी प्रवृत्तियों को दूर कर भाषायी एकता स्थापन की दृष्टि से मातृभाषा का पाठ्यक्रम में अनिवार्य एवं सर्वोपरि स्थान है। हिन्दी भाषा का शिक्षक:- भाषा-शिक्षण को अधिक से अधिक प्रभावपूर्ण बनाने की दृष्टि से हिन्दी-शिक्षकों में निम्न गुण होने चाहिए - प्रभावपूर्ण व्यक्तित्व मानसिक योग्यता नैतिक बल शैक्षिक योग्यता एवं उपाधियाँ प्रशिक्षण, हिन्दी भाषा एवं साहित्य का ज्ञान ,साहित्यिक अभिरूचि , हिन्दी के प्रति गौरव ,भाषा-शिक्षण विधियों का ज्ञान ,विविध भाषायी कौशल:- माध्यमिक कक्षाओ माध्यमिक कक्षाओं में उच्चारण शिक्षण के अवसर - माध्यमिक कक्षाओं में उच्चारण शिक्षण के अवसर - में उच्चारण शिक्षण के अवसर - सस्वर वाचन, मौखिक रचना-शिक्षण ,माध्यमिक कक्षाओं में वर्तनी शिक्षण के अवसर - माध्यमिक कक्षाओं में वर्तनी शिक्षण के अवसर - ,भाषा सम्बन्धि पाठ में, अतरिक्त शिक्षण, में सत्रारंभ में एक या दो सप्ताह वर्तनी-शिक्षण का आयोजन। माध्यमिक कक्षाओं में वाक्य रचना शिक्षण के अवसर - माध्यमिक कक्षाओं में वाक्य रचना शिक्षण के अवसर - गद्य शिक्षण, मौखिक एवं लिखित रचना शिक्षण, व्याकरण शिक्षण एवं विविध साहित्यिक कार्यक्रम। माध्यमिक कक्षाओं में लिखित रचना शिक्षण के अवसर - माध्यमिक कक्षाओं में लिखित रचना शिक्षण के अवसर - पत्र एवं प्रपत्र, वर्णन, संवाद, जीवनी तथा आत्मकथा, व्याख्या, सार लेखन, पुस्तक समीक्षा, सृजनात्मक अभिव्यक्ति सम्बन्धी रचनायें- निबन्ध, कहानी, एकांकी, गद्यगीत, सरल कविता।

गद्य की विधाओं का शिक्षण:-

यात्रावृत्तांत, रिपोर्ताज, जीवनी, आत्मकथा, संस्मरण और रेखाचित्र विधाओं की शिक्षण-विधि बहुत कुछ निबंध शिक्षण विधि से मिलती-जुलती है, क्योंकि इन विधाओं में भी गद्यात्मक वर्णन- शैली का ही प्रयोग होता है। अतः इनके शिक्षण में भी निबंध शिक्षण में प्रयुक्त सोपानों का ही अनुसरण करना पड़ता है।

कविता शिक्षण के अन्तर्गत- कविता कंठस्थ करना, कविता सुपाठ, अंताक्षरी, समस्या पूर्ती, कविता लिखने का अभ्यास, कवि सम्मेलन, कवि दरबार, कवि जयन्ती आदि आयोजन करवाये जाये।

भाषा शिक्षण एवं शैक्षणिक उपकरण:-

शिक्षण क्रिया को सरल, सजीव, सुग्राह्य एवं प्रभावपूर्ण बनाने के लिए यह आवश्यक है कि नवीन ज्ञान, भाव एवं विचार इस प्रकार प्रस्तुत किए जायें कि उनका स्परूप प्रत्यक्ष, स्पष्ट एवं मूर्त्त हो उठे। इस कारण शैक्षणिक उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। शैक्षणिक उपकरणों के अनेक रूप हो सकते है। दृष्य उदाहरण - वास्तविक पदार्थ, नमूने, सैण्ड टेबुल, मदृष्य उदाहरण - बाडल, चित्र, रेखाचित्र, डायग्राम, ग्लोब, पोस्टर, चार्ट, टाइम लाईन, मैजिक लैण्टर्स, चित्र विस्तारक यंत्र श्रव्य उदाहरण - रेडियो, ग्रामोफोन, टेपरेकार्डर श्रव्य उदाहरण - दृष्य-श्रव्य उदाहरण - चलचित्र, टेलीविजन, कम्प्यूटर, स्मार्टब दृष्य-श्रव्य उदाहरण - बोर्ड **आधुनिक शिक्षण विधियाँ आधुनिक शिक्षण विधियाँ:-**

- किंडर गार्टन प्रणाली डाल्टन योजना
- निर्दिष्ट कार्य विधि
- निरीक्षित स्वाध्याय विधि

- खेल प्रणाली
- माण्टेसरी प्रणाली
- प्रोजेक्ट प्रणाली

निष्कर्ष :- इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन से स्पष्ट होता है कि भाषा शिक्षण का राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इसी के आधार पर सम्पूर्ण शिक्षा जगत को एक नवीन रूप प्रदान किया जा सकता है। 'माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण अध्ययन के द्वारा छात्रों में नैतिकता, सामाजिकता, बन्धुता आदि की भावना उत्पन्न होती है। आज सभी विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण की प्राथमिकता प्रदान की जा रही है ताकि अधिक से अधिक छात्रों को भाषा का अधिगम कराया जा सके और उनके सभी प्रकार के नैतिक व्यवहारों के प्रति सजगवान किया जा सके। भाषा शिक्षण के माध्यम से राष्ट्रोन्नति में सहायता प्राप्त होगी। भारत का सम्पूर्ण साहित्य हिन्दी भाषा में प्राप्त हो जाता है। अतः हिन्दी शिक्षण का भारतीय संस्कृति से लोगो को परिचित कराने में विशेष भूमिका है। भावी शोधार्थी के लिए सुझाव:- हिन्दी भाषा शिक्षण आवष्यकता एंव महत्व: एक अध्ययन शिक्षण कला का विष्लेषणात्मक अध्ययन उच्च कक्षाओं में हिन्दी भाषा शिक्षण: एक अध्ययन प्रशिक्षणार्थियों का विकास एवं शिक्षण: एक अध्ययन

****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. भटनागर, प्रो.सुरेश (2009) ''भारत में शिक्षा का विकास''
2. अग्रवाल पब्लिकेषन। सिंह, निरंजन कुमार (2008) ''माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी
3. शिक्षण'' राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर। पृष्ठ सं. 326
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
5. सांखला, डॉ. अर्जुन सिंह ''हिन्दी भाषा शिक्षण एवं प्रवीणता''अरिहंत शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
6. पाल, आर.एस. गौड़, राधेश्याम शर्मा, ''हिन्दी शिक्षण'' उच्च माध्यमिक शिक्षा प्रकाशन, जयपुर।

विद्यालयों में शिक्षकों के दृष्टिकोण और अनुभूति पर परिवर्तनकारी नेतृत्व का प्रभाव: एक साहित्य समीक्षा

दीपक

सहायक प्रोफेसर
स्वामी श्रद्धानन्द महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

परिचय-विद्यालय शिक्षा स्थिति, शिक्षकों का दृष्टिकोण, व्यवहार,नौकरी के प्रति संतुष्टि, इसके साथ साथ छात्र प्रदर्शन और प्रगति पर अनुसंधान सकारात्मक प्रभाव डालता है, इसीलिए परिवर्तनकारी नेतृत्व सफलतापूर्वक शैक्षिक संगठनों पर लागू किया जाता है।(लेथेवुड ईटीएएल., 2012;लेथेवुडेंटल .,2000; मेंगेटल., 2007)

परिवर्तनकारी नेतृत्व (लीडरशिप)-परिवर्तनकारी नेतृत्व शब्द का अविष्कार सन् 1976 में ब्रोंज ने किया था।उन्होंने परिवर्तनकारी नेतृत्व को एक ऐसी तकनीक के रूप में वर्णित किया है जिसके द्वारा नेता अपने अनुसरणकर्ताओं को प्रेरणा और व्यवहार के उच्च स्तर को प्राप्त करने में सहायता करता है।इस अवधारणा को सन् 1985 में बस द्वारा संशोधित किया गया था (बांस, 1985:25)।बांस के अनुसार, परिवर्तनकारी नेतृत्व, एक व्यवस्थित प्रभावशाली प्रक्रिया है जो संपूर्ण संगठन की वर्तमान स्थिति और कार्यों में सकारात्मक परिवर्तन और प्रगतिशील बनाती है।

परिवर्तनकारी नेतृत्व के आयाम-इस सिद्धांत के अनुसार परिवर्तनकारी नेतृत्व, के प्रमुख चार घटक है: आदर्श प्रभाव,प्रोत्साहनकारीप्रेरणा, बौद्धिक उत्तेजना, और व्यक्तिगत विचार (बास,1990)।

आदर्श प्रभाव:- आदर्श प्रभावआयाम के अंतर्गत प्रत्येक मनुष्य को प्रेरणादायक मूल्य प्रदान किया जाता हैं।परिवर्तनकारी नेता अपने अनुसरणकर्ताओं कोसम्मान, उत्साह और ईमानदारी के प्रति विश्वसनीयप्रबलता के माध्यम सेप्रेरित करते हैं। (गुमूस्लोगल औरएल्लिस्,2008: पृ. 8)

प्रोत्साहनकारीप्रेरणा : बास(1997) के अनुसार, प्रेरणादायक नेता एक वांछनीय भविष्य की कल्पना करते हैं वह आत्मविश्वास से बोलते हैं और अपने अनुसरण कर्ताओं को लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं (पृ. 52) वे प्रोत्साहनकारी प्रेरणा के आधार पर अपने कर्मचारियों के लिए भविष्य के प्रेरक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, और इस बात का प्रदर्शन करते हैं कि वह अपने लक्ष्य तक कैसे पहुंच सकते हैं। (बास, 1990)।

बौद्धिक उत्तेजना :- प्रस्तुत आयाम में ऐसे कार्य शामिल हैं जो अनुसरणकर्ताओं को नए तरीकों से पुराने मुद्दों के प्रति सोचने के लिए अपने कौशल और प्रतिभा को बढ़ाने और बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। वास्तव में, नेता अपने नेतृत्व का उपयोग करके अनुसरण कर्ताओं की अवधारणा, समझनेकीक्षमता,प्रतिनिधित्व करने और नए एवं बेहतर समाधानओं का उत्पादन करने की क्षमता को मजबूत करना विशिष्ट उद्देश्य होता है। (बांस औरस्टेडलमीयर,1999)।

व्यक्तिगत विचार:बोहंके (2003) केअनुसार, इस आयाम के अंतर्गत, नेता अनुसरणकर्ताओं को स्वीकारते हैं, उन्हें रचनात्मक आलोचनाओं से अवगत करते हैं, उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करते हैं (पृ. 15), औरउन्हें अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और विकसित करने में प्रोत्साहित करने की कोशिश करते हैं (बासऔरएवोलियो, 2000: 104)।

शिक्षा में परिवर्तनकारी नेतृत्व -(लेथवोडेटल.,2012; लेथवोडेटल.,2000; में मेंगेटल., 2007) ने परिवर्तनकारी विद्यालयों के नेताओं (प्रिंसिपल/ प्रबंधक/ विभागों के प्रमुख/ मालिक)के नियमों और व्यवहारों को ज्ञात किया गया, परिवर्तनकारी नेतृत्व के सैद्धांतिक मॉडल के लिए विद्यालय प्रबंधन को अपनाया गया जो गैर विद्यालय व्यवस्था में स्थापित और लागू किए गए थे। (गैजेसल,स्लिगर्स,लेथेवुड एवंजेंतज़ी, 2002;जेंतज़ीएवंलेथेवुड , 1995; लेथेवुडईटीएएल., 1999; थ्योफिलीडीज़, 2012).प्रासंगिक शोध से परिवर्तनकारी नेतृत्व की तीन मुख्य श्रेणियां उभर कर सामने आती है।(क) दिशा-अभिविन्यासस्थापना,(ख) मानव संसाधन विकास, और(ग) संगठनात्मक (गैजेसलईटी एएल., 2002; जेंतज़ीएवंलेथेवुड, 1996;

लेथेवुडएवं बैट्टी, 2008; लेथेवुडईटीएएल., 1999).**दिशा-अभिविन्यास स्थापना**निर्धारित करना विद्यालय के मूल्यों की एक साझा दृष्टि विकसित करना, शिक्षकों और नेता/ प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित सामान्य लक्षण को अपनाने से संबंधित है।

मानव संसाधन विकास विद्यालयों के नेता को संदर्भित करता है जो शिक्षकों को व्यक्तिगत समर्थन प्रदान करता है, साथ ही साथ बौद्धिक उत्तेजना भी प्रदान करता है, ताकि वह कुछ नया सीखने और शिक्षण तरीकों को प्रतिबिंबित करने और बेहतर करने की कोशिश के लिए नेता रोल मॉडल रूप में सेवा प्रदान करता है जिससेसमाज में वह उचित मूल्य प्रदान करता है।

संगठनात्मक पुनर्गठन से तात्पर्य सीमान्य मानकों,मान्यताओं, विश्वासों और मूल्यों को स्थापित करते हुए संस्कृति को बढ़ावा देना है ताकि संचालक छात्रों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने और विद्यालय के सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित हो,साथ ही साथ शिक्षकों या उनके समूह द्वारा स्वायत्त निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करने हेतु शिक्षण से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रदान किया जा सके।

शिक्षक के दृष्टिकोण पर परिवर्तनशीलता का प्रभाव-शोध ने परिवर्तनकारी नेतृत्व और शिक्षक के दृष्टिकोण (प्रेरणा, संतुष्टि, नागरिकता व्यवहार) और शिक्षक अनुभूति (पीईऔरन्यायकी धारणा)के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध की ओर इंगित किया है।इस दृष्टिकोण से तात्पर्य है 'वैयक्तिकवस्तु'जो हमेशा दिशात्मकता को दर्शाता है ।यहां वस्तु एक व्यक्ति या एक जगह हो सकती है, जैसे कि किसी का घर और परिवार के सदस्य,स्कूल, शिक्षणपेशा, और इसी तरह कुछ भी।न्यूकॉम्ब ईटीएएल. (1969) नेव्याख्या कीहै कि "दृष्टिकोण दिशा, एक वस्तु की ओर महसूस की जाने वाली अवशिष्ट प्रभाव है, जो सकारात्मक या नकारात्मक दोनों हो सकते हैं।"सकारात्मक दृष्टिकोण मनुष्य को वस्तु से संपर्क के लिए प्रोत्साहित करते हैं जबकि नकारात्मक दृष्टिकोण उन्हें इससे बचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

एस.साबु (2005) शिक्षक दृष्टिकोण पर अपने अध्ययन में शिक्षकों के दृष्टिकोण से संबंधित आयामों या वस्तुओं के बारे में जांच की है: 1. शिक्षण पेशा, 2. कक्षा शिक्षण, 3. बाल-केंटर्ड प्रथाएं, 4. शैक्षिक प्रक्रिया, 5. विद्यार्थी, और 6. शिक्षक। शिक्षण के संबंध में शिक्षक के दृष्टिकोण में विभिन्न कारकों को शामिल किया गया है जैसे कि पेशे के लिए सम्मान, काम को पसंद करना, कैरियरचुनना, और इसी तरह अन्य। कक्षा शिक्षण के आयाम में कक्षा अनुशासन, कक्षा माहौल, सामाजिक वातावरण, और इसी की तरह जैसे पहलू शामिल है। बाल केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति शिक्षक का दृष्टिकोण छात्र स्वतंत्रता, व्यवहार, स्वास्थ्य और संसाधन उपलब्धता आदि के संदर्भ में देखा जा सकता है।शिक्षक दृष्टिकोण एक वस्तु के रूप में, शैक्षिक प्रक्रिया के आयाम में पुरस्कार और दंड प्रणाली, शिक्षण विधियां, स्कूल के वातावरण, छात्र-शिक्षक संबंध, और इसी तरह की कई विशेषताएं शामिल हो सकती है। विद्यार्थियों के प्रति शिक्षक के दृष्टिकोण को अन्य विशेषताओं के बीच छात्र इमानदारी, छात्र गतिविधियां, और छात्र-शिक्षक संबंध के संदर्भ में भी वर्णित किया जा सकता है ।अंत में, शिक्षकों के संदर्भ में शिक्षक के दृष्टिकोण में विभिन्न प्रकार के कारक सम्मिलित हैं जैसे कि शिक्षण विशेषताएं, शिक्षक नेतृत्व आदि।

मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण-परिवर्तनकारी नेतृत्व के संबंध में शिक्षक अनुभूतियों का भी अध्ययन किया गया है।परिवर्तनकारी नेतृत्व के साथ मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण और न्याय की धारणा जैसी अनुभूतियों का महत्वपूर्ण संबंध माना जाता है।मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण को आंतरिक कार्य प्रेरणा के रूप में परिभाषित किया गया है जो 4 अनुभूतियों के संग्रह में प्रदर्शित होता है जो व्यक्ति अपने कार्य की भूमिका के लिए अभिविन्यास को इंगित करता है : "अर्थ, क्षमता, आत्मा निधारिण, और प्रभाव" (स्प्रिट्जर. 1995, पृ. 1443)। जब किसी व्यक्ति को यह ज्ञात होता है कि उसका कार्य मूल्यवान है और उसे अधिक जिम्मेदार ई दी जाती है, तब वह अर्थ का अनुभव करता ह। आत्म-प्रभावकारिता या व्यक्तिगत प्रभुत्व मनुष्य की भावनाएं जो किसी कार्य को प्रभावी ढंग से पूर्ण कर सकते हैं, उन्हें क्षमता के रूप में संदर्भित किया जाता है।आत्म-निर्धारण किसी भी व्यक्ति के अपने चयन के तरीके से गतिविधियों को करने की क्षमता को संदर्भित करता है (फुलफोर्डऔरएन्ज़, 1995) ।आत्म-निर्णय कार्य विधियों, समय, गति और प्रयास के संदर्भ में निर्णय लेने में) स्वतंत्रता की भावना को संदर्भित करता है (स्प्रिट्जर, 1995) ।अंत में, प्रभाव व्यक्ति के विश्वास को संदर्भित करता है उसके व्यवसाय के लक्ष्य को प्राप्त करने में कितना कारगर है, साथ ही साथ यह भी देखता है कि संगठनात्मक परिणामों को प्रभावित किस प्रकार कर सकता है।(स्प्रिट्जर, 1995 **शिक्षक प्रेरणा-** नौकरी की संतुष्टि,पुत्र ईटीएएल. (2001); प्रदित्य,आर.ए. (2020), के अनुसार जब कर्मचारी पारिश्रमिक मूल्य और फर्म या संगठन के बीच कोई मतभेद नहीं होता है, पारिश्रमिक मूल्यप्राप्तकरने के साथ-साथ कर्मचारी की इच्छा और अपेक्षा के अनुसार पारिश्रमिकहो तब वहकर्मचारी भावनात्मक स्थिति मेंहोताहै।पुत्रईटीएएल. (2021); प्रदित्य,आर.ए. (2020) के अनुसार नौकरी की संतुष्टि अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत होती है,व्यक्तिगत रूप से यह संतुष्टि मूल्य प्रणाली के आधार पर अलग-अलग स्तर पर हो सकती है।नौकरी की संतुष्टि एक भावनात्मक स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने कार्य को सुखद या अप्रिम रूप से देखता है। नेतृत्व को नेता के व्यवहार के अवतार के रूप में परिभाषित किया गया है जो नेतृत्व करने की क्षमता से संबंधित है।प्रभावी नेतृत्व, अधीनस्थों और सदस्यों के बीच संगठनात्मक प्रेरणा, उत्पादकता, ईमानदारी और संतुष्टि को बढ़ावा देने में पूर्ण सक्षम होता है।कोटामेनाईटीएएल, (2020); नोवितासारी ईटीएएल. (2021)के अनुसार मनुष्य मौलिक रूप से नेता है और प्रत्येक व्यक्ति अपने भविष्य के नेतृत्व के लिए स्वयं जिम्मेदार ठहराया जाएगा।मानव नेता कम से कम खुद का नेतृत्व करने में सक्षम है। प्रत्येक संगठन को एक ऐसे नेता की आवश्यकता होती है जो उसके कर्मचारियों द्वारा उसकेकथ्य का पालन और सम्मान दोनों कर सकेहै।

साहित्य समीक्षा

ज़ोहरी एवं अट्टीहा (2021) ने अपने अध्ययन में गैर व्यवसायिक शैक्षिक संस्थानों की अव्यवस्थित टीम पर नेताओं का करिश्माई प्रभाव देखा है। उनके अध्ययन के माध्यम करिश्माई लीडरशिप और संकट में नेतृत्व करने की क्षमता के बीच में सकारात्मक संबंध का पता चलता है, जिसका अर्थ है कि करिश्माई नेता तनावपूर्ण स्थिति में भी उभर कर सामने आते हैं। **टसांग ईटीएएल. (2022)** ने अपनी शोध में चीनी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के बीच शिक्षक बर्नआउट,परिवर्तनकारी नेतृत्व और मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण के बीच संबंध देखे गए हैं। उनके अध्ययन से ज्ञात होता है कि परिवर्तनकारी नेतृत्व और मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण दोनों ने शिक्षक बर्नआउट की भविष्यवाणी की थी, जिसका अर्थ, आत्म निर्णय और मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण के क्षमता तत्वों ने परिवर्तनकारी नेतृत्व-शिक्षक बर्नआउट लिंक की कुछ हद तक मध्यस्थता की थी।परिणामस्वरूप,परिवर्तनकारी नेतृत्व ने शिक्षकों की नौकरी के अर्थ, स्वायत्तता और क्षमता की भावना को बढ़ाकर शिक्षक बर्नआउट को कम कर दिया है। **बालाजी और कृष्णन (2014)** इन्होंने अपने अध्ययन में परिवर्तनकारी नेतृत्व, आत्म-अवधारणा और सशक्तिकरण पर साहित्य की समीक्षा करने का प्रयास किया है। उनकी शोध के निष्कर्ष दर्शाते हैं कि परिवर्तनकारी नेतृत्व का अनुसरणकर्ताओं की व्यक्तिगत और सामाजिक पहचान पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। परिवर्तनकारी नेतृत्व और अनुसरणकर्ताओं की व्यक्तिगत और सामाजिक पहचान मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण के सभी चार घटकों से अनुकूल रूप से जुड़ी हुई है।

मोहसिन अल्लाहमे ईटी एएल. (2012) इन्होंने अपने अन्वेषण में पाया कि महत्व और योग्यता आयामों में, प्रोत्साहन प्रेरणा में, स्वतंत्र आयामों में, और व्यक्तिगत चिंतन में, प्रभावशाली आयामों में आदर्श प्रभाव शिक्षकों के मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण के लिए सबसे सटीक अनुमान लगाने वाला घटक है। **बी. अवेय ईटीएएल. (2007),** शोधकर्ताओं ने अभिधारण करने का प्रयास किया है और वैचारिक मॉडल का प्रशिक्षण कर नेतृत्व और अच्छे संगठनों के आचरण को जोड़ा गया जिससे सशक्तिकरण मुख्य घटक के रूप में संबंधित कर कर्मचारियों की नकारात्मकता में कमी लाई जा सके। उन्होंने अपनी शोध में पाया है कि संगठन के बीच स्वतंत्र चर और कुछ इरादों को छोड़कर सशक्तिकरण पूर्ण रूप से मध्यस्थता दर्शाती है। **सयामसुद्दीन (2016)** इन्होंने अपनी शोध में पाया है कि परिवर्तनकारी नेतृत्व और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का एक संयोजन संगठन नागरिकता व्यवहार (OCB) को प्रभावित कर सकता है। **तंज़ुंगा ईटी एएल. (2020)** इन्होंने अपने अध्ययन में पाया है कि परिवर्तनकारी नेतृत्व

का शिक्षक के प्रदर्शन पर, नौकरी की संतुष्टि पर और संगठनात्मक नागरिकता व्यवहार (OCB) का सकारात्मक और महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है ।शिक्षक प्रदर्शन (OCB) को बढ़ाने के लिए नेतृत्व, संतुष्टि, और संगठनात्मक नागरिकता व्यवहार सभी को एक साथ कार्य करना चाहिए। **शोफियुद्दीन ईटी एएल (2021),** शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि परिवर्तनकारी नेतृत्व, नौकरी की संतुष्टि और संगठनात्मक प्रतिबद्धता सभी बैंटेन प्रांत के हाई स्कूलों में संगठनात्मक नागरिकता के व्यवहार को प्रभावित करते हैं। **एंड्रियानी, केसुमावती, और क्रिस्टयावना (2018)** इन्होंने यह जाँचने के लिए शोध कार्य किया कि परिवर्तनकारी नेतृत्व और नौकरी की प्रेरणा शिक्षक के प्रदर्शन को किस प्रकार प्रभावित करता है। अंत में, उनके अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि (1) एस.एम.के.नगेरी,पालेम्बंग में शिक्षकों के प्रदर्शन पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण प्रभाव दृष्टव्यहै; (2) एस.एम.के. नगेरी, पालेम्बंग में कार्य की प्रेरणा शिक्षकों के प्रदर्शन पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं; और (3)एस.एम.के. नगेरी, पालेम्बंग मेंपरिवर्तनकारी नेतृत्व और कार्य प्रेरणा से शिक्षकों के प्रदर्शन पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।**मोन एवं ये (2021)** शोधकर्ताओं के अध्ययन का उद्देश्य थाईलैंड के रत्चाबुरी प्रांत में दारुनारत्चाबुरी विकास सुरक्षा मैं शिक्षकों के दृष्टिकोण के आधार पर इस अध्ययन का लक्ष्य परिवर्तनकारी नेतृत्व और शिक्षक सशक्तिकरण के बीच संबंधों का मूल्यांकन करना था। अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि परिवर्तनकारी स्कूल नेतृत्व और शिक्षक सशक्तिकरण का एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण संबंध था, जिसमें दोनों चर एक ही दिशा में अग्रसर हो रहे थे। **प्रसेटियो, मेलफायेटी, और डेवि (2020)** इनके अध्ययन से पता चलता है कि: (1) एस.एम.पी. नगेरी मैदान में परिवर्तनकारी नेतृत्व और शैक्षणिक आशावादीता संस्कृति शिक्षकों के सशक्तिकरण पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण डालता है; (2) एस.एम.पी. नगेरी मैदान में परिवर्तनकारी नेतृत्व और शैक्षणिक आशावादीता संस्कृति और सशक्तिकरण शिक्षकों की कार्य प्रेरणा पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। **कौनी, कौत्सुकोस और पटना (2018)** शोधकर्ताओं के अध्ययन का लक्ष्य यह ज्ञात करना है कि शिक्षक परिवर्तनकारी नेतृत्व के प्रति कैसा महसूस करते हैं और यह नौकरी में खुशियों को कितना जोड़ पाता है। अंत में, उनके सर्वेक्षण के परिणामों से ज्ञात होता है कि जब स्कूल के प्रिंसिपल एक परिवर्तनकारी नेता के रूप में व्यवहार करते हैं, तो शिक्षक बेहद संतुष्ट होते हैं। शिक्षकों केडेमोग्राफिक चरदृष्टिकोण जैसे स्कूल के प्रकार और नौकरी के अनुभव दृष्टिकोण से अप्रभावित होते हैं। **महेश्वरी (2021)** इनके अध्ययन का उद्देश्य यह देखना था कि कैसे परिवर्तनकारी और क्रॉस लेवल नेतृत्व शैलियों ने हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम में सार्वजनिक हाई स्कूलों में शिक्षक की संतुष्टि और प्रदर्शन को प्रभावित किया है। अंत में, शोधकर्ता के अध्ययन के निष्कर्षों से ज्ञात होता है कि परिवर्तनकारी नेतृत्व का शिक्षक नौकरी की संतुष्टि और प्रदर्शन के साथ सकारात्मक संबंध है, जबकि क्रॉस लेवल नेतृत्व का शिक्षक नौकरी की संतुष्टि और प्रदर्शन के साथ नकारात्मक संबंध है, इस तथ्य के बावजूद कि वियतनाम में परिवर्तनकारी नेतृत्व का उपयोग नहीं किया जाता है। **तालिब,रामली,हुसैन, जमालुद्दीन, औरसंपूत्र (2019)** शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में मलेशिया में परिवर्तनकारी नेतृत्व और माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के प्रदर्शन की जांच मनोवैज्ञानिक तंत्र (प्रेरणा और प्रतिबद्धता) को आधार बनाकर करते हैं।अंततः शोधकर्ताओं ने पाया कि परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रोत्साहन, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन पर क्रॉस -लेवल प्रभाव डालता है । तथा उनके निष्कर्ष यह भी दर्शाते हैं कि परिवर्तनकारी नेतृत्व एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक नेतृत्व शैली का निर्माण है जो शिक्षकों को मनोवैज्ञानिक. **(2020)** अपने अध्ययन में "योग्यता और प्रोत्साहन पर परिवर्तनकारी नेतृत्व और शिक्षक प्रदर्शन के परिणामों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच की है।"अंत में, शोधकर्ताओं ने पाया कि क्षमता, परिवर्तनकारी नेतृत्व शैली और प्रेरणा सभी का शिक्षक के प्रदर्शन पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। **अब्दुलराब, जुमला, अलवाहीब, अलमामेरी, और ताहिरा (2021)** शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में परिवर्तनकारी नेतृत्व, मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण और संगठनात्मक नागरिकता व्यवहार के बीच संबंधों की जॉच करते हैं। उन्होंने अपनी शोध में पाया कि चर के सैद्धांतिक और व्यावहारिक निहितार्थ की जांच करके और परिवर्तनकारी नेतृत्व संगठनात्मक नागरिकता व्यवहार और मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। **अल्ज़ोरेकी,रहमान, मुतालिब (2018)** शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में यमनी पब्लिक स्कूल के शिक्षक प्रदर्शन पर परिवर्तनकारी नेतृत्व पहलुओं के प्रभावों की जांच गयी है। अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, परिवर्तनकारी नेतृत्व की विशेषताओं का शिक्षक के प्रदर्शन पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

निष्कर्ष :-

इस शोध का निष्कर्ष यह है कि 'परिवर्तनकारी नेतृत्व', शिक्षक संतुष्टि, शिक्षक प्रेरणा, शिक्षकों का मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण और शिक्षक दृष्टिकोण को सकारात्मक और महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। आज के परिदृश्य में परिवर्तनकारी नेतृत्व शिक्षकों के लिए अति आवश्यक है और भारतीय व्यवस्था (सेटअप) में हमें पूरी कोशिश करनी चाहिए की हम प्रबंधक, प्राचार्य, नेता (लीडर) को परिवर्तनकारी नेतृत्व' के लिए तैयार (ट्रेनिंग) करें ताकि शिक्षक अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य उत्पादन (आउटपुट) प्राप्त कर सकें .

संदर्भ : -

1. **S. SABU (2005),** INFLUENCE OF BEHAVIOURAL PROBLEMS, ATTITUDE, STRESS AND ADJUSTMENT OF SECONDARY SCHOOL TEACHERS ON THEIR TEACHING COMPETENCE, PP-130-132. https://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/45091/5/chapter%201.pdf
2. **Newcomb, T.M. et al. (1969).** Social psychology: A study of human interaction, Halt, Rinehart and Winston, Inc.
3. **Bass, B. M, (1985),** "Leadership: good, better, best", *Organizational Dynamics*,Vol. 13 No. 3, pp. 25 – 40.
4. **Bass, B. M, (1990),** "From transactional to transformational leadership: learning to share the vision", *Organizational Dynamics*, Vol. 18 No. 3, pp. 19 –31.
5. **Gumuslugle ,J. and sey, A.(2008) "**Transformational leadership, creativity, and organizational innovation" , Journal of business reaserch,pp-1-13
6. **Bass B.M.(1997) "** Does the transactional-transformational leadership paradigm transcend organizational & national boundaries?" , American Psychologist,Pp-52.
7. **Bass, B. M, (1990),** "From transactional to transformational leadership: learning to share the vision", *Organizational Dynamics*, Vol. 18 No. 3, pp. 19 –31.

सांस्कृतिक समायोजन एवं सोशल मीडिया की भूमिका

डॉ.दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर समाजशास्त्र
पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविध्यालय
सैदपुर, ग़ाज़ीपुर मो.9918894190

शोध सार - भारत के रीति-रिवाज, भाषाएँ, प्रथाएँ और परंपराएँ एवं इसके एक-दूसरे से परस्पर सम्बद्ध महान विविधताओं का एक अद्वितीय उदाहरण देती हैं। भारत कई धार्मिक प्रणालियों जैसे कि हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म और मुस्लिम धर्म जैसे धर्मों का जनक है। इस मिश्रण से भारत में उत्पन्न हुए विभिन्न धर्म और परम्पराओं ने विश्व के अलग-अलग हिस्सों को भी बहुत प्रभावित किया है। भारतीय संस्कृति एक विशिष्ट संस्कृति है। सदियों तक यह अक्षुण्ण बनी रही है। परंतु वैश्वीकरण के दौर में संस्कृति को बचाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। विश्वव्यापी करण के कारण सांस्कृतिक प्रसार एवं पर-संस्कृतिकरण एवं आमेलन की प्रक्रिया गतिमान है। संस्कृति वह है जिसमें हम जीते हैं। यह जीवन जीने की एक शैली है। सोशल मीडिया एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है, जहां व्यक्ति स्वयं को अथवा अपने किसी उत्पाद को ज्यादा लोकप्रिय बना सकता है। यह शोध पत्र इस प्रश्न का विश्लेषण करता है की वर्तमान संदर्भों में किस प्रकार सोशल मीडिया अपने विभिन्न आयामों में भारतीय समाज एवं संस्कृति को प्रभावित करता है एवं आम जनमानस में इसके बारे में क्या नजरिया है। यह शोध पत्र द्वितीयक स्रोतों की मदद से लिखा गया है। इसमें पत्र - पत्रिकाएं, महत्वपूर्ण पुस्तकें, समाचार पत्र एवं विभिन्न वेबसाइट का उपयोग किया गया है।

बीज शब्द – मीडिया, संस्कृति, सामाजिक परिवर्तन, सम्प्रेषण , सोशल मीडिया, सांस्कृतिक समायोजन।

मूल आलेख – हर्सकोविट्स मानते हैं कि संस्कृति पर्यावरण का मानव निर्मित भाग है। यह एक सीखा हुआ व्यवहार है। संस्कृति वह श्रेष्ठतम धरोहर है जिसकी सहायता से मानव पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ता है। संस्कृति शब्द संस्कृत भाषा से लिया गया है। संस्कृत और संस्कृति दोनों ही शब्द "संस्कार" शब्द से बने हैं। संस्कार का अर्थ है "कुछ कृत्यों या अनुष्ठानों को सम्पन्न करना"। एक व्यक्ति जन्म से ही अनेक प्रकार के संस्कार करता है जिसमे उसे विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। इस प्रकार संस्कृति का अर्थ होता है विभिन्न संस्कारों क द्वारा सामूहिक जीवन क उद्देश्यों की प्राप्ति। यह परिमार्जन की प्रक्रिया है। संस्कारों को सम्पन्न करके ही व्यक्ति सामाजिक प्राणी बनाता है।

डॉ. राधाकृष्णन संस्कृति संबंधी अपनी धारणा इन शब्दों में व्यक्त करते हैं - '' *संस्कृति वह वस्तु है जो स्वभाव, माधुर्य मानसिक निरोगता एवं आत्मिक शक्ति को जन्म देती है* ''[1]। डॉ. श्यामा चरण दबे ने भी संस्कृति संबंधी विचार इस प्रकार व्यक्त किए हैं-''*संस्कृति व्यक्ति को विशेष ढांचे में ढालती है, सामूहिक प्रयत्नों के द्वारा व्यक्ति अपनी बुद्धि आविष्कार शक्ति, अभिरुचि एवं अनुभव का उपयोग कर संस्कृति में बदलने का प्रयास करता है। संस्कृतिकरण की यह प्रक्रिया प्रत्यक्ष भी होती है और अप्रत्यक्ष भी।*''[2] सामान्य रूप से, "मीडिया" संचार के विभिन्न साधनों को संदर्भित करता है। उदाहरण के लिए, टेलीविजन, रेडियो और समाचार पत्र मीडिया के विभिन्न प्रकार हैं। इस शब्द को प्रेस या समाचार रिपोर्टिंग एजेंसियों के लिए सामूहिक संज्ञा के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कंप्यूटर दुनिया में, "मीडिया" को सामूहिक संज्ञा के रूप में भी प्रयोग किया जाता हैं, जो कि विभिन्न प्रकार के डेटा स्टोरेज विकल्पों को संदर्भित करता है।विधानपालिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के साथ 'मीडिया' को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। भारतीय लोकतंत्र में 'मीडिया' लोकतंत्र प्रहरियों में मुख्य है। इसकी स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) से सुनिश्चित होती है। विभिन्न सूचनाओं एवं जानकारी से यह न केवल जनमानस को जागरूक करता है अपितु आलोचना के माध्यम से सरकार पर भी अंकुश लगाता है। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर जनमानस की राय को सरकार तक पहुँचाने तथा सरकार के फैसलों को विश्लेषित कर जनता तक पहुँचाने का कार्य मीडिया बखूबी से करता है।स्पष्ट है की मीडिया का सामाजिक दायित्व बहुत अधिक है। मीडिया लोगों के मन की आवाज को उठाती है। इसकी पहुँच सामान्य लोगों तक होती है। समाज के प्रति मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मीडिया समाज को दिशा देता है। यदि वह अपनी दिशा को गलत रूप दे दे तो भारी अनर्थ हो सकता है। मीडिया समाज को शिक्षित करता है तथा उसका मनोरंजन भी करता है। मीडिया ने लोगों को अधिकारों के प्रति सचेष्ट किया है। हम सब यह महसूस करते ही हैं कि लोकतंत्र की सफलता में मीडिया की भूमिका बहुत अधिक है। अखबार भी जनमत का निर्माण करते हैं। हमें दोनों माध्यमों का ध्यान रखना होगा। वर्तमान में भारत सामंती अर्थव्यवस्था से आधुनिक औद्योगिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। विकास के इस पथ पर लोकतंत्र के चारों स्तंभों का मज़बूती एवं निष्पक्षता से खड़े रहना तथा सामाजिक एवं सामरिक चुनौतियों से मिलकर सामना करना अपेक्षित है।[3]मीडिया के साथ सोशल मीडिया की भी चर्चा की जाती है। वास्तव में सोशल मीडिया एक धुंधला सा शब्द है जिसका उपयोग विभिन्न तकनीकों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। एक आदर्श के रूप में हम किसी भी ऐसे आनलाइन प्लेटफॉर्म को सोशल मीडिया के रूप में देखते हैं जो सहयोगी सामग्री के विकास एवं साझा करने का विकल्प प्रदान करता है। सोशल मीडिया में वेब-आधारित और मोबाइल तकनीक शामिल हैं जो संचार को इंटरैक्टिव वार्तालाप में बदलने के लिए उपयोग की जाती हैं। एंड्रियास कपलन और माइकल हैनलेन ने सोशल मीडिया को "*इंटरनेट आधारित अनुप्रयोगों का एक समूह*" के रूप में परिभाषित किया है जो वेब 2.0 की वैचारिक और तकनीकी नींव पर आधारित है, और यह उपयोगकर्ता द्वारा उत्पन्न सामग्री के निर्माण और विनिमय की अनुमति देता हैपिछली पाँच सहस्राब्दियों से अधिक समय से भारत के रीति-रिवाज, भाषाएँ, प्रथाएँ और परंपराएँ इसके एक-दूसरे से परस्पर संबंधों में महान विविधताओं का एक अद्वितीय उदाहरण देती हैं। भारत कई धार्मिक प्रणालियों, जैसे कि हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म, मुस्लिम धर्म जैसे धर्मों का जनक हैं। इस मिश्रण से भारत में उत्पन्न हुए विभिन्न धर्म और परम्पराओं ने विश्व के अलग-अलग हिस्सों को भी बहुत प्रभावित किया है। वैश्वीकरण के दौर में संस्कृति को बचाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। संस्कृति वह है जिसमें हम जीते हैं। यह जीवन जीने की एक शैली है। [4]। एडवर्ड टायलर के शब्दों में –"*संस्कृति एक ऐसा जटिल समग्र है जिसमे ज्ञान, विश्वास, कला , नैतिकता ,कानून, प्रथा तथा समाज के सदस्य के रूप में मनुष्य द्वारा अर्जित अन्य दूसरी समर्थताएं सम्मिलित हैं।*" टॉयलर कि परिभाषा वैज्ञानिक होने क साथ साथ संस्कृति के सभी निर्मायक अंगों को भी इंगित करती है।[5] थिओडॉर एडोरनो सांस्कृतिक उद्योग कि बात भी करते हैं जो लोकप्रिय संस्कृति यानी पापुलर कल्चर को आगे बढ़त है। इसको आम जनता की संस्कृति या जन संस्कृति भी कहा जाता है। इसके अंतर्गत टीवी , फिल्म ,संगीत , नृत्य , साहित्य, फैशन , कला इत्यादि के वे सारे तत्व हैं , जिनका उपयोग अभिजन समूहों के अतिरिक्त समाज के माध्यम वर्गीय और निम्न वर्गीय लोगों के द्वारा किया जाता है। सामान्यतः इसे उच्च संस्कृति के विपरीत मन जाता है, जो मुट्ठी भर लोगों या अभिजात्य लोगों की एक विशेष पसंद को संदर्भित करता है। परंतु पापुलर संस्कृति का क्षेत्र व्यापक होता है और यह सभी को आसानी से उपलब्ध भी हो जाता है। यह उच्च संस्कृति के वर्चस्व और उच्च कला की बौद्धिक प्रवृत्तियों के दिखावे को खारिज करता है। यह बहुत कारणों से लोगों को अपील करता है। यह कुलीन वर्ग की विशिष्ट रुचि के विपरीत आम लोगों को संस्कृति के बड़े पैमाने पर उपभोग की गारंटी देती है। इस प्रकार से यह जनवादी, लोकप्रिय , और सार्वजनिक माध्यम अपने लाभ के लिए पापुलर संस्कृति को अधिक प्रचारित करता है।देखा जाए तो सोशल मीडिया का उपयोग अपने आप में एक लोकप्रिय संस्कृति का रूप ले रहा है जैसे- फेसबुकिंग करना , ट्वीट करना, शेयरिंग करना। सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन दोनों एक दूसरे को अंतर्भूत कर लेते हैं।

संस्कृति कोई स्थिर वस्तु नहीं है। यह सदैव परिवर्तन की अवस्था में रहती है, इसलिए नहीं कि सभ्यता बदलती रहती है , अपितु क्योंकि परिवर्तनशीलता इसमें निहित है। संस्कृति न केवल हमारे सामाजिक संबंधों को प्रभावित करती है, बल्कि यह प्रौद्योगिकीय परिवर्तन की दशा एवं इसके स्वरूप को भी निर्धारित करती है।सोशल मीडिया प्रायः सकारात्मक भूमिका अदा करता है जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह और देश आदि को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे कई विकासात्मक कार्य हुए हैं जिनसे कि लोकतंत्र को समृद्ध बनाने का काम हुआ है जिससे किसी भी देश की एकता, अखंडता, पंथनिरपेक्षता , समाजवादी गुणों में अभिवृद्धि हुई है। हम ऐसे कई उदाहरण देखते हैं, जो कि उपरोक्त बातों को पुष्ट करते हैं जिनमें ***'India Against Corruption***' को देख सकते हैं, जो कि भ्रष्टाचार के खिलाफ महा अभियान था जिसे सड़कों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी लड़ा गया जिसके कारण विशाल जनसमूह अन्ना हजारे के आंदोलन से जुड़ा और उसे प्रभावशाली बनाया। 2014 के आम चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों ने जमकर सोशल मीडिया का उपयोग कर आमजन को चुनाव के जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इस आम चुनाव में सोशल मीडिया के उपयोग से वोटिंग प्रति शत बढ़ा, साथ ही साथ युवाओं में चुनाव के प्रति जागरूकता बढ़ी। सोशल मीडिया के माध्यम से ही 'निर्भया' को न्याय दिलाने के लिए विशाल संख्या में युवा सड़कों पर आ गए जिससे सरकार दबाव में आकर एक नया एवं ज्यादा प्रभावशाली कानून बनाने पर मजबूर हो गई। कई बार देखा गया है की सोशल मीडिया के उपयोग से कई लोगों को आर्थिक लाभ के साथ साथ नई पहचान और लोकप्रियता भी मिली है। रानु मोन्डल के गीतों, कच्चा बादाम के गायक सहित दिल्ली का बाबा का ढाबा को पहचान मिलते देखना सुखद अनुभूति कराता है। लोकप्रियता के प्रसार में सोशल मीडिया एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है, जहां व्यक्ति स्वयं को अथवा अपने किसी उत्पाद को ज्यादा लोकप्रिय बना सकता है। आज फिल्मों के ट्रेलर, टीवी प्रोग्राम का प्रसारण भी सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। हाल के दिनों में ओटीटी पर प्रसारित कई वेब सीरीज मनोरंजन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलती है। इसे बड़े परदे के सितारों को भी अपनी ओर आकर्षित किया है तो थिएटर के कलाकारों को भी जीवनदान दिया है। फिल्में समाज का दर्पण होती हैं। सोशल मीडिया क माध्यम से फिल्में अब अधिक यथार्थ वादी हो चली हैं। वीडियो तथा ऑडियो चैट भी सोशल मीडिया के माध्यम से सुगम हो पाई है जिनमें फेसबुक, व्हॉट्सऐप, इंस्टाग्राम कुछ प्रमुख प्लेटफॉर्म हैं।सोशल मीडिया जहां सकारात्मक भूमिका अदा करता है वहीं कुछ लोग इसका गलत उपयोग भी करते हैं। सोशल मीडिया का गलत तरीके से उपयोग कर ऐसे लोग दुर्भावनाएं फैलाकर लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक और नकारात्मक जानकारी साझा की जाती है जिससे कि जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कई बार तो बात इतनी बढ़ जाती है कि सरकार सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल करने पर सख्त हो जाती है और हमने देखा है कि सरकार को जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध तक लगाना पड़ता है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में हुए किसान आंदोलन में भी सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया ताकि असामाजिक तत्व किसान आंदोलन की आड़ में पकिसी बड़ी घटना को अंजाम न दे पाएं।भारत में सोशल मीडिया के प्रति बढ़ता क्रेज अब पारंपरिक सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों को बदल रहा है। फेसबुक, व्हॉट्सऐप, ट्विटर और इंस्टाग्राम समेत ऐसी साइटों का इस्तेमाल करने वाले लोगों की तादाद लगातार बढ़ रही है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वालों में किशोरों से बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग शामिल हैं। वर्तमान समय में तकनीक ने समाज में एक साथ अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन लाया है। तकनीक का उपयोग और उसपर निर्भरता निरंतर बढ़ती जा रही है और यह इतनी तीव्र गति से हो रहा है कि जब तक हम एक तकनीक को समझते हैं तब तक दूसरी तकनीक का आगमन हो जाता है। एलविन टॉफलर ने इसी स्थिति को "*फ्यूचर शॉक*" कहा है, जहां बहुत कम समय में ही अत्यधिक परिवर्तन हो रहा है। वास्तव में सोशल मीडिया ने यह दिखाया है कि तकनीक अब केवल सुविधा एवं संपन्नता का परिचायक नहीं बल्कि यह अपने अधिकारों को हासिल करने का हथियार भी बन सकता है। यह लोगों को परिवर्तन के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन से लेकर सड़कों तक लाने लगा है। [लेकिन फिलहाल शहरों और गांवों के बीच बंटे परिवार (यानी जो रोजगार के सिलसिले में शहर में हो, लेकिन उसके संयुक्त परिवार के लोग गांव में रहते हों) इस मामले में संक्रमण काल से गुजर रहे हैं।[8]

मैंक्डोनल्ड संस्कृति के माध्यम से जॉर्ज रिटजर भी यही बात कहना चाहते हैं। वास्तव में मैंक्डोनल्ड अपने साथ सिर्फ एक रेस्तरां की शृंखला ही नही ले आया बल्कि ये अमेरिकी संस्कृति को भी भारत ले आया है। पहली बार इन स्थानों पर पारदर्शी रसोईघर में अपना आर्डर तैयार होते एवं महिला वेटर को काम करते देखना दिलचस्प एवं लोगों के कौतूहल का विषय था परंतु धीरे धीरे लोगों ने इसे स्वीकार कर लिया। इसमें कहीं न कहीं मीडिया की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसने इस संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

निष्कर्ष - मीडिया जनमानस की राय को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया का उपयोग कई तरह से हुआ है । आम जनता ने इसे अपने अधिकारों को प्राप्त करने का हथियार बनाया । सरकार ने पारदर्शिता के लिए इसका इस्तेमाल किया । बाजार ने इसके जरिए कुछ नए ग्राहक तलाश कर लिए। हाल के दिनों में *मॉब लिंचिंग* की घटनाएं चिंतित करने वाली हैं जहां भीड़ ने कानून खुद हाथ में ले लिया। वही कोरोना काल में आने व्यक्तियों द्वारा आक्सिजन, रक्त/प्लाज्मा एवं हस्पतालों में बेड की उपलब्धता इत्यादि को लेकर परस्पर सहायता का प्रयास करने में सोशल मीडिया ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज वैश्विक परिदृश्य में सोशल मीडिया का उपयोग समाज को एक नया आकार दे रहा है। हमारी संस्कृति को भी यह गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। आवश्यकता है इसे सतर्क रूप से आगे बढ़ाने कि ताकि समाज कि आवश्यकता कि पूर्ति तो होती ही रहे, कोई इससे अनिच्छित एवं दबाव स्वरूप स्वीकार करने को विवश नहीं हो। सोशल मीडिया के दुरुपयोग का मुद्दा अब गंभीर हो गया है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती हैं। गलत विचारों को साझा करने से देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। ऐसे में इसके खिलाफ भारत में कड़े कानून की जरूरत है।

संदर्भ –

1. एस०राधाकृष्णण, स्वतंत्रता और संस्कृति, अपर इंडिया पब्लिशिंग हाउस 1955, पृ० 706.
2. श्याम चरण दूबे, मानव और संस्कृति, राज कमल प्रकाशन ,2016, पृ . 206
3. एन्ड्रियस कपलान , माइकल हेनलिन , "यूजर्स ऑफ दि वर्ल्ड , यूनाइट ! द चलेंजेस एण्ड
4. ओपोरचयूनिटीस ऑफ सोशल मीडिया", बिजनेस होराइज़न, 53 , नंबर 1 (2010),61
5. जॉर्ज रिटजर , सोसीयोलॉजिकल थ्योरी , सेज पब्लिशिंग हाउस , 2018 पृ0 566।
6. विद्याभूषण एवं सचदेव , समाजशास्त्र के सिद्धांत, किताब महल, 2013, पृ . 731
7. जॉर्ज रिटजर, द मैकडॉनलडाईजेशन ऑफ सोसाइटी ,सेज पब्लिशिंग हाउस, पृ० 122
8. स्वर्ण सुमन, सोशल मीडिया : संपर्क क्रांति का कल, आज और कल , हार्पर कॉलिन्स
9. मरसेल दानेसी , डिक्सनरी ऑफ मीडिया एण्ड कम्यूनिकेशन ,2009, पृ० 235.
10. https://hindi.webdunia.com/
11. https://www.bhaskar.com/
12. https://www.indiaculture.nic.in/hi संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार
13. ई-पीजी पाठशाला , पेपर 01 , माड्यूल 14।

'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-चीन सामुद्रिक प्रतिद्वंदिता'

राजीव रौशन कुमार
शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग,
काशी हिंदू विश्वविद्यालय,वाराणसी, यूपी, 221005
Mob 9532654605

हाल के वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र रणनीतिक और कूटनीतिक रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक महा शक्तियों के मध्य प्रतिस्पर्द्धा और प्रतिद्वन्दिता का एक मंच बन चुका है जिसका प्रमुख कारण हिंद-प्रशांत रीजन की महत्वपूर्ण अवस्थिति होना है।समकालीन समय में सम्पूर्ण विश्व व्यापार का लगभग 75 प्रतिशत वस्तुओं व सेवाओं का आयात व निर्यात इसी क्षेत्र से होता है, जो पूरे विश्वके जीडीपी का लगभग 60% है।इंडो-पैसिफिक रीजन ऊर्जा और व्यापार -वाणिज्य को लेकर उपभोक्ता तथा उत्पादक दोनों देशों के लिए बहुत ही संवेदनशील है।चीनी सरकार इस रीजन में अपनी महत्पूर्ण नीतियों को क्षेत्रीय और वैश्विक आयाम प्रदान करने का भरपूर प्रयास कर रही । मैरिटाइम सिल्क रुट,स्ट्रिंग ऑफ पर्ल, बेल्ट रोड इनीशिएटिव आदि नीतियां चीन की इसी व्यापक रणनीति और कूटनीति का भाग है। वहीं अमेरिका भी इस रीजन में अपनी प्रभाव बनाए रखना चाहता है ताकि चीन के इसक्षेत्र में बढ़ती हुई प्रभाव को कम किया जा सके इसके लिए भारत,जापान,अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त रूप से अनौपचारिक रणनीतिक वार्ता के रूप में "क्वाड" का निर्माण किया है! वर्तमान समय में विश्व के अधिकांश देशों ने अपने-अपने सहूलियत के अनुसार हिंद- प्रशांत क्षेत्र की व्याख्या करताहै। हिंद प्रशांत क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर का कहना है कि हिंद और प्रशांत महासागर को पृथक- पृथक इकाई के रूप में संभव नहीं है,इंडो - पैसिफिक की अवधारणा में समूचे हिंद महासागरीय क्षेत्र और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय क्षेत्र को मिलाया जाता है। वहीं अमेरिका इंडो-पेसिफिक क्षेत्र को भारत के पश्चिमी तट तक ही विस्तृत मानता है, लेकिन भौगोलिक रुपसे हिन्द महासागर और प्रशांत महासागर के कुछ भागों को जोड़कर जो समुंद्रीय हिस्सा बनता है इंडो-पैसिफिक क्षेत्र कहलाता है और इस समुद्री क्षेत्र में पड़ने वाले देशों को हिन्द- प्रशान्त महासागर का देश कहते हैं!सन2018 में 'शांग्रीला संवाद' के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इंडो-पैसीफिक क्षेत्र की अवधारणा को स्पष्ट किया और उन्होंने भारत के इंडो-पैसीफिक क्षेत्र के विचार में पूर्वी अफ्रीका से अमेरिका तक के रीजन को शामिल किया था,जो हिंद तथा प्रशांत महासागर को अपनी परिधि में शामिल करते हैं। भारत का कहना है कि "हिंद- प्रशांत की अवधारणा एक खुला, स्वतंत्र और मुक्त और सामावेशिता तथा आसियान देशों के केन्द्र पर आधारित है, जो सम्पूर्ण विश्व के किसी भी देश के खिलाफ नहीं है। भारत इंडो-पैसिफिक रीजन को एक संकुचित सदस्यों के प्रमुख क्लब के रूप में नहीं देखना चाहता है और ना ही ऐसे गुट के तौर पर जो वर्चस्व चाहता है,भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट कहा था कि "भारत की हिंद- प्रशांत क्षेत्र में अपनी नीति, चीन को प्रतिसंतुलित करने के लिए नहीं है,बल्कि इस रीजन के लिए भारत हमेशा सकारात्मक सोच रखता है जिसमें आसियान को केंद्र में रखते हुए दक्षिण - पूर्व एशियाई देशों को अहम माना गया है, लेकिन इस रीजन को लेकर भारत के विदेश नीति समुद्री क्षेत्रों से संचालित हो रही है और'सागर पहल'(SAAGAR PROGECT) द्वारा इस क्षेत्र में स्थिरता तथा सुरक्षा मुख्यरुप से जोर दिया जा रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत 'सागरमाला परियोजना',' मौसम परियोजना', हिंद महासागर तक पहुंच के नीति के साथ बिमस्टेक देशों के मध्य संबंधों पर मुख्य रूप से जोर दे रहा है। जिसके तहत भारत अपने समुद्री तटीय आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ब्लू इकोनॉमी के मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है और भारत, चीन को इस रीजन में प्रति संतुलित करने के लिए क्वाड जैसे अनौपचारिक संगठन का सहारा ले रहाहै।हिंद - प्रशांत देशों के लिए चीन हमेशा से एक बड़ा खतरा रहा है,वह इंडो - पैसिफिक क्षेत्र में भारत के प्रमुख हितों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहा है, चीन विश्व के समुद्रिक व्यापारिक मार्गों पर 'मैरिटाइम सिल्क रूट' के द्वारा समुद्री मार्गों पर का निर्माण करता जा रहा , जो एशिया और अफ्रीका के बंदरगाहों को जोड़ता है। दूसरी ओर 'बेल्ट रोड इनीशिएटिव' के द्वारा से एशिया-अफ्रीका तथा यूरोपीय देशों तक अपनी पहुंच बना रहा है। भारत के लिए यह चिंताकि यह विषयहै कि चीन इस मार्ग का प्रयोग भारत के सामरिकऔर आर्थिक सुरक्षा हितों के विरोध कर सकता है, उदाहरण स्वरूप इस रोड का एक प्रमुख परियोजना 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा'(सीपैक) भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए एक चुनौतियाँ है। भारत को सामरिक और आर्थिक रुप से हिंद-प्रशांत रीजन में अपनीपहुंच के लिए स्ट्रिंग ऑफ पर्ल के नीति अपना रहा है जिसमें म्यांमार के सातवें, बांग्लादेश मेंचटगांव, श्रीलंका में हंबनटोटा,मालदीव में मराओ तथा पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को भी शामिल किया गया है।जिस पर चीन ने सामरिक और रणनीतिक रूप से अपनी प्रभाव मजबूत किया है, चीन- भारत के पड़ोसी देशों में पकिस्तान,श्रीलंका और बांग्लादेश को सैन्य सामग्री और युद्धपोत आदि की पूर्ति करता रहता है, जो 'सैन्य उपनिवेशवाद' का ही रूप है। इस तरह चीन दक्षिण- चीन सागरीयक्षेत्र में कई छोटे-बड़े कृत्रिम दीपों का निर्माण कर क्षेत्रीय एवम् वैश्विक चुनौतियां को उत्पन्न किया है जो हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र में सामुंद्रिक प्रतिद्वंदिता को बढ़ावा दे रही है देता है इसमें कोई दो राय नहीं है कि चीन ने कुछ वर्षों के दौरान हिन्द- प्रशांत रीजन के देशों के साथ अपने आर्थिक और व्यापारिक संबंध काफी मजबूत कर लिए हैं चूंकि चीन अन्य देशों के साथ 'प्रत्यक्ष विदेशी ' के मामले में दुनिया में सबसे आगे हैं इसलिए इसका प्रभाव हिंद- प्रशांत क्षेत्र पर भी दिखाई देता है। चीन एवम् दक्षिण- पूर्वी एशियाई देशों के मध्य 'प्रत्यक्ष विदेशी निवेश' का आदान-प्रदान भारत द्वारा इस क्षेत्र में किए जाने वाले 'प्रत्यक्ष विदेशी निवेश' की तुलना में कहीं अधिक है। पिछले कई वर्षों के दौरान चीन ने अपनी महत्वकांक्षी परियोजना बेल्ट रोड (बीआरआई) इनीशिएटिव के विस्तार के जरिए इस रीजन में अपने आर्थिक एवम् राजनीतिक नेटवर्क को काफी बढ़ा दिया है, जबकि बी आर आई के बारे में अक्सर यही कहा जाता है कि इसके तहत मदद पाने वाले ज्यादातर देश लंबे समय के लिए कर्ज के जाल में फंस जाते हैं, यह बात दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और अफ्रीका के कई देशों के लिए बड़ा मामला रहा है, और भारत का समुद्री दृष्टि से सबसे नजदीकी पड़ोसी श्रीलंका भी इस कर्ज कूटनीति के जाल में उलझ चुका है। समुद्रिक प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के प्रारंभ होने से भारत के समक्ष आतंकवाद, समुद्री संचरण मार्गो की सुरक्षा, समुद्री तटों की सुरक्षा प्रमुख समस्या के रूप में है। वैश्विक एवम्क्षेत्रीय परिदृश्य में एक- दूसरे से आगे निकलने की होड़ ने विश्व युद्ध की ओर अग्रसर किया है, समय रहते यदि चीन के महत्वाकांक्षा पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो वैश्विक जंग का मार्ग प्रशस्त करेगा ।भारतीय पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के समय 1991 में "लुक ईस्ट नीति" को भारत की विदेश नीति का प्रमुख आधार बनाया, तभी से भारत दक्षिण पूर्व-एशिया रीजन के देशों के मध्य आर्थिक एवं सैन्य संबंध लगातार बढ़ा रहा है। भारत ने इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ पहल कर मेंकांग गंगा को-ऑपरेटिव फोरम बनाया है इसके अंतर्गत इस क्षेत्र के देशों के मध्य राजमार्ग द्वारा जोड़ा गया है।भारतीय पूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह ने आसियान वार्षिक सम्मेलन में कहा था कि रण नीतिक तथा सुरक्षा संबंधी मामलों पर इसरीजन में भारत का महत्व बढ़ रहा है तथा क्षेत्रीय शांति एवम् स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को समझा जा रहा है। वर्ष 2002 में थाईलैंड में एशियाईदेशों के 17 विदेशी मंत्रियों ने एक नया पूर्व एशिया कॉर्पोरेशन डायलॉग गठित किया जिसमेंभारतीयपूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह शामिल हुए थे इन्होंने चार क्षेत्रों में और अधिक ओपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया थाये क्षेत्र हैं, यातायात और संचार, विज्ञान एवम्तकनीकी,मानव संसाधन, ऊर्जा क्षेत्र को आगे बढ़ाया जा सके। चीन द्वारा दक्षिण एशियाई मार्गो की राजनीतिक एवम् कूटनीतिक में प्रमुख भूमिका अदा करने के कारण यह रीजन में सामरिक आर्थिक विकास,सैन्य क्षेत्र का निर्माण, राजनीतिक पहुंच तथा सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा दिया है। चीन अपने गैस व तेलों की

आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए पाकिस्तान,म्यांमार व थाईलैंड के भू-स्थल मार्गो से पाइप लाइनों के निर्माण में बहुत सक्रिय है, इसलिए बीजिंग तेल के विशाल भंडार का निर्माण करने के लिए दोसामरिक गलियारों की योजना पर काम कर रहा हैयेगलियारा भारत के दोनों ओर से गुजरते हैं। जिसमें एक गलियारा बंगाल की खाड़ी से लगभग 800 किमी. की दूरी तयकरम्यांमार के पास से होता हुआ दक्षिणचीन तक पहुंचता है, इस गलियारे के निर्माण होने से चीन की पहुंच भारत के दक्षिण- पश्चिम समुद्र तट तक हो जाएगी। वही दूसरा गलियारा पाकिस्तान में चाइनाद्वारा निर्माणाधीन ग्वादर बंदरगाह से काराकोरम पर्वत श्रृंखला से होते हुए चाइना के शिनजियांग प्रांत तक पहुंचता है,इसके माध्यम से वह फारस की खाड़ी और अफ्रीका से आने वाले गैस व तेल की आपूर्ति सुचारू रखना चाहता है और भारत के पड़ोस के देशों में चाइना पांव पसार कर भारत पर चौतरफा दबाव बनाना चाहता है। चीन के ब्लू घेरा के केंद्र में उर्जा निर्भरता और व्यापार-वाणिज्यके प्रमुख स्रोतों की सुरक्षा हेतु इंडो-पेसिफिक में समुद्री संचरण रेखाओं का प्रगति व सुरक्षा महत्वपूर्ण है। जिसका मुख्य लक्ष्य संसाधनों के परिवहन पर खर्च होने वाले भाड़े को कम करना और अमेरिकी दबाव वाले समुद्री मार्गो से अपने को बचाना है। इडो - पैसेफिक महासागरीय रीजन में भारत के सामरिक तथा आर्थिक गतिविधियां जिन्होंने बिजींग के साथ संघर्ष को गति दिया है। यद्यपि भारत के लिए दक्षिण- चीन सागर क्षेत्र कईमायनों से महत्वपूर्ण है, भारत के कुल व्यापार-वाणिज्य का लगभग 55 प्रतिशत दक्षिण पूर्व- एशिया से होता है, दक्षिण-चीन सागर क्षेत्र सम्पूर्ण एशिया का सबसे विवादित क्षेत्र है और भारत इस क्षेत्र में वियतनाम से समझौता कर तेल व खनन खोज का कार्य कर रहा है जिसके वजह से चीन ने इस रीजन में अपनी प्रभुसत्ता के बात करते हुए भारत को इस रीजन से हटने के बात कही हैं।चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भारत व पाकिस्तान के मध्य है, जिसमें चीन के हस्तक्षेपके प्रति भारत ने भी अपने अपत्ति समय-समय पर दर्ज की है,यह क्षेत्र भारत का है, जिसे पाकिस्तान ने अवैध रूप से अपने कब्जे में रखा है जिसे पाक अधिकृत कश्मीर कहा जाता है। चीन को इस रीजन में गलियारा निर्माण करने के पूर्व भारत से सहमति लेनी चाहिए था। इंडो- पेसिफिक क्षेत्र में चीन-भारत समुद्री प्रतिद्वंदिता को सुरक्षा दुविधा के यथार्थवादी सैद्धांतिक आयाम से देखने का प्रयास करता है, जिसमें भारत-चीन किसी के माध्यम सेअपनी हितों को सुरक्षित करने का प्रयास दूसरे के द्वारा अपनी असुरक्षा के रूप में देखते है। यह शक्ति प्रतिस्पर्धा तथा संघर्ष का कारण हो सकता है, इसके अतिरिक्त भारत चीन आर्थिक विस्तार और गतिविधियां को भी परीक्षण किया जाए तो जहां भारत स्वतंत्र, मुक्त खुले और समावेशी हिंद प्रशांत क्षेत्र में बढ़ावा देते हुए उदारवाद की नीति का प्रवर्तक दिखाई पड़ता है वहीं चीन कहीं अधिक संरक्षणवादी नजर आता है।यदि हम इंडो - पेसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और शांति की खोज में भारत - चीन की भूमिका का गहन विश्लेषण करें तो यहां भारत अपने साझा विश्वासों और पहचान में चीन के आक्रमकता के विपरीत और आसियान देशों के अधिक नजदीक दिखाई पड़ता है,जिन्हें सामाजिक संरचनावाद के सैद्धांतिक आयाम से देखा जा सकता है। इसी आधार पर इंडो-पेसिफिक में रूल आधारित व्यवस्था की स्थापना में क्षेत्रीय शक्तियों के नेतृत्वकर्ता शक्ति के रूप में भारत की रोल का गहन विश्लेषण किया जा सकता हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में चीन अपनी तुलना भारत के साथ करना नहीं पसंद करता है तो वही भारत भी अपनी तुलना पाकिस्तान के साथ करना नहीं पसंद करता जबकि अमेरिकी अपनी तुलना चीन के साथ करने को नजर अंदाज करता है और अमेरिकी प्रथम की बात करता है। जिसका मुख्य कारण अमेरिका अपनी प्रख्यात वैश्विक स्थिति को बनाए रखना चाहता है। इस प्रकार कोई भी देश अपनी सर्वोच्च ता के साथ समझौता नहीं करना चाहता है। समकालीन समय में भारतीय विदेश नीति वैश्विक समुदाय के साथ सार्थक संबंध को आगे बढ़ाते हुए उसे मजबूती प्रदान करना चाहती है औरसंप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा एवम् आर्थिक बदलाव और भौगोलिक एकता सहित अपने लक्ष्यों को सुनिश्चित करने के साथ ही अपने मुख्यवैश्विक एवम्क्षेत्रीय चिंताओं का निदान कर सके। भारत ने अपने सभी पड़ोसी और बिमस्टेक देशों के मध्य संपर्क को जोड़ने करने का प्रयास किया है।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. C.Raja Mohan, Samundar manthan:Sino-india Rivalry in the Indo Pacific,New Delhi. Oxford University Press (2013)
2. Gurpreet S. Khurana& Antara Ghosal Singh, Indian and China: Constructing A Peaceful Order In Indo-pacific, National Maritime Foundation,New Delhi (2016)
3. Malik Mohan, China and India: Great Power Rivals,First Forum Press,USA (2011)
4. Pushpita Das Coastal Security: The Indian Experience,IDSA,New Delhi, Monograph series No22(2013)
5. Pradeep Kaushiva&Abhijeet Singh, Geopolitics Of The Indo-Pacific, Knowledge World Publisher, New Delhi (2014)
6. डॉ. आर एस पांडे, चीन की समुद्रिक महत्वकांक्षाएं एवं भारतीय सुरक्षा : एक मूल्यांकन, प्रतियोगिता दर्पण जून 2013
7. हरि शरण वहर्ष कुमार सिन्हा, हिंद महासागर :चुनौतियां एवं विकल्प,प्रत्युष पब्लिकेशन, नई दिल्ली 2012
8. बी.पी.दत्त, बदलती दुनिया में भारत की विदेश , हिंदी कार्यान्वयन निदेशालय,दिल्ली।
9. तारा देवी , हिंद महासागर एवं सलंग्न राष्ट्र : एक भू- आर्थिक एवं –भू - सामरिक अध्ययन, उत्तर प्रदेश, हिंदी संस्थान, लखनऊ

Godaan Vs Suardaan. Sapna Editor,Naagfani

Intellect and tallent can never be suppressed.It reflects its wisdom and knowledge automatically. When Gavaskar scored more than ten thousands runs in his name .The first time it became World records.The people were in gossip that no other Gavaskar Can be born. Sachin Tendulkar had broken this myth. In the literary field the people have made cocept that no other Premchand can take birth.After writing Suardaan and stories like Kafan,Sadgati and Doodh Ka Daam , Roopnarain has changed these thinking amongst the Literary World. Godaan written by Munshi Premchand talks about the pitable and worst condition of the peasants. But this novel does not put any concreate way to rid of these sorrowful condition of the farmers. Heera the hero of the novel struggles for bread and butter throughout his life. At last he performs donation of a cow so he could cross the terrible sea of troubles.It reflects the blind faith. Roopnarain Sonkar has broken this myth throuh Suardaan. He claims that after death of a man he becomes soil then soil doesn't hold the tail of a cow . How he could cross the sea of trubles. There is a no concept of heaven and hell.These are the imaginary things. Sonkar has denied the existence of heaven and hell. The great author like Munshi Premchand has never broken the casteism.He had started the system of having kept. The kepts were not given any right of wives.They were only the instruments of recreations and fulgilling their sexual needs.Credit goes to Munshi Premchand that he had given the signal to the people for living relationship with ladies. In this modern age the ladies who are living in relationship are getting the full rights of the wives. The great writer Munshi Premchand didn't try to abolish the casteism. He has described in Godaan that some people of Chamar by caste put the bone of an animal into the mouth of a Brahmin.The Brahmin had made a kept to a lady Chamar by caste.The Brahmin lost his piousness.But after performing the religious rituals he turned again from Chamar to Brahmins. The great author has introduced the importance of blind faith of blind religion. It is not scientific.The author Roopnarain Sonkar has tried to abolish casteism from the society and created a new society wich is casteless.The four partners of the Piggery Farm Ramchandra Trivedy,Sajjan Khatik,Ghasitey Chamar and Salwant Yadav drink alcohol with a single glass.All partners eat the pork and declared it the most richest disc of the World. The novel of Sonkar is a science fiction. They perform scientific inventions in the labotary of Piggery Farm with the help of American Scientists..They producd hybrid with the help of the semens of men and animal.That Hybrid is called MAANWAR. The The Maanwar will do the creative works which a common unable to perform it.It was the thinking of author behind Maanwar. The author wants to save his pious motherland from terrible riots which often occur in India between Hindus and Muslims.He has created SUGAAY after making a cross with Suar and Cow. Amongst some rigid Hindus, they don't like to eat flesh of a cow.They consider it against their religion.The same way the Muslims denied to eat pork because they consider it against their religion. The author has given a right solution to eat the flesh of SUGAAY by both communities.

नशा और समाज में जागरुकता का अभाव

डॉ. रेशमा अंसारी
प्राध्यापक एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर, छत्तीसगढ़
mo-9926348979

सारांश-हम सभी जानते हैं कि नशा समाज की सबसे बड़ी बुराई है और इसके दुष्परिणाम ही सामने आते हैं बावजूद इसके इस सामाजिक बुराई पर पूरी तरह अंकुश लगाने में कभी समर्थ नहीं हो सके हैं। हालांकि मादक पदार्थों के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को मज़बूत करने और मादक पदार्थों के दुरूपयोग से मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज की लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग करने के लिए प्रतिवर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोध दिवस मनाया जाता है। लेकिन फिर भी मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के खिलाफ़ लड़ाई के लिए जागरूकता का अभाव अभी भी है। आवश्यकता निरंतर लोगों को जागरुक करने की है।

मूल शब्द: नशा, जागरुकता, मादक पदार्थ, समाज

नशा एक ऐसा तत्व है जो व्यक्ति एवं समाज की दशा एवं दिशा दोनों ही बदल देता है। नशा दो तरह का होता है, एक अच्छा और दूसरा बुरा। हर आदमी में अपने काम और अपने लक्ष्य के प्रति नशा होना चाहिए, अगर इसे साहित्य के दृष्टिकोण से देखे तो यह आदर्श हुआ परंतु हम देखते हैं कि हम केवल आदर्श पर ही बात करते हैं, यथार्थ क्या है इस पर हमें गहन चिंतन मनन करने की आवश्यकता है। प्राचीन काल से लेकर अब तक नशा विभिन्न सामाजिक समस्याओं में से एक प्रमुख समस्या रही है। विभिन्न सामाजिक समस्याओं से आज हमारा परिवार और समाज जूझ रहा है उसमें एक ज्वलंत समस्या है नशाखोरी। हम देख रहे हैं कि नशे की लत निम्न तबके से लेकर उच्च वर्ग तक के लोगों में दिखाई देती है। इसमें हर उम्र के लोग देखे जा सकते हैं। अब अगर हम सोचें कि नशे में बढ़ोतरी के कारण क्या हैं तो इनमें प्रमुख कारण हैं जागरूकता का अभाव, संगति का प्रभाव, नशे के पदार्थ का आम जन तक सहज पहुंच, विकास के साधनों की कमी, बड़ों के व्यवहार में लापरवाही, सिनेमा का प्रभाव , वैश्वीकरण, सरकार द्वारा कर के रूप में कमाई, एकल परिवार में बढ़ोतरी आदि जिससे नशा करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। सबसे ज्यादा प्रभावित वर्ग युवा वर्ग और किशोर बच्चे हैं। इसके कारणों पर अगर हम दृष्टिपात करते हैं तो देखते हैं कि युवा वर्ग अपना एक रोल मॉडल रखता है। किसी युवा का रोल मॉडल सलमान खान है तो किसी का शाहरुख खान, किसी का अजय देवगन है तो किसी का अक्षय कुमार और यही अगर विज्ञापन करते दिख जाए ''बोलो जुबा केसरी'', एक एक विज्ञापन से लाखों-करोड़ों युवा गुटके को अपना शौक बना लेते हैं। ''जिंदगी में थोड़ा रिफ्रेशमेंट चाहिए'', ''मुंह में रजनीगंधा कदमों में दुनिया'' या ''कमला पसंद'' आदि बड़े-बड़े अभिनेताओं के माध्यम से पान मसालों के विज्ञापन व्यावसायिक लाभ के उद्देश्य से करवाए जाते हैं। आज अगर इस तरह के विज्ञापनों में ऐसी चीजें खुलेआम राष्ट्रीय मंच पर बेची जा रहा है जिसमें सुपारी, तंबाकू या अन्य कैंसर के कारण बनाने वाले पदार्थों का इस्तेमाल किया जा रहा है तो स्वाभाविक रूप से हम नशे और बीमारी ओर युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। आज गानों में, फिल्मों में, नाटकों में, एल्बम में, नशे के सेवन को दिखाया जाता है जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव युवा और किशोरों में देखा जा सकता है। युवा अपने रोल मॉडल की तरह ही व्यवहार करते हैं। अभिनेता और अभिनेत्री फिल्म और विज्ञापन में अपनी भूमिका निभा कर पैसे लेकर निकल जाते हैं। डायरेक्टर, प्रोड्यूसर अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, नशीले पदार्थ विक्रेता बड़े रूप में लाखों खर्चा करके अपना प्रचार प्रसार करते हैं, करोड़ों कमाते हैं, सरकार कर लेकर अपना कोटा भर लेती है और बुद्धिजीवी वर्ग सेमिनार और वेबीनार के माध्यम से इन विषयों पर आयोजन करवाकर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस तरह की संमाजिक समस्याओं का समाधान ढूढंने का प्रयास करते हैं। जो व्यक्ति इनसे प्रभावित होते है उन्हें यह पता नहीं होता कि इन चीजों का सेवन करके किस गर्त में जा रहे हैं और उनके रोल मॉडल और फिल्मों के असलियत से वे कोसों दूर रहते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि समाज को नशा मुक्त करना है तो हम सबको मिलकर पूरी सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन लाना होगा। आज हम वैश्वीकरण के युग में इतना विकास कर चुके हैं कि पूरा विश्व हमें गांव लगने लगा है। वैश्वीकरण से वस्तुओं का आदान-प्रदान और सुलभ हो गया हैं। पश्चिमी संस्कृति को अपनाना तो हम बहुत पहले ही प्रारंभ कर चुके हैं। हमारी भारतीय संस्कृति त्याग, संयम, सादा जीवन-उच्च विचार को प्रसारित करती है, वहीं पश्चिमी संस्कृति उपभोक्तावाद, मौज-मस्ती आदि मूल्यों को बढ़ावा देती हैं। आज अधिकतर भारतीय युवाओं के दिमाग में यह है कि आधुनिकीकरण का सीधा संबंध पश्चिमी विचारों को ग्रहण करना है जिससे उनकी संकुचित सोच भी उन्हें नशे की ओर आकर्षित करती है। अंग्रेजी और हिंदी भाषा को लेकर ही हम विचारों में कितना उतार-चढ़ाव देखते हैं इस तरह हम देखते हैं कि नशे से परिवार में विघटन हो रहा है घरेलू हिंसा में वृद्धि हुई है, स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, प्रतिभा का ह्रास हो रहा है। हम विश्वविद्यालय में लगभग 4 से 5 साल तक विद्यार्थी के रूप में युवाओं को लगातार देखते हैं। मुझे बहुत दुख होता है इतने प्रतिभाशाली युवक व युवतियाँ नशे के प्रभाव में आकर अपनी प्रतिभा का फायदा नहीं उठा पाते हैं, फिर बेरोजगार होकर घूमते हैं। उनके माता-पिता अपने सहारे के रूप में देख रहे भविष्य पर रोते हैं। मजदूर वर्ग अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा नशे में लगाते हैं जिससे गरीबी बढ़ रही है। नशे के प्रभाव से व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता खत्म हो जाती है जिससे वे असामाजिक कार्य कर रहे हैं। अन्य अपराधिक मामले बढ रहें हैं। नशे से देश की सुरक्षा को भी खतरा है। भारत में सीमा पर भी नशे का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। पैसे की लालच में अनेक लोग इसमें लिप्त हैं गैर कानूनी काम आसानी से हमारे देश की जड़ों को कमजोर करने का काम कर रही है, इसके नुकसान व्यक्तिगत तो होते ही हैं साथ ही यह पूरे समाज पूरे देश के लिए अत्यंत चिंतनीय है। अब सवाल पैदा होता है कि नशे से कैसे बचा. और बचाया जाए। तब कुछ तथ्य सामने आते हैं। परिवार वालों को अपने बच्चों की संगति और उनकी दिनचर्या पर ध्यान देना आवश्यक है । उनका शेड्यूल ऐसा बनाएं कि उनकी समझ आते तक वह शेड्यूल के हिसाब से काम करें। युवाओं को रोल मॉडल तथा मनोरंजन के साधनों पर सोच विचार करना होगा। खेलकूद में भागीदारी पर जोर देना होगा। परिवार के बड़े कम से कम बच्चों के सामने नशा ना करें। टीवी, रेडियो, संचार के माध्यमों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की जानी चाहिए। नशे से होने वाले दुष्परिणाम संबंधी फिल्म बनानी चाहिए। स्कूल में चरित्र निर्माण संबंधी पाठ्यक्रम पढाना चाहिए और उन्हें नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराना चाहिये। देश में तकरीबन डेढ़ करोड़ बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं, तीस लाख बच्चे शराब, बीस लाख बच्चे भांग, चालीस लाख बच्चे ओपियोइड्स, बीस लाख बच्चे सीडेटिप्स, तीस लाख बच्चे इन्हेलेंट, दो लाख बच्चे कोकीन, चार लाख बच्चे एटीस, और दो लाख बच्चे हल्लुकिनोजेंस के उपयोगकर्ता पाए गए। यह आंकड़े सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय मादक द्रव्य निर्भरता उपचार केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के माध्यम से कराए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण पर आधारित है। नशे बच्चों को एक अँधेरी दुनिया में धकेल रहे हैं.। देश में तमाम कायदे, कानून हैं और सरकारें भी नशा मुक्ति अभियान चला रही हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में यदि बच्चे नशीले पदार्थों के उपयोगकर्ता के रूप में सामने आ रहे हैं, तो यह स्थिति निश्चित ही चिंताजनक है.। ड्रग वार डिस्टॉर्सन और वर्डामीटर की रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में मादक पदार्थों का अवैध व्यापार सालाना लगभग 30 लाख करोड़ रुपए का है। वहीं नेशनल ड्रग डिपेंडेंट ट्रीटमेंट (एनडीडीटी), एम्स की वर्ष 2019 की रिपोर्ट बताती है कि अकेले भारत में ही लगभग 16 करोड़ लोग शराब का नशा करते हैं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की भी है। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1.5 करोड़ महिलाएं देश में शराब,अफीम और कैनबिस का सेवन करती हैं। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत

आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। कुछ रिपोर्ट्स बच्चों के भी बड़ी संख्या में नशे की चपेट में आने की जानकारी देती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2017' के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत अवैध ड्रग्स की वजह से हुई। इनमें से लगभग 22000 मौतें भारत में हुई। गंभीर बात यह है कि देश में पारंपरिक नशे जैसे कि तम्बाकू, शराब, अफीम के अलावा सिंथेटिक ड्रग्स स्मैक, हिरोइन, आइस, कोकीन, मारिजुआना आदि का उपयोग तेजी से बढ़ा है। देश और दुनिया में नशे के उपयोग और उसके गंभीर परिणामों के बारे में बीते अनेक वर्षों से अध्ययन होते रहे हैं और गंभीर परिणामों को व्यक्त करने वाली रिपोर्ट आती रही है। वर्ष 2020 में नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े अपराधों में 81.6 प्रतिशत अपराधियों को सजा मिली है. वहीं, दुनियाभर में नशे की वजह से तकरीबन दो लाख मौतें हर साल होती हैं और भारत में पिछले तीन सालों में ही ड्रग्स का बाजार 455 फीसदी तक बढ़ गया, जोकि चिंतित करने वाला आंकड़ा है.। निष्कर्षतः नशा समाज के लिए वह जहरीला दानव है जो युवा वर्ग को सबसे ज्यादा निगल रहा है। इसके घातक परिणामों को जानते हुए भी लोग इसकी गिरफ्त में हैं और हमारा समाज पूरी तरह नशामुक्त नहीं हो पाया है।

****

संदर्भ ग्रंथ:-

1. https:@@hindi-news18-com@blogs@rakesh&kumar&malviya@more&than&one&and&half&crore&kids&addicted&to&drugs&in&india&3452493-html
2. https:@@www-bhaskar-com@national@news@drunk&business&worth&30&lakh&crores&in&the&world&20&percent&population&of&the&country&is&under&arrest&127756828-html
3. https:@@www-aajtak-in@india@news@story@drugs&market&increased&by&455&percent&in&three&years&two&lakh&deaths&in&the&world&every&year&ntc&1336675&2021&10&05

आधुनिक युग में मीडिया का बदलता स्वरूप- वर्तमान समय की मांग

डॉ राहुल कुशवाहा

प्रोफेसर एवं समन्वयक - स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, जयपुर
मो. 8527432855

प्रस्तावना- समस्त विश्व में आज चारो तरफ मीडिया का वर्चस्व नजर आ रहा है। मीडिया अपने माध्यम से लोगों तक अपनी पहुंच बनाने में कारगर हुआ है। मीडिया का जो रूप हमें पहले दिखाई देता था आज वह एक दम बदल गया है। पहले मीडिया का मतलब सूचना से हुआ करता था। सूचना में अखबार, टी-वी समाचार और रेडियो समाचार का मुख्य माध्यम था। धीरे-धीरे मीडिया का स्वरूप बदलकर मनोरजंन के साथ व्यवसाय जगत में तब्दील हो गया। अब इस व्यवसाय में प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया का पदार्पण शुरू हो गया। पूरे विश्व में संचार माध्यमों का जाल इतना फैल गया है कि समाज में सभी काम मीडिया की निगरानी में संभव हो रहा हैयह संजाल समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करता है। इस हाइटेक युग में साइबर मीडिया ने इलेक्ट्रानिक जनसंचार माध्यमों से सारा स्वरूप पलट कर रख दिया है। मीडिया समाज में अलग-अलग रूपों में अपनी लोकप्रियता कायम कर रहा है। समाज में हर तबके का व्यक्ति इस अत्याधुनिक उपकरण का आनंद उठा रहा है समाज में इस लोकप्रियता को बनाए रखने के लिए मीडिया को हर रोज नई चुनौतियो से गुजरना पड़ रहा है। नई तकनीक से बने उपकरणों की लोकप्रियता पूरे ब्रह्मांड में फैल गई है। समाज में मीडिया के नए संसाधनो के आगमन से समय एवं धन का तो लाभ हुआ है साथ ही नई पीढ़ी को चुनौतियाँ भी मिली है। इस माध्यम के जरिए कुछ दुष्प्रभाव भी सामने आए है। जहाँ मीडिया का यह स्वरूप समाज को नई पहचान दे रहा है। वहीं मीडिया का गलत इस्तेमाल चाहे वह मीडिया के किसी भी सोपान से जुडा हो। वह समाज के लिए लाभदायक नहीं है।

बीज शब्द: मीडियां, प्रिंट मीडिया, न्यू मीडिया, सोशल मीडिया, संस्कृति, मौलिकता, पेड न्यूज, व्यवसाय, व्यापार जगत, प्रमोशन।

परिचय–भारत की समाज दुनिया के प्राचीन समाज में से एक है। अलग-अलग जाति, प्रजाता एवं संस्कृति से मिलकर भारतीय समाज का निर्माण हुआ है। भारत में अनेक जाति, धर्म समुदाय, के व्यक्ति रहते है। सभी के रहने का ढंग एवं जीवन शैली भिन्न-भिन्न प्रकार की है। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में बने समुदाय, संगठनों से मिलकर ही समाज बना है। ठीक उसी प्रकार मीडिया का भी वही जुड़ाव समाज से रहा है। संगठन, समाज एवं व्यक्तियों के आपसी तालमेल और रास्ता दिखाने में मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मीडिया आम जनसमूह एवं पूरे समाज में पकड़ बहुत कम समय में बना लेता है। समाज से जुड़ी छोटी-छोटी एवं बड़ी गतिविधियों को पूरे विश्व के सामने प्रकट करने में बड़ा सहायक है और इन्ही गतिविधियों से समाज में परिवर्तन होता है। इन्हीं परिवर्तन से मीडिया अपने अस्तित्व एवं अर्थ की उपिस्थति दर्ज कराता है। समाज के प्राचीन होने की जानकारी सिन्धु सभ्यता से मानी जाती है। जो कि 500 से 700 हजार वर्ष पूर्व विकसित हुई थी। माना जाता है विश्वभर मे प्राचीन सभ्यताएं नदी घाटियों से चली आ रही है। इन सभी सभ्यताओं और रीति रिवाजों के बीच समाज में संचार का माध्यम का बडा महत्व हो जाता है। परिवर्तन के लिहाज से भी मीडिया बहुत बड़ा माध्यम है। मीडिया आज के समय की माँग में शामिल है। वह चाहे प्रिंट मीडिया हो, इलेक्ट्रानिक मीडिया हो या सोशल मीडिया हो, हर जगह मीडिया ने अपनी उपिस्थति दर्ज कराई है।

विभिन्न प्रकार के मीडिया तंत्र-

मीडिया शब्द एकवचन में समाहित है जबकि मीडिया का अर्थ बहुत आयामों में होता है। मीडिया का संबंध प्रमुख रूप से प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया से माना जाता है। जबकि इसका तीसरा रूप बाह्य संचार को भी प्रस्तुत करता है। लोक-माध्यम भी मीडिया का एक सशक्त माध्यम है। मीडिया हमारे समाज, राष्ट्र एवं व्यक्तिगत जीवनधारा को सीधे और अप्रत्यय रूप से प्रभावित करता है। पिछले कुछ सालों में नई-नई तकनीकी के बढ़ते विकास ने सूचना एवं क्रांति को बढ़ाया है जिससे मीडिया के स्वरूप को बहुत सम्भावनाएं मिली है एवं मीडिया ने उसका पूरा रूपांतरण कर दिया है। टी-वी- रेडियो एवं बढ़ते समाचार पत्रों की माँग ने सम्प्रेषण की व्यवस्था के नए रूप को खड़ा किया है। मीडिया के

अर्थ एवं स्वरूप को बदलने में कंप्यूटर, इंटरनेट, फिल्म, लैपटॉप, फेसबुक, ट्वटर, वाट्सएप, ई-मेल, मोबाइल, एम-एम-एस- आदि ने बहुत सहायता की है। इन माध्यमों ने मीडिया को नई स्वतंत्रता एवं ऊर्जा दी है।

प्रिंट-मीडिया- प्रिंट मीडिया को सीधे-सीधे छपा हुआ सूचना का माध्यम भी कह सकते है। यह वह माध्यम है जो छपे हुए शब्दों के माध्यम से पाठक को सूचना प्रदान करता है। प्रिंट मीडिया की तह में जाएं तो पता चलता है कि पौराणिक काल में संचार का सशक्त माध्यम प्रिंट ही था। धीरे-धीरे प्रिंट मीडिया का स्वरूप बदला और प्रिंट छापे वाली प्रणाली में लोगों के सामने आया। कागज के माध्यम से पत्र के रूप में सूचना तत्रं का विकास प्रारंभ हुआ। समाज में खबरों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य खत, चिटठी, पत्र, पर्चे न जाने किन-किन नामों से आगे बढा। समय बदला और प्रिंट मीडिया का चलन अखबारों के साथ शुरू हो गया। अखबार, पत्र, पत्रिका का चलन आज भी बदस्तूर जारी है। भारत में लिखित भाषा को ही कोर्ट और सरकारी कामकाज में प्रथम माना जाता है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया- मीडिया आज हमारे जीवन का जरूरी हिस्सा है। विश्व में मीडिया का महत्व बहुत अधिक है। मीडिया मुख्य रूप से सामायिक जीवन के प्रति जागरूक है। मीडिया व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ता है। इस आधुनिक युग में नई-नई खोजों के बल पर इलेक्ट्रानिक मीडिया के क्षेत्रों में अनेक नए जनसंचार माध्यम उभरकर सूचना जगत में दस्तक दे रहे है। इनकी अपनी अलग-अलग सत्ता है, प्रत्येक का अलग इतिहास, स्वरूप और महत्व है। भारत का अधिकांश इलाका किसी न किसी मीड़िया से जुड़ा है। सबसे ज्यादा जिस माध्यम की पहुँच है वह है रेड़ियो, उसके बाद टी-वी, फिल्म, अखबार, केबल टी-वी, वीड़ियो पार्लर, टेपरिकॉर्डर, आदि। आरंभ में भारत में रेडियो और टेलीविजन पर केंद्र सरकार का स्वामित्व था। किन्तु बाकी मीडिया आरंभ से ही निजी क्षेत्र में था।

सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भारत के चौथे स्तम्भ मुख्यतः इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अभूतपूर्व उपलिब्धयाँ हासिल की है। आज इलेक्ट्रानिक मीडिया में मनोरंजन के समय को फिल्मी मनोरंजन से भरा जा रहा है। इलेक्ट्रानिक माध्यमों का असर छपे हुए शब्दों से अधिक गहरा होता है। ये माध्यम व्यक्ति के मनोविज्ञान को बदलने की शक्ति रखते है। आज इलेक्ट्रानिक मीडिया का असर केवल बच्चों, युवक-युवतियों, किशोरों पर ही नहीं बडों पर भी हो रहा है। इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए भारत में प्रसार का आसान रास्ता मिल गया है। जो कि आसान होकर भी आसान नहीं है।

नुक्कड़ नाटक- घर की चार दीवारों से बाहर निकल कर अलग-अलग समुदायों के व्यक्तियों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जाता है। नुक्कड़ नाटक का मुख्य कार्य लोगों को जागरूक करके सूचना प्रदान करना है। नुक्कड़ नाटक संचार माध्यमों का एक मात्र ऐसा माध्यम है। जो सीधे-सीधे लोगों द्वारा लोगों तक पहुँचाया जाता है। नुक्कड़ नाटक गली मोहल्ले में खेला जाने वाला नाटक होता है। इसमें गली मोहल्ले की परेशानियों, बिमारियों, समाज से जुड़ी समस्याओं एवं गलत नीतियों पर प्रकाश डालने के लिए जोर दिया जाता है।

सोशल मीडिया का विकास- सोशल मीडिया एक ऐसा माध्यम है जिसको कि अपरंपरागत माध्यम कहा जाता है। जो इंटरनेट के माध्यम से एक वर्चुअल वर्ल्ड बनाता है। सोशल मीडिया का इतिहास आपकी और हमारी सोच से बहुत दूर का है। भारतीय समाज में आज सोशल मीडिया अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। आज आम जन किसी न किसी माध्यम से सोशल मीडिया का हिस्सा है। पौराणिक युग से ही इसकी शुरुआत मानी जाती है। पौराणिक कथाओं कि बात करें तो माना जाता है कि नारदमुनि सबसे बडी सोशल मीडिया के वाहक रहा है। वहीं से सोशल प्लेटफोर्म की शुरुआत मानी जाती है। उस वक्त पेड की पत्ती एवं छाल से सूचना को आगे बढाने का कार्य किया जाता था। पशु पक्षी भी उस समय सूचना तंत्र में अहम भूमिका निभाते थे। पेड, पौधों से कागज की शुरुआत हुई और लेखन कार्य ने मुद्रण रूप ले लिया। एक स्थान से दूसरे स्थान पर सूचना पहुंचाने को कार्य कागज एवं मुद्रण प्रणाली से आगे बढने लगा। आधुनिक-

समय की बात करे तो 30 जून को सोशल मीडिया दिवस मनाया जाता है। वह चाहे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम हो। मीडिया के ये नए सोपान जो विश्वभर में आज अपनी अलग पहचान बना चुके है। इस विषय पर देवेन्द्र इस्सर कहते हैं कि ''यह युग मीडिया का युग है। यह कहना अतिश्योक्ति नही होगा कि हम मीडिया संचालित समाज में जी रहे हैं। समस्त संसार में सम्प्रेषण तथा संचार माध्यमों के कारण विस्मयकारी परिवर्तन आ रहे हैं। परंपरागत माध्यमों मे नई प्रोद्यौगिकी विकास के कारण अद्भुत तब्दीलियाँ आ रही है। डिजिटल टैक्नोलॉजी ने पहले ही मीडिया का स्वरूप बदल दिया है। परिणाम स्वरूप वतर्मान समय में मीडिया वस्तुओं, व्यक्तियों तथा विचारों को तीव्र गति से व्यापक तौर पर प्रभावित कर रहा है।

समाज पर इन मीडिया माध्यमों का सीधा-सीधा असर पड़ता है। आज के युवाओं पर सोशल मीडिया का बहुत गहरा प्रभाव पडता है। लोगों का यहां तक मानना है कि अगर आप सोशल मीडिया पर उपिस्थत नहीं है तो आपका अस्तित्व खतरे में है। आप अत्याधुनिकता के दौर में अनेकों सूचनाओं और जानकरी से वंचित है। समाज में अपनी उपिस्थति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपने आप को समय और समाज के अनुसार अपडेट रखें। सोशल मीडिया कि श्क्त का अंदाजा यहां से भी लगाया जा सकता है कि भारत में कोर्ट के फैसलों में भी सोशल मीडिया की उपिस्थति दर्ज होने लगी है। आज कोई भी महत्वपूर्ण सूचना या समाचार बडी तेजी से सोशल मीडिया पर शेयर की जाती है। इंटरनेट एवे मोबाइल के माध्यम से सोशल मीडिया अब संचार का सबसे बडा माध्यम बन गया है।

सोशल मीडिया का युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव- आप कम से कम समय में सर्वाधिक दर्शकों तक पहुंचते हैं।आपका अपने दर्शकों से सीधा संबंध स्थापित करने में सुलभ है।आप शैक्षणिक पाठ्य सामग्री आसानी से बना सकते हैं।आपके पास सशुल्क विज्ञापन सेवाओं तक पहुंच है।आप अपना खुद के ब्रांड का प्रचार व प्रसार अत्यन्त ही कम खर्चे में बना सकते हैं।आप अपनी वेबसाइट पर ट्रैफिक लाते हैं।आप अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन कर सकते हैं।

सोशल मीडिया का युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव- लोगों में भावनात्मक जुड़ाव का अभाव हो रहा है।लोगों को आहत करने का लाइसेंस देता है।व्यक्तियों में आमने-सामने होने वाले संचार कौशल को कम करता है।भावनाओं की अप्रमाणिक अभिव्यक्ति को व्यक्त करता है।हमारी अपनी समझ और विचारशीलता को कम करता है।लोगों काम सामाजिकता से दूर ले जाता है।

मीडिया और पेड न्यूज- पेड न्यूज शब्द अपने आप में ही एक भद्दा शब्द है। सीधे तौर पर बात करें तो पेड न्यूज वह है जो धन देकर प्रकाशित या प्रसारित की जाती हो। यह वह खबर होती है जिसको चलवाने या छपवाने के लिए किसी ने पैसा दिया हो। पत्रकारिता की सारी नियमावली आज पेड न्यूज के हाथों कि कठपुतली बन गई है। पैसा और पावर का नशा आज मीडिया में पेड न्यूज के माध्यम से साफ नजर आने लगा है। राजनैतिक पर्टियां और कॉरपोरेट हाउस नगद या गिफट के माध्यम से खबरों को अपने मुताबिक बनवा लेते है। पहले न्यूज को 'प्वाइंट ऑफ व्यू' माना जाता था जो कि मुद्दों पर बात करता था। प्वाइंट टू प्वांइट बातों से खबरों की तह तक जाकर सार्थकता मजबूत करता था। लेकिन वैश्वीकरण के इस दौर में आज मीडिया प्रोडक्ट बन गया है। भारत जैसे विशाल देश में मीडिया की संकल्पना समाज को देखकर की गई थी। कुछ लोग पेड न्यूज को फेक न्यूज भी बोलते है। शायद उनका तात्पर्य बिकी हुई खबर का अस्तित्व न रहने से है। माना जाता है कि जो खबर पैसो के माध्यम से दिखाइ या छपवाई जा रही है उसमें लाज्मी है कि सत्यता का अभाव होगा ही।

व्यवसायिकता की ओर मीडिया कम बढते कदम- एक समय था जब पत्रकारिता को संविधान का चौथा खम्बा कहा जाता था। इसलिए मीड्या की समाज के प्रति और देश के प्रति बहुत बडी जिम्मेदारी थी है। इस बात को भी कोई झुटला नही सकता कि मीडिया का सोपान चाहे इलेक्ट्रानिक हो या प्रिंट दोनों को ही अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विज्ञापनों पर निर्भर रहना पडता है। एक-एक अखबार और पत्रिका के कवर पेज लाखों करोड़ों की शर्त पर छापे जाते है। सभी पत्रिका और न्यूज चैनल अपने हिसाब से मोल-भाव करता है। मीडिया का लक्ष्य देश सेवा से देश मेवा तक कब आ जाता है किसी को पता भी नही चलता। खबरों को तोड़-मरोड कर पेश करना और बिना खबर के पुख्ता किए खबरों को समाज सामने ले आना यह प्रतीक है कि मीडिया आज अपने लक्ष्य से भटक गया है। एक समय था जब लोग मीडिया की बातों को सत्य मानकर अपने जीवन के प्रमख फैसले ले लिया करते थे, लेकिन आज

मीडिया गलत खबर छापकर या चलाकर माफी मांग लेता है। किसी ने सच ही कहा है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर बात तो एक ही है यह हाल मीडिया जगत का है। समय के साथ मीडिया अपनी जिम्मेदारी से इस प्रकार पल्ला झाडता नजर आएगा यह किसी ने सोचा तक नही था। इस विषय पर कुछ लोगों के यह भी तर्क है कि मीडिया को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए जो दिखता है वो बिकता है कि शैली पर चलना आवश्यक है। क्योंकि मीडिया को पैसा केवल विज्ञापनों से ही प्राप्त होता है। मीडिया समाज में होने वाली गतिविधियॉ और घटनाओं को लेकर अपनी भूमिका दर्ज कराना प्रथम कार्य मानता था। लेकिन आज समय के साथ वह भूमिका बदल गई है। आज हम स्वयं यह देख सकते है कि मीडिया वहीं अपनी रूचि ज्यादा दिखाता है जहां कार्पोरेट जगत या फिल्मी हस्तियों की आवाजाही ज्यादा है। मीडिया इस प्रक्रिया के माध्यम से कॉरपोरेट जगत से जुड़ता है। हमारे समाज में दिन-प्रतिदिन होने वाले परिवर्तन को देखकर मीडिया में भी बदलाव आ रहा है। ऐसा प्रतीत होता है मानो जिस विकास के उद्देश्यो को लेकर मीडिया शुरू हुआ था वह कहां पीछे रह गया है। मीडिया अपने विकास के लिए खबरों को तोड़-मरोड़ के प्रस्तुत करने में भी गुरेज नहीं कर रहा है। मीडिया की गतिविधियाँ या कहीं कारनामें ऐसे हो गये है कि मानो किसी सस्ती साबुन या क्रीम का प्रचार ही उसकी लोकप्रियता का एक मात्र साधन बचा रह गया है। थोड़े-थोड़े विज्ञापन, कार्यक्रम, प्रचार, आदि के माध्यम से अपने विकास की स्याही संजो रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में मीडिया पहले से ज्यादा विकसित हुआ है। आज देश विदेश के समाचार चैनलों में एक होड़ सी लगी है। सब अलग तरह के समाचार एवं उसके प्रसारण की दौड़ में बिजी है। इस प्रकार ये चैनल प्रमुख खबर की मौलिकता भी गवां देते है।

निष्कर्ष-समाज में मीडिया की अहम भूमिका है, मीडिया को इसलिए समाज का दर्पण कहा जाता है कि जो भी समाज में घटता है उन सब तथ्यों और घटनाओं को मीडिया अपने माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत करता है। मीडिया को किसी का गुलाम नही होना चाहिए लेकिन पिछले कुछ वर्षा से जिस प्रकार मीडिया पर आरोप लगाए जा रहा है कि मीडिया पैसे लेकर खबर छापता है, जिसको पेड न्यूज कहते है। इस बात की चर्चा पिछले कई वर्षो से हो रहा है, और इसी मीडिया में व्यवसाय का आगमन होने से मीडिया के स्वरूप में अनेकों बदलाव हुए है। आज मीडिया जगत एक इंडस्ट्री में तब्दील हो गया है। मीडिया की पहचान प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया से सोशल मीडया में मिलकर एक बडे व्यवसाय की दुनिया में पहुंच गई है। सोशल मीडिया जैसा कि नाम से ही जाहिर होता है कि समाज से जुडा है। ठीक उसी प्रकार इस मीडिया की कार्यशैली भी अलग है। आज मोबाइल, टी-वी, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम से कहीं आगे लघु फिल्म एवं क्लीपिंग हो गई है। छोटी-छोटी रील के बनाने से समाज में हर दिन कोई न कोई मैसेज या सूचना आदान प्रदान हो रहा है। जोकि समाज पर सीधे असर करती है। समाज में मीडिया का यह स्वरूप आज एक अलग पहचान बना चुका है। लेकिन यह व्यवसायिक रूप समाज के लिए बहुत हद तक घातक है। इसमें मीडिया को यह ज्ञात होना चाहिए कि समाज में आज भी न्यूज सच्चाई को तवज्जो देती है। मीडिया को अपना लक्ष्य हमेशा याद रहना चाहिए क्योंकि मीडिया को समाज का दर्पण और चौथा स्तम्भ माना गया है। इसलिए कहा जाता है कि सामाजक कडियों से छेडछाड किसी भी देश की मीडिया और सामाज के लिए हितकारी नही है।

******

सन्दर्भ सूची-

1. http://smallbiztrends.com/2013/05/the-complete-history-of-social-media-infographic.html
2. http://www.business2community.com/social-media/impact-social-media-truly-society-0974685
3. http://smallbiztrends.com/2013/05/the-complete-history-of-social-media-infographic.html
4. मीडिया लेखन, डॉ- गंगा सहाय प्रेमी, हरीश, विश्वविद्यालय प्रकाशन, नवीन संस्करण, प्र-सं--28
5. मीडिया सिंद्धातकार-3, वैकिल्पक मीडिया लोकतंत्र और नॉम चोम्स्की, जगदीश्वर चतुर्वेदी सुधा सिंह, प्रथम संस्करण-2008, पृ-सं--115
6. मीडियाः मैथ्स और मूल्य, देवेन्द्र इस्सर, इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2006, पृ-सं--15 मीडिया विमशर्, डॉ- राम लखन मीणा, कल्पना प्रकाशन, दिल्ली

पूर्वी राजस्थान के नाथ संत श्री दुर्बलनाथ का चिन्तन

डॉ. शीतल प्रसाद महेन्द्रा
सह आचार्य
राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
बांदरसिन्दरी (अजमेर)

राजस्थान के दौसा जिले के उपखंड बांदीकुई में समाधिस्थ सन्त श्री दुर्बलनाथ का जन्म भाद्रपद सुदी (शुक्ल पक्ष) एकादशी विक्रम सम्वत् 1918 तदर्थ सन् 1861 में बिचगांव तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर में हुआ था । यह हरियाणा, राजस्थान व उत्तर प्रदेश की सीमाओं में विस्तृत क्षेत्र है, जिसने मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर से टक्कर ली थी और जिसने भारत की मिली-जुली तहजीब को आज तक सुरक्षित रखा है । आपके पिता का नाम **श्री फतुराम मल्होत्रा** एवं माताश्री का नाम **श्रीमती रूपा देवी** था। बचपन में आपका नाम **कल्याण** रखा गया। बचपन से ही सन्त श्री दुर्बलनाथ ऊँच-नीच से जकड़े समाज में उच्च वर्ग के शोषण का शिकार हुये। निम्न जाति खटीक में शिक्षा का प्रसार नगण्य था। शुद्र समझे जाने के कारण बालक **कल्याण** को भी शिक्षा का अवसर नहीं मिला फलत: वे निरक्षर रहे।

अपने माता-पिता की इच्छा का सम्मान करते हुए एवं अपने मातृ-पितृ ऋणों से उऋण होने के लिए 18 वर्ष की अवस्था में अलवर की एक पन्द्रह वर्षीय सजातीय, सुयोग्य एवं सुशील कन्या 'मानावती' से विवाह कर लिया। यहाँ यह दृष्टव्य है कि इनका बाल विवाह नहीं हुआ । आपने पूर्ण मनोयोग से गृहस्थ धर्म का पालन किया और 'मानावती' जी को तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियों की माता होने का सौभाग्य प्रदान किया। आप गृहस्थ धर्म का पालन करते हुये भी भगवद भक्ति की ओर से विमुख नहीं हुये वरन् अपने आपको मोह के मकडज़ाल में उलझाने के बजाय उससे निर्लिप्त रखने का प्रयास करते रहे।

'श्यामदा' गद्दी पर विराजित गुरु गरीब नाथ जी से आपने दीक्षा ली इसके उपरांत नाथ सम्प्रदाय परम्परा अनुसार आपका नाम **'दुर्बलनाथ'** रख दिया गया । अलवर जिले में अवस्थित श्यामदा (सामदा) गद्दी गुरु गरीब नाथ जी की तपोस्थली रही है। यह अलवर-बहरोड राजमार्ग पर स्थित है। यह गद्दी भरथरी बैराग (भर्तृहरि वैराग्य) की गद्दी मानी जाती है। सम्भवत: मत्स्य प्रदेश (अलवर) में अधिकतर गद्दियाँ इसी सम्प्रदाय की हैं, क्योंकि भरथरी नाथ का प्रवास इस क्षेत्र में बहुत अधिक हुआ है, जिसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि अलवर के 'तिजारा' में भरथरी की गुफा बनी हुई है, माना जाता है कि जहाँ कभी भरथरी नाथ जी ने तपस्या की थी। इस गुफा का उल्लेख उज्जैन स्थित एक शिलालेख पर भी किया हुआ है। इनके अलावा अलवर जिले के सरिस्का क्षेत्र में कई स्थान ऐसे हैं, जिनका सम्बन्ध विभिन्न अनुश्रुतियों के द्वारा भरथरी से स्थापित होता है।

अपने यौगिक जीवन में आपने लगभग 1396 सबदों व वाणियों की रचना की जो कि विभिन्न स्थानों पर सम्पूर्ण उत्तर भारत में उपलब्ध हुई हैं। इनका संकलन कर सर्वप्रथम इन्हें **'अनुभव आतम प्रकाश'** नाम से प्रकाशित कराने का श्रमसाध्य कार्य पीर श्री शंकरनाथ जी ने 1963 ई. में किया। अपने अन्तिम समय में आपने बाँदीकुई (दौसा) राजस्थान में अपना आश्रम बनाया। यहीं आश्रम पर भजन करते हुये 6 माह पूर्व ही सभी सत्संग प्रेमी भक्तों के समक्ष 6 माह पश्चात् की पूर्णिमा को देह त्याग करने की घोषणा कर दी और ठीक 6 माह पश्चात् चैत्र सुदी पूर्णिमा वि.सं. 1986 (सन् 1929) को प्राणायाम के अभ्यास से समाधिस्थ होते हुए ब्रह्मलीन हो गये। आप इस संसार में 68 वर्ष रहे जिसमें 39 वर्ष के वैराग्य जीवन में अतुलित चमत्कारिक कार्य करते हुए मानव मात्र को मोक्ष का मार्ग दर्शाते हुए उपदेश देते रहे।

नाथ चिन्तन/दर्शन:-

भारतीय दर्शन का जीवन से निकटतम जुड़ाव है। भारतीय दर्शन **'सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:'** की विचारधारा पर आधारित है। यह परमार्थ पर आधारित एवं आन्तरिक अनुभूतियों से आबद्ध दर्शन है। मानव जीवन को सुव्यवस्थित बनाना तथा जीवन की समस्याओं, दु:खों का निराकरण करना भारतीय दर्शन का पावन लक्ष्य रहा है। भारतीय दर्शन में धर्म एवं नैतिकता को सर्वाधिक प्रश्रय मिला है। इस दर्शन का व्यापक प्रभाव नाथों के चिन्तन पर भी परिलक्षित हुआ है।

नाथों में ब्रह्म का स्वरूप -बौद्ध विचारधारा से प्रभावित सिद्ध-साधकों के ब्रह्म विषयक दृष्टिकोण को महायान, मंत्रयान, वज्रयान, सहजयान सभी ने प्रभावित किया। सिद्धों का ब्रह्म शून्य स्वरूप है जो परम विशुद्ध, परम महासत्य, परम विज्ञान, परमोत्कर्ष, आदि-अनादि, मध्य-अमध्य, अन्त-अनन्त, अस्ति-नास्ति, पाप-पुण्य, भव-निर्वाण, जरा-मरण से परे है। नाथ परमपद स्वरूप ब्रह्म को शून्य निरंजन मानते हैं। इसी ब्रह्म को एक स्थान पर अक्षर-वर्ण विवर्जित कहा गया है। नाथ साधकों ने **नाथ निरंजन आरती गाँऊ** द्वारा ब्रह्म को निरंजन कहा है। यह निरंजन न सूक्ष्म है न स्थूल, न इसके डाल है न मूल यह तो सर्व व्यापक है। संत श्री दुर्बलनाथ के अनुसार-

तिजी आरती निरंजन दासा,देखा निरंजन खेल तमाशा॥

नाथों ने ब्रह्म के लिए 'सहज-शून्य' शब्दों को भी अपनाया है -

दविध्यामेटि सहेज में रहे ऐसा विचार मछिन्द्र कहै।
सँहज सुनि मन तन थिर रहे ऐसा विचार मछिन्द्र कहै।

सहज सुभाइ मिले अविनास कहकर वे ब्रह्म को सहज स्वरूप सिद्ध करते है। नाथ परमपद हेतु 'सबद' का प्रयोग भी करते है। यथा -

सबदहिं ताला सबदहि कूंची सबदेहि सबद जगाया।
सबदहि सबद सूं परचा हूआ सबदहि सबद समाया॥

इसी प्रकार संत दुर्बलनाथ कहते हैं-

करो शब्द की चीन, शब्द है आरम्भ पारा।
शब्द खण्ड ब्रह्मांड, शब्द ही राचन हारा॥
शब्द अखण्डी पुरुष है, नहीं रग नहीं रूप।
तन से न्यारा देख ले, नहीं छाया नहीं धूप॥

नाथ ब्रह्म की अनिर्वचनीयता की ओर संकेत कर संत दर्बलनाथ कहते हैं-

धरन गगन से दूर है, नहीं वहाँ पवन और नीरा।
चन्द नहीं सूरज नहीं, नहीं वहाँ नौलख तारा॥
रहणी करणी वहाँ है नहीं, नहीं वहाँ नेम न क्रिया।
वेद किताब की गम नहीं, नहीं वहाँ काजी ब्रह्मा॥

सब देवां सिरि उदबुदि सूरति कहकर ब्रह्म को सब देवो से श्रेष्ठ तथा प्रज्ञा-प्रतिमा की संज्ञा प्रदान की है। ब्रह्म को तत्व रूप में निज तत्व कहा है। नाथ ब्रह्म को अद्वैत मानते है। **'गगनिसिषर महि सबद प्रकास्या, तहं बूझै अलघ बिनांणी'** द्वारा नाथ कहते हैं कि यह शब्द रूपी ब्रह्म अनहदनाद स्वरूप अभ्यान्तर में सुना जा सकता है तथा ब्रह्मवेत्ता ही इसे जान सकते है। यद्यपि संत दुर्बलनाथ का ब्रह्म परंपरागत ही है।

निर्गुण स्वरूप - नाथों ने निर्गुणोपासना को अपनाया। कबीर ने ब्रह्म के निर्गुण स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा है कि निर्गुण ब्रह्म अलख निरंजन है, जिसे कोई देख नहीं सकता। वह न शून्य है न अशून्य उसकी कोई रूप-रेखा भी नहीं। संत दुर्बलनाथ निर्गुण स्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं-

सत मानो सन्तों, बहुर न आना होय नै जाना॥
निराकार सू हम चल आया, यहाँ आकर आकार बनाया।
सूर दरियाव निरंजन करता, रचना राच रचाया॥

अनिर्वचनीय स्वरूप - संतों ने 'अजर अमर कथै सब कोई अलख न कथणां जाई' द्वारा ब्रह्म की अनिर्वचनीयता को प्रकट किया है। बिन देही के पुरुष की और इशारा करते हुए संत दर्बल नाथ कहते हैं-

लेखे कोई संत सुजान हो, बिन देही एक पुरुष है॥
रैन दिवस वहाँ है नहीं, नहीं वहाँ मांढ मंढाना हो।
नहीं रचना नहीं राच है, नहीं वहाँ राचन वारा हो॥
पानी से उपजे नहीं, नहीं वह पवन समाना हो।
धरन गगन से दूर है, ऐसा पुरुष हमारा हो॥

परम तत्व अपने जैसा आप ही है। उसका वर्णन करना असम्भव है यह कहकर संत दुर्बलनाथ ने ब्रह्म को अनिर्वचनीय कहा है।

अद्वैत ब्रह्म - संत जन **'अरे भाई दोइ कहां सो मोहि बतावौ'** कहकर अद्वैत ब्रह्म का निरूपण कर द्वैत को कोरा भ्रम सिद्ध करते हैं। संत दुर्बलनाथ जल और नूर के माध्यम समझाते हैं-

जल बीच नूर नूर बीच जल, जल में पुरुष अपार।
पल में रचना रच गई सारी, साँची सूरत समार॥

निर्गुण - सगुणातीत ब्रह्म - नाथों ने ब्रह्म को निर्गुण-सगुण द्वंद्वों से परे माना है। संत दुर्बलनाथ निर्गुण में सगुण समाहित मानते हुए कहते है-

निराकार सू हम चल आया, यहाँ आकर आकार बनाया।
ब्रह्मा बन कर वेद चलाया, चारों जुग ठहराया॥
निराकार सू हम चल आया, यहाँ आकर आकार बनाया।
शिवजी बन कर जोग पसारा, सन्यासी का भेष बनाया॥

और कहते हैं-

माया जाल में फंस रहे, करे निरगुण का ज्ञानातेगा साधू ले गया, तो रहा हाथ में म्यान॥

संत दुर्बलनाथ पर ब्रज का प्रभाव बहुत है इसीलिए भगवानों का नाम भजनो में प्रयोग करना, गजानन्द की स्तुति, सत्संग में भगवान कृष्ण के दर्शन करवाना आदि उन्हे सगुण के अधिक करीब लाती है-

साधौ भाई गणपति देव मनाया।
गणपति देव सेवा थारी करता नित उठ ध्यान लगाया॥
शिवजी का नन्द कन्द सारा भरया सारा दुख नसाया।
लोंग सुपारी भेंट चढ़ाऊँ, पार्वती का जाया॥

शब्द, शून्य, निरंजन स्वरूप - नाथों ने ब्रह्म को शब्द, शून्य, सहज, निरंजन स्वरूप में निरूपित किया है।

रंग ना रूप वरण नहीं रेखा, ना कोई देह आकारा रे।
कहन-सुनन, लिखन नहीं भाषण, ना कोई लेख लिखारा रे॥
आवे न जावे, मरे नहीं जनमें, है निर्भय निराधारा रे।
अवगत अचल अखण्ड अविनाशी, रहे परा से पारा रे॥
निरालम्भ निर्भय निरधारा, अखय पीव हमारा रे।
'दुर्बलनाथ' वो अखय पुरुष है, अखय का काम अपारा रे॥

शब्द ऐसा ध्यान धरौ नर नहीं सबद अनाहद च्यंतनकरी। में ब्रह्म को शब्द रूप कहा है। संत दुर्बलनाथ के अनुसार-

सब को नाम, नाम सब मांही, नाम ही है अन नाम।
सब ही उपजे सब ही बिनसे, अमर नाम सत नाम॥

सम्यक् विवेचन से स्पष्ट होता है कि नाथों ने ब्रह्म दर्शन को अपने युग परिवेश के अनुरूप ढालते हुए उसे अपनी मौलिक प्रतिभा के रंग से और अधिक चटक बना दिया।

जीव/आत्मा का स्वरूप -नाथ-साधक शरीर में परम सत्य की व्याप्ति के सिद्धांत के पोषक थे। अत: वे जीव/आत्मा का परम सत्ता से अभेद मानते हैं। इनकी साधना में चित्त की प्रधानता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। गोरखनाथ ने संसार की सापेक्षता में चित्त (आत्मा/जीव) को दो रूपों में निरूपित किया है - **बद्ध-चित्त एवं मुक्तचित्त।** दर्शन में आत्मा को चरम सत्य माना गया है। वस्तुत: जीव एवं आत्मा एक तत्व है, किन्तु इन्द्रियों के वशीभूत हो आत्मा स्वयं को भुला देती है, तब वह जीव कहलाती है।

हेरत हेरत जग फिरे, घर में हेरन कोय।
जो देखे घर आपनो, दुर्बल घर को होय॥

नाथों ने ब्रह्म (राजाराम) को आत्मा स्वरूप में मान करके उसका निवास सभी जीवों के सभी अंगों में बताया है। संत दुर्बलनाथ के अनुसार भ्रम के कारण ही द्वैत का भान होता है-

जब लग पर्दा भरम का, सायब जाने दूर।
पर्दा हट गया भरम का, आप में आप हजूर॥

जबकि आत्मा परमात्मा एक ही है-

जल बीच नूर नूर बीच जल, जल में पुरुष अपार।
पल में रचना रच गयी सारी, साँची सूरत समार॥

और कहते हैं-

दूध, फाट, घी, कहाँ समाया, कांसी फूट अवाज हो।
भड़ा फूट जीव कहाँ समाया, या कि करो तलास हो॥
घृत दूध में मिल गया, कांसी माय आवाज हो।
जीव समाया शून्य में, नहीं आवे नहीं जाय हो॥

जगत् का स्वरूप -नाथ जगत् को शिव स्वरूप मानते हैं। अत: यहाँ जड-चेतन सभी ब्रह्ममय है, किन्तु माया के कारण व्यक्ति जड़ जगत को वास्तविक सत्य मान इसी के वश में रहता है। विवेक-सिंधु में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड सर्वेश्वर का स्थूल शरीर तथा सृष्टि रचना को उसी जागृतावस्था बताया है। जालन्धर नाथ ने सकल जगत् को कुबक का खेत कहा है। जहाँ जैसी करनी वैसी भरनी का सिद्धांत लागू होगा। नाथ मानते है कि जगत् ब्रह्म का स्वरूप है, किन्तु ये जगत् के क्षणभंगुर मिथ्या स्वरूप से सावधान रहने का आह्वान करते है। संत दुर्बलनाथ जगत् को सपना बताते हैं-

भूल भूलैया देखा भाई संतों, सपना की सी बात हो॥
जगत सराय मेटो भाई संतों, बीच हमारा वास हो।
उतरे मुसाफिर गिनती ना ही, किस विध उतरे पार हो॥

और कहते हैं- सत बिन कैसे तिरोगे सन्तो, सत बिन जत मत नांय॥
यह संसार ओस का मोती, पवन चले झड़ जाय।
यह संसार पतंग का रंग, धूप लगे उड़ जाय।
यह संसार भीत बालू की, बूँद पड़े गल जाय।
'दुर्बलनाथ' शरण सतगुरु की, सत में सत समाय॥

नाथों ने जगत को ब्रह्म से अभिन्न माना इसी की पुष्टि करते हुए कबीर ने पानी एवं बर्फ के रूपक के माध्यम से जगत को ब्रह्म से उत्पन्न हो उसी में लीन होने की बात की है यथा -

पाणी ही ते हिम भया, हिम ह्व गया बिलाइ।
जो कुछ था सोई भया, अब कुछ कहा न जाइ॥

संत दुर्बलनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि यह जगत ब्रह्म की कृति है, किन्तु अज्ञान वश मनुष्य इसके मिथ्या स्वरूप को सत्य मान बैठता है। अत: संत सामान्य जन को सावचेत करते है-

सागर जल में, जल में सागर, जल सागर सम पाणी।
पाणी लहर, लहर में पाणी उलटी आप समाणी॥
उलटा आप, आप में उलटा, उलट पुलट सुलटाणी।
बाणी आप, आप में बाणी, नहीं बाणी नहीं खाणी॥

माया-चिन्तन -शंकराचार्य के अनुसार सम्पूर्ण वेदान्त एक वाक्य में कहा जा सकता है-'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या, जीवो ब्रह्मैव नापर:।' (ब्रह्म सत्य और जगत मिथ्या है, जीव भी ब्रह्म भी ब्रह्म ही है, अन्य नहीं।) इस प्रकार केवल एक तत्व ब्रह्म ही जगत् में प्रतिभासित है। अपनी ही जिस शक्ति से ब्रह्म संसार में प्रतिभासित होता है वह माया है। माया शुद्ध भ्रम अथवा ज्ञान का अभाव नहीं है, यह भावरूपा है। इसको न सत्य कह सकते हैं और न असत्य यह दोनों का युग्म है। यह सत्य इसलिए नहीं है क्योंकि ब्रह्म ही एक मात्र सत्य है, इसको असत्य भी नहीं कह सकते, क्योंकि इसी के द्वारा ब्रह्म जगत् में प्रतिभासित होता है। वास्तव में यह दोनों से विलक्षण है (सदासद्-विलक्षण)। यह शक्तिरूपा है, इसे अध्यास (आरोप) भी कहते हैं। जिस प्रकार भ्रेम के द्वारा शुक्ति (सीप) में रजत (चाँदी) का आरोप हो जाता है उसी प्रकार माया के कारण ब्रह्म में जगत् का आरोप हो जाता है। जब वास्तविक ज्ञान (प्रमा) उत्पन्न होता है तो भ्रांति दूर हो जाती है। रामानुजाचार्य ने शंकर के इस मायावाद का घोर खण्डन किया है। वे माया को ईश्वर की वास्तविक शक्ति मानते हैं जिसके द्वारा वह जगत् की सृष्टि करता है। वे सृष्टि को मिथ्या न मानकर वास्तविक और ईश्वर की लीला भूमि मानते हैं। माया के दो व्यापार है - यथार्थ सत्ता को छिपाना तथा मिथ्या का विक्षेप करना। विविधता रूप जगत यथार्थ सत्ता तथा हमारे मध्य पर्दे का कार्य करना। संत दुर्बलनाथ बताते हैं कि भ्रम के मिटने से ही आवागमन मिट सकता है-

वार पार की कल्पना, वार पार नहीं सार।
वार पार जब ही मिटे, होय भ्रम का नाश॥
जब लग मन के भ्रम है, लगी भ्रम के ताप।
आप समाया आप में, मिटी भ्रम की ताप॥

नाथों ने नारी को माया का स्वरूप मानते हुए उसके परित्याग की बात कही है। माया के लिए स्त्री का प्रतीक रूप में प्रयोग इस की पुष्टि करता है। वे माया को सर्पणी के समान त्रिभुवन को डसने वाली निरन्तर फैलने वाली बेल , बिना दाँत के ही संसार को खाने वाली भग-राकसि तथा बाघिनी आदि रूपकों द्वारा अभिव्यक्त करते हैं और उस पर नियंत्रण बनाये रखने की शिक्षा देते है।

त्रिया से संगम करे, और त्रिया मे रहे आस।
किरोड़ जन्म छुटे नहीं, नर्क कुण्ड को बास॥

'काया में माया बसै रे ज्यों चकमक में आग' का आह्वान करते हुए नाथ काया में माया का निवास सिद्ध करके 'अभिअंतरि की त्यागै माया' द्वारा माया के परित्याग का संदेश प्रेषित करते है। संत दुर्बलनाथ कहते हैं-

काया माया रूप का, लगा हुआ एक ठाम।
'दुर्बलनाथ' आधीन है, नहीं नाम नहीं गाम॥

और मोह, ममता आदि माया के लक्षण बताते हुए कहते हैं-

माया मन से ना तजी, धरा संत का रूप।
मोह ममता में फँस रहे, पड़े नर्क के कूप॥

माया का सर्वव्यापी-मिथ्या स्वरूप - निर्गुण संतों ने माया के सर्वव्यापी स्वरूप की खुल कर चर्चा की है। संत दुर्बलनाथ के अनुसार-

जती सती और सूरमा, मायाधारी जाना माया का घाटा नहीं, जिनके द्रव्य निधान॥

सभी को अपने में आबद्ध करने वाली माया के सर्वव्यापी स्वरूप को उजागर करते हुए कबीर ने कहा है कि यह माया चाहने पर भी छोड़ी नहीं जाती भला कैसे छूटे ? यह तो जल, थल, आकाश, आदर, मान-सम्मान, जप-तप, माता-पिता, स्त्री-पुरूष, पुत्र-पुत्री आदि सब में व्याप्त है। यथा -

माया तजूं तजी नही जाइ। फिर फिर माया मोहि लपटाइ॥
माया आदर माया मानं, माया नहीं तहां ब्रह्म गियान।
माया रस माया कर जान, माया कारनि तजै पराण।
माया जग तप माया जोग, माया बाँधे सबही लोग।
माया जल थलि माया आकाश, माया व्यापि रही चहुँ पास।
माया माता माया पिता, अति माया अस्तरी सुता।

माया मारि करै व्यवहार कहै कबीर मेरे राम अधार।निर्गुण संतों ने माया को संकेतों, प्रतीकों तथा रूपकों द्वारा भी अपने काव्य में निरूपित किया है। संत कबीर माया को ऐसी विचित्र बेल की उपमा देते हुए कहते है कि जो सत्, रज, तम गुणों से युक्त है। यदि इसे काटा जाए तो यह फैलती है और सींचा जाएं तो कुम्हलाती है। संतों ने माया का विविध स्वरूपों में निरूपण करने के साथ ही इससे मुक्ति का मार्ग भी सुझाया है। 'हरि हृदय एक ग्यान उपाय, ताथै छूटिगई सबमाया' कहकर के माया निवारण का एक उपाय ब्रह्म ज्ञान को बताते है। संत दुर्बलनाथ कहते हैं-

मनोकामना, माया भारी, जामे डूबी सब संसारी।
इनका बचना दुर्लभ है, सो बचे सो हर का होय।
भव सागर पीछा दिया, करो नाम परतीत।/'दुर्बलनाथ' सत में कहे, रहो नाम लो लीन॥

माया विषयक सम्यक् निरूपण के उपरांत स्पष्ट होता है कि संत दुर्बलनाथ ने नाथों के माया संबंधी विचारों को आत्मसात किया, किन्तु मौलिकता के प्रति सचेत रहते हुए, उन्होंने इसमें नवीन तथ्यों को समाहित कर माया विषयक चिंतन को नूतन आयाम भी प्रदान किये हैं।

*****

सन्दर्भ :-

1. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 4
2. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 24
3. 'सूण णिरंजण परमपउ' - दोहा कोश, राहुल सांकृत्यायन दोहा संख्या 138, पृ. 36
4. वही दोहा संख्या 141, पृ. 36
5. गोरखबाणी, पीताम्बर दत्त बड़थवाल, पृ. 157
6. गोरखबाणी, पीताम्बर दत्त बड़थवाल, पृ. 39
7. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 1
8. हिन्दी काव्य धारा, राहुल सांकृत्यायन, पृ. 169
9. गोरखबाणी, पीताम्बर दत्त बड़थवाल, पृ. 116
10. गोरखबाणी, पीताम्बर दत्त बड़थवाल, पृ. 8
11. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 218
12. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 36
13. गोरखबाणी, पीताम्बर दत्त बड़थवाल, पृ. 158
14. गोरखबाणी, पीताम्बर दत्त बड़थवाल, पृ. 2
15. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 43
16. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 52
17. वही, पृ. 79
18. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 43
19. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 230
20. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 3
21. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 82
22. कबीर ग्रन्थावली, श्यामसुन्दरदास, पृ. 198
23. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 39
24. सिद्ध साहित्य, धर्मवीर भारती, पृ. 135
25. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 214
26. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 222
27. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 79
28. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 78
29. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 54
30. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 43
31. कबीर ग्रन्थावली, श्यामसुन्दरदास, पृ. 48
32. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 89
33. भारतीय दर्शन शब्दकोश, डॉ. एन. एस. महला, पृ. 205
34. भारतीय दर्शन-2, डॉ. राधाकृष्णन, पृ. 498
35. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 223
36. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 222
37. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 215
38. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 186
39. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 189
40. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 312
41. कबीर ग्रन्थावली, श्यामसुन्दरदास, पृ. 114
42. अनुभव आतम प्रकाश, संत श्री दुर्बल नाथ (1986) पृ. 221

गुरु नानक वाणी का वैश्विक वितान

डॉ. अनीश कुमार
सहायक प्रवक्ता हिंदी विभाग
जी. एम. एन. कॉलेज, अंबाला छावनी

इक ओंकार की ध्वनि से समस्त वाङ्मय, भूमंडल, अखिल ब्रह्माण्ड क्षिति, सम्पूर्ण दिशाओं को धन्य करने वाले परम विवेकी, अत्याधिक सौम्य संत गुरु नानक देव जी ने अपनी दिव्य एवं पीयूष वर्षी वाणी के द्वारा मनुष्य के मनुष्यत्व, उसके अंतःकरण के बुद्धत्व को जागृत करने का प्रयास किया। गुरु नानक वाणी के एक - एक शब्द अपने अर्थ में समस्त चेतना को समाहित किए हुए है। युगों-युगों से गुरु वाणी शुष्क एवं क्लांत चित्त को रस-विभोर एवं आह्लादित करती आ रही है। गुरु नानक जी ने केवल उपदेशों के दस्तावेज हम मरणधर्माप्राणियों को नहीं दिए ,प्रत्युत अपने व्यवहार द्वारा कर्म द्वारा करनी के द्वारा उसे प्रमाणित भी किया। गुरु वाणी एक ऐसा प्रकाश पुंज है, जिसके अध्ययन मात्र से जीव इस जागतिक प्रपंचों से परिचित होता है,सचेत होता है, सजग होता है, जिस प्रकार क्लांत एवं विश्रांत पथिक तरुओं की छाया के नीचे शांति पाता है, सुख का अनुभव करता है, उसी प्रकार गुरु वाणी से इस जगत के त्रय-ताप से उद्वेलित व्यक्ति मन परम आनंद एवं सुख का अनुभव करता है। मन परचढ़ा ईर्ष्या, असूया, अमर्ष जैसे भयावह ज्वर तिरोहित होने लगता है, पार्थिव विवक्षाओं एवं ऐषणाओं का दोहन होनेलगता है, व्यक्ति अपने स्वरूप में विराजता है, समता के उद्घोषक, परदुःखकातरता के गायकप्रेम के पोषक धर्म के मर्मज्ञ, विश्वबंधुत्व के संवाहक, सार्थक यायावर, सौहार्द के उन्नायक,मिथ्याडम्बरों के भंजक, युग पुरुष युग - नियंता, युग प्रवत्तक गुरु नानक बीजों के बीजत्व में, कण-कण के कणत्व में, जड़ संगम पदार्था में, समस्त दृश्यमान जगत् में एक चिन्मय सत्ता,एक जोत, एक तत्त्व, एक बिंदु का दर्शन करने वाले गुरुनानक देव जी की वाणी आत्मनिरीक्षण, आत्म शोधन, आत्म मंथन करने की सार्थक औषधि है। जापक जब गुरु मंत्रों को शुद्ध एवं केन्द्रित एवं अक्षत मन से उच्चरित करने बैठते हैं, तो एक अलौकिक एवं अनिर्वचनीय अनहद नाद, एक अनुपम गूंज एक अद्वितीय संसार, उस के भीतर घटित होता है। वह राग एवं विराग की रेखाओं को तोड़ता हुआ अनुराग की अवस्था पर स्वयं को पहुंचा हुआ पाता है, गुरुनानक देव का आविर्भाव निश्चित रूप से इस त्रस्त वसुंधरा, दमित लोगों के लिए मंगलकारी था। लोक चेतना से अनुप्राणित इनका साहित्य मात्र उत्तर भारत में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी अपनी छटा प्रकीर्ण कर रहा है। गुरु नानक नेअपनी वाणी में सामाजिक विचारों एवं जनमानसकी आवाज को निर्भीक किन्तु विनम्र भाव सेमुखरित किया। मूर्धन्य साधक महान् दार्शनिक,समाज सुधारक, विचारक एवं चिंतक गुरुनानक देव जी जीव को अपनी ओजस्वी एवं तेजस्वीवाणी के द्वारा निर्दवन्द्व, निर्बोझ, निर्विकार,निर्भार एवं निर्मल कर दिया। आज यद्यपि व्यक्तिमानसिक कष्ट भोग रहा है, जिन दुर्बलताओं के समाधान में असमर्थ है, उसका कारण एक ही हैकि व्यक्ति गुरमुखी होने की अपेक्षा अंतर्मुखी हो गया। तुलसीदास ने भी मानस में बालकांड में सर्वप्रथम गुरु का वंदन किया,यह प्रमाणित सत्य है कि बिना गुरु के व्यक्ति, बिना मार्गदर्शनके व्यक्ति जर्जर पत्ते के समान दिग्भ्रमित हो, यहाँ-वहाँ भटकता है। गुरु पथ भी देते हैं, दृष्टि भी और प्रकाश भी।गुरु नानक देव जी ने भी अपनी वाणी में गुरु को सभी शक्तियों, सभी पदार्थों,सभी ऐश्वर्यों से उच्च बताया। गुरु के सान्निध्य बिना गुरु प्रदत्त सिद्धांतों पर चले बिना उस तत्त्व के दर्शन नहीं हो सकते, गुरु व्यक्ति के चित्त में विवेक जागृत करते हैं, उस ज्ञात सत्ता के प्रति प्यास पैदा करते हैं, गुरु जगत् की मृगमरीचिका से जीव को अवगत कराते हैं, वह अपने शिष्य को यथार्थ का दर्शन करवा माया के विभिन्न रूपों, माया की विकरालता,माया का प्रभाव,माया का परिणाम आदि दुष्प्रवृत्तियों से परिचित करवा साधक को उस दिव्यसत्ता के साथजोड़ते हैं। अपने महनीय ग्रन्थ 'आसा की वार में गुरु नानक गुरु महिमा का प्रस्तुतीकरण करते हैं कि गुरु के नैकट्य बिना जीव शून्य है, उसका वजूद नगण्य हैं, उसकी अस्मिता निरर्थक है-

"बिनु सतीगुरु किनै न पाइओ बिनु सतिगुरु किनै न पाइआ।
सतिगुरु विचु आपु रखिओनु करि परगटु आखि सुणाइआ।।
सतिगुरु मिलिऐ सदा मुकतु है जिनि विचहु मोह चूकाइया।
उत्तम एहू बीचारू है जिनी सचे सिउ चितु लाइया।/जगजीवनु दाता पाइया"1

आज स्वार्थों के लिए, अपने हितों को साधने के लिए प्रकृति का दोहन हो रहा है। बड़ी-बड़ी अट्टाकालियों, भवनों, स्मारकों, महामहालयों सदनों का निर्माण त्वरित गति से हो रहा है ।नदियों, जलाशयों, पोखरों को दूषित कर दुस्साध्य रोगों का बीजारोपण किया जा रहा है। स्वयं को साधन सम्पन्न बनाने के लिए, मनुष्य ने प्रकृति की उपादेयता को पायदान पर मान प्रकृति की सौम्यता को गिद्ध हाथों से नोचा। आज पूरा विश्व प्रकृति की प्रतिकूलता से त्रस्त है, इसका कारण हम स्वयं हैं। इस संकट का आह्वान स्वयं हमने किया प्रकृति के नैसर्गिक रूप को छेड़ कर हमने विकराल बाढ़ों, भयावह अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखा, शुष्कता,भू-प्रकम्पन को निमंत्रण दिया। गुरुनानक वाणी में यह सत्य उद्घाटित किया गया है किप्रकृति के साथ मानवीय संबंधों को स्थापित किया जाना चाहिए। जैसे एक परिवार के सदस्य आपस में स्वार्थ के धरातल पर नहीं प्रेम के धरातल पर सम्बंधित होते हैं वैसे ही प्रकृति के साथ व्यक्तिको संबंधों को निर्मित करउसके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। 'जपुजी' साहिब में गुरुनानक देव जीने इन उदात्त संबंधों की परिकल्पना की है। वायु को गुरु, पानी को पिता एवं धरा को माँ की संज्ञा दी ताकि हम प्रकृतिके प्रत्येक घटक के प्रति आदरणीय भाव रखें,उसकी रक्षा हेतु आबद्ध हों, प्रकृति की शाश्वता को बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हो, प्रकृति के सौष्ठव एवं चारूत्व को बचाए रखने के लिए सम्बद्ध हो जाए। गुरु नानक देव जीकी वाणी इस तथ्य की पुष्टि करती है-

"पवणु गुरु पाणी पिता माता धरति महतु।/दिवसु राति दुइ दाई दाइआ खेलै
सगल जगतु।/चंगिआईआ बुरिआईआ वाचौ धरमु हदूरि
करमी आपो आपणी के नेड़े के दूरि।"2

गुरु नानक वाणी में हउमै(अहंकार) पर विस्तृत चर्चा है। गुरु वाणी साधक को सहजता के मार्गकी ओर प्रवृत करती है। आज अहंकारों के पोषण के लिए कर्मकांड, दान, यज्ञ,बड़ी-बड़ी कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। मेरे ऐश्वर्य, मेरे वैभव, सम्पन्नता, मेरे भवनों से जगत परिचित हो इस कुटिल भावना से बड़े-बड़े धार्मिक समारोहों का आयोजन किया जारहा है। मैं समाज में प्रतिष्ठित हो जाऊं, मेरी संपत्ति के चर्चे हर व्यक्ति के मुख पर हो, आजव्यक्ति इसी ग्रंथि से पीड़ितहै। गुरु नानक वाणी हमें इस घृणित वृत्ति से ऊपर उठाती है।गुरु नानक देव जी ने उदबाहु घोषकिया है कि यदि हमारा कोई भी संकल्प, कर्म, समर्पण,अहंकार से प्रेरित है तो उन संकल्पों गरिमा शून्य है। व्यक्ति को सहज हो, निर्व्याज रूप से,निस्वार्थ रूप से कर्म की साधना में रत होना चाहिए। गुरु नानक देव जी ने इस जगत को स्वाभाविक एवं विवेकी होने की दृष्टि प्रदान की-

"लख नेकीआ चंगिआईआ लख पुंना परवाणु
लखतब उपरि तीरथा सहज जोग बेबाण।।
लख सूरतण सगराम रण महि छुटहि पराण
लख सूरती, लख गिआन विआन पड़ीअहि पाठ पुराण।
नानक मति मिथिआ करमु सचा नीसाणु"3

अपरिमित सम्पत्ति, वैभव, साधनों, ज्ञान के स्वामी होने पर भी व्यक्ति को अपनी स्वाभाविकतानहीं छोड़नी चाहिए। भले ही आप कितने भी सुन्दर हो, भले ही समाज, जाति अथवा देश मेंआपका कितना भी सम्मान हो, कितने भी आप लोकप्रियता के शिखरों पर हों। किन्तु आपसहज बने रहें, गुरु वाणी इस शुद्ध बुद्ध भाव का समर्थन एवं वकालत करती है। गुरु नानकदेवजी ने उन तमाम अंधविश्वासों एवं मिथ्याडम्बरों की आलोचना की, जो व्यक्ति को गुमराह करतेहैं। समाज में प्रचलित सारहीन एवं जर्जर प्रथाओं को अपनी वाणी के द्वारा निरस्तकिया।गुरु जी ने समाज में प्रचलित 'सूतक' आदि परम्परा की नयी एवं सार्थक व्याख्या प्रस्तुत की।गुरुवाणी धार्मिक प्रक्रियाओं के द्वंद्वों में जकड़े फंसे जीव को सहजता की ओरप्रवृत करती है।गुरु नानक देव जी कहते हैं कि सूतक केवल भ्रम है, व्यक्ति केवल भयभीत होकर इन कर्मकांडों का अनुसरण करता है। अपनी वाणी में गुरु जी ने इन तथ्यों का समर्थनकिया कि व्यक्ति की अपरामेय ऐषणाएँ उसके मन का सूतक है। मिथ्या भाषण जिह्वा का सूतक है।

परधन एवं परस्त्रीको पाने की ललक नेत्रों का सूतक है। दूसरे लोगों की निंदाकरना या सुनना कानों का सूतक है।यानी गुरु वाणी प्रचलित पारंपरिक सूतक को शून्य मान्यआंतरिक दुर्गुणों रुपी सूतक कोभर्त्सना करती है-

"जेकरि सुतकु मनीऐ सम से सूतकु होइ ।/गोहे अते लकड़ी अंदरि कीड़ा होइ। मन का सूतकु लोभु है जिह्वा सूतकु कूड़ा।/अखी सूतकु देखणा परतृअ परधन रूप ।।/कनी सूतकु कनि पै लाइत बारी आहि।

सभी सूतक भरमु है दूजे लगे जाइ।।/जमण मरणा हुक्म है भागे आये जाई ।"4

इस प्रकार गुरु जी ने साधना के बाह्य पक्षों को गौण मान आंतरिक शुचिता का समर्थन किया।गुरु नानक वाणी में स्त्री के सभी रूपों का वंदन मिलता है। तद-युगीन समाज में प्रचलित सम्प्रदाय स्त्री को योग साधना में बाधक मानते थे, उसे त्याज्य मान उसके प्रति अस्पृश्य भावरखते थे। स्त्री के औदात्य रूप को उपेक्षित कर उसे मात्र घृणित वस्तु माना गया। लेकिन

"मंदि जमिओ भैंदि निमीजै मंदि मंगणु पिआह
भंडडु होवै दोस्ती भंडहु चलै राह मदु मुआ मंदु मालीऔ मँदि हो वे धा
सो कि मंदा आखीजै जितु जमहिं राजानु।।"5

गुरु जी की वाणी वैश्विक बंधुत्व की संवाहक है। नानक वाणी में जातिविहीन, वर्ग-भेद हीनसमाज की प्रकल्पना प्रस्तुत हुई है। जातिगत वैषम्य ने सारे विश्व को संकीर्ण दायरे में सीमित किया। प्रत्येक जीव में उस परम सत्ता के दर्शन करने वाले हम मनुष्यों ने जाति के भेद को स्वीकारा। अपनी जाति को श्रेष्ठ एवं दूसरे की जाति को हीन समझ हमने शोषण के नएढंगों को ईजाद किया। जाति का दंभ भरने वाले लोगों ने एक देश की सुदृढ़ संकल्पना को छिन्न–भिन्नकिया। नानक कहते हैं- व्यक्ति को पुरुषार्थी होना चाहिए। कर्मठता उसका अलौकिक आभूषण होना चाहिए। जातिगत वैमनस्य की इस अनौचित्य में न पड़ व्यक्ति को सहज हो मानव मात्र के प्रकर्ष के लिए तत्पर रहना चाहिए। गुरु जी लिखते हैं-

"जाति जनमु मह पूछी।/सच घर लेहु बताइ।।/सा जाति सा पति है।/जेहे करम कमाई।।"6

गुरु नानक देव जी ने अपनी वाणी में स्पष्ट किया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने द्वारा कियेगएकर्म का प्रतिफल अवश्य भोगना पड़ता है। उसके द्वारा किया गया अन्याय, अपराध, कुकृत्यउसके समक्ष अवश्य आता है। आप किसी भी गौत्र के हों, आपके चेहरे पर चाहे कितनी भी आभाहो, आप भले ही दसों दिशाओं के स्वामी हों किन्तु आपके द्वारा की गई क्रिया की प्रतिक्रिया अवश्य हो, इसलिए गुरु नानक वाणी में व्यक्ति को निकृष्ट कर्मों से सावधान रहनेकी भी चुनौतीदी गई है ताकि व्यक्ति को दुर्गुणों, दुर्बलताओं के कारण बाद में पछताना नपड़े। गुरु जी कहते हैं-

"कपड़ु, रूपु सुहावणा छड़ि दुनिआ अदरि जावणा।।/मंदा चंगा आपणा आपे हि कीता पावणा।।/हुकमु कीए मनि भायदे राहि भीडै अगे जावणा।।
नंगा दोजकि चालिआ ता दिसै खरा ठरावणा।।
करि अउगुण पछोतावणा।।"7

नानक देव जी की दिव्य एवं भव्य वाणी जन मानस के अंतःकरण के कालुष्य का परिक्षालन कर उसे देवत्व भाव के साथ संश्लिष्ट करती है, समानता, विनम्रता परदुःखकातरता, सहजता, करुणा,मानवीय संवेदनाएं नानक साहित्य का प्रबल औदात्य है। चित्त में उठने वाले आवेग और आवेशों को नियंत्रण करने का प्रभावी लेप है नानक साहित्य नानक साहित्य कीशरण एवं आश्रयव्यक्तिको ऐसी अवस्था तक पहुँचाता है जहाँ सभी भेद- विभेद के तल सेऊपर उठ मनुष्यत्व को प्राप्त होता है।

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:

1. प्रो. वोहरा, आशानन्द, आसा दी वार (एक सांस्कृतिक अध्ययन), जैन बुक डिपो रोहतक, प्रथम संस्करण, पृष्ठ 20
2. डॉ. अग्रवाल, चमनलाल, नानक वाणी का भाषायी तथा दार्शनिक निरूपण अग्रवाल प्रकाशन नयी दिल्ली प्रथम संस्करण, पृष्ठ 92
3. डॉ. मिश्र, जयराम, श्री गुरु ग्रन्थ-दर्शन, साहित्य भवन इलाहबाद, प्रथम संस्करण ,पृष्ट -128
4. सिद्धान्तालंकार, नारायणदत्त, गुरु नानक जीवन और दर्शन, नवभारती सहकार प्रकाशन : दिल्ली संस्करण 1970, पृष्ठ 153
5. डॉ. वधान, अमरसिंह, प्रकाश पुंज गुरु नानक देव, अभिषेक प्रकाशन दिल्ली, संस्करण पृष्ठ 97
6. पूर्ववत् पृष्ठ 142
7. प्रो. वोहरा, आशानन्द, आसा दी वार (एक सांस्कृतिक अध्ययन), जैन बुक डिपो रोहतक, प्रथम संस्करण, पृष्ठ 37

चार आर्य सत्य क्या है?

भगवान बुद्ध द्वारा उद्घाटित 'सत्य' को 'आर्य सत्य' के नाम से जाना जाता है। यहाँ आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठ' है। अर्थात् बुद्ध के चार सिद्धांत जीवन के 'श्रेष्ठ सत्य' हैं। इसका यह अर्थ भी माना जाता है कि ये 'सत्य' आर्य(श्रेष्ठ) पुरुष द्वारा उपदिष्ट हैं। बौद्ध-काल में 'आर्य' शब्द किसी जाति का सम्बोधन नहीं करते हुए शालीनता और सभ्यता के प्रतीक धे और इसीलिए भगवान बुद्ध के प्रमुख सूत्रों को 'चार आर्य सत्य' के नाम से प्रसिद्धि मिली।

प्रथम आर्य सत्य : दुःख है

भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के प्रत्यक्ष बहाव और निज-अनुभव के आधार पर प्रथम आर्य सत्य की उद्घोषणा यह की कि यदि हम जीवन के बाह्य स्वरूप में उलझे हुए हैं तो वहाँ मात्र दुःख ही है। जन्म, ज़रा, मृत्यु, चिंता, संताप, व्यग्रता, कष्ट, प्रिय का वियोग और अप्रिय का संयोग — ये सभी दुःख के प्रकार हैं। चाहे ढाई हज़ार वर्ष पहले का समय हो या अभी, परंतु इन सभी मन:स्थितियों से मनुष्य तब भी जूझ रहा था और आज भी इनसे दूर रहने की हर नाकाम कोशिश कर रहा है। भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रथम निर्णय अनिवार्य है कि जीवन में दुःख है और हमारी सभी कोशिशें वर्तमान और भविष्य में दुःख से दूर रहने की ही हैं।

दूसरा आर्य सत्य : दुःख का कारण है

यहीं से भगवान बुद्ध के विज्ञान पूर्ण बोध का आरम्भ होता है। यदि जीवन में दुःख का प्रत्यक्ष अनुभव है तो अवश्य ही इस दुःख का कोई कारण भी होना चाहिए। और यहीं से भगवान बुद्ध के दूसरे आर्य सत्य को मानने वाले लोगों का दो प्रमुख बहदों में विभाजन हो जाता है। जो मनुष्य दुःख का कारण स्वयं के बाहर मानते हैं यानि वस्तु, व्यक्ति, स्थिति, कर्म आदि को दुःख का कारण मानते हैं वे सभी मनुष्य अभी संसारी ही हैं परंतु जो इस दुःख का कारण स्वयं के भीतर मानते हैं जैसे कि स्वयं की मान्यता, स्वरूप का अज्ञान, अविद्या आदि — तो वे सभी मनुष्य 'साधक' हैं। मनुष्य को वर्षों के सत्संग और सगुरु के बोध के पश्चात् यह निश्चय हो पाता है कि दुःख का कारण बाहर नहीं, स्वयं के भीतर है। जब तक मनुष्य को यह निश्चय नहीं होता तब तक दुःख-निवृत्ति के सभी प्रयास निष्फल ही रहते हैं।

तीसरा आर्य सत्य : दुःख के कारण का निवारण है

दुःख के कारण का यथार्थ निर्णय हो जाने के पश्चात् अब साधक आगे की यात्रा में प्रवेश करता है जहाँ किसी सद्गुरू से मिलने पर उसे दृढ़ निर्णय होता है कि दुःख के आंतरिक कारणों का निवारण किया जा सकता है। यदि यह विश्वास ही न हो तो साधक द्वारा की हुई सभी साधना व्यर्थ है। इसलिए भगवान बुद्ध ने तीसरे आर्य सत्य में 'श्रद्धा' को प्रधान स्थान दिया। साधक में जब तक मार्गदर्शक और मार्ग के प्रति सम्पूर्ण निष्ठा नहीं आती तब तक दुःख से निवृत्ति संभाव नहीं है।

चौथा आर्य सत्य : दुःख निवारण का मार्ग है

किसी भी क्षेत्र और काल में जब सम्यक् संबुद्ध चेतना पर श्रद्धा की दृढ़ भूमिका बनती है तो वहीं से मार्ग का शुभारम्भ होता है। भगवान बुद्ध के समय में इसे 'अष्टांग मार्ग'(Eight Fold Path) के नाम से जाना गया। वैसे इस मार्ग को बुद्ध के 'त्रिरत्न' के नाम से भी पहचाना जाता है परंतु प्रज्ञा, शील और ध्यान के इन्हीं त्रिरत्न का विस्तार है अष्टांग मार्ग। यह अष्टांग मार्ग मनुष्य को दोनों प्रकार की अति में नहीं जाने के लिए सावधान करता है इसलिए इसे 'मध्यम-मार्ग' भी कहा जाता है। सामान्यतः मनुष्य या तो अति-भोग में प्रवृत्त रहता है या फिर अति-त्याग में उलझ जाता है। भगवान बुद्ध ने कहा कि मार्ग दोनों ही अतियों में नहीं है परंतु 'मध्य' में है। इस 'मध्य' का निर्णय साधक ठीक से ले सके उसके लिए बुद्ध ने 'अष्टांग मार्ग' का उपदेश दिया। ये अष्टांग मार्ग इस चित्र में आलेखित है -



जनसंख्या वृद्धि : संसाधन या बोझ

अमित कुमार सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर - समाजशास्त्र
गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कर्वी , चित्रकूट

सारांश – वर्तमान में मानव पृथ्वी तल पर अपूर्व वेग से परिवर्तन करने वाला एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली भौगोलिक कारक है। मानव इतिहास के प्रारंभिक चरण और प्रागैतिहासिक काल में मानव जनसंख्या की वृद्धि धीमी गति से हुई। कृषि क्रांति और औद्योगिक क्रांति दो ऐसे अवसर रहे जब जनसंख्या में तीव्रता से वृद्धि हुई। वर्तमान विश्व की समस्या यह है कि कितनी जनसंख्या को जनाधिक्य कहा जाए इसकी व्याख्या कठिन है। जनसंख्या वृद्धि की दर को भारत में 1952 से लागू परिवार नियोजन कार्यक्रम भी नियंत्रित करने असफल सिद्ध हुआ है जो वर्तमान में अबाध गति से जारी है। जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याओं में प्रमुख रूप से बेरोजगारी, गरीबी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं ,अशिक्षा, नैतिक मूल्यों का पतन, अपराध में वृद्धि ,प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन ,बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण ,ओजोन परत का क्षरण, भूमंडलीय तापन का बढ़ना इत्यादि हैं। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसर मानव को एक संसाधन बनाते हैं। मानव ने ही प्राकृतिक साधनों को संसाधन में बदलने का कार्य किया है। किसी भी अर्थव्यवस्था में वहां की आबादी का बड़ा योगदान रहता है, युवा कार्यबल है जिसके दम पर आर्थिक गतिविधियां आगे बढ़ती है। भारत की आबादी भी यहां की ताकत है अर्थव्यवस्था में जनसंख्या की भूमिका की चर्चा होती है तो एक शब्द सामने आता है,"जनसांख्यिकी लाभांश"। जो की अर्थव्यवस्था में मानव संसाधन की सकारात्मक और सतत विकास को दर्शाता है।

मुख्य शब्द - जनसंख्या वृद्धि, प्राकृतिक संसाधन, औद्योगिक क्रांति, अर्थव्यवस्था, असमान वितरण ,कार्यशील जनसंख्या, जनसांख्यिकी लाभांश, कौशल विकास।

मुख्य अंश - जनसंख्या संबंधी सूचनाएं प्राचीन काल से ही एकत्र की जाती रही हैं किंतु उनका सांख्यिकीय विश्लेषण बीसवीं सदी की देन है । प्रारंभ में जनसंख्या संबंधी अध्ययन केवल जनगणना तक ही सीमित थे ।किंतु वर्तमान समय में जनसंख्या का तथ्यसिद्ध, सांख्यिकी एवं गणितीय विश्लेषण किया जाने लगा है । जनसंख्या की समस्या ने प्राचीन काल से ही सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतकों का ध्यान आकर्षित किया और उन्होंने इसके संबंध में अपने –अपने मत भी व्यक्त किए ।किन्तु देश, काल और परिस्थिति के अनुसार कोई सार्वभौमिक समाधान प्रस्तुत करने में असफल रहे । वर्तमान में मानव पृथ्वी तल पर अपूर्व वेग से परिवर्तन करने वाला एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली भौगोलिक कारक है । मानव की वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक उपलब्धियां भौचक्का कर देने वाली हैं, अब कुछ भी उसकी पहुंच से बाहर नहीं है। मानव इतिहास के प्रारंभिक चरण और प्रागैतिहासिक काल में मानव जनसंख्या की वृद्धि धीमी गति से हुई। कृषि क्रांति और औद्योगिक क्रांति दो ऐसे अवसर रहे जब जनसंख्या में तीव्रता से वृद्धि हुई। प्रारंभ में निश्चित ही जनसंख्या सीमित थी तथा उपयुक्त पर्यावरणीय क्षेत्रों में निवास करती थी। पर जनसंख्या की क्रमिक वृद्धि आज ऐसे बिंदु पर पहुंच गई है कि भारत समेत कई राष्ट्रों की चिंता का कारण बन गई है। जहां अनुकूल पर्यावरण होता है वही जनसंख्या का केंद्रीकरण होने लगता है ।कई बार सामान्य प्रकार के पर्यावरण में असमान जनसंख्या का दबाव देखा गया है। वर्तमान विश्व की समस्या यह है कि कितनी जनसंख्या को जनाधिक्य कहा जाए इसकी व्याख्या कठिन है। लेकिन इसका सही मूल्यांकन पर्यावरण की उच्च क्षमता से ही लगाया जा सकता है । अधिक जनसंख्या पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है । भारत एक विशाल जनसंख्या वाला राष्ट्र है। जनसंख्या वृद्धि की दर को भारत में 1952 से लागू परिवार नियोजन कार्यक्रम भी नियंत्रित करने असफल सिद्ध हुआ है जो वर्तमान में अबाध गति से जारी है । जनसंख्या की निरंतर वृद्धि के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं रोजगार जैसी सुविधाओं में निरंतर कमी आती जा रही है । जहां एक ओर जनसंख्या बढ़ने से श्रम शक्ति में वृद्धि होती है, वहीं दूसरी ओर रोजगार के अवसर उस अनुपात में न बढ़ पाने से बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होती है। रजनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याएं विश्व में अन्य देशों की अपेक्षा भारत में अधिक हैं। क्योंकि भारत में जनसंख्या वृद्धि दर की गति अन्य देशों की तुलना में तीव्र है। भारत की जनसंख्या जितनी तीव्र गति से बढ़ रही है ,व्यक्तियों का जीवन स्तर एवं रोजगार के अवसर उतनी ही तेजी से क्षरण की ओर है । भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए यह संभव ही नहीं है कि वह इतनी तीव्र गति से बढ़ती हुई सम्पूर्ण जनसंख्या को रोजगार के समुचित अवसर मुहैया करा सके। संसाधनों पर बढ़ता दबाव तथा अवसरों की घटती संख्या बेरोजगारी, बेकारी और निर्धनता को जन्म दे रही है। जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याओं में प्रमुख रूप से बेरोजगारी, गरीबी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं ,अशिक्षा, नैतिक मूल्यों का पतन, अपराध में वृद्धि ,प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन , बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण ,ओजोन परत का क्षरण, भूमंडलीय तापन का बढ़ना इत्यादि समस्याएं पर्यावरण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने के साथ मानव के सामाजिक - आर्थिक विकास को भी उस अनुपात तक अवरुद्ध कर रही हैं।

Sr. No.	Year	Total Population(in cr)	Decadal Difference	Decadal Growth Rate (%)
1.	1901	23.83	----	-----
2.	1911	25.20	1.36	+5.75
3.	1921	25.13	0.07	-0.31
4.	1931	27.89	2.76	+11.60
5.	1941	31.86	3.96	+14.22
6.	1951	36.10	4.24	+13.31
7.	1961	43.92	7.76	+21.51
8.	1971	54.81	10.89	+24.80
9.	1981	68.33	13.51	+24.66
10.	1991	84.63	16.30	+23.85
11.	2001	102.86	18.23	+21.54
12.	2011	121.08	18.18	+17.7

Source: Census of India 2011

भारत की जनसंख्या 1901 में 23.8 करोड़ थी जो 1951 में 36.10 करोड़ हो गई। इस प्रकार आजादी के पूर्व तक भारत की जनसंख्या 50 वर्षों में 12.3 करोड़ ही बढ़ी थी, जबकि अगले 50 वर्षों में (1951 से 2001 के मध्य) भारत की जनसंख्या में 66.7 करोड़ की वृद्धि हुई। 2001 में भारत की जनसंख्या 102.87 करोड़ थी, जो 2011 में बढ़कर 121.08 करोड़ हो गई। वर्तमान में भारत की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 17.7 फ़ीसदी है। बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनो के दोहन पर अतिशय दबाव से मानवीय विकास प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है । संसाधनों के असमान क्षेत्रीय वितरण के साथ-साथ विकास के केंद्रीकरण की समस्या के कारण भी भारत के सभी प्रांतों एवं सभी क्षेत्रों में रोजगार के समान अवसर उपलब्ध नहीं होते हैं। है जिसकी वजह से जनसंख्या का एक बड़ा भाग रोजगार की तलाश में बड़े नगरों की ओर प्रवसित होता जो नगरों में जनाधिक्य को बढ़ाकर जीवन जीने की मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहता है। वहीं दूसरी ओर शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तथा अपराधों में वृद्धि जैसी नवीन समस्याएं नगरों में जन्म लेती हैं। मनुष्य अपनी सभ्यता के आरंभ से ही प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करता रहा है उस समय जनसंख्या के कम होने तथा मनुष्य की आवश्यकताएं सीमित होने व प्रौद्योगिकी का स्तर प्रारंभिक अवस्था में होने के

कारण संसाधनों के संरक्षण की समस्या नहीं थी ।किंतु कालांतर में मनुष्य ने संसाधनों के दोहन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास किया । प्रौद्योगिकी आविष्कार के कारण मनुष्य जीविकोपार्जन के अतिरिक्त उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर संसाधनों का दोहन करने लगा साथ ही जनसंख्या की निरंतर वृद्धि तथा उससे उत्पन्न मांग ने संसाधनों के दोहन की होड़ लगा दी। इस होड़ ने यह आशंका उत्पन्न कर दी है कि नवीकरणीय संसाधन एक न एक दिन समाप्त हो जाएंगे। हमारे संसाधन वर्तमान जनसंख्या के उपभोग के लिए ही नहीं है, वरन इस में आने वाली पीढ़ी का हिस्सा भी है। इसलिए जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न मांग एवं संसाधनों के बीच संतुलन आवश्यक है। यही संतुलन मानव जाति की निरंतरता को बनाए रखने में सफल होगा। संतुलन की यह धारणा संसाधन संरक्षण से ही संभव है संसाधनों का सतर्कता पूर्वक उपयोग करना उन्हें नवीकरण के लिए समय देना संसाधन संरक्षण है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसर मानव को एक संसाधन बनाते हैं ।मानव ने ही प्राकृतिक साधनों को संसाधन में बदलने का कार्य किया है। भारत जैसे विकासशील देश में अधिकतर जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, जहां कृषि प्राय परंपरागत ढंग से कृषि के पुराने यंत्र से की जाती है। भंडारण और वित्तीय सुविधाओं के अभाव में कृषक संरचनात्मक और संस्थागत निवेश आवश्यक मात्रा में नहीं कर पाते, परिणाम स्वरूप उत्पादन कम रहता है। द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र का विकास बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में अपेक्षाकृत कम हुआ है। यहां अर्ध- कुशल, अकुशल और उच्च शिक्षित व्यक्तियों के लिए रोजगार के सीमित अवसर उपलब्ध हैं। परिणाम स्वरूप शिक्षित और अशिक्षित कुशल और अकुशल व्यक्ति नौकरी की खोज में दूसरे देशों को प्रवास कर जाते हैं। जो लोग प्रवास नहीं कर पाते वे नगरों में चले जाते हैं वहां भी रोजगार प्राप्त करना अत्यधिक कठिन होता है । इसके कारण नगर अधिक जनसंख्या के केंद्र बन जाते हैं , इससे वहां जीवन निर्वाह की दशाएं निम्न स्तर की पाई जाती हैं बढ़ती जनसंख्या का सबसे गंभीर प्रभाव यह है कि पृथ्वी की उत्पादन की एक सीमा है यदि संसाधनों का सजगता से प्रयोग न किया जाए और जनसंख्या का दबाव बढ़ता रहे तो अंततः संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है जैसे-जैसे जनसंख्या का आकार बढ़ता है अधिक खाद्य उत्पादों की आवश्यकता होती है अधिक खाद उत्पादन के लिए अधिक अनाज और नई कृषि तकनीकों के साथ अधिक किसानों की आवश्यकता भी होती है इसलिए इस दिशा में सतत प्रयास आवश्यक है जैसे-जैसे बढ़ती जनसंख्या के कारण भूमि की मांग बढ़ती है यह बनो जैसे प्राकृतिक संसाधनों का विनाश करती है आर्थिक विकास निवेश पर निर्भर करता है बढ़ती जनसंख्या की सामाजिक चुनौतियों के लिए भी खर्च की आवश्यकता होती है ऐसे में निवेश और खर्च के बीच चुनाव मुश्किल होता है तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी का संकट बढ़ता है कामकाजी जनसंख्या बढ़ जाती है लेकिन उनके लिए उचित रोजगार की व्यवस्था नहीं हो पाती।

Sr. No	Year	Age Groups			Total
		0-14 Years	15-59 Years	60+ Years	
1.	1961	41	53	6	100
2.	1971	42	53	5	100
3.	1981	40	54	6	100
4.	1991	38	56	7	100
5.	2001	34	59	7	100
6.	2011	29	63	8	100
7.	2026	23	64	12	100

Source: Based on data from the Technical Group on Population Projections (1996 and 2006) of the National Commission on Population.

वर्तमान परिदृश्य में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में दिख रही है तथा संपूर्ण विश्व यहां संभावनाएं तलाश रहा है। परंतु भारत एक स्थाई विकास दर हासिल कर सके इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने सभी संसाधनों का अनुकूलतम एवं सर्वश्रेष्ठ प्रयोग करें

किसी भी राष्ट्र व अर्थव्यवस्था के लिए उसके मानव संसाधन ही अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं हम विश्व के सबसे युवा देशों में एक हैं हमारे जनसंख्या घटक को देखा जाए तो लगभग 63 फ़ीसदी आबादी 15 से 59 वर्ष के आयु वर्ग की है ।इसके लिए हमें अपनी अकुशल और अप्रशिक्षित जनसंख्या को कुशल, प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन के रूप में बदलना होगा अन्यथा यह अवसर चुनौती के रूप में परिवर्तित होकर दुरूह स्थिति भी उत्पन्न कर सकता है।

किसी भी अर्थव्यवस्था में वहां की आबादी का बड़ा योगदान रहता है, युवा कार्यबल है जिसके दम पर आर्थिक गतिविधियां आगे बढ़ती है। भारत की आबादी भी यहां की ताकत है अर्थव्यवस्था में जनसंख्या की भूमिका की चर्चा होती है तो एक शब्द सामने आता है, "जनसांख्यिकी लाभांश" । जो की अर्थव्यवस्था में मानव संसाधन की सकारात्मक और सतत विकास को दर्शाता है इससे पता चलता है कि युवा और कार्यशील जनसंख्या 15 से 59 वर्ष की तुलना में आश्रित वर्ग 14 से कम और 60 से अधिक उम्र के लोग कम है। यह सत्य की जनसंख्या में युवाओं का बड़ा प्रतिशत हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है ,लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि अति सर्वत्र वर्जयते । जनसंख्या का बढ़ना भी इस मामले में अपवाद नहीं है युवा हमारी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं लेकिन सबके लिए रोजगार की व्यवस्था हो। संसाधन सीमित हैं उन पर दबाव अधिक न पड़े।

निष्कर्ष – आयु के अनुसार 21वीं शताब्दी भारत की होगी क्योंकि उसके पास सशक्त लोकतंत्र और जनसांख्यिकी लाभ जैसी 3 संपत्तियां हैं जो विश्व की किसी देश के पास नहीं है ।जनसंख्या में कामकाजी वर्ग की हिस्सेदारी ज्यादा होने से अर्थव्यवस्था में बचत और निवेश अधिक होता है। हालांकि आबादी के लाभ गिनाते समय हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि कामकाजी आबादी अपने आप फायदा नहीं पहुंचा सकती है। इसके लिए श्रम बाजार का विश्लेषण और नीतियों पर ध्यान देने की जरूरत है । इस आबादी का लाभ लेने के लिए सरकार को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च बढ़ना होगा, यह भी जरूरी है कि देश में रोजगार कर रहे या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों की संख्या ज्यादा बनी रहे। महामारी के दौरान बहुत से लोगों की नौकरी छूटी। इनमें से बहुत से लोगों ने निराश होकर नौकरी तलाश करना भी छोड़ दिया, यह अच्छी स्थिति नहीं है । हाल ही में आई विश्वव्यापी कोविड-19 महामारी के दौरान असंगठित क्षेत्र में काम कर रही देश की बड़ी आबादी को संगठित करने की दिशा में कुछ कदम उठाए गए। ऐसी पहल को बढ़ावा देने की जरूरत है कौशल विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से देश की बड़ी आबादी का पूरा लाभ लेने में मदद मिलेगी।

******

संदर्भ सूची :-

1.दुबे श्यामाचरण- भारतीय समाज 2003, नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया नई दिल्ली।
2.दोषी एस0एल0 एवं जैन पी0सी0- भारतीय समाज संरचना एवं परिवर्तन 2005, नेशनल पब्लिशिंग हाउस जयपुर।
3.श्रीनिवास एम0एन0- आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन, 2005, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4 एनसीईआरटी
5 दैनिक जागरण, दैनिक समाचार पत्र

भारतीय राष्ट्र दर्शन : पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संदर्भ में

गुंजेश गौतम
शोध छात्र,
राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005
Mo.09026028080

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र को राजनीतिक नहीं वरन् सांस्कृतिक इकाई मानते हैं, लेकिन राजनीतिक रूप से राष्ट्रीय अखंडता के वे समर्थक हैं। उन्होंने भारतीय राष्ट्र चिंतन का कोई नया सिद्धांत नहीं दिया, अपितु उन्होंने इस देश के एक सनातन सत्य को नए युग में, नई शैली में व्यक्त भर किया था। भारतीय चिंतन में राष्ट्र की संकल्पना अति प्राचीन है। वैदिक साहित्य में राष्ट्र शब्द अपने पूर्ण विकसित अर्थ में उपलब्ध होता है। सभ्यताओं के उषा काल में, जब आज के तथाकथित विकसित राष्ट्रों में सभ्यता की किरणें भी प्रस्फुटित नहीं हुई थी, तब भारत में वैदिक ऋषियों ने राष्ट्रभाव का दर्शन किया था। यजुर्वेद कहता है- **'वयं राष्ट्रे जागृयाम।'** -(यजुर्वेद- 9/23), हमें राष्ट्र के प्रति जागरूक होना चाहिए। पुरुषसुक्त के स्वस्ति वचन में कहा गया है- **'पृथिव्यै समुद्रपर्यंताया एक राट्।'** अर्थात पृथ्वी से समुद्र तक एक ही राष्ट्र है। **'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।'** -(अथर्ववेद- 12/1/12), यह भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं।अथर्ववेद के 'पृथ्वी सूक्त' जिसमें पृथ्वी को माता कहा गया है और इस प्रकार राष्ट्र को मां की तरह पूजनीया मानते हुए उनके साथ अपना नाता पुत्र का रखा गया। ऋषियों द्वारा इन वेद मंत्रों में धरती के एक विशेष भूखंड को, जिसे हम राष्ट्र नाम से पुकारते हैं, उस राष्ट्र के साथ नागरिकों का पुत्रवत् संबंध बताकर यह संपुष्ट किया गया है कि संसार में इससे महत्वपूर्ण और पवित्र कोई दूसरा संबंध नहीं हो सकता। जैसे माता और पुत्र का संबंध अटूट और निर्मल होता है, उसी प्रकार किसी भी राष्ट्र के साथ उसके नागरिकों का अटूट रिश्ता होता है।

भारत के लिए राष्ट्र मानव निर्मित नहीं, अपितु सहज रूप से विकसित एक शाश्वत भाव है। भारत की पराधीनता के कालखंड में अंग्रेजों द्वारा राष्ट्र के वास्तविक भाव को न समझने की क्षमता या राजनीतिक चालाकियों के कारण **'राष्ट्र'** के समानार्थी अंग्रेजी शब्द **'नेशन'** का प्रयोग किया जाने लगा तथा यह कहा जाने लगा कि भारत में पहले से कोई राष्ट्र का स्वरूप नहीं है, भारत राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। यहीं से भारतीय बौद्धिक वर्ग में राष्ट्र और नेशन को लेकर एक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

उन्नसवीं शताब्दी का यूरोपीय चिंतन-एक दृष्टि है, जो उन्नीसवीं शताब्दी के यूरोपीय चिंतन का अनुसरण कर मानती है कि 'राष्ट्र', 'राष्ट्रीयता', 'राष्ट्रवाद' आदि अवधारणाओं का जन्म ही कुछ शताब्दियों पूर्व विशेषकर फ्रेंच क्रांति के पश्चात् पश्चिम में हुआ है। 'राष्ट्र' एक राजनीतिक संकल्पना है। 'राज्य' ही राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का मुख्य वाहक होता है, राजनीतिक एकता उसके अस्तित्व की पहली आवश्यकता है। इसके साथ ही भूमि, भाषा, मजहब एवं नस्ल की एकता का होना भी 'राष्ट्र' कहलाने के लिए आवश्यक है। भारत के पास सुव्याख्यायित भूमि के अतिरिक्त इनमें से किसी भी तत्त्व की एकता नहीं रही है। भारत अलग-अलग भाषाओं, उपासना-पंथों एवं नस्लों के असंबद्ध जनसमूहों का जमावड़ा मात्र रहा है। अंग्रेजी शासन ने पहली बार उसे राजनीतिक एकता प्रदान की और अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष में से ही भारत के राष्ट्र बनने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। भारत पहले से बना-बनाया राष्ट्र नहीं है, वह 'राष्ट्र' बनने की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्र के संदर्भ में भारत में कहीं कोई भ्रम हमारे पूर्वजों के सम्मुख नहीं था। भारत एक 'राष्ट्र' की हमारी सनातन अवधारणा पक्की थी। 'राष्ट्र' के संदर्भ में सारा का सारा भ्रम यहाँ ब्रिटिश शासकों ने तथा स्वतंत्रता के बाद मार्क्सवादी इतिहासकारों ने पैदा किया। **मैक्समूलर** नामक विद्वान लिखता है कि "भारत एक दार्शनिकों का देश है और भारतीय मनीषियों में राजनीतिक एवं भौतिक चिन्तन का अभाव है तथा भारतीयों में कभी भी **'नेशनैलिटी'** की भावना नहीं रही।"सुप्रसिद्ध आंग्ल भारतीय लेखक **जॉन स्ट्रैशी** के अनुसार, **"भारत के बारे में सर्वप्रथम और सबसे पहले यह समझना है कि भारत न तो एक है, और न ही कभी एक था। भारत नामक कोई देश भी नहीं था, जिसके पास, यूरोपीय दृष्टिकोण से, किसी प्रकार की भौगोलिक, राजनीतिक एकता थी।**

"हालाँकि अंग्रेजों द्वारा फैलाए गए इस भ्रम का अनेक भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों ने खंडन किया। प्रथम विश्व युद्ध ने यूरोपीय विद्वानों को भी राष्ट्रवाद संबंधी उन्नीसवीं शताब्दी की अवधारणाओं के बारे में पुनर्चिंतन के लिए बाध्य कर दिया। उन्हीं दिनों दक्षिण अफ्रीका में बैठे **गाँधीजी** ने सन् 1909 ई0 में प्रकाशित अपनी 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक में स्पष्ट लिखा-**"अंग्रेजों ने हमें सिखाया कि हम पहले कभी एक राष्ट्र नहीं थे और हमें एक राष्ट्र बनने में सैंकड़ों बरस लगेंगे। यह बात बिलकुल बेबुनियाद है। जब अंग्रेज हिन्दुस्तान में नहीं थे, तब भी हम एक राष्ट्र थे, हमारे विचार एक थे, हमारा रहन-सहन एक था। तभी तो अंग्रेजों ने यहाँ एक राज्य कायम किया। भेद तो बाद में उन्होंने (अंग्रेजों ने) ही पैदा किए।"**

आगे गाँधीजी कहते हैं- "मैं जो बात कहता हूँ, वह बिना सोचे समझे नहीं कहता। एक राष्ट्र का यह अर्थ नहीं कि हमारे बीच अंतर नहीं था, लेकिन हमारे मुख्य लोग पैदल या बैलगाड़ी में हिन्दुस्तान का सफर करते थे, वे एक दूसरे की भाषा सीखते थे और उनके बीच कोई अंतर नहीं था। जिन दूरदर्शी पुरूषों ने सेतुबंध रामेश्वर, जगन्नाथपुरी और हरिद्वार की यात्रा निश्चित की उनका आपकी राय में क्या ख्याल होगा? वे मूर्ख नहीं थे, यह तो आप कबूल करेंगे। वे जानते थे कि ईश्वर-भजन घर बैठे भी होता है। उन्हीं ने हमें सिखाया है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। लेकिन उन्होंने सोचा कि कुदरत ने हिन्दुस्तान को एक देश बनाया है, इसलिए वह एक राष्ट्र होना चाहिए। इसलिए उन्होंने अलग-अलग तीर्थस्थान तय करके लोगों को एकता का सबक इस तरह दिया, जैसा दुनिया में और कहीं नहीं दिया गया है।"

भारतीय इतिहास के आरंभिक और ख्यातिनाम विद्वान **विंसेंट ए. स्मिथ** का दृष्टिकोण है- "समुद्रों एवं पहाड़ों से घिरा भारत निर्विवाद एक भौगोलिक इकाई है और इसे सही ही एक नाम दिया गया है।" भूगोल के सुप्रसिद्ध विद्वान **चिशलॉम** के शब्द भी इसी प्रकार सशक्त और सकारात्मक है - "वर्मा को छोड़कर दुनिया का कोई भाग नहीं जो भारत से बेहतर अपने ही प्राकृतिक क्षेत्र से सीमांकित हो। यह क्षेत्र वस्तुतः भौगोलिक आकृतियों एवं मौसम के मामलों में विविधतापूर्ण है, लेकिन जो भौगोलिक आकृतियाँ इसे आसपास के क्षेत्रों से पृथक् एक संपूर्णता प्रदान करती हैं, उन्हें नजरअंदाज करना कठिन है।"

राष्ट्र की परिभाषा एवं राष्ट्र निर्माण के तत्त्व-अंग्रेजों द्वारा फैलाए गए भ्रम एवं भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों द्वारा उसके खंडन के पश्चात यह प्रश्न उठता है कि आखिर राष्ट्र की परिभाषा क्या है? राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक तत्त्व क्या है? पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र की बहुत ही सुंदर एवं सटीक परिभाषा दी है। जहाँ तक राष्ट्र के अर्थ का प्रश्न है, **पंडित दीनदयाल उपाध्याय** राष्ट्र को एक आध्यात्मिक तत्व मानते थे। राष्ट्र को परिभाषित करते हुए उन्होंने लिखा है- "भूमि, जन और संस्कृति के संघात से राष्ट्र का निर्माण होता है। राष्ट्र एक जीवमान इकाई है। वर्षों-शताब्दियों लम्बे कालखण्ड में इसका विकास होता है। किसी निश्चित भू-भाग में निवास करने वाला मानव समुदाय जब उस भूमि के साथ तादात्म्य का अनुभव करने लगता है, जीवन के विशिष्ट गुणों को आचरित करता हुआ समान परम्परा और महत्त्वाकांक्षाओं से युक्त होता है, सुख-दुःख की समान स्मृतियाँ और शत्रु-मित्र की समान अनुभूतियाँ प्राप्त कर परस्पर हित सम्बन्धों में ग्रथित होता है, संगठित होकर अपने श्रेष्ठ जीवन-मूल्यों की स्थापना के लिए सचेष्ट होता है और इस परम्परा का निर्वाह करने वाले तथा उसे अधिकाधिक तेजस्वी बनाने के लिए महान् तप, त्याग, परिश्रम करने वाले महापुरूषों की श्रृंखला निर्माण होती है, तब पृथ्वी के अन्य मानव समुदायों से भिन्न एक सांस्कृतिक जीवन प्रकट होता है। इस भावात्मक स्वरूप को ही राष्ट्र कहा जाता है। जब तक यह राष्ट्रीयता अस्मिता बनी रहती है, राष्ट्र जीवित रहता है। इसके क्षीण होने से राष्ट्र क्षीण होता है और नष्ट हो जाता है। इस प्रकार राष्ट्र एक स्थायी सत्य है।"

प्रख्यात भारतीय इतिहासकार **'श्री वासुदेवशरण अग्रवाल'** राष्ट्र के निर्माण के तत्त्वों को व्याख्यायित करते हुए कहते हैं कि- ''भूमि राष्ट्र का शरीर है, जन उसका प्राण है और जन की संस्कृति राष्ट्र का मन है। भूमि, जन और संस्कृति तीनों के सुंदर सम्मिलन और उन्नति से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। भूमि और जन के अभ्युदय का अन्तिम लक्ष्य उत्तम संस्कृति ही है।''

पौराणिक साहित्य में राष्ट्रीयता के तत्त्व-

यदि हम पाश्चात्य विद्वानों तथा भारतीय मनीषियों द्वारा 'राष्ट्र और राष्ट्रीयता के नवीन व्याख्याओं के आलोक में अपने प्राचीन इतिहास का अध्ययन करें तो हम पाते हैं कि संपूर्ण पौराणिक साहित्य राष्ट्रीयता के तीनों मूलभूत तत्त्व भूमि, जन की एकता तथा देशभक्ति एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक गौरव भाव से ओतप्रोत है। भारत की भौगोलिक एकता की व्याख्या करते हुए 'विष्णु पुराण' कहता है -

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्ष तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्तति।। (विष्णु पुराण- 2/3/1)

अर्थात समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो भू-खण्ड है, उसका नाम भारत है और उसकी संतान को भारतीय कहते हैं।

भारत की सांस्कृतिक एकता का ही दूसरा नाम उसकी मौलिक एकता है। यह सांस्कृतिक एकता जिस भू-प्रदेश में व्याप्त हुई उसका भौगोलिक नाम भारतवर्ष है। भारत का समस्त भू-खण्ड चाहे एक राजनैतिक चक्र अथवा शासन के अधीन न भी रहा हो तो भी यहाँ की कोटि-कोटि जनता के मन में भारत की मौलिक एकता का गहरा संस्कार था। राष्ट्र की अनेक संस्थाओं के रूप में यह सत्य प्रमाणित हुआ। भारत के सांस्कृतिक गौरव के इसी भाव तथा एकता की ओर लक्ष्य करते हुए विष्णु पुराण के लेखक कहते हैं -

गायन्ति देवाः किल गीतकानि, धन्यास्तु ते भारत भूमिभागेः।
स्वर्गापवर्गास्पद हेतुभूते, भवन्ति भूयः पुरूषाः सुरत्वात्।।
(विष्णु पुराण- 2/3/24)

अर्थात् देवता भी स्वर्ग में गीत गाते हैं कि धन्य हैं वे जिनका जन्म भारत भूमि पर हुआ है। यह भूमि तो स्वर्ग से भी बढ़कर है, क्योंकि वहाँ जन्म लेते ही मोक्ष का रास्ता मिल जाता है, लेकिन स्वर्ग में रहनेवाले हम देवताओं को पुण्य क्षीण होने पर फिर से पृथ्वी पर वापस आना पड़ेगा।उपर्युक्त श्लोकों में कहीं भी पृथक् -पृथक् खण्ड की कल्पना नहीं है। उत्तर-प्रदेश, गुजरात, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु, बंगाल, कश्मीर या केरल की इन श्लोकों में चर्चा नहीं, बल्कि चर्चा है तो सिर्फ और सिर्फ अखण्ड भारत की। इन श्लोकों में उन्हें धन्य माना गया है जो भारत भूमि पर जन्म लेते हैं। कवि की दृष्टि में समस्त भारत भूमि ही धन्य है। राष्ट्रीयता के तीनों तत्व भूमि, जन और संस्कृति की स्पष्ट व्याख्या हमें इन श्लोकों में देखने को मिलती है। भूमि अर्थात हिमालय से लेकर समुद्र पर्यन्त फैले अखण्ड भारत की भूमि, जन अर्थात् भारतीय प्रजा तथा संस्कृति से आशय भूमि और जन को एकसूत्रता में बाँधने वाला एकात्म भाव, भारत भूमि के प्रति मातृभाव। इसी भाव को **वासुदेवशरण अग्रवाल** इस रूप में व्यक्त करते हैं- ''सब भौतिक सुख और समृद्धि से संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धि स्वर्ग है, और उन सुखों का त्याग मोक्ष है। जो संस्कृति इस मार्ग को सिखाती है वही भारत की संस्कृति है। देश के सभी भाग उसके अंतर्गत हैं। इसलिये कहा गया **'धन्यास्तु ते भारत भूमि भागे।'** अर्थात् भारत के किसी भी भाग में मनुष्य जन्म ले स्वर्ग और अपवर्ग वाली संस्कृति से उसका जन्मसिद्ध नाता जुड़ जाता है। यहाँ यह नहीं कहा गया है कि देश का एक प्रदेश या एक प्रान्त या एक नगर मोक्ष-प्रधान संस्कृति का अधिकारी है, बल्कि देश का प्रत्येक भाग मातृभूमि के सत्यात्मक हृदय के साथ मिला हुआ है। सभी को संस्कृति की वेगवती धाराएँ प्राप्त हुई हैं। सुदूर मलैबार के शंकराचार्य, तमिल के कम्बन, महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वर, असम के शंकरदेव, आन्ध्र के पोतनामात्य, बंगाल के चैतन्य, उत्तरापथ के वाल्मीकि और तुलसीदास, बिहार के बुद्ध और महावीर, राजस्थान की मीराबाई, कश्मीर की लल्लेश्वरी, गुजरात के नरसी मेहता, पंजाब के गुरूनानक, इन सबकी सांस्कृतिक भाषा एक है। यद्यपि उनका जन्म भारतभूमि के भिन्न-भिन्न भागों में हुआ, पर जीवन का तप और त्याग प्रधान मार्ग उन सब का एक है।''आधुनिक विद्वानों ने विष्णु-पुराण का रचनाकाल पाँचवी शती ईसवी माना है। इसका अर्थ हुआ कि आज से कम से कम 1,500 वर्ष पहले राष्ट्रीयता की आधार भूमि भारत में पूरी तरह तैयार हो चुकी थी। भारत के वर्तमान स्वरूप के निर्माण काल को भी पाँचवी शताब्दी से नीचे लाने का साहस कोई भी आधुनिक विद्वान अब तक नहीं कर पाया है।

राष्ट्र की आत्मा 'चिति' तथा राष्ट्र की धारणा शक्ति 'विराट्'-

पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय परंपरा के अनुसार राष्ट्र को एक स्वयंभू, सावयव और जीवमान सत्ता मानते हैं। वे कहते थे- "समाज केवल व्यक्तियों का समूह अथवा समुच्चय नहीं, अपितु एक जीवमान सावयव सत्ता है। भूमि विशेष के प्रति मातृ-भाव रखकर चलने वाले समाज से राष्ट्र बनता है। प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक विशेष प्रकृति होती है, जो ऐतिहासिक अथवा भौगोलिक कारणों का परिणाम नहीं अपितु जन्मजात है। इसी जातिगत वैशिष्ट्य भावना को **'चिति'** कहते हैं।" यही राष्ट्र का केंद्र बिंदु है। 'चिति' ही राष्ट्रत्व का द्योतक है। वे आगे कहते हैं- "चिति के आविर्भाव से राष्ट्र का उदय होता है, चिति के कारण राष्ट्र की धारणा होती है और चिति के क्षीण पड़ने से राष्ट्र विनाश की ओर अग्रसर हो जाता है। चिति वह मानदंड है, जिससे हर वस्तु को मान्य अथवा अमान्य किया जाता है।"

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने **'चिति'** की तरह ही **'विराट्'** की अवधारणा को भी हमारे सम्मुख रखा है। उन्होंने कहा है कि 'विराट्' का जागरण करें। विराट् राष्ट्र की धारणा शक्ति है। उसको जागृत किए बिना हमारे मन की जो कुछ कल्पना है, उसका क्रियान्वयन नहीं हो सकता। समाज की संगठित शक्ति का नाम ही 'विराट्' है। वे कहते हैं- "जैसे राष्ट्र का आधार चिति होती है, वैसे ही जिस शक्ति से राष्ट्र की धारणा होती है, उसे 'विराट्' कहते हैं। 'विराट्' राष्ट्र की वह कर्मशक्ति है, जो चिति से जाग्रत् एवं संगठित होती है। विराट् के आधार पर ही प्रजातंत्र सफल होता है और राज्य बलशाली बनता है।

राष्ट्र और राज्य एक नहीं-आज पश्चिम के राजनीति-प्रधान चिंतन के परिणामस्वरूप, सामान्यतः 'राज्य' और 'राष्ट्र' पर्यायवाची शब्द माने जाने लगे हैं। वास्तव में ये दोनों मूल में अलग-अलग संकल्पनाएँ हैं। राज्य, समाज की तात्कालिक भौतिक व्यवस्था है और राष्ट्र, समाज का स्थायी, नैतिक, भावनात्मक तथा जीवित शिल्प। राज्य का आधार राजनीति है और राष्ट्र का प्राण संस्कृति है। राज्य, राष्ट्र का एक अंग मात्र है। राज्य अस्थायी और परिवर्तनशील हो सकता है, राष्ट्र स्थायी और निरंतर होता है। राष्ट्र का अस्तित्व बहुमत और अल्पमत पर आधारित नहीं रहता। राष्ट्र की एक स्वयंभू सत्ता है। वह स्वयं प्रकट होती है और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक सभी में विभिन्न इकाइयों की स्थापना करती है। वह विभिन्न इकाइयों जिनमें 'राज्य' भी एक है। जिसे हम प्रजातंत्र कहते हैं, वह भी राज्य को उपयोगी बनाए रखने की आवश्यकता पड़ने पर उसे बदल डालने की प्रक्रिया का ही नाम है। राज्य बदला जा सकता है, किंतु कोई भी प्रजातंत्र 'राष्ट्र' को नहीं बदल सकता। राष्ट्र का अस्तित्व बहुमत और अल्पमत पर आधारित नहीं रहता। दीनदयाल उपाध्याय कहते हैं- "राज्य की आवश्यकता दो स्थितियों में होती है : पहली आवश्यकता तब होती है, जब 'राष्ट्र' के लोगों में कोई विकृति आ जाए। उसके कारण उत्पन्न समस्याओं का नियमन करने के लिए 'राज्य' उपस्थित किया जाता है। उदाहरण के लिए, किसी मोहल्ले में यदि कोई झगड़ा ना हो और ना ही ऐसी कोई संभावना हो तो पुलिस कहीं दिखाई नहीं पड़ती। किंतु यदि झगड़ा हो जाए तो झट पुलिस को बुलाया जाता है। दूसरी आवश्यकता तब पड़ती है जब समाज में कोई जटिलता उपस्थित हुई हो। सार्वजनिक जीवन में व्यवस्था निर्माण करना जरूरी हो। निर्बलता, असहायता और दरिद्रता का लाभ शक्तिशाली संपन्न और साधन युक्त वर्ग ना उठा सके, सब न्याय की सीमाओं में बंध कर चल सकें, इसके लिए राज्य का निर्माण किया जाता है। वास्तव में इन दो कारणों से ही राज्य उत्पन्न होता है। समाज में आई हुई विकृति का नियमन करने के लिए विकृत व्यक्तियों को दंडित करना, यानी शांति स्थापित करना और समाज में आई हुई जटिलता को सुलझा कर प्रत्येक व्यक्ति के लिए न्यायपूर्ण सम्मानित जीवन सुलभ बना देना, यानी सुव्यवस्था करना ही राज्य के कार्य माने जाते हैं। तीसरा एक कार्य जो इन्हीं दोनों कार्यों

की पूर्ति का महत्वपूर्ण अंग है, वह विश्व के अन्य राज्यों के साथ संबंध स्थापित करना है। यानी बाह्य आक्रमण से रक्षा करने का कार्य ही राज्य करता है। इसके लिए राज्य, राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है।"

निष्कर्ष:-

भारतीय चिंतन में राष्ट्र की संकल्पना अति प्राचीन है। वैदिक साहित्य में राष्ट्र शब्द अपने पूर्ण विकसित अर्थ में उपलब्ध होता है। आज पश्चिम के राजनीति-प्रधान चिंतन के परिणामस्वरूप, सामान्यतः 'राज्य' और 'राष्ट्र' पर्यायवाची शब्द माने जाने लगे हैं। वास्तव में ये दोनों मूल में अलग-अलग संकल्पनाएँ हैं। आज यह आवश्यक है कि समाज को राष्ट्र की भारतीय अवधारणा का स्पष्ट बोध हो, जिससे राष्ट्र के सभी घटक पूर्ण व्यवस्थित रूप से परस्पर पूरकता के साथ राष्ट्र के विकास में सहभागी हो सकें।

******

सन्दर्भ ग्रंथ-सूची:-

1.कृष्ण गोपाल (2015), *'हिन्दुत्व-हिन्द राष्ट्र, विकास पथ'*, सुरूचि प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 26-27
2.मुखर्जी, राधाकुमुद (2009), *'भारत की मूलभूत एकता'*, सस्ता साहित्य मण्डल, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 32
3.गाँधी, मोहनदास करमचंद (2013), *'हिन्द स्वराज'*, सर्व सेवा संघ-प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ. 48
4.गाँधी, मोहनदास करमचंद (2013), *'हिन्द स्वराज'*, सर्व सेवा संघ-प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ. 49
5.मुखर्जी, राधाकुमुद (2009), *'भारत की मूलभूत एकता'*, सस्ता साहित्य मण्डल, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 32
6.मुखर्जी, राधाकुमुद (2009), *'भारत की मूलभूत एकता'*, सस्ता साहित्य मण्डल, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 32
7.उपाध्याय, दीनदयाल (2014), *'राष्ट्र चिन्तन'*, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 130
8.उपाध्याय, दीनदयाल (2010), *'राष्ट्र जीवन की दिशा'*, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 37, 38
9.अग्रवाल, वासुदेवशरण (1954), *'भारत की मौलिक एकता'*, भारती-भंडार, इलाहाबाद, पृष्ठ 76
10.अग्रवाल, वासुदेवशरण (1954), *'भारत की मौलिक एकता'*, भारती-भंडार, इलाहाबाद, पृष्ठ. 18, 19
11.देवधर, विश्वनाथ नारायण (2014), *'पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार दर्शन, खण्ड-7 व्यक्ति दर्शन'*, सुरूचि प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 76
12.उपाध्याय, दीनदयाल (2010), *'राष्ट्र जीवन की दिशा'*, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 43
13.सिंह, अमरजीत (2015), *'मैं दीनदयाल उपाध्याय बोल रहा हूं'*, प्रभात प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 35
14.उपाध्याय, दीनदयाल (2010), *'राष्ट्र जीवन की दिशा'*, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 3

गांधी दर्शन में सामाजिक न्याय

राजकिशोर
असिस्टेंट प्रोफेसर
इतिहास विभाग
जे. एस. हिन्दू पी. जी. कॉलेज, अमरोहा

भारतीय समाज लोकमंगलकारी, मनवातावादी, समतावादी जैसे उदार भावनाओं व विचारों से ओतप्रोत है। एक तरफ जहां यह समाज धर्म, प्रथा–परंपराओं, रीति–रिवाजों आदि को प्राथमिकता देता है, वहीं दूसरी तरफ यहाँ आधुनिकता, औद्योगीकरण, नगरीकरण जैसे विकसित व परिवर्तनशील संदर्भ भी परिलक्षित होते हैं। यह देश विविधताओं का देश कहा जाता है, जहां अनेक जातियाँ, वर्ग, धर्म, संस्कृति, सभ्यता, भाषा विद्यमान है। वहीं समकालीन संदर्भ में इन विविधताओं में और अधिक तत्व सम्मिलित हो गए हैं। आज यहाँ परंपरा व आधुनिकता का द्वंद्व दिखाई देता है, संस्कृति के भौतिक व अभौतिक पक्षों में विवाद दृष्टिगोचर होता है, तकनीक–प्रौद्योगिकी में विरोधाभास परिलक्षित होता है। इतनी विविधताओं के कारण मानव स्वभाव, विचार–व्यवहार व समता संबंधी संदर्शों का प्रभावित होना स्वाभाविक है। ऐसे में सामाजिक न्याय का मसला जीवित रख पाना दुष्कर व नितांत आवश्यक होता है। वर्तमान दौर उदारीकरण, निजीकरण व बाजारीकरण का है, जहां पूंजीवाद व आभासी दुनिया की सूचनाओं का बोलबाला है। इस दुनिया में एक तरफ निर्धनता, बेरोजगारी, भुखमरी, धोखेबाज़ी, शोषण है, जबकि दूसरी तरफ चकाचौंध व भोग–विलास की उपभोक्तावादी संस्कृति है। परिणामस्वरूप समाज में हिंसा, तनाव, अशांति का वातावरण परिलक्षित होता है। भारत में एक महान विद्वान, क्रांतिकारी विचारक व समाज सुधारक का जन्म हुआ मोहनदास करमचंद गांधी। उनके असाधारण कार्यों व अहिंसावादी विचारों ने समूचे विश्व की सोच ही परिवर्तित कर दिया। महात्मा गांधी ने अपने सत्याग्रह के माध्यम से ब्रिटिश शासन को खत्म करने और गरीबों का जीवन सुधारने के लिए सतत परिश्रम किया। गांधी जी ने अपने अहिंसा के सिद्धांत को सत्याग्रह के रूप में पहचान दिलायी। गांधी जी के सत्याग्रह ने अनेक हस्तियों को प्रभावित किया। स्वतंत्रता, समानता और सामाजिक न्याय अपने संघर्ष में नेल्सन मंडेल व मार्टिन लूथर किंग गांधी जी से प्रभावित थे। सत्याग्रह सच्चे सिद्धांतों व अहिंसा पर आधारित है।

गांधी जी ने सामाजिक न्याय के एक व्यवहारिक स्वरूप के तौर पर सर्वोदय का विचार प्रतिपादित किया। यह विचार दुनिया को शांति, सहअस्तित्व तथा इंसानियत के संदेश के दर्शन के रूप में परिलक्षित होता है। सर्वोदय के मूल आधार के रूप में प्रेम–स्नेह व पारस्परिकता, सहयोग व सद्भावना विद्यमान हैं। यदि हम इसकी शब्दशः व्याख्या करें, तो यह 'सबकी भलाई, समृद्धि व कल्याण' की भावना को इंगित करता है। व्यवहारिक तौर पर सर्वोदय का आशय समाज के प्रत्येक सदस्य की बुनियादी आवश्यकताओं की परिपूर्णता से है अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा एवं मकान सहज सुलभ हो। यहाँ ध्यान आकृष्ट करने वाली बात यह है कि अनैतिक तथा अवैध रूप से अर्जित की हुआ धन–संपत्ति मानव को पशुता की तरफ अग्रेषित करती है। सर्वोदय मानव को एक ऐसे रास्ते पर ले जाना चाहता है, जो उसे वास्तविक सामाजिक सुख तक पहुंचा सके, न कि किसी बनावटी भौतिक भोग–विलासिता के सुख तक। जब तक दुनिया में निर्धनता, भुखमरी, शोषण, हिंसा, दमन जैसे असमताकारी व विघटनकारी तत्व विद्यमान रहेंगे, तब तक सर्वोदय जैसा लोक–कल्याणकारी व मानवतावादी विचार अस्तित्वमान रहेगा। गांधी जी सर्वोदय के माध्यम से हृदय परिवर्तन के जरिये सामाजिक–आर्थिक असमानता व अन्याय को दूर करना चाहते हैं। वस्तुतः सामाजिक न्याय एक ऐसा पद है जो भेदभावहीन, समतामूलक, समरस तथा सर्वसमावेशी समाज की निर्मिति की कवायद करता है। एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान अवसर व सुख–सुविधाओं का प्रावधान हो। जाति, धर्म, लिंग, वर्ग, रंग, स्थान, वंश आदि के आधार पर किसी भी व्यक्ति, समाज अथवा समूह को अपमानित न होना पड़े तथा न ही इनके आधार पर व्यक्तित्व के विकास के मार्ग में बाधा आए। सामाजिक न्याय का मसला सामाजिक समानता, मानवीय मूल्यों, आदर्शों, अधिकारों, गरिमा तथा औचित्य से जुड़ा होता है। इसका तर्क यह है कि संगठित सामाजिक जीवन में हमें जो भी लाभ प्राप्त होते हैं, वे लाभ कुछ अल्पसंख्यक लोगों तक ही सीमित न रह जाएँ, अपितु समाज के प्रत्येक व्यक्ति,

गविशेष रूप से निर्बल व निर्धन को प्राप्त हो सके, ताकि वे स्वतंत्र, खुशहाल, सम्मानित व चिंतारहित जीवन जी सके। वस्तुतः सामाजिक न्याय एक प्रकार का सामाजिक–राजनीतिक आंदोलन है, जो समाज के हाशियेकृत, वंचित, शोषित, पीड़ित, उपेक्षित लोगों को समाज व विकास की मुख्यधारा में लाने से संबंधित है। गांधी जी जब सर्वोदय की बात करते हैं, तब वे मानवतावादी गुणों की चर्चा करते हैं। वे समस्त मानवता के कल्याण में विश्वास रखते थे। भगवद्गीता के वास्तविक अर्थों में गांधी जी एक निष्काम योगी थे, यही कारण है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर उन्हें महात्मा कहकर संबोधित करते थे। GANDHI जी सत्य व अहिंसा पर आधारित एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को निर्मित करना चाहते थे, जो संघर्ष के स्थान पर सहयोग, तथा विषमता के स्थान पर समता को महत्व देता है अर्थात् वे किसी भी स्थिति में मानव द्वारा मानव के हिंसा, दमन व शोषण का विरोध करते थे। वे ऐसी स्वस्थ्य सामाजिक व्यवस्था को सर्वोदय की संज्ञा प्रदान करते हैं।

गांधी जी सभी के उत्थान व कल्याण को महत्व देते थे, वह चाहे मजदूर हो, किसान हो अथवा पूंजीपति। उनका तर्क स्पष्ट था कि संपूर्ण समाज के विकास से ही राष्ट्र का सम्यक विकास संभव है। वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता कहे जाने वाले प्रसिद्ध विद्वान कार्ल मार्क्स ने साम्यवाद की संकल्पना प्रस्तुत की, जो सर्वहारा वर्ग के विकास की बात करता है तथा पूंजीपति वर्ग के विनाश को विश्लेषित करता है। इससे बिल्कुल पृथक विचारधारा के रूप में गांधी जी का सर्वोदय सभी के विकास को तवज्जो देता है, सबके हित की बात करता है। इस विचारधारा का तर्क है कि जहां एक तरफ निर्धन व्यक्ति आर्थिक रूप से दरिद्र है, वहीं दूसरी तरफ धनी व्यक्ति नैतिक रूप से दरिद्र होता है। यहाँ गांधी जी न्यासिता (ट्रस्टीशिप) की बात करते हैं, जिसमें वे धनी व्यक्तियों द्वारा हृदय परिवर्तन के सहारे निर्धन व्यक्तियों की सहायता को महत्व देते हैं।

सर्वोदय की मान्यता है कि मानव की आत्मा स्वभाव से पवित्र होती है। इस विचारधारा में स्वतंत्रता, समानता, विश्वबंधुत्व तथा न्याय को अधिक महत्व दिया जाता है। गांधी जी राज्य की व्याख्या मानवीय गुणों का विनाश करने वाले रूप में करते थे, वे राज्य के स्थान पर स्वराज्य को महत्व देते थे। स्वराज्य का शासन जनता के नैतिक संप्रभुता पर आधारित होगा। गांधी जी ने दलित, शोषित, वंचित व अल्पसंख्यकों के उत्थान हेतु सामान्य कल्याण तथा सामंजस्य पर अधिक बल दिया। समाज में व्याप्त विषमता व असमानता को दूर करने के लिए वे ट्रस्टीशिप का विचार प्रतिपादित करते हैं। गांधी जी का विचार है कि समस्त प्राकृतिक संपदा ईश्वर द्वारा प्रदीप्त है, अतः समूचे संसाधनों पर प्रत्येक व्यक्ति का बराबर का अधिकार होना चाहिए। इस प्रकार के सर्वोदयी प्रयत्न से एक सामंजस्यपूर्ण पारस्परिक सहयोग वाला समाज निर्मित होगा तथा समाज में व्याप्त शोषण, दमन व संघर्ष का अंत होगा।

सर्वोदय तथा सामाजिक न्याय मौलिक रूप से समान संकल्पनाएँ हैं तथा इन दोनों का उद्देश्य समाज के शोषित, दलित, पीड़ित, पिछड़े, हाशियेकृत तथा कमजोर वर्ग का उत्थान करना है। सामाजिक न्याय का विचार स्वयं में एक क्रांतिकारी विचार है, जो समाज में एक ऐसी व्यवस्था की स्थापना के मानदंड को प्रस्तुत करता है, जहां समाज का प्रत्येक सदस्य, दैनंदिन जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में समान रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके तथा आर्थिक विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। सामाजिक न्याय कानून को सामाजिक परिवर्तन के वाहक के तौर पर प्रयोग किए जाने की मांग करता है। सामाजिक न्याय का आशय समाज के उस बड़े भाग के लिए न्याय मुहैया कराना है, जो साधनहीन, सुविधाहीन तथा विशेषाधिकार रहित है। यह न्याय न केवल रंग, लिंग, वर्ग, शक्ति, धन आदि की असमानता को दूर करने की वकालत करता है, अपितु समाज के हाशियेकृत वर्ग का पक्षपोषण भी करता है। सरल शब्दों में, सामाजिक न्याय समस्त भेदभावों व असमानताओं का अंत कर नागरिकों को सामाजिक–आर्थिक क्रियाओं में समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य को फलीभूत करता है। सामाजिक न्याय का संबंध मात्र सामाजिक सुरक्षा से ही नहीं है, अपितु यह वंचित, दलित, शोषित व कमजोर वर्ग पर विशेष ध्यान आकृष्ट करने की आवश्यकता पर बल देता है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति समाज में एक समान मूल्यों का संपादन नहीं करता।

अतः व्यक्तियों द्वारा समाज में किए जा रहे कार्यों के मूल्य के अनुपात में ही वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय के समतापूर्ण विचारों को जीवित रखा जा सके। समकालीन संदर्भ में गांधी जी के सर्वोदयी विचारों को व्यवहारिक रूप से प्रयुक्त कर सामाजिक न्याय को स्थापित किया जा सकता है। गांधी जी की सर्वोच्च प्राथमिकता पिछड़े, कमजोर, दलितों व हाशियेकृत वर्गों का उत्थान था। उनका सर्वोदयी समाज का विचार सामाजिक न्याय के आदर्शों पर ही आधारित था। इस समाज में कोई व्यक्ति न तो पहला होगा तथा न ही आखिरी। दूसरे शब्दों में, इस समाज का आखिरी व्यक्ति पहले व्यक्ति के बराबर होगा अर्थात् समाज में प्रत्येक व्यक्ति का बराबर का स्थान होगा।

गांधी जी का मत था कि समाज में अछूत की समस्या गैर–बराबरी तथा वैमनस्यता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामाजिक न्याय तथा राष्ट्रीय एकता के मार्ग में छुआछूत एक दुसाध्य अवरोध है। गांधी जी हिंदू समाज के अभिन्न अंग के रूप में अछूतों की बात की है, उनको समाज में निम्नतम स्थान देना, निकृष्टतम कार्य हेतु बाध्य करना, मंदिरों में प्रवेश की मनाही, धर्मग्रंथों के अध्ययन पर रोक आदि अमानवीय व्यवहार हैं तथा यह उन हाशियेकृत लोगों को अकारण मानवाधिकारों से वंचित करना है। अछूतों के प्रति गांधी जी के मन में अगाध प्रेम व सम्मान था, यही कारण है कि वे उन्हें 'हरिजन' शब्द से संबोधित करते हैं। सर्वोदय के सहारे सामाजिक न्याय को स्थापित करने हेतु गांधी जी सत्याग्रह की तकनीक को अपनाने की कवायद करते हैं। गांधी जी का तर्क स्पष्ट था कि यदि प्रेम, सद्भाव, संरक्षण व हृदय परिवर्तन के उपरांत भी सामाजिक न्याय का लक्ष्य प्राप्त नहीं होता, तब ऐसी स्थिति में हमें सत्याग्रह के मार्ग को चुनना चाहिए। सत्याग्रह की तकनीक की सहायता से अस्पृश्यता जैसी अनेक सामाजिक बुराइयों तथा सामाजिक संघर्ष को दूर किया जा सकता है तथा सामाजिक न्याय की स्थापना की जा सकती है।

आज का समाज उपभोक्तावादी संस्कृति द्वारा संचालित है, जो वैश्वीकरण, उदारीकरण व निजीकरण द्वारा उपजी है। इस संस्कृति में मानव की पहचान तथा उसकी अस्मिता पर गहरा संकट छाया हुआ है। सर्वोदय की विचारधारा के सहारे इस पहचान को निर्मित व जीवित रखा जा सकता है। आज जहां समूची दुनिया आपस में जुड़ी हुई है तथा सभी आत्मीयता, मानवाधिकार व मानवतावाद को तवज्जो देते हैं। इसके बावजूद दलित अपने उत्थान के लिए तरस रहे हैं, वे आज भी शोषण व अत्याचार के शिकार हैं। हम ऐसे समाज की संकल्पना रखते हैं, जहां समानता हो, गरिमापूर्ण जीवन हो, सम्मान हो, संवेदनशीलता हो। एक ऐसा समाज जो हिंसा व संघर्ष से रहित हो। ऐसे समाज की अभिव्यक्ति गांधी जी द्वारा बताए गए सर्वोदय के विचार से ही संभव है।

******

संदर्भ ग्रंथ सूची: -

1. गावा, ओ. पी. (2009). *राजनीति सिद्धांत की रूपरेखा.* नोएडा: मयूर पेपर बैक्स.
2. गांगुली, बी. एन. (2006). *गांधीज़ सोशल फिलोसोफी: पर्सपेक्टिव एंड रेलिवेंस.* दिल्ली: राधा पब्लिकेशन्स.
3. जैन, एम. पी. (1988). *राजनीति के सिद्धांत.* दिल्ली: ओथर्स गिल्ड पब्लिकेशन.
4. झा, ए. (2020). *गांधी मैदान.* नोएडा: हिंदी युग्म.
5. राजमनी, एम. बी. (1997). *गांधीयन सोशल थाट.* मैसूर: यूनिवर्सिटी ऑफ मैसूर.
6. सिंह, बी. (2014). *गांधी का साहित्य और भाषा चिंतन.* वाराणसी: सर्व सेवा संघ प्रकाशन.
7. सिंह, एस. डी. (2008). *महात्मा गांधी- प्रथम दर्शन: प्रथम अनुभूति.* नई दिल्ली: प्रभात प्रकाशन.

आधुनिक युग में मानव का बदलता स्वरूप

ज्योति शर्मा
सहायक आचार्य, हिंदी विभाग
ईथेंस महाविद्यालय, हैदराबाद, भारत
मो.91 8919411072

सारांश-परिवर्तन सृष्टि का नियम है। हमें समय के साथ ही चलना चाहिए। लेकिन इस प्रकृति के पीछे मानव का संपूर्ण स्वार्थ छुपा हुआ है। हम इस शोध में यही जानने की कोशिश करेंगे कि मनुष्य प्रगति और तकनीकी में इतना गुम होता जा रहा है कि जिससे संपूर्ण मानव जाति व प्रकृति संकट के घेरे में आती हुई नजर आ रही है। आधुनिकता के नाम पर मनुष्य अपनी प्राचीन सभ्यता को ताक पर रखता हुआ जरा भी नहीं कतरा रहा है। जो कि मानव जीवन में अनागत भविष्य के लिए अत्यधिक हानिप्रद हो सकती है। मनुष्य अपने लाभ के लिए प्रकृति के अमूल्य खजाने को नजरअंदाज करके उस पर प्रहार करने में जरा भी नहीं हिचकिचता। जिसके परिणाम स्वरुप वह खुद की ही आने वाली पीढ़ी के लिए खतरा बनता जा रहा है। विज्ञान ने जीवन को बहुत आसान बना दिया है लेकिन इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा कि इस तकनीकी और विज्ञान ने मनुष्य जीवन को बहुत प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। चाहे वह शारीरिक स्वास्थ्य हो या मानसिक शांति। मानव आर्थिक सुविधाओं के लिए अपने शारीरिक और मानसिक शांति से खिलवाड़ कर रहा है। इस अबोध मनुष्य को यह समझना होगा कि सबसे बड़ा सुख आर्थिक सुविधा न होकर मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य है। यह बुद्धिहीन मनुष्य क्षणिक सुविधाओं और वैज्ञानिक चमक-धमक में काबू होता जा रहा है। जो उसके भविष्य के लिए अवांछनीय परिणाम की आकांक्षा है। इसके लिए आधुनिकता के साथ मानव को अपने प्राचीन सभ्यता का साथ भी नहीं छोड़ना चाहिए।

बीज शब्द: अर्वाचीन युग, उपभोक्तावादी सभ्यता, आत्मीय संबंध, भौतिक तत्व, अग्रशील दृष्टिकोण, भ्रमित, नैतिक मानदंड, उद्भव, समतामूलक, अवध्वंस.

शोध प्रविधि -प्रस्तुत शोध की प्रविधि व्यवहारिक जीवन पर आधारित है। जिसमें विश्लेषणात्मक विधि का प्रयोग किया गया है। शोध पत्र में सत्यापन व विश्लेषण करने के लिए अनेक पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं तथा विभिन्न वेबसाइटो को सहायक के रूप में प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत शोध में तथ्यों के संकलन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीय स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है।

शोध के उद्देश -शोध कुछ उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया जाता है और उन उद्देश्यों की पूर्ति करने का प्रयास शोधार्थी अपने शोध में करता है। प्रस्तुत शोध के भी अपने कुछ उद्देश्य हैं। जो निम्न प्रकार से हैं।

- आधुनिकता और प्राचीन सभ्यता के बीच के अंतर को समझना।
- मानव परिवर्तन किस दिशा में होना चाहिए उसे निश्चित कर अग्रसर होना।
- प्राचीन सभ्यता और प्रकृति के अमूल्य उपहारों का महत्व समझाना।
- युवा पीढ़ी को भारतीय सभ्यता से अवगत कराना और इसका महत्व समझाना।
- आधुनिकता की आड़ में बढ़ रहे अत्याचार और भ्रष्टाचार से मानव जाति को अवगत कराना।
- वैज्ञानिक तकनीकों के महत्व के साथ-साथ मनुष्य को उसकी हानियों से भी परिचित कराना।
- मनुष्यता व मानवता का सही रूप से क्या कर्तव्य है। यह समझाने की कोशिश करना।
- मानव जाति को नैतिक मूल्यों व आत्मीय संबंधों से अवगत करवाना।
- मनुष्य को समझाने की कोशिश करना कि है आर्थिक सुविधाओं के साथ-साथ उसे मानसिक शांति का भी महत्व समझना चाहिए।
- अनभिज्ञ मनुष्य जाति को समझाने की कोशिश करना कि वह अंत: चेतना को परिष्कृत करें और मानवता को जीवित रखे।

प्रस्तावना-हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जिसका नाम आधुनिक युग दिया गया है। इस अर्वाचीन युग में मानव ने न सिर्फ अपने मस्तिष्क को परिवर्तित किया है बल्कि साथ ही उसने एक उपभोक्तावादी संस्कृति को भी जन्म दिया है। इस उपभोक्तावादी संस्कृति के चलते हैं मानवीय संबंधों की अहमियत लुप्त होती जा रही है। अपनी लालसा को प्राप्त करने के लिए मानव निसंकोच भाव से नैतिकता को ताक पर रखता नजर आ रहा है। वह आत्मीय संबंधों को अवध्वंस कर भौतिक तत्व मे संदर्भित होता जा रहा है।विश्व के सभी जीवों में मानव रचना शीर्ष पर है। क्योंकि मानव ही ऐसा जीव है, जो अपने विवेक, बुद्धि से संपन्न है और सब से गहन चिंतन कर सकता है। लेकिन मानव ने अपनी बुद्धि और चिंतन का उपयोग केवल अपने स्वार्थ के लिए प्रयोग किया है। मानवीय क्रियाकलापों में नैतिक मानदंड शून्य होता जा रहा है। असीम आनंद की तीव्र इच्छा से ग्रस्त मानव अपने स्वार्थ के चक्रव्यूह में सीमित और संकीर्ण हो गया है।मानव एक सर्वश्रेष्ठ प्राणी है जो अपने मननशील, विचारशील और अग्रशील दृष्टिकोण से पूरे विश्व में भ्रातृत्व की भावना का उद्भव कर सकता है और संपूर्ण विश्व को एक बंधुत्व के सूत्र में बांध सकता है। जिसकी संतुष्टी और आनंद अवर्णनीय है। एक मानव ही मानव के प्रति समतामूलक और समानता के भाव से एक श्रेष्ठ मानसिकता का विकास कर सकता है। लेकिन इस प्रक्रिया में सहयोगात्मक दृष्टिकोण से ही पदार्पण करना संभव है।मानव जाति अदम्य शक्ति का स्त्रोत है जिसमें आंतरिक शक्तियां कूट-कूट कर भरी हुई है और जो संकल्प शक्ति के सहारे एकाग्र चित्त होकर जीवन पर्यंत एक विशिष्ट और कर्मठ व्यक्ति बन सकता है तथा मानवता का व्यापक अर्थ इस सृष्टि को दिखा सकता है।

मानव की सबसे बड़ी शक्ति उसकी इच्छा शक्ति है। वह स्वेच्छा के बल पर ही अपने मन और मस्तिष्क पर नियंत्रण कर सकता है तथा आवश्यकता के अनुरूप स्वयं को बदलकर निरंतर गतिशील रह सकता है। लेकिन परिवर्तन के भी अपने कुछ सिद्धांत होते हैं। अनुशासन बंधित, व्यक्तिगत व सामाजिक हित के दायरे में हुआ बदलाव ही नैतिक परिवर्तन कहलाता है।अनुशासन के अभाव में आजकल की संवेदनशील पीढ़ी को असफलताओं का सामना करना पड़ता है जिससे वह अधिक विद्रोही प्रवृत्ति के हो जाते हैं।इस आधुनिक युग के यांत्रिक मानव को समझना होगा कि प्रत्येक क्षण मूल्यवान है इसीलिए उसे अनुशासन की निर्मल व पावन अग्नि में जलकर, सच्चाई के तप रूपी मार्ग पर चल कर ही मानसिक विकृतियों को स्थिर और संयमित करना होगा। आजकल की युवा पीढ़ी को समझना होगा कि चरित्र ही सबसे बड़ा बल है, जो जीवन की टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियों में भी मर्यादापूर्वक जीने के लिए साहस व शक्ति प्रदान करता है और हमारे आत्मसंस्कार को पुनः जागृत कर आदर्श और यथार्थ को समन्वित करता है जिससे हम नूतन युग में अग्रसर होते हुए भी मनुष्यता का परित्याग ना करें।

पूर्व शोध अध्ययन-ब्रजेश सिंह, वर्षा रानी एवं संतोष कुमार सिंह (2016) में अपने शोध भारतीय संस्कृति का बदलता स्वरूप और पर्यावरण प्रदूषण, में पाया कि बदलते वैज्ञानिक युग में धीरे-धीरे हमारी संस्कृति का स्वरूप भी बदल रहा है। और साथ ही साथ मानव जीवन भी प्रभावित होता जा रहा है। वैज्ञानिक तकनीकी से बेमौसम कृत्रिम फसलें फल आदि उगाने लगे हैं। मनुष्य इस वैज्ञानिक युग के चलते प्रकृति को भूलता जा रहा है। प्रकृति ने हमें जाने कितनी अमूल्य बेटे उपहार में दी हैं। लेकिन वैज्ञानिक तकनीकी में अंधाधुंध मानव सब कुछ बोलता जा रहा है। मनुष्य की इस प्रकृति से जुड़ी सभी भावनाएं निरस्त होती जा रही हैं। भारत में हमारी संस्कृति ऐसे है जैसे शरीर में आत्मा हो प्रकृति में बसी लोक संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। आधुनिकता वादी युग में औद्योगिक कारखाने निकले जिससे प्रकृति के सभी अंग प्रभावित होते हैं लेकिन इस वार्थी इंसान को अपने अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है।डॉ ललिता (2018) में अपने शोध भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव, में पाया कि आधुनिकता और प्राचीन सभ्यता में किस प्रकार बदलाव आया है। हमारे भारतीय सभ्यता पर पाश्चात्य संस्कृति का अत्यधिक प्रभाव देखने को मिलता है। जीवन का हर क्षेत्र पाश्चात्य संस्कृति से ग्रस्त हैं चाहे वह हमारी भाषा क्षेत्र हो चाहे भारतीय पहनावा या फिर खाद्य आहार हर जगह हमें

पाश्चात्य संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। आज भारतीय समाज अपनी ही सभ्यता का उपहास करते हुए पाश्चात्य सभ्यता को अपना में अपनाने में खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। पाश्चात्य सभ्यता की चकाचौंध ने आधुनिक युग की युवा पीढ़ी को भ्रमित कर दिया है। और जिसके कारण आधुनिक युग के बढ़ते अत्याचार भ्रष्टाचार और व्यभिचार भारतीय संस्कृति पर गहरा प्रहार करते नजर आ रहे हैं। युवा पीढ़ी अनुचित सभ्यता का अनुकरण करने में लगी है जो कि बहुत ही चिंतनीय विषय बन गया है।सुरजीत सिंह बरवाल (2017) ने अपने शोध आधुनिकता अवधारणा स्वरूप तथा प्रक्रिया, में पाया कि आधुनिकता का संबंध व्यक्ति के रहन-सहन पहनावे से नहीं बल्कि उसकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मनुष्य को चाहिए कि वह उसे आत्मसात करें। आधुनिकता का अर्थ नए आयामों को अपनाना है ना की किसी गलत दिशा में अग्रसर होना है सही मायने में आधुनिकता पुराने अंधविश्वासों वह रूडी वादियों को छोड़कर एक समृद्ध सोच से आगे बढ़ना है। यह प्रक्रिया अपनी सभ्यता को छोड़ने से नहीं बल्कि अपनी सभ्यता को ठीक से समझ कर उसे विकसित करना ही सही मायने में आधुनिकता है अर्थात यह मानव के जीवन को सभी क्षेत्रों मनोवैज्ञानिक सामाजिक राजनीतिक धार्मिक बौद्धिक सबको प्रभावित करता है लेकिन इसे नकारात्मक आचरण छोड़कर सकारात्मक आचरण से अपनाना चाहिए।

डॉ.दिवाकर गरबा (2013) ने अपने शोध भारतीय साहित्य में सांस्कृतिक समन्वय, में पाया कि हमारे जीवन का मूल आधार हमारे नैतिक मूल्य हैं जो हमारी संस्कृति में ही निहित है हमारी संस्कृति और साहित्य के मूल्यों की रक्षा अनेक रचनाकारों द्वारा की गई है उनकी रचनाओं ने नैतिक मूल्यों पर बड़े-बड़े आगाज किए हैं जिससे हमारी संस्कृति व सभ्यता का विनाश होने से बच सके।प्रदीप कुमार (2022) ने अपने शोध प्रोफेसर योगेंद्र सिंह के विशेष संदर्भ में सामाजिक परिवर्तन तथा समाज और परंपराओं में आधुनिकरण में पाया कि स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय सभ्यता और संस्कृति में तीव्र गति से परिवर्तन हुए हैं। इस शोध के अनुसार आधुनिकरण में शिक्षा के क्षेत्र में काफी हद तक विकास हुआ है। गांव में नगर दोनों ही विकसित हुए हैं लेकिन परिवर्तन की हर घड़ी को आधुनिकता का नाम देना उचित नहीं है। विकास की दिशा में अग्रसर होना ही सही रूप से आधुनिक परिवर्तन है लेकिन इसी के साथ अगर मानव अपनी नैतिकता को ताक पर रखकर अपने स्वार्थ के लिए उपभोक्तावादी दृष्टिकोण से अग्रसर होता है तो वह आधुनिकरण के नाम पर सिर्फ स्वार्थी मानव प्रवृत्ति है जो भावे भविष्य के लिए हानिप्रद हो सकती है। डॉक्टर प्रवेश कुमार पांडेय (2014) में अपने शोध शोध श्री के भारत की राजनीति में नेतृत्व नैतिकता एवं भ्रष्टाचार- एक विश्लेषण, में पाया कि पिछले कुछ दशकों से राजनीतिक दलों में आगे बढ़ने की होड़ लगी हुई है यह राजनीतिक दल निजी स्वार्थ के लिए ही सोचता है ना कि देश की उन्नति के लिए। जिसके परिणाम स्वरूप समाज में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ता जा रहा अनेक राज्यों में भ्रष्टाचार एवं भाई भतीजावाद को रोकने के लिए अनेक प्रयास में अधिनियम लागू किए गए। लेकिन इन सब का देश पर इतना अधिक प्रभाव देखने को नहीं मिलता और जो लोग सत्ता में है वह अपने प्रलोभन के लिए अनेक अनेक अनैतिक कार्यों में विलीन होते दिख जाते हैं। आज के दौर में राजनीति बस एक जीविका के साधन के रूप में देखी जाती है ना कि देश के विकास व उत्तरदायित्व के लिए। राजनीतिक सत्ता में एक राष्ट्रवादी नागरिक को अपने हित के बारे में सोच कर राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। अतः नैतिक मूल्यों को गिराने से ही भ्रष्टाचार का उद्भव हुआ है। आज के मानव को जीवन के नैतिक मूल्यों को समझना ही होगा तभी हम उन्नति के शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

निष्कर्ष:-

इन सभी कथनों के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि आधुनिकता का संबंध एक सकारात्मक परिवर्तन से है ना स्वार्थी में उपभोक्तावादी मानव प्रकृति से। विडंबना यह है कि आधुनिकता का अर्थ यहां सिर्फ पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने से है। अपराधिक मनोवृति आधुनिकता के नाम पर अनआधुनिकता, तानाशाह, नौकरशाह आदि प्रवृत्ति को अपना रहे हैं, जो कि मानव जीवन के लिए बहुत ही घातक सिद्ध होता जा रहा है।यह एक बहुत ही अफसोसजनक तथ्य है कि मानव जाति आधुनिकता के नाम पर अश्लीलता का चित्रण, यंत्रणाप्रियता, भ्रष्टाचार आदि बुरी नीतियां समाज में फैला रही हैं। आधुनिकता का सही अर्थ समझाने के लिए अनेक प्रयास किए जा सकते हैं जो निम्न प्रकार से हैं-

- मानव जाति समझना चाहिए कि वह तकनीकी का आवश्यकता अनुसार ही प्रयोग करें ना कि अपनी इच्छा अनुसार।
- मानव को समझना होगा कि आधुनिकता के लिवास में वह गुमराह होता जा रहा है। उसे स्वार्थी स्वभाव से अधिक मानसिक शांति को महत्व देना चाहिए।
- मनुष्य को प्रकृति के द्वारा दिए गए उपहार को अपनी आत्मा से सम्मान देना चाहिए और उसे एक अमूल्य धरोहर समझ कर उसका ख्याल रखना चाहिए। न कि अपने स्वार्थ में अंधा होकर प्राकृतिक खजाने को नष्ट करना चाहिए।
- आज की युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है जिससे वह हमारी प्राचीन सभ्यता को भी एक अमूल्य धरोहर समझकर उसको अपने में समाए रखें।
- हमें चाहिए कि हम तकनीकी विज्ञान के लाभ के साथ-साथ हानियों से भी अवगत हो जाएं। तभी हम वैज्ञानिक वस्तुओं का सही रूप से इस्तेमाल कर सकेंगे।

*****

संदर्भ सूची:-

1. डॉ दिवाकर गरवा (जून 2013) भारतीय साहित्य में सांस्कृतिक समन्वय, एसोसिएट फैकेल्टी, हिंदी विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, शब्द ब्रह्मा ,भारतीय भाषाओं की अंतरराष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका, ग्रेटर नोएडा ,गौतम बुध नगर , आईएसएसएन 2320 - 0871
2. डॉक्टर प्रवेश कुमार पांडेय (2014) भारत की राजनीति में नेतृत्व, नैतिकता एवं भ्रष्टाचार- एक विश्लेषण, जबलपुर, मध्य प्रदेश, शोध श्री, इंटरनेशनल रेफर जनरल ऑफ मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च, वॉल्यूम 4 पेज नंबर 1-6
3. तस्सेम गुजराल (2014) शताब्दी स्मरण, लुप्त होती मानवता की तलाश, 23-26 पुस्तक वार्ता, अंक 50-51 जनवरी से अप्रैल
4. सुरजीत सिंह बरवाल (2017) आधुनिकता अवधारणा स्वरूप तथा प्रक्रिया, डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर मध्य प्रदेश, शरद ई पत्रिका आईएसएसएन 2455- 6440
5. डॉ ललिता (2018) भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव, सहायक प्राध्यापक, राजनीतिक विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय बीबी बुलंदशहर, शोध मंथन ,पेज 78-83
6. जय राम बेरवा (नवंबर 2018) आधुनिकरण एवं विकास का सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था पर प्रभाव, समाजशास्त्र विभाग, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर, श्रृंखला एक शोधपरक वैचारिक पत्रिका, वॉल्यूम 6 आईएसएसएन 2321 290X
7. डॉ अर्चना त्रिपाठी (जुलाई 2021) साहित्य समाज एवं संस्कृति का अंत: संबंध, असिस्टेंट प्रोफेसर, जीसस एंड मैरी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, अपनी माटी , पृष्ट -35-36
8. प्रदीप कुमार (जनवरी 2022) प्रोफेसर योगेंद्र सिंह के विशेष संदर्भ में सामाजिक परिवर्तन तथा समाज और परंपराओं में आधुनिकरण, असिस्टेंट प्रोफेसर, नॉर्थ इंडिया कॉलेज हायर एजुकेशन नजीबाबाद
9. अनिल कुमार पांडेय डॉ श्रीकांत सिंह अप्रैल से (जून 2013, अक्टूबर से दिसंबर 2015) आधुनिक सिनेमा का युवा वर्ग पर प्रभाव, मीडिया मीमांसा
10. डॉ काजल वाजपेयी (2011) भारतीय और पाश्चात्य संस्कृति, आलेख, संगणकीय भाषावैज्ञानिक सी डेक,पुणे ,साहित्य शिल्पी

प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों का पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान तथा उसके प्रभाव के ज्ञान का अध्ययन

डॉ.मोहन लाल 'आर्य'
आचार्य
शिक्षा विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

परिना बंसल
सहायक प्राध्यापिका
शिक्षा विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

सार:-यह समस्त सृष्टि पचं महाभूतों (तत्वो) से बनी है यही पाँच तत्व सृष्टि को आवृत्त भी किये हुए हैं। इन्हें ही अंग्रेजी में फाइव एलीमेण्ट्स कहते हैं। तत्वों के भाँति-भाँति के गुणात्मक मिलन से मूर्त रुपों का निर्माण होता है और आकाश, पृथ्वी तथा भूगर्भ में जीवन पनपने लगता है। इन्ही तत्वों के लगभग अमूर्त रुप का आवरण हमें घेरे हुए है जिसे पर्यावरण कहते है। इसी पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान तथा उसके प्रभाव के ज्ञान का अध्ययन करना प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य है। जिसे जॉच ने के लिए प्रयोगात्मक अनुसंधान विधि का प्रयोग किया गया है। जनसंख्या के रूप् में मुरादाबाद जनपद के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है।

मुख्य शब्द ; पर्यावरण, ज्ञान, प्राकृतिक तत्व।

प्रस्तावना:-पर्यावरण का भाव अधिक व्यापक है। आवरण एवं जलवायु का सम्बन्ध पृथ्वी के चराचर से है, किन्तु पर्यावरण शब्द में ब्रह्माण्ड के उन नक्षत्रो, ग्रहो, उपग्रहो, एवं अन्तरिक्ष आदि के वह रुप भी सन्निहित हैं, जो पृथ्वी के चराचर को किसी भी रुप में प्रभावित करते हैं। आजकल तो पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति आरै सूर्य की तीक्ष्ण किरणों से पृथ्वी की रक्षा करने वाली ओजोन परत भी पर्यावरण की परिधि में ले आई जा रही है। जिस प्रकार दार्शनिकों ने जीव, जगत और ब्रह्म के पारस्परिक सम्बन्ध एवं आदान-प्रदान की अभिव्यक्ति की है, उसी प्रकार तत्ववेत्ताओं ने जीव, जगत और ब्रह्माण्ड के परस्पर सम्बन्धो, आदान-प्रदानों और क्रियाओ- प्रतिक्रियाओं पर अपनी गवेषणायें प्रस्तुत की हैं। अन्योन्याश्रित सम्बन्ध के कारण कभी पर्यावरण विशेष प्रकार के वायुमण्डल से आवृत्त रहता है तो कभी वह वायुमण्डल को अधिक प्रभावित करता है। पेड़-पौधों वायु, पानी, ग्रहो, उपग्रहो, व अन्तरिक्ष का प्रभाव अनवरत पर्यावरण पर पड़ता रहता है। सच पूछा जाये तो मनुष्य ने प्रकृति के स्रोतों का उपयोग जब तक अपनी प्राकृतिक सुख-सुविधाओं के लिए केवल कम से कम जरुरतों में किया तब तक निश्चिन्त रुप से सुखी रहा, किन्तु जैसे-जैसे वह कृत्रिम सुख साधनों को बढ़ानें में होड़ करके प्राकृतिक संसाधनों का बिना रोक टोक के निर्दयता पूर्वक असीमित दोहन करने लगा, वैसे-वैसे प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ता और अपने तथा अन्य प्राणियों के लिए आपत्तियों का सृजन करता गया एवं आज भी करता जा रहा है। वनों को अधिक काट कर उसने अपने लिए मिलने वाली दिव्य एवं पुष्ट प्राणवायु का अधिक क्षय तो किया ही, पशु-पक्षियों का जीवन भी दूभर कर दिया। कितने ही मनोहारी सुन्दर पशु-पक्षियों की तो जातियाँ-प्रजातियाँ ही नष्ट हो गई। मिल कारखानों से दूषित गर्म वायु, धुआ, राख, कृत्रिम गैसो, विषैली क्लोरोफ्लोरो कार्बन आदि के अधिक उत्पन्न होने, नदियों-जलाशयों आदि में अत्यधिक गन्दगी प्रवाहित होने, हमारे सुरक्षा कवच-ओजोन परत के पतली होने, अणु शक्तियों के प्रयोग आदि से धरती की छाती दहलने लगी है। ओजोन परत को चीर कर अब अन्तरिक्ष यान ब्रह्माण्ड में जाने लगे हैं। वहाँ उनके बिगड़ जाने टूट-फूट होने, निष्क्रिय एवं नष्ट होने से जो भारी-भारी अपरिमित कचरा, सुरक्षा कवच के ऊपर एकत्रित होता जा रहा है, जब वह अत्यधिक हो जाने पर आकाश से धरती पर बरसना प्रारम्भ करेगा तब हमारे जीवन की क्या दशा होगी, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। आज के युग में जहाँ एक ओर मानव चाँद पर पहुँच चुका है वहीं दूसरी ओर उसे अपने चारो ओर के प्राकृतिक स्रोत समाप्त होते नजर आ रहे हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि इन सबका कारण मानव ने स्वंय अपने विनाश को समझना शुरु कर दिया है और शायद अब, अनुभव कर लिया है या यह कह सकते हैं कि उसे आभास हो गया है कि उसके द्वारा बनाए गए यंत्र, संयत्र, परमाणु बम तथा अन्य आधुनिक उपकरण उसे अपने ही अस्तित्व को मिटाने की ओर ले जा रहे हैं। अगर इसी प्रकार जनसंख्या बढ़ती गई, शहरीकरण, आधुनीकीकरण और प्राकृतिक स्रोतों का विनाश होता रहा, तो हमारा और हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य क्या होगा, यही सोचकर भय-सा लगता है। जिस समाज के पास भोग की जितनी अधिक वस्तुएं होंगी, वह उतना ही अधिक विकसित माना जाएगा। किन्तु ये भोग की वस्तुएं आखिर आएंगी कहां से? इन सबका भण्डार तो पृथ्वी ही है, चाहे ये अनाधिकृत साधन धातु, खनिज तेल हों, और चाहे चारागाह, वन, कृषि भूमि व समुद्र जैसे नवीकृत होने वाले साधन हों। विपुलता वाले विकास के लिए मनुष्य ने तकनीकी की मदद से प्रकृति के भण्डारों का असीमित दोहन किया है। आज जो वैभव दिखाई देता है, वह स्वाभाविक नहीं है। यह तो अलीबाबा की तरह मनुष्य के हाथ में तकनीकी की चाबी लग गई है और प्रगति की जो सदियों की जमा पूंजी थी, उस चाबी से एकाएक हम समृद्ध हो गए, सम्पन्न हो गए। यह सम्पन्नता स्वाभाविक नहीं है।

शोध अध्ययन की आवश्यकता:-

पर्यावरण शिक्षा वह है जो पर्यावरण के माध्यम से पर्यावरण विषय में तथा पर्यावरण के लिए होती है। पर्यावरण शिक्षा शिक्षार्थी को उसके वातावरण के अनुकूल बनाने का प्रयास करती है। पर्यावरण शिक्षा व्यक्ति को पर्यावरण से अनुकूलन करना ही नहीं सिखाती अपितु उसको अपने अनुकूल उचित रीति से परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षित भी करती है। यह व्यक्ति को पर्यावरण पर नियंत्रण तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्वंय पर नियंत्रण रखने की क्षमता प्रदान करती है। स्पष्ट है कि पर्यावरण की सुरक्षा तब ही संभव है जब एक ओर तो व्यक्ति स्वयं को पर्यावरण के अनुकूल परिवर्तित करना सीख ले और दूसरी ओर पर्यावरण को अपने अनुकूल इस प्रकार परिवर्तित करना सीख ले कि इस परिवर्तन से पर्यावरण को कोई अप्राकृतिक क्षति न हो। मनुष्य में इन दोनों गुणों का विकास पर्यावरण शिक्षा ही करती है। अतः पर्यावरण संरक्षण पर्यावरण शिक्षा की व्यावहारिक तथा अनुकूल प्रभावशीलता पर निर्भर करती है। आज सारी पर्यावरण समस्याओं का समाधान अकेले न तो कोई सरकार कर सकती है तथा न कोई गैर-सरकारी स्वंयसेवी संस्था अथवा संगठन। इस समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक नागरिक, को आगे आना होगा। प्रत्येक नागरिक की इस दिशा में भागीदारी आवश्यक तथा अनिवार्य है। यह तभी सम्भव है जब प्रत्येक नागरिक पर्यावरण से सम्बन्धित इन समस्याओ, पर्यावरण के महत्व, प्रदूषण से होने वाली हानियाँ तथा पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण और सुरक्षा के उपायों तथा विधियों से परिचित हो। उनके प्रति सजग हो तथा कार्य तथा व्यवहार इस दिशा में सम्पन्न करे।

पर्यावरण शिक्षा के द्वारा मनुष्यों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वे प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने का प्रयास करें। छात्रों को प्रत्येक स्तर पर पर्यावरण के स्रोतों के संरक्षण के लिए और उनमें यह आदत डालने के लिए कि वे स्वंय पर्यावरण को न दूषित करें, प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उनको इस बात की शिक्षा दी जानी चाहिए कि पर्यावरण संकट के क्या कारण हैं और उसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। यदि मानव को यह शिक्षा दी जा सकी तो पर्यावरण संकट दूर करने में सहायता मिलेगी। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखकर शोधार्थिनी ने शिक्षा के स्तरों (प्राथमिक एवं माध्यमिक) तथा इन स्तरां पर शिक्षा की प्रक्रिया का संचालित एवं गतिशीलता प्रदान करने वाले शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान और प्रदत्त ज्ञान के प्रभाव का अध्ययन प्रस्तुत शोध में करने का विनम्र प्रयास किया है।

शोध अध्ययन का महत्व:-"स्टाकहोम सम्मेलन में यह घोषणा की गई कि वर्तमान और भावी समस्याओं के लिए पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार मानवता का अनिवार्य लक्ष्य हो गया है। इसलिए पर्यावरण शिक्षा जवान और बूढ़े, धनी और निर्धन, साक्षर और निरक्षर, ग्रामीणो, किसानो, औद्योगिक, श्रमिकों नगरीय सभ्रान्तो, अधिकारियो उद्योगपतियों, व्यापारियो, इंजिनियरो, प्रबन्धकों और प्रशासकों राजनीतिज्ञों एवं विकास नियोजकों सभी को दी जानी चाहिए। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में इसे अनिवार्य शिक्षा के रुप में दिया जाना चाहिए"। आज यह आवश्यक हो गया है पर्यावरण की जन

चेतना के साथ-साथ इसके प्रारम्भिक पाठ्यक्रम से लेकर उच्च शिक्षा तक अनिवार्य पाठ्यक्रम घोषित किया जाये। ताकि भावी पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति सचेतक के रुप में स्थापित किया जा सके। इसके लिये सभी शैक्षिक स्तरों पर विद्यार्थियो एवं शिक्षकों को पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान से लैस करना पड़ेगा। परन्तु इससे पूर्व पर्यावरण शिक्षा से सम्बन्धित अध्ययन सामग्री के स्थान पर व्यवहारात्मक निर्माण, उसके विद्यार्थियों के समक्ष सम्यक् प्रस्तुतीकरण एवं उनकी प्रभाविकता का आकलन आवश्यक बन जाता है। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियां के पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के पूर्व स्तर को जाना तत्पश्चात स्तरों के लिय पृथक-पृथक संरचित पर्यावरण सम्बन्धी अध्ययन सामग्री और उसके अनुरुप अनुदेशन प्रदान कर प्रदत्त ज्ञान के प्रभाव को पूर्व ज्ञान से मापने का विनम्र प्रयास किया जायेगा। जिससे यह तथ्य पता लग सके कि पर्यावरणीय ज्ञान सम्बन्धी सम्प्रति स्तर क्या है और इसे प्रभावी संरचित प्रयासों से सुधारा जा सकता है।

शोध समस्या कथन:-

"प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों का पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान तथा उसके प्रभाव के ज्ञान का अध्ययन"

शोध अध्ययन में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण:-

प्राथमिक विद्यालय: - शोध अध्ययन में प्राथमिक विद्यालयों से तात्पर्य नगर क्षेत्र में संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों से है जिनमें कक्षा 1 से 8 तक शिक्षा प्रदान की जाती है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में उच्च प्राथमिक स्तर के कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा।

माध्यमिक विद्यालय: - ऐसे विद्यालय जिनमें कक्षाऐं 9 से 12 संचालित होती हैं माध्यमिक विद्यालयों के अन्तर्गत आते हैं। प्रस्तुत शोध में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसे विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालय माना गया है जिनमें कला, विज्ञान व वाणिज्य विषय वर्ग की कक्षा 11 व 12 की कक्षायें संचालित हैं।

विद्यार्थी: -शिक्षा के किसी भी व्यवस्थित रुप से अध्ययन करने के लिये नामांकित व्यक्ति को विद्यार्थी कहा जाता है। प्रस्तुत अध्ययन में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में नामांकित छात्र तथा छात्राओं को विद्यार्थी वर्ग के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है।

पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान:-पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के अन्तर्गत प्रकृति संतुलन की स्थापना करने तथा प्रदूषण के नियमों से सम्बन्धी विषय वस्तु का ज्ञान कराये जाने की संकल्पना निहित है। जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण के फलस्वरुप होने वाले विभिन्न प्रदूषणों आरै समस्याओं तथा मानव जीवन पर इनके प्रभाव तथा समस्याओं के निराकरण के उपयोग से सम्बन्धित ज्ञान ही पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान है।

पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान का प्रभाव: - पर्यावरण सम्बन्धी प्रदान किये गये ज्ञान से प्रदत्त सूचनायें, समझदारी, कौशल और मनोवृत्ति पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान का प्रभाव होती हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन में विविध शैक्षणिक स्तरों पर विद्यार्थियां और अध्यापकों के लिये निर्मित पर्यावरण ज्ञान सम्बन्धी संरचित सामग्री के अध्यापन के परिणामस्वरुप सम्बन्धित समूह वर्ग की पर्यावरण सम्बन्धी सूचना, समझदारी, कौशल और मनोवृत्ति में आया अन्तर ही पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान का प्रभाव माना गया है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य:- प्रस्तुत शोध अध्ययन के उद्देश्य निम्नानुसार निर्धारित किये गये है -प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के प्रभाव का अध्ययन करना।माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पनायें: - प्रस्तुत शोध अध्ययन में समस्या के समाधान हेतु निम्नलिखित परिकल्पनाआं का निर्धारण किया जायेगा - प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियां के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध अध्ययन की विधि: - शोध अध्ययन में प्रयोगात्मक अनुसंधान विधि का प्रयोग किया गया है। मुरादाबाद जनपद के प्राथमिक एवां माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के पर्यावरणीय ज्ञान का परीक्षण करने के उपरान्त उन्हें पर्यावरण सम्बन्धी अध्ययन सामग्री उनके स्तरानुरूप उपलब्ध कराई जायेगी। जिसके अध्ययन के उपरान्त ज्ञान के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए पुनः परीक्षण किया जायेगा। इस प्रकार पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के पूर्व तथा पश्चात परीक्षण के आधार पर इन शैक्षणिक स्तर के विद्यार्थियां के पर्यावरणीय ज्ञान के प्रभाव का अध्ययन कर निष्कर्ष स्थापित किये गये है।

शोध अध्ययन की जनसंख्या:-प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनसंख्या से अभिप्राय मुरादाबाद जनपद के समस्त सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयो में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से है। जनसंख्या में प्राथमिक विद्यालयों, में अध्ययनरत् 6 से 14 वर्ष (कक्षा 1 से 8 तक) के बच्चों के बीच से कक्षा 5 व 6 के विद्यार्थियो, माध्यमिक विद्यालयों में से कक्षा 10 व 11 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को शामिल किया गया है।

शोध अध्ययन के उपकरण:- प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए, उपयुक्त परीक्षण की उपलब्धता, आकलन की तकनीकी, अध्ययन के उद्देश्यों के आधार पर परीक्षणों का चयन निर्भर करता है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए शोधकर्ती द्वारा निम्न मापनियाँ निर्मित एवं मानकीकृत कर शोध अध्ययन हेतु पर्यावरण ज्ञान परीक्षण (प्राथमिक, माध्यमिक एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों हेतु) प्रयुक्त की जायेगीं।

शोध अध्ययन हेतु प्रयुक्त सांख्यिकी विधि:-प्रस्तुत शोध अध्ययन के निष्कर्षों की सम्पुष्टि एवं सामान्यीकरण हेतु माध्य, प्रतिशत, प्रमाणिक विचलन, क्रान्तिक अनुपात, टी-परीक्षण आदि सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग किया जायेगा।

शोध अध्ययन की परिसीमायें:- केवल मुरादाबाद जनपद के प्राथमिक एवं माध्यमिक के विद्यार्थियों तक सीमित रखा गया है।प्राथमिक विद्यालयों में केवल सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 5 व 6 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को चुना गया है।शोध अध्ययन में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के बीच कक्षा 10 व 11 में अध्ययनरत् विद्यार्थी तथा शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को ही सम्मिलित किया गया है।

आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या:- प्रस्तुत शोध अध्ययन की निम्नलिखित सीमायें निर्धारित की है -

परिकल्पना परीक्षण – 1 "प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है" इस सम्बन्ध में परिगणित मूल्यों को तालिका संख्या 1 में प्रस्तुत किया गया है-

तालिका संख्या-1

प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान

परिगणित मूल्य	पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान का प्रभाव	
	पूर्व ज्ञान	उपचार उपरान्त ज्ञान
माध्य	20.36	24.63
प्रमाप विचलन	7.30	6.99
विद्यार्थियों की संख्या	297	297
माध्य अन्तर	4.27	
प्रमाप विभ्रम	0.59	
क्रान्तिक अनुपात	7.27	
स्वतन्त्रयांश	593	
सारणीय मूल्य 0.5 स्तर पर	1.96	
सार्थकता	7.27 >1.96 (सार्थक)	
परिकल्पना	अस्वीकृत	

तालिका संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद के ज्ञान में सार्थक

अन्तर है क्योंकि सन्दर्भित समूह के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान और उपचार के उपरान्त पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के प्राप्तांकों का औसत मान क्रमशः 20.36 तथा 24.63 है। इन दोनों समूहों के माध्य प्राप्तांकों के अन्तर की सार्थकता जांच टी-परीक्षण के आधार पर की गयी है। इसके लिए दोनों माध्यों के अन्तर 4.27 में परिगणित प्रमाप विभ्रम 0.59 से भाग देकर क्रान्तिक अनुपात मूल्य प्राप्त किया है जो कि 7.27 प्राप्त हुआ है। यह परिगणित मूल्य 593 स्वतन्त्रयांश पर 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर के लिए निर्धारित टी के सारणी मान 1.96 से अधिक है अतः माध्यों के बीच अन्तर सार्थक है और इस सन्दर्भ में हमारी परिकल्पना 'प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है' अस्वीकृत होती है। यदि प्राथमिक विद्यार्थियों के दोनों बार के प्राप्ताकों के औसत पर दृष्टिपात किया जाये तो स्पष्ट होता है कि उपचार के उपरान्त उनके प्राप्त प्राप्तांकों का औसत अधिक है। इस प्रकार इस आधार पर निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रदान किये गये पर्यावरण सम्बन्धी उपचारात्मक ज्ञान का सकारात्मक प्रभाव इस समूह के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान पर पड़ा है।

परिकल्पना परीक्षण – 2 "माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है" इस सम्बन्ध में परिगणित मूल्यो को तालिका संख्या 2 में प्रस्तुत किया गया है-

तालिका संख्या-2

माध्यमिक विद्यालयों कें विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान

परिगणित मूल्य	पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान का प्रभाव	
	पूर्व ज्ञान	उपचार उपरान्त ज्ञान
माध्य	18.56	26.52
प्रमाप विचलन	6.44	6.44
विद्यार्थियों की संख्या	1279	1279
माध्य अन्तर	7.96	
प्रमाप विभ्रम	0.25	
क्रान्तिक अनुपात	31.28	
स्वतन्त्रयांश	2557	
सारणीय मूल्य 0.5 स्तर पर	1.96	
सार्थकता	31.28 >1.96 (सार्थक)	
परिकल्पना	अस्वीकृत	

तालिका संख्या 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद के ज्ञान में सार्थक अन्तर है क्योंकि सन्दर्भित समूह के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान और उपचार के उपरान्त पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के प्राप्तांकों का औसत मान क्रमशः 18.56 तथा 26.52 है। इन दोनों समूहों के माध्य प्राप्तांकों के अन्तर की सार्थकता जांच टी-परीक्षण के आधार पर की गयी है। इसके लिए दोनों माध्यों के अन्तर 7.96 में परिगणित प्रमाप विभ्रम 0.25 से भाग देकर क्रान्तिक अनुपात मूल्य प्राप्त किया है जो कि 31.28 प्राप्त हुआ है। यह परिगणित मूल्य 2557 स्वतन्त्रयांश पर 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर के लिए निर्धारित टी के सारणी मान 1.96 से अधिक है अतः माध्यों के बीच अन्तर सार्थक है और इस सन्दर्भ में हमारी परिकल्पना 'माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान तथा उपचार के बाद पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं है' अस्वीकृत होती है। यदि माध्यमिक विद्यार्थियों के दोनों बार के प्राप्ताकों के औसत पर दृष्टिपात किया जाये तो स्पष्ट होता है कि उपचार के उपरान्त उनके प्राप्त प्राप्तांकों का औसत अधिक है। इस प्रकार इस आधार पर निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि माध्यमिक विद्यालयो के विद्यार्थियो को प्रदान किये गये पर्यावरण सम्बन्धी उपचारात्मक ज्ञान का सकारात्मक प्रभाव इस समूह के विद्यार्थियो के पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान पर पड़ा है।

निष्कर्ष:-प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियां को प्रदान किये गये पर्यावरण सम्बन्धी उपचारात्मक ज्ञान का सकारात्मक प्रभाव इस समूह के विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान पर पड़ा है।

माध्यमिक विद्यार्थियों के पर्यावरण सम्बन्धी पूर्व ज्ञान और उपचार के उपरान्त पर्यावरण सम्बन्धी ज्ञान के प्राप्तांको का औसत क्रमशः 18.56 तथा 26.52 है। क्रान्तिक अनुपात के आधार पर यह अन्तर सार्थक पाया गया है और निष्कर्ष रुप में यह कहा जा सकता है कि माध्यमिक विद्यार्थियों के समूह को प्रदान किये गये पर्यावरणीय ज्ञान के प्रभाव के परिणामस्वरुप उनके पर्यावरणीय ज्ञान में सार्थक सकारात्मक अन्तर आया है।

*****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची: -

1. गर्ग, राजीव (1989); पर्यावरण और हम, दिल्ली: राजपाल एण्ड सन्ज कश्मीरी गेट, पृ0 14।
2. अग्रवाल, अनिल (1997); एडिशन इन टाइम्स आफ इण्डिया, नई दिल्ली: ट्यूसडे, अगस्त 19, डायरेक्टर आफ सेन्टर साइन्स एण्ड एनवायरनमेन्ट।
3. अरोड़ा, सावित्रि (2000); पर्यावरण की समस्याऐ, कानपुर: साहित्य निकेतन, पृ0 14-15।
4. नवभारत टाइम्स (1994); हिन्दी दैनिक जून 7।
5. सक्सेना, उदयवीर (1990); 'शिक्षाशास्त्र', आगरा: रंजना प्रकाशन मंदिर, प्रथम संस्करण, पृ0 56।
6. सक्सेना, ए0बी0 (2003); एनवायरनमेन्ट एजूकेशन, आगरा: नेशनल साइकॉलोजी कॉरपोरेशन।
7. रवीन्द्र (2002); रचना साहित्य अकादमी, नई दिल्ली: प्रथम संस्करण पृ0 86।
8. रस्तोगी, उर्मिला (2000); वेद तथा पर्यावरण, दिल्ली: जे0पी0 पब्लिर्षिंग हाऊस, पृ0-1
9. सिंह, बैजनाथ (1995); पर्यावरण रक्षा, नई दिल्ली: एस0 चन्द्र एण्ड कम्पनी लिर्मिटेड, पृ0 6।
10. बहुगुणा, सुन्दरलाल (1989):, सभ्यता का संकट और संस्कृति का संदेश, पर्यावरण के संदर्भ में, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृ0 5।
11. शर्मा, वी0एल0 एवं सक्सेना, वी0एम0 (2004); पर्यावरण शिक्षा, मेरठ: जय भारत प्रेस, पृ0 227।
12. शर्मा, पी0डी0 (2005); ईकोलॉजी एण्ड एनवायरनमेन्ट, मेरठ: रस्तोगी पब्लिकेशन।
13. शर्मा, विष्णु दत्त (1991); पर्यावरणीय प्रदूषण,दिल्ली: आर्य प्रकाशन मण्डल, पृ0

नागरिक पत्रकारिता: एक अध्ययन

पुलकित शर्मा
शोध छात्र
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

डॉ राजेश कुमार शुक्ला
सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

सारांश :-
आजकल हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जो मीडिया के गठन और प्रवाह में मौलिक रूप से परस्पर, अन्योन्याश्रित और संप्रेषित हो गई है। इसने आम लोगों को 'सूचना' प्रसारित करने की शक्ति दी, जिससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप नकली समाचार और सूचना के अन्य दुष्प्रभाव भी होते हैं। बीसवीं शताब्दी के दौरान, श्रव्य-दृश्य संचार ने लेखन को प्रतिस्थापित कर दिया है जो लंबे समय तक सूचना क्षेत्र पर हावी रहा है। वेबसाइटों और सामाजिक नेटवर्क की एक नई पीढ़ी के उद्भव ने इक्कीसवीं सदी के लिए संचार, सूचना और पत्रकारिता के नए क्षेत्रों को खोजने में मदद की है। इसने पत्रकारिता के एक नए चेहरे यानी सिटीजन जर्नलिज्म को नया जीवन दिया। मल्टीमीडिया और नई सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के कुशल लोकतंत्रीकरण के कारण, प्रत्येक नागरिक कभी-कभी उच्च अतिरिक्त मूल्य पर सूचना का प्रस्ताव देकर "संभावित रूप से एक रिपोर्टर बन सकता है"।

मुख्य शब्द: प्रभाव, नागरिक पत्रकारिता, मल्टीमीडिया, इंटरनेट, सोशल मीडिया, वेबसाइट

परिचय:- समाचार निर्णय, तथ्यों की पुष्टि, पुनरीक्षण स्रोत और एकत्रीकरण गेट कीपिंग के मूल तत्व हैं। अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता अध्ययन इस बात पर जोर देते हैं कि 'पत्रकार अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर ज्ञान और समझ के लिए "द्वारपाल" हैं और तदनुसार, उन्हें अपने पेशेवर अभ्यास के लिए मानदंडों का एक सेट लागू करना चाहिए। लेकिन सिटीजन जर्नलिज्म के मामले में गेट कीपिंग नदारद है। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि नागरिक पत्रकारिता का प्रभाव जनता विशेषकर युवाओं की मानसिकता पर बहुत गहरा है। आधुनिक मीडिया परिदृश्य में, कुछ पत्रकार अब मूल सामग्री की रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं, बल्कि पुन: प्रकाशन के लिए दिन की शीर्ष सुर्खियों को इकट्ठा करने और क्यूरेट करने के लिए बाहरी रिपोर्टों से आकर्षित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को एकत्रीकरण के रूप में जाना जाता है। "जर्नल ऑफ मास मीडिया एथिक्स" में एक अध्ययन में कहा गया है कि एकत्रीकरण में गेट कीपिंग फंक्शन भी शामिल है, क्योंकि कुछ वस्तुओं को शामिल करने के लिए चुना जाता है, जबकि अन्य को बाहर रखा जाता है। हालांकि, स्टुअर्ट एलन और एइनर थोरसन जैसे लोगों का तर्क है कि इस तरह के पदानुक्रमों के 'नागरिक पत्रकारों' के विघटन को पूरी तरह से डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उदय के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, हालांकि ये प्रौद्योगिकियां वास्तव में नागरिक संदेशों के प्रसार को अनुकूलित करती हैं। जब इंटरनेट आया तो नागरिक पत्रकारिता का आविष्कार नहीं हुआ था; हालाँकि, संचार का यह नया तरीका लोकतांत्रिक लगता है और इसे एक मीडिया उपकरण के रूप में देखा जाएगा जो एक सार्वजनिक मुद्दे को उजागर करता है। नागरिक पत्रकारिता की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, यह आश्चर्य करना मुश्किल नहीं है कि क्या यह पेशेवर पत्रकारिता की जगह ले सकता है और मीडिया निगमों में एक बड़ा स्थान ले सकता है।

नागरिक पत्रकारिता क्या है?-
स्टुअर्ट एलन और एइनर थोरसन (नागरिक पत्रकारिता: वैश्विक दृष्टिकोण, न्यूयॉर्क: लैंग पब्लिशिंग, 2009) के अनुसार इस प्रकार की पत्रकारिता 'नागरिकता' और 'पत्रकारिता' दोनों की अलग-अलग अवधारणाओं से अनुप्राणित है, और आसपास बहुत अलग राजनीतिक शासन के तहत अभ्यास किया जाता है। दुनिया। सिटीजन जर्नलिज्म आज के मुख्यधारा के मीडिया के बाहर, उसके माध्यम से और उसके भीतर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है।' इस प्रकार, नागरिक पत्रकारिता नागरिक मीडिया का एक पहलू है जिसे इंटरनेट के साथ लाए गए संचार उपकरणों के उपयोग से परिभाषित किया जा सकता है - वेबसाइट, फ़ोरम, हर प्रकार के ब्लॉग जैसे करंट अफेयर्स-आधारित ब्लॉगिंग, साथ ही फोटो और वीडियो साझाकरण, या दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा घटनाओं पर प्रत्यक्षदर्शी कमेंट्री पोस्ट करना। "सार्वजनिक", "सहभागी", "लोकतांत्रिक", "गुरिल्ला" या "सड़क" पत्रकारिता भी कहा जाता है, नागरिक पत्रकारिता पत्रकारिता प्रथाओं में लगे उपयोगकर्ताओं द्वारा सृजन और अभिव्यक्ति के साथ-साथ दस्तावेज़ीकरण और जानकारी की अनुमति देती है।

'नागरिक पत्रकारिता' के संबंध में विभिन्न विद्यालय:-
"राजनेता अब यह नहीं कह सकते थे कि वे निजी में क्या विश्वास करते हैं और सार्वजनिक रूप से अलग हो जाते हैं। एक ब्लॉगर हमेशा सच्चाई का पर्दाफाश करता है।" - टिम लकहर्स्ट, पत्रकारिता के प्रोफेसर, केंटो विश्वविद्यालय जैसा कि पाओला प्राडो अपने लेख में संक्षेप में बताती हैं, 'नागरिक पत्रकारिता' की अवधारणा के संबंध में अलग-अलग स्कूल हैं। एक ओर निप (2006) नागरिक पत्रकारों को 'मूल समाचार सामग्री के निर्माता और प्रकाशक के रूप में परिभाषित करता है, जिन्हें सहायता नहीं मिलती है या पेशेवर पत्रकारों या स्थापित मीडिया आउटलेट्स की भागीदारी की आवश्यकता नहीं होती है'। दूसरी ओर विद्वान ल्यूक गोडे (2009) का मानना है कि नागरिक पत्रकार 'ऐसे व्यक्ति हैं जो मुख्यधारा के मीडिया आउटलेट्स में समाचार सामग्री का योगदान करते हैं और विशेष सामाजिक आंदोलनों के साथ जुड़ सकते हैं'। मार्शल मैक्लुहान, एक मीडिया दिग्गज, जो विश्व मीडिया को नियंत्रित करता है, ने एक नया सिद्धांत प्रस्तावित किया, अर्थात "माध्यम ही संदेश है", जो वर्तमान परिदृश्य और सामग्री में माध्यम के मूल्य पर जोर देता है, फिर भी राजा है।

नागरिक पत्रकारिता बनाम मुख्यधारा की पत्रकारिता:-
मीडिया से विश्वसनीयता की धारणा लोगों को बांट रही है। अमांडा हार्पर ने अपनी रिपोर्ट 'नागरिक पत्रकारिता बनाम पेशेवर पत्रकारिता' में, अपने द्वारा आयोजित एक वीडियो में इकट्ठा किया, इस सवाल पर लोगों की प्रतिक्रिया "क्या नागरिक पत्रकारिता पेशेवर पत्रकारिता की जगह ले सकती है? इसे होना चाहिए? यदि कुछ निश्चित रूप से किसी एक पर भरोसा नहीं करते हैं, तो अन्य समाचार संगठनों के प्रति अविश्वास रखते हैं - जैसा कि उनका मानना है कि मीडिया जो भी जानकारी चाहता है उसका खुलासा कर सकता है - अन्य लोग नागरिक और पेशे पत्रकारिता दोनों पर भरोसा महसूस करेंगे - लेकिन मीडिया से जानकारी को क्रॉस-चेक करेंगे। दूसरों के लिए, राय ब्लॉगर भरोसेमंद होते हैं क्योंकि "कम से कम उनकी राय वास्तविक होती है"। लेकिन एक अच्छी तरह से संसाधन वाली, विश्वसनीय समाचार कंपनी ढूंढना नागरिक ब्लॉग से कहीं बेहतर है। यह अधिक से अधिक संख्या द्वारा व्यक्त किया गया विचार है।

नागरिक पत्रकारिता कैसे काम करती है?-
वास्तव में एक पत्रकार को वस्तुनिष्ठ रहना चाहिए और नैतिकता के नियमों का पालन करना चाहिए। 'नागरिक पत्रकार' इन नियमों पर अच्छे कारणों से ध्यान नहीं देता है कि वह उनके बारे में नहीं जानता है और या सिर्फ चर्चा करने के बारे में सोच रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अवसर की समानता समाज में सार्वजनिक क्षेत्र के कामकाज के लिए आवश्यक शर्तें हैं। उनके उपयोगकर्ता टिप्पणियां प्रकाशित करने के लिए अक्सर नए संगठनों की वेबसाइटों जैसे द गार्जियन डॉट कॉम या उनके सोशल नेटवर्क खातों - फेसबुक और ट्विटर का उपयोग करते हैं। यदि कुछ लोग इसे किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी लिखकर पत्रकार के काम की आलोचना करने के तरीके के रूप में देखते हैं, तो अन्य इसे सराहनीय टिप्पणियों को साझा करके, कोई मुद्दा उठाकर या जानकारी का

एक टुकड़ा जोड़कर प्रतिक्रिया करने का अवसर मानते हैं, जिसका पत्रकार ने उल्लेख नहीं किया है, शायद इसलिए कि उसे इसकी जानकारी नहीं थी। नागरिक पत्रकार पत्रकारिता आचार संहिता का उल्लंघन कर सकते हैं। किसी भी आतंकवादी हमले के मामले में; सोशल नेटवर्क पर अक्सर प्रसारित होने वाले वीडियो या फोटो होते हैं। यदि समाचार संगठन इससे लाभान्वित हो सकते हैं, तो यह एक मूलभूत मुद्दा भी उठाता है: व्यक्ति की गोपनीयता का। कुछ को वेब प्लेटफॉर्म से हटाना होगा, क्योंकि इसकी सामग्री चौंकाने वाली हो सकती है और किसी व्यक्ति की गरिमा को प्रभावित कर सकती है। हालाँकि, पत्रकार इस बात से अवगत हैं कि उन्हें क्या प्रकाशित करने की अनुमति है या नहीं। इसका मतलब यह नहीं है कि वे हमेशा उन सिद्धांतों और नैतिकता संहिताओं का सम्मान करते हैं जिनका उन्होंने सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध किया था। बस यह सोचने की जरूरत है कि जनहित में होते हुए भी कितनी दूर जाना संभव है। एक नागरिक की तुलना में पत्रकारों को एक कठिन मुद्दे से निपटने के बारे में अधिक ज्ञान होना चाहिए। 'शिफ्टिंग बाउंड्रीज़: ऑब्जेक्टिविटी, सिटिजन जर्नलिज्म एंड टुमॉर्स जर्नलिस्ट्स' के लेखक बोलेट बागर्ड के अनुसार, 'एक पत्रकार न केवल प्राकृतिक आपदाओं का शिकार होता है, बल्कि कोई ऐसा व्यक्ति होता है जो दहशत और भय से ऊपर उठकर रिपोर्ट करने की उम्मीद कर सकता है। '। समाचार संगठनों को अक्सर योग्य व्यक्तियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है - उदाहरण के रूप में मनोविज्ञान पर अपेक्षा - किसी विषय पर लेख या किसी अन्य उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए। वास्तव में, इस प्रकार के नागरिक की मदद महत्वपूर्ण है क्योंकि उसे उस विषय पर ज्ञान है जो एक पत्रकार के पास नहीं है।

व्यावसायिक पत्रकारिता के एक उपकरण के रूप में नागरिक पत्रकारिता:

"सहभागी" पत्रकारिता या रिपोर्टिंग कहा जाता है, यह नई पत्रकारिता तब होती है जब पाठक पत्रकार के साथ सहयोग कर रहा होता है। मीडिया अब लोगों से अपनी सामग्री को समृद्ध करने का आह्वान करता है क्योंकि यह विशेष रूप से फ्रांस 24 का मामला है, फ्रांसीसी टेलीविजन जो अंग्रेजी, स्पेनिश, अरबी और फारसी में भी प्रसारित होता है। 2007 में लॉन्च किया गया, द ऑब्जर्वर्स फ्रांस 24 प्लेटफॉर्म है जो लोगों को एक वास्तविक भागीदार बनने का अवसर देता है - पर्यवेक्षक में - समाचार प्रसार में। अगर फ्रांस 24 पहले से ही 35 देशों के 430 पत्रकारों की गिनती करता है, तो द ऑब्जर्वर्स ने कंपनी को बारह वर्षों से थोड़ा अधिक समय में 5000 योगदानकर्ता नेटवर्क बनाने में मदद की। प्रसिद्ध अमेरिकी टेलीविजन चैनल केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) भी इस तकनीक पर वापस आ गया है। CNN iReport, 2010 में लॉन्च किया गया चैनल "पूरी तरह से उपयोगकर्ता-जनित साइट है जहाँ सामग्री समुदाय द्वारा निर्धारित की जाती है।" इस कार्रवाई से कंपनी ने नागरिक को सूचना के केंद्र में रखने का फैसला किया है। वह अब दर्शक नहीं बल्कि अभिनेता बन गए हैं। यह स्पष्ट रूप से कंपनी पत्रकारों को एक बयान में घोषित करेगी: "iReport.com पूरी तरह से उपयोगकर्ता-जनित साइट है जहां सामग्री समुदाय द्वारा निर्धारित की जाती है।" iReporters कई शौकिया ब्लॉगर्स के विपरीत, जिनके संदेश कभी-कभी केवल सीमित संख्या में ही लोगों तक पहुँच सकते हैं, अपने संदेशों को मल्टीमीडिया प्लेटफार्मों की एक विस्तृत विविधता में प्रसारित करने के लिए सीएनएन के प्रभाव का उपयोग करते हैं। इस प्रणाली से दोनों लाभ: iReporters अपनी अवैतनिक सामग्री को व्यापक दर्शकों द्वारा देखे जाने के लिए प्राप्त करते हैं, पारंपरिक पत्रकारिता के साथ लंबे समय से जुड़े सामाजिक पदानुक्रमों को उजागर करते हैं।इंटरनेट के निर्माण के साथ ब्लॉग आए। हालांकि, हाल ही में ऐसा लगता है कि वे अधिक जगह लेते हैं और लोगों पर वास्तविक प्रभाव डालते हैं। उनमें से कुछ नागरिक ब्लॉग हाउस का उपयोग "सेवा के रूप में करते हैं जो उस नागरिक के लिए एक प्रस्ताव हो सकता है जो समाचार ब्लॉग का हिस्सा लेना चाहता है" स्टीव आउटिंग्स ने द 11 लेयर्स ऑफ सिटीजन जर्नलिज्म में बताया है। विकी पत्रकारिता सहभागी पत्रकारिता का दूसरा पहलू है जहां पाठक संपादक होते हैं। लोग विकि तकनीक का उपयोग कर रहे हैं - वे सीधे वेबसाइट सॉफ़्टवेयर से सामग्री को संशोधित कर सकते हैं - उपयोगकर्ताओं के बीच सहयोग की सुविधा के लिए। विकिन्यूज़ एक मुक्त सामग्री समाचार स्रोत का सबसे बड़ा उदाहरण है।

क्या नागरिक पत्रकारिता पेशेवर पत्रकारिता के लिए एक वास्तविक खतरा है?टिम लकहर्स्ट के अनुसार, "पेशेवर पत्रकारिता जीवित रहेगी क्योंकि यह आवश्यक है और बाजार इसे आपूर्ति करने का एक तरीका खोज लेगा।" हेनरिक आर्नेब्रिंग ने अपने लेख 'कुछ भी जो आप कर सकते हैं, मैं बेहतर कर सकता हूं? छह देशों में नागरिक पत्रकारिता पर पेशेवर पत्रकार, 6 यूरोपीय देशों: यूके, एस्टोनिया, जर्मनी, इटली, पोलैंड और स्वीडन के पत्रकारों पर हाल ही में किए गए सर्वेक्षण के परिणाम का खुलासा करते हैं। उन्होंने हाल ही में एक सर्वेक्षण का उल्लेख किया, जिसे ओ'सुल्लीवन और हेनोनन ने महसूस किया, जिन्होंने अपने पेशे के भविष्य के बारे में संभावित चिंता के बारे में 11 यूरोपीय देशों के पत्रकारों का साक्षात्कार लिया। इससे पता चलता है कि उनमें से अधिकांश को नागरिक पत्रकारिता और अन्य मीडिया विकल्पों से विशेष रूप से खतरा महसूस नहीं हुआ; वे 51% थे जो सोचते थे कि नागरिक "वास्तविक पत्रकारिता" को गठन नहीं करते हैं।

निष्कर्ष:

इसलिए, नागरिक पत्रकारिता को सार्वजनिक क्षेत्र में पारंपरिक जनसंचार माध्यमों की भूमिका के प्रदर्शन में खामियों की सीधी प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा सकता है। दो प्रकार की पत्रकारिता एक सहयोगी संबंध बनाए रखती है। इसके बाद, नागरिक साधारण रिसीवर की भूमिका से ट्रांसमीटर की भूमिका में चला जाता है, जो स्वयं एक मीडिया बन जाता है। और ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब के साथ-साथ ब्लॉग जैसे सामाजिक नेटवर्क के उद्भव के साथ, नागरिक पत्रकारों के पास समाचार बनाने और दर्शकों को आकर्षित करने में मुख्यधारा और कुलीन पत्रकारों की श्रेणी में शामिल होने के नए अवसर हैं। इस प्रकार, वैकल्पिक पत्रकारिता भ्रष्टाचार को उजागर करने, जवाबदेही को प्रोत्साहित करने, शक्ति के दुरुपयोग का दस्तावेजीकरण करने और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय समसामयिक मामलों पर वैकल्पिक विचार देने की कई भूमिकाएँ निभाती है। हालांकि, यह उजागर करना महत्वपूर्ण है कि पत्रकारिता एक ऐसा पेशा है जिसके लिए विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है, विशेष रूप से नैतिकता और सिद्धांत के संदर्भ में। हम जिस संख्यात्मक क्षेत्र में रह रहे हैं, लोग इसे भूल जाते हैं। और नागरिक पत्रकारिता नए कोणों और स्रोतों, या अपने आप में एक स्रोत खोजने के लिए एक और पत्रकारिता उपकरण है। पेशेवर पत्रकारिता पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है; हालाँकि, इसकी सीमाएँ हैं। एक ओर, यह संवेदनावाद की ओर प्रवृत्त हो सकता है और दूसरी ओर वस्तुनिष्ठता के प्रश्न का अक्सर सम्मान नहीं किया जाता है।

*****

सन्दर्भ:-

1. http://edition.cnn.com/specials/opinions/cnnireport
2. Stuart Allan and Einar Thorsen, (Citizen Journalism: Global Perspectives, 2009).
3. Wikipedia
4. Amanda Harper, 'citizen journalism v/s professional journalism',
5. Bolette Baagaard, 'shifting boundaries: Objectivity, citizen journalism and tomorrow's journalists',
6. Steve Outings, the 11 Layers of Citizen Journalism.

मानवाधिकारों की क्रियान्विति में सतत विकास लक्ष्यों का महत्व एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

पुष्पेन्द्र सिंह
डॉक्टरल फैलो
(भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली)
राजनीति विज्ञान विभाग राजस्थान विष्वविद्यालय, जयपुर

शोध सारांष - मानवाधिकार एवं सतत विकास की संकल्पना 20वीं सदी की महत्वपूर्ण संकल्पना रहीं हैं। दोनों ही संकल्पना क्रमषः 'मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा' और ब्रंटलैण्ड आयोग' की रिपोर्ट 'हमारा साझा भविष्य' के बाद वर्तमान रूप और ख्याति को प्राप्त हुई है। मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में मानवाधिकार एवं सतत विकास के मध्य अन्तरसंबंध को समझाने का प्रयास किया गया है। शोधसार के रूप में मानवाधिकार एवं सतत विकास अन्योन्यरित संकल्पना हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूर्तरूप देने का प्रयास किया है। सतत विकास मानवाधिकारों का ही कार्यकारी रूप है तो दूसरी ओर सतत विकास को मानवाधिकारों के सिद्धांतो और तंत्रों के माध्यम से ही प्राप्त करने पर बल दिया गया है। साथ ही सतत विकास की अवधारणा में संन्निहित दायित्व भाव को प्रकट कर आगामी पीढ़ी के अधिकार से अबद्ध किया गया है। अर्थात अधिकार और कर्तव्य की अवधारणा के माध्यम से सतत विकास को समझने का प्रयास और मानवाधिकारों के साथ सतत विकास के मजबूत गठजोड़ को समझने का प्रयास किया है। इस शोध साराषं के रूप में कहा जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रत्येक प्रयास में मानव कल्याण एवं विष्व शांति निहित है जिसे प्राप्त करने के लिए न्छव् ने समय समय पर विभिन्न प्रयासों से अपनी प्रासंगिकता को विष्व पटल पर दृढ़ करने का प्रयास किया है। उसी प्रयास की कडी के रूप में 21वीं सदी के प्रारम्भिक दषकों में विकसित सतत विकास की संकल्पना विकास के ऐसे आयाम स्थापित कर सकती है जो कि मानव सभ्यता को 'चिरकाल' का वरदान सिद्ध हो।

संकेताक्षर -
मानवाधिकार, सतत विकास, कर्तव्य, समावेषी विकास, संयुक्त राष्ट्र संघ,

प्रस्तावना:-

मनुष्य के साथ अधिकार का संबंध उसके अस्तित्व के साथ जुड़ा हुआ है। मनुष्य का अस्तित्व किसी भी रूप में है उसके अस्तित्व में होने के नाते उसके अधिकार सुनिष्चित हैं। अर्थात अधिकारों की संकल्पना शून्य में नही पनपी अपितु मानव जीवन के आदि और अन्त के मध्य एक महत्वपूर्ण अवधारणा के रूप में विकसित हुई हैं। अधिकार मानव जीवन की वे परिस्थितियां हैं जिनके बिना कोई मानव अपना विकास नहीं कर सकता। अधिकारों की अवधारणा 17वीं 18वीं सदी में ही नहीं विकसित हुई अपितु 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक मानव अधिकारों की अवधारणा का तीव्र गति से पुनरूत्थान हुआ तथा 20वी सदी के मध्य में द्वितीय विष्व युद्ध के खण्डरों पर 'मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा' के साथ ही अधिकारों की नागरिक एवं राजनीतिक अवधारणा का सर्वव्यापीकरण हुआ।10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा सम्पूर्ण मानव जगत की एक जीवन्त उपलब्धि थी तथा उस भविष्य की आषा और उम्मीद थी। जिसमें मानव अपना विकास समावेषिता के साथ कर सके। और मानव गरिमा को स्थापित किया जा सके। आदि मानव के विकास से आधुनिक सभ्यता के स्थायित्व की यात्रा में मानवाधिकार नाभकीय स्थिति में रहा है और प्राकृतिक अधिकारों के विचार से आधुनिक मानवाधिकार की अवधारणा तक विकसित हुआ है। मानवाधिकारों का विचार क्षेत्र नागरिक अधिकारों की तुलना में अत्यन्त विस्तृत हैं मानव के नैतिक और सामाजिक चेतना जितनी विकसित होती जायेगी मानवाधिकारों का विचार क्षेत्र उतना ही संवर्धित होता जायेगा। किसी भी समाज को नैतिक दृष्टि से उन्नत बनाने के लिए मानवाधिकारों को अधिक से अधिक नागरिक अधिकारों के रूप में स्थापित करना होगा। मानवाधिकार मनुष्य के व्यक्तिगत, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास के लिए न केवल मूल आधार है वल्कि सामाजिक उत्थान एवं सामाजिक मूल्यों के सम्वर्धन व संरक्षण हेतु निष्चत शर्त भी हैं। मानवाधिकारों को मूर्त रूप देने के प्रयास की कडी के रूप में अनेक कदम उठाये गये जिनमें प्रमुख रूप से सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा की गई मानवाधिकारों की घोषणा को प्रवर्तन में लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने ही 6 दिसम्बर 1966 ई.वी. में दो प्रसंविदाएं अंगीकृत की -

(क) सिविल और राजनैतिक अधिकारों पर प्रसंविदा
(ख) आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर प्रसंविदा

